3. राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ग्रामीण भण्डारण, शीत गृह निर्माण, रेम्युलेटेड मार्केट आदि की मॉडल स्कीम सभी बैंकों को उपलब्ध कराई गई। इस हेतु बैंकों को तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति करनी चाहिए। ताकि कृषकों में गोदाम, मार्केट यार्ड एवं शीत भण्डारण के लिये वित्त पोषण के प्रति रूझान पैदा हो सके।
4. इसके अतिरिक्त राष्ट्रीकृत बैंकों को कृषि पंजीकरण, बागान एवं बागवानी, डेयरी, मुर्गीपालन, मत्स्य पालन, भण्डार गोदाम, विपणन केन्द्र, भूमि विकास, लघु सिंचाई आदि अन्य योजनाओं के अंतर्गत वित्त पोषण बढ़ाने के लिये करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रो. डी. एन. घोष Banking policy in India एलाइट पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 1994।
2. साख योजना, अग्रणी बैंक कार्यालय , बड़वानी 2016-17 से 2020-21तक
3. सम्भाव्यतायुक्त ऋण योजना 2015-22, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास
4. केन्द्र मध्यप्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल।

तालिका क्रमांक 1.1: बड़वानी जिले में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा कृषि वितरण की स्थिति

वर्ष	फसल ऋण			कृषि सावधि ऋण			कुल कृषि ऋण		
	लक्ष्य राशि	उपलब्धि राशि	प्रतिशत	लक्ष्य राशि	उपलब्धि राशि	प्रतिशत	लक्ष्य राशि	उपलब्धि राशि	प्रतिशत
2015-16	84765	90920	107.26	40207	5622	13.98	124972	96542	77.25
2016-17	100401	98765	98.37	46342	4975	10.73	146743	103470	70.51
2017-18	101575	93040	91.59	43245	4585	10.60	144820	9765	67.41
2018-19	138422	111935	80.86	57670	6097	10.57	196092	118032	60.19
2019-20	124338	99420	79.95	47687	11793	24.73	172025	111213	64.64
2020-21	145500	77781	53.45	51463	9880	19.19	196963	87661	44.50

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बाल यौन शोषण के लक्षण एवं पीड़ित बालक पर यौन शोषण का प्रभाव

मनीषा पटेल *

* रिसर्च स्कॉलर, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संस्कृति भारतीय विभिन्न विचारधाराओं, पंथों और मतों का अद्भुत मेल है। यह विविधता में एकता का अद्वितीय लक्षण है। सदियों से हमारी संस्कृति ने एक आदर्श समाज की संकल्पना को विरासत में संजोया हुआ है। भारतीय संस्कृति में ऐसे रीति रिवाज एवं प्रथाएं मौजूद है जो नैतिक मानव मूल्यों के लिए अत्यंत आवश्यक प्रतीत होती है। लेकिन यह अत्यंत दुख की बात है कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण सदियों से संजोई हुई, भारतीय संस्कृति के आदर्श समाज की संकल्पना एवम अपना नैतिक मूल्य खोती जा रही है। पाश्चात्य संस्कृति भारतीय संस्कृति को धूमिल कर रहे हैं। गिरते हुए नैतिक मूल्यों के कारण आज समाज में गलत करते हुए भी शर्म महसूस ना होना, बड़ों के प्रति आदर–सम्मान में कमी, अपराध करने से भय ना होना आदि ऐसे अनगिनत कारण है जिसके कारण वर्तमान समाज में दिन–प्रतिदिन अपराधों में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में अपराध अपनी चरम सीमा पार कर मासूम बालकों तक पहुंच आ चुका है और हृदय में उस समय सर्वाधिक घृणा एवं ग्लानि महसूस होती है, जब एक अबोध मासूम बालक के साथ यौनाचार किया जाता है।

बाल यौन शोषण शोषण क्या है?

बालकों के विरुद्ध अनेक अपराध घटित होते हैं जैसे बलात्कार, बाल विवाह, अपरहण, शिशुओं की खरीद–फरोख्त, कन्या भ्रूण हत्या, बाल मजदूरी आदि। बाल विवाह नाबालिक लड़कियों के यौन शोषण का एक माध्यम बन चुका है। यौन शोषण में बालकों के साथ ना केवल अप्राकृतिक मैथुन बलात्कार किया जाता है अपितु इन्हें अश्लील फिल्म देखने के लिए बाध्य करना, इनके साथ अश्लील व्यवहार कर उसका वीडियो बनाना, किसी बच्चे को गलत तरीके से छूना, बालक के प्राइवेट पार्ट को छूना, तथा यौन उत्तोजना को पूरा करने के लिए बालक के साथ किए गए सभी अश्लील कृत्य इसके अंतर्गत शामिल हैं। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाना आवश्यक है कि बालक शब्द के अंतर्गत वे सभी लड़के तथा लड़कियां शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे कम है अर्थात लड़के तथा लड़कियां दोनों ही यौन शोषण का शिकार हो सकते हैं, लेकिन लड़कियों के लिए यह खतरा लड़कों की अपेक्षा 6 गुना ज्यादा होता है।

यौन शोषण शोषण के शिकार बच्चों में पाए जाने वाले लक्षण– जब भी कोई व्यक्ति किसी बालक का यौन शोषण करता है तो, वह बच्चों को चुप कराने के लिए या तो उन्हें किसी वस्तु का लालच देते हैं या फिर बच्चों से यह भी कह देते हैं कि उनकी बात का कोई भरोसा नहीं करेगा। सामान्यत: बच्चे अपने परिवार में या दोस्तों से यौन उत्पीड़न के बारे में बात करने से, डांट या मार के डर से घबराते हैं या फिर उन्हें यह लगता है कि इन सब में उनकी ही गलती है या शोषण करने वाला उन्हें यह समझाने में सफल हो जाता है कि यह सामान्य बात है या कोई खेल है। यौन शोषण का शिकार बच्चा, शोषण करने वालों की ही चिंता करने लगता है और उनकी बातों में फंसकर यह सब चुपचाप बर्दाश्त करने लगता है।

कोई बालक यौन हिंसा का शिकार है इस बात का पता कैसे करेंगे? यह जानने से पहले यहां एक उदाहरण प्रस्तुत किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जिसके माध्यम से उन लक्षणों के बारे में जाना जा सकता है जो एक यौन शोषण से पीड़ित बालक में पाए जाते हैं।

एक 12 वर्षीय लड़की अपने माता–पिता के साथ रहती थी। लड़की की मां प्राइवेट काम करती थी, जो रोज सुबह 9:00 बजे अपने घर से निकल जाती थी और शाम को 7:00 बजे घर वापस आती थी। लड़की के पिता की स्वयं की दुकान थी और वह भी रोज सुबह 10:00 बजे घर से दुकान के लिए निकल जाते थे और रोज रात में 10:00 या 11:00 बजे घर पहुंचते थे। लड़की भी रोज सुबह 8:00 बजे स्कूल चली जाती थी और दोपहर में 1:00 बजे घर वापस आती थी। लड़की की स्कूल से आए दिन उसके द्वारा ठीक से क्लास अटेंड ना करने, क्लास के बीच में सो जाने, होमवर्क ना करने की शिकायतें, उसकी मां के पास आती रहती थी। जब भी लड़की की मां काम से घर वापस आती थी तो, लड़की के हाथ अक्सर ब्लेड से कटे मिलते थे और बच्ची से मां के द्वारा पूछने पर वह मां से कहती थी कि ब्लेड से पेंसिल छीलते समय उसका हाथ कट जाता है। जब भी पिता लड़की से कहते कि स्कूल से तुम्हारी बहुत शिकायतें आती हैं अब से मैं ही तुम्हें पढ़ आऊंगा, तो बच्ची माफी मांग कर पिता से पढ़ने के लिए मना कर देती थी। माता–पिता द्वारा लड़की को उसकी हर एक गलती पर तथा स्कूल से शिकायते आने पर डांटना–मारना लगातार बना रहता था। बच्ची हमेशा गुमसुम रहती थी तथा जब भी कोई उससे उदास रहने की वजह पूछता था तो वह बहुत रोने लगती थी।

यह घटना पूर्णत: सत्यता पर आधारित है। हमारे आसपास ऐसे अनेक बच्चे हैं जो बिल्कुल इस बच्ची के जैसा व्यवहार करते हैं। हम उन लक्षणों के बारे में बात करेंगे जो एक यौन शोषण से पीड़ित बालक में पाए जाते हैं।

(1) घर तथा स्कूल में पढ़ने–लिखने में समस्या–यौन शोषण से पीड़ित बच्चे की एकाग्रता में समस्या आने लगती है। उनके द्वारा होमवर्क ना करना या क्लास में ठीक से पढ़ाई ना करना, क्लास के बीच में ही सो जाना, उनके रिजल्ट में गिरावट आना, स्कूल से लगातार शिकायतें मिलने लगती है।

(2) शारिरिक चोट एवम स्वास्थ्य संबंधी समस्या –शोषण से पीड़ित

बच्चे में आए दिन चोट के निशान दिखाई देना, बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होना, जैसे- उनके योनि या गुदा के आसपास दर्द लालिमा, यौन संचारित करने में संक्रमण या बच्ची का गर्भवती हो जाना।

(3) व्यवहार में परिवर्तन-यौन उत्पीड़न से पीड़ित बच्चे का व्यवहार आक्रमक और असुरक्षित हो जाता है तथा वे सोते वक्त परेशान रहते हैं और बिस्तर में पेशाब भी कर सकते हैं। अकेले में रहने से डरते हैं, गुमसुम रहते हैं, तथा कुछ पूछने पर रोना या डरना स्वाभाविक है।

(4) किसी व्यक्ति विशेष/शोषण करने वालों से बचने की कोशिश- अचानक बच्चा किसी व्यक्ति विशेष को नापसंद करने लगता है, उसके घर जाने से बचता है, उस व्यक्ति विशेष के साथ अकेले रहने या कहीं जाने से बचता है, उस व्यक्ति से डरता है, आदि।

(5) अनुचित यौन व्यवहार-दुर्व्यवहार के शिकार बच्चे असामान्य रूप से यौन- व्यवहार कर सकते हैं। यौन संबंधी शब्दों का स्पष्ट रूप से इस्तेमाल करने लगते हैं।

(6) सांकेतिक भाषा का उपयोग-यौन दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चे उनके साथ हो रहे यौन शोषण के बारे में सीधे ना बताकर संकेतों या सुराग के माध्यम से बता सकते हैं कि उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है।

यौन शोषण का पीड़ित बालक पर पड़ने वाला प्रभाव -यौन शोषण से, बालकों में लंबे एवम दीर्घ अवधि तक गंभीर रूप से शारीरिक व मानसिक आघात पहुंचता है। ऐसे बालकों में निराशा, पीड़ा, आत्मसम्मान में कमी आदि विकृतियां पनपने लगती है, जिससे बालकों में मानसिक संताप उत्पन्न होता है और ऐसे बालक अपराध की ओर अग्रसर हो जाते हैं या अन्य अपराधों का शिकार हो जाते हैं। यौन उत्पीड़न से पीड़ित बालक ड्रग्स और अल्कोहल आदि के भी आदी हो सकते हैं तथा कम उम्र में आत्महत्या कर लेते हैं। यौन शौषण से पीड़ित बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं भी हो सकती है। लंबे समय तक यदि किसी बच्चे के साथ यौन शोषण होता है तो ऐसे बच्चे में अवसाद, चिंता, भोजन विकास एवं पोस्ट ट्रामेटिक डिसऑर्डर अर्थात खौफनाक या डरा देने वाले अनुभव की यादों से होने वाली समस्याएं (पी.टी.एस.डी) की संभावना अधिक होती है।

बाल यौन पोषण शोषण कौन करता है?

किसी भी बालक के मन पर उसके परिचित, रिश्तेदार, जान-पहचान वाले, आसपास रहने वाले, शिक्षक आदि का विशेष प्रभाव होता है। यही सब लोग बालकों के कोमल मन को प्रभावित कर उसका यौन शोषण करते हैं। बालकों के मन पर अपना प्रभाव रखने वाले अधिकतर लोग बालकों के साथ अपनी यौन इच्छा, यौन पिपासा को तृप्त करते हैं।बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वाला व्यक्ति कोई भी वयस्क,किशोर या खुद बच्चा हो सकता है। बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वाले ज्यादातर पुरुष होते हैं,परंतु कभी-कभी महिला द्वारा भी बच्चों को यौन हिंसा का शिकार बनाया जा सकता है। 40 फीसदी यौन उत्पीड़न किसी अधिकतम उम्र के पुरुष या नौजवानों द्वारा किया जाता है। 10 में से 9 बच्चे उत्पीड़न का शिकार अपने जानकार या जाने वालों से होते हैं। शोषण करने वाला व्यक्ति बच्चों को खास तवज्जो देता है। उन्हें उपहार, दावत, सैर सपाटा कराना, उनके साथ अकेले रहने का मौका तलाश रहता है।

बाल यौन शोषण की रिपोर्ट -यदि किसी व्यक्ति को यह लगता है कि कोई बालक यौन हिंसा का शिकार हो रहा है या उसके साथ यौन शोषण होने की संभावना है तो वह व्यक्ति, पुलिस थाने या चाइल्ड लाइन में अपराध घटित होने या घटित होने की संभावना की जानकारी दे सकता है। पीड़ित बालक द्वारा भी स्वयं थाने जाकर या चाइल्ड लाइन में उसके साथ हुए यौन अपराध के बारे में सूचना दी जा सकती है। यदि किसी डॉक्टर को यह संभावना है कि उसके पास इलाज के लिए आए बालक के साथ यौन शोषण हुआ है तो डॉक्टर का यह दायित्व है कि वह इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

उपसंहार-देश में हाल ही में बालकों के साथ हो रहे यौन अपराधों में मानवीय मानसिकता दर्शाने वाले अपराध के मामलों में वृद्धि हुई है। बालक,उनकी अल्पवयस्कता तथा शारीरिक दुर्बलता तथा जीवन और समाज का अनुभव नहीं होने कारण आसानी से शिकार बन जाते हैं। ऐसे बालक जो अपने बचपन में यौन हिंसा का शिकार हो जाते हैं उनका शेष जीवन में और अधिक दुरुपयोग होता है। वर्ष 2016 की राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2012 की बजाय 2013 में 44.7% वृद्धि और 2013 की बजाय 2014 में 178.6% की वृद्धि हुई है और इसके पश्चात से इन अपराधो मे गुणोत्तार बढ़ोत्तारी होती जा रही है क्योंकि देश में बाल यौन अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने की सख्त आवश्यकता थी इसलिए वर्ष 2012 में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 लाया गया जिससे अपराधकर्ता को भयोपरात किया जा सके और सभी बालको का संरक्षण, सुरक्षा और गौरवपूर्ण बचपन सुनिश्चित किया जा सके। शासन द्वारा बालको के विरुद्ध हो रहे यौन उत्पीड़न संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं परंतु शासन के साथ-साथ सामाजिक रूप से सभी नागरिकों का यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि वह अपने घर परिवार, आस-पड़ोस तथा समाज में रहने वाले सभी बालको की देखभाल कर, उन्हे सुरक्षित रखे तथा यदि उनके विरुद्ध किसी भी यौन अपराध होने की जानकारी मिलती है या बच्चों में ऐसे कोई लक्षण पाए जाते हैं जिससे यह ज्ञात हो सके कि वह बालक यौन शोषण का शिकार हो रहा है तो वह व्यक्ति ऐसे अपराधों की जानकारी तुरंत ही चाइल्डलाइन या पुलिस थाने में दे, ताकि बालकों का बचपन सुरक्षित किया जा सके और उन्हें एक खुशहाल जीवन मिल सके क्योंकि बालक ही कल का भविष्य हैं और उन्हीं के द्वारा एक स्वस्थ समाज का आगे चलकर निर्माण होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. देवेंद्र बागड़ी: लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012-पब्लिकेशन- इंडिया लॉ हाउस इंदौर।
2. https://www.livehealthily.com/hi-in/sexual-abuse-assault/abuse-child-sexual-abuse
3. https://www.bbc.com/hindi/india-42870571

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

अभिज्ञानशाकुन्तल में रस निरुपण - एक समीक्षा

डॉ. नलिनी तिलकर *

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत) शासकीय माधव कला एवम् वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – श्रव्य काव्य के पठन अथवा श्रवण एवं दृश्य काव्य के दर्शन तथा श्रवण में जो अलौकिक आनन्द प्राप्त होता है, वही काव्य में रस कहलाता है। रस से जिस भाव की अनुभूति होती है, वह रस का स्थायी भाव होता है।

रस का शाब्दिक अर्थ है – निचोड़। काव्य में जो आनन्द आता है वह ही काव्य का रस है। काव्य में आनें वाला आनन्द अर्थात् रस लौकिक न होकर अलौकिक होता है। रस काव्य की आत्मा है। 'रसात्मकम् वाक्यम् काव्यम्' अर्थात् रसयुक्त वाक्य ही काव्य है।

'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रस निष्पत्ति:।' [1]

नाट्यशास्त्र में भरत मुनि ने रस की व्याख्या करते हुये कहा है ।

अर्थात विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। विश्व–साहित्य के नाटकमणि अभिज्ञान शाकुन्तल के प्रणेता कवि–शिरोमणि कालिदास रससिद्ध कवि हैं।

अत: नाटक के तृतीय तत्व रस का शाकुन्तल में अच्छा परिपाक हुआ है। शाकुन्तल का अंगी रस श्रृंगार है। श्रृंगार के सम्भोग और विप्रलम्भ दोनों पक्षों का सुन्दर परिपाक इस नाटक का प्राण है। नायक अथवा नायिका के हृदय में प्रेम का आविर्भाव गुण श्रवण अथवा रूप दर्शन आदि से होता है। यही साक्षात् दर्शन ही प्रेमोदय का कारण है।

राजा दुष्यन्त की गंभीर आकृति और मधुर भाषण से शकुन्तला के हृदय में प्रेम–विकार उत्पन्न होता है और शकुन्तला के अपूर्व सौन्दर्य का अवलोकन करके राजा दुष्यन्त प्रेमाभिभूत होते हैं। कवि ने उसके नैसर्गिक सौन्दर्य का कितना मनोरम वर्णन किया है :–

'अधर: किसलयराग: कोमलविटपानुकारिणौ बाहू।
कुसुमभिव लोभलीयं यौवनपंक्डे.पु सन्नद्धम्।।' [2]

'नवीन पल्लव के समान रक्तिम अधर है, कोमल तरू–शाखाओं सदृश भुजायें हैं तथा पूष्प के समान लुभानेवाला यौवन समस्त अंगों में व्याप्त है।' यह सौन्दर्य राजा के हृदय में प्रेम का आविर्भाव करके इस प्रकार समा गया कि विरह–काल में चित्रविनोद के लिए जब उसका चित्राङ्न किया गया तो वह और भी खिल उठता है। राजा दुष्यन्त ने शकुन्तला का जो चित्र खींचा है, उसके सौन्दर्य का अवलोकन इस प्रकार किया है :–

'दीघापाङ्गविसारिनेत्रयुगलं लीलाञ्चितभ्रूलतं
दन्तान्त: परिकीर्णहासकिरणज्योत्स्नाविलिप्ता धरम्।
ककन्धूद्युतिपाटलोष्ठरूधिरं तस्यास्तदेतन्मुखं
चित्रेदृष्टयालपतीव विभ्रमलसत्प्रोभिन्नकान्ति द्रवम्।।' [3]

'विस्तृत प्रान्त भागों सहित विशाल नेत्र तथा विलास के कारण भ्रूलता सुशोभित है। दन्तो के मध्य से विकीर्ण होती हुई स्मिति की किरणोरूपी ज्योत्सना से अधर कान्तिमान है तथा पक्व बदरीफल के समान रक्तवर्ण ओष्ठ अति सुन्दर है। उसका यह चित्रस्थ मुख भी विभ्रम से सुशोभित होता हुआ बातें सी कर रहा है और उसकी कान्ति द्रवित होकर सुशोभित हो रही है।'

शकुन्तला का यह नैसर्गिक, अलंकारविहीन एवं अभूतपूर्व सौन्दर्य राजा दुष्यन्त को अभिभूत कर देता है और भ्रमर–बाधा से उत्पन्न उसकी शारिरिक चेष्टायें उनकी रतिभावना को अधिक उद्दीप्त कर देती है। राजा उनसे प्रभावित होकर कहता है :–

'लीलांदष्टिमिस्ततो वितनुतें सभ्रूलताविभ्रमाम्,
आभुग्नेन विनर्तिता वलियता मध्येन कम्रस्तनी।
हस्ताग्रं विधुनोति पल्लवनिभं शीत्कारभिन्नाधरा,
जातेयं भ्रमराभिलङ्धनभिया वाद्यैर्विना नर्त्तकी।।' [4]

यहह शोभन स्तनोवाली शकुन्तला भ्रूविलास के साथ अपनी चंचल दृष्टि की चतुर्दिक घुमा रही है, कुछ वक्र एवं त्रिवली–तरंगमय मध्यभाग है तथा अपने अधरोष्ठ को अलग–अलग करती हुई सीत्कार कर रही है। इससे प्रतीत होता है कि भ्रमर के काटने के भय से बिना बाद्यों के ही नर्तकी बन गयी है।

दुष्यन्त को प्रेमविभोर करने के निमित्त शकुन्तला को विलास रहित अकृत्रिम किन्तु मधुर एवं आकर्षक चेष्टायें ही पर्याप्त थी। कवि ने अत्यन्त स्वाभाविक रूप से प्रेमोदय का चित्रण किया है। इसी भाँति शकुन्तला का आकर्षण भी क्रमश: विस्तार प्राप्त करता है और सखियों का परिहास उसके प्रेम को उद्दीप्त करता है। दुष्यन्त के समीप से जाते समय उसकी चेष्टाएँ हाव के अन्तर्गत आयेगी, जबकि वह कुश के पैर में लगने तथा वस्त्र के काँटों में उलझने के व्याज से साभिलाष नेत्रों से दुष्यन्त की ओर देखती है। उसकी ये चेष्टाएँ केवल संयोग के समय ही उद्दीपन का कार्य नहीं करती अपितु वियोग के समय दुष्यन्त के स्मृतिपटल पर आविर्भूत होकर उनकी विरह ज्वाला को और भी उद्दीप्त कर देती है। दुष्यन्त उनका स्मरण करते हुए इस प्रकार कहते हैं :–

'दर्भाङ्.कुरेण चरण: क्षत इत्यकाण्डे
तन्वी स्थिता कतिचिदेव पदानि गत्वा।
आसीद्विवृत्तवदना च विमोचयन्ती
शाखासु वल्कलमसक्तमपि द्रुमागाम्।।' [5]

दुष्यन्त और शकुन्तला जब एक दूसरे के प्रति पूर्णत: आकर्षित हो

जाते हैं और उनके हृदय प्रेमवृन्त के आलबाल हो जाते हैं, तो कालिदास ने उनका मिलन करा दिया है और उनक विलास का मधुर वर्णन करके संभोग श्रृंगार की स्त्रोतस्विनी प्रवाहित की है। शकुन्तला का कुञ्ज से एक बार बाहर जाना पुन: उत्कण्ठित और दर्शनोत्सुक हृदय लेकर मृणालवलय को लेने के व्याज से आना और दुष्यन्त द्वारा अपने हाथों से उसको मृणालवलय, पुष्पहार आदि पहनाना और उसके नेत्रों को स्वच्छ करना आदि चेष्टाओं के वर्णन में श्रृंगार की सरसता और कालिदास की सहृदयता की मधुर व्यञ्जना हुई है।

विप्रलम्भ श्रृंगार का वर्णन करके कवि ने गुरुजनों की आज्ञा के बिना सहसा किये गये वासनामय प्रेम को दाम्पत्य प्रेम की पावनता प्रदान की है। शकुन्तला के प्रत्याख्यान और दुष्यन्त के पश्चाताप से दोनों का कलुष धुल जाता है और भरत के रूप में उस प्रेम का फल पाकर दोनों ही धन्य हो जाते हैं और दाम्पत्य जीवन की सरस सफलता के उल्लास में सामाजिक भी मग्न हो जाता है। कालिदास ने शकुन्तला के विरह का वर्णन समास शैली में किया है। सूक्ष्म शब्दों में विरह की महान् वेदना को भर देने में ही कवि का कौशल है। प्रियतम के ध्यान में मग्न शकुन्तला को ऋषि दुर्वासा के आतिथ्य और शाप आदि का किञ्चित मात्र भी भान नहीं है। इसी से उसकी विरह वेदना का अनुमान किया जा सकता है। विरह के समय समस्त शीतलताप्रदायिका वस्तुएँ पीड़ाजनक होती है, तभी तो शकुन्तला कहती है –

'तव कुसुमशरत्वं शीतरश्मित्वमिन्दो:
द्वयमिदमयथार्थं दृश्यते मद्विधेषु।
विसृजति हिमगर्भैरग्निमिन्दुर्ममूखै:
त्वमपि कुसुमबाणान् वज्रसारी करोषि।।' [6]

हे कामदेव, तुम्हारा कुसुमायुध होना तथा चन्द्रमा को शीतरमि कहा जाना, ये दोनों बातें मुझे जैसो के लिए यथार्थ नहीं है। क्योंकि चन्द्रमा अपनी हिममयी किरणो से अग्नि की वर्षा करता है और तुम अपने पुष्प बाणों को वज्र की भाँति तीक्ष्ण बना रहे हो।

राजा दुष्यन्त की विरहवेदना इससे भी तीव्र है। उसमें विरह – ताप के साथ निरपराध पत्नी को अज्ञानावस्था में त्यागने का परिताप भी सम्मिलित है। इसी से राजा की विरह – वेदना उन्माद की अवस्था तक पहुँच जाती है। वह चित्रस्थ शाकुन्तला की भ्रमर – बाधा को वास्तविक समझकर भ्रमर को मारने के निमित्त झपट पड़ता है, तब माढव्य उसे सचेत करता है वैसे भी दुष्यन्त की दषा विरह के कारण इस प्रकार की है –

'प्रत्यादिष्टविशेषमंडनविधिर्वामत्रकोशे श्लथं
विभ्रत् काञ्चनमेकमेव वलयं श्वासापरक्ताधर:।
चिन्ताजागरणप्रताम्रनयनस्तेजोगुणैरात्मन:
संस्कारोल्लिखितो महामणिरिव क्षीणोऽपि नालक्ष्यते।।' [7]

'राजा ने विशेष प्रकार के अलंकार धारण करना बन्द कर दिया है, केवल बाई भुजा में एक ढीला–ढाला स्वर्ण वलय पड़ा है, निरन्तर ठण्डी श्वास लेने से अधर मलिन पड़ गये है और चिन्तावा जागते रहने से नेत्र लाल हो गये हैं। इस प्रकार क्षीण होने पर भी अपने तेज के गुणों के कारण एक विशुद्ध मणि की भांति शोक लक्षित नही होता।' किस कौशल से कवि ने राजा दुष्यन्त की विरह–व्यथा और नृपोचित मर्यादा एवं तेजस्विता की एक साथ व्यंजना की है।

इस प्रकार कालिदास का सम्भोग एवं विप्रलम्भ श्रृगांर का वर्णन अत्यन्त सफल हुआ है।

कालिदास वासानात्मक प्रेम में विश्वास नहीं करते, वे पवित्र दाम्पत्य प्रेम के समर्थक हैं, जिसकी परिणिति सन्तानोत्पत्ति में होती है। कालिदास उस प्रेम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं, जो दाम्पत्य जीवन में सरसता और आनन्द की ही सृष्टि नहीं करता अपितु मंगल का भी विधान करता है और ऐसा प्रेम पूर्व जन्म के संस्कारों का ही परिणाम होता है।

'रम्याणि वीक्ष्य मधरांश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुको भवति यत्सुखितोऽपि जन्तु।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्व
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि।।' [8]

श्रृगांर रस के अनन्तर द्वितीय स्थान इस नाटक में करूण रस को दिया गया है। शाकुन्तल का चतुर्थ अंक करूण रस से ओत –प्रोत है। लताओ का भगिनी, मृगछौनो की रक्षिका एवं आश्रम के पशु–पक्षियों की सहेली शाकुन्तलाश उन्हें सदैव के लिए त्यागकर पतिगृह जा रही है। इसलिए समस्त तपोवन में करूणा की छाया सी भासित होती है।अनसुइया और प्रियम्वदा के हृदय में प्रसन्नता, चिन्ता और वेदना का संगम हो रहा है, जिससे उन्हें महान् पीड़ा है और ऋषि कण्व का संचित वात्सल्य आज उमड़ आया है और वे भी शकुन्तला के वियोग की सम्भावना से व्यथित हो उठते हैं।

'यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठस्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम्।
वैक्लव्य मम तावदीदृशमपि स्नेहादरण्यौकस:
पीडयन्ते गृहिण: कथं नु तनयाविश्लेषदु::खैर्नवै:।।' [9]

'आज शाकुन्तला जायेगी, इसी भावना के जनित विषाद ने हृदय पर अधिकार कर लिया है। कण्ठ अवरूद्ध हो गया है, अश्रुओं के प्रवाह और चिन्ता से दृष्टि मन्द पड़ गई है। स्नेह के कारण जब मुझ वनवासी की यह अवस्था है तो पुत्री के नवीन वियोग – दुख से गृहस्थ क्यो न दुखी होते होगे।'

शाकुन्तल में वात्सल्य रस का आनन्द भी अन्तिम अंक में प्राप्त होता है। सिंह – शाावको से क्रीड़ा करते हुए सर्वदमन को देखकर दुष्यन्त के हृदय में वात्सल्य हिलोरें लेने लगता है। वे अकारण हँसी से यदा – कदा दिखाई देनेवाले नवीन दॉतो से युक्त मुखवाले, तोतली भाषा में अव्यक्त मनोहर वाणी का उच्चारण करनेवाले शिशु को गोद में लेकर अपने वस्त्रों को धूल से दूषित करना सौभाग्य का विषय मानते हैं –

'आलक्ष्य दन्तमुकुलाननिमित्तहासैरव्यक्तवर्णरमणीयवच: प्रवृत्तीन्।
अंड्काश्रयप्रणयिनस्तनयान् वहन्तो
धन्यास्तदड.करजसाकलुषीभवन्ति।।[10]

प्रथम अंक में दुष्यन्त के बाण से भयभीत मृग के भागने के वर्णन में भयानक रस, शाकुन्तला के आकस्मिक रूप से लुप्त होने तथा मातलि द्वारा विदूषक को पकड़ने के वर्णन में अद्भूत् रस और राजा दुष्यन्त द्वारा मातलि को छुड़ाने के प्रयत्न में वीर रस का परिपाक हुआ है। राजा द्वारा मृत वणिक् की सम्पत्ति का गर्भ को दान धर्मवीर का उदाहरण है। इस प्रकार अन्य रस अंग रूप से ही आये है।

अभिज्ञानशाकुन्तल श्रृगांर – रस प्रधान नाटक है। इसमें संभोग (संयोग) श्रृंगार अंगी है और विप्रलम्भ (वियोग) श्रृंगार, करूण, वीर, अद्भुत, हास्य, भयानक, वत्सल और शान्त ये अंग (गौण) रस है।

यद्यपि शाकुन्तल में विप्रलम्भ श्रृंगार का पर्याप्त विस्तार है, परन्तु नाटक की समाप्ति दुष्यन्त और शाकुन्तला के मिलन के साथ होती है, अत: नाटक सुखान्त है,

अत: इसमें संभोग श्रृंगार को ही मुख्य रस मानना उचित है।

कालिदास ने शाकुन्तल में विभिन्न रसों का बहुत कुशलता के साथ समावेश किया है।

संस्कृत साहित्याकारो कविकुलगुरू: कालिदास:

देदीप्यमाननक्षत्रवत् अस्ति। कविता कामिनीविलास: कालिदास: रससिद्ध: कवीश्वर: संस्कृतकाव्यक्षेत्रे सर्वश्रेश्ठ: अस्ति। 'पुरा कवीनां गणनाप्रसङ्.गे कनिष्ठकाधिश्ठित कालिदासा। अद्यापि तत्तुल्यकवेरभावादनामिका सार्थक्ती बभूव।।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नाट्यशास्त्र, षष्ठ अध्याय
2. अभिज्ञान शाकुन्तल, 1/22
3. अभिज्ञान शाकुन्तल, 6/14
4. अभिज्ञानशाकुन्तल, 1/26
5. अभिज्ञानशाकुन्तल, 2/12
6. अभिज्ञानशाकुन्तल, 3/4
7. अभिज्ञानशाकुन्तल, 6/5
8. अभिज्ञानशाकुन्तल, 5/9
9. अभिज्ञानशाकुन्तल, 4/8
10. अभिज्ञानशाकुन्तल, 7/17

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बाबा नागार्जुन के उपन्यास 'वरूण के बेटे' का विश्लेषण (सामाजिक सरोकार के विशेष संदर्भ में)

डॉ. देवेन्द्रसिंह ठाकुर *

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय महाविद्यालय, धरमपुरी, जिला- धार (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – उपन्यास, गद्य साहित्य की एक महत्वपूर्ण विधा है जिसमें मानव के संपूर्ण जीवन का चित्रण किया जाता है। उपन्यास को पढ़कर हम मानव जीवन के विविध पहलूओं समझने बुझने का प्रयास करते है। यथार्थवादी उपन्यासकार नागार्जुन के समस्त उपन्यासों में यथार्थवादी शैली और सामाजिक यथार्थवाद के दर्षन होते है और यही षैली उन्हे अन्य उपन्यासकारों से एकदम अलग करती हैं। नागार्जुन का **'वरूण के बेटे'** उपन्यास मछुआ समुदाय के जीवन को समर्पित है क्योंकि इस उपन्यास में बाबा ने मछुआ समाज की विविध समस्याओं का, मछुओं की जीवनषैली का, उनके संघर्ष आदि का यथार्थ अंकन किया है। सामाजिक सरोकारों पर आधारित यह एक भावनात्मक उपन्यास है। इस उपन्यास के विभिन्न पात्रों के माध्यम से आपने मानव समाज और नारी जीवन से जुड़ी समस्याओं, जमींदारों के अत्याचार और शोषण से लेकर दहेज की समस्या, अनमेल विवाह, सामाजिक बुराईयों, अंधविश्वास, स्त्री-पुरूष में भेद, ढोंग-पाखण्ड आदि ज्वलंत मुद्दों को समाज के समक्ष उठाया गया है।

शब्द कुंजी – नारी, समस्या, मछुआ समाज, संघर्ष।

प्रस्तावना – बाबा नागार्जुन ने अपने साहित्य में आम जनजीवन की समस्याओं का सच्चा चित्रण किया है। सामाजिक सरोकार अर्थात समाज से संबंधित समस्याओं से वास्ता रखना। सामाजिक समस्याओं को खोजकर उनका समाधान प्रस्तुत करना बाबा के साहित्य का उद्देश्य रहा है। घूमक्कड़ प्रवृत्ति के नागार्जुन ने आम आदमी के जीवन को बेहद करीब से देखा था इसलिए उनके साहित्य में हमें निम्न-मध्यम वर्ग का मर्मस्पर्शी अंकन देखने को मिलता है। संत कवि कबीरदास जी के समान बाबा ने भी समाज की कड़वी, घिनौनी, घटिया सोच को बेबाकी के साथ साहित्य में उजागर किया। **'वरूण के बेटे'** उपन्यास में लेखक ने मछुआरों के संघर्षपूर्ण और त्रासदीपूर्ण जीवन का यथार्थ चित्रण है। आपने मलाही-गोंढ़ियारी नामक ग्रामांचल के मछुओं के माध्यम से मछुआ समाज के जीवन संघर्ष और उनके जागरण की कथा को प्रस्तुत किया है। इसमें मछुओं के संघर्ष की अभिव्यक्ति के लिए उनके जीवन्त परिवेश की अवधारणा की गई है।

शोध प्रविधि– सामग्री संकलन के लिए मैंने नागार्जुन के उपन्यास साहित्य का उपयोग किया है। साथ ही नागार्जुन के साहित्य से संबंधित अन्य साहित्यिक पत्र पत्रिकाओं, शोध ग्रंथों तथा इंटरनेट से भी तथ्यों का संकलन किया है।

शोध के उद्देश्य– प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य मुख्य रूप से नागार्जुन के उपन्यास **'वरूण के बेटे'** में वर्णित मछुआ समाज के जीवन संघर्ष का अध्न करना है। नारी वर्ग की समस्याओं को जानकर उनका समाधान खोजने का प्रयास करना भी मेरे शोध का उद्देश्य रहा है। इनके अलावा बाबा के उपन्यास **'वरूण के बेटे'** में चित्रित सामाजिक सरोकार के विविध पक्षों का अध्न, चिंतन, मनन करके उसमें निहित तत्वों को खोजना ही मेरे शोध का उद्देश्य है।

उपकल्पना– शोधार्थी और पाठक नागार्जुन के उपन्यास **'वरूण के बेटे'** में चित्रित मछुआ समाज के जीवन के विविध पहलुओं को समझ सकेगे। सामाजिक जीवन में मछुआरों की महत्ता को जानकर उनके प्रति एक सम्माननीय दृष्टिकोण अपना सकेगे। पाठक मछुआ समाज और नारी समाज के जीवन संघर्ष को समझ सकेगे।

वरूण के बेटे उपन्यास के विविध आयाम– नागार्जुन ने उपन्यास में मछुआ जीवन की समस्याओं का सच्चा अंकन किया। आपने अपने साहित्य में सर्वहारा वर्ग को प्रमुख स्थान देते हुए सामाजिक विषयों को लेकर साहित्य की रचना की। **'वरूण के बेटे'** उपन्यास में लेखक ने मछुओं के संघर्षपूर्ण और त्रासदीपूर्ण जीवन का यथार्थ अंकन किया है। उपन्यास में मधुरी के माध्यम से नारी वर्ग पर होने वाले अत्याचारों का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि जो नारी अपने ऊपर होने वाले जुल्मों का विरोध करती है उसे सभ्य समाज के द्वारा कुलटा और बदचलन करार दिया जाता है। फिर भी नारी हार नहीं मानती और अंत में अपनी राह स्वयं बना ही लेती है। आपने **'वरूण के बेटे'** में विविध पात्रों के माध्यम से मछुआ जीवन का प्रभावी अंकन किया है। उपन्यास में हमें मछुआ जीवन से जुड़े विविध आयाम देखने को मिलते हैं-

(1) मानवीय मूल्यों के प्रति आस्थवादी दृष्टिकोण– मानव एक सहृदय प्राणी है। आस्थावादी दृष्टिकोण के कारण ही हमारा हृदय सकारात्मक भावों का संचरण करके हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आदर्ष समाज के निर्माण की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए मानवीय मूल्यों की अनदेखी नहीं की जा सकती और इस बात को बाबा भलिभाँति जानते थे इसलिए उन्होने अपने पात्रों के माध्यम से मानवीय मूल्यों की स्थापित करने का प्रयास किया है। बाबा ने एक बार डॉ. नामवरसिंह को कहा था कि 'मैं 'जनवादी' हूँ। क्योंकि मुझे किसी तरह की पाखंडलीला से नफरत है।'[1]

मोहन माँझी का स्वप्न था कि गढ़पोखर का जीर्णोद्धार हो जाने पर

मलाही–गोंढ़ियारी के ग्रामांचल मछली पालन व्यवसाय का आधुनिक केंद्र बन जाएँगे। वह किसान सभा और प्रजा समाजवादी पार्टी का सदस्य था। मोहन माँझी देश की आजादी के लिए कई बार जेल हो आया था।'[2]

'वरूण के बेटे' उपन्यास में बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं का और उनके लिए चलाए जा रहे बाढ़ राहत कैम्पों का यथार्थ चित्रण करते हुए समाज की मानवता के प्रति आस्था को प्रकट किया है। मोहन माँझी ने भी स्कूल के पास एक शिविर बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए खोला है जिसे समाज द्वारा दिल खोलकर अनाज, रूपयों, कपड़ों की मदद दी गई है जो मोहन माँझी की ईमानदारी को दर्शाती है।

(2) नारी के विविध रूपों और उसके संघर्ष का चित्रण– बाबा ने वरूण के बेटे उपन्यास में नारी वर्ग की विविध समस्याओं का अंकन करते हुए उसका समाधान भी प्रस्तुत किया। डॉ. विजय बहादुरसिंह कहते है– 'नागार्जुन के स्त्री पात्र ज्यादा दुस्साहिक और बोल्ड है। स्त्री स्वाधीनता के नाम पर वे भीख माँगते नहीं दिखते। बल्कि मधुरी के रूप में वे अन्याय सहिष्णु और पुरूषों को ललकार कर आगे खींचते हैं। स्त्री चरित्रों की नेतृत्व प्रखरता नागार्जुन की अपनी देन है। अगर वे गाँव के न होते तो शायद यह बोध उनकी कलम तक पहुँच भी न पाता।'[3] इसलिए उनके नारी पात्र समाज द्वारा तिरस्कृत, अपमानित, उत्पीड़ित होने के बाद भी चेतना से लबरेज होते है।

आर्थिक रूप से सबल बनने के लिए नारी शिक्षा आवश्यक हो गई थी परन्तु हमारा रूढ़िवादी समाज स्त्री शिक्षा का विरोधी था। उस समय कुछ समाज सुधारकों ने स्त्री शिक्षा का जमकर समर्थन किया था। नागार्जुन के उपन्यास की स्त्री पात्र जीवन की कठिन परिस्थितियों को हराने का इरादा रखती है। वे प्रेम को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानती है। डॉ. प्रकाश मनु लिखते है– 'प्रेम यहाँ कोई विलासिता या मौजमस्ती की चीज नहीं, जीवन का पर्याय है और जीवन जीने की भरपूर लालसा नागार्जुन के पात्रों में कूट–कूट कर भरी है।'[4]

जिस घर के पुरूष नशे के व्यभिचार में लिप्त होते है। उस घर की औरतों को तो हर वक्त संघर्ष को सामना करना पड़ता है। उपन्यास **'वरूण के बेटे'** में– एक बार मधुरी का बाप ताड़ी पीकर आ जाता है और अपनी बेटी को गालियों की बौछारों, मारपीट और हैवानियत के हमलों में नाकामी के बाद सर के बाल पकड़कर जमीन पर घसीटता है .....प्रमत्त बाप के सारे उपद्रव झेल लेती है। नशा उतरने पर बेटी से माफी माँगता है तो मधुरी कहती है कि दारू–ताड़ी पीकर आओंगे तो मैं जहर–माहुर खा लूँगी।'[5] नागार्जुन ने मधुरी के माध्यम से एक निम्नवर्गीय समाज की नारी के हौसले, स्वाभिमान, आत्मविश्वास, प्रेम, संघर्ष आदि का उत्कृष्ट चित्रण किया है।

उपन्यास में मधुरी के व्यक्तित्व के हमें दो भाग दिखाई देते है। पहले भाग में वह गाँव की अल्हड़, घरेलू लड़की और कमसिन प्रेमिका होती है तो दूसरे भाग में वह ससुर की ज्यादतियों के कारण वापस मायके लौटने और समाज में जन चेतना का अलख जगाने वाली एक साहसी नारी होती है। वह उपन्यास के अंत में पुलिस वाहन पर सवार होकर नारे लगाती हुई मछुआ संघ के लोगों का उत्साह बढ़ाती है। उपन्यास की नायिका मधुरी अबला से सबला बनकर मछुआ समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है। नारी जाति के त्याग और समर्पण की भावना उपन्यास में भावुकता को प्रश्रय देती है।

(3) यथार्थवादी दृष्टिकोण– नागार्जुन ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र का यथार्थवादी दृष्टिकोण से चिंतन–मनन करके उसे अपने कथा साहित्य प्रस्तुत किया है। उपन्यासकार ने जिस विषयवस्तु को भी छुआ है उसके अच्छे–बुरे सभी पक्षों को पाठक के समक्ष परोस दिया। **'वरूण के बेटे'** उपन्यास में मछुओं के जीवन का कई भावपूर्ण चित्र खींचे है जो पाठक के सामने साकार हो उठते है। आपने मछुओं के जीवन के प्रत्येक चरण जैसे सुख–दुख, रहन–सहन, रीति–रिवाज, खान–पान, वेशभुषा, व्यवसाय, संस्कृति का बारीकी से विश्लेषण करके अपने उपन्यास में प्रभावी अंकन किया है।

(4) षोषित वर्ग का चित्रण– प्रगतिवादी बाबा ने समाज में उपेक्षित मानव के आर्त क्रंदन को आवाज दी। बाबा ने अपने साहित्य लेखन का उद्देष्य वर्गहीन समाज की स्थापना को बनाया था। समाज में हमेषा ही कमजोर वर्ग का षोषण किया जाता रहा है परन्तु कुछ जागरुक युवा संगठित होकर षोषण का विरोध करते है। **'वरूण के बेटे'** में जब भोला को जमींदारों के मंसूबों का पता चलता है कि वे गढ़पोखर का ठेका किसी दूसरे गाँव के देने वाले है तो सब इकट्ठा होकर तय करते है कि गढ़पोखर को छोड़ा नहीं जाए क्योंकि उस पर हमेशा से हमारा अधिकार रहा है।

मलिहा–गोंढ़ियारी का टुन्नी अपने मछुआ साथियों के साथ पोटली बाँधकर कोसी बाँध निर्माण स्थल पर काम करने गया था ताकि कुछ कमा सके लेकिन वहाँ पर सरकारी तंत्र की भ्रष्ट व्यवस्था के कारण उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

जमींदारी उन्मूलन के कारण देश की परिस्थितियों में बदलाव नजर आने लगा था। 'जमींदारी उन्मूलन ने जहाँ सामंत वर्ग को झटका दिया, वहीं जमींदार और सरकार के संबंधों को एक नया आयाम भी दिया। पहले प्रजा और जमींदार में मेमने और बाघ का संबंध था।'[6] अब षोषित वर्ग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर अपने हक को पाना चाहता था।

(5) स्त्री–पुरूष संबंधों का चित्रण– आपने समाज में स्त्री–पुरूष के बदलते रिष्तों का यथार्थ अंकन करते हुए प्रणय को दूसरे संदर्भ में दिखाया है। उपन्यास में प्रेम को सामंती अय्याशी के मुकाबले समाज सापेक्ष और पर्याप्त जिम्मेदार ठहराया है। मधुरी कहती है कि 'हमारा प्रेमनगर कही समाज से अलग बाहर आबाद हुआ है ? सुनती हूँ बडे आदमी जब और कामों से ऊब उठते हैं तो दिल के टुकडे इधर–उधर फेंका करते हैं और दसियों घर बरबाद कर छोड़ते हैं.....।'[7]

'वरूण के बेटे' में मधुरी के द्वारा प्रेम की वास्तविकता से अवगत कराने का प्रयास किया गया है। मधुरी कहती है– 'देखो मंगल, मैं तुमसे तीन साल छोटी हूँ। हमने एक–दूसरे पर प्राण नौछावर कर रखे थे लेकिन अब तुम घर की लक्ष्मी का मुखड़ा ध्यान में रमा लो और मुझे भुल जाओ.....!'[8] उपन्यास में स्त्री–पुरूष के संबंधों को लेकर नायिका मधुरी कहती है कि मंगल हम छोकरा–छोकरी नहीं बल्कि सयाने है। तुम्हें अपनी पत्नी और मुझे अपने परिवार के प्रति वफादार होना होगा।

(6) लोक जीवन का चित्रण– नागार्जुन ने अपने साहित्य में लोकजीवन के सभी रंगों को बड़ी तन्मयता के साथ प्रकट किया है। ग्रामीण लोग माल बेचने षहर आते है तो वापस जाते समय घर के लिए सामान खरीदते है। **'वरूण के बेटे'** में खुरखुन मछलियाँ बेचकर घर के लिए साड़ियाँ, छींट, अंग्रेजी–हिंदी डिक्शनरी, टीकावाली रामायण आदि वस्तुएँ खरीदता है। मछुओं की गरीबी का चित्रण कुछ इस तरह से किया है– 'जब खुरखन मछलियाँ पकड़कर वापस लौटता है तो उसकी छह साल की नंगी बिटिया अब और करीब आ गई थी। भुनी हुई मंगुरी का अद्धा खा आई थी। हाथ–मुँह काले हो रहे थे। नाक में नेटा–पोटा, आँखों में कीचड़। धूल भरा सिर, रूखे–उलझे

बाल।'[9]

आपने मछुओं के आम जीवन की झाँकी प्रस्तुत की है- 'मधुरी, भोला की मइया से मिलने जाती है, बातें करते-करते बुढ़िया के बालों में जुएँ देखने लगती हैं। मधुरी ने बालों के जंगल में जूँ का शिकार शुरू कर दिया। नजरों की सफाई और उँगलियों की फुर्ती जूँ को गिरफ्त में ले रही थी।'[10]

(7) जातिगत-वर्गवाद का चित्रण- आदिकाल से देश में वर्ण व्यवस्था के आधार पर समाज का संचालन हो रहा था जो धीरे-धीरे विकृत होने लगा था, सेवा करने वाले वर्ग का षोषण और अपमान किया जाने लगा था। बाबा ब्राह्मण वर्ग को समाज के लिए अभिशाप मानते थे। एक साक्षात्कार में बताया था कि- 'ब्राह्मण खोपड़ी यूं तो ज्ञान की भंडार होती है पर पुरातन पंथी से वह एक किस्म का मालगोदाम भी बन जाती है या ऐसे कह लो-कबाड़ी का स्थान। चिपके हुए है पंडित सड़ी-गली रूढ़ियों से दंभ और अहंकार के साथ। धर्मशास्त्र जो लिख गए। बस वही हमारी जाजम, वही हमारा ओढ़न।'[11]

जब घर-परिवार के पुरूष सदस्य कोई विचार-विमर्श करते है तो वहाँ स्त्रियों की उपस्थिति कोई मायने नहीं रखती है। नागार्जुन ने **'वरूण के बेटे'** उपन्यास में एक सहज प्रसंग रचा है- 'प्रायमरी स्कूल का वह भुतहा महान गाँव के पूर्वी छोर पर था, तीन तरफ से घिरा हुआ। बिरादरी के बालिग मेम्बरान जुटे थे, भोला, खुरखुन, बिलुनी, रंगलाल.....नंदे वगैरह सारे के सारे। पचास-साठ जनें होंगे। औरत एक भी नहीं।'[12]

(8) भ्रष्ट व्यवस्था का चित्रण- नागार्जुन ने बताया कि समाज में ऐसा भ्रष्ट तंत्र कायम है जो रिष्वत के बिना काम नहीं करता है। **'वरूण के बेटे'** में भी नागार्जुन ने भ्रष्ट व्यवस्था का चित्रण किया है क्योंकि ये भी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। जब सरकार ने जमींदारी प्रथा को समाप्त किया तो सरकार में दखल रखने वाले जमींदारों ने अपने हिसाब से जमींदारी उन्मूलन कानून तैयार करवाया ताकि भू-स्वामियों को कुछ मामलों में अचल संपत्ति की छूट मिल सके।

समाज सेवा के नाम पर कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते है। मोहन माँझी के बाढ़ पीड़ित शिविर में मिलने वाले दान का उपयोग कुछ स्वयंसेवक स्वयं करना चाहते है।

(9) राजनीति के विविध पहलूओं का चित्रण- राजनीति ही जातिवाद को संरक्षित और पल्लवित होने का अवसर देती है क्योंकि उसने भारतीय समाज को विखंडित कर सत्ता हासिल करने की संस्कृति इतिहास से सीखी है। जमींदारी उन्मूलन के कारण पुराने जमींदार अपने स्वार्थ के लिए राजनीति में सक्रिय हो गए थे। जो राजनीतिक दल जातिविहीन समाज की बातें करते है वही दल जातीयता को बढ़ावा देने में अव्वल होते है। उपन्यास की नायिका मधुरी जमींदारों के विरूद्ध संघर्ष में भाग लेती है तथा मछुआ संघ के पक्ष में नारे लगाती है। मधुरी की राजनीति में सक्रियता उसके साहसी, बुद्धिमान और न्यायप्रियता का परिचायक है। उपन्यास की अपर्णा, भाभी, शन्नी, हेम आदि स्त्रियाँ राजनीतिक सम्मेलन में भाग लेती है। आजादी का लाभ तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग को ही मिला। डॉ. माधव सोनटक्के कहते है- 'स्वाधीनता प्राप्ति के बाद प्रथम और द्वितीय दशक में हमारे गाँव बड़ी अजीब स्थिति का शिकार रहे हैं। जमींदारी प्रथा के टूटने से सामंती व्यवस्था के मूल्य टूटने लगे और पंचायत राज के द्वारा नये प्रजातंत्रीय मूल्य गाँव तक पहुँचाये जाने लगे। एक ओर प्रजातंत्रीय चेतना उन्हें अपने अधिकारों के लिए उकसाती रही, तो दूसरी ओर रैयत सामंती-व्यवस्था के सम्मुख अपने आपको पराजित पाती रही।'[13]

(10) लोकगीतों के माध्यम से मिथिला की संस्कृति एवं लोकजीवन का चित्रण- नागार्जुन ने लोकगीतों के माध्यम से मिथिला के लोकजीवन के अनेक सुंदर चित्र उकेरे है। जब नायिका मधुरी झोपड़ी में मसाला पीसने जाती है तो नायक मंगल को ध्यान में रखकर गुनगुनाने लगती है-

जिनगी भेल पहाााड़ उमिर भेल काााल। नइ फेकऽ नइ फेकऽ आहे मोर दिलचन,

नेहिया पिरीतिया के जाााल !! आवऽ आवऽ देखि जा हााल !! उमिर भेल काााााल !!!

उपन्यास की नायिका मधुरी के लिए मंगल और चुल्हाई दोनों जान छिड़कते है। चुल्हाई अपने प्रेम को दर्दभरे लोकगीत के माध्यम से कुछ इस तरह से बयां करता है-

'कबहूँ पकड़ में न आवे मछरिया ! जुलमी मछरिया चलबल मछरिया !
कबहूँ पकड़ में न आवे मछरिया ताल में खेले, तलइया में खेले.....।'

मधुरी को बिदा करने के बाद उसके खुरखुन खुश होकर ताड़ी पीने के लिए सतघरा पहुँचता है और हाथ में नोट लेकर चिल्लाता हुआ गाने लगता है-

'पीले, पिला दे ! मरों को जिला दे ! दिलों को मिला दे, अँगुरिया हिला ले चुनरिया सिला ले, कि पी ले, पिला दे, मरों को जिला दे.....'

गढ़पोखर की मछलियों का शिकार करने के लिए भोला और गंगा ने जाल फैला रखे है तब गंगा लोकगीत गाने लगता है-

'बउआ, खइयउ ने ! आव ने खइयउ बउआ जै सिङ् मोतीचूर मिठाइ हओ !कृ बबुआ, खाओ ! खाओ न ! अब तो खाओ बबुआ जै सिङ् मोतीचूर-मिठाइ ओ !.....

मछुआरों ने महाजाल पानी में डाला तो चाँदनी रात में जाल में सैकड़ों मछलियाँ जगमगा उठी। उन्हें देखकर मछुआरे जोश से भरकर गाने लगत है-

रेहू ब्वारी, हुइ यो ! मोदनी भुन्ना, हुइ यो ! नैनी भाकुर, हुइ यो ! उजला सोना, हुइ यो !

लाल चाँदी, हुइ यो ! गंगा मइया, हुइ यो ! कमला मैया, हुइ यो ! कोसी मैया, हुइ यो !....

निष्कर्ष- इस प्रकार नागार्जुन के उपन्यास **'वरूण के बेटे'** का विवेचन-विश्लेषण करने पर मैंने पाया कि बाबा ने समाज के दबे-कुचले, षोषित, सर्वहारा वर्ग का बड़ी ही सहजता, सजीवता और स्वाभाविक तरीके से मर्मस्पर्शी चित्रण प्रस्तुत किया है। उपन्यास में भी मानवीय मूल्यों का पोषण करते हुए मधुरी, मोहन माँझी, खुरखुन, भोला अपने आचरण और व्यवहार से मानवता को जीवित रखते है। उपन्यास में मछुआ समाज के जीवन की समस्त परिस्थितियों को यथार्थ अंकन करके बाबा ने पाठकों को मछुआ जीवन की लोकसंस्कृति से परिचित कराया तथा मछुआ समाज की परम्पराओं, रहन-सहन, रीति-रिवाज, खान-पान को चित्रण किया। इस उपन्यास में नागार्जुन ने मेहनतकश लोगों की शक्ति, साहस के साथ-साथ उनकी जिजीविशा को प्रकट किया है। मोहन माँझी मछुओं (मछुआरों) के भविष्य को लेकर सोचता है कि आजादी के बाद गढ़पोखर का जीर्णोधार होने से सभी का विकास होगा लेकिन आजादी के बाद जमींदारों ने अपने हद की जमीनों, चरागाहों, पोखरों और तालाबों को औने-पौने दामों में बेचना शुरू कर दिया था। ऐसे समय में मछुआरें हार नहीं मानते बल्कि संघर्ष की राह पर चल पड़ते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. आलोचना पत्रिका (1953)- संपादक डॉ. नामवर सिंह
2. नागार्जुन रचनावली-4, संपादक शोभाकांत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
3. सिंह डॉ. विजय बहादुर- नागार्जुन का रचना संसार, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
4. आजकल पत्रिका (जून 1990)- संपादक प्रतापसिंह
5. अमिताभ डॉ. वेदप्रकाश- हिन्दी के आँचलिक उपन्यासों में मूल्य संक्रमण (2009), वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
6. आलोचना पत्रिका (अप्रैल-जून 1981)- संपादक डॉ. नामवर सिंह
7. सोनटक्के डॉ. माधव- समकालीन परिवेश और प्रासंगिक रचना संदर्भ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

सोशल मीडिया व युवा विकास

डॉ. सुनीता भायल *

* सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संचार क्रांति के इस युग में सोशल मीडिया एक मजबुत स्तम्भ के रूप में उभरा है। तकनीकी विकास के साथ-साथ सोशल मीडिया दिन प्रतिदिन लोकप्रियता के शिखर पर चढ़ रहा है। राजनीति से लेकर व्यापार, आम आदमी से लेकर ऊँची हस्तियाँ, साहित्य से लेकर पत्रकारिता, सामाजिक कार्यकताओं से लेकर सरकार तक सभी ने सोशल मीडिया को अनिवार्य अंग के रूप में अपनाया है। आज सोशल मीडिया सामाजिक जीवन का दर्पण बन चुका है।

मीडिया विस्फोट के इस दौर में जब पुरे विश्व की सुचना एक छोर से दूसरे छोर तक त्वरित गति से पहुँचती हो ऐसे में युवाओं के विकास में सोशल मीडिया के योगदान को नकारा नही जा सकता। संचार माध्यमों के विकास और बढ़ती भूमिकाओं के स्वीकार व अंगीकार करने के बावजुद कुछ वर्ष पहले तक किसी ने कल्पना भी नही की थी कि सोशल मीडिया का अंर्तजाल युवाओं की सोच विचार समझ एवं दृष्टिकोण को इस कदर प्रभावित करेगा।

हम इस सच्चाई को अनदेखा नही कर सकते है कि सोशल मीडिया आज हमारे जीवन में मौजुद सबसे बड़े तत्वों में से एक है। इसके माध्यम से हम किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा दुनिया के किसी भी कोने में बसे अपने प्रियजनों से बात कर सकते है। सोशल मीडिया एक आकर्षक तत्व है और आज ये हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। युवा हमारे देश का भविष्य है, वे देश की अर्थव्यवस्था को बना या बिगाड़ सकते हैं, वही सोशल नेटवर्किंग साइटों पर उनका सबसे अधिक सक्रिय रहना उनके ऊपर अत्यधिक प्रभाव डाल रहा है।

युवा विकास से आशय – प्रस्तुत शोध आलेख में युवा विकास से आशय जनमाध्यमों विशेषकर सोशल मीडिया के द्वारा प्राप्त होने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार आदि से संबंधित खबरों के माध्यम से युवाओं की जानकारी में वृद्धि और विकास से है। आज सभी संप्रदायों जाति, धर्म और देशों के युवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिखाई देते हैं।

सोशल मीडिया का फायदा – जोखिमों के बावजूदो, सोशल मीडिया युवाओं में कौशल विकसित करने और एक अच्छा डिजिटल पदचिह्न बनाने के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान कर सकता है,

दुनिया का व्यापक संबंध और समझ – युवा अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढ़ग से समझने और विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान का निर्माण करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों और विश्व साक्षात्कारों को सीख और सराहना कर सकते है। कई प्लेटफार्मो पर साझा किए गए इतने सारे विचारों के साथ, वे रूचि के क्षेत्रों की खोज कर सकते है और एक शैक्षिक क्षमता में प्लेटफार्मो का उपयोग कर सकते हैं।

संचार और तकनीकी कौशल विकसित करना – सोशल मीडिया अब रोजमर्रा की जिंदगी का एक हिस्सा है, युवाओं के लिए यह सीखना महत्वपूर्ण है कि उन्हें कार्यस्थल में भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए ऑनलाइन संवाद कैसे करे और दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत में उनका समर्थन करें।

कनेक्शन विकसित करने के लिए सीमाओं को हटाना – सोशल मीडिया लोगों से मिलने और बनाए रखने और सीमाओं से परे बांड बनाने की सीमाओं को हटा देते है। उन युवाओं के लिए जिनके पास विकलांगता हो सकती है या महसूस नही कर सकते है कि वे अपने समुदाय के भीतर दुसरों के साथ जुड सकते है, यह अन्य लोगो के साथ जुडने का एक शानदार तरीका हो सकता है जो अपने विचारों और रूचियों को साझा करते है।

रिश्तों को मजबूत करें – परिवार के सदस्यों के लिए उपयोग करना, जो एक स्थानीय क्षेत्र से चले गए दोस्तों के अलावा मीलों तक रह सकते हैं, रिष्तों को बनाए रखने और उनके संपर्क में रहने और आसानी से अपने जीवन को साझा करने की अनुमति दे सकते हैं।

सहारा लेने की जगह – यह उन मित्रों और परिवार को सहायता प्रदान करने के अवसरों को खोल सकता है जो किसी विशेष मुद्दे का अनुभव कर रहे हों कुछ युवाओं के लिए फ्लिप की तरह, यह एक ऐसी जगह हो सकती है जहां वे समर्थन की तलाश कर सकतें हैं यदि वे किसी ऐसी चीज से गुजर रहे हैं जिसके बारे में वे उन लोगों से बात नहीं कर सकते हैं।

सामाजिक भलाई के लिए अभियान चलाना – सोशल मीडिया युवाओं को एक विशेष कारण के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकता है कि वे उस परिर्वतन को प्रभावित करने के लिए वास्तविक दुनिया पर प्रभाव डालना चाहते हैं जहां वे इसे देखना चाहते है।

एक सकारात्मक डिजिटल फुटप्रिंट विकसित करना– युवा लोग अपने खातों का उपयोग अपनी उपलब्धियों को साझा करने, अपनी प्रतिभा दिखाने और बाद में जीवन में उन्हें लाभान्वित करने के लिए एक साक्षात्कार ऑनलाइन पोर्टफोलियो बनाने के लिए bespoke cvs के रूप में भी कर सकते हैं।

साहित्य का पुनरावलोकन:

(1) शोध आलेख – मुक्त अभिव्यक्ति और सोशल मीडिया शोधार्थी :- सुनील कुमार सलैड़ा, शोध पत्रिका-मीडिया पथ अंक जनवरी मार्च, 2016। प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने अध्ययन कर पाया कि सोशल मीडिया ने

अभिव्यक्ति के साथ लोगों को जोड़ने का काम किया हैं। सोशल मीड़िया से आम आदमी का विकास हुआ हैं।

(2) शोध आलेख – अभिव्यक्ति का वैकिल्पक मंच सोशल मीडिया: चुनौतियां एवं संभावनाए, शोधार्थी–रामशंकर, शोध पत्रिका अनुसंधान समाचार, अंक दिसंबर,2013। प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने अध्ययन कर पाया कि सोशल मीडिया की तरह लोगों का रूझान तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया के जरिये नए रोजगार का सृजन हो रहा है, सोशल मीडिया युवाओं को संवाद के साथ ही सृजन का भी मंच उपलब्ध करा रहा है।

(3) शोध आलेख – सोशल नेटवर्किंग साइट – प्रचलित धारणाओं का मूल्यांकन, शोधार्थी–विजय प्रताप, शोध पत्रिका–जन मीडिया, अंक 10, सन्न 2013। प्रस्तुत शोध आलेख में शोधार्थी ने अध्ययन कर पाया कि सोशल नेटवर्किंग साइट को वर्तमान में जिस तरह से प्रचारित और विज्ञापित किया गया है, वह सोशल मीडिया के बारे में कई प्रकार के मिथ्या और भ्रम को ढक लेता है। अभिव्यक्ति की आजादी को भी लेकर इस शोध आलेख में चर्चा की गई।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. युवा विकास में सोशल मीडिया की भुमिका का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन का क्षेत्र– प्रस्तुत शोध कार्य के लिये मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का चयन उद्देष्य पूर्ण निदर्शन विधि द्वारा किया गया।

शोध अध्ययन की इकाई– प्रस्तुत शोध कार्य में इकाई के रूप में बड़वानी जिले के महाविद्यालय में अध्ययनरत युवा छात्राओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा किया गया।

न्यायदर्ष का चयन:– शोध अध्ययन में न्यायदर्श के रूप में 50 युवा छात्राओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा किया गया।

समंक का संकलन – समंक का संकलन दो प्रकार से किया जाता है:–

1. प्राथमिक स्त्रोत
2. द्वितीयक स्त्रोत

1. **प्राथमिक स्त्रोत –** प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राथमिक स्तर पर समंको का संकलन करने हेतु स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसुची का उपयोग किया गया।

2. **द्वितीयक स्त्रोत –** द्वितीयक स्तर पर समंको का संकलन करने हेतु समाचार पत्र, पत्रिका, पुस्तकें इन्टरनेट आदि का उपयोग किया गया।

समंको का विश्लेषण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसुची के माध्यम से प्राप्त समंको का विश्लेषण करने हेतु अवलोकन विधि एवं प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया।

ालिका नं –1: विकास से संबंधित सुचना प्राप्त करने के लिये किस सोशल नेटवर्किंग साइट का उपयोग करते है :–

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	व्हाट्एप	35	70
2	फेसबुक	5	10
3	ट्विटर	10	20
	कुल	50	100

उर्पयुक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि विकास से संबंधित सुचना प्राप्त करने के लिये 70 प्रतिशत छात्रायें व्हाट्एप, 10 प्रतिशत छात्रायें फेसबुक तथा 20 प्रतिशत छात्रायें ट्विटर का उपयोग करती है।

2. क्या आप विकास से जुडी जानकारियां सोशल मीडिया पर शेयर करते है।

क्र	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1	हाँ	38	76
2	नही 7	14	
3	कभी–कभी	5	10
	कुल	50	120

उर्पयुक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि विकास से जुडी जानकारियों को सोशल मीडिया पर 76 प्रतिशत छात्रायें शेयर करती, 14 प्रतिशत छात्रायें शेयर नही करती तथा 10 प्रतिशत कभी–कभी शेयर करती है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध से प्राप्त ऑकड़ो के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में व्हाट्एप आम आदमी के संचार का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। शोध के लिये चयनित युवा छात्राओं में से 70 प्रतिशत छात्रायें विकास से संबंधित सुचनाओं को प्राप्त करने के लिये व्हाट्सप का प्रयोग करती है। आज का समय इन्टरनेट की मौजूदगी का है । लोग किसी भी सुचना को लेकर सोशल साइट्स के माध्यम से अपनी त्वरित टिप्पणी दे रहे है। किसी भी जानकारी या सुचना को युवा तुरन्त सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर साझा करते नजर आ रहें है। ऐसे में सोशल नेटवर्किंग साइट का भी दायित्व बढ़ता जा रहा है सोशल नेटवर्किंग साइट युवाओं के विकास संबंधित जैसे:– स्वास्थ्य, शिक्षा, केरियर, योजना आदि जानकारी के लिये बेहतर सुविधा प्रदान करते है।

सोशल मीडिया सुचनाओं का सागर है जहाँ युवाओं के विकास की सकारात्मक जानकारियॉ ही नही होती है, बल्कि इसके अलावा अन्य कई प्रकार की सुचना भी होती है, संक्षेप में कहें तो सोशल मीडिया आज हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। युवाओं को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने समय का सदुपयोग करने में सक्षम होना चाहिए और अपना बहुमूल्य समय बर्बाद नही करना चाहिए, आज सोशल मीडिया पर बने रहना कोई विकल्प नही है, युवाओं को यह तय करने की जरूरत है कि इसे अपने फायदे के लिये कैसे इस्तेमाल किया जाए। ओबेरो के अनुसार वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के दुनिया भर में 3.96 बिलियन उपयोगकर्ता होने की उम्मीद हैं, जो वर्ष 2017 की तुलना में 1.1 बिलियन अधिक उपयोगकर्ता है इसलिए यह ऊपर से पता लगाया जा सकता है कि सोशल मीडिया के फायदे स्पष्ट रूप से इसके नुकसान से अधिक हैं। युवाओं के लिए सेमिनार, ऑडियो–विजूअल टुल, ब्रुपडिक्शन, ऑनलाइन पठन साम्रगी उनके व्यक्तित्व को आकार देने में आवश्यक भूमिका निभाती है। सोशल मीडिया जोखिम और भुगतान दोनों का एक संभावित प्रवर्धक है इसलिए युवाओं को इस ऑनलाईन पारिस्थितिक तन्त्र में सक्रिय रूप से और लाभप्रद रूप से खुद को शामिल करना चाहिये।

आज देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि युवा शक्ति का सदुपयोग कैसे करें। इसका जवाब सोशल मीडिया में ही छुपा है। अगर हमारे देश का युवा चाहे तो सोशल मीडिया के द्वारा अपने आप को एक अच्छा आदमी बना सकता है। यहॉ वे अपनी अच्छाईयों व रचनात्मकता से रूबरू करा सकते है। सुचना के आदान–प्रदान, जनमत तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रो और संस्कृतियों के लोंगो को आपस में जोड़ने, भागीदार बनाने और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नये ढ़ग से सम्पर्क करने में युवा अपना हाथ बंटा सकता है और सोशल मीडिया को एक सशक्त और बेजोड़ उपकरण के रूप में तैयार कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मीडिया पथ, अंक जनवरी-मार्च 2016,शोध आलेख मुक्त अभिव्यक्ति और सोशल मीडिया,शोधार्थी सुनील कुमार सलैड़ा।
2. गुप्ता विनिता (2015) संचार और मीडिया शोध नई दिल्ली वाणी प्रकाशन।
3. https://www.hindiduniya.com.
4. https://ijcrt.org.
5. https://www. Drisntiias.com.
6. https://internetmattrs.org
7. https://www.mcu.ac.in.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भिलाली और बारेली जनजाति में लोक विश्वास

डॉ. सी.एल.शर्मा * डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ** श्रीमती प्रज्ञा अवास्या***

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत
** अध्यक्ष, हिन्दी अध्यनशाला एवं कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
*** शोधार्थी (हिन्दी) हिन्दी अध्यनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – लोक विश्वास को यदि सरल शब्दों में परिभाषित करना होतो इस प्रकार कहा जा सकता है कि घटना प्रकृति व्यवहार जीव–जन्तु आदि के संदर्भ में आम जनसमूह जो व्यवहार पर भरोसा करता है वही व्यापक रूप से लोक विश्वास कहलाता है। संसार के सभी पृथ्वी, आकाश, जलवायु, अग्नि, सूर्य, चन्द्र, तारे आदि के संबंध में आदि लोगों ने जो धारणाएं की है वे सभी लोक विश्वास के रूप मे ंगिनी जाती है। संसार में इस प्रकार की अनेक धारणाओं के आधार पर लोक वश्विास की पृष्ठभूमि अवधारित है। उदाहरण के तौर पर संसार शेष नाग की फन पर टिका है, बिना किसी आधार के आकाश, सारे ब्रहमाण्ड पर व्याप्त है। स्वर्ग और नरक अवधारणाएं, पाप–पुण्य का फल ईश्वरी सत्ता के प्रति गहरी आस्था और उसके प्रति पूजा भाव आदि सभी धारणाएं लोक विश्वास पर आधारित है। आदि मनुष्य ने प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक कि जो कल्पनाएं की है और कल्पानाओं के प्रति उनकी अन्तरात्मा में विश्वास है उसे लोक विश्वास कहा जाता है। श्री रामनारायण उपाध्याय कहते है लोक जीवन में अनेको लोक विश्वास एवं मान्यताऐं प्रचलित रही है। युग–युग से प्रवाहमान मानव जीवन के यात्रा के बीच उसे कुछ भी अनुभव हुए है वे विश्वास की गठाने बनकर लोक मान्यताओं के रूप में प्रचलित रहे है। आज भी हम अनेक लोक विश्वासों को पूर्णत: श्रद्धा व्यक्त करते है जैसे– बिल्ली रास्ता काट जाय तो अपशकुन माना जाता है। डॉ. श्यामाचरण दुबे ने लोक विश्वासों के संबंध में कहा है कि लोक विश्वास और दन्त कथाओं के दृश्य और अदृश्य जगत के प्रति जनसाधारण का दृष्टिकोण प्रतिबिम्बत होता है। इन लोक विश्वासों में लोक जीवन की भौतिक एवं धार्मिक चेतना का मूल स्त्रोत चिन्हित है। अन्तत: मैं मानव समुदाओं के सांस्कृतिक दृष्टिकोण एवं जीवन मूल स्त्रोत को निर्धारित कर लोक जीवन को स्थिरता और स्थायित्व देते है।

लोक विश्वास लोक जीवन के साथ उसकी वांछिक परम्परा में जीवन मिलते है। लोकगीत, लोकगाथा, मिथक, लोकोक्तियों आदि मैं लोक विश्वास की विद्यमानता निरन्तर प्रतीत होती है। धर्म के रूप में लोक विश्वासों ने उन्हें जीवन्त रखा है और जन समूह को एक सूत्र में बाधने का भी कार्य किया जाता है।

जीवन के व्यवहारो से ही लोक विश्वास परिपुष्ट होते है। लोक विश्वास अतित से चलकर वर्तमान मे सदैव जीवन के साथ और भविष्य के लिए सुरक्षित रहते है। अक्सर यह भी देखा गया है कि लोक विश्वास नैतिक आचरण की ओर भी संकेत करते है। आदि काल से आज भी लोक विश्वास हर संस्कृति में मिलते है। इस प्रकार की धारणाओं के कारण ही लोक विश्वासों की दृढता आधार भूमि पर स्थिर रह पाते है।

(अ) भिलाला जनजाति में लोक विश्वास – भिलाला जनजाति में समाज द्वारा किए जाने वाले भरोसे को इनकी संस्कृति का अभिन्न अंग माना जाता है। इसी कारण समाज की परम्पराऐं आगे बढती रहती है। भिलाला जनजाति के लोक विश्वास में निम्नलिखित बातें शामिल हैं।

(1) रीति रिवाज में विश्वास – भिलाले अपने पर्व, त्यौहार, उत्सव, रीति–रिवाज प्रथाऐं बड़ी आस्था एवं श्रद्धा से सम्पन्न करते है। धरती माता के प्रति श्रद्धा चारों दिशाओं में विश्वासरत देवी–देवताओं के प्रति श्रद्धा तथा विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों पर समाज में लोक देवता के रूप में कुल देवी की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया जाता है। इसी प्रकार मुण्डन संस्कार, गुदना संस्कार, कण्बिधे संस्कार आदि संस्कारो मे लोक विश्वास के प्रति आस्था देखी जाती है। कण्बिधे संस्कार में ऐसी मान्यता है कि कर्णबिध से बच्चो को श्वसन, कान के रोग, गले के रोग नहीं होते है।

(2) तंत्र–मंत्र पर विश्वास – भिलाला जनजाति में तांत्रिक विद्या पर लोक विश्वास प्रचलित है। प्रत्येक गाँव में तांत्रिक विद्या का उपयोग कर रोगी का ईलाज किया जाता है। तांत्रिक विद्या के उपयोग करने वाले व्यक्ति को बड़वा कहां जाता है। वह अपनी तांत्रिक विद्या का उपयोग अच्छे एवं बुरे दोनों कामों में कर सकता है। भिलालाओं में विभिन्न रोगो से मुक्त के लिये बड़वा अपने मंत्रों से उपचार कर रोगी को रोग मुक्त करता है। आज भी समाज में जैसे – पिलीया रोग, चेचक रोग, सर्प का काटना, टाईफाइड, सिरदर्द आदि रोगों का उपचार बड़वा द्वारा किया जाता है।

(3) लोक देवता पर विश्वास – भिलालों में अपने लोक देवी–देवताओं के प्रति विश्वास एवं श्रद्धा होती है। भिलालों के अनके लोक देवी–देवता है। धर्म की दृष्टि से अगर देख जाय तो भिलालों का कोई धर्म स्पष्ट नही है। वे आज भी आदिम परम्पराओं को मानते है। अपने लोक देवी–देवताओं कीह पूजा–अर्चना कर उन पर विश्वास करते है। लेकिन वर्तमान में हिन्दू प्रभाव के कारण वे राम, कृष्ण, लक्ष्मी, हनुमान जी देवताओं की पूजा–अर्चना करने लगे है। उदाहरण के लिए जैसे – राणी काजल माताजी की पूजा वर्षा ऋतु में वर्षा नही होती तक भक्ति एवं गीत गाकर की जाती है और काजल माता की कृपा से पानी बरसना प्रारंभ हो जाता है। इसी प्रकार के भिलालों में खेड़ापति हनुमान, बापदेव, पाटला बाबा, गुहाबाबा, भिलट देव, मालण देव, शीतला माता आदि लोक देवता है जिनकी वे पूजा अर्चना कर विश्वास करते है।

भिलाला जब अपने पशु बीमार हो जाने पर मालण बाबा की पूजा कर मूर्ति के उपर से पानी को उतारकर घर जाकर पशुओं पर छिड़कते है तो जिससे उनके स्वस्थ होने की कामना पूरी हो जाती है !

(4) शुभ-अशुभ संकेतों पर लोक विश्वास – भिलाला जनजाति के शुभ-अशुभ संकेतों पर लोक विश्वास प्रचलित है । इस प्रकार के लोक विश्वास किसी प्राणिओं, वस्तुओं या पौधों पर आधारित घटीत घटनाओं पर होते है या फिर उनका उपयोग या अनुपयोग होने से संबंधीत है । जैसे घर के सामने कुत्ते का रोना, भोकने को अशुभ लोक विश्वास माना जाता है । इसी प्रकार से बिल्ली के द्वारा रास्ता काटना भी अशुभ संकेत माना जाता है कि अब जिस कार्य के लिये जा रहे है वह पूर्ण नही होगा । इसी प्रकार बबूल के वृक्ष के पत्तो को किसी व्यक्ति के घर पर फेंकने से परिवार के ही अंदर अपनों झगड़ा होने की मान्यता है । किसी कार्य को लेकर जाते समय समाज के किसी सदस्य को भरी मटकी दिखाने से उन्हें पूर्ण विश्वास हो जाता है कि उनका कार्य सफल होने वाला है ।

(5) टोने-टोटके पर लोक विश्वास – भिलाला जनजाति के टोने-टोटके पर लोक विश्वास का महत्व प्राचीन काल से ही है । भिलालों में इस प्रकार का लोक विश्वास बहुत अधिक प्रचलित है । इस प्रकार के लोक विश्वास में किसी अच्छे कार्य को पूर्ण करने के लिये या समाज के किसी सदस्य को रोग मुक्त करने के लिये विभिन्न घरेलू एवं प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग विधि-विधान से किया जाता है । गर्मीयों के दिनों में लू या लपट लगने पर व्यक्ति को रस्सी की खटीया पर सूला कर गिले कपड़े को सात बार उतार कर प्याज एवं इमली खिलाकर उपचार किया जाता है । इसी प्रकार से किसी व्यक्ति को जंगली हवा या नजर, बुखार सिरदर्द आदि से मुक्त करने हेतु खजुर के पेड़ की सात पत्तियां, सात काली मिर्च, सात लोंग एवं सात कपड़े के टुकड़ो को सात बार रोगी को पूर्व दिशा में बैठाकर उपर से उतारकर आग में जलाते है । ऐसा करने से विश्वास होता है कि रोगी मुक्त हो जाता है।

(ब) बारेला जनजाति में लोक विश्वास – बारेला जनजाति में भी लोक विश्वास का बड़ा महत्व है । इस जनजाति के लोक वश्विास के बारे में कहां गया है कि लोक विश्वास से संबंधीत लोक संस्कृति, जनजीवन भौतिक एवं अभौतिक पक्षों का उद्घाटन करती है । बारेला जनजाति के समाज के सदस्यों द्वारा किसी वस्तु, प्रकृति व्यवहार आदि पर भरोसा करने कि परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है । समाज मे यह मान्यता है कि लोक विश्वास अच्छे एवं बुरे दो प्रकार के होते है । जिन्हें शकुन-अपशकुन के नाम से जाना जाता है । जो आज भी समाज में विद्यमान है । बारेला जनजाति के लोक विश्वास को निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर समझा जा सकता है –

(1) कौआ संबंधी लोक विश्वास – बारेला समाज में कौआ द्वारा काँव-काँव की आवाज निजालने को शुभ एवं अशुभ माना जाता है । जब किसी व्यक्ति के घर की छत पर बैठकर काँव-काँव की आवाज निकालने पर व्यक्ति द्वारा भगाने पर वापस घर की छत पर बैठना शुभी माना गया है । बारेलाओं में ऐसा विश्वास है कि कोई अच्छी शुभ खबर या समाचार मिलने वाला है । इसी प्रकार कौएं का घर के पास किसी पेड़ पर बैठकर काँव-काँव की आवाज निकालना अशुभ माना गया है । ऐसी मान्यता है कि गांव में किसी रिश्तेदार के यहाँ किसी की मृत्यु होने कि सूचना मिलने वाली है ।

(2) तवा संबंधीत लोक विश्वास – बारेलाओं में ऐसी मान्यता है कि रसोई घर में तवा या मिट्टी का बर्तन जिसे खापरी कहा जाता है जब रोटी को पकाया जाता है तो तवे के निचले भाग पर चिंगारीयों का समूह या गुच्छा बन जाता है इस संकेत को यह माना गया है कि कोई मेहमान आने वाला है।

(3) छीक आने संबंधी लोक विश्वास – बारेला जनजातिय समाज में जब समाज के सदस्यों द्वारा किसी महत्वपूर्ण कार्य जैसे - विवाह प्रस्ताव आदि शुभ कार्य के लिये चर्चा की जाती है तो किसी सदस्य द्वारा छीकने पर ऐसा लोक विश्वास है कि उक्त कार्य का न होना या कार्य में बाधा होने की आशंका जताई जाती है ।

(4) झाड़-फूँ संबंधी लोक विश्वास – बारेला जनजातिय समाज में मान्यता है कि भूत-प्रेत, चुर्डैल, जंगली हवा आदि बच्चें, स्त्री-पुरूष, दूध देने वाले पशुओं आदि को हानि पहुँचाते है । समाज में यह धारणा है कि प्रेत आत्माओं, भूत आदि से बचने के लिये गांव में बड़वा (ओझा) द्वारा मंत्र एवं झाड़-फूंक पर आस्थ एवं विश्वास रखने की मान्यता है ।

(5) लोक देवता पर लोक विश्वास – बारेलाओं में समाज के किसी सदस्य का बिमार होने पर या फिर किसी स्त्री को बच्चे न होने पर या अपने किसी शुभ कार्य को पूर्ण हो जाने के लिऐ समाज के सदस्यों द्वारा अपने लोक देवताओं से मन्नत लेते है । बारेलाओं में लोक देवताओं में मुख्य रूप से कोचरामाता, मोगरामाता आदि लोक देवता होते है । मन्नत पूर्ण होने पर उनके स्थान पर मुर्गे या बकरे की बलि दी जाती है !

(6) प्रेत आत्मा संबंधी लोक विश्वास – प्रेत आत्मा से संबंधी लोक विश्वास पश्चिम निमाड़ के क्षेत्रों के बारेला जनजाति में देखने को मिलता है। उनका मानना है कि जो लोग अकाल मृत्यु मरते है उनकी आत्माऐं इमली, बेर, बबूल के पेड़ो पर निवास करती है और कुछ आत्माऐं नदी या नालों पर भी अपना डेरा डाली रहती है । ये विशेष समय या पर्व पर अकेले व्यक्ति पर हमला कर उसके शरीर में प्रवेश कर अपना प्रभाव डालती है ।

निष्कर्ष – यह कहां जाता है कि भिलाला और बारेला जनजाति में लगभग एक समान लोक विश्वास पाये जाते है । लोक विश्वास लोक संस्कृति का अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग है । सही मायने में यह देखा जाये तो भिलाला एवं बारेला दोनों जनजातियों में जीवन लोक विश्वास पर ही आश्रित है तथा दोनों ही जनजातियों में लोक विश्वास के प्रति गहरा संबंध दिखाई देता है । कुछ प्रथाओं एवं मान्यताओं से संबंधीत लोक विश्वस में विभिन्नताओं के अंश भी दिखाई देता है । वर्तमान में दोनों समाज के कुछ लोग विश्वासों को अंधविश्वास भी मानते है तो कुछ विश्वास के रूप में भी स्वीकारते है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. राम नारायण उपाध्याय, लोक विश्वास की अवधारणा, निमाड़ का सांस्कृति इतिहास पृ.67-68
2. डॉ. श्यामाचरण दुबे, मानव और संस्कृति, राजकमल प्रकाशन 1982, पृ. 68
3. डॉ. गुलनाज तंवर, बारेला जनजातिय जीवन और संस्कृति पृ. 90-105
4. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय भारत में लोक साहित्य पृ. 36
5. डॉ. बसन्त निरगुणे लोक संस्कृति पृ. 67
6. डॉ. शिवकुमार तिवारी म.प्र. के आदिवासी प्रथम संस्करण 1984
7. श्री चन्द्र जैन वही आदिवासियों के बीच पृ. 12-15
8. प्रो. हीरालाल शुक्ल आदिवासी अस्मिता और विकास म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल प्रथम संस्करण 1997

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बाँछड़ा समुदाय की स्त्रियों की सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन (नीमच जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. मनु गौरहा * दीपक कारपेन्टर **

*प्राध्यापक, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – नारी ही किसी परिवार, समुदाय या समाज की वास्तविक धुरी होती है। यदि पुरूष परिवार में न रहे तो परिवार की उतनी क्षति नहीं होती है, जितनी किसी महिला के परिवार में न होने से होती है। संपूर्ण संस्कृति का आधार ही नारी है या यूँ कहें नारी ही संस्कृति है और उसकी सांस्कृतिक स्थिति ही समाज की वास्तविक स्थिति का परिचय देती है।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नीरज कौशल के अनुसार– 'भारतीय नारी का संबंध बाजार से कम व सांस्कृतिक और सामाजिक मानकों से अधिक है।'

प्रस्तावना – पूरे विश्व समुदाय में अनेक विचित्र परंपरा वाले भारत देश में बाँछड़ा समुदाय के समान कोई अनोखी अन्य जाति नहीं है। जो रहस्यमय रूप से इतनी अनूठी है, जो इनके सांस्कृतिक स्थिति से परिलक्षित होता है। बाँछड़ा समुदाय की सांस्कृतिक परंपराओं में नारी सम्मान को महत्व दिया गया है, तो नारी की आजादी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार दिये गये हैं।

बाँछड़ा समुदाय में महिलाओं की संख्या पुरूषों की जनसंख्या से अधिक है।

शिक्षा व सामाजिक चेतना ने महिलाओं के जीवन–स्तर को उन्नत किया है। बाँछड़ा समुदाय की महिलाओं द्वारा उच्च पदों जैसे– तहसीलदार, इंजीनियर आदि को सुशोभित किया जा रहा है।

जिस दिन रात को 12 बजे भी नारी स्वतंत्र भ्रमण कर पायेगी तभी उसकी आजादी सच्ची व़ सार्थक मानी जायेगी। तभी उसकी **सांस्कृतिक स्थिति मजबूत मानी जायेगी।**

साथ ही, यौन–स्वतंत्रता कहीं न कहीं नारी की सच्ची आजादी का शी प्रतीक है।

'मध्यप्रदेश में एक जनजाति पाई जाती है, जिसमें एक परंपरा पाई जाती है, जिसे गोटूल कहा जाता है। जिसमें कन्या वर का चयन स्वयं करती है। इस आदिवासी समुदाय में गाँव के बीच में एक सार्वजनिक आवास पाया जाता है, जिसमें कुवाँरे लड़के–लड़कियाँ कुछ दिनों तक साथ में रहते हैं और अपने मनपसंद साथी का चयन करते हैं। लड़कियों को पूरा अधिकार रहता है, कि वह अपने मनपसंद साथी को चुनकर उससे विवाह करले। इस व्यवस्था में लड़की एक–एक लड़के के साथ कुछ दिनों तक साथ रहतीं है व फिर जिसे अपने योग्य पाती है, उसके साथ विवाह कर लेती है। इस समुदाय में यह नारी–स्वतंत्रता का अनुपम उदाहरण है।'

उपर्युक्त विषय को केन्द्र में रखकर, प्रस्तुत शोधपत्र अनूसूची व अन्तर्वस्तु विश्लेषण विधि के अन्तर्गत उद्देश्यपूर्ण निदर्शन के द्वारा चयन साहित्य, संदर्भ–ग्रंथ, पत्रिकाओं, सरकारी व मुख्य गैर–सरकारी संगठनों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर किये गये शोध–अध्ययन पर आधारित है। अनूसूची के अनुसार पूछे कुछ प्रश्नों के उत्तर निम्नानुसार प्राप्त हुए–

'क्या परिवार में स्त्रियाँ घूंघट निकालती हैं?'

प्रश्न के उत्तर के अन्तर्गत दृढ़ सहमति 12.5 प्रतिशत(25), सहमति 43 प्रतिशत(86), अनिश्चित 16 प्रतिशत(32), असहमति 15.5 प्रतिशत(31) व दृढ़ असहमति 13 प्रतिशत(26) पाई गई। इससे प्रतीत होता है, कि बाँछड़ा समुदाय की स्त्रियाँ अपने परिवार में घूंघट निकालती हैं। इसका तात्पर्य है, कि अभी भी घूंघट प्रथा समुदाय में अस्तित्व रखती है। परन्तु शिक्षा प्रसार व सामाजिक चेतना से महिलाऐं, अब घूंघट प्रथा तो तोड़ती हुई भी मिल रही हैं।

'क्या वेश्यावृत्ति के कारण स्त्रियों के व्यवहार में परिवर्तन हुए है?'

प्रश्न के उत्तर के अन्तर्गत दृढ़ सहमति 5 प्रतिशत(10), सहमति 32.5 प्रतिशत(65), अनिश्चित 24.5 प्रतिशत(49), असहमति 29 प्रतिशत(58) व दृढ़ असहमति 9 प्रतिशत(18) पाई गई। इससे प्रतीत होता है, कि बाँछड़ा समुदाय की महिलाएँ मानती हैं कि, वेश्यावृत्ति के कारण स्त्रियों के व्यवहार में परिवर्तन हुए हैं और यही वह कारण हो सकता है, जिसके कारण बाँछड़ा समुदाय की महिलाएँ वेश्यावृत्ति को खराब दृष्टि से नहीं देख पा रहीं हैं। जिसके कारण उसे छोड़ने में कोई रूचि नहीं रखती हैं।

'क्या वेश्यावृत्ति के कारण अश्लीलता व फूहड़ता में नियन्त्रण हुआ है?'

प्रश्न के उत्तर के अन्तर्गत दृढ़ सहमति 19.5 प्रतिशत(39), सहमति 24 प्रतिशत(48), अनिश्चित 12.5 प्रतिशत(25), असहमति 36 प्रतिशत(72) व दृढ़ असहमति 8 प्रतिशत(16) पाई गई। इससे प्रतीत होता है, कि बाँछड़ा समुदाय की महिलाएँ मानती हैं कि, वेश्यावृत्ति के कारण अश्लीलता व फूहड़ता में कोई नियन्त्रण नहीं हुआ है।

'क्या आपको अस्पृश्यता का सामना करना पड़ता है?'

प्रश्न के उत्तर के अन्तर्गत दृढ़ सहमति 11 प्रतिशत(22), सहमति 30.5 प्रतिशत(61), अनिश्चित 13.5 प्रतिशत(27), असहमति 36.5

प्रतिशत(73) व दृढ़ असहमति 8.5 प्रतिशत(17) पाई गई। इससे प्रतीत होता है, कि बाँछड़ा समुदाय की महिलाएँ मानती हैं कि, उन्हें अस्पृश्यता का सामना करना नहीं पड़ता है। जो कि बहुत अच्छी बात है, जो कि आधुनिक समाज की महती आवश्यकता है, कि कोई किसी को अस्पृश्य न समझे।

'क्या बाँछड़ा समुदाय के लोग महत्वपूर्ण सामाजिक–साँस्कृतिक पदों पर हैं?'

प्रश्न के उत्तर के अन्तर्गत दृढ़ सहमति 12.5 प्रतिशत(25), सहमति 43 प्रतिशत(86), अनिश्चित 17.5 प्रतिशत(35), असहमति 22.5 प्रतिशत(45) व दृढ़ असहमति 4.5 प्रतिशत (9) पाई गई। इससे प्रतीत होता है, बाँछड़ा समुदाय के लोग महत्वपूर्ण सामाजिक–साँस्कृतिक पदों पर हैं, जो कि समुदाय के नए विचारों व उत्थान के लिए आवश्यक है।

नारी ही सांस्कृतिक विरासत की धुरी है। समस्त रिश्तेदारियाँ, सामाजिक–साँस्कृतिक कार्यक्रम, संस्कार निभाना या कपड़े–लत्तो उपहार स्वरूप रखना अर्थात उपहार देना आदि कार्य, यदि नारी नहीं निभाये तो यह समाज एक दिन में ही रुक जाएगा। सब रिश्तेदारी यहीं समाप्त हो जाएगी। सब समाज के नाते ताने–बाने समाप्त हो जाएंगे। इस तरह नारी जितना याद रखती हैं उतना पुरुष याद ही नहीं रख सकते। स्त्री को सब रिश्तेदारियाँ याद रहती है। पुरुष तो नौकरी धंधे में व्यस्त रहता है। कितने ही व्रत उपवास, श्राद्ध–कर्म, जन्म तिथि सब चीजें तो याद रखती हैं। कितने वास करती हैं, यह सब भला पुरुष कब याद रख पाते हैं या निभा पाते हैं। उनका जीवन तो सिर्फ जीविका उपार्जन तक ही सीमित रह जाता है। वह जितनी रिश्तेदारी याद रख सकती है, उतना पुरुष कभी याद नहीं रख सकता। विवाह समारोह आदि में स्त्रियां कितने उत्साह व भागीदारी से कार्य करती हैं, यह सब जानते हैं। सब कर्मकांड उसे याद रहते हैं। अत: स्त्रियों के बिना यह मानव समाज ही रुक जाएगा, उसके बिना सब सांस्कृतिक धरोहर ही समाप्त हो जाएगी। सामाजिक–सांस्कृतिक शब्द स्त्री के बिना अधुरा है। दिन–भर घर पर चलने वाले कार्य, उत्सव, सामाजिक–सांस्कृतिक क्रियाकलापों की ही झलक उनके कार्यों में मिलती है। अत: नारी संस्कृति है व नारी ही समाज है।

धर्म ग्रंथों से पता चलता है कि पूर्व काल में स्त्रियों को समान अधिकार मिले हुए थे तथा वह पर्याप्त रूप से स्वतंत्र भी थीं। स्त्रियों को उपनयन का अधिकार भी प्राप्त था। वह यज्ञोपवीत भी धारण करती थी। वह वेद अध्ययन भी करती थी। स्त्री शिक्षा को इतना महत्व दिया जाता था कि अथर्ववेद में कहा गया है कि विवाहिता जीवन में स्त्रियों की सफलता ब्रह्मचर्य की अवधि में प्रदत्ता समुचित प्रशिक्षण पर ही निर्भर करती है अर्थात स्त्रियों के विवाहित जीवन में ब्रह्मचर्य की जो सफलता है वह समुचित प्रशिक्षण के आधार पर ही संभव है। अनेक स्त्रियों ने चिंतक, कवियित्रियों, दार्शनिकों प्रस्ताव व शिक्षकों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अर्जित की व ख्याति भी प्राप्त करी। सर्वानुक्रमणिका के अनुसार ऋग्वेद के श्लोकों अथवा ऋचाओं की रचना करने वालों में बीस स्त्रियों के नाम भी शामिल हैं।

समाजिक, राजनीतिक व धार्मिक जीवन में स्त्री को पर्याप्त स्वतंत्रता प्राप्त थी, विभिन्न गतिविधियों में उसका सम्मानजनक स्थान था।

स्मृति काल में स्त्री पुरुष के बराबर नहीं रह गई थी। पुरुष प्रधान समाज होने से स्त्री पराधीन होती गई।

प्रो0 ए0 एस0 अल्टेकर के अनुसार– स्त्री स्वयं अपने अधिकार से रानी या संरक्षक नहीं बन सकती थीं। स्त्री को जुए में दांव पर भी लगाया जा सकता था, किंतु समग्र रूप से विचार करने पर परवर्ती काल की तुलना में प्रारंभिक वैदिक काल में स्त्रियों की स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक थी। समाज स्त्रियों को सम्मान देता था, उनका ध्यान रखता था। सामाजिक, राजनीतिक जीवन की विभिन्न गतिविधियों में उन्हें पर्याप्त स्वतंत्रता थी। धर्म के क्षेत्र में भी उन्हें पुरुषों के साथ पूरी समानता प्राप्त थी।

सांस्कृतिक–सापेक्षवाद– पशु समाज शुरू से अबतक एक जैसा रहता आ रहा है, यही मानव समाज और पशु समाज में अंतर है। जैसा जीवन बरसों से जिए जा रहे हैं, उसी प्रकार का जीवन आज भी जिए चले जा रहे हैं, जबकि मानव समाज द्वारा स्वयं की साँस्कृतिक उपलब्धियों का लगातार परिवर्तन व विकास किया है। सांस्कृतिक विकास के द्वारा ही मनुष्य प्रकृति पर विजय प्राप्त की है। मनुष्य की यही विशेषता ने सांस्कृतिक सापेक्षवाद व सांस्कृतिक विभिन्नता के दर्शन कराये। सांस्कृतिक सापेक्षवाद का तात्पर्य अनके प्रकार की संस्कृतियों का पाया जाना। हर्षकोविट्स ने सांस्कृतिक सापेक्षवाद के बारे में बताया है। सांस्कृतिक सापेक्षवाद, जीवन–शैली, सामाजिक प्रतिमान, भाषा, नैतिकता व संस्थाओं द्वारा मनुष्य ने अभिव्यक्त किया है। सांस्कृतिक सापेक्षवाद को हम अभिवादन के उदाहरण द्वारा समझ सकते हैं। भारत में अभिवादन हेतु हाथ जोड़ना, पश्चिम में हाथ मिलाना व टोप उतारना, जापान में शरीर को झुकाना शामिल है। विवाह के प्रकार भी हर वर्ग, समुदाय में भिन्नता लिए होता है। अत: हर व्यक्ति का व्यवहार उसकी संस्कृति के अनुसार होता है व विभिन्न समुदाय व समाज की संस्कृति भिन्न होती है, जिससे मानव व्यवहार में भी विभिन्नता के दर्शन होते हैं। हर मनुष्य के निर्णय, अनुभव व व्यवहार का स्वरूप स्वयं की संस्कृति के अनुसार होते हैं, यही सांस्कृतिक सापेक्षवाद कहलाता है।

इसी प्रकार बाँछड़ा समुदाय की संस्कृति अन्य समुदाय से अत्यन्त भिन्न है, उनके व्यवहार, निर्णय, व्यवहार अन्य समाजों से अत्यन्त भिन्नता लिए हैं। जो पूरी मानवजाति के लिए एक नवीन व अलग संस्कृति से परिचय करवाती हैं। बाँछड़ा समुदाय की सामाजिक–सांस्कृतिक स्थिति उनके समुदाय में कैसी है, उनके पुरुषों(पुरुष समाज) के मध्य क्या स्थिति है, बाँछड़ा समुदाय में स्त्रियों की स्थिति सम्पूर्ण मानव समाज में एक रोचक स्थिति रखता है।

वेश्यावृत्ति बाँछड़ा समुदाय की सामाजिक–सांस्कृतिक समस्या है। अधिकतर परिवार स्वयं ही, इस पेशे में अपनी लड़कियों को भेजते हैं। पुलिस विभाग द्वारा कई प्रयास किये जाने के बाद भी बाँछड़ा समुदाय द्वारा संचालित देहव्यापार अर्थात् वेश्यावृत्ति को रोका नहीं जा सका है। अधिकतर गाँव वालों को पता रहता है, कि पुलिस कब आने वाली है, नतीजन पुलिस के छापों का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता है, न हीं मानव तस्करों व दलालों पर कोई प्रभाव हुआ है। देहव्यापार से इस समुदाय की स्त्रियों की सामाजिक–सांस्कृतिक स्थिति पर अत्यन्त अलग व विशेष प्रभाव पड़ा है। जिससे अन्य समाज से इस समुदाय की स्त्रियों की सामाजिक–सांस्कृतिक स्थिति में भिन्नता आ गई है, जिससे उनकी स्थिति समुदाय में अलग अर्थ व महत्व को प्रदर्शित करती है, जिसका अध्ययन पूरे मानव समुदाय के लिए अत्यन्त महत्व रखता है व महत्वपूर्ण हो जाता है। आज जब पूरा विश्व समुदाय स्त्री–पुरुष समानता की बात करता है और नारी को समान अधिकार दिलाने की पुरजोर आवश्यकता की बात करता है। जिसके लिए नारीवादी विचारधारा का व्यापक प्रसार भी हुआ है, ऐसे समय में बाँछड़ा समुदाय की स्त्रियों की सामाजिक–सांस्कृतिक स्थिति पूरी विश्व समाज के लिए नये अर्थ रखती है व उनकी स्थिति इस प्रकार क्यों है, अध्ययन की आवश्यकता को जन्म देती

है।

इन सबके बावजूद कुछ गाँव के बाँछड़ा समुदाय वेश्यावृत्ति का व्यवसाय बिलकुल नहीं करते हैं। जैसे नीमच तहसील के किशनपुरा, जिसे केन्पुरिया भी स्थानीय लोग कहते हैं, के अधिकतर निवासी बाँछड़ा समुदाय से हैं। ये लोग वेश्यावृत्ति बिलकुल नहीं करते हैं। जबकि ये उसी बाछड़ा समुदाय से आते हैं, जो वेश्यावृत्ति का व्यवसाय करते हैं। ये किशनपुरा गाँव के बाछड़ा समुदाय काफी सम्पन्न हैं। विस्तृत क्षेत्र में खेती-बाड़ी, भूमि के मालिक भी अब उनके पास है। वे अन्य व्यवसाय भी अब कुशलता से करने लगे हैं। अन्य व्यवसायों में उनकी सफलता, उन्हें अन्य वर्गों के समान सम्मान-सफलता दिला रही हैं। अन्य व्यवसायों में उनकी सफलता ने उन्हें पारम्परिक व्यवसाय वेश्यावृत्ति की और उन्मुख नहीं होने देता।

पूरे शोध से यह तो पता चलता है कि, महिलाएँ अब खुलकर जीना चाहती हैं, वे अब वो सब पा लेना चाहती हैं, जो पूर्व सदियों में उन्हें नहीं मिला। उनकी आकांक्षाएं पुरुषों से कम नहीं है। स्त्रियों की स्थिति अब उन्नत हुई है, समाज में उनका सम्मान बड़ा है, आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। उनकी शैक्षणिक स्थिति में भी सुधार आया है। उनकी निर्णय लेने की क्षमता में अविश्वनीय परिवर्तन हुआ है।

स्त्रियाँ अब अपनी बात अच्छी तरह व निडरता से रख पा रहीं हैं, वर्तमान में मिली आजादी का वे पूरी तरह से लाभ उठा पा रहीं है। अब उनके मन में कोई भ्रम नहीं है न, स्पष्ट लक्ष्य है व मजबूत इरादे हैं। जिससे उनकी सांस्कृतिक स्थिति मजबूत हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 20 मई 2022, 'दैनिक भास्कर'; इन्दौर संस्करण
2. अल्टेकर ए0 एस0, 'दि पोजीशन ऑफ वूमेन इन हिंदू सिविलाइजेशन'; प्र0 339
3. 1 मई 2021, 'दैनिक भास्कर'; इन्दौर संस्करण; प्र0 13

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

समाज में स्वास्थ्य एवं शिक्षा की भूमिका

डॉ. आरती कमेड़िया *

***सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – समाज में स्वास्थ्य एवं शिक्षा ऐसी मूलभूत सेवाएँ है जो कि किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव है। ये वे प्राथमिक सेवाएँ है जो किसी भी क्षेत्र के विकास के मापदण्ड निर्धारित करती है। इन सेवाओं का अभाव क्षेत्र विशेष को पिछड़ा एवं अविकसित करता है तथा इनकी उपस्थिति क्षेत्र की उन्नति निर्धारित करती है इसलिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाएँ/कार्यक्रम चलाएँ जाते है जिससे निम्न एवं कमजोर वर्ग तक इन सुविधाओं को पहुँचाया जा सकें। स्वास्थ्य एवं शिक्षा की उत्तम सुविधाओं के द्वारा क्षेत्र में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को गति मिलती है, उच्च आकांक्षाओं की प्राप्ति होती है, नैतिक मूल्यों का विकास होता है, निर्भरता, अपंगता, विवशता एवं असमानता में कमी होती है जिससे समाज सुदृढ़, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनता है।

शब्द कुंजी –स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज, विकास।

प्रस्तावना – समाज एक ऐसा वृहद समूह है जिसमें विभिन्न समूदायों के व्यक्ति मिलकर रहते हैं और अनेक पारस्परिक एवं मानवीय क्रियाएँ सम्पन्न करते है। इन विभिन्न मानवीय क्रियाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं शिक्षा भी सम्मिलित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार –'दैहिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य है–' अर्थात् किसी व्यक्ति का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से अच्छा होना ही स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करने का कार्य शिक्षा करती है। गाँधी जी के अनुसार –'जो मुक्ति के योग्य बनाए वहीं शिक्षा है।' शिक्षा मनुष्य की आंतरिक शक्तियों को विकसित करने का कार्य करती है। इस प्रकार समाज में स्वास्थ्य एवं शिक्षा दोनों ही आवश्यक तत्व है।

एक स्वस्थ समाज ही प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त हो सकता है इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का स्वस्थ होना आवश्यक है। स्वस्थ व्यक्तियों का समूह मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है जो कि राष्ट्रीय विकास का एक अहम बिन्दु है। स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्ति या समाज का शिक्षित होना भी अति-आवश्यक है, क्योंकि एक शिक्षित समाज अपने हित एवं अहित को अच्छी तरह समझता है तथा उसी के अनुरूप आचरण करता है जो कि राष्ट्र विकास में अत्यन्त आवश्यक तत्व है। विकसित, विकासशील एवं अविकसित देशों के विभाजन में या निर्धारण में स्वास्थ्य एवं शिक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा वे आवश्यक एवं प्राथमिक सेवाएँ है जो कि किसी भी देश की उन्नति एवं विकास को प्रभावित करती है। स्थानीय स्तर पर भी ये सेवाएँ (स्वास्थ्य एवं शिक्षा) अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामान्य एवं पिछडे क्षेत्रों में इन सेवाओं के द्वारा विकास का मापदण्ड निर्भर करता है। विशेष रूप से जनजातीय एवं आन्तरिक क्षेत्रों में ये सेवाएँ हमेशा ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक रही हैं। भारत जैसे विकासशील देश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा को समाज की आवश्यक सेवा माना है इसलिए भारत सरकार केन्द्र एवं राज्य स्तर पर अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन करती हैं जिससे इन सेवाओं की पहुँच दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच सकें। कुछ प्रमुख कार्यक्रम/योजनाएँ निम्नानुसार है–

स्वास्थ्य संबंधी योजनाएँ/कार्यक्रम :

1. समन्वित बाल विकास सेवा योजना।
2. मध्याह्न भोजन कार्यक्रम।
3. किशोरी शक्ति योजना।
4. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन।
5. जननी सुरक्षा योजना।
6. दीनदयाल अन्त्योदय उपचार योजना।
7. जिला/राज्य बीमारी सहायता निधि।
8. दीनदयाल चलित अस्पताल योजना।
9. राष्ट्रीय टीकारण कार्यक्रम।
10. बहुक्षेत्रीय पोषण कार्यक्रम।
11. अन्य योजनाएँ।

शिक्षा संबंधी योजनाएँ/कार्यक्रम :

1. सर्व शिक्षा अभियान।
2. गाँव की बेटी योजना।
3. प्रतिभा किरण योजना।
4. विक्रमादित्य नि:शुल्क शिक्षा योजना।
5. एकीकृत छात्रवृत्ति।
6. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तके और स्टेशनरी प्रदाय।
7. भूमिहीन कृषि श्रमिकों के बच्चों को 'व्यवसायिक शिक्षा' के लिए छात्रवृत्ति प्रदाय किये जाने की योजना।
8. ग्रामीण इंजीनियर योजना।
9. अन्य योजनाएँ।

उपरोक्त कार्यक्रम या योजनाओं का उद्देश्य विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सेवाओं को पहुँचाना तथा कमजोर एवं निर्धन

व्यक्तियों को इन सेवाओं की पहुँच के माध्यम से उच्च स्तर तक लाना है जिससे व्यक्ति विशेष तथा समुदाय के साथ-साथ क्षेत्र का भी विकास हो सकें।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा समाज के ऐसे मूलभूत आधार स्तम्भ है जिनके बिना एक सभ्य तथा विकसित समाज की कल्पना एक स्वप्न के समान है। स्वास्थ्य संबंधी कमियों के कारण जहाँ एक तरफ समाज को महामारी, गंदगी, मृत्यु, मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक कमियाँ, अस्वस्थता आदि बातों का सामना करना पड़ता है, वहीं अशिक्षित समाज निर्भरता, पिछड़ापन, अज्ञानता एवं मानसिक कमियाँ आदि को झेलता है जिससे समाज पंगु, विवश एवं कमजोर हो जाता है जिससे स्वत: ही समाज को अनेक कुरीतियों, प्रताड़नाओं, पिछडेपन एवं विकासहीनता का सामना करना पड़ता है और ऐसा समाज कभी भी विकास का मार्ग आसानी से ग्रहण नहीं कर पाता। अत: स्वास्थ्य एवं शिक्षा की कमी से ग्रसित समाज की तुलना में एक स्वस्थ एवं शिक्षित समाज राज्य एवं देश के विकास में आवश्यक भूमिका निभाता है जैसे -

1. आधुनिकीकरण की प्रक्रिया की गति तीव्र करने में
2. सामाजिक तथा राष्ट्रीय एकता की प्राप्ति में
3. नैतिक मूल्यों के विकास में
4. समाज एवं राष्ट्र को विकसित करने में
5. निर्भरता, अपंगता एवं विवशता को कम करने में
6. उच्च आकांक्षाओ एवं मूल्यों की प्राप्ति में
7. असमानता को कम करने में
8. स्वस्थ एवं सुखी जीवन के अवसर उपलब्ध करवाने में
9. शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक सुरक्षा में
10. समाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक विकास को अग्रसर करने में
11. अविकसित से विकासशील एवं विकसित समाज की स्थापना करने में
12. समाज को सुदृढ़, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने में।

अत: स्पष्ट है कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा समाज की वे मूलभूत सेवाएँ है जो समाज के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण एवं प्रगति के लिए अति-आवश्यक आधार हैं। एक स्वस्थ एवं शिक्षित समाज देश के साथ-साथ विदेशों से भी सम्पर्क स्थापित कर उच्च आकांक्षाओं की प्राप्ति में अहम भूमिका का निर्वहन करता है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित सुविधाएँ प्रत्येक क्षेत्र हेतु आवश्यक है क्योंकि ये सेवाएँ मानव, समाज एंव राष्ट्र का उत्थान करती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण है, साथ ही जनजातीय भी है वहाँ पर स्वास्थ्य एवं शिक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://mp.gov.in/govschemes
2. https://www.who.int
3. पटेल, किशोर, खान, मोहम्मद युसूफ, खान, सादेका (प्रथम संस्करण 2014): स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कल्याणकारी प्रशासन, महावीर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन, इन्दौर (म.प्र.)।
4. सिंह, शिवलाल (2010): विकास का समाजशास्त्र, रावत पब्लिकेशन, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में संगीत शिक्षा का प्रारंभ एवं उसका प्रभाव

शिवानी भार्गव *

* शोधार्थी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वलियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संगीत शिक्षा का मूल स्वरूप गुरू–शिष्य परम्परा और गुरूमुख तालीम ही रहा है, तथापि प्राचीनकाल में कुछ संगीत–शिक्षा केंद्रों या संगीत शालाओं का उल्लेख मिलता है। जिनमें से प्रमुख हैं–

'तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों में सम्बद्ध संगीत एवं नृत्य केन्द्र।'

'वात्स्यायन के कामसूत्र में पांचवी ईसवी पूर्व से तीसरी शताब्दी तक संगीत शिक्षा का प्रबन्ध संगीत शालाओं द्वारा किये जाने का उल्लेख है।'

'चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के समय ई. 385 से 413 में भी राजभवनों में संगीत शालाओं का उल्लेख मिलता है, जिसमें आचार्यों को संगीत एवं नाट्य की शिक्षा देने हेतु उच्च वेतन देकर नियुक्त किया जाता था।'

'महाकवि कालिदास के नाटकों में भी संगीत शालाओं का उल्लेख मिलता है। राजभवन की संगीत शालाओं में संगीत–शिक्षा का प्रबन्ध विशेष रूप से राजस्त्रियों के लिये तथा उनकी दासियों के लिये था।'

इस प्रकार वर्णित सभी संगीत केंद्र या संगीत शालाओं में दी जाने वाली संगीत–शिक्षा राजस्त्रियों, राज पुरुषों तथा दासियों तक ही सीमित थी। कुछ परिवारों में संगीत को व्यवसाय के रूप में अपनाए जाने के कारण वे संगीत–शिक्षा केवल अपनी सन्तानों को ही देते थे। अर्थात् संगीत शिक्षा का उद्देश्य मनोरंजन या व्यवसाय मात्र था। आम जनता के लिये या उसके ज्ञानवर्धन के लिये संगीत–शिक्षा के प्रबन्ध का कोई उल्लेख नहीं मिलता। परन्तु राजा मानसिंह तोमर के काल में अर्थात् 15वीं शताब्दी में ग्वालियर में एक संगीत शाला की स्थापना की गई थी और उसमें शिक्षा लेकर तानसेन, बख्शू इत्यादि जैसे कलाकार निर्मित हुए जिन्होंने दशदिशाओं में अपनी कीर्ति फैलायी।

उसके बाद विशेष रूप से गुरू परम्परा द्वारा या गुरूमुख तालीम द्वारा संगीत की शिक्षा के लिये किसी केन्द्र या शाला का उल्लेख नहीं मिलता। संगीत के विभिन्न घरानेदार संगीतज्ञों द्वारा दी जाने वाली व्यक्तिगत घरानेदार शिक्षा ही प्रचार में थी।

वर्तमान युग में हिन्दुस्तानी संगीत की आधुनिक शिक्षा पद्धति गत साठ– सत्तर वर्षों से ही प्रचलित हुई है। इन साठ–सत्तर वर्षों में हिन्दुस्तानी संगीत में अनेक परिवर्तन हुए।

संगीत–शिक्षा का प्रचार–प्रसार करने वाले तथा संगीत को समाज में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर देने वाले विष्णुद्वय अर्थात् पं. विष्णु नारायण भातखण्डे तथा विष्णु दिगम्बर पलुस्कर परब्रह्म में लीन हो गए। अनेकानेक ज्येष्ठ–श्रेष्ठ संगीतज्ञ भी स्वर्गवासी हो गये। इस कारण उनके आदर्श नई पीढ़ी के सन्मुख अत्यधिक अधिक प्रखर नहीं हुए।

स्वतंत्रता के पश्चात् रियासतों के सार्वभौम–सत्ता में विलीन होने के कारण संगीतकारों का राजाश्रय छूट गया और उन्हें लोकाश्रयी होना पड़ा। अंग्रेजी सत्ता समाप्त होने पर भी अंग्रेजों के रीति–रिवाज उनकी विचार–धारा, शिक्षा–पद्धति इत्यादि बातों का प्रभाव संगीत पर भी हो गया।

इन बातों से कहा जा सकता है कि संगीत का प्रचार–प्रसार तो हुआ परन्तु कलाकारों का राजाश्रय समाप्त हो जाने के कारण उन्हें अपनी कला का समाज के सन्मुख प्रदर्शन कर जीवनयापन करना आवश्यक हो गया। यह अत्यंत कठिन कार्य था। क्योंकि लोकाश्रय के लिये कलाकारों को समय–समय पर लाचार होना पड़ता था। कलाकारों की ऐसी लाचार या दीन–हीन अवस्था से उन्हें मुक्ति मिल सके तथा संगीत–शिक्षा सर्व–सामान्य संगीत प्रेमी को सहजता से प्राप्त हो सके इन्हीं उद्देश्यों से संगीत–शिक्षा का प्रचार–प्रसार हुआ।

संगीत को व्यवसाय और मनोरंजन मात्र के उद्देश्य से ऊपर उठाकर शिक्षा के अन्य विषयों के समान महत्व प्रदान कराने का और समाज के सभी वर्गों में उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाने का श्रेय आधुनिक युग के क्रान्तिकारी संगीतज्ञ पं. पलुस्कर जी तथा पं. भातखण्डे जी ने संगीत–शिक्षा संस्थाओं का संस्थापन किया, तथापि आधुनिक युग में संगीत शिक्षा को विश्वविद्यालयों में स्थान दिलाने का श्रेय इन्हीं महानुभावों को जाता है।

'संगीत में निश्चित अभ्यास क्रम, नियमित कक्षाएँ और परीक्षाओं का प्रारम्भ सर्वप्रथम पलुस्कर जी द्वारा हुआ।' उसके बाद संगीत में परीक्षा एवं उपाधि का महत्व बढ़ने लगा। पं. भातखण्डे, संगीत–शिक्षा को विश्वविद्यालय–अभ्यास क्रम का सम्मान दिलाना चाहते थे। इसलिये किसी भी विद्या की उन्नति के लिये जिस बुनियादी साहित्य की आवश्यकता होती है वह सब उन्होंने संगीत के लिये उपलब्ध करा दिया था। स्नातक स्तर के पांच वर्षीय अभ्यास क्रम की सफलता का अनुभव लेने के बाद स्नातकोत्तरीय अभ्यास क्रम की योजना भी उन्होंने बना रखी थी तथा इस हेतु पर्याप्त साहित्य भी उन्होंने एकत्रित किया था।

संगीत विश्वविद्यालय की मूल कल्पना पं. भातखण्डे की ही थी जिसका प्रथम उल्लेख सन् 1925 में उन्होंने ग्वालियर में किया था।

बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ से पूर्वार्द्ध तक भारत में स्वतंत्र संगीत–विद्यालयों का निर्माण हो चुका था। ये सभी विद्यालय अत्यधिक गतिशीलता

से संचालित हो रहे थे। इन विद्यालयों द्वारा दी जानेवाली उपाधियों को भी पर्याप्त महत्व प्राप्त हो रहा था। पर तब भी विश्वविद्यालयों में अन्य सभी विषयों के समकक्ष स्थान संगीत को नहीं मिला था।

पं. भातखण्डे जी की कामना थी कि- 'संगीत-शिक्षा को प्राप्त कर विद्यार्थी केवल गायक ही नहीं बने बल्कि, अच्छा गायक, अच्छा शिक्षक, प्रशासक तथा शास्त्रकार बने।' इसी दृष्टि से वह प्रयत्नरत भी रहे। उनके पश्चात् उनसे प्रभावित संगीत प्रेमी भी इस दिशा में प्रयत्नशील रहे। उनके अनंत परिश्रमों एवं उत्कृष्ट इच्छा के फलस्वरूप ही भारत में सर्वप्रथम बड़ौदा विश्वविद्यालयों में संगीत का समावेश हुआ।

इसके बाद सन् 1952 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने अत्यधिक प्रयत्नों से 'कॉलेज ऑफ म्यूजिक एण्ड फाइन आर्ट्स' यह विभाग शुरू किया और उसे स्थायी रूप प्रदान किया। इस प्रकार से भारत के दो विश्व विद्यालयों में अन्य विषयों की भाँति ही संगीत की शिक्षा का प्रारम्भ हुआ।

यूँ तो संगीत-शिक्षा के अनेक उद्देश्य माने गये हैं। परन्तु विद्यार्थियों की क्रियात्मक शक्तियों को सचेत करना तथा संगीत की सामग्री द्वारा बालकों की रुचि, रुझान, स्वयं उनके सामर्थ्य का ज्ञान करके उसके विकास का प्रयत्न करना, यही मुख्य उद्देश्य है। इसी दृष्टिकोण से विद्यालयीन संगीत शिक्षा दी जाती है।

मूलत: संगीत शिक्षा के तीन प्रमुख स्तर माने जा सकते हैं- पहला स्तर, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अन्य विषयों के साथ बालक की रुचियों और उसके जन्मजात सूत्र गुणों का विकास करने हेतु दी जाने वाली संगीत शिक्षा।

दूसरा स्तर, महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर अन्य विषयों के समकक्ष ही संगीत को मानकर दी जाने वाली संगीत-शिक्षा, जिससे विद्यार्थी संगीत का समान्य ज्ञान प्राप्त कर सकें तथा उन्हें आगे आने वाले समय में उच्च स्तरीय संगीत-शिक्षा प्राप्त करने का आधार मिल सके।

तीसरा स्तर, विश्वविद्यालयों में संगीत में स्नातकोत्तर तथा उच्चस्तरीय अभ्यास के लिये दी जाने वाली संगीत शिक्षा।

इस प्रकार, संगीत शिक्षा के तीन प्रमुख उद्देश्य भी माने जा सकते हैं-

1. संगीत द्वारा व्यक्तित्व का विकास करना।
2. संगीत की भिन्न-भिन्न शाखाओं में अनुसंधान करना।
3. संगीत-शिक्षा द्वारा मंच-प्रदर्शक निर्माण करना।

पहला स्तर प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालयों में दी जाने वाली संगीत शिक्षा द्वारा प्रथम उद्देश्य की पूर्ति होती है तथा अन्य प्रकार की शिक्षा में सुगमता लाने के लिये सुविधा होती है।

विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में संगीत का एक मुख्य विषय के रूप में स्वीकार्य होने से पूर्व ही प्राथमिक माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संगीत-शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हो चुकी थीं। परन्तु विद्यालयों की संगीत शिक्षा के स्तर में काफी अंतर है। विद्यालयों में संगीत-शिक्षा का प्रवेश छात्रों के विकास के माध्यम के रूप में हुआ था। इसीलिए प्राथमिक स्तरीय संगीत शिक्षा में बालगीतों का अधिक समावेश होता रहा, जिससे बच्चों के मन पर स्वर के माध्यम से अच्छे संस्कार किये जा सके। माध्यमिक और उच्च स्तरीय संगीत शिक्षा में संगीत की थोड़ी बहुत जानकारी प्राप्त करने की दृष्टि से कुछ गिने-चुने राग, उनकी बंदिशें, परिचयात्मक आलाप, और तान तथा भजन इत्यादि करवाया जाता है। अर्थात् यह सब उनके पाठ्यक्रम में होता है। परन्तु इस विद्यालयीन स्तर के पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी को मंच प्रदर्शक बनाना नहीं होता। विद्यालयीन संगीत-शिक्षा इसलिए दी जाने लगी कि विद्यार्थियों की रुचि का अनुमान लगाया जा सके और उनकी विशेष योग्यता को परखा जा सके।

दूसरे तथा तीसरे स्तर की शिक्षा द्वारा दूसरे तथा तीसरे उद्देश्यों की पूर्ति हो सकती है।

संगीत को विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त हो जाने से अन्य सभी विषयों के समान ही संगीत में भी विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम, कक्षायें, परीक्षायें तथा उपाधियाँ इत्यादि बातों को महत्व प्राप्त हुआ। संगीत को एक शैक्षणिक दर्जा प्राप्त हो जाने से संगीत के क्षेत्र में एक अनोखी क्रांति आ गयी और इससे संगीत का समध क्षेत्र लाभान्वित हुआ। इससे जो लाभ हुए वे इस प्रकार के थे -

1. संगीत के उपाधिकारी व्यक्ति को अन्य शिक्षित व्यक्तियों के समान ही समाज में आदर भाव से देखा जाने लगा।
2. विश्वविद्यालयों के अन्य व्याख्याताओं (अध्यापकों) को प्राप्त होने वाली सभी सुविधाएं अब संगीत के अध्यापकों को भी उपलब्ध होने लगी। जिससे उनमें उत्साह की भावना बनी।
3. विश्वविद्यालयों के अन्य विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली सभी सुविधाएं संगीत के विद्यार्थियों को भी मिलने लगी।
4. बड़े विश्वविद्यालयों में संगीत शिक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात् अन्य कई विश्वविद्यालयों में भी संगीत की स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं का पाठ्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इससे लाभ यह हुआ कि जो विद्यार्थी संगीत की शिक्षा लेना चाहते थे उन्हें संगीत शिक्षा के लिये नियमित विद्याभ्यास के अतिरिक्त अन्य समय नहीं देना पड़ा। अर्थात् महाविद्यालयों से संगीत को एक विषय के रूप में लेने के बाद संगीत सीखना और उपाधि प्राप्त करना ये दोनों एक साथ साध्य होने लगे।
5. देश के अनेक विश्वविद्यालयों में संगीत को अन्य विषयों के समक्ष स्थान मिलने के कारण संगीत प्रेमी शिक्षार्थियों को संगीत हेतु दूर-दूर तक नहीं भटकना पड़ा।
6. समाज के सभी वर्गों को संगीत-शिक्षा सरलता से उपलब्ध होने लगी।
7. विश्वविद्यालयीन संगीत-शिक्षा उपाधि युक्त हो जाने के कारण उपाधि प्राप्त नई पीढ़ी को नियुक्तियों की सुविधा होने लगी। क्योंकि सभी विश्वविद्यालयों में उपाधिधारी संगीत शिक्षकों की नियुक्तियां की जाने लगीं, विश्वविद्यालयों की उपाधि को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मान्यता होने पर उस उपाधि का उपयोग किसी भी विश्वविद्यालय में निर्मित पद के लिये हो सकता है।
8. संगीत में संशोधनात्मक प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिलने लगा। क्योंकि, विश्वविद्यालयीन शिक्षा में डॉक्टर ऑफ फिलॉसॉफी अर्थात् पी.एच.डी. को एक महत्वपूर्ण तथा उच्च स्तरीय आवश्यक उपाधि के रूप में मान्यता है और संगीत के अध्यापकों को भी पदोन्नति के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पी.एच.डी. करना अनिवार्य माना जाने लगा है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि घरानेदार संगीत-शिक्षा सर्वसाधरण संगीत प्रेमियों के लिये सहज उपलब्ध न हो सकने के कारण ही संगीत के विद्यालयों का उद्भव हुआ और फिर शनै: शनै: विश्वविद्यालयों में संगीत शिक्षा का प्रारम्भ हुआ और इसके लिये पं. पलुस्कर जी और पं. भातखण्डे

जी का योगदान अविस्मरणीय है संगीत की शिक्षा को विश्वविद्यालय में प्रारम्भ कराने का श्रेय उन्हीं को जाता है। संगीत शिक्षा के उक्त स्तर, उद्देश्य और लाभ से स्पष्ट है, कि संगीत–शिक्षा, मंच प्रदर्शन तथा संशोधान से ही सम्बन्धित है। इस उद्देश्य से, कि महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी मंचप्रदर्शक, रसग्राही, श्रोता, सफल अनुसंधान –कर्ता और उत्तम शास्त्रकार बन सके। यह मानना उचित होगा कि संगीत के क्षेत्र को प्राप्त लाभ के कारण ही सीमित संगीतज्ञ को समाज में समुचित प्रतिष्ठा और गौरव प्राप्त हुआ है और आधुनिक युग में संगीत–शिक्षा ने विश्वविद्यालयों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. संगीत शिक्षा की तालीम परम्परागत प्रणाली और आधुनिक संस्थागत संगीत शिक्षा : तुलनात्मक अध्ययन – एस.एस. रातंजनकर, संगीत, जनवरी–फरवरी 1984
2. भारतीय संगीत का इतिहास : श.श्री. परांजपे
3. भारतीय संगीत का इतिहास : उमेश जोशी।
4. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन की शिक्षा प्रणाली : डॉ. सुरेश गोपाल श्रीखण्डे
5. गायनाचार्य पं. विष्णु दिगम्बर : बा. र. देवधार
6. भातखण्डे स्मृतिग्रंथ : पृ. न. चिंचौरे
7. संगीत शिक्षण : एस. भटनागर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

घुमंतू लोहपीटा समाज का सामाजिक अध्ययन: भिंड जिले के संदर्भ में

कमला नरवरिया *

* सहायक प्राधयापक (हिंदी) संस्था - शा. एम जे एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिंड (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत में घुमंतू जनजातियों का अपना एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास रहा है इन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन इन जनजातियों की स्वयं की स्थिति दयनीय ही रही, एक स्थान से दूसरे स्थान पर पलायन करने के कारण इनके जीवन में सदैव स्थिरता का अभाव बना रहा है। हिंदी में 'एक पुरानी कहावत है रमता जोगी बहता पानी। इनका कहीं ठहराव नहीं होता है चलते या बहते रहना ही इनकी नियति है लेकिन हमारे विशाल देश में करोड़ों ऐसे लोग भी हैं जिनकी नियति भी कुछ ऐसी है एक से दूसरे स्थान पर भटकते रहना। कभी इस शहर तो कभी उस गांव। इसमें अधिकतर लोग विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू जनजातियों से संबंधित हैं 1031 के बाद इनकी कोई जनगणना नहीं हुई। इस नाते इनके बारे में प्रामाणिक आंकड़े उपलब्ध नहीं है।'[1] फिर भी एक अनुमान के मुताबिक पूरे देश में इनकी जनसंख्या 6 करोड़ के लगभग होगी लेकिन कुछ सरकारी और गैर सरकारी संगठनों द्वारा किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक पूरे देश में इनकी जनसंख्या 15 करोड़ के लगभग होगी। समाज में इन विमुक्त घुमंतू जनजातियों के अनेक समुदाय हैं। इन समुदायों को बंजारा, गाड़िया लोहार, कालबेलिया जोगी ,नट ,देवरा इत्यादि नामों से जाना जाता है।

भिंड जिले मे स्थित लोहपीटा समाज की सामाजिक स्थिति– 2011 की जनगणना के मुताबिक भिंड जिले की जनसंख्या 1700000 है जिसमें सर्वाधिक जनसंख्या 94% हिंदू धर्म की है ,3% से कुछ अधिक मुस्लिम धर्म तथा 2: जैन धर्म के अनुयायी है इसके अतिरिक्त यहां कुछ अन्य धर्मों जैसे ईसाई, बौद्ध और सिक्ख भी निवासरत है। भिंड जिले में निवासरत घुमंतू जनजातियों का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है फिर भी मोटे तौर पर एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या चार से पांच हजार के करीब होगी।जिनमें मुख्यत: लोहपीटा समाज है।जिन्हें गाड़िया लोहार ,लोहापीटा , लोहार लोगढ़िया या दूधालिया जैसे नामों से जाना जाता है। लोहपीटा समाज बंजारों की ही एक श्रेणी है जो देश के अलग-अलग हिस्सों में पाई जाती है। यह जनजाति भिंड जिले में भी निवासरत है। लोहपीटा समाज की रानीबाई से पूछने पर आप यहां कब से निवासरत है ? तो वे बताती है हम यहां 40-50 वर्षों से रह रहे है।मोहर सिंग से चर्चा करने पर वह बताते है, हमारे दादा - परदादा यहां आकर रहने लगे है तभी से हम भी भिंड में निवासरत है। भिंड में निवासरत इस लोहपीटा समाज की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है।मुख्यत: डेरों में रहने वाली यह जनजाति आज भी शहर के मुख्य सड़क मार्ग के किनारे तंबू बनाकर रहती है। शिक्षा की रोशनी से कोसों दूर इस जनजाति का वर्तमान अत्यंत कष्टप्रद और अंधकारमय है। यहां रहने वाले लोहपीटा समाज का मुख्य पेशा लोहे के औजार बनाकर बेचना रहा है जिन्हें वह जिले के गांव कस्बों में जा जाकर कृषि से संबंधित लोहे के औजार बेचते थे। यही इनकी आजीविका का मुख्य केंद्र था लेकिन औद्योगिकीकरण के फलस्वरुप कृषि के अत्याधुनिक औजार आ जाने से इनके रोजगार धंधो में गिरावट आई फलस्वरुप लोहे के औजार बनाने पर निर्भर यह जनजाति अब जीवनयापन के लिए अन्य काम धंधो अपना रही है जैसे पशुपालन, दिहाड़ी मजदूरी इत्यादि।समय के साथ - साथ यायावरी पूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए मशहूर यह जनजाति अब स्थाई रूप से निवास करने लगी है।

भिंड जिले में स्थित लोहपीटा समाज की सामाजिक संरचना– इस समाज की पारिवारिक संरचना की बात करें तो यह समाज स्त्री - पुरुषों को बराबरी का दर्जा देता है महिलाएं भी पुरुषों के समान घर बाहर का कार्य करती हैं और परिवार के फैसले भी मिलजुलकर लिए जाते हैं। सामाजिक संरचना की बात करें तो यह जनजाति आज भी डेरों मे निवास करती है और प्रत्येक डेरें का अपना एक मुखिया होता है जो समाज की समस्याओ को सुलझाता है मुखिया जिसे यह लोग सरपंच भी कहते है,का चुनाव किसप्रकार करते है, पूछने पर डेरे की बुजुर्ग महिला सघुडाबाई बताती है हम डेरें के सबसे बुद्धिमान व्यक्ति को अपना मुखिया चुनते हैं।जिससे वह डेरें के हित में काम कर सके तथा समस्याओं को बेहतरीन तरीके से सुलझा सके।

उत्पत्ति कथा– राजस्थान को अपना मूल निवास बताने वाले लोहपीटा समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। स्वयं को महाराणा प्रताप का वंशज बताने वाला लोहपीटा समाज बड़े गर्व से अपने गौरवशाली अतीत का वर्णन करता है।अपने घुमंतू जीवन व्यतीत करने के पीछे वे इसी अतीत को उत्तारदायी मानते हैं। लोहपीटा समाज की अपनी एक उत्पत्ति कथा है जिसके अनुसार महाराणा प्रताप द्वारा सम्पूर्ण राज्य को मुगलों से पुन: जीत न लेने तक राज्य न लौटने की भीषण प्रतिज्ञा की थी। महाराणा प्रताप अपने जीवन काल में सम्पूर्ण राज्य अपने अधीन नही कर पाए।जिसके फलस्वरूप यह समाज कभी वापस अपने देश नही लौटा और अपनी अजीविका चलाने के लिए लोहे के औजार बनाने के परंपरागत कार्य को करने लगा।

शारीरक गठन– लोहपीटा समाज मेहनतकश समाज है। इस समाज के स्त्री- पुरुषों का रंग प्राय सांवला होता है और कद मध्यम कदकाठी का होता है।

जन्म संस्कार– इस समाज में जन्मसंस्कार राजस्थानी रीति रिवाज से मनायें

जाते है।और बच्चे का नामकरण 41 दिनों के बाद घर के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा रखा जाता है ।

विवाह संस्कार– विवाह संस्कार में यह लोग अपने गोत्र से अलग गोत्र मे विवाह करते है समाज की बुजुर्ग महिला लाजोबाई के अनुसार हम विवाह के समय मुख्यत: छ: दूध बचाते है।मां, मौसी, बुआ, नानी, मामी,और चाची का

विवाह के सभी रीति – रिवाज यह लोग राजस्थानी लोकपरंपराओ के अनुसार निभाते हैं। शादी को यह लोग 'फेरा' कहकर संबोधित करते है तथा बारात ले जाने को 'जान' ले जाना कहते है। विवाह के अवसर पर राजस्थानी लोकगीत गाये जाते है।जो अनायास ही मन को भावुक कर देने वाले होते है।

गोत्र– इस समाज के लोग स्वयं को क्षत्रिय मानते है तथा
अपने गोत्र निम्न बताते है–

1. तोमर
2. सेंगर
3. परिहार
4. जादौन
5. राठौड़

क्षत्रिय वर्ण के समान ही इनके गोत्र होते है।

मृत्यु संस्कार– लोहपीटा समाज में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो सबसे पहले रिश्ते– नातेदारो को सूचना दी जाती है। अगर किसी व्यक्ति की रात में मृत्यु हो जाती है तो सभी डेरे वाले वहां उपस्थित रहकर उस परिवार को शोक सांत्वना प्रदान करते हैं और सुबह होने पर शव को शमशान में ले जाकर अग्नि के सुपूर्द कर दिया जाता है। यदि कोई बच्चा है तो उसे जलदाग अर्थात जल में प्रवाहित कर दिया जाता है।यदि किसी विवाहित स्त्री का पति मर जाता है तो उसके सारे सुहाग चिन्हों जैसे पायल चूडियां बिछिया इत्यादि को किसी विधवा स्त्री द्वारा उतरवा दिया जाता है।

लोक देवता– लोहपीटा समाज वैसे तो कई लोक देवी देवताओं को मानता है परन्तु वह अपना मुख्य लोक देवता रामदेवजी को मानता है।जिसे वे रामसा पीर भी कहते है रामदेव की समाधि स्थल राजस्थान के जैसलमेर में स्थित है उनकी इस समाधि स्थल को रामदेवरा कहा जाता है।जहां प्रतिवर्ष भादों माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से दशमी तिथि तक लगने वाले मेले में यह समाज जात करने के लिए प्रतिवर्ष जाता है।जहां वह गुड़वाले घी के चूरमा बना कर रामदेव को भोग अर्पित करते है ।भोग को यह लोग धूपिया कहते है।इसके अतिरिक्त यह लोग भूमिया, मेवाती, कालिका ,कारसदेव और लौडीमाई इत्यादि लोक देवी – देवताओं को भी पूरी श्रद्धा से पूजते हैं।लौडीमाई को ये लोग मनौती पूरी होने पर बकरा चढ़ाते है। जबकि अन्य लोक देवी देवताओं को नारियल बताशा रेवडी लठू इत्यादि का चढ़ावा चढाते है।

लोकगीत– लोहपीटा समाज शादी– विवाह, जन्मसंस्कार व तीज त्यौहारों जैसे खुशी के अवसर पर लोकगीत गाते हैं।

डेरे की बासन्तीबाई से अधिक आग्रह करने पर वह लोकगीत की कुछ पंक्ति सुना देती है प्रस्तुत है उसी से
संबंधित लोकगीत का कुछ अंश–

काकौ लाऔ काकड़ी काकौ मांगे बीज।
काकौ लाऔ लाटरी काकौ गाये गीत।।

लोक बोली– लोहपीटा समाज राजस्थानी मिश्रित हिंदी बोलते है। इस भाषा को भी हिंदी के समान देवनागरी लिपि मे लिखा जाता है।लोहपीटा समाज द्वारा इस भाषा से दैनिक जीवन में खानपान संबंधी प्रयोग होने वाले कुछ शब्दों के उदाहरण:

होगुरु–रोटी
भाजी–सब्जी
उकडी–मूसलियो– मूसल
तोलणी–ढेगची
लसण–लहसुन

सामाजिक कुरीतियां–लोहपीटा समाज भी सामाजिक कुरीतियों से अछूता नहीं है । इस जनजाति में भी मद्यपान व दहेज की समस्या सुरसा के मुँह की तरह लगातार फैलती जा रही है। पहले से ही दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहा यह समाज दहेज जैसी कुप्रथा से भी जुझ रहा है ।यही वजह है कि अभी तक लिंगभेद की समस्या से दूर यह समाज भी धीरे – धीरे उसकी गिरफ्त मे आता जा रहा है। इस समाज में लिंगभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि यदि इस समाज की कोई लडकी अन्य समाज के लडके से विवाह कर लेती है तो समाज द्वारा उसका समाज से बहिष्कार कर दिया जाता है लेकिन यही कार्य समाज के किसी लडके द्वारा किया जाता है तो उसका सामाजिक बहिष्कार नही किया जाता है ।इसके अतिरिक्त इस जनजाति के कुछ लोग भांग अफीम इत्यादि नशे का सेवन भी करते है।

भिंड जिले में कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा इनमें जनचेतना जाग्रत करने के लिए समय– समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है जिससे इस समाज मे चेतना का उद्भव भी हुआ। इस वजह से समाज के लोग अपने बच्चों को पढाने की दिशा में अग्रसर हो रहे है। बच्चों की शिक्षा के बारे में बातचीत करने पर इस समाज की पिंकीबाई बताती है कि चाहे कुछ भी हो जाए मैं अपने बच्चों को पढ़ाऊंगी अवश्य, मैं चाहती हूं जैसा जीवन हम लोग जी रहे है वैसा हमारे बच्चे न जीए।धीरे धीरे बदलाव की बयार इस समाज में भी आ रही है।और शिक्षा के आलोक में एक दिन ये कुरीतियों भी दूर होगी।

लोहपीटा समाज की जीवन शैली– लोहा पीटा समाज की अपनी एक समृद्ध संस्कृति रही है जिसे वे जहां भी गए अपने भौतिक शरीर के साथ अपने मन की गठरी में बांध कर ले गए यही वजह है।कि आधुनिक दौर में भी अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाए हुए हैं।

वेशभूषा–लोहपीटा समाज की स्त्रियां अपनी विशेष वेशभूषा के कारण अलग से ही पहचानी जाती हैं। इनके मुख्य साज–सज्जा व परिधानों में कांचुली, ओढ़नी, ओट घाघरा ,चोली, हॉसलो ,वीटी , काडौलिया,बिलिया इत्यादि है ।

कांचुली– कांचुली लोहपीटा समाज की स्त्रियों के शरीर पर पहनने का ऊपरी वस्त्र होता है जिसके तीन भाग होते हैं खविया, पाटाया थानथान्या और पेटी।

'खविया दोनों भुजाओं पर तीन रंगों के कपड़े को (काला पीला लाल) लेकर सीला जाता है। भुजाओं पर कांच तथा कौड़ी जोड़कर भी जीते हैं पाटा थानथान्या वक्ष:स्थल पर कपड़े को अंदर से नाप तथा बाहर से चमकी लगाकर कपड़ा सीला जाता है इस पर भी कांच कौड़ी फूँदा जोड़कर सीलते हैं।पेटी कांचुली के अंत में पेटी जोड़ी जाती है ।यह पेट और पेडू के बीच में रहती है पेटी पर भीपारा फूंदा कॉच कौड़ी जोड़कर सीला जाता है। पेटी के अंदर पैसे छुपाने के लिए खीसा भी बना लेते हैं।'[2]

ओढनी–लोहपीटा समाज की स्त्रियों की ओढ़नी अत्यंत सुंदर होती है। ओढ़नी की लंबाई लगभग 3 मीटर तक होती है जिसे इस समाज की महिलाएं

विशेष ढंग से ओढ़ती है ओढनी पर कांच पतडी फूंदा इत्यादि से सवाल सजाया जाता है ।

आटी– आटी चांदी से बनी होती है ओढनी आटी के ऊपर से ओढी जाती है।

घाघरा–घाघरा स्त्रियों के कमर से नीचे पहनने वाला परिधान होता है ।सुंदर से घाघरे इस समाज की स्त्रियां की पहचान है।

वीटी– लोहपीटा समाज की स्त्रियां नाक में पहनने वाली नथ को भी वीटी कहती हैं। वीटी उनके सौंदर्य में वृद्धि करती है।

कडौलिया–इस समाज की स्त्रियां हाथों में चांदी से निर्मित विशेष प्रकार के कड़े पहनती हैं जिन्हें कडौलिया कहते हैं ।

विलिया– हाथीदांत से निर्मित चूड़ियां जिन्हें लोहपीटा समाज की स्त्रियां पहनती हैं उन्हें विलिया कहते हैं।ये चुडियां सामान्यत: कुहनी से ऊपर पहनी जाती है।

हॉसलो–लोहपीटा समाज चाँदी के सिक्के से निर्मित बिशेष प्रकार के हार पहनती है जिसे हॉसलो कहते है।

इस समाज के पुरुष धोती, कुरता और पजामा पहनते हैं। राजस्थानी संस्कृति को दर्शाती ये विशेष प्रकार से बनी रंगीन टोपियों को पहनते हैं। वैसे आधुनिक युग में अब समाज के सभी स्त्री–पुरुष आधुनिक पहनावे को भी अपनाने लगे।लेकिन आधुनिकता के दौर में भी यह समाज अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाये हुए हैं।

पर्व– त्यौहार– लोहपीटा समाज स्वयं को हिंदू धर्म का ही अंग समझता है। इसवजह से वह हिंदू धर्म के सभी पर्व त्यौहारों को मनाता है। होली हो या दीवाली या फिर अन्य कोई त्यौहार इसे समाज के लोग मिलजुलकर बडी धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर समाज की स्त्रियां मंगल गीत गाती है । प्रस्तुत है दीवाली के अवसर पर गाया जाने वाला एक मंगलगीत–

'रात अंधोरी 3ये
घर घर दीवलो बाल लीजो।
रात अंधोरी...ये
मारे विराने केजो...ये।'[3]

मनोरंजन–मनुष्य आदिकाल से अपना मनोरंजन करने के लिए विविध प्रकार के साधानों का प्रयोग करता रहा है। जिनमें खेलकूद, नृत्य संगीत,शिकार पर जाना इत्यादि है लोहपीटा समाज भी अपने मनोरंजन के लिए प्राय: इन्हीं गीत संगीत के द्वारा अपना मनोरंजन करते है। वर्तमान समय में टीवी और मोबाइल के आ जाने से अब मनोरंजन के परंपरागत साधनों की जगह ये आधुनिक उपकरण लेने लगे है।

लोहपीटा समाज की पुर्नवास की व्यवस्था– लोहपीटा समाज को समाज की मुख्यधारा मे शामिल करने एंव उनके पुर्नवास के लिए पूर्व में काफी प्रयास किये गये, किन्तु वे नाकाफी रहे। भिंड कलेक्टर रह चुके डॉ. इलैयाराजा टी के कार्यकाल (19 अगस्त 2015 से 3 अप्रैल 2017 के मध्य) में इस घुमंतू लोहपीटा समाज के पुनर्वास के लिए दुबारा से प्रयास किए गए ।जिसके सार्थक परिणाम सामने आए।यही वजह है कि जब समाज के लोगों से उनके पुनर्वास के विषय में पूछा जाता है तो उनकी आंखों में एक चमक आ जाती है इस विषय में लोहपीटा समाज की सपनाबाई बताती हैं कि 'अब हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूखंड आंवटित हो चुके हैं तथा इसके लिए शासन की ओर से भूखंड निर्माण के लिए किश्तों में जारी राशि भी मिल चुकी हैं ,वही डेरे की कटोरीबाई के अनुसार अब हमारे बीपीएल कार्ड वोटर कार्ड और आधार कार्ड बन चुके हैं । जिससे हमें शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल पा रहा है। भिंड कलेक्टर द्वारा इन डेरों में रहने वाले घुमंतु समुदाय के लोगों के लिए प्रकाश की उचित व्यवस्था कराने के लिए बिजली कनेक्शन भी मुहैया कराए गए हैं, तथा समाज के बच्चों को उचित शिक्षा– दीक्षा के लिए उनका नामांकन सरकारी स्कूलों में कराया जा रहा है।'

निश्चित ही सरकार द्वारा इनके पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय है, किंतु नाकाफी हैं यह समाज आज भी समाज की मुख्यधारा से कोसों दूर है। अशिक्षा गरीबी,भूखमरी ,कुपोषण व अजीविका के साधनों की कमी से जूझ रहा है ।प्रधानमंत्री आवास योजना में आवंटित भूखंडों के शहर से अधिक दूरी के कारण यह समुदाय उन मकानों में जाने के लिए तैयार नहीं है जिससे यह समाज आज भी मुख्य सड़क मार्ग किनारे तंबुओं में रहने को मजबूर हैं।

निष्कर्ष– भिंड ही नहीं पूरे भारत में इस घुमंतु समुदाय की दशा ठीक नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित इस समाज की दशा अत्यंत सोचनीय है। इस समाज के हालात को बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी कई प्रयास किए गए। फिर भी यह इतने प्रभावी नहीं हो पाए ।अत: एक बार फिर इस समुदाय की बेहतरी के लिए सरकार और स्थानीय नागरिकों को मिलकर प्रयास किये जाने की जरूरत है। उन्हें ऐसा माहौल प्रदान करने की जरूरत है। जिससे वह समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अरविंदकुमार सिंह,योजना, जनवरी ,2014
2. डॉ.जाधव इंदलसिंग ,बंजारा साहित्य एवं संस्कृति पृ.सं.– 46
3. वही पृ.सं.64
4. लोहपीटा समाज के लोगों से प्रत्यक्ष भेंटवार्ता पर आधारित

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारतीय आर्थिक विकास में रियल एस्टेट उद्योग के प्रभाव का अध्ययन रीवा जिले के विशेष संदर्भ में

महिमा गर्ग *

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह आवश्यक है कि देश में अचल सम्पत्ति का विकास बहुत ही स्वस्थ तरीके से हो इस अध्ययन का उद्देश्य नवीनतम जानकारी प्राप्त करना और रियल एस्टेट उद्योग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारको की पहचान करना है। समंक प्रश्नावली के माध्यम से एकत्र किया जाता है। जो रीवा में भवन निर्माण का कार्य करते है ऐसे व्यवसायियों से प्रश्नावली के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी।

प्रस्तावना – भारत में निर्माण क्षेत्र कृषि के बाद दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक गतिविधि है और लगभग 33 मिलिपन लोंगो को रोजगार प्रदान करता है। भारत का निर्माण उद्योग पिछले आठ वर्षों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचे के निवेष और आवास की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। भारत में अचल सम्पत्ति बाजार ज्यादातर असंगठित है रियल एस्टेट एक चक्रीय उद्योग है जो स्थानीय ओर राष्ट्रीय दोनों आर्थिक स्थितियों से प्रभावित होता है। जिसमें जनसंख्या और रोजगार वृद्धि, उपभोक्ता खर्च ब्याज दरें और मुद्रास्फीति शामिल है। स्थानीय आपूर्ति और मांग की स्थिति अचल संपत्ति बाजारो को प्रभावित करने वाले कही अधिक महत्वपूर्ण कारक है।

अध्ययन के उद्देश्य– रियल एस्टेट व्यवसाय एक गतिशील,प्रतिस्पर्धी, हमेषा बदलने वाला और चुनौती पूर्ण उद्योग है। इस शोध का उद्देश्य अचल सम्पत्ति क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कारको की पहचान करना है। जो हमारे राष्ट्रीय आर्थिक विश्वास को प्रभावित करते है इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित उद्देश्य है:–

1. अचल सम्पत्ति उद्योग को प्रभावित करने वाले कारको का अध्ययन करना।
2. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में अचल सम्पत्ति के कार्य।

शोध प्रविधि:

1. साहित्य संग्रह
2. साहित्य की समीक्षा
3. कारक पहचान
4. प्रश्नावली की तैयारी
5. वितरण प्रश्नावली
6. डेटा विश्लेषण

प्रक्रिया– विभिन्न जनरल किताबे, पेपर और साहित्य जो रियल एस्टेट व्यवसाय से संबंधित है। सभी का गहन अध्ययन किया गया। व्यवसाय के जानकारी प्राप्त करने में सहायक हुआ। अनुसंधान कार्य अध्ययन के बारे में साहित्य सर्वेक्षण से अचल सम्पत्ति उद्योगों को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की पहचान की जाती है।

प्रश्नावली प्ररूप–प्रश्नावली प्रपत्र को मूल्यांकन के लिए एक उपकरण के रूप में तैयार किया गया जिसमें उल्लेखित उद्देश्यों और कारको पर अध्ययन किया गया। यह निर्माण कम्पनियों में प्रबंधन स्तर और उससे ऊपर के कर्मचारियों को लेखित करता है वे समान रूप से महत्वपूर्ण सूचना स्त्रोत है प्रष्नावली प्रपत्र वितरित करने के कई तरीके है– जैसे डाक, ईमेल अथवा व्यक्तिगत रूप से।

विश्लेषण– एकत्रित डेटा के विश्लेषण ने SPSS (सामाजिक विज्ञान के लिए सांख्यिकीय पैकेज) कार्यक्रम का उपयोग किया गया। अचल सम्पत्ति उद्योग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारको का पता लगाने के लिए डेटा का विश्लेषण करने के लिए कारक विश्लेषण का उपयोग किया गया। प्रतिक्रियाओं और विश्लेषण के आधार पर अचल सम्पत्ति उद्योग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारको की पहचान की गई।

रियल एस्टेट उद्योग के संबंध में विभिन्न पत्रिकाओं, पुस्तकों, पत्रों और प्रासंगिक साहित्य एकत्र किए गए जो कि रियल एस्टेट के संबंध में ज्ञान प्राप्त करने में सहायक हुए।

अचल सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारक – अर्थव्यवस्था ब्याज दरें, सरकारी नीतियां/उप पक्ष, जनसांख्यिकी, रोजगार दर, जनसंख्या प्रवृत्ति, राजनीतिक स्थिरता, उम्र बढ़ने की आबदी, बुनियादी ढाँचा–वित्त पोषण, रियल एस्टेट पूँजी बाजार तरलता वैश्विक परिवर्तन और अनिश्चितता, आवास मांग, भूमि विनिमय मुद्रा स्फीति की दरे उद्योग नवांचार कारक कॉर्पोरेट संस्कृति आदि कारक मुख्य रूप से रियल एस्टेट व्यवसाय को प्रभावित कर रहे है। साहित्य सर्वेक्षण से अचल सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारको की पहचान की गई।

परिणाम– यह अध्ययन उन कारको की पहचान करने पर केन्द्रित था जो रियल एस्टेट उद्योग को प्रभावित करते है। रियल एस्टेट उद्योग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक सर्वेक्षण द्वारा पहचाने जाते है। समग्र परिणामों के आधार पर ग्राहक व्यवहार जनसंख्या प्रवृत्ति, आर्थिक कारक, रोजगार दर ये सभी कारक रियल एस्टेट व्यवसाय को प्रभावित करते है। समीक्षा से अचल सम्पत्ति उद्योग को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारको की पहचान की गई। रियल एस्टेट उद्योग को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारको जैसे जनसांख्यिक, ब्याज दर, अर्थव्यवस्था सरकारी नीतिया, रोजगार दर,

जनसंख्या प्रकृति आवास की मांग, मुडास्फीर्ति थी दर, रियल एस्टेट उद्योग नवाचार कारको के आधार पर एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की जाती है। तत्पष्चात् प्रश्नावली रियल एस्टेट व्यवसायियो और निर्माण उद्योग में काम करने वाले कर्मचारियों को वितरित किया गया। कर्मचारियों ने अपने अनुभव के आधार पर विकल्प का चुनाव किया। समग्र परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त किया गया कि जनसंख्या प्रकृति आर्थिक कारक रोजगार आदि कारक अचल सम्पत्ति उद्योग को प्रभावित करते है।

निष्कर्ष– रियल एस्टेट में निवेश का आपूर्तिकर्ता उद्योगो पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में अत्यधिक योगदान होता है। अचल सम्पत्ति उद्योग के विकास की प्रक्रिया को और मजबूत करने और सुधारने के लिए बहुत काम करने की आवष्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. इकोनामिकल सर्वे 2021
2. भारत 2021
3. पत्रिका समाचार पत्र विशेष अंक

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

कन्या भ्रूण हत्या, आधुनिक समाज के लिए अभिशाप

डॉ. स्नेहलता सिंह* डॉ. सुनीता कुशवाहा **

*** अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत**
**** अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – भारतीय इतिहास का वास्तविक काल वैदिक सभ्यता से माना जाता है। चतुर्वेदों एवं ऋगुवेद को अधिक प्राचीन वेद माना जाता है। 'ऋगवेद में ब्रम्हजानी पुरूषों के साथ–सथ ब्रम्हवादिनी महिलाओं का भी नाम आता है। इनमें विश्ववारा लोप, मृद्वा, द्योषा, इन्द्राणी, देवयाणी, आदि प्रमुख महिलाएं है।' 'एक तरफ जहां भारतीय संस्कृति में नारी को सदा ऊंचा स्थान मिला है। नारी को मर्यादा के क्षेत्र में पुरूषों से अधिक श्रेष्ठ माना गया है, तथा स्त्री और श्री में कोई भेद नही किया गया है।' वहीं उसी नारी के साथ अत्याचारों का सिलसिला शुरू हो चुका था।

कन्या भ्रूण हत्या का अर्थ है माँ की कोख से मादा भ्रूण को निकल फेकना। जन्म–पूर्व परीक्षण तकनीक (दुरूपयोग के नियमन और बचाव) अधिनियम 2002 की धारा 4 (1) (बी.सी.) के तहत के अनुसार भ्रूण को परिभाषित किया गया है। 'निषेचन या निर्माण के सन्तानवे दिन से शुरू होकर अपने जन्म के विकास के दौरान एक मानवीय जीव' भारत में बढ़ती कन्या भ्रूण हत्या के चलते अनेक प्रकार की सामाजिक समस्याएं जन्म दे रही हैं। इससे समाज में असंतुलन की स्थिति धीरे–धीरे उत्पन्न हो रही है। जो कि चिंता का विषय है। कन्या भ्रूण हत्या आमतौर पर मानवता और विशेष रूप से समूची स्त्री जाति के विरुद्ध सबसे बड़ा अपराध है। मानवाधिकार, वैज्ञानिक तकनीक के उपयोग और दुरुपयोग की नैतिकता और लैंगिक भेदभाव के मुद्दों को जन्म दिया है। गर्भ से लिंग परीक्षण जाँच के बाद बालिका शिशु को हटाना कन्या भ्रूण हत्या है। पुत्र की चाहत में परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की इच्छाओं को पूरा करने के लिये जन्म से पहले बालिका शिशु को गर्भ में ही मार दिया जाता है। पारिवारिक दबाव खासतौर से पति और ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा की जाती है। गर्भपात कराने के पीछे सामान्य कारण अनियोजित गर्भ है जबकि कन्या भ्रूण हत्या परिवार द्वारा की जाती है। भारतीय समाज में अनचाहे रूप से पैदा हुई लड़कियों को मारने की प्रथा सदियों से है। लोगों का मानना है कि लड़के परिवार के वंश को जारी रखते हैं जबकि वो ये बेहद आसान सी बात नहीं समझते हैं कि दुनिया में लड़कियां ही शिशु को जन्म दे सकती है। लड़के नहीं। भारत में सामंतवादी परंपरा के कारण आदिकाल से ही महिलाओं को हेय की दृष्टि से देखा जा रहा है। मध्यकाल में स्थिति यह थी कि महिलाओं को घर के झरोखे से बाहर देखना भी वर्जित था। इन्हें सिर्फ उपभोग वस्तु के रूप में देखा जाता है और यह स्थिति कमोवेश आज भी बनी हुई है।

कन्या भ्रूण हत्या के कारण– भारत में बढ़ती कन्या भ्रूण हत्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं कुछ सांस्कृतिक और सामाजिक–आर्थिक नीतियों के कारण पुराने समय से किया जा रहा कन्या भ्रूण हत्या एवं अनैतिक कार्य है। भारतीय समाज में कन्या भ्रूण हत्या की मुख्य वजह बालिका शिशु पर बालक की शिशु की प्राथमिकता है क्योंकि पुत्र आय का मुख्य स्रोत होता है जबकि लड़कियां केवल उपभोक्ता के रूप में होती हैं। समाज में ये गलतफहमी है कि लड़के अपने अभिभावक की सेवा करते हैं जबकि लड़कियां पराया धन होती हैं। दहेज व्यवस्था की पुरानी प्रथा भारत में अभिभावकों के सामने एक बड़ी चुनौती है जो लड़कियां पैदा होने से बचने का मुख्य कारण है।

1. पुरुषवादी भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति निम्न है।
2. अभिभावक मानते हैं कि पुत्र समाज में उनके नाम को आगे बढ़ायेगे, जबकि लड़कियां केवल घर संभालने के लिए होती है।
3. गैर–कानूनी लिंग परीक्षण और बालिका शिशु की समाप्ति के लिये भारत में दूसरा बड़ा कारण गर्भपात की कानूनी मान्यता है।
4. लड़कियां पराया धन होती है ऐसा मानना है।
5. तकनीकी उन्नति ने भी कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा दिया है।
6. महिलाओं की घटती संख्या के लिए अशिक्षा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा राजनीतिक जागरूकता का अभाव भी जिम्मेदार है। असुरक्षित प्रसव कराना भी एक कारण है क्योंकि ऐसे में माँ बच्चे दोनों की मौत का खतरा रहता है।

कन्या भ्रूण हत्या के प्रभाव– पश्चिम भारत में कुछ जाति और समुदाय ऐसे हैं जो इसी के जन्म लेने पर माँ को प्रताड़ित करते हैं। अशिक्षा, हिंसा और उलाहना ही माँ को कन्या भ्रूण हत्या के लिए प्रेरित करती है। आज भारत में ऐसे कई परिवार है जहां पर कन्याओं के जन्म को शुभ नहीं माना जाता। भारतीय समाज के कन्या को लेकर विरोधाभासी स्थिति है। एक तरफ भारत में कन्या पूजन की परंपरा रही है तो दूसरी तरफ कोरव में ही कन्याओं को मार दिया जाता है। इसमें देखने को मिला 0 से 6 की आयु में लिंगानुपात गिरावट हो रही है। भारत में स्त्री पुरुष की बराबरी की बात की जा रही है। वहीं आने वाला समय ऐसा भी हो सकता है जब व्याहने के लिए लड़कियां नहीं मिलेंगी। कन्या भ्रूण हत्या ने बुराइयों की एक श्रृंखला को जन्म दिया है। पिछले तीन दशकों में पैमाने पर कन्या भ्रूण हत्या के कुप्रभाव गिरते लिंगानुपात और विवाह योग्य लड़कों के लिए बहुओं की कमी के रूप में सामने आये हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश के कई जिले में लिंगानुपात में कमी देखने को मिलती है।

2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश के 5 जिले सबसे कम लिंगानुपात वाले जिले

पाँच सबसे कम लिंगानुपात वाले जिले (2011)

क्र.	जिले	लिंगानुपात
1	विदिशा	896
2	सागर	893
3	शिवपुरी	877
4	मुरैना	840
5	भिंड	837

स्त्रोत–म.प्र. में जनगणना 2011



स्त्रोत– म.प्र. में जनगणना 2011

पाँच वर्ष सार्वजनिक लिंगानुपात वाले जिले

क्र.	जिले	लिंगानुपात
1	बालाघाट	1021
2	अलीराजपुर	1011
3	मंडला	1008
4	डिंडोरी	1002
5	झाबुआ	990

स्त्रोत– म.प्र. में जनगणना 2011 के अनुसासर



कन्या भ्रूण हत्या पी.सी. एड पी एनडीटी–पीसी एड पी एनडीपी का पूरी नाम गर्भाधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 कन्या भ्रूण हत्या निवारण अधिनियम (1870 का आठवाँ अधिनियम) ब्रिटिश भारत में पारित एक विधायी अधिनियम था जिसका उद्देश्य कन्या शिशु की हत्या को रोकना था। भारत में बाल भ्रूण हत्या या शिशु हत्या के बारे में कम ही सुना गया है। भारतीय समाज में जहां बेटे की चाह संरचनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ी हुई है वहीं महिलाओं को बेटे के जन्म के लिए अत्यधिक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दबाव झेलना पड़ता है। इन धराओं ने कुछ और जरूरी मुद्दों पर विचार नहीं किया है जिनमें महिलाएं अधिक सामाजिक दबावों की वजह से अनेक बार गर्भ धारण करती हैं और लगातार गर्भपातों को झेलती है। 1964 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक समिति का गठन किया। कन्या भ्रूण हत्या पीसी एड.पी. एनडीटी अधिनियम में सभी परीक्षण प्रयोगशालाओं के पंजीकरण का अनिवार्य बना दिया है। और अल्ट्रा साउंड के निर्माता को अपने उपकरणों को पंजीकृत प्रयोगशालाओं को बचने के निर्देश दिए हैं। मशीनों और उपकरणों के पंजीकृत निर्माताओं का संबंध राज्य केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र सरकार के उपयुक्त प्रधिकारियों को तीन महीने में एक बार अपने उपकरणों के क्रेताओं की सूची देनी होगी और ऐसे व्यक्ति या संगठन से उसे हलफनामा लेना होगा कि वह इन उपकरणों का इस्तेमाल भ्रूण के लिंग चयन के लिए नहीं करेंगे।

पीसी एड. पीएनडीटी अधिनियम की धारा 4 के तहत केवल निम्न स्थितियों में प्रसव पूर्व परीक्षण तकनीकी का इस्तेमाल किया जा सकता है–

1. महिला की आयु 35 वर्ष से अधिक हो।
2. गर्भवती दो या दो से अधिक गर्भपात या भ्रूण की हानि को झेल चुकी हो।
3. गर्भवती संभावित रूप से हानिप्रद अभिकम्कों जैसे मादक पदार्थ, विकिरणों, संक्रमण या रसायनों के संपर्क आ चुकी हो।
4. गर्भवती या उसके पति के परिवार में किसी को मानसिक विकार या शारीरिक विकृति रही हो। अनुवांशिक रोग था।
5. जब भी कोई गर्भवती महिला अनुमति प्राप्त उद्देश्यों के अतिरिक्त प्रसव पूर्व परीक्षण तकनीक से जांच कराती है तो यह माना जाएगा कि उस पर उसके पति या अन्य रिश्तेदारों ने परीक्षण करने का दबाव बनाया है और उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। (पीसी एड पीएनडीटी अधिनियम की धारा 24)।
6. लिंग चयन या लिंग का पूर्व–निर्धारण की सेवा देने वाले विज्ञापनों का प्रकाशन।
7. गर्भाधान पूर्व या जन्मपूर्व परीक्षण तकनीको वाले क्लीनिक का पंजीकृत नहीं होना या क्लीनिक या संस्थान के भी भीतर सबको दिखाई देने वाले पंजीकरण प्रमाणपत्र को प्रदर्शित नही करना।

पीसी एड पीएनडीटी अधिनियम का उल्लंघन करने पर जिसमें बिना लाइसेंस के प्रयोगशालाओं को चलाना भी शामिल है, उपकरणों को सील कर दिया जाएगा। उपयुक्त प्राधिकरण उपकरणों को सील करने के साथ–साथ उनके उपयोग को प्रतिबंधित कर सकता है। लिंग चयन में लिप्त पाए गए देवियों की जुर्माना राशि पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख की गयी है जिसमें चिकित्सक का पंजीकरण रद्द करने, निलंबन का अतिरिक्त प्रावधान है।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने के उपाय– भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1956 चिकित्सा परिषद की नैतिक आचार संहिता 1970 वर्तमान कानूनों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए संशोधित किया जाना चाहिए और सबसे बड़ी बात महिलाएं जो जननी है उन्हें बेटा पैदा करने की थोपी हुई जिम्मेदारी से स्वयं को मुक्त करना चाहिए। चाहे लड़का हो या लड़की एक बच्चे को स्वास्थ्य रूप से जन्म लेने का अधिकार है और वह माता–पिता की जिम्मेदारी है कि वह शिशु को उसके विकास के लिए सुरक्षित, देखभाल से भरा वातावरण प्रदान करे। सभी महिलाएं चाहे वो माँ हो या सास, सभी को अपने स्तर पर इस दुर्व्यव्यवहार को रोकना चाहिए।।

1. गर्भ धारण करने से पहले और बाद में लिंग चयन रोकने और प्रसवपूर्व निदान तकनीक को नियमित करने के लिए सरकार ने एक व्यापक कानून गर्भधारण से पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन रोक) कानून 1994 में लागू किया।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने सभी राज्य सरकारों से आग्रह

किया कि वे अधिनियम को मजबूती से कार्यन्वित करें और गैरकानूनी तरीके से लिंक का पता लगाने के तरीके रोकने के लिए कदम उठाए।

3. माननीय प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे लिंग अनुपात की प्रवृत्ति को उलट दें और शिक्षा और अधिकारिता पर जोर देकर बालिकाओं की अनदेखी की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।
4. स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से कहा है कि वे इस कानून को गंभीरता से लागू करने पर अधिकतम ध्यान दें।
5. पीएनडीटी कानून के अंतर्गत केंद्रीय निगरानी बोर्ड का गठन किया गया और इसकी नियमित बैठके कराई जा रही हैं।
6. वेबसाइटें पर लिंग चयन के विज्ञापन रोकने के लिए यह मामला संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के समक्ष उठाया गया।
7. राष्ट्रीय निरीक्षण और निगरानी समिति का पुनर्गठन किया गया और अल्ट्रासाउंड निदान सुविधाएं के निरीक्षण में तेजी लाई गई। बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, उत्ताराखंड, राजस्थान, गुजरात और उत्तारप्रदेश में निगरानी का कार्य किया गया।
8. धार्मिक नेता और महिलाएं लिंगानुपात और लड़कियों के साथ भेदभाव के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शामिल है।
9. भारत सरकार और राज्य सरकारों ने समाज में लड़कियां और महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं। इसमें धनलक्ष्मी जैसी योजना शामिल है।

निष्कर्ष– हमें अपनी बेटियों को बेटो की तरह पालना चाहिए और उन्हें समान रूप से सफल बनाना चाहिए और इस पुरानी धारणा को खारिज करना चाहिए कि लड़कियों की शिक्षा केवल विवाह के लिए ही काम आती है नही दुनिया का सामना करने के लिए। शिक्षा एक हथियार है। भारतीय समाज में कन्या भ्रूण हत्या की गंभीर चुनौती को रोकने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त होना चाहिए। दहेजप्रथा जैसी कुरीतियाँ के खिलाफ अभियान चलाकर और मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू कर महिला अधिकारों को मजबूती देनी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महिला एवं बाल विकास विभाग।
2. डॉ वीरेंद्र सिंह यादव (अल्फा पब्लिकेशन, नई दिल्ली 110002)
3. प्रो. मान चन्द्र खंडेला, अविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर302003 (राजस्थान)।
4. सौरभ उपाध्याय, द्वारिका पब्लिशिंग हाउस, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

व्याकरण और आचार्य भामह

डॉ. प्रियंका खण्डेलवाल *

* संस्कृत, केशव महाविद्यालय, अटरू, जिला- बरन (राज.) भारत

शोध सारांश – समस्त भाषाओं की जननी संस्कृत आज विश्व में नये खोज व आविष्कारों को अपने प्राचीन सिद्धान्तों व सन्दर्भों से प्रमाणित करती हुयी, तकनीकि क्रान्ति में शोध का विषय बनी हुयी है। प्रस्तुत शोध पत्र व्याकरणशास्त्र के आचार्य पाणिनि, पतंजलि और कात्यायन के व्याकरणिक सन्दर्भों से, काव्यशास्त्र के आद्याचार्य भामह के ग्रन्थ काव्यालंकार के शब्दविवेक नामक अध्याय से तुलना व समानता प्रस्तुत करने का एक विनम्र प्रयास है।

प्रस्तावना – संसार की प्राचीन भाषाओं में संस्कृत प्राचीनतम् भाषा है। यह भाषा अखिल भाषाओं की आधारभूत वैज्ञानिक एवं दोषरहित भाषा हैं। ज्ञान–विज्ञान की समग्र शाखाएं संस्कृत में प्रचुरमात्रा में उपलब्ध हैं। संश्लेषण और विश्लेषण रूप विशिष्टता के कारण आधुनिक कम्प्यूटर के लिए भी संस्कृत का चयन कर, प्रयोग पर शोध किया जा रहा है।

किसी भी भाषा ज्ञान हेतु उसका व्याकरण ज्ञान होना आवश्यक है, व्याकरण न केवल भाषा प्रवाह को नियन्त्रित करता है बल्कि भाषागत् दोषों का निराकरण कर शब्दों की रक्षा करता हैं। वेदांगों में भी व्याकरण को मुख बताकर उसको सबसे पहले स्थान पर रखा गया है **'मुखं व्याकरणं स्मृतम्।'** महाभाष्यकार ने **'ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च इति।।' प्रधानं च षट्स्वङ्गेषु व्याकरणम्। प्रधाने च कृतो यत्नः फलवान् भवति'**[1] कहकर व्याकरण की महत्ता को सिद्ध किया है। भर्तृहरि ने दृष्ट और अदृष्ट फलों को देने वाले व्याकरणशास्त्र को वेदों का प्रमुख अंग कहा।

आसन्नं ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तपः।
प्रथमं छन्दसामंगं प्राहुर्व्याकरणं बुधाः।।[2]

आचार्य भामह ने भी काव्यप्रणयन से पहले व्याकरण का अध्ययन आवश्यक माना–

शब्दश्छन्दोऽभिधानार्था इतिहासाश्रयाः कथाः।
लोको युक्तिः कलाश्चेति मन्तव्याः काव्यगैर्ह्यमी।।[3]

अर्थात् काव्यप्रणयन के लिए व्याकरणशास्त्र, छन्दशास्त्र, शब्दकोश, व्युत्पत्तिशास्त्र, ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं, लोकव्यवहार, तर्कशास्त्र और ललित कलाओं का मनन करना चाहिए।

वस्तुतः आचार्य भामह भारतीय काव्यशास्त्र के आद्याचार्य है, इन्होनें तत्कालीन काव्यशास्त्रीय मान्यताओं का सम्यक् अध्ययनकर और महाकवियों की रचनाओं का अनुशीलन कर[4] तथा अहं भाव से नितान्त दूर रहकर[5] काव्यशास्त्र का संकलन, सम्पादन, विवेचन और विश्लेषण किया। आचार्य भामह के ग्रन्थ काव्यालंकार का षष्ठ परिच्छेद 'शब्दविवेक' व्याकरण को समर्पित है। आचार्य भामह कवियों को व्याकरण की काव्योचित सूक्ष्मता दर्शाते हैं–

नापारयित्वा दुर्गाधममुं व्याकरणार्णवम्।
शब्दरत्नं स्वयंगम्यमलंकर्तुमयं जनः ।।[6]

अर्थात् इस दुरवगाह्य व्याकरण रूपी सागर को पार किये बिना कोई व्यक्ति शब्दरूपी रत्न तक पहुँचने में समर्थ नहीं हो पाता।

आचार्य भामह ने शब्दशुद्धि और शब्दों की रम्यता पर विचार किया।

शब्दशुद्धि तो पूर्णतः व्याकरणशास्त्र का विषय है किन्तु रम्य पद का संयोजन निश्चय ही काव्यशास्त्र का विषय है। आद्याचार्य भामह ने जिस महत्त्वपूर्ण विषय को अपने ग्रन्थ में रखा था, उसे काव्यशास्त्रीय परम्परा में कोई स्थान नहीं दिया गया और एकमात्र आचार्य वामन ही ऐसे विद्वान् रहे, जिन्होनें इस विषय की गम्भीरता को समझा –

छिन्ते मोहं चित्प्रकर्ष प्रयुङ्क्ते सूते सूक्ति सूयते या पुमर्थान्।
प्रीतिं कीर्तिं प्रार्थुकामेन सैषा शाब्दीशुद्धिः शारदेवाऽस्तु सेव्या।।[7]

परवर्ती आचार्यों ने ही नहीं अपितु, भामह के टीकाकारों ने भी इस विषय की उपयोगिता को लेकर विवेचन किया। डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा का कहना है कि भामह का षष्ठ परिच्छेद व्याकरण की शिक्षा मात्र नहीं देता बल्कि व्याकरण की काव्योचित बारीकियों की ओर ध्यान आकृष्ट करता है।

आचार्य भामह व्याकरण के अंगों को विभिन्न उपमाओं से संयोजित करते हुए व्याकरण अध्ययन की ओर प्रेरित करते हुए कहते है कि

सूत्राम्भसं पदावर्त्तं पारायणरसातलम्।
धातूणादिगणग्राहं ध्यानग्रहबृहत्प्लवम्।।
धीरैरालोकितप्रान्तममैधौभिरसूयितम्।
सदोपभुक्तं सर्वाभिरन्यविद्याकरेणुभिः।।[8]

व्याकरण रूपी सागर के सूत्र जल हैं, वार्तिक आवर्त्त हैं, भाष्य, कौमुद्दी आदि रसातल हैं, धातुपाठ, उणादि, गणपाठ आदि ग्राह (मकर) हैं। इस सागर को पार करने की नाव चिन्तन और मनन है। धीर व्यक्ति उसके तट को लक्ष्य बनाते हैं और बुद्धिहीन व्यक्ति उसकी निन्दा करते है।

आचार्य भामह व्याकरण निन्दकों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हुए समाधान करते है। व्याकरण की निन्दा उसकी जटिलता के कारण ही होती है। पारिभाषिक शब्दों की बहुलता और सूत्रशैली के कारण यह शास्त्र अत्यन्त दूरुह्य माना जाता है–

सूत्रै: पाणिनिनिर्मितैर्बहुतरैर्निष्पाद्य शब्दावलिं।
वैकुण्ठस्तवमक्षमा रचयितुं मिथ्याश्रमा: शाब्दिका:।।
पक्वान्नं विविधं श्रमेण विविधापूपाप्यसूपान्वितं।
मन्दाग्नीननुरुन्धते मितबलानाद्यातुमप्यक्षमान्।।

अर्थात् जिस प्रकार मन्दाग्नि वाले व्यक्ति के लिए नानाविध पक्वान्न निरर्थक हैं, उसी प्रकार वैय्याकरणों का नानाविध शब्दनिर्माण का प्रयास भी निरर्थक ही है क्योंकि समाज अपना काम बोलचाल की भाषा से ही चलाता है और विष्णु के स्तवन में सक्षम इस शब्दावली को पचा नहीं पाता।

इस सम्बन्ध में आचार्य भामह प्रत्युत्तर प्रदान करते है कि शब्दों की शुद्धता-अशुद्धता, सूक्ष्म एवं अन्तरंग अर्थ, प्रकृति-प्रत्य आदि का ज्ञान व्याकरण से ही सम्भव है अत: काव्य प्रणयन की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को व्याकरण का ज्ञान अर्जित करने का प्रयत्न करना चाहिए। दूसरे कवियों के शब्दप्रयोगों को देखकर, जो काव्यप्रणयन किया जाता है, भला उसमें आनन्द कहां।[9]

वस्तुत: जो कवि दूसरे कवियों के शब्दप्रयोगों से ही ज्ञानार्जन करते हैं, वे शब्दनिर्माण की सूक्ष्मता, अर्थ की अन्तरंगता, व्युत्पत्ति आदि को नहीं समझ पाते है। राजशेखर ने भी कहा-

पदान्तरं वेत्ति सुधी: स्ववाक्यपरवाक्ययो:।
तदा स सिद्धो मन्तव्य: कुकवि: कविरेव वा।।[10]

अर्थात् जो विद्वान् अपने और दूसरों के वाक्य में पदों के अन्तर को समझता है, वह कवि हो या कुकवि, उसे सिद्ध समझना चाहिए।

आचार्य भामह का कहना है कि जिसके शब्द अन्य कवि के शब्द प्रयोगों पर निर्भर हो अर्थात् जिसकी शब्द संयोजना पूर्ववर्ती कवियों पर आश्रित हो, ऐसा काव्य सरस होने पर भी विद्वानों को उसी प्रकार आनन्दित नहीं करता, जिस प्रकार दूसरों के द्वारा धारण की गई माला सहृदयों को आकर्षित नहीं करती।[11]

अत: व्याकरणाध्ययन परम आवश्यक है। यह विषय काव्यशास्त्र से नहीं बल्कि व्यावहारिक काव्यशास्त्र से सम्बद्ध है और उदीयमान कवियों को इससे लाभ प्राप्त होता है। चिन्ता का विषय यह है कि संस्कृत आचार्यों ने इसका महत्तव नहीं समझा और पारम्परिक काव्यशास्त्र तो क्या, कवि शिक्षा-काव्य समय से सम्बद्ध ग्रन्थ काव्यमीमांसा, अलंकारशेखर आदि में भी इसका समावेश नहीं हुआ। फिर भी भामह ने शब्दशुद्धि नामक परिच्छेद के माध्यम से व्याकरणशास्त्र एवं काव्यशास्त्र में सम्बन्ध प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महाभाष्य, पस्पशाह्निक
2. वाक्यपदीय,ब्रह्मकाण्ड/11
3. काव्यालंकार, 1/9
4. अवलोक्य मतानि सत्कवीनामवगम्य स्वधिया च काव्यलक्षम्।। काव्यालंकार, 6/64
5. न दूषणायायऽमुदाहृतो विधिर्न चाभिमानेन किमु प्रतीयते।। काव्यालंकार, 4/51
6. काव्यालंकार, 6/3
7. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, 2
8. काव्यालंकार, 6/1-2
9. काव्यालंकार, 6/4
10. काव्यमीमांसा, चतुर्थ अध्याय
11. काव्यालंकार, 6/5

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

यौन संबंधित अपराधों के पीड़ितों को मिलने वाले प्रतिकर के संबंध में विधायन एवं उसकी प्रक्रिया

मनीषा पटेल *

* रिसर्च स्कॉलर, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान किया गया है तथा लिंग के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया गया है, लेकिन हमारे आसपास के जीवन में ऐसी कई घटनाएं होती हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि लैंगिक भेदभाव की जड़े आज भी हमारे समाज में बहुत ही गहराइयों से अपने पैर पसारे हुए हैं। लैंगिक भेदभाव का ही एक घिनौना रूप लैंगिक अपराध है जो कि संविधान की आत्मा पर एक प्रहार है। लैंगिक अपराध को यौन हिंसा या यौन उत्पीड़न के नाम से भी जाना जाता है। जब भी किसी महिला या बच्चों के साथ यौन हिंसा होती है तो उन्हें अपूर्णीय मानसिक व शारीरिक क्षति तो होती ही है, साथ ही साथ पीड़ित धीरे-धीरे अवसाद की ओर अग्रसर होने लगता है। पहले यह माना जाता था कि यौन हिंसा केवल महिलाओं व लड़कियों के साथ ही होती है,परंतु आज लड़के भी बड़ी संख्या में यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं।

जब कोई बड़ा या वयस्क व्यक्ति अपनी यौन उत्तेजना के लिए एक बच्चे का उपयोग करता है, तो इसे बालक का यौन शोषण कहा जाएगा। यौन शोषण में एक बच्चे से चाहे पूछ कर या उस पर दबाव डालकर या अन्य साधनों से उसके साथ यौन गतिविधियों को करना,**बाल यौन शोषण** कहलाता है। यौन शोषण से पीड़ित बालक को, अपराध किए जाने के फलस्वरूप हुई हानि या क्षति की धन के रूप में दी गई सहायता **प्रतिकर** कहलाती है।

पीड़ित किसे कहा जाएगा ?

किसी भी अपराध में अपराधी को मात्र सजा दिलाने से पीड़ित को न्याय नहीं मिलता, अपितु पीड़ित को पूर्ण न्याय दिलाने हेतु उसे समुचित प्रतिकर दिलाना भी अत्यंत आवश्यक है। जिस व्यक्ति के साथ अपराध घटित हुआ है, मात्र उसे अकेला पीड़ित नहीं कहा जा सकता परंतु पीड़ित के साथ-साथ उसके आश्रित और अंतत: संपूर्ण समाज भी पीड़ित होता है।

सामान्यत: पीड़ित वह होता है, जो किसी अपराध के परिणामस्वरुप शारीरिक व मानसिक हानि या क्षति से व्यथित होता है। पीड़ित अर्थात ऐसा व्यक्ति जिसने व्यक्तिश: या सामूहिक रूप से शारीरिक व मानसिक क्षति, भावनात्मक कष्ट, आर्थिक हानि, मूल अधिकारों की क्षति या मौलिक नुकसान को सहन किया हो।

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 2(wa)के अनुसार 'पीड़ित' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी ऐसे कार्य या लोप के कारण कारित हानि या क्षति से पीड़ित है, जिसके लिए अभियुक्त व्यक्ति को आरोपित किया गया है तथा पद 'पीड़ित' में सम्मिलित है उसकी या उसका संरक्षक या विधिक उत्तराधिकारी।

मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 की धारा 2 (र) के अनुसार पीड़ित की परिभाषा – 'पीड़ित' से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जिसे अभियुक्त के आपराधिक कृत्य या लोप के कारण कोई हानि या क्षति कारित हुई है और पीड़ित पक्ष के अंतर्गत उसका संरक्षक या विधिक वारिश भी है किंतु इसमें ऐसा कोई भी व्यक्ति सम्मिलित नहीं है जो ऐसे व्यक्ति को क्षति के लिए उत्तरदायी हो।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लागू लैंगिक हमले/अन्य अपराध से पीड़ित महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना मुख्य रूप से पीड़ित महिलाओ व उनकी उत्तरजीविताओं के लिए निर्मित योजना है। योजना की धारा 2(o) अनुसार लैंगिक हमला पीड़ित अर्थात ऐसी महिला जिसने भारतीय दंड विधान की धारा 376 A से E तक, धारा 354 ए से D तक, धारा 509 सहित लैंगिक हमले के परिणामस्वरुप मानसिक या शारीरिक क्षति दोनों ही सहन की हो।

योजना की धारा 2 (P) में अन्य अपराध की पीड़ित/उत्तरजीविता महिला से तात्पर्य ऐसी महिला से है, जिसने अनुसूची में वर्णित अपराधों सहित धारा 304 बी, 326। 498। (अनुसूची में निर्दिष्ट शारीरिक क्षति की प्रकृति का होने की दशा में) जिसमें इनके प्रयत्न एवं दुष्प्रेरण भी शामिल है,ऐसे अपराधों के परिणामस्वरुप शारीरिक व मानसिक क्षति सहन की हो।

यौन शोषण से पीड़ित को मिलने वाले प्रतिकर के संबंध में विधिक प्रावधान– किसी भी पीड़ित को दिए जाने वाले प्रतिकर की अवधारणा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 प्राण व दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार तथा अनुच्छेद 38(1) एक राज्य के नीति निर्देशक तत्व एवं अनुच्छेद 41 में राज्य के दायित्व के रूप में समाहित है। इसी प्रकार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 एवम 357 (क) में दांडिक प्रकरणों में पीड़ित को प्रतिकर दिए जाने संबंधित प्रावधान है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 33(8) व नियम 9 में विशेष न्यायालय को पीड़ित बालक को प्रतिकर संदाय करने व उसके पुनर्वास हेतु, निर्देशित किए जाने की शक्तियां प्रदान की गई है । वर्ष 2018 में भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी, लैंगिक हमले व अन्य अपराध के पीड़ित महिला व उत्तरजीविता को, प्रतिकर प्रदान करने के लिए प्रतिकर योजना लागू की गई है।वर्तमान में मध्यप्रदेश में, पीड़ित को प्रतिकर दिलाने व उसके पुनर्वास हेतु 'मध्य प्रदेश

अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015'लागू है।

दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रतिकर – जस्टिस वी एस मलिमथ की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने, पीड़ितों के हितों को संरक्षित करने के लिए आपराधिक न्याय प्रशासन में सुधार पर की गई अनुशंसा के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2008 द्वारा धारा 357 क, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में अंत:स्थापित की गई थी। उक्त संशोधन 31 दिसंबर 2009 से प्रभावशील हुआ। धारा 357 क में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकार पीड़ित के लिए प्रतिकर और उनके पुनर्वास के लिए योजना बनाएगी और न्यायालय द्वारा सिफारिश किए जाने पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिकर की मात्रा विनिश्चित कर पीड़ित को प्रतिकर दिलाएगा:

1) यदि न्यायालय का समाधान होता है कि पीड़ित को दिलाए जाने वाला प्रतिकर, पुनर्वास के लिए पर्याप्त नहीं है या जहां आरोपी को दोषमुक्त या उन्मोचित किया जाता है और यदि पीड़ित का पुनर्वास आवश्यक है, तब भी न्यायालय पीड़ित को प्रतिकर दिलाने के लिए सिफारिश कर सकेगा।
2) पीड़ित प्रतिकर पाने के लिए आरोपी के अज्ञात होने या अदम शिनाख्त होने पर भी राज्यजिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन कर सकेगा।
3) प्राधिकरण प्रतिकर के संबंध में जांच 2 माह में पूरी कर पर्याप्त प्रतिकर पीड़ित के पक्ष में अधिनिर्णित करेगा।
4) विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़ित की यातना कम करने हेतु चिकित्सा के लिए आदेश कर सकता है। ऐसी चिकित्सा पीड़ित को पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी या मजिस्ट्रेट के प्रमाण–पत्र पर निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।
5) धारा 357 ख के अनुसार धारा 354 क के अधीन राज्य सरकार द्वारा संदेय प्रतिकर, भारतीय दंड विधान की धारा 326 क, 376 कख, 376घ, 376 घक, 376 घख के अधीन पीड़ित को जुर्माने का संदाय करने के अतिरिक्त होगा।
6) धारा 357 ग की प्रावधानों द्वारा सभी लोक एवं प्राइवेट अस्पतालों पर, सभी एसिड अटैक व बलात्कार के पीड़ितों को निशुल्क उपचार उपलब्ध करानेएवं ऐसी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिए जाने का दायित्व अधिरोपित किया गया है।

- टेकन उर्फ टेकराम बनाम मध्य प्रदेश राज्य 2016 (2) सी सी एस सी 577 (एस सी) में प्रतिपादित किया गया किअभियोक्ती एक दृष्टिहीन एवं अशिक्षित लड़की है, जिसे साथ आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया गया है। एससी ने अभिनिर्णित कि अभियोजन द्वारा आरोपी को युक्तियुक्त संदेह से परे सिद्धि किया गया। उच्चतम न्यायलय ने दोषसिद्धि और दंड के निर्णय को कायम रखा गया और अभियोक्ती को धारा 357क के अधीन बलात्कार के अपराध के लिए मुआवजे का हकदार निर्णय ठहराया गया। प्रत्युत्तारदाता राज्य को उस पीड़िता को जो शारीरिक रूप से विकलांग अर्थात दृष्टिहीन है उसके जीवन काल तक मुआवजे के रूप में प्रतिमाह रू 8000/– की धनराशि का भुगतान करने के लिए निर्देश दिए गए।

पीड़ित को प्रतिकर निम्न परिस्थितियों में दिलाया जा सकता है

1. जब आरोपी ज्ञात हो और विचारण के पश्चात आरोपी को दोष सिद्ध किया जाता है।
2. जहां मामले का परिणाम दोषमुक्ति या उन्मोचन है।
3. जब आरोपी अज्ञात हो।
4. जब आरोपी की शिनाख्त ना की जा सके।

तब निम्नलिखित परिस्थितियों में भी न्यायालय पीड़ित को प्रतिकर दिलाने हेतु सिफारिश कर सकता है।

जब कोई घटना राज्य के भीतर घटित होती है या राज्य के भीतर घटना की शुरुआत होने पर भी, पीड़ित प्रतिकर पाने का हकदार होगा परंतु यदि अपराध राज्य के बाहर घटित होता है और पीड़ित राज्य की सीमा में पाया जाता है तो विधिक सेवा प्राधिकरण उसे,थाने के भारसाधक अधिकारी या मजिस्ट्रेट के प्रमाण पत्र पर, मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आदेश दे सकता है। (इसके संबंध में मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 का बिंदु क्रमांक 5 आलोकनीय हैं)। परन्तु इसका एक अपवाद यह भी है कि यदि अपराध राज्य के बाहर घटित होता है और पीड़ित राज्य की सीमा के भीतर पाया जाता है तो वह संहिता की धारा 357 क की उपधारा (6) के अधीन अनुध्यात अंतरिम अनुतोष के लिए पात्र होगा।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लागू लैंगिक हमले या अन्य अपराध से पीड़ित/ उत्तरजीविता, महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018 के बिंदु 4 में पीड़ित महिला या उस पर निर्भर रहने वाले भी प्रतिकर पाने के पात्र होंगे।

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत प्रति कर पॉक्सो एक्ट की धारा 33(8) केअनुसार,।विशेष न्यायालय, बालक को शारीरिक या मानसिक आघात के लिए प्रतिकर या पुनर्वास का निर्देश दे सकता है। इस संबंध में पोक्सो नियम 2020 के नियम 9 में पीड़ित को दिए जाने वाले अंतरिम प्रतिकर की राशि का निर्धारण एवं पीड़ित के पुनर्वास के संबंध में प्रावधान किए गए हैं।

प्रतिकर राशि का निर्धारण करते समय विशेष न्यायालय बालक द्वारा उठाई गई शारीरिक व मानसिक क्षति, नियोजन की हानि, अपराधी व बालक का संबंध, बालक के दुरुपयोग की अवधि, अपराध के परिणामस्वरुप बालिका का गर्भवती होना, एसटीडी या एचआईवी से संक्रमित होना, अपराध के परिणामस्वरुप कार्य निशक्तता और बालक की वित्तीय स्थिति पर विचार करेगा। विशेष न्यायालय FIR के पश्चात पीड़ित को अंतरिम प्रतिकर प्रदान कर सकता है जो अंतिम प्रतिकर में समायोजित होगा। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण संशोधन अधिनियम 2019 द्वारा धारा 4 में उपधारा (3) तथा धारा 6 में उपधारा (2) अंत:स्थापित और प्रतिस्थापित की गई है, जिसके अनुसार इन धाराओं की उपधारा 1 के अधीन अभिरोपित जुर्माना न्यायोचित एवम युक्तियुक्त होगा और उसका संदाय ऐसे पीड़ित के चिकित्सीय गे और पुनर्वास की पूर्ति के लिए ऐसे पीड़ितों को किया जाएगा।

- बोधिसत्व गौतम विरुद्ध शुभ्रा चक्रवर्ती 1996 (1) एससीसी 490 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि न्यायालय को बलात्कार की पीड़ित महिला को अंतरिम प्रतिकर देने की शक्ति है जब तक विचारण न्यायालय अभियुक्त पर लगाए गए आरोप पर अपने निर्णय नहीं दे देता।

लैंगिक हमलों एवं अन्य अपराधों में पीड़ित उत्तरजीविता महिला को प्रतिकर के लिए योजना 2018 माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका सिविल क्रमांक 565/2012 निपुण सक्सेना विरुद्ध भारत संघ के मामले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को लैंगिक अपराधों एवं एसिड अटैक के पीड़ितों को प्रतिकर दिलाने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए

गए थे, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'लैंगिक हमलो एवम अन्य अपराधों की पीड़ित महिलाओ और उनके उत्तरजीविता को प्रतिकर के लिए योजना 2018' बनाई गई।

प्रतिकर प्रदान करने की प्रक्रिया– राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय से सिफारिश प्राप्त होने के 2 माह के भीतर जांच पूर्ण कर प्रतिकर प्रदान करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी या न्यायिक या कार्यपालक मजिस्ट्रेट या संबंधित क्षेत्र के सक्षम चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण–पत्र पर पीड़ित को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं अंतरिम अनुतोष प्रदान करने का आदेश जारी कर सकता है। बालात्संग/बाइर्डर क्रोमा से पीड़ित को पुनर्वास और सतत मूल्यांकन के लिए जिले के परीवीक्षा अधिकारी को सूचित किया जाएगा। यदि पीड़ित उत्तरजीविता को किसी अन्य अधिनियम या राज्य की अन्य स्कीम या बीमा (जिसकी किस्तों का भुगतान राज्य केंद्र शासन द्वारा किया गया हो) से प्राप्त अनुग्रहित राशि या भुगतान प्राप्त होता है तो, ऐसे अनुग्रह राशि के भुगतान को प्रतिकार योजना 2015 के अधीन प्रतिकर की राशि का एक अंश माना जाएगा। प्रतिकर की राशि का निर्धारण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस योजना की अनुसूची में दिए गए मापदंडों के आधार पर निश्चित किया जाएगा और यदि पीड़ित पक्षकार की समग्र स्रोतों से आय 5 लाख रुपए से अधिक है तो उसे अनुसूची 1 के समस्त शीर्षो में 50: राशि ही देय होगी।

- दिल्ली डोमेस्टिक वर्किंग वूमेंस फोरम विरुद्ध भारत संघ (1995) 1 एसीसी 14 तथा विकास यादव विरुद्ध उत्तर प्रदेश राज्य, दिल्ली उच्च न्यायालय क्रिमिनल अपील नंबर 910/2008 निर्णय दिनांक 6/02/2015 के उक्त दोनों ही मामलो में उच्चतम न्यायालय द्वारा यौन अपराधों से पीड़ित महिलाओं को प्रतिकर प्रदान करने तथा उनके पुनर्वास के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है।

पीड़ित पक्ष को प्रतिकर की राशि की अदायगी – मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के बिंदु क्रमांक 7 में इस बात का उल्लेख किया गया है कि पीड़ित को किस प्रकार प्रतिकार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अनुसार प्रतिकर राशि का संवितरण, आधार से जुड़े हुए बैंक खाते में किया जाएगा। यदि पीड़ित अवयस्क है तो ऐसी स्थिति में प्रतिकर की राशि उसके खाते में फिक्स डिपॉजिट के रूप में जमा की जाएगी, जो कि उसके शैक्षणिक एवं चिकित्सीय आवश्यकताओं में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या अपील प्राधिकरण द्वारा निर्णित सक्षम व्यक्ति द्वारा निकाला जाएगा।

प्रतिकर का नामंजूर किया जाना, रोकना अथवा कम करना – मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के बिंदु क्रमांक 8 के अनुसार यदि आवेदक ने बिना युक्तियुक्त कारण के अपराध की सूचना पुलिस को विलंब से दी है, या जहां आवेदक ने अपराधी को न्यायालय के समक्ष लाने में पुलिस या अन्य प्राधिकारी का सहयोग नहीं किया है, या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या अन्य प्राधिकरण को युक्तियुक्त सहयोग नहीं किया है या पीड़ित की पात्रता, जो तथ्यों तथा मामले की परिस्थितियों से प्रगट होती है प्रतिकर की राशि को न्यायोचित नहीं ठहराती है वहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिकर की राशि को नामंजूर कर सकेगा, रोक सकेगा और उसे कम भी कर सकेगा।

आश्रित होने का प्रमाण–पत्र – मध्य प्रदेश प्रतिकार योजना 2015 के बिंदु क्रमांक 2(1) में परिभाषित पीड़ित आश्रित कौन होगा, इसका निर्धारण प्रार्थी की तहसील के तहसीलदार या सक्षम प्राधिकारी करेंगे। योजना के बिंदु क्रमांक 9 के अनुसार प्रार्थी द्वारा आवेदन जमा करने के 15 दिन के भीतर, प्रार्थी की तहसील के तहसीलदार या शासन द्वारा समय–समय पर नामित सक्षम प्राधिकारी द्वारा आश्रित प्रमाण–पत्र जारी किया जाएगा।

परिसीमा काल– ऐसे प्रकरण जिसमे पीड़ित ज्ञात है परंतु अपराधी का पता नहीं चल पाता है या उसकी शिनाख्त नहीं हो पाती है तो, ऐसी स्थिति में पीड़ित या उसके आश्रित द्वारा कोई भी दावा, अपराध घटित होने के 180 दिनों के भीतर ही पेश चाहिए किया जाना चाहिए। 180 दिनों के बाद प्रस्तुत कोई भी दावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रहण नहीं किया जाएगा। परंतु यदि प्राधिकरण का समाधान हो जाता है कि उक्त दावे को फाइल करने युक्तियुक्त कारणों से देरी हुई है तो वह कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात दावा प्रस्तुत करने की देरी को माफ कर सकता है (इसके संबंध में मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना का बिंदु क्रमांक 10 अवलोकनीय हैं)।

अपील किया जाना– यदि किसी पीड़ित या उसके आश्रित का दावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा खारिज कर दिया जाता है तो वह उक्त आदेश के विरुद्ध 90 दिनों के भीतर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष अपील कर सकता है और यदि वह राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश से व्यथित है तो वह आदेश दिनांक से 30 दिनों की अवधि के भीतर द्वितीय अपील गृह विभाग को कर सकता है (इसके संबंध में योजना का बिंदु क्रमांक 11 अवलोकनीय है)।

उपसंहार –इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि राज्य तथा केंद्र स्तर पर पीड़ित को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनेक योजनाएं वर्तमान में लागू है परंतु यदि धरातल स्तर पर देखा जाए तो बहुत कम पीड़ितों को इन योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि बहुत से नागरिकों को इन योजनाओं के बारे में ज्ञान ही नहीं है। पीड़ित,आरोपी से क्षतिपूर्ति के रूप में कुछ रुपए ले लेते हैं और न्यायलय में जाकर घटना के संबंध में पक्षद्रोही हो जाते है। आरोपी पक्ष द्वारा जो राशि पीड़ित पक्ष को दी जाती है वह इन योजनाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रतिकर की राशि से बहुत ही कम होती है। थाने में जब यौन अपराध संबंधित सूचना पीड़ित द्वारा दी जाती है तभी यदि उन्हे यह बता दिया जाए कि उन्हें शासन के द्वारा अलग–अलग अपराधों के मामले में 1लाख से लेकर 10 लाख तक की राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है तो ऐसी स्थिति में पीड़ित पक्ष का आरोपी से कुछ रकम लेकर न्यायलय में पक्षद्रोही नहीं होंगे। पीड़ित पक्षकार को यह इस बात की भी जानकारी दिया जाना उचित होगा कि उन्होंने जिस भी घटना के संबंध में थाने में सूचना दी है उस घटना को उन्हें न्यायालय में बताए जाना आवश्यक है और यदि घटना के सम्बंध में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी तो सूचना देने वाले के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। पीड़ित पक्षकार को प्रतिकर योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें शासन की योजनाओं से अवगत कराया जाए तथा इन योजनाओं का कठोरता से पालन किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. भीमसेन खेत्रपाल, डॉक्टर पूजा खेत्रपाल–दंड प्रक्रिया संहिता1973, पब्लिकेशन– पूजा लॉ हाउस।
2. देवेंद्र बागड़ी– लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पब्लिकेशन– इंडिया लॉ हाउस इंदौर।
3. महेश चावला –पीड़ित प्रतिकर कानून पब्लिकेशन– एएमजी पब्लिकेशंस।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

मानवाधिकार और महिला

डॉ. राहुल चौधरी* अंजु कुमारी**

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – महिलाएं समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसके बिना किसी भी समाज को पूर्ण नहीं माना जा सकता। समाज में शुरूआत से ही महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है जिसके आधार पर आदिकाल में ही उनकी शक्तियों को पहचान लिया गया था। इनकी इन्हीं शक्तियों को पहचानने के पश्चात् भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में समान रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भारत की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है इसके बावजूद इन्हें आज भी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। स्वतंत्रता से पहले महिलाओं की स्थिति अत्यंत शोचनीय थी। किन्तु संविधान निर्माण के समय महिलाओं को स्वतंत्रता व समानता के अधिकार प्रदान करने हेतु विशेष रूप से प्रावधान किये गये। भारतीय साहित्य में भी महिलाओं पर हुए अत्याचारों को कविताओं, लेखों, नाटकों आदि के माध्यम से उजागर किया गया। महिला विश्व का पालन पोषण करती है, परंतु उसकी सदा निंदा की जाती रही है। उसका सदैव उत्पीड़न एवं शोषण होता रहा है। समाज में प्रत्येक स्थान पर उसके साथ अभद्र व्यवहार और छेडछाड़ होती है। पुलिस भी महिलाओं पर आक्रमण होते हुए देखकर भी अनदेखा कर देती हैं बलात्कार, दहेज, उत्पीड़न, हत्या आदि के जो भी मामले सामने आते हैं उनके दोषी सबूत न मिल पाने के कारण छूट जाते हैं। देश के कई हिस्सों में बाल–विवाह की त्रासदी कन्याएं भोग रही है। महिलाओं को जलाकर मारना तरह–तरह की शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं देना, अपहरण करके वेश्या बना देना आदि अब कोई बड़ी बात नही रह गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 1945 से प्रारम्भ मानवाधिकार एवं महिला आन्दोलनों ने लिंग भेदभाव एवं असमानता के प्रश्नों कों अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मंचों पर राजनैतिक मुद्दों के रूप में प्रस्थापित किया। 1967 में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा महिलाओं के प्रति भेदभाव समाप्त करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया इसके अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया है कि महिलाओं की चाहे वे विवाहित हो या अविवाहित पुरूषों के साथ आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में सभी समान अधिकार प्रदत्ता किये जाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिला सहयोग की अपेक्षा करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला योगदान व महिला की सकारात्मक तथा रचनात्मक भूमिका के महत्व को स्वीकार करते हुए महिला जगत के उत्थान के कार्यक्रम बनाये। महिलाओं के उत्थान के संदर्भ में सम्पूर्ण विश्व में महिला उत्थान व विकास के प्रति चेतना जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की महासभा में 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें महिला शिक्षा, रोजगार, लिंग भेदभाव मिटाने, नीति निर्धारण में महिलाओं को सम्मिलित करने एवं समान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, नागरिक अधिकार देने की घोषणा की गई।

विश्व में महिलाएं बिना भेदभाव, अन्याय या हिंसा से बिना डरे अपनी प्रगति कर सकें एवं समाज के उत्थान एंव विश्व शांति में अपना सक्रिय योगदान दे सकें इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु 18 दिसम्बर 1970 को असेंबली में Convention of the Elimination of all forms of Discrimination against women पारित किया गया इसे महिलाओं का 'बिल ऑफ राईट' भी कहा जाता है। इसे 3 सितम्बर, 1981 में लागू किया गया, तभी से महिलाओं के मूलभूत अधिकारों का संरक्षण करना संयुक्त राष्ट्र संघ का धर्म बन गया।

महिलाओं के साथ किए जा रहे भेदभाव को दूर करने के लिए विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय और क्षेत्रिय सम्मेलनों में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये है। महिलाओं की स्थिति से सम्बद्ध आयोग ने 1974 की अपनी रिपोर्ट में महिलाओं के साथ भेदभाव का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि 'लिंग के आधार पर विशिष्टता प्रदान करना, वंचित करना या प्रतिबंध लगाना जिसकी परिणति या प्रभाव मानव अधिकारों को नकारने या उनका उपयोग करने से रोकने मे ही तथा राजनीतिक,आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सार्वजनिक जीवन के किसी अन्य क्षेत्र में मूलभूत स्वतंत्रताओं के हनन के रूप में हो।'

भारत में महिलाओं को संवैधानिक तथा कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए जनवरी, 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की गई। साथ ही ग्रामीण महिलाओं के कल्याण के लिए हर राज्य में महिला आयोग की शाखा का गठन किया गया। यह आयोग संवैधानिक संस्था है एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति सजग है।

21वीं सदी के प्रारम्भ होते ही प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन एवं विज्ञान तथा तकनीकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करने के साथ महिला अधिकारों को सुरक्षित रखने हेतु सरकार ने भारतीय दण्ड संहिता 498 के अन्तर्गत महिला को परेशान करने, उस पर जुल्म करने, उसे परेशान करने वाला वातावरण। निर्मित करने तथा उस पर हिंसा के खिलाफ दण्ड का प्रावधान है। महिला अधिकारों का हनन रोकने, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग तथा राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की

गई है जो महिलाओं को शोषण से स्वतंत्र करवाकर अधिकारों के प्रति उत्साहित करने का कार्य कर रही है।

यह हमारा दुर्भाग्य है कि आज भी उन्हे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपेक्षा, भेदभाव, प्रताड़ना एवं अत्याचारों आदि का सामना करना पड़ता हैं। हाल ही में पारित कानून महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने से सम्बद्ध है। विश्व में केवल पांच देशों में ही महिलाएं संसद की 30 प्रतिशत सीटों पर आसीन है, जबकि 36 देशों में 5 प्रतिशत से कम संसदीय पद उनके पास है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा तैयार कराई गई 10वीं वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आज भी विश्व में सबसे बड़ा भेदभाव लिंगभेद है। महिलाओं की आपनी स्वयं की मनोवृतियों में भी परिवर्तन अपेक्षित है यह परिवर्तन शिक्षा एवं आर्थिक स्वायत्तता, चेतना एवं संगठनात्मक प्रयासों द्वारा सम्भव है। अत: विश्व समाज में महिला चेतना व उसके अधिकारों के प्रति जो उत्साह जागा है उसका लाभ सारी विषमताओं व असमानताओं के रहते हुए भी भारतीय महिलाओं को क्रमिक रूप से शनै:शने: मिल सकता है। महिलाओं को जो अधिकार मिले, साधिकार मिले इसी में उसकी व समाज की प्रशङ्नता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अल्तेकर ए.एस. : पोजिशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिवलाईजेशन कल्चर, पब्लिशिंग हाउस, बनारस (1938)
2. अस्थाना पी. : वीमेन्स मूवमेंट इन इण्डियां, दिल्ली (1974)
3. डॉ. चव्हाण कदम शैला : 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण।
4. डॉ. कटारिया सुरेन्द्र : मानवाधिकार सम्य समाज एवं पुलिस, आर.बी.एस. पब्लिशर्स, जयपुर (2003)
5. कपूर, सुधा : 21वीं सदी में मानव अधिकार।
6. सामाजिक कल्याण पत्रिका, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

महिला उद्यमिता का ग्रामीण विकास में योगदान

कमल सिंह मालवीय* डॉ. आर.के. बाकलीवाल **

* शोधार्थी, शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत
** निर्देशक, शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत अति लघु शोध में हमने महिला उद्यमिता को उजागर करते हुए यह बताने का प्रयास किया है कि महिला उद्यमिता ग्रामीण विकास में सहायक है क्योंकि आज भारत की 70% से अधिक आबादी गांव में रहती हैं तथा गांव की महिलाएं यदि स्वयं के रोजगार उत्पन्न करेगी तो हमारे देश की जीडीपी भी बढ़ेगी तथा गांव की जनसंख्या की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं तथा शासन के द्वारा महिला उद्यमिता को कई वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋण भी प्रदान किया जा रहा है साथ ही साथ इन ऋणों पर शासन सब्सिडी भी प्रदान करती है।

ग्रामीण उद्यमिता का विकास 1948 से ही प्रारंभ हो गया था विभिन्न प्रकार के राजनीतिक व्यक्ति जैसे महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू इत्यादि का मानना था कि भारत में यदि उद्यमिता विकास हुआ तभी भारत का विकास हो सकता है। अत: पंचवर्षीय योजनाओं में ज्यादातर उद्यमिता विकास पर जोर दिया गया वही आज भारत सरकार द्वारा कई उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनमें महिलाओं को उद्योगों के प्रति आगे लाया जा रहा है गांव की महिलाएं जोकि मजदूरी करने के लिए मजबूर थी। आज अपने कदमों पर खड़ी है तथा स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं इस व्यवसाय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आर्थिक स्थिति तो बेहतर हो रही हे साथ ही साथ देश की जीडीपी में भी इन ग्रामीण महिला उद्यमियों का विशेष योगदान बढ़ रहा है।

अत: हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि ग्रामीण विकास में महिला उद्यमियों के साथ मिलकर शासन भी अपना विशेष योगदान दे रही है।

प्रस्तावना – महिला उद्यमिता आज भारत में एक नई शुरुआत बनकर उभरी हुई है क्योंकि महिलाओं को उद्योगों के प्रति सजग करना भारत के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है महिला उद्यमिता में अधिकतर देखा गया है कि शहरी महिलाएं उद्योगों के प्रति पूर्व से ही जागरूक रही हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में आज भी उद्यमिता के प्रति महिलाओं का रुझान काफी कम देखा गया है महिलाओं की आर्थिक दशा को देखते हुए भारत सरकार द्वारा महिला उद्यमिता हेतु कई सजग प्रयास किए गए महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा छोटे-छोटे कई उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाए गए जिनके अंतर्गत महिलाओं को उद्यमिता के प्रति प्रशिक्षित किया गया तथा उद्यमिता में रुचि से कार्य करने के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए गए।

वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो आज हमारे देश की अधिकांश जनसंख्या गांव में निवास करती हैं तथा गांव की आर्थिक दशा शहर की तुलना में काफी कमजोर होती हैं। आज गांव की महिलाओं की स्थिति शहर की महिलाओं की तुलना में काफी अलग है आज शहरी महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हुई है। वह स्वयं के रोजगार उत्पन्न कर रही है तथा अन्य क्षेत्रों में विकास पा रही है लेकिन गांव की महिलाएं आज भी मजदूरी पर निर्भर है क्योंकि उनके पास अपना स्वयं का कुछ भी रोजगार नहीं है परंतु 1992 के पश्चात भारत में उद्यमिता से संबंधित कई प्रयास किए गए इन प्रयासों में गांव की महिलाओं हेतु कई सकारात्मक परिणाम सामने आए तथा धीरे-धीरे गांव की महिलाएं प्रशिक्षित होने लगी तथा अन्य असहाय महिलाओं को भी प्रशिक्षित करने लगी अत: कहा जा सकता है कि ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता के प्रति अपनी रुचि दिखा रही है। शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूह के सहयोग से महिलाएं अपना स्वयं का निजी व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं जिससे कि वहां बेरोजगार ना होकर स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो रही है साथ ही साथ अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं देखा जाए तो पुराने समय में महिलाओं के पास सिर्फ और सिर्फ मजदूरी ही एक मात्र विकल्प था। लेकिन आज के इस आधुनिक युग में महिलाओं के पास स्वयं के रोजगार हैं।अत: महिला उद्यमिता के द्वारा आज ग्रामीण जनसंख्या की आर्थिक दशा सुधरी हुई है तथा साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक दशा सुधरने से भारत की जीडीपी में भी विकास हुआ है अत: हम सीधे शब्दों में कह सकते हैं कि महिला उद्यमिता ओं के विकास से आज ग्रामीण विकास भी तेजी से हो रहा है।

परिकल्पना– महिला उद्यमिता के द्वारा हमने निम्न परिकल्पना ए इस अति लघु शोध में रखी है।

1. महिलाओं को रोजगार के अवसर पर्याप्त प्राप्त है।
2. ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता के प्रति अपनी रुचि रखती हैं।
3. ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता के विकास से जीडीपी में वृद्धि हुई है।

शोध प्रविधि– महिला उद्यमिता के द्वारा ग्रामीण विकास हेतु हमने हमारे इस अति लघु शोध में शोध प्रविधि के रूप में द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया है क्योंकि प्राथमिक आंकड़ों के द्वारा हम शोध को ज्यादा बड़ा नहीं कर सकते अत: इस अति लघु शोध में विभिन्न पत्रिकाएं समाचार शासकीय वेबसाइट इत्यादि का द्वितीयक आंकड़ों के रूप में प्रयोग किया है।

उद्देश्य– महिला उद्यमियों के द्वारा ग्रामीण विकास का विशेष योगदान रहा है क्योंकि अधिकतर महिलाएं भारत में ग्रामों में ही निवास करती हैं अत: हम

इसके निम्न बिंदुओं में उद्देश्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. महिलाओं की स्थिति को उजागर करना।
2. महिलाओं को रोजगार की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना।
3. महिला उद्यमियों को ग्रामों के विकास से जोड़ना।
4. महिला उद्यमियों के उद्योगों को गांव की ओर अग्रसर करना।
5. महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार की संभावनाएं उत्पन्न करना।
6. बेरोजगार महिलाओं को रोजगार दिलाना तथा महिलाओं को स्वयं जिम्मेदार बनाना।
7. गांव के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना।
8. गांव के विकास से भारत की जीडीपी दर में वृद्धि करना इत्यादि।
9. समाज की सभी महिलाओं वर्गों को उद्यमिता के लाभ व आवश्यकता की जानकारी प्रदान करना।
10. ग्रामीण महिला उद्यमियों के विकास में बाधक हो रहे कारकों का पता लगाना तथा उनके निराकरण के संभावित उपायों की खोज करना।

ग्रामीण महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम– भारत सरकार द्वारा गांव की महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनके द्वारा आज महिलाएं स्वयं का रोजगार पा रही हैं तथा देश का तथा अपने गांव का विकास कर रहे हैं ग्रामीण उद्यमिता हेतु निम्न उद्यम पाए जाते हैं।

कुटीर उद्योग– कुटीर उद्योगों के अंतर्गत ऐसे छोटे–छोटे उद्योग आते हैं जोकि घरों के अंदर ही किए जाते हैं जैसे कि सिलाई उद्योग हथकरघा उद्योग भेड़ बकरी उद्योग मुर्गी पालन पशुपालन मिट्टी के द्वारा बर्तन बनाना बेकरी उद्योग वस्तुओं पर कढ़ाई करना इत्यादि छोटे–छोटे व्यवसाय कुटीर उद्योगों के अंतर्गत आते हैं।

लघु उद्योग– ग्रामीण आबादी में लघु उद्योग कृषि से संबंधित तथा पशुपालन से संबंधित ही रहता है जैसे कि दूध उत्पादन एवं दूध से जुड़ी वस्तुएं बनाना तथा पशुओं से ऊन प्राप्त करना इत्यादि।

वृहद उद्योग– ग्रामीण आबादी में अधिकतर वृहद उद्योग नहीं पाए जाते।

अत: भारत सरकार द्वारा कुटीर उद्योग के संचालन हेतु विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म वित्ता की सहायता की जाती है तथा इन सूक्ष्म वित्त ऋण पर विशेष प्रकार की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है।

उद्योगों की स्थिति छठी आर्थिक गणना के अनुसार

कुल उद्यम		119668		
कृषि उद्यम	(ग्रामीण)	30063	(नगरी)	2016
गैर कृषि उद्यम	(ग्रामीण)	27269	(नगरी)	60335
योग	(ग्रामीण)	57332	(नगरी)	62351

ग्रामीण उद्योग का आशय–'ग्राम–उद्योग' की परिधि में वे सभी उद्योग–धंधे आते हैं जो ग्रामवासी अपने घरों के आस–पास पारम्परिक रीतियों अथवा जाति–विशेष के कौशल का उपयोग करते हुए निष्पादित करते हैं। यही कारण है कि सामान्यतया स्थानीय कच्चे माल, कौशल, पूँजी, तकनीक, उपभोग पर आधारित उत्पादन को ग्रामोद्योग की संज्ञा दी जाती है। ऐसे उद्योग को कुटीर उद्योग, लघु उद्योग एवं कृषि आधारित उद्योग कहते हैं। ग्रामीण उद्योगों के विकास–विस्तार की दिशा में नियमित कार्यशील संस्था खादी और ग्रामोद्योग आयोग के संशोधित अधिनियम 1987 के अनुसार ग्रामोद्योग का अर्थ है ग्रामीण क्षेत्र, जिसकी जनसंख्या 10 हजार या इसके आस–पास हो, में स्थापित कोई उद्योग जो बिजली का इस्तेमाल करके या बिना इस्तेमाल किए कोई वस्तु उत्पादित करता हो या कोई सेवा करता है। जिसमें स्थिर पूँजी निवेश (संयंत्र, मशीनरी, भूमि और भवन में) प्रति कारीगर या कार्यकर्ता 15,000 रुपये से अधिक न हो। 1949–50 के भारतीय संरक्षण आयोग ने कुटीर एवं लघु उद्योग को अलग–अलग परिभाषित किया है।

वास्तव में कुटीर उद्योग घर में चलाया जाने वाला यानी पारिवारिक माहौल में उत्पादन करने वाला घरेलू उद्योग होता है लेकिन लघु उद्योग का अर्थ उन उद्योगों से लिया जाता है जो छोटे स्तर पर उत्पादन करता हो। इसकी परिभाषा पूँजी निवेश, प्रबंध एवं अन्य स्थितियों पर बदलती रही है। अंतत: यह स्वीकारना होगा कि कुछ मामलों में लघु उद्योग, ग्रामीण उद्योग एवं कुटीर उद्योग आपस में मेल खाते हैं। कुल 26 उत्पाद ग्रामोद्योग के अंतर्गत आते थे। लेकिन वर्ष 1990–91 के दौरान इसमें 70 नए उत्पाद शामिल किए गए। अब कुल 96 वस्तुओं के उत्पादक ग्रामोद्योग हैं जिन्हें खनिज आधारित उद्योग, वनाधारित उद्योग, कृषि आधारित उद्योग, चमड़ा और रसायन उद्योग, गैर परम्परागत ऊर्जा और इंजीनियरिंग उद्योग, वस्त्रोद्योग तथा सेवा उद्योग नामक समूहों में बाँटा गया है। ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में इन उद्योगों का स्थान काफी महत्तवपूर्ण माना गया है।

ग्रामीण उद्यमिता का विकास– आजादी के बाद लघु उद्योगों के विकास के लिये अत्यधिक प्रयास किए गए। सन 1948 में देश में कुटीर उद्योग बोर्ड की स्थापना हुई तथा प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में इनके विकास हेतु 42 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई। फिर 1951, 1977, 1980 एवं 1991 की औद्योगिक नीतियों की घोषणाओं में लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रमुख स्थान दिया गया है। सबके मिले–जुले प्रयासों से लघु उद्योगों की प्रगति हुई तथा इससे देश में बेरोजगारी दूर करने तथा अर्थव्यवस्था को सुधारने मे काफी मदद मिली है। इस बात की पुष्टि कुछ आँकड़ों से होती है।

देश में पंजीकृत तथा कार्यरत लघु औद्योगिक इकाइयों की गणना पहली बार 1972 में पूर्ण हुई थी जिसमें 1.40 लाख इकाइयों की गणना की गई थी। वर्तमान गणना 15 वर्ष बाद 1988 में संपन्न हुई है जिसके अनुसार देश में 5.82 लाख इकाइयां कार्यरत हैं। 15 वर्षों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि उत्पादन, रोजगार व अन्य दृष्टि से लघु औद्योगिक क्षेत्र ने उच्च वृद्धि दर प्राप्त की है। इनसे वर्ष 1972–73 में 16.53 लाख लोगों को रोजगार मिला था वह वर्ष 1987–88 में बढ़कर 36.66 लाख तक पहुँच गया। निर्यात में भी वृद्धि की दर अधिक रही है। वर्ष 1972–73 में 127 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था जो वर्ष 1987–88 में बढ़कर 2,499 करोड़ रुपये हो गया। रोजगार एवं निर्यात की सम्भावना को देखते हुए सरकार ने लघु उद्योगों के विकास के लिये आवंटन में सातवीं योजना के मुकाबले में आठवीं योजना में चौगुनी वृद्धि की है। अत: आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उद्यमिता ने काफी वृद्धि की है आज समय है कि महिलाएं आगे बढ़ कर उद्यमिता को बढ़ाएं तथा उसके प्रति सजग रहें।

ग्रामीण उद्यमिता के प्रति राजनीतिक विचार– गाँवों के विकास में लघु एवं कुटीर उद्योग की भूमिका को स्पष्ट करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था:'जब तक हम ग्राम्य जीवन को पुरातन हस्तशिल्प के सम्बंध में पुन: जागृत नहीं करते, हम गाँवों का विकास एवं पुनर्निर्माण नही कर सकेंगे। किसान तभी पुन: जागृत हो सकते हैं जब वे अपनी जरूरतों के लिये गाँवों पर ही निर्भर रहें न कि शहरों पर, जैसा की आज।' उन्होनें आगे कहा था– 'बिना लघु एवं कुटीर उद्योगों के ग्रामीण किसान मृत है, वह केवल भूमि की

उपज से स्वयं को नहीं पाल सकता। उसे सहायक उद्योग चाहिए।' गाँधीजी ने परतंत्रता काल में भारतवासियों की दुर्दशा देखने के बाद राष्ट्रीय आन्दोलन एवं विकास की दृष्टि से एकादश व्रत के साथ-साथ कुछ रचनात्मक कार्यक्रम तय किए थे। इसमें खादी और दूसरे ग्रामोद्योग को ग्राम विकास की दृष्टि से काफी महत्तवपूर्ण माना जा रहा है।

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू यद्यपि देश के तीव्रगामी विकास के लिये बड़े उद्योगों को अधिक महत्व देते थे, फिर भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु गाँवों में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना पर बल दिया करते थे। उनका मानना था कि गाँवों के विकास के लिये घरेलू उद्योग का विकास स्वतंत्र इकाइयों के रूप में किया जाना आवश्यक है।

निष्कर्ष- महिला उद्यमिता के द्वारा आज प्रत्येक महिलाओं को स्वयं का रोजगार प्राप्त हुआ है तथा महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हुई है महिलाएं छोटे छोटे उद्योगों को प्रारंभ करके स्वयं का रोजगार प्राप्त कर रही हैं तथा अपने आर्थिक दशा को सुधार रहे हैं महिलाएं मजबूर होकर मजदूरी करती थी आज वहां अपने स्वयं के रोजगार उत्पन्न कर रही हैं क्योंकि आज महिलाएं छोटे से छोटे काम को भी बहुत गंभीरता से करती अत: यही विशेष कारण है कि उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का यह कदम विशेष रहा क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक गंभीर तथा अपने काम के प्रति सजग रहती हैं।

आज हमारे भारत देश में 70% से अधिक आबादी गांव में निवास करती है अत: महिलाएं जो की नगरी क्षेत्र में रहकर उद्यमिता विकास कर रही है साथ ही साथ चाहिए कि ग्रामीण महिलाएं भी उद्यमिता विकास करें क्योंकि महिलाओं की ज्यादा संख्या गांव में ही निवास कर रही हैं वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो कुटीर उद्योगों में महिलाओं का योगदान विशेष रहा है क्योंकि आज ग्रामीण आबादी की महिलाएं उद्यमिता में कुटीर उद्योगों के प्रति अपनी रुचि दिखा रही है वहीं दूसरी ओर भारत सरकार भी ग्रामीण महिला उद्यमियों को विशेष प्रकार के वित्ता ऋण प्रदान कर रही हैं तथा उस ऋण पर सब्सिडी भी प्रदान कर रही हैं अत: देखा जाए तो शासन तथा भारत की ग्रामीण महिलाएं दोनों मिलकर उद्यमिता की ओर अग्रसर हो रही है अत: उद्यमिता विकास भारत की जीडीपी बढ़ाने में काफी सहयोगी है हम कह सकते हैं कि महिला उद्यमिता ग्रामीण विकास में अपना योगदान दे रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नईदुनिया भोपाल।
2. शोध सरीता।
3. www.Shodhganga.com
4. www.agri.co.in.
5. www.apexbank.mp.in.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

संस्कारों का दर्पण नारी

डॉ. अर्चना बापना *

* एडवान्स महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति में नारी को निर्माण और विकास का आधार स्तम्भ माना गया है। सामज की सुख, शान्ति और सृजन नारी के हाथों में ही है। कवि रविन्द्रनाथ ठाकुर कहते है, 'सृष्टि की सर्वोत्तम कृति है स्त्री।' सचमुच समाज की गतिशीलता और जीवन की परिपूर्णता का आधार है स्त्री। पुरूष की उत्पादक, धारक, पोशक, रक्षक एवं संवर्धक सभी भूमिकाओं में स्त्री मौजूद है। विनय, विवेक, सहनशीलता, सरलता, मृदुलता, सुन्दरता तो स्त्री के स्वाभाविक गुण है।

घर की लक्ष्मी, कुल की शान, कुटुम्ब की प्राण, समाज व राष्ट्र की चेतना का सजीव प्रतीक है – नारी जिसमें धरती जैसा धैर्य, सहिष्णुता, सागर जैसी गम्भीरता व विशालता, चन्द्र जैसी शीतलता (पवित्रता) और वृक्ष जैसी परोपकार–परायणता है।

देश, समाज व परिवार में स्नेह, वात्सल्य, ममता, प्रेम की अमृतधारा यदि कोई बहा सकता है तो वह है स्त्री का हृदय, स्त्री ही सभ्य समाज की निर्मात्री है। उसके बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। स्त्री के बिना घर व संस्कारों का निर्माण भी असम्भव है।

नारी को घर की धुरी माना जाता है। नारी चाहे तो घर को उद्यान बनाकर षोभा बढ़ा सकती है और उकरड़ा बनाकर शोभा खत्म भी कर सकती है।

नारी घर को उज्जवल प्रकाश से प्रकाशित भी कर सकती है और घोर अन्धाकार से कलुशित भी। इस धरा पर जन्म तो हमने 'नारी' के रूप में ले लिया है, किन्तु अब फैसला हमारे ही हाथ में है कि हम अपने जीवन में कौन सा पात्र प्रस्तुत करें। सुपात्र बनकर घर को सुशोभित करें या कुपात्र बनकर उसे कलंकित करें।

घर के सदस्यों को विलासी–विकारी बनाये या विश्वासी विनीत ? घर के आँगन में हम आग लगाये या उसे बगीचा बनायें। कहा जाता है कि सुंस्कारी नारी से किया गया विवाह तूफान के बीच बन्दरगाह के समान है और कुनारी या असंस्कारी नारी से किया गया विवाह बन्दरगाह में तूफान के समान होता है।

सन्नारी से तात्पर्य – सुसंस्कारी नारी विवाह करके नारी घर में लाते समय प्राय: हम ऊँचाई, रूप–रंग और धन सम्पदा को प्रधानता देते है किन्तु संस्कारों की सदाचार को देखना ही नहीं चाहते है, जो हाईट, व्हाइट, लाइट और ब्राइट (बाहरी चमक–दमक) में ही लिप्त रहता है, उसके दिमाग की नसें सदा तनावग्रस्त रहती है। इसलिये वहाँ हर रोज लड़ाई होती रहती है। वहाँ के सदस्यों को सुख–शान्ति से जीवन बिताने का अधिकार भी प्राप्त नहीं हो पाता।

जहाँ एक ओर सुसंकारी या सुसंस्कृत नारी सम्पूर्ण परिवार को मारने वाली बनती है, वहीं सुसंस्कारी या असंस्कृत नारी उसमें (आग लगाने वाली) मारपीट कर आघात करने वाली, मारने वाली बन जाती है।

संस्कारी नारी संस्कारों की सुगन्ध परिवार के परिसर में फैलाकर घर के छोटे–बड़े प्रत्येक सदस्य का दिल जीत लेती है। सत्कार्यों की प्रबल प्रेरणा का स्रोत बन कर घर को स्वर्ग में बदल डालती है। वहीं कुसंस्कारी नारी जब घर में आती है तब घर की पूर्ण शान्ति को भी नष्ट कर डालती है। उस घर में दुर्गुण अपना प्रभाव जमा लेते है और उसका वातावरण जीने लायक नहीं रहने देती। उस समय यदि संस्कारी या सुंस्कारी नारी हुई तो वह विषमता–कटुता–मनो मालिन्य के तूफान को भी शांत कर देती है एवं धैर्य षान्ति का साम्राज्य स्थापित करने में खरी उतरती है। कुसंस्कारी नारी अपनी स्वच्छन्द मनोवृत्ति से घर के प्रत्येक सदस्य के मन में अलगाव बढ़ा देती है और वह सज्जनों की नजर में धिक्कार व अपमान की पात्र होती है।

आर्य संस्कृति वाले इस भारत देश को दुनिया में जगदगुरू का विशेषण प्राप्त है। हम अत्यन्त सौभाग्यशाली है कि हमें प्रारम्भ से ही आर्य संस्कृति के संस्कार अपनी जन्म घुट्टी के साथ प्राप्त हुए है।

इतिहास गवाह है कि इतिहास के पृष्ठों पर अंकित महासतियों सन्नारियों की संस्कार वर्धक गौरवशालिनी शौर्य एवं सत्य भरी जीवन गाथाएँ (कथाएँ) पढ़कर श्रवणकर मंच पर अभिनीत रूप में प्रत्यक्ष देखकर हमारा सीना गर्व से फूल जाता है। पन्याधाय का पुत्र समर्पण सीता का अभूतपूर्व त्याग, इन्दिरा गाँधी का देश के समर्पण और सुचिता कृपलानी, मदर टेरेसा, रानी लक्ष्मीबाई, रानी पदमावती, चन्दन बाला और भी अनेक सन्नारियों के उदाहरण से इतिहास के पन्नों पर अंकित है। ऐसी सुसंस्कृत नारियों के सृजन के लिए कन्याओं में सुसंस्कार प्रदान करने के लिए विशेष जागृति लाना जरूरी व अति आवश्यक मालूम होता है।

नारी में अपने सुंस्कारों के प्रति रूचि उत्पन्न करनी होगी। इतना ही नहीं, बल्कि स्वयं भी सुसंस्कृत जीवन जीने के लिए वचनबद्ध, कटीबद्ध होना होगा क्योंकि एक प्रकट हुआ दीपक हजारों दीपकों को प्रकाशित कर सकता है। वैसे ही एक संस्कारित कन्या हजारों कन्याओं को सुसंस्कृत बना सकती है। पर आधुनिक युग में आज मर्यादा की सीमा रेखा लांघकर युवतियाँ स्वयं के जीवन के साथ परिवार, समाज, संघ को कलंकित करने में जरा भी हिचकिचाती नहीं है।

आधुनिक युग में पाश्चात्य संस्कृति का भारतीय संस्कृति पर प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। अब समय आ गया है कि हम अपनी भारतीय संस्कृति

के उदात गुणों को विस्मृत ना करें और संस्कारों के सौरभ को विकसित कर घर परिवार व समाज की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान है।

संस्कारों की पवित्रता को सुरक्षित, संस्कारित व पल्लवित करने की अद्भुत क्षमता केवल नारी में ही है। किसी भी घर को हैप्पी होम बनाने के लिए उसे सजाने–संवारनें की आवश्यकता नहीं है बल्कि सद्गुणों व सद्संस्कारों का होना जरूरी है। हैप्पी होम को बनाने के लिए सर्व प्रमुख पात्र है – नारी शक्ति, महिला शक्ति, स्त्री शक्ति। अत: नारी का संस्कारवान होना अति आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बी.एड. महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में ई-सूचना स्त्रोतों की आवश्यकता - एक विश्लेषण

डॉ. राकेश खरे * मनीषा दुबे **

*ग्रंथपाल, रबीन्द्रनाथ टेगौर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान) रबीन्द्रनाथ टेगौर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान युग सूचनाओं का युग है। प्रत्येक व्यक्ति विश्वसनीय और सही जानकारी पुस्तकालयों और सूचना केन्द्रों से मिलने की उम्मीद रखता है। भारत में पुस्तकालय नई जानकारी के लिए इन चुनैतियों को स्वीकार करने के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं। बहुत से पुस्तकालय डिजिटल और नेटवर्क की जानकारी काफी समय से उपयोग में ला रहे हैं। आज पुस्तकालय परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। चुनौतियों, कम होते बजट, स्थान की कमी, प्रकाशनों की बढ़ती लागत और दूसरी तरफ सूचना के क्षेत्र में प्रगति से उत्पन्न जानकारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इस कारण पिछले कुछ दशकों ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। आज सीडी रोम, मल्टीमीडिया, इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन, ऑनलाइन पत्रिकाएँ अधिक तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। नए-नए प्रकाशन उभर कर सामने आ रहे हैं। इस क्रांति को जन्म दिया कम्प्यूटर विज्ञान और प्रकाशकीय तंत्र ने जो विश्व के राष्ट्रों को अधिक समीप लाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य ई-संसाधनों से परिचय कराना तथा पुस्तकालय में उनकी उपलब्धता, लाभ एवं महत्व का विश्लेषण करते हुए बी.एड. महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में ई-सूचना स्त्रोतों की आवश्यकता का विश्लेषण करना है।

शब्द कुंजी – पुस्तकालयों का महत्व, संरचना, ई-पुस्तकालय की आवश्यकता, ई-संसाधन, समस्याएं, सुझाव एवं निष्कर्ष।

प्रस्तावना – आधुनिक समाज की विभिन्न आवश्यकताओं से हम परिचित हैं। संभवत: शिक्षा इनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे सुषिक्षित, योग्य एवं दायित्व पूर्ण नागरिकों का निर्माण करती है, जो प्रगति और उन्नयन में अपना योगदान दे सकते हैं। मनुष्य के विकास में जितनी भूमिका शिक्षा की है, उतनी ही भूमिका शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तकालय की है।

शिक्षा और पुस्तकालय एक दूसरे के पूरक हैं, जो एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते। भारत में शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अर्थात् शिक्षा की जिम्मेदारी केन्द्र और राज्य सरकारों की है। देश के विकास हेतु गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का दायित्व शिक्षकों पर होने के कारण शिक्षकों का निर्माण करने वाली शैक्षणिक संस्थाओं के दायित्व में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

आज एक आधुनिक पुस्तकालय में ई-संसाधनों की उपलब्धता बहुत आम है। यदि पिछले कुछ दशकों में शिक्षकों और शोधार्थियों के बीच ऑन लाइन संसाधनों की प्राथमिकताओं और विचारों पर प्रकाश डाला जाए तो कम्प्यूटर के उपयोग के प्रति एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। सूचना संसाधन में कम्प्यूटर के आवेदन दृश्य के लिए उत्पाद व सेवाएँ हैं। इंटरनेट और वेब लगातार विद्धानों के संचार एवं नए तरीके के विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

वर्तमान में पुस्तकालयों में नेटवर्किंग की आवश्यकता है क्योंकि एक राष्ट्र की प्रौद्योगिकी मानव और भौतिक संसाधनों पर निर्भर करती है। ई-संसाधनों को आसानी से गूगल जैसे सर्च इंजन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। ई-संसाधन से युक्त पुस्तकालय सभी उपयोगकर्ताओं के लिए स्वतंत्र हैं। इंटरनेट का उपयोग करके किसी भी कम्प्यूटर के माध्यम से उन तक पहुँचा जा सकता है, इसके लिये पुस्तकालय के खुलने का इंतजार करने की आवश्कता नहीं होती।

देश में भावी शिक्षक तैयार करने का दायित्व शिक्षा (बी.एड.) महाविद्यालयों का है। वर्तमान में देश के अधिकांश बी.एड. महाविद्यालय परम्परागत पुस्तकालयों की अवधारणा को लेकर चल रहे हैं, जबकि वर्तमान युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी का है, अत: आज आवश्यकता है कि देश के बी.एड. महाविद्यालयों के पुस्तकालय ई-सूचना स्त्रोतों से युक्त हों, जिससे इन महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपने अतिरिक्त समय में भी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न हों।

बी.एड.महाविद्यालयों में पुस्तकालय – देश एवं प्रदेश के लिये भावी शिक्षक तैयार करने में बी.एड. महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा बी.एड. महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में ई-संसाधनों की उपलब्धता हेतु जारी दिषा-निर्देश के महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न प्रकार हैं -

1. पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त संदर्भ पुस्तकें, शैक्षिक विश्व-कोष, शब्द-कोष, इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन (सी.डी.रोम), ऑन लाइन संसाधन तथा कम से कम शिक्षा पर पांच रैफ्रिड जर्नल तथा सम्बद्ध विषयों पर पांच अन्य पत्रिकाएं मंगाई जाएंगी।
2. पुस्तकालय के अंदर फोटोकॉपी करने की सुविधा होगी तथा इंटरनेट युक्त कम्प्यूटर होगा, जिससे संकाय तथा विद्यार्थी दोनों इसका प्रयोग कर सकें।

3. महाविद्यालय में ई-संसाधनों से युक्त एक संसाधन केन्द्र होगा, जो विभागीय पुस्तकालय के प्रयोजन को पूरा करेगा।
4. ई-संसाधनों से युक्त संसाधन केन्द्र में एक स्टोर के साथ पर्याप्त संख्या में पुस्तकें, पाठ्यचर्या सामग्री, बाल साहित्य, पाठ्य-पुस्तकें, रिपोर्ट, दस्तावेज, श्रव्य-दृष्य उपस्कर, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, डी.वी.डी. प्लेयर, कैमरा, शिक्षा सम्बंधी फिल्में आदि होना चाहिये।
5. ई-संसाधनों से युक्त संसाधन केन्द्र में पर्याप्त संख्या में उपरोक्त सामग्री होना चाहिये, जिससे विद्यार्थी उनका उपयोग कर सकें।
6. ई-संसाधनों से युक्त संसाधन केन्द्र में संकाय और विद्यार्थियों द्वारा उपयोग किये जाने के लिये कम्प्यूटर सुविधा भी होना चाहिये।
7. ई-संसाधनों से युक्त संसाधन केन्द्र में विद्यार्थियों की सभा, कक्षा, समूह चर्चा और अध्ययन के लिये भी प्यार्प्त स्थान होना चाहिये।

ई-पुस्तकालय – ई-पुस्तकालय से आशय उस डिजिटल पुस्तकालय या डिजिटल लाइब्रेरी से हैं, जहां भौतिक रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होती तथा 24 घंटे 365 दिन इस पुस्तकालय का उपयोग किया जा सकता है। ई-पुस्तकालय से अपनी आवश्यकता अनुसार अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। ई-पुस्तकालय का अर्थ एक ऐसे पुस्तकालय से है, जहां पर डिजिटल रूप से सूचना और अध्ययन सामग्री एक्सेस की जाती है। इस पुस्तकालय में इंटरनेट कनेक्शन के द्वारा कंप्यूटर या फिर एंड्राइड मोबाइल के द्वारा कहीं पर भी देश के किसी भी कोने में बैठ कर किसी भी समय अपने अनुसार सूचना तथा अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। ई-पुस्तकालय का विस्तृत रूप इलेक्ट्रॉनिक लाइब्रेरी है तथा इसे इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकालय भी कहा जाता है।

आज के युग में डिजिटलाइजेशन अत्यधिक तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण ई-पुस्तकालय या ई-लाइब्रेरी का महत्व भी बढ़ गया है। व्यस्तताओं के इस दौर में ई-पुस्तकालय बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं। वर्तमान में हर एक व्यक्ति जो अपने काम में व्यस्त रहता है और अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए पुस्तकालय तक जाने का समय भी नहीं निकाल पाता है, उसके लिए ई-पुस्तकालय बहुत ही महत्वपूर्ण है।

ई-संसाधनों के प्रकार – ई-पुस्तकालय के माध्यम से प्रत्येक स्तर की सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए विशेष प्रकार के माध्यमों की आवश्यकता होती है, जो निम्न प्रकार हैं –

1. ई-पुस्तक – ई-पुस्तक एक पारंपरिक मुद्रित पुस्तक का एक इलेक्ट्रॉनिक संस्करण है। एक व्यक्तिगत कम्प्यूटर का उपयोग करके उसे पाठक के रूप में पढ़ा जा सकता है। एक इलेक्ट्रॉनिक पुस्तक किसी भी प्रकार की ई-सामग्री की हो सकती है। पैक और ई-पुस्तक प्रौद्योगिकी के साथ इसका उपयोग एक औसतन इकाई के रूप में किया जा सकता है। यह एक लिखित कार्य है जिसे कम्प्यूटर के चित्रपट पर पढ़ा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। यह पाठकों के पेशेवर उद्देश्य की पूर्ति के लिए संरचित किया गया है। इसमें विषय वस्तु ई प्रारूप में उपलब्ध होती है।

2. ई-जर्नल – ई-जर्नल एक इलेक्ट्रॉनिक-जर्नल है। यह एक आवधिक प्रकाशन हैं जो इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रकाशित होता है। मुद्रित जर्नल की तुलना में ई-जर्नल के बहुत लाभ हैं। किसी विषय की विषय वस्तु सम्बन्धित लेख एवं सम्पूर्ण पाठ को खोज सकते हैं। कई शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान कार्य हेतु ई-जर्नल उपलब्ध हैं। ई-जर्नल को हम इन्टरनेट की सहायता से पढ़ सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते हैं। ई-जर्नल से विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों को काफी हद तक मदद मिलती है। ई-जर्नल कई साइट उपलब्ध करवाती है जिनमें से इनफ्लिविनेट, डेलनेट, जे-गेट, आई.ई.ई.ई., मनुपात्रा एवं नेचर इत्यादि प्रमुख हैं।

3. ई-पत्रिका – यह एक ऑनलाइन पत्रिका है जो बुलेटिन बोर्ड सिस्टम एवं सार्वजनिक कम्प्यूटर नेटवर्क के द्वारा प्रकाशित होती है। ई-पत्रिकाओं को हम कभी भी कहीं भी पढ़ एवं सुरक्षित कर सकते हैं। एक सी.डी. या डिवाइस में हम कितनी भी सामग्री एकत्रित कर सकते हैं। ई-पत्रिकाओं का प्रकाशन सिर्फ एक से अधिक पाठकों तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान करने के लिए प्रारंभ किया गया था। शोधकर्त्ताओं ने इसका स्वागत किया और ई-पत्रिकाओं को अभूतपूर्व संख्या में बढ़ावा मिला। आज का पाठक ई-संसाधनों से जुड़ा होने के बाद ही इनकी सेवाएं प्राप्त कर सकता हैं।

4. ई-थीसिस– पारंपरिक शोध का डिजिटल प्रारूप ई-थीसिस है। शोधार्थियों के शोध जो ऑनलाइन उपलब्ध हैं वे ई-थीसिस कहलाते हैं। प्राध्यापक एवं शोधार्थी इससे परामर्श लेते हैं। ये इंटरनेट पर उपलब्ध शोध कार्यों का भण्डार है। यू.जी.सी. संस्था ने स्वतंत्र रूप से इस तक पहुँचने में सहायता की है। यह संस्था ई-थीसिस कार्यक्रमों को शोधार्थियों के लिए विकसित कर रही है।

5. ई-डेटाबेस – विशेष रूप से यह बहु-अनुशासनिक विषय या विषय क्षेत्रों की जानकारी का एक संगठित संग्रह है। इसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से लिया जा सकता है। डेटाबेस तथ्यों और जानकारी की एक संगठित सूची है। वूर्लियन ने तर्क दिया कि एक इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस तेजी से सूचना के विशिष्ट मदों के लिए खोजा जा सकता हैं।

6. ई-बिबिलियोग्राफी – संदर्भ ग्रंथ-सूची का संगणक-करण ई-बिबिलियोग्राफी कहलाता है। एक संदर्भ ग्रंथ-सूची पुस्तकों, विज्ञान के लेख, सम्बंधित विषय पर शोध और एक शोध-प्रबंध लिखने के लिए अन्य स्त्रोतों की एक सूची है। संदर्भ ग्रंथ-सूची प्रविष्टियों को एक बहुत विशिष्ट प्रारूप में लिखा होना चाहिए, लेकिन उस प्रारूप का उपयोग लेखन की विशेष शैली पर निर्भर करता है। यह मुख्य रूप से ए.पी.ए या टुरबाईन शैली में लिखी जाती है।

7. ई-मानचित्र – जो मानचित्र इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध होता है, वह ई-मानचित्र कहलाता है। ई-मानचित्र इंटरनेट संसाधनों में रूचि रखने वाले उपयोगकर्त्ताओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण साधन है। ई-मानचित्र का संगणक-करण 20वीं शताब्दी के अंत में किया गया था। ई-मानचित्र के माध्यम से चाहे गये स्थानों का मार्ग क्षणों में ज्ञात हो जाता है। आज ये संसार भर में बहुत उपयोग में लिया जा रहा है। ई-मानचित्र कई रूप में उपलब्ध है, जैसे- ई-जलवायु मानचित्र, ई-राजनीतिक मानचित्र, एवं ई-सड़क मानचित्र इत्यादि।

8. ई-पाण्डुलिपि– ई-पाण्डुलिपि पुस्तकालय विज्ञान के संदर्भ में पाण्डुलिपि से तात्पर्य हस्तलिखित पत्र या डायरी से है। मुद्रण से पूर्व सभी दस्तावेज और किताबें पाण्डुलिपि रूप में उपलब्ध थीं। इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में उपलब्ध पाण्डुलिपियाँ ई-पाण्डुलिपियाँ कहलाती हैं। वर्तमान में इन्हें इंटरनेट के माध्यम से ही पढ़ा जा सकता है, क्योंकि इनका संगणक-करण कर दिया गया है। ये विभिन्न विषयों में उपलब्ध हैं।

9. ई-समाचार-पत्र – ई-समाचार-पत्र मुद्रित अखबार का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण है जिसे हम ऑनलाईन पढ़ सकते हैं। समाचार पत्र मीडिया के रूप में पहली बार इंटरनेट के लोकप्रिय होने के साथ वर्ष 1990 के दशक में

उभरा। आज अधिकतर घरों तक इंटरनेट की पहुंच है, अत: ई–समाचार पत्र का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है।

10. ई–मेल – ई–मेल एक इलेक्ट्रॉनिक संदेश है। यदि आप इंटरनेट या किसी दूसरे नेटवर्क से जुडे हैं तो आप ई–मेल के द्वारा संदेशों का आदान–प्रदान कर सकते हैं ठीक उसी प्रकार जैसे आप साधारण पोस्ट से पत्रों का आदान–प्रदान करते हैं। ई–मेल भेजने के लिए आपके कम्प्यूटर पर कोई कम्यूनिकेशन सॉफ्टवेयर होना चाहिए। यह सॉफ्टवेयर आप को एक साधारण एडिटर उपलब्ध करवाता है, जिसकी सहायता से आप कोई भी संदेश टाइप कर सकते हैं। इसके बाद आपको पाने वाले का ई–मेल पता भी टाइप करना होता है। पते की सहायता से ही ई–मेल सही स्थान पर पहुँचता है। वर्तमान में इसका उपयोग अत्यधिक किया जा रहा है।

11. वर्ल्ड वाइड वेब (www) – वर्ल्ड वाइड वेब का आविष्कार यूरोप के इंजीनियर टिम वर्नर ली ने किया था। यह इंटरनेटकी सर्वाधिक उपयुक्त सेवा है। यह सूचना के भण्डारण के लिए डॉक्यूमेंट काम में लेता है, जिन्हें वैब पेज भी कहा जाता है।

ई–पुस्तकालय के लाभ :

1. ई–पुस्तकालय के द्वारा छात्र को अपने समय व स्थान के अनुसार ज्ञान प्राप्त हो जाता है।
2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक ऐसा माध्यम है जिसमें सीडी, रोम, डीवीडी, इंटरनेट, मोबाइल लैपटॉप, कंप्यूटर आदि का प्रयोग करने से छात्रों में कई प्रकार की अधिगम संबंधी स्थाई रोचक गतिविधियाँ जागृत होती हैं।
3. ई–पुस्तकालय के माध्यम से ऑनलाइन संप्रेषण की क्रिया भी संपादित की जा सकती है, जिससे छात्र का समय बचता है।
4. ई–पुस्तकालय पठन सामग्री के लिए नवीनीकरण और सहायक सामग्री भी घोषित करता है।
5. ई–पुस्तकालय में छात्रों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जाता है तथा जो नई सूचनाएं अपडेट होती हैं वह एसएमएस के माध्यम से छात्र तक पहुंच जाती हैं।
6. ई–पुस्तकालय द्वारा अधिगमकर्ताओं को उनकी व्यक्तिगत विभिन्नता एवं आवश्यकताओं के अनुसार अनुभव प्राप्त करने के लिए वेबसाइट पर कई प्रकार की सामग्री उपलब्धा रहती है।
7. ई–पुस्तकालय में संस्कृति, स्थान तथा अधिगम शैली में विभिन्नता होने के पश्चात् भी अधिगमकर्ताओं को अधिगम में लाभ प्राप्त है।

ई–पुस्तकालय के दोष :

1. ई–पुस्तकालय से सूचना या अधिगम प्राप्त करने के लिए किसी माध्यम जैसे – कंप्यूटर, लैपटाप अथ्वा मोबाइल का प्रयोग किया जाता है, इसलिए कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल आदि के संचालन की तकनीकी में विशेष योग्यता होना आवश्यक है।
2. ई–पुस्तकालय का प्रयोग उन छात्रों के लिए घातक है जो अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं और शिक्षा प्राप्ति में इसकी गंभीरता को नहीं समझते हैं।
3. ई–पुस्तकालय के माध्यम से शिक्षा प्राप्ति में प्रोत्साहन का अभाव रहता है इसलिए बहुत से छात्र इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं।
4. ई–पुस्तकालय का प्रयोग करने के लिए अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता होती है जिसका अभाव है।

निष्कर्ष – आज का युग इलेक्ट्रॉनिक युग है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ई–संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग हो रहा है तथा इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। शिक्षा का क्षेत्र और शिक्षा इससे अछूती नहीं है। किसी भी समाज और शैक्षणिक संस्था में पुस्तकालयों का महत्त्व सर्वविदित है। पुस्तकालयों के संचालन और ज्ञान के आदान– प्रदान प्रसार में इनका उपयोग हो रहा है। इस आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युग में प्रवेश करने के लिए हमें पहले से तैयार होना और इस आधुनिकीकरण की तेज रफ्तार में कदम से कदम मिलाकर आगे आना होगा। वरना हम इस तकनीकी युग में पिछड़ जाएंगे। इस दिशा में भारत में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षा के माध्यम से ही संभव हो सकता है। इस कार्य में ई–पुस्तकालयों की महत्ती भूमिका हो सकती है।

पारंपरिक पुस्तकालय अभी भी काफी हद तक मुद्रित सामग्री को संजोये हुए हैं। परम्परागत पुस्तकालय के भौतिक संग्रह से युक्त वातावरण में उपभोक्ता के लिए यह आवश्यक है कि पाठक पुस्तकालय में आएं और उस प्रलेख का उपयोग करने के लिए वह उसे प्राप्त करें। इसके अलावा किसी भौतिक प्रलेख का एक ही समय में केवल एक ही उपभोक्ता उपयोग कर सकता है जबकि पूरी तरह से स्वचालित पुस्तकालय में भी पुस्तकालय ओपेक का प्राथमिक उद्देश्य किसी प्रलेख की भौतिक अविस्थिति का संकेत देना ही होता है। ई–पुस्तकालय उन भौतिक अवरोधों को समाप्त कर देता है, जो पारम्परिक पुस्तकालय में होते हैं। साथ ही बहुअधिगम बहुविधि की सूचियों तथा अपने संग्रह का इलेक्ट्रॉनिक सम्प्रेषण भी करता है। 21वीं सदी में इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि हुई है जिसने पुस्तकालयों को भी काफी प्रभावित किया है। अत: आज आवश्यक है कि परम्परागत पुस्तकालय ई–पुस्तकालयों की ओर बढ़ें।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था है। विश्व में बढ़ती हुई सूचना एवं औद्योगिक क्रांति से प्रतिस्पर्धा करने के लिये तथा देश को अग्रिम पंक्ति में बनाये रखने हेतु आवश्यक है कि देश की शिक्षा पद्धति में ई–संसाधनों का समावेश हो। इस हेतु देश के सभी शैक्षणिक पुस्तकालयों में ई–संसाधनों की आवश्यकता परिलक्षित होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विद्यालय एवं सार्वजनिक पुस्तकालय, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
2. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान परिभाषा कोष, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालयों का विकास - एक अध्ययन

डॉ. सरिता आर्य * सीमा तोमर **

*** सहायक प्राध्यापक (पुस्तकालय विज्ञान) रबीन्द्रनाथ टैगौर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत**
**** शोधार्थी (पुस्तकालय विज्ञान) रबीन्द्रनाथ टैगौर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश - वर्तमान युग में पुस्तकालय मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। यद्यपि प्राचीनकाल के पुस्तकालयों के सम्बंध में आज पर्याप्त सामग्री उपलब्ध नहीं है, किन्तु यदि उपलब्ध सामग्री का व्यवस्थापन, विषय का विश्लेषणात्मक वर्णन, आंकडों और तथ्यों का विधिवत संग्रह तथा विभिन्न विचारधाराओं का समन्वय किया जाये, तो स्पष्ट होता है कि प्राचीन काल में भी पुस्तकालयों का प्रभावी अस्तित्व था। पाश्चात्य् लेखकों का मानना है कि भारतीयों ने ईस्वी सन् की सातवीं-आठवीं शताब्दी में विदेशियों से लिपि ज्ञान प्राप्त किया है, किन्तु भारतीय भाषाओं एवं लिपियों का विवेचन करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत में अति प्राचीनकाल से ही लिखने की परम्परा रही है और इसी के परिणामस्वरूप भारतीय पुस्तकालयों का विकास भी एक सुनियोजित परम्परा के रूप में होता रहा है।

लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व की सिन्धु सभ्यता से लेकर वर्तमान युग तक संस्कृति के जो अंतर्साक्ष्य उपलब्ध होते हैं, उनसे यह प्रमाणित होता है कि प्राचीनकाल के निवासियों की अपनी भाषा और लिपि थी जिसके आधार पर वे अपने विचारों को प्रकट करते थे। अत: यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होना चाहिये कि प्राचीनकाल में पढने-लिखने की परम्परा जीवंत थी, जिसके प्रमाण विभिन्न भारतीय पुस्तकालयों में संग्रहित भोज-पत्र, ताड-पत्र और हस्तलिखित पोथियां हैं। आज की भारतीय भाषाएं, लिपियां और पुस्तकालय उसी परम्परा के विकसित स्वरूप हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र मध्यप्रदेश राज्य के गठन से पूर्व से लेकर वर्तमान नवीन मध्यप्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास का विश्लेषण करता है। शोध पत्र का उद्देश्य मध्यप्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालयों के इतिहास, क्रमिक विकास और वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए समाज में सार्वजनिक पुस्तकालयों की उपयोगिता को रेखांकित करना है।

शब्द कुंजी- सार्वजनिक पुस्तकालय-इतिहास, विकास, उपयोगिता, स्थिति, समस्याएं, सुझाव।

प्रस्तावना - मध्यप्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालयों का इतिहास - मध्यप्रदेश में पुस्तकालय इतिहास की अपनी एक कहानी है। ऐतिहासिक दृष्टि से मध्यप्रदेश में पुस्तकालय आंदोलन के दो काल कहे जा सकते हैं -
(अ) प्रथम काल - मध्य प्रदेश के गठन के पूर्व
(ब) द्वितीय काल - मध्य प्रदेश के गठन के पश्चात्

मध्य प्रदेश के गठन के पूर्व - मध्य प्रदेश के गठन के पूर्व यह क्षेत्र मध्य भारत के नाम से प्रचलित था। मध्य भारत में प्राचीन पुस्तकालय का इतिहास लगभग अज्ञात रहा है। 12वीं शताब्दी में धार नरेश राजा भोज का अपना इंपीरियल पुस्तकालय था, जिसे 'भोज के इंपीरियल पुस्तकालय' के नाम से जाना जाता था। 20वीं शताब्दी में इंदौर में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना हुई।

इंदौर में सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन महाराजा तुकोजी राव होलकर द्वितीय के द्वारा प्रारंभ हुआ। उन्होंने इस पुस्तकालय को हुजूर्य महल में स्थापित किया, जिसमें 500 रूपये चंदा एवं 12 रूपये प्रतिमाह देना प्रारंभ किया। इस पुस्तकालय का नाम 'किताबघर' रखा गया था। इस पुस्तकालय के नियम सन् 1884 में तथा 2507 पुस्तकों के सूचीपत्र सन् 1891 में बनाए गए थे। सन 1909 तक यह पुस्तकालय कई स्थानों पर परिवर्तित होता रहा। सन् 1947 में रजवाड़ा चौक में इस पुस्तकालय के लिए स्थान मिल गया, जिसका प्रबंधन पुस्तकालय समिति के द्वारा होता है।

मध्य भारत राज्य की स्थापना देशी रियासतों को मिलाकर सन् 1948 में हुई थी। ब्रिटिश प्रांतों की तुलना में इन देशी रियासतों में शिक्षा का विकास समुचित नहीं था परंतु मध्य भारत की इंदौर और ग्वालियर दो प्रमुख रियासतें शिक्षा के क्षेत्र में उन्नतिशील कही जा सकती हैं। इन देशी रियासतों में आंदोलन की गतिविधियों का पूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं है फिर भी कुछ प्रमाणों से आभास होता है कि मध्य भारत में पुस्तकालय आंदोलन 20वीं शताब्दी में प्रारंभ हो चुका था। इंदौर एवं ग्वालियर मध्य भारत के निर्माण के पूर्व से ही अच्छे जैन पुस्तकालय स्थापित कर चुके थे। इंदौर में 'इंदौर जन ग्रंथालय' सन् 1854 में स्थापित हुआ था। सन् 1887 में इंदौर में ही 'विक्टोरिया पुस्तकालय' तथा ग्वालियर में 'माधव पुस्तकालय' सन् 1899 में प्रारंभ हुआ था।

इसके अतिरिक्त 'राजा यशवंत पुस्तकालय' खरगोन में सन् 1858 में, खंडवा का 'नेटिव पुस्तकालय' जिससे अब 'मानिका स्मृति पुस्तकालय, खंडवा' के नाम से जाना जाता है, सन् 1868 में स्थापित हुआ था। 'बुरहानपुर पुस्तकालय' जिसे अब 'महात्मा गांधी सार्वजनिक वाचनालय' कहा जाता है, की स्थापना सन् 1868 में हुई थी। 'नगर पालिका राज्य पुस्तकालय, जबलपुर' में पुस्तकालय की स्थापना सन् 1885 में डिप्टी कमिश्नर श्री सी.डब्ल्यू. मेमन के द्वारा की गई थी। इस पुस्तकालय का प्रबंधन सन् 1922 से जबलपुर नगर पालिका समिति द्वारा किया जा रहा है।

20वीं शताब्दी के प्रारंभ में उज्जैन में 'युवराज जैन पुस्तकालय' स्थापित हुआ था। सन् 1909 में सागर में 'सार्वजनिक पुस्तकालय' स्थापित

हुआ था। सन् 1911 में 'हमीदिया राज्य पुस्तकालय' भोपाल में स्थापित हुआ था। ग्वालियर में सन् 1928 में 'केंद्रीय ग्रंथालय' की स्थापना हुई। भोपाल नगर में स्थित यह केंद्रीय ग्रंथालय जन ग्रंथालय के रूप में सक्रिय था। विंध्य क्षेत्र में रीवा नरेश द्वारा भी नगर में एक 'जन ग्रंथालय' की स्थापना की गई थी। विंध्य प्रदेश के अन्य नगरों में अनुदान प्राप्त ग्रंथालय सक्रिय थे। यह सभी पुस्तकालय सक्रिय रुप से जनता को ग्रंथालय सेवा प्रदान कर रहे थे।

मध्य भारत का महाकौशल क्षेत्र – मध्य भारत, जिसे मध्य प्रांत भी कहा जाता था, में पुस्तकालय आंदोलन प्रगतिशील था। वहां केंद्रीय ग्रंथालय एवं जिला ग्रंथालय जनता को पर्याप्त ग्रंथालय सेवा प्रदान कर रहे थे। जबलपुर में केंद्रीय ग्रंथालय एवं अन्य जिलों में जिला ग्रंथालय की स्थापना हो चुकी थी। सन् 1948–49 में ग्रामीण एवं पंचायत पुस्तकालय स्थापित करने का विचार रखा गया था जिसका तात्पर्य पुस्तकालय का विकास करना था। पुस्तकालयों के विकास के लिए सन् 1952 में मध्य प्रदेश सरकार ने इंग्लैंड के फ्रैंक एम. गार्डनर को निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने पुस्तकालय सेवा के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे। सन् 1954–55 में पुस्तकालय का विस्तार हुआ और इसी समय चल पुस्तकालय सेवा प्रारंभ हुई।

नवगठित मध्यप्रदेश में पुस्तकालय – वर्तमान मध्यप्रदेश का गठन 1 नवंबर सन् 1956 में हुआ। वर्तमान मध्यप्रदेश में अनेक पुस्तकालय क्रियाशील हैं। प्रत्येक जिले में एक जिला पुस्तकालय है। इसके अतिरिक्त विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ–साथ विभिन्न शासकीय विभागों के अपने पुस्तकालय हैं। इस प्रकार मध्यप्रदेश के गठन के पश्चात् प्रदेश में पुस्तकालयों का जाल सा बिछ गया है। यहां विभिन्न प्रकार के पुस्तकालयों के संचालन के लिये पृथक–पृथक विभाग हैं। यह विभिन्न प्रकार के पुस्तकालय, विभिन्न प्रकार के संचालनालय या संस्थाओं द्वारा संचालित किए जाते हैं। उदाहरण के लिए –

1. शहरी क्षेत्र में पुस्तकालय सेवा –शिक्षा विभाग।
2. ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय सेवा –पंचायत एवं समाज सेवा विभाग।
3. आदिवासी क्षेत्र में पुस्तकालय सेवा –हरिजन एवं आदिम जाति कल्याण विभाग।

इनमें से शहरी क्षेत्रों में जिला पुस्तकालय का संचालन संचालक लोक शिक्षण के नियंत्रण में संबंधित जिले के उप संचालक शिक्षा द्वारा किया जाता है। राज्य में लोक शिक्षा कार्यालय में एक मुख्य पुस्तकालय अध्यक्ष होता है जो कि क्षेत्रीय तथा जिला पुस्तकालय का निरीक्षण करते हैं। वर्तमान में मध्यप्रदेश में निजी क्षेत्र में भी सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना की जा रही है।

विभिन्न स्तर के सार्वजनिक पुस्तकालय – मध्य प्रदेश में कार्यरत सार्वजनिक पुस्तकालयों को मुख्यत: तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है –

1. पूर्णरूपेण जनता द्वारा संचालित
2. जनता द्वारा संचालित, शासकीय अनुदान प्राप्त, एवं
3. पूर्णरूपेण शासन द्वारा संचालित

उपरोक्त विभाजनानुसार इन्हें निम्न प्रकार से स्पष्ट किया गया है–

1. शासकीय सार्वजनिक पुस्तकालय – ये ऐसे पुस्तकालय हैं, जिनका संपूर्ण संचालन एवं प्रबंध शासन द्वारा किया जाता है। शासकीय सार्वजनिक पुस्तकालयों की सेवाओं को मुख्यत: दो भागों में विभाजित किया जा सकता है –

(अ) नगरीय सार्वजनिक पुस्तकालय – मध्यप्रदेश के विभिन्न नगरों में स्थित इन पुस्तकालयों का संचालन एवं प्रबंधन संचालक लोक शिक्षण द्वारा किया जाता है। मध्यप्रदेश में ऐसे पुस्तकालय निम्नलिखित तीन भागों में विभाजित किए जा सकते हैं –

1. संभागीय पुस्तकालय – मध्य प्रदेश के 9 शैक्षणिक संभागों में केवल 5 संभागीय पुस्तकालय हैं। केन्द्रीय पुस्तकालय – ग्वालियर, केन्द्रीय पुस्तकालय – जबलपुर, केंद्रीय पुस्तकालय – भोपाल, केंद्रीय पुस्तकालय – रीवा एवं अहिल्या बाई केंद्रीय पुस्तकालय – इंदौर।

उपरोक्त पाँचों संभागीय पुस्तकालय वास्तव में नगरीय पुस्तकालय ही हैं, क्योंकि उनकी सेवाओं का क्षेत्र पूरा संभाग न होकर जिस नगर में यह स्थित हैं वहीं का होकर रह गया है। यह पुस्तकालय तकनीकी व्यवस्था एवं सेवा की दृष्टि से संतोषप्रद कहे जा सकते हैं। इन पाँचों क्षेत्रीय पुस्तकालयों में ग्वालियर का केन्द्रीय पुस्तकालय सबसे बड़ा पुस्तकालय है, जिसमें देशी एवं विदेशी 10 भाषाओं के लगभग 80 हजार ग्रंथ संग्रहित हैं। इसका एक विषिष्ट अंग 'बाल पुस्तकालय एवं कौतुकालय' है जो किसी अन्य पुस्तकालय में नहीं है।

2. जिला पुस्तकालय – मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों में जिला पुस्तकालय हैं। इन जिलों की सेवाएं संपूर्ण जिले के लिए हैं किंतु उनकी सेवाओं का कार्य क्षेत्र कुछ कस्बों तक ही सीमित पाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी सेवा नगण्य कही जा सकती है। वर्तमान जिला पुस्तकालय भोपाल एवं जिला पुस्तकालय सीहोर में राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान द्वारा प्रदत्ता कहानियॉ, कविता, योग, उपन्यास, विज्ञान, नाटक, महिला सशक्तिकरण आदि पर कुल 18450 पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिसमें हिन्दी की 12,250 एवं अंग्रेजी की 6200 पुस्तकें हैं।

3. शासकीय सम्मिलित पुस्तकालय – जबलपुर, सांची और डबरा में इस प्रकार के सम्मिलित पुस्तकालय स्थित हैं। यह पुस्तकालय जिन स्थानों पर हैं वहां की जनता को पुस्तकालय सेवा प्रदान करने के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों को भी 'संदूक पुस्तकालय' द्वारा सेवा प्रदान करते हैं, परंतु इनकी ग्रामीण सेवा परिपूर्ण नहीं कही जा सकती है।

(ब) ग्रामीण सार्वजनिक पुस्तकालय – मध्यप्रदेश के कुछ ग्रामीण अंचलों में भी सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित हैं। इनका संचालन पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है। इन पुस्तकालयों के विकास के लिए विकास केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायतों एवं जनपदों को ग्रंथों से भरे संदूकों को भेजा जाता है, परंतु इन पुस्तकालयों की सेवा की स्थिति भी वर्तमान में दयनीय हो गई है।

1. चल पुस्तकालय – पूर्व में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं सूचनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु चल पुस्तकालयों का गठन किया गया था। वर्तमान में मध्य प्रदेश में 3 चल पुस्तकालय हैं जिनमें से भोपाल में दो एवं ग्वालियर में एक है। चल पुस्तकालयों के विकास हेतु अनेक प्रयास किए जाने के पश्चात् भी ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी उपयोगिता संतोषजनक नहीं कही जा सकती।

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक पुस्तकालय पद्धति – मध्यप्रदेश में पुस्तकालयों की स्थिति अन्य प्रदेशों एवं विशेषकर दक्षिण भारत की तुलना में अत्यधिक चिंताजनक है। इस प्रकार संचालित किए जाने वाले पुस्तकालय प्रशासन

एवं सेवा की दृष्टि से अलग-अलग हैं तथा इनका एक दूसरे का कोई समन्वय नहीं है। ये सार्वजनिक पुस्तकालय विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय जनता की सेवा में रत है। यद्यपि इन्हें शासकीय अनुदान प्राप्त होता है तथापि इन की वित्तीय स्थिति संतोषप्रद नहीं कही जा सकती। इन्हें सशुल्क जन-पुस्तकालय भी कहा जा सकता है, क्योंकि इनकी सदस्यता शुल्क देकर ही प्राप्त की जा सकती है। इन पुस्तकालयों की सेवा का क्षेत्र भी सीमित है। इनमें से कुछ ऐसे भी पुस्तकालय हैं जिनकी वित्तीय स्थिति, ग्रंथ-संग्रह एवं सेवा संतोषप्रद कही जा सकती है, जैसे -ग्वालियर का 'माधव पुस्तकालय' जिसकी नगर में कई शाखाएं हैं। इस पुस्तकालय के द्वारा बाल एवं महिला ग्रंथालय का भी संचालन हो रहा है। चल ग्रंथालय द्वारा भी यह पुस्तकालय सेवा प्रदान करता है। किंतु अधिकांश पुस्तकालय ऐसे हैं जिनकी सेवाएं संतोषप्रद नहीं कही जा सकती हैं और जिनमें ग्रंथ संग्रह भी अपर्याप्त है। उचित शासकीय नियंत्रण के अभाव में इन ग्रंथालयों में शासकीय अनुदान का दुरुपयोग भी हो सकता है।

निष्कर्ष- वर्तमान में मध्यप्रदेश में एक केन्द्रीय पुस्तकालय विधान की अत्यंत आवश्यकता है, जो संचालनालय स्तर पर गठित होकर प्रदेश के समस्त पुस्तकालयों के लिये नीति एवं नियमों का प्रसारण करे। मध्यप्रदेश में पुस्तकालय विधान पारित हो जाने से विभिन्न प्रकार के समस्त पुस्तकालय, संचालनालय द्वारा संचालित होंगे तथा उन्हें अनुदान दिया जा सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत में पुस्तकालय, शास्त्री द्वारका प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी।
2. सार्वजनिक पुस्तकालय संगठन, कुलश्रेष्ठ अजय, रचना प्रकाशन, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

समकालीन हिन्दी कविता में पर्यावरण चिंतन

डॉ. (श्रीमती) गायत्री वाजपेयी *

* प्रोफेसर (हिन्दी) महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'परित: आवरणम् इति पर्यावरणं' अर्थात् हमारे चारों ओर की वह परिधि जिसमें हम जन्म लेते हैं, जीवित रहते हैं, प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में उसका उपभोग करते हैं और अंत में उसी में विलीन हो जाते हैं, पर्यावरण कही जाती है। पर्यावरण शब्द परि+आवरण के योग से निर्मित हुआ है परि का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है घेरा। अर्थात हमारो चारों और जो कुछ भी विद्यमान है वही पर्यावरण है। विश्वकोष के अनुसार – 'पर्यावरण उन सभी दशाओं, प्रणालियों व प्रभावों का योग है जो जीवों व उनकी प्रजातियों के विकास, जीवन और मृत्यु को प्रभावित करता है।'[1] मनुष्य और पर्यावरण परस्पर संबंधित हैं एक के अभाव में दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती। यथार्थत: मनुष्य पर्यावरण का नियामक, नियंत्रक, संचालक, रूपान्तरक और विनाशक है। 'यद् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे' की सुक्ति इस तथ्य का स्पष्ट उद्घोष करती है कि जिन पंच तत्वों से जगत उद्भूत है उन्हीं पंच तत्वों से मानव देह भी निर्मित है। अगर इन पंच तत्वों पृथ्वी, आकाश, अग्नि, जल एवं वायु में से एक भी दूषित हो गया तो मानव जीवन संकट में पड़ जायेगा । कदाचित इसीलिए हमारी आर्ष मनीषा ने सृष्टि की समस्त चर–अचर वस्तुओं में जीवन के सत्य को स्वीकारते हुए उन्हें सजीवमाना उनके प्रति आदर सम्मान व पूज्य भाव रखा। जल, वायु, अग्नि, आकाश यदि देवता हैं तो पृथ्वी माता है– माता भूमि: पुत्रोडहं पृथिव्या: में हमारी आस्था है।

पृथ्वी के श्रृंगार कहे जाने वाले नद नदियाँ, वृक्ष–वनस्पतियों, जीव–जन्तु आदिपूजनीय हैं। वे धर्म से जुड़े हुए हैं उनकी रक्षा के निमित्त उन्हें किसी न किसी आस्था, विश्वास, व्रत, त्यौहार, धार्मिक एवं मांगलिक अनुष्ठान से जोड़ दिया गया है। 'ऋग्वेद' का नदी सूक्त व पृथ्वी सूक्त, 'अथर्ववेद' का अरण्यानी सूक्त क्रमश: नदियों, पृथ्वी, वन एवं वनस्पतियों के संरक्षण एवं संवर्धन की कामना का संदेश देते हैं। 'श्रीमद्भगवदगीता' में श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है – 'ऋतुओं में वसंत ऋतु मैं हूँ, वृक्षों में पीपल वृक्ष मैं हूँ नदियों में गंगा नदी मैं हूँ।'[2] सर्वरोग नाशक तुलसी तो उनकी प्रिया ही हैं।

वर्तमान युग पर्यावरण के प्रति चिन्ता व चिंतन का है कारण यह है कि आज युग गति व मानव मति में तीव्र गति से बदलाव आया है। मनुष्य द्रुत गति से विकास की ओर बढ़ रहा है लेकिन अतिशय बुद्धिवादिता एवं अधिकाधिक धनार्जन की वृत्ति के कारण प्राकृतिक तत्वों को हानि पहुँचा रहा है। वनों का विनाश हो रहा है, वृक्ष काटे जा रहे हैं, नदियों, पर्वतों, जलाशयों एवं जीव जन्तुओं को विनष्ट किया जा रहा है। जीवन के आधारभूत तत्व जल एवं वायु की शुद्धता खतरे में है। तापमान की वृद्धि, अति वृष्टि, अनावृष्टि, भूकम्प, तूफान एवं सूनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ता जा रहा है । मनुष्य अपने ही कृत्यों से उत्तरोत्तर विनाश की ओर बढ़ रहा है। कवि समाज का अत्यन्त संवेदनशील प्राणी है वह न केवल दृष्टा है अपितु सृष्टा भी है। अपनी सृजन शक्ति से वह हर स्थिति व परिस्थिति का सजीव चित्रांकन करता है। प्राकृतिक उपादानों के प्रति सदा से ही उसका ममत्व रहा है जो कभी 'तुलसी तरूवर विविध सुहाये, के रूप तो कभी रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून' के रूप में प्रकट होता रहा है।

समकालीन कविता की यदि बात करें तो आज का कवि मानव जीवन की सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण को लेकर अत्यधिक सचेत, सजक व जागरूक है और विविध रूपों में अपनी कविता के माध्यम से उसे वाणी दे रहा है। वह इस तथ्य से भलीभाँति परिचित है कि यदि प्राण रक्षा करना है तो पर्यावरण की सुरक्षा करना ही होगी। वह अपने कवि कर्म के माध्यम से मनुष्य को पुन: प्रकृति से जोड़ना चाहता है। कवि योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरूण' पर्यावरण के प्रति अपनी सजगता इन शब्दों में प्रकट करते हैं –

पर्यावरण बचाइए तभी बचेंगे प्राण।
पर्यावरण को मानिए राष्ट्रमान सम्मान।
वृक्ष काटकर आज हम, प्रकृति करते नष्ट।
सांस नहीं ले पायेंगे, कल बढ़ने हैं कष्ट।
जागें और जगाएँ हम, लड़ें नया एक युद्ध।
पर्यावरण रक्षण करें बनें समाज प्रबुद्ध।
जलवायु वातावरण देंगे सबको प्राण।
रक्षा इनकी कीजिए मान इन्हें भगवान।
माता पृथ्वी जगत की, सब इसकी संतान।
दूषित माँ को कर रहे क्यों बन कर अंजान।[3]

समकालीन कवि प्रकृति के अनुपम उपादान वन उपवन, नदी–निर्झर, जीव–जन्तु, अवनि–अम्बर, सूर्य–चन्द्र आदि को उस दृष्टि से नहीं निहारता जिस प्रकार पूर्व के कविगण निहारते रहे हैं। बदलते परिवेश ने कवि की दृष्टि को बदल दिया है। कालक्रमानुसार प्रकृति और कविता का संबंध भी बदला है। अब 'चारूचन्द की चंचल किरणें खेल रही थीं जल थल में' या फिर दिवसावसान का समय में धमय आसमान से उतर रही है वह संध्या सुन्दरी परी–सी धीरे–धीरे। जैसे रमणीय दृष्य नहीं अंकित किए जाते हैं वरन् आज प्राकृतिक वैभव के विनष्ट होते भयावह चित्र प्रस्तुत किए जाते हैं। कवि अरूण कमल अपने चारों ओर के वातावरण में हो रहे परिवर्तन तथा निर्बाध गति से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण से व्यथित हैं। वे कहते हैं–

हर नदी का घाट शमशान।

हर बगीचा कब्रिस्तान
और हम इक्कीसवीं शताब्दी की ओर जा रहे हैं।

वास्तव में इक्कीसवीं शताब्दी का आरंभ पर्यावरण संकट के साथ होता है। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन पर्यावरण असंतुलन का वाहक बन गया है। औद्योगीकरण और नगरीकरण के नाम पर वनों का विनाश हो रहा है निर्ममता से वृक्ष काटे जा रहे हैं। जिसका यथार्थ चित्र इन पंक्तियों में अंकित किया गया है –

धुआँ उगलती चिमनियाँ कुँआ निगलते खेत।
शहर गाँव दोनों हुए भूखे नंगे प्रेत।
पेड़ कटे जंगल जले गाँव हुए बरबाद।
शहरों के बीच सीमेन्ट के जंगल हैं आबाद।[4]

वृक्षों एवं वनस्पृतियों का इस तरह विनाश न केवल पादप परिस्थितिक क्रम को प्रभावित करता है बल्कि पास्थितिक तंत्र को भी असंतुलित कर देता है। कवि अजय पाठक इस तथ्य से भलीभाँति परिचित हैं। अत: अत्यधिक चिन्तातुर हैं –

जंगल पर संकट है भारी
इन हालातों में लगता है
मिट जायेगी धरा हमारी
क्षण भर के स्वारथ के चलते
खेल रहे जीवन से
भूल गये कि हमने सब कुछ
पाया केवल वन से
वृक्ष नहीं अपनी छाती पर
चला रहे हम आरी
हरे भरे थे पेड़ जहाँ पर
घना घना था जंगल
उजड़ी गुल्म लताएँ सारी
अब लगता है मरूस्थल
मंहगी साबित होने को है
यह सब गहरी भूल हमारी।[5]

आज नीम, पीपल, जामुन, आँवला एवं वटवृक्ष जैसे विशाल वृक्ष कम ही देखने को मिलते हैं। इनके स्थान पर आज मनुष्य की अभिरूचि बाजारी बोने वृक्ष लगाने की ओर अधिक है। घरेलू उद्यानों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में छोटे–छोटे कलमी वृक्ष अधिक लगाए जा रहे हैं। कवि बृजनाथ श्रीवास्तव इस बात से झुब्ध हैं –

आज आंधियों के युग में वे
कितने पेड़ बचे
जिनके मीठे
फल से रहती
लदी झुकी डाली
जेठ दुपहरी
छाया की जो
परसे थी थाली
आज मालियों को बाजारी
बोने पेड़ जँचे।[6]

आज मनुष्य की सौन्दर्य दृष्टि में भी परिवर्तन आया है। उसे गमलों में तुलसी बिरवा के स्थान पर ताम्रकलश में नागफली लगाना ज्यादा सौन्दर्यवर्धक लगता है। कवि बृजनाथ श्रीवास्तव को आज के मानव की यह अभिरूचि खटकती है। वे कहते हैं –

बड़े–बड़े घरों में ताम्रकलश में
हंसती नागफनी
हर मौसम में शूल चुभोती
रहती तनी तनी
और काटने शेष छाँव को
दँगे बहुत मचे।[7]

छायादार वृक्षों की कमी के कारण थके हारे पंथी को शीतल छाया एवं पक्षियों को आश्रय भी दुर्लभ हो रहा है। दिवा का तमतमाता रूप तथा चिलचिलाती धूप को देख कवि सोचने को विवश हो उठता है –

धूप चिलचिलाती है
सड़क बहुत लम्बी है
नहीं दूर तक कोई छाँव
और हमें नगे ही पाँव
जाना है सपनों के गाँव।[8]

पक्षियों के आश्रय स्थल वृक्षों के विनष्ट हो जाने से अब चिड़ियों की चहचहाहट भी सुनाई नहीं पड़ती । वन्य जीव जन्तुओं की अनेक प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर हैं और जो शेष बचे हैं उनके जीवन पर भी संकट मड़रा रहा है। कवि दीपक कुमार इस बात से बेहद चिन्तित हैं कि आज शीतल छाँव युक्त आश्रय की तलाश में पक्षी भटक रहे हैं –

पास के एक गाँव में भटकी एक कोयल
कूक रही है भरी दुपरिया में
कंक्रीट की अमरैया में
कहाँ बची है छाँव
जो इत्मिनान से तू ले सके आलाप
कोई तो अमराई बची होगी कहीं पर।[9]

वर्तमान समय में अधिकांश कार्य ऊर्जा उत्पादन, विद्युत उत्पादन, नाभिकीय विखंडन एवं नाभिकीय संलयन आदि विधियों से सम्पन्न होते हैं। फलस्वरूप अधिकाधिक मात्रा में रेडियो एक्टिव विकिरण उत्सर्जित होता है। धरती पर तापमान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग जैसे शब्द से न केवल सभी परिचित हैं वरन् चिन्तित भी हैं। हमारे जीवन की सुरक्षा कवच ओजोन परत में छिद्र हो गया है। कवि ऋषभ शर्मा इस बात से अत्यन्त चिंतित हैं। वे कहते हैं –

हैलो मनुष्य
मैं आकाश हूँ
कल सृजन था निर्माण था,
आज प्रलय हूँ विनाश हूँ
मेरी छाती में जो छेद हो गये हैं काले काले
ये तुम्हारे भालों के घाव हैं
ये कभी नहीं भरने वाले
मैं आकाश बोल रहा हूँ।[10]

शीतल जल की स्रोत नदियों में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गंगा जल जिसे सबसे शुद्ध और पवित्र माना जाता है उसमें फिनाल एवं हाइड्रोजन कार्बन जैसे कार्बनिक पदार्थ आवश्यकता से अधिक मिल गए हैं। यद्यपि

सरकारी संस्थानों द्वारा इनके शुद्धिकरण हेतु नीतियाँ निर्धारित की जाती हैं लेकिन वे अपने कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कितना सुचारू रूप से सम्पादित कर पा रही हैं यह प्रश्न चिह्न है। कवि बुद्धि लाल पाल लिखते हैं –

नदियाँ कल भी बहती थीं
बहती हैं आज भी
अवरोधों से
हमेषा जूझती नदियाँ वे कल भी पाषाण थे
आज भी पाषाण हैं।
व्यवस्था के नाम पर
उल्टी बहती नदियाँ
पर्वतों के उस पार खंजरों के धार पर हैं नदियाँ
वे पोखरों को बताते हैं नदियाँ।[11]

वन सम्पदा के विनष्ट हो जाने के कारण जल संकट भी बढ़ा है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई से वर्षा कम हो गई है जल स्रोत सूखने लगे हैं। जनसंख्या वृद्धि ने जमीन के नीचे से जल को सोख लिया है। और यही स्थिति रही तो वह दिन भी दूर नहीं हैं जब जल संकट भयावह रूप में हमारे समक्ष होगा। कवि माधव कौशिक जल स्रोतों के लगातार नष्ट होने से बेहद चिंतित हैं। वे कहते हैं कि यदि हम इसी गति से चलते रहे तो हमारा भविष्य कुछ इस प्रकार होगा –

किसे पता था अपना यह युग
इतना शातिर होगा
अगला विश्व युद्ध कहते हैं
जल की खातिर होगा।[12]

समकालीन कवियों में चन्द्रकांत देवताले, इन्दु जैन, अनामिका कात्यायनी, अंजता देव, नरेश सक्सेना, लीलाधर मंडलोई, रजनी सिंह, केदारनाथ सिंह, डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव, डॉ. ओम प्रकाश सिंह आदि अपनी कविताओं के माध्यम से जहाँ पर्यावरण के रमणीय चित्र अंकित कर रहे हैं तो वहीं पर्यावरण प्रदूषण से उत्पन्न स्थितियों के भयावह हृदय विदारक चित्र भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कवियों ने पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। कवि जीतेन्द्र जलज कहते हैं –

जब जब जो चाहा जो जो माँगा।
धरती ने कभी हाथों को संकुचित नहीं किया
फिर ऐसा क्यों ? कि हम
अब दे नहीं सकते धरती को
चिरायु के लिए प्रदूषण मुक्त पर्यावरण।

अन्ततः कहा जा सकता है कि समकालीन कवि प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति विशेष सजग व सचेत है। उसका दृष्टिकोण सर्वथा नूतनता लिए हुए है वह नहीं चाहता कि आज विकास के नाम पर मनुष्य पर्यावरण को हानि पहुँचाए व प्राकृतिक परिवेश को नष्ट करे। बल्कि उसकी अभिलाषा है कि मनुष्य प्राकृतिक उपादानों के प्रति आदर भाव रखे उनके संरक्षण और संवर्धन के पुनीत कार्य को अपना नैतिक दायित्व समझ कर निभाये। आइए हम सब मिलकर इस पुनीत कार्य के संपादन में योग दें–

आओ हम सब पर्यावरण बचाएँ, सुन्दर–सा एक दृष्य बनाएं।
बदले हम तस्वीर जहाँ की, यह संदेश चहुँओर फैलाएं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विश्वकोश
2. वेदव्यास : श्रीमद्भगवदगीता अध्याय 10, श्लोक 35
3. डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा : अरूण: शिवम् पूर्णा, जनवरी 2015
4. प्रो. यू. एस. परमार: (सं.) टूडेज बायोडायवर्सिटी एण्ड एनवायरमेंटल सिनैरिया पृ. 114
5. अजय पाठक: गीत मेरे निर्गुणियाँ दुर्ग, श्रीप्रकाशन 2010 पृ. 73–74
6. श्री ब्रजनाथ श्रीवास्तव : इधर रथ मोडिये, कानपुर मानसरोवर 2013 पृ. 75–76
7. पूर्वानुसार पृ. 76
8. डॉ. धनजय सिंह : दिन क्यों बीत गये, गाजियावाद अनुभव प्रकाशन 2017 पृ. 57
9. दीपक कुमार पाचपोर : कंक्रीट की अमरैया में कोयल की कूक, वागर्थ, मार्च 2016 पृ. 70
10. ऋषभ शर्मा : ताकि सनद रहे, सागरिका में प्रकाशित पृ. 57
11. बुद्धि लाल पाल : नदियाँ, वागर्थ, अगस्त 2016 पृ. 71
12. माधव कौशिक : जोखिम भरा समय है, नई दिल्ली सामयिक बुक्स 2016 पृ. 23

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

शहरी आवास विकास में प्रधानमंत्री आवास योजना का योगदान (ग्वालियर शहर के विशेष संदर्भ में)

दीप्ती कुशवाह *

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) शासकीय भगवत सहाय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – बढ़ती जनसंख्या के चलते आवासों की मांग की आपूर्ति के लिए सरकार ने पूर्व से ही कुछ योजनाओं का प्रारम्भ करती आई है। प्रत्येक जीव का यह सपना होता है। कि वह ऐसे स्थान पर जीवन व्यतीत करें जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित निवास कर सकें। मनुष्य प्रारम्भिक काल से ही अपने निवास स्थान में बदलाव लाता रहा है। उसे उत्तम से उत्तम व सुविधाजनक बनाने का प्रयास करता है। कुछ ऐसे लोग है जिनके पास अभी भी स्वंय का आवास नहीं है। अगर है भी तो, टूटा-फूटा है जिसका कारण वित्तीय व्यवस्था की समस्या है। जिससे व्यक्ति अपने आवास का निर्माण करने व मरम्मत करने में असक्षम रहता है।

देश के प्रत्येक व्यक्ति का 'घर हो अपना' के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को प्रारम्भ किया गया है। भारत के माननीय राष्ट्रपति ने दिनांक 09 जून, 2014, को संसद के संयुक्त सत्र के 'सबके लिए आवास' कि घोषणा की। जिसे पूरे भारत में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रारम्भ होने से शहरी गरीबी स्लमवासियों को स्वंय का पक्का आवास प्राप्त करने में काफी राहत मिली है।

अर्थ-आवास के लिए ऋगवेद में कई नामों का प्रयोग किया गया है। शर्म, धाम, क्षय, सदन, भुवन,दुर्ध, गीड, दम, गृह, शरण इत्यादि।

भारत देश 29 राज्यों का गण है। जिसमें मध्यप्रदेश एक राज्य है। जो भारत देश का दिल कहलाता है। क्योंकि यह भारत के बीच में बसा एक राज्य है। मध्यप्रदेश राज्य के 55 जिलों में से एक ग्वायिलर जिला है।

ग्वालियर जनसंख्या के अनुसार प्रदेश का चौथा बड़ा नगर है। ग्वालियर सन् 1901 में मध्यप्रदेश में एक ऐसा नगर था, जिसकी जनसंख्या एक लाख से ज्यादा थी। 2032036 जनसंख्या वाले ग्वालियर जिले में शहरी जनसंख्या 758244 तथा ग्रामीण जनसंख्या 1273792 है। ग्वालियर लश्कर, हजीरा, मुरार एवं सिटीसेटर चार भागों तथा चार ब्लॉक भितरवार, मुरार, बरई एवं डबरा में विभाजित है।

उपकल्पना- शोध के अंतर्गत ग्वालियर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का शहरी विकास में क्या योगदान है एवं किस प्रकार यह योजना ग्वालियर शहर में कार्यान्वित है। इसका संक्षिप्त रूप का अध्ययन करना है।

मुख्य भाग- 'प्रधानमंत्री आवास योजना दीवारें खड़ी करने भर के लिए नहीं है।, यह गरीबों के सपनों को साकार करने की एक योजना है।' – नरेन्द्र मोदी (माननीय प्रधानमंत्री) भारत सरकार

शहरी गरीबी आवासीय कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना 2022 तक सबके लिए आवास' के लक्ष्य रखा है। इस योजना को दो क्षेत्रों में विभाजित किया गया है प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी। जिसके अंतर्गत सरकार ने बुनियादी सुविधाओं से युक्त 2 करोड़ मकान निर्माण की परिकल्पना की है।

प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के घटक-

1. स्लम पुनर्वास- ऐसी स्लमवासियों के लिए औसतन प्रति मकान एक लाख रूपए का स्लम पुनर्वास अनुदान,
2. ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना।
3. भागीदारी में किफायती आवास।

राज्य एवं केन्द्रीय सरकार मिलाकर कुल 35 राज्यों के लिए हस्ताक्षरित समझौता करा गया है। 33 राज्यों में एसएलएनए स्थापित किये गए है। 34 राज्यों में एसएलएसएमसी गठित की गई है तथा 34 राज्यों के 4026 शहरों में पीएमएवाय मिशन को कार्यारत् किया जा रहा है। जिसमें से मध्यप्रदेश के 165 शहरों को शामिल किया गया है। इसमें कुल राज्य एवं शहरों की पर्यावरण की स्थिति का ध्यान में रखते हुए आवासों के निर्माण किया जायेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्लमवासियों सहित शहरी गरीबों की आवासीय आवश्यकता को पूरा करना है। क्योंकि आधार कार्ड एक ऐसा पहचान पत्र है। जो पुरे भारत में मान्य है। जिससे व्यक्ति की पूरी सटीक जानकारी प्राप्त हो जाती है। जो सरकार द्वारा किये गये कार्य में एक अच्छा कार्य है कि आधार कार्ड को हर क्षेत्र में अनिवार्य रखा गया है। जिससे कुछ हद तक भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य सही ढंग से किया जाये इसके लिए स्थानीय शासन को इसका दायित्व सौंपा गया है। लाभार्थीयों को किसी प्रकार की परेशानियाँ का सामना न करना पड़े इसके लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनो प्रणाली को अपनाया गया है। दस्तावेज के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य लिया गया है। जिससे सही लोगों को इस योजना का

लाभ पहुंच सकें।

कार्यप्रणाली– प्रधानमंत्री आवास योजना शहरों में निवासित लाभर्थीयों के लिए चार विकल्प में क्रियान्वित किया जाएगा।

1. भूमि का संसाधन के रूप में उपयोग करके 'स्व–स्थाने' स्लम पुनर्विकास,
2. ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना,
3. भागीदारी में किफायती आवास,
4. लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास का निर्माण अथवा विस्तार।

नियुक्त शहरों में स्थापित नगर–निगम द्वारा क्षेत्रीय वार्डो में फार्म को आवष्यक दस्तावेज के साथ जमा करना है। किसी एक प्रणाली द्वारा फार्म को जमा किया जाना है। तत्पश्चात् वार्डो के कर्मचारी जमा किये गये फॉर्म के अनुसार सर्वे करेगें। ग्वालियर नगर में वार्डो की संख्या 60 है। लाभार्थी आवेदन करने के लिए अपने नजदीकी जन सुविधा केन्द्र पर जाना होगा। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए https://registration.csc.gov.in/pmay/RegAuth.aspx लिंक पर क्लिक करना होगा और जो स्टेप दिये जायें उन्हें भरना होगा। इसके अलावा आधिकारिक वेबसाईट pmaymis.gov.in के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

इस मिशन के तहत् 500 श्रेणी–1 शहरों पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सभी 4041 सांविधिक शहरों को तीन चरण में बांटा गया है।

1. **प्रथम चरण–** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उनकी इच्छुकता के अनुसार 100 शहरों को ध्यान केन्द्रित कर, अप्रैल, 2015 से मार्च, 2017 तक कार्यान्वित किया जायेगा
2. **द्वितीय चरण–** प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण के लिए अतिरिक्त 200 शहरों को कवर अप्रैल 2017 से मार्च 2019 तक कार्यान्वित किया जायेगा।
3. **तृतीय चरण –** सभी अन्य शेष शहरों को कवर अप्रैल 2019 से मार्च 2022 तक कार्यान्वित किया जायेगा।

आवास आवंटन सरकार जिले वार्ड के अनुसार करेगीं। जिसके लिए प्रत्येक वार्ड में लाभार्थी को एक फार्म भरना होगा यह फार्म ऑनलाइन तथा क्षेत्रीय वार्ड में जमा करना होगा। ग्वालियर जिले में वार्डो की संख्या 60 है इन 60 वार्डो में प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की कार्यप्रणाली की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् स्लमवासियों के पुर्नविकास एवं आर्थिक कमजोर वर्ग वालों के लिए आवास निर्माण में वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। भारत में शहरीकरण में वृद्धि और बढ़ती आवासों की मांगों को देखते हुए आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय ने मध्यम आय वर्ग के द्वारा अधिग्रहण/निर्मित एवं विस्तारित आवास के लिए इस वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सब्सिडी का प्रावधान रखा गया है। जिसके लिए सीमाएं वर्गीकृत निम्न तालीका अनुसार किया गया है। दिये गये लोन पर ब्याज की सब्सिडी 20 वर्ष तक दी जायेगी।

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

जिस प्रकार भारत देश एक कृषि प्रधान देश है। उसी प्रकार मध्यप्रदेश एवं ग्वालियर भी कृषि प्रधान है। यहाँ की अधिकत्तर जनसंख्या का आय का स्त्रोत कृषि है। यदि फसल, उत्पादन व विक्रय सही दामों पर जाये तो उससे प्राप्त आय का कुछ भाग से व्यक्ति आवास निर्माण कर सकता है। यदि फसल प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारणवंश नष्ट या उचित मूल्य प्राप्त नही होते है। तो आय कम प्राप्त होती है। जिससे केवल दिनचर्या कार्यो को ही पूर्ण किया जा सकता है। जैसे भोजन, कपड़ों पर ही व्यय कर पाते है। जिससे आवास निर्माण में असक्षम रहते है। भारत सरकार ने आवास निर्माण में असक्षम लोगों की इस समस्या के निपटारन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारम्भ किया है। जो शहरी गरीबों एवं ग्रामीण गरीबों भी लोगों के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इस योजना में व्यक्तिगत आवश्यकता को समझा है। यह अन्य योजनाओं की तरह नहीं है। इस योजना में सभी प्रकार के व्यक्तियों के लिए है। ऋण पर सब्सिडी देने से शहरी गरीब लोगों को काफी राहत मिली है।

शहरी आवास विकास में योगदान– क्षेत्रीय की आर्थिक स्थिति निवासियों की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती है। किसी भी प्रकार का विकास हो आर्थिक विकास, सामाजिक विकास, कृषि विकास एवं औद्योगिक विकास सभी का प्रारम्भिक बिन्दु मानव जाति ही होता है। मानव विकास अन्य क्षेत्रों के विकास का आधार है। मानव विकास से तात्पर्य उच्च शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, औसतन आय, एवं थोड़ी बहुत स्वंय की पूंजी। चूंकि निम्न आय वर्ग के लिए स्वंय का आवास ही उसकी पूंजी होती है। अर्थात् आवास ही सब कुछ होता है। इसलिए शासन ने निम्न वर्ग आय वालों के लिए इस पूंजी को प्राप्त करना आसान कर दिया है। तथा रियल इन्डस्ट्री का स्तर बढ़ने में मदद की है।

शहरी आवास विकास, शहरी विकास में अहम् भूमिका निभाता है।

नगरों में भूमि उपयोग की बात करें तो वह आवासीय क्षेत्र होता है। ग्वालियर नगरीय क्षेत्र की जनगणना 2001 के अनुसार लगभग 1.27 लाख आवास है। जबकि परिवारों की संख्या 1.44 लाख है। इस प्रकार वर्तमान में कुल 0.17 लाख आवासों की कमी है। इन्हें मिलाकर 2021 तक 1.63 लाख अतिरिक्त आवासीय इकाईयों की आवश्यकता होगी । वर्ष 2001 जनगणना के आंकड़ों के अनुसार मध्यक्षेत्र में आवासीय घनत्व 561 प्रति व्यक्ति हेक्टेयर तक है।

ग्वालियर शहर में सभी के लिए घर के तहत करीबन केन्द्र के निदेर्शों के अनुसार 89 हजार आवास निर्माण किया जाना है। जिसके लिए अभी तक 69 हजार ही आवेदन किये गये। ग्वालियर में प्रथम चरण 4500 आवास बनाये जायेंगें। जो कि ग्वालियर शहर के सागरताल एवं महलगांव में बनाए जाने है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित वार्डो के अनुसार किये जायेंगें

भारत की राजधानी दिल्ली से समीप होने के कारण ग्वालियर लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। जिससे लोगो के आगमन से जनसंख्या के स्तर में बढ़ोत्तरी के साथ–साथ उनके निवास स्थान की मॉग बढ़ी है।

ग्वालियर में शहरी गरीब निवासियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ने काफी हद् तक उनके सपना 'घर हो अपना' को साकार करने में मदद् की है। इसके साथ ही ग्वालियर के शहरी आवास विकास में सहायता की है। शोधार्थी ने कई लोगों से पूछताछ की जिससे यह पाया कि जिनके पास स्वंय का आवास नहीं है। वे इस योजना के आने से उनके अन्दर आवास प्राप्त करने के एक आशा जागी है। तथा उन सभी ने आवास प्राप्त करने के लिए आवेदन भी कर दिया है व अब आवास प्राप्त करने का इंतजार है।

निष्कर्ष– ग्वालियर जिले ही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सम्पूर्ण भारत में देखने को मिला है। दक्षिण भारत के लगभग सभी शहरों में शहरी

गरीब लाभांभित हुए है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मध्यप्रदेश के 165 शहरों में योजनाएँ कार्यान्वित रहेंगी। इस योजना के अन्तर्गत वे सभी शहरी गरीब शामिल होगें जिनको आवास की जरूरत है। जिन्के पास पहले से परिवार के किसी भी सदस्य के नाम आवास एवं जमींन नाम नहीं हो। इस योजना में शामिल होने के लिए मुख्य दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड होगा। जिससे सही लोगों को लाभ पहुंचेगा। ग्वालियर शहर में 1.63 लाख आवास की आवश्यकता को पूरा करने में प्रधानमंत्री आवास योजना काफी मदद्गार है। ग्वालियर के महलगाँव एवं सागरताल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अनुसार आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

अत: प्रधानमंत्री आवास योजना का ग्वालियर शहर के आवासीय निर्माण में काफी योगदान है। तथा भविष्य में भी रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कपित एस.के., अनुसंधान विधियाँ आगरा प्रकाश, 1988
2. जैन, बी. एम, शोध प्रविधि एवं क्षेत्रीय तकनीक
3. भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय-आवास-प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी आवास-प्रगति।
4. प्रधानमंत्री आवास योजना -शहरी-बीएलसी के लिए पासबुक
5. प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) - विकासपीडिया
6. आवास योजना-प्रधानमंत्री आवास योजना एक लेख
7. www.patrika.www/gwalior-new/4500-new-houses-builts-under-pm-aawas-yojna-1252128
8. WWW.GWALIOR.NIC.IN
9. ग्वालियर नगर-निगम- विकास प्रयोजन एक अध्ययन
10. Pradhan Mantri Awas Yojana, Housing for All (Urban),Scheme Guidelines,March, 2016, Ministry of Housing & Urban Poverty Alleviation Government of India

तालिका 1

श्रेणी	प्रति व्यक्ति वार्षिक आय	ब्याज की सब्सिडी (%)	अधिकतम ऋण राशि जिस पर सब्सिडी की गणना की जाएगी	अधिकतम सब्सिडी	क्षेत्रफल
EWS and LIG	Up to Rs. 6,00,000	6.50%	Rs. 6,00,000	Rs. 2,67,000	30, 60
MIG 1	Rs. 6,00,001 - Rs. 12,00,000	4.00%	Rs. 9,00,000	Rs. 2,35,000	120
MIG 2	Rs. 12,00,001 - Rs. 18,00,000	3.00%	Rs. 12,00,000	Rs. 2,30,000	150

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

गुलेर चित्रशैली में धार्मिक कथान कों का मनोरम चित्रण

शालू सिंह *

* शोधार्थी, जैन कन्या पाठशाला डिग्री कालेज, मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय चित्रकला के अन्तर्गत ऐतीहासिक प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता हैं कि आदिकाल से ही जिस प्रकार मानव ने अपनी भावाभिव्यक्ति चित्रों के माध्यम से विभिन्न पक्षों पर की हैं उसी प्रकार अपनी धार्मिक आस्था को भी चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं समय-समय पर भारतीय चित्रकला में अध्ययनोपरान्त हमने देखा की विभिन्न शैलियों के अन्तर्गत विभिन्न राजाओं के शासन काल में उनके राजाश्रय में विभिन्न धार्मिक चित्रों को चित्रित किया गया, जिनमें पौराणिक कथाओं तथा ग्रथों पर आधारित चित्र मुख्य रूप से बने।

पहाड़ी शैली से सम्बधित गुलेर चित्रशैली में धार्मिक विषयों पर आधारित चित्रों का बड़ा ही मनोरम स्वरूप चित्रित किया गया हैं।

गुलेर के राजा दलीप सिंह के काल में कार्यरत पं0 सेऊ तथा इनके दोनों पुत्र मानक और नैनसुख गुलेर के सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों में से थे। गुलेर चित्रशैलीमें जिन धर्मिक चित्रों को चित्रित किया गया उनमें मुख्य रूप सें रामायण, महाभारत, मार्कण्डय पुराण, शिवपुराण, भागवत पुराण, दुर्गासप्तशती तथा विष्णु के अवतारों पर आधारित चित्र एंव अन्य धर्मिक चित्रों का भी अत्यन्त उत्कृष्ट चित्रण हुआ हैं, इन धार्मिक विषयों पर मुख्य रूप से चित्रों की श्रृंखलाएँ बनाई गई हैं, जो मुख्य घटनाओं तथा कथानकों पर आधारित रही हैं।

शब्द कुंजी – विलक्षण, मुग्ध, आसक्ति, सुललित, अनिमेश।

प्रस्तावना – चित्रकला के साथ धर्म का आदिकाल से ही बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध रहा हैं,सिन्धु घाटी सभ्यता प्रागैतिहासिक काल, अजन्ता, पहाड़ी कला एंव राजस्थानी आदि सभी कलाशैलियों के अन्तर्गत धार्मिक पक्ष की प्रधानता मुख्य रूप से देखने को मिलती हैं। प्रत्येक काल में प्रचलित कला शैलियों में चित्रकारों अथवा आश्रय दाताओं, राजाओं ने मुख्य रूप से धार्मिक चित्रों का अंकन किया और करवाया, जिसका प्रमाण प्रत्येक कलाशैलियों से प्राप्त धार्मिक चित्रों से होता हैं। जो अपने आप में बडे ही श्रलाघ्य हैं।

सर्वप्रथम प्रागैतिहासिक काल की कला आखेट के लिए प्रसिद्ध रही परन्तु धार्मिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस काल में धार्मिक पक्ष को केवल प्रतीक चिन्हों द्वारा समझाया गया हैं। आदिकालिन मनुष्य केवल, त्रिशूल स्वास्तिक, सर्वतोभद्र, अष्टदल कमल, आदि प्रतीक चिन्हों को अंकित करके उनकी पूजा अर्चना करता था। सिन्धु घाटी सभ्यता की खोज के उपरान्त वहाँ से प्राप्त अवशेषों में कुछ ऐसे तत्व प्राप्त हुए जिससे उस समय के लोगों की धर्म के प्रति आस्था और विश्वास का पता चलता हैं। इन प्रतीक चिन्हों से इतना तो अवश्य ज्ञात होता हैं, कि मनुष्य प्रारम्भ से ही धर्म के प्रति आसक्त रहा हैं। जिस कारण आदि काल से ही धार्मिक चित्रों को चित्रित किया जाता रहा हैं। जो कि निरन्तर अपने कालों मे प्रचलित कला शैलियों से सम्बन्धित प्राप्त चित्रों के माध्यम से हमारे समक्ष प्रस्तुत हुए हैं। अजन्ता की गुहा से भी जो भित्ति चित्र प्राप्त हुए हैं उनसे उस समय के चित्रकारों का ईश्वर के प्रति असीम आसक्ति का पता चलता हैं।अत: अजन्ता के चितेरों ने भी भगवान बुद्ध के जीवन एवं जन्मजन्मान्तर से सम्बन्धित घटनाओं को भित्ति पर उकेर कर अपनी भगवान बुद्ध के प्रति अपनी धार्मिक आस्था का बहुत उत्कृष्ट प्रमाण समस्त संसार के समक्ष स्थापित किया हैं। अजन्ता के समकालीन विभिन्न गुफाओं अथवा उसके पश्चात प्रसिद्ध और प्रचलित कलाओं अथवा शैलियों में अध्ययन के आधार पर यह देखा गया हैं कि धार्मिक पक्ष को कला के अन्तर्गत बहुत प्राथमिकता दी गई हैं। राजस्थानी शैली में भी धर्म के प्रति अपनी रूचि एवं विश्वास को प्रामाणिकता वहाँ से प्राप्त चित्रों द्वारा दी गई हैं, इसके अन्तर्गत राधा व कृष्ण से सम्बन्धित अनेक विषयों को चित्रों अथवा लधु चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया हैं।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध पत्र में गुलेर चित्रशैली के अन्तर्गत चित्रित धार्मिक

चित्रों तथा उनकी विषयवस्तु पर विश्लेषण किया गया हैं, जिसके लिए विभिन्न पुस्तकों,पत्रिकाओं एवं विषयवस्तु पर आधारित चित्रों का अध्ययन किया गया, इस शोध पत्र के माध्यम से प्राचीन शैलियों, लघु चित्र शैलीयों तथा धर्म के प्रति विलुप्त होती आस्था को पुन: उजागर करने का प्रयास किया गया हैं।

भारतीय चित्रकला में मुख्य रूप से कई शैलियों में धार्मिक पक्ष को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया हैं। यहाँ पर हम पहाड़ी शैली के चित्रों की विषय वस्तु का अवलोकन करे तो इस शैली में जहाँ विभिन्न राजाओं के काल में अनेक विषयों पर चित्र चित्रित हुए हैं वहीं धार्मिक पृष्ठभूमि के चित्रों को पूरी सिद्धहस्तता और निपुणता के साथ चित्रित किया गया हैं।

पहाड़ी शैली की ही एक उपशैली गुलेर के अन्तर्गत हमे अनगिनत और बड़े ही सर्वश्रेष्ठ एवं सुललित धार्मिक चित्रों का समन्वय देखने को मिलता हैं। जिसमें हिन्दू धर्म से सम्बन्धित चित्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। गुलेर शैली में अनेक राजाओं के संरक्षण में चित्रकारों ने राजाओं के दरबारी, राजसी जीवन, उनके क्रियाकलाप, युद्ध, उनके व्यक्ति चित्र, पारिवारिक चित्र एवं अन्य अनेक विषयों से सम्बन्धित चित्रों का निर्माण किया हैं। अध्ययन के अनुसार यह ज्ञात होता हैं कि गुलेर के समस्त चितेरे एक ही वंशावली के थे, जो पीढ़ी दर पीढ़ी गुलेर में चित्रण कार्य करते रहें।

गुलेर शिवालिक पहाड़ियो का एक अभिन्न अंग हैं। गुलेर एक बहुत छोटा सा राज्य हैं अत: हरिपुर को इसकी राजधानी के रूप में जाना जाता हैं, इस राज्य की स्थापना राजा हरिचन्द ने की थी जिसका सम्बन्ध कटोच वंश से था, ये कांगडा राज्य के राजा कर्मचन्द के बडे भाई थे। कांगडा से जो मार्ग रानीताल को जाता था उसी पर हरिपुर तथा गुलेर भी स्थित हैं[1] अत: गुलेर, कांगडा का ही एक हिस्सा हैं। इसके राजपरिवार कांगडा के राजवंश के गौत्र के थे राजपूत शासक तथा कटोच वंश के थे। गुलेर आने के पश्चात इन्हे गुलेरिया गौत्र के रूप में जाना जाने लगा।

पहाड़ी चित्रकला की विषय वस्तु अत्यन्त व्यापक और विस्तृत रही हैं। लगभग सभी विषयों से सम्बन्धित चित्रों को यहाँ के चित्रकारों ने तूलिकाबद्ध किया हैं। मध्यकाल में प्रचलित वैष्णव मत के प्रादुर्भाव के कारण गुलेर मै शैव तथा वैष्णव मत आधारित अनेक विषयों पर चित्रण कार्य हुआ। जिनके माध्यम से इन गुलेर चित्रकारों की धार्मिक आस्था को एक अत्यन्त भव्य स्वरूप प्रदान किया गया हैं जैसे ई0वी0 हैंवल, एम0 एस0 रंधावा के अनुसार 'हर महान कला धर्म से प्रेरणा पाती हैं। धर्म वह भावावेग हैं। जो मानवता को उसके पार्थिव स्तर से उंचा उठाता हैं।'[2]

गुलेर के चित्रकार मुख्य रूप से एक ब्राहमण परिवार से थे रामायण, महाभारत, शिवपुराण, मार्कण्डपुराण आदि अनेक धार्मिक ग्रन्थ अध्ययन के रूप में इनके जीवन से जुड़े थे। अत: इन्ही सब धार्मिक विषयोंएंव कथानकों इन्होनें चित्रों के माध्यम से एक साकारात्मक स्वरूप प्रदान किया हैं। गुलेर में 1700 ई0 से पूर्व ही राजसी परिवारो में अनेक देवी देवताओं जैसे:- राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा आदि की पूजा होती थी।

मुख्य रूप से गुलेर राजा दलीप सिंह (1695-1741 ई0) के काल में रामायण श्रृंखला पर आधारित चित्र बनाये गये। इस श्रृंखला का आधे से अधिक भाग पं0 सेऊ द्वार चित्रित किया गया हैं। प0 सेऊ (1680-1740 ई0 अनुमानित) अपने परिवार के सबसे बडे सदस्य थे। इनके दो पुत्र थे मानक और नैनसुख। प0 सेऊ का जन्म 1680 के लगभग हुआ ये राजा दलीप सिंह के शासन में कश्मीर छोड़ कर आये थे और गुलेर को अपना निवास स्थान बनाया, इस समय के प्राप्त चित्रों की कुल संख्या केवल चालीस हैं। बारह चित्रों में से कुछ पूर्ण अथवा कुछ अपूर्ण हैं। अन्य शेष अट्ठाईस केवल रेखा चित्र हैं। अत: समस्त चित्रों की पृष्ठ भाग पर संस्कृत भाषा में पक्तियाँ लिखी हैं। जो बाल्मिकी जी द्वारा रचित रामायण से अवतरित हैं। इन चित्रों में रामायण श्रृंखला के मध्य भाग, अरण्य काण्ड, किष्किंधा काण्ड, सुन्दर काण्ड, व उत्तार काण्ड से हैं। डा0 बी0 एन0 गोस्वामी के अनुसार 'ग्रंथ के शुरू के भाग जैसे बाल्यकाण्ड, व अयोध्या काण्ड पर बने चित्रों के बारे में आशा हैं कि शायद वे भी कहीं सुरक्षित होंगे और कभी ना कभी अवश्य प्राप्त हो जायेगें', परन्तु इतना अवश्य ज्ञात हुआ कि युद्ध काण्ड की बड़ी श्रृंखला लंका पर चढाई का चित्रण पं0 सेऊ के ज्येष्ठ पुत्र मानक द्वारा किया गया हैं।[3]

गुलेर शैली के अन्तर्गत चित्रित हिन्दू धार्मिक कथाओं, ग्रन्थों एवं देवी-देवताओं पर आधारित चित्रों को अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया हैं। -

1. **रामायण पर आधारित प्रसिद्ध चित्र-**इस श्रृंखला के अन्तर्गत मुख्य रूप से लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक काटते हुए[4] अशोक वाटिका में सीता[5] महासागर पार करते हनुमान[6] राजा दशरथ रानियों व पुत्रों सहित, राम तथा लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ, राम लक्ष्मण राजा जनक के साथ, अयोध्या छोड़ते राम लक्ष्मण व सीता, अयोध्या में भरत द्वारा राम की पादुकाओं की स्थापना, हनुमान राम को सीता के आभूषण दिखते हुए, रावण दरबार, राम द्वारा रावण वध आदि चित्र देखे जा सकते हैं।

2. **शिव विषयक चित्र-** गुलेर शैली में भगवान शिव से सम्बन्धित भी अनेक किन्तु अल्प चित्र प्राप्त हुए हैं। पवित्र परिवार, शिव पार्वती नृत्य देखते हुए, शिव पार्वती कमल की झील में नहाते हुए आदि चित्र देखने को मिलते हैं।
3. **देवी पर आधारित धार्मिक चित्र-**देवी विषयक धार्मिक चित्रों में देवी के समस्त रूपों को चित्रित किया गयाहैं। जिस प्राकर संसार की सृष्टि करने वाले उसे सुचारू रूप से चलाने वाले भगवान को क्रमश: तीन रूपों में माना गया हैं।

ब्रहमा, विष्णु, महैंश उसी प्रकार देवी शक्ति को भी सरस्वती, लक्ष्मी, तथा पार्वती के रूप मे पूजा जाता हैं। महाशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की आराधना अनेक रूपों में अथवा नामों से की जाती हैं। महालक्ष्मी, महागौरी, महाकाली, महासरस्वती, अम्बिका, देवी चामुंडा आदि पर चित्रों की श्रृंखलाए बनाई गई हैं। अश्विन तथा चैत्र मास मे नवदुर्गा की पूजा होती हैं। जो भारत के अनेक भागों की तरह पहाड़ी क्षेत्र (विशेषत: कांगडा, गुलेर, चम्बा) में बहुत प्रचलित हैं। अत: महादेवी शक्ति के विभिन्न चित्रों की श्रृंखला निरूपित की गई हैं, जो अत्यन्त अदभुत एंव आलौकिक प्रतित होती हैं।

देवी भगवती, त्रिपुरा भगवती, सुन्दरी, देवी कमल पर आसीन, कमल पर आसीन देवी, सरस्वती, राक्षस शुम्भ का वध करती दुर्गा देवी की वन्दना करते देवगण, देवी असुर संग्राम, शेर असुरों पर आक्रमण करता हुआ, राक्षसों का संहार करती देवी, असुर दरबार, काली राक्षस का सिर काटकर देवी को देते हुए, दुर्गा महिषासुर को मारते हुए[7] दुर्गा ज्वालामुखी देवी का जन्म, दुर्गा को अस्त्र-शस्त्र प्रदान करते देवता, देवी धूमावती,[8] अष्टभुजी देवी,[9] देवी चण्डिका,[10] देवी तथा काली रक्त बीज नामक असुर से युद्ध करते हुए।[11]आदि भव्य चित्रों का अंकन इस श्रृंखला में किया गया हैं।

4. विष्णु अवतारो पर आधारित चित्र- भारत में मध्यकाल में वैष्णव धर्म 11 वीं शताब्दी में खूब पनपा, गुलेर शैली में राम अवतार के चित्रों के अलावा विष्णु के विभिन्न अवतारों का चित्रण यहाँ हुआ हैं। 18 वीं तथा 19 वीं शताब्दी में गुलेर में भगवान कृष्ण के प्रति लोगों की असीम आस्था थी। यहॉ के राजाओं ने अनेक कृष्ण मंदिर भी बनवाये थे। कृष्ण विषयक चित्रों का अंकन विभिन्न शैलियों में समय-समय पर होता आया हैं। अत: कृष्ण पर चित्र बनाना गुलेर चित्रकारों की प्रिय विषय-वस्तु रही हैं। चितेरों ने कृष्ण से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों काव्यों अथवा साहित्यों पर आधारित चित्रों को चित्रित किया हैं। जिनमे मुख्य रूप से जयदेव कृत गीत गोविन्द, रसिक प्रिया, बिहारी सतसई, भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों पर आधारित गुलेर शैली के अनेक चित्र प्राप्त हुए हैं। जिनमें विष्णु, लक्ष्मी, नारायण, वामन अवतार, कृष्ण, राम, वाराह, अवतार, कल्कि अवतार आदि लक्ष्मी नारायण, विष्णु आराधना, नारायण शेषनाग पर, विष्णु तथा लक्ष्मी, विष्णु की स्तुति करते हुए ब्राहमण, लक्ष्मी नारायण, वाराह अवतार, नरसिंह अवतार, वामन के रूप में विष्णु आदि चित्र चित्रित किये गये हैं।

भागवत पुराण पर आधारित चित्र- कृष्ण जन्म, बाल कृष्ण झूला झूलते हुए, बाल कृष्ण खेलते हुए, कालिया नाग की मृत्यु, नंद तथा यशोदा कृष्ण के साथ,[12] कृष्ण तथा बलराम का नामकरण संस्कार,[13] युवा बालक ध्रुव, कंस को ललकारते हुए कृष्ण[14] आदि चित्र बडे ही मनोहारी हैं, जिनको दर्शक अनिमेष निहारने पर विवश हो जाता हैं।

महाभारत पर आधारित चित्र- पाँच पाण्डव, द्रोपदी चीर हरण[15] महाभारत का एक दृश्य, महाभारत युद्ध शिव से अस्त्र-शस्त्र ग्रहण करते अर्जुन आदि इस श्रृंखला के सभी चित्र बडे ही मर्मस्पर्शी हैं।

अन्य धार्मिक चित्र- गणेश, हिन्दु देवता, पंचमुखी हुनमान, समुद्र मंथन आदि जैसे अन्य अनेक चित्र भी इस शैली के अंतर्गत देखने को मिलते हैं।

निष्कर्ष- मैने इस शोधपत्र के माध्यम से गुलेर चित्रशैली के धार्मिक लघु चित्रों को प्रकाश में लाने का प्रयास किया हैं, जिससे इस शैली के ये उत्कृष्ट चित्र जो सिर्फ म्यूजियम और संग्रहालयों में दबे पडे हैं, जन समाज का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हो क्योंकि वर्तमान युग में आधुनिक अथवा वस्तु निरपेक्ष कला को अधिक महत्व दिया जा रहा हैं। लोग इन्ही चित्रों की ओर ज्यादा आकर्षित होने लगे हैं। अत: धार्मिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो धार्मिक विषयवस्तु का जैसा अंकन लघु चित्रों में देखने को मिलता हैं और कहीं नहीं। इसलिए गुलेर चित्रशैली के धार्मिक चित्र इस विषय में उत्कृष्ट हैं। गुलेर के ये चित्र अपने कलातत्वों के आधार पर भी अत्यंत सवोत्कृष्ट हैं। अत: इस शोधपत्र के माध्यम से वर्षो से दबे इन धार्मिक कथानको पर आधारित चित्रों के माध्यम से मैं लघु चित्रों के प्रति हटते रूझान को फिर से जगाने का प्रयास करना चाहती हूँ।

इस प्रकार अध्ययन के अनुसार हमने यहाँ पर गुलेर चित्र शैली में हिन्दू धार्मिक चित्रों को अलग-अलग वर्गो में वर्गीकृत किया गयाहैं इस आधार पर हम यह कह सकते हैं कि धर्म के प्रति भारतीय चित्रकला का स्वरूप अत्यन्त उत्कृष्ट रहा हैं। भारतीय चित्रकला के इतिहास में धार्मिक पक्ष की प्रधानता रही हैं। जो इन वर्गीकृत चित्रों को आधार मानकर कह सकते हैं। पहाडी शैली से सम्बन्धित गुलेर शैली में धार्मिक पक्ष को चित्रों के माध्यम से जिस स्वरूप मे प्रस्तुत किया हैं। वैसा और कहीं नही देखने को मिलता हैं। प्रत्येक चित्र दर्शक को मुग्ध कर देने वाला हैं, सच कहॉ जाए तो गुलेर के चित्रकार वास्वत में अत्यन्त कुशल और प्रभावशाली रहे हैं। अत: यहॉ के चितेरे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अन्धकार से प्रकाश की ओर, रूप शर्मा, पृष्ण 509
2. Kangra paiting of the bhagwata puran, Ms. Randhawa Page - 35
3. Pahari masters B.N. Goswami page - 214
4. Marg vol - XLII No. 1, Page - 11
5. Pahari Masters B.N. Goswami - Page No. 222, Fig - 88
6. Pahari Masters B.N. Goswami - Page No. 214, Fig - 89
7. The devi shakta cult. Omkar Rani , Page - 114
8. The devi shakta cult. omkar rani page - 2
9. The devi shakta cult. omkar rani page - 4
10. The devi shakta cult. omkar rani page - 31
11. The devi shakta cult. omkar rani page - 125
12. Centers of pahari painting chandramani singh, Page - 50
13. Kangra valley painting M.S. Randhawa, Page - 39, Fig - 10
14. Centers of pahari painting, chandarmani singh, Page - 64, Fig- 42
15. Rajput painting, vol- II Anand Coomaras wamy, Plate – XXXIV

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

पेय जल प्रदूषण फ्लोराइड का समाज पर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का अध्ययन (म.प्र. के नीमच जिले के नीमच विकासखंड के विशेष संदर्भ में)

डॉ. एस.एस.मौर्य * विनोद कुमार तिवारी **

* प्राध्यापक, शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – विभिन्न प्रकार के प्रदूषण मानव समाज को प्रभावित करते हैं, उनमें से पेयजल का प्रदूषण जो फ्लोराइड के कारण होता है, उसको यदि सामाजिक परिपेक्ष्य में देखें, तो उसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव जो दृष्टिगोचर होते हैं, उसका अध्ययन भी समाजशास्त्र में महत्वपूर्ण हो जाता है। फ्लोराइड के कारण भारत के कई गांव प्रभावित हैं, जिसके कारण मानव समाज को स्वास्थ्य की समस्याएं ही पैदा नहीं होती है, बल्कि उनको कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है और यह समस्याएं उनके पूरे जीवन को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित करती हैं। प्रस्तुत शोध प्रबंध में दूषित पेय जल प्रदूषण फ्लोराइड के कारण क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन में नीमच जिले के नीमच विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के पेय जल प्रदूषण का आकलन किया गया एवं क्षेत्र में उत्पन्न सामाजिक समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है। यह आकलन किया गया कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार उपलब्ध पेयजल के स्रोतों का अध्ययन द्वारा क्षेत्र के लोगों की प्रस्थितिका आकलन किया गया। समाधानात्मक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

फ्लोराइड के कारण होने वाले सामाजिक और आर्थिक समस्या को नीमच जिले के नीमच विकासखंड में कुछ गांव में यह समस्या विकराल रूप लेकर वहां के मानव समाज में सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को जन्म दे रही है जिसका अध्ययन ही प्रस्तुत शोध पत्र का विषय है।

जीवन देने वाला अमृत रूपी जल अब जहर में बदल चुका है। तथ्य हैरान कर देने वाले है पर सच है। दुनिया भर के कुछ क्षेत्रों की नदियों और झीलों में प्रदूषण इतना अधिक हो चुका है कि ऐसा प्रतीत होता है, कि मानो उनमें से धुंआ निकल रहा है। विश्व बैंक की ओर से जारी की गई ताजा रिपोर्ट में भारत के बंग्लुरू स्थित बेल्लांदुर झील का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जिसके कारण छह मील दूर तक की इमारतों पर राख की बारिश हुई थी विश्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट में यह माना गया है। कि दुनिया भर में जल की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। जिससे बढ़ते प्रदूषण का सीधा असर उस क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं पर पड़ रहा है। मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट में सचेत किया गया है जल की खराब गुणवत्ता एक ऐसे संकट के रूप में उभर रहा है, जिससे मानवता और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। मूलत: यह रिपोर्ट वर्ल्ड बैंक द्वारा दुनियाभर में जल की गुणवत्ता पर इकट्ठा किये गए सबसे बड़ा डेटाबेस पर आधारित है। जिसे दुनिया भर में स्थित विभिन्न निगरानी स्टेशनों, उपग्रहों एवं रिमोट सेंसिंग तकनीक और मशीन लर्निंग मॉडल की सहायता से किये गए विश्लेषण और उससे प्राप्त हुए डेटा के आधार पर तैयार किया गया है।

नीमच जिले के विशेष संदर्भ में देखा जाए तो नीमच विकास खंड के 11 गांव ऐसे जहां जल में विशेष तत्व फ्लोराइड की मात्रा पाई जाती है जिसके कारण और उसके मरीज अधिक देखने में आते हैं पेयजळ में फ्लोराइड की अधिकता से समाज में अन्य समस्याएं भी उभर कर सामने आ रही है जिसमें गर्भवती महिलाओं में गर्भस्थ शिशु पर भी असर होने से शिशु दो-तीन वर्ष की आयु में ही अपंग हो जाता है हाथ पैरों की हड्यिां कमजोर हो जाती है कम उम्र के साथ हाथ पैरों में विकृति,दांत पीले,व्यक्ति का सामाजिक कार्यों में हिस्सा नहीं ले पाना हीन भावना उत्पन्न हो जाती हैं उसे दो भागों में बांटा जा सकता है मानव शरीर के अंगों पर भी असर देखा गया है का शरीर पर प्रभाव पड़ता है और समस्या इस प्रकार हैं आंतों की समस्याएं भूख कम लगना, पैरों में दर्द, मांसपेशियों में अत्यधिक कमजोरी, अत्यधिक विकलांगता मनुष्य के जीवन की स्थिति होती है जैसे इंसान अपने इस बात का एहसास होता है उसका मनोबल इस कदर टूट जाता है। कि जिससे व्यक्ति युवावस्था में ही वृद्ध हो जाता है तथा कुछ भी कार्य करने में लाचार हो जाता है नीमच जिले के नीमच विकास खंड के गांव में पेयजल के अंदर कई किलोमीटर तक फ्लोराइड की मात्रा बढ़ गई है। यह उन गाँवों की समस्या विशेष है जहां पेयजल के रूप भूजल का उपयोग किया जाता है इन गांवों के लोगों के पास पेयजल का कोई विकल्प नहीं है।

समाज में पेय जल प्रदूषण फ्लोराइड के प्रभाव से उत्पन्न सामाजिक समस्याओं के अध्ययन के उद्देश्य से किया गया जिसमें नीमच जिले की नीमच विकासखंड के संदर्भ में विशेष अध्ययन किया गया। मध्य प्रदेश नीमच जिले की जनसंख्या 8,26067जिसमें पुरुष जनसंख्या 4,22653 महिला जनसंख्या 4,03414है। नीमच जिले में तीन विकासखंड हैं, नीमच, मनासा, जावद जिले में 7तहसीलें हैं, नीमच ब्लॉक में 64 ग्राम पंचायत एवं

गांव 203स्थित है। भारतीय समाज में पाई जाने वाली सामाजिक समस्याओं के विषय में पूर्व में किए गए शोध कार्यों की समीक्षा की गई प्रस्तुत अध्ययन का मूल उद्देश्य भारतीय ग्रामीण समाज मे पेय जल प्रदूषण फ्लोराइड के प्रभाव से समाज में महिलाओं एवं पुरुषों की आर्थिक स्थिति में क्या परिवर्तन देखा गया ,शोध का मुख्य उद्देश्य प्राप्ति हेतु निम्न बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया प्रथम पेयजल प्रदूषण से ग्रामीण समाज की सामाजिक स्थिति व आर्थिक प्रस्थिति पर प्रभाव का अध्ययन किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार जब बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) प्रति लीटर 8 मिलीग्राम की सीमा को पार करती है तो उस क्षेत्र के जीडीपी की विकास दर 0.83 फीसदी गिर जाती है। जिसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है, इनका सम्बन्ध आर्थिक क्षेत्र से होने के कारण उस क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में एक-तिहाई की कमी आ सकती है। गौरतलब है कि बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), जल में जैविक प्रदूषण की मात्रा का माप है और इससे हमें परोक्ष रूप से जल की गुणवत्ता का भी पता चलता है।

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष डेविड मालपास ने बताया कि, साफ पानी आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण कारक है। जल की गुणवत्ता में आ रही गिरावट आर्थिक विकास को रोक रही है, स्वास्थ्य की स्थिति को खराब कर रही है, खाद्य उत्पादन को कम कर रही है और कई देशों में गरीबी को बढ़ा रही है।

फ्लोराइडयुक्त जल और कैंसर के अन्तर्सम्बन्धा को लेकर सालों तक बहस चली है। यह बहस फिर से धारातल पर आया जब 1990 में नेशनल इंस्टीट्यूट और एनवायरमेंटल हेल्थ साइंस के हिस्से के रूप में नेशनल टॉक्सिलॉजी प्रोग्राम ने बताया कि 2 सालों तक पुरुष चूहों को उच्च फ्लोराइडयुक्त जल का सेवन कराने से ओस्टियोसरकोमस की मात्रा बढ़ जाती है। हालांकि मानव और दूसरे जीवों में फ्लोराइडयुक्त जल और कैंसर के अन्तर्सम्बन्धों को लेकर दूसरे अध्ययनों में ऐसी कोई बात निकल कर सामने नहीं आई। फ्लोराइड नाम उस यौगिक समूह को दिया गया है जो फ्लोरीन से बने प्राकृतिक तत्व होते हैं। फ्लोराइड पानी और मिट्टी में विभिन्न स्तरों पर मौजूद होते हैं।

1940 में वैज्ञानिकों ने पाया था कि जहाँ पानी में फ्लोराइड की मात्रा पानी के एक मिलियन हिस्से में एक से अधिाक होती है वहाँ के लोगों के दाँत में कैविटी ज्यादा जमती है बनिस्पत ऐसे इलाकों के जहाँ पानी में फ्लोराइड की मात्रा इससे कम होती है। बाद के कई अध्ययनों ने इस बात को प्रमाणित किया है।

आने वाले वक्त में यह भी पता चला कि फ्लोराइड दांतों की सुरक्षा कर सकता है और उसे बैक्टीरिया से भी बचा सकता है। यह बैक्टीरिया मुंह में अम्ल बनाता है और खनिज तत्वों को नुकसान पहुँचाता है, जिससे दांतों पर एनामेल फिर से बनते हैं और यह घिसने लगता है।दांतों के निर्माण के साथ-साथ यह हड्डियों में भी घुलने लगता है।

फ्लोराइड का सेहत पर प्रभाव – पूरे जीवनकाल में फ्लोराइड के अत्यधिाक सेवन के कारण वयस्कों की हड्डियां टूटने लगती हैं और उन्हें दर्द और थकावट का अहसास हो सकता है। आठ साल तक के बच्चे अगर फ्लोराइड का अत्यधिाक सेवन करें तो उनके दाँत बदरंग हो सकते हैं और उन पर गड्ढे हो सकते हैं।

यहाँ फ्लोराइड के तमाम स्वास्थ्य सम्बन्धाी प्रभावों का जिक्र नहीं है, यह सिर्फ आमलोगों को सूचित करने का प्रयास है कि फ्लोराइड युक्त पानी पीने का सेहत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

कुछ फ्लोराइड यौगिक, जैसे सोडियम फ्लोराइड और फ्लोरोसिलिकेट पानी में आसानी से घुल जाते हैं और यह चट्टानों के बीच बने छिद्र से भूजल तक पहुंच जाते हैं। कई जगह पानी की आपूर्ति में भी प्राकृतिक रूप से उपस्थित फ्लोराइड होते हैं। उर्वरक और एल्यूमीनियम फैक्टरी के अवशिष्ट जल के भूजल में मिलने से भी पानी फ्लोराइड युक्त हो सकता है। कुछ देशों में दाँत को स्वस्थ बनाने के लिये भी पानी में फ्लोराइड मिलाया जाता है।

जब रूटीन मॉनिटरिंग से जाहिर हो कि आपके पेयजल में फ्लोराइड एमसीएल से अधिाक है तो आपके वाटर सप्लायर को फ्लोराइड लेवल कम करने के लिये प्रयास करना चाहिए। वाटर सप्लायर को जल्द से जल्द इस बात की सूचना अपने उपभोक्ताओं को दे देनी चाहिए, 30 दिनों के अंदर। खतरे से बचाव के लिये उन्हें पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

मेडिलेक्सीकन मेडिकल डिक्सनरी के मुताबिक फ्लोराइड:

1. फ्लोरीन धातु, अधातु और जैविक तत्वों का यौगिक होता है।
2. फ्लोराइड दाँत और हड्डियों में घुल जाता है मगर इसकी अधिाक मात्रा खतरनाक हो सकती है।

फ्लोराइड का क्या काम है?

फ्लोराइड दो तरीके से दांतों की सुरक्षा करता है।

1. खनिजकरण से सुरक्षा – जब मुंह में बैक्टीरिया के साथ चीनी घुलता है, वे अम्ल की रचना करते हैं। अम्ल दाँत के एनामेल को हटाते हैं और हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। फ्लोराइड इन परिस्थितियों में दांतों की सुरक्षा करते हैं।
2. पुनर्खनिजकरण – अगर अम्ल की वजह से दांतों में पहले से कोई नुकसान हो गया हो तो फ्लोरीन उस क्षेत्र में एनामेल को मजबूत करने में मददगार होते हैं, इस प्रक्रिया को पुनर्खनिजकरण कहते हैं।

फ्लोराइड कैविटी की सुरक्षा करने और दाँतों को मजबूत करने में मददगार होते हैं। मगर कैविटी पहले से बन गए हों तो ये बहुत कम प्रभावशाली हो पाते हैं।

फ्लोराइड दांतों के क्षरण की प्रक्रिया को बाधित करता है:

1. एनामेल निर्माण की प्रक्रिया में बदलाव लाता है, जिससे वह अम्लों के हमले को झेलने में मददगार हो सके। यह संरचनाचत्मक बदलाव बच्चों के एनामेल विकसित होने के वक्त होता है, सात साल से पहले।
2. ऐसे वातारवरण का निर्माण करता है जिसमें बेहतर गुणवत्ता के एनामेल का निर्माण हो सके। जो अम्लीय हमलों को रोक सके।
3. बैक्टीरिया की अम्ल निर्माण की क्षमता को कम करता है, यह दांतों के क्षरण का प्रमुख कारण होता है।

किसे फ्लोराइड की जरूरत है?

दुनिया के सभी लोक स्वास्थ्य प्रशासन और मेडिकल एसोसिएशन बच्चों और वयस्कों के लिये फ्लोराइड के न्यूनतम मात्रा में सेवन की अनुशंसा करते हैं। बच्चे अपने स्थायी दांतों की सुरक्षा के लिये फ्लोराइड की जरूरत महसूस करते हैं। वयस्क के दांतों के क्षरण से बचाव के लिये फ्लोराइड की आवश्यकता होती है।

कई लोग, खासतौर पर जो दांतों के क्षरण के मामले में खतरे के निशान पर होते हैं, उन्हें फ्लोराइड ट्रीटमेंट से लाभ होता है। इसमें वे लोग भी होते हैं,

जिनमे:

1. स्नैकिंग हैबिट
2. दांतों की खराब साफ-सफाई
3. डेंटिस्ट के पास पहुंच का अभाव।
4. उच्च सुगर और कार्बोहाइड्रेट वाले आहार का सेवन।
5. ब्रिज, क्राउन, ब्रेस और दूसरी प्रक्रियाओं को अपनाना।
6. दांतों के क्षरण का इतिहास।

क्या फ्लोराइडयुक्त जल कैंसर को जन्म दे सकता है?

फ्लोराइडयुक्त जल और कैंसर के अन्तर्सम्बन्धा को लेकर सालों तक बहस चली है। यह बहस फिर से धारातल पर आया जब 1990 में नेशनल इंस्टीट्यूट और एनवायरमेंटल हेल्थ साइंस के हिस्से के रूप में नेशनल टॉक्सिसलॉजी प्रोग्राम ने बताया कि 2 सालों तक पुरुष चूहों को उच्च फ्लोराइडयुक्त जल का सेवन कराने से ओस्टियोसरकोमस(बोन ट्यूमर) की मात्रा बढ़ जाती है। हालांकि मानव और दूसरे जीवों में फ्लोराइडयुक्त जल और कैंसर के अन्तर्सम्बन्धों को लेकर दूसरे अध्ययनों में ऐसी कोई बात निकल कर सामने नहीं आई। फरवरी, 1991 में पब्लिक हेल्थ सर्विस रिपोर्ट में यह घोषित किया गया कि, फ्लोराइड और कैंसर का आपस में कोई सम्बन्धा नहीं है। यह रिपोर्ट पिछले 40 सालों में 50 लोगों की आबादी की समीक्षा के आधार पर सामने लाया गया, नतीजा यह निकला कि पेयजल में फ्लोराइड की अधिाक मात्रा से मानवों में कैंसर के लक्षण पाए जाने के प्रमाण नहीं हैं, यह ह्यूमन इपिडेमियोलॉजिकल डाटा के आधार पर साबित हुआ है।

पीएचएस रिपोर्ट के लिये समीक्षा की गई एक स्टडी में एनसीआई के वैज्ञानिकों ने पेयजल में फ्लोराइड की मात्रा और अमेरिका में पिछले 36 सालों में कैंसर हुए मौतों और पिछले 15 सालों में सामने आए कैंसर के नए मामलों का अध्ययन किया। उन्होंने अब तक दर्ज कैंसर की वजह से हुए 22 लाख मौतों का अध्ययन करते हुए पाया कि इनमें से 1.25 लाख मौतें उन प्रांतों में हुई हैं जहाँ पानी में फ्लोराइड मिलाया जाता है, इस तरह अधयेताओं ने पाया कि कैंसर से हुई मौतों के पीछे फ्लोराइड कोई वजह नहीं है।

1993 में नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस के एक हिस्से के तौर पर काम करने वाले नेशनल रिसर्च कॉउंसिल की सब कमेटी ने फ्लोराइड के सेहत पर प्रभाव का अध्ययन किया, उन्होंने फ्लोरीडेटड पेयजल और कैंसर के बढ़ते प्रभाव से सम्बन्धित दस्तावेजों का परीक्षण किया। इस समीक्षा में 50 से अधिाक मानव इपिडेमोजिकल अध्ययन और छह पशु सम्बन्धी अध्ययन के आंकड़ों का विश्लेषण किया। सब कमेटी इस नतीजे पर पहुंची कि कोई आंकड़ा यह प्रदर्शित नहीं करता है कि फ्लोराइड युक्त पेयजल और कैंसर के बीच कोई अन्तर्सम्बन्धा है। 1999 में सीडीसी समर्थित एक रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि की गई। सीडीसी इस नतीजे पर पहुंची कि आंकड़ों के अध्ययन से ऐसा कोई सबूत नहीं मिलता है जिससे फ्लोराइड युक्त पेयजल और कैंसर के बीच सम्बन्धा स्थापित किया जा सके। आगे ओस्टियोसरकोमा के रोगियों से बातचीत की गई और उनके अभिभावकों ने विरोधाभाषी नतीजे पेश किए, लेकिन कोई भी इस बात का स्पष्ट प्रमाण नहीं दे सके कि फ्लोराइड के सेवन से ट्यूमर का रिस्क बढ़ता है।

हाल में अधयेताओं ने फ्लोराइड के प्रभाव और ओस्टियोसरकोमा के बीच संभावित सम्बन्धों का नए तरीके से अध्ययन किया, उन्होंने सामान्य हठी में फ्लोराइड के जमाव का पता लगाया और उसकी तुलना ट्यूमर के रोगियों की हठी में फ्लोराइड के जमाव की मात्रा से की। चूंकि फ्लोराइड सामान्य रूप से हड्डियों में जम जाता है, यह अध्ययन ज्यादा सटीक नतीजे दे सकता था बनिस्पत लोगों की याददास्त और नगरपालिका के वाटर ट्रीटमेंट रिकार्ड के इस विश्लेषण से पता चला कि ओस्टियोसरकोमा के रोगियों की हठी में फ्लोराइड के स्तर और किसी दूसरे ट्यूमर से पीड़ित लोगों की हड्डियों में फ्लोराइड के स्तर में फर्क नहीं था।

सेहत पर असर- अधिाक मात्रा में फ्लोराइड के सेवन से डेंटल और स्केलेटल फ्लोरोसिस होने की प्रबल संभावना रहती है। इसके अधिाक दिनों तक सेवन से यह गम्भीर से खतरनाक रूप भी ले सकता है। अयूब और गुप्ता (2006) के मुताबिक 25 देशों के 20 करोड़ से अधिाक लोग फ्लोरोसिस के गम्भीर खतरे का सामना कर रहे हैं, इनमें दुनिया के दो सबसे अधिाक आबादी वाले देश भारत और चीन बुरी तरह प्रभावित हैं। भारत में 6.2 करोड़ लोगों को फ्लोराइड युक्त जल के सेवन की वजह से सेहत से सम्बन्धित गम्भीर बीमारियाँ हो रही हैं, इनमें 60 लाख बच्चे हैं (अंदेजाथ और घोष, 2000)। चीन के 29 प्रांतों, नगरपालिकाओं और ऑटोनोमस इलाकों में इंडेमिक फ्लोरोसिस का गहरा प्रभाव है (वांग और हुआंग, 1995)। घरों में चाय बनाने या घरों को गर्म करने के लिये वहाँ घर में कोयला जलाया जाता था, जिस वजह से वहाँ पहले से ही डेंटल और स्केलेटल फ्लोरोसिस का खतरा रहा है (एंडो एट आल., 1998, वाटानाबे एट आल., 2000, एंडो एट आल., 2001)। दिसानायके (1991) कहते हैं कि श्रीलंका में सूखे इलाके में जहाँ फ्लोराइड की मात्रा अधिाक पाई जाती है वहाँ डेंटल फ्लोरोसिस का खतरा रहता है और जहाँ नमी वाले इलाके में फ्लोराइड बहुत कम होता है, दाँत कमजोर होने लगते हैं। इथियोपिया रिफ्ट वैली में जहाँ एक करोड़ लोग रहते हैं, 80 लाख लोग अधिाक फ्लोराइड के खतरे में हैं(रेंगो एट आल.,2010)। फ्लोराइड की अलग-अलग मात्रा के सेवन से सेहत पर खतरे के बारे में दिसानायके (1991) कहते हैं, अगर पेयजल में फ्लोराइड की मात्रा 0.5 मिग्रा प्रति लीटर से कम हो तो दाँत कमजोर होने लगते हैं, अगर यह 0.5 से 1.5 मिग्रा प्रति लीटर हो तो दांतों के लिये ठीक रहता है और यह 1.5 मिग्रा प्रति लीटर से 4 मिग्रा प्रति लीटर के बीच हो जाए तो डेंटल फ्लोरोसिस होने लगता है। 4 से 10 मिग्रा प्रति लीटर की मात्रा डेंटल और स्केलेटल फ्लोरोसिस का खतरा उत्पन्न कर देती है। जब यह 10 मिग्रा प्रति लीटर से अधिाक हो जाए तो हड्डियां मुड़ने लगती है। हालांकि फ्लोरोसिस का खतरा सिर्फ पानी में इसकी मात्रा अधिाक होने से नहीं होता बल्कि यह खान-पान की आदतों पर भी निर्भर करता है।

बच्चों के स्वस्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर, भविष्य के संभावनाओं के लिए भी है खतरा- बच्चों के छोटी उम्र में नाइट्रेट के संपर्क में आने से उनका बौद्धिक और शारीरिक विकास भी प्रभावित होता है, जिससे भविष्य में उनके स्वास्थ्यपर बुरा असर पड़ता है और साथ ही कमाई की संभावनाएं भी कम हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार भारत, वियतनाम और अफ्रीका के 33 देशों में जन्म लेने वाले उन शिशुओं का पूर्ण विकास नहीं हो पाया था, जो अपने जीवन के पहले तीन वर्षों में नाइट्रेट के बढे हुए स्तर के संपर्क में थे। अनुमान है कि पीने के पानी में फ्लोराइड के बढ़ने के कारण 25 देशों के 20 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमे से 6.6 करोड़ लोग अकेले भारत में रहते हैं, जिनमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में मानव विकास सर्वेक्षण के स्वास्थ्य और सीजीडब्ल्यूबी द्वारा जारी भूजल में नाइट्रेट के प्रदूषण सम्बन्धी आंकड़ों के विश्लेषण में भी यह बात सामने आयी है कि चार से आठ साल की उम्र के बच्चों के नाइट्रेट्स की उच्च मात्रा के संपर्क में

आने से उनका विकास प्रभावित हो रहा है। वह अपनी आयु वर्ग के सामान्य बच्चों की तुलना में अल्पविकसित हो रहे हैं।

यदि प्रति हेक्टेयर कृषि भूमि में एक किलोग्राम अतिरिक्त उर्वरक डाला जाता है तो उससे पैदावार पांचप्रतिशत तक बढ़ सकती है, लेकिन इससे बच्चों में अविकसित होने के मामले 19 फीसदी बढ़ जाते हैं। वहीं भविष्य में वयस्क होने पर इन अविकसित बच्चों की आय भी सामान्य बच्चों की तुलना में दो प्रतिशत तक गिर जाती है। वहीं दूसरी और मनुष्यों द्वारा उर्वरकों के बढ़ते उपयोग, सिंचाई और शहरों से निकले अपशिष्ट जल के कारण जल स्रोतों में लवणता बढ़ती जा रही है, जिसका सीधा प्रभाव कृषि पैदावार पर पड़ रहा है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है जल में बढ़ते खारेपन के कारण हर वर्ष 17 करोड़ लोग जो कि बांग्लादेश की आबादी के बराबर हैं, के पेट भरने लायक भोजन गंवाया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आहुजा राम 'सामाजिक समस्याए' द्वितीय संस्करण पुर्णत: संशोधित एवं परिवर्तित।
2. मदन जी.आर.(2000) 'भारतीय सामाजिक समस्याएं' विवके प्रकाशन (आगरा)
3. सिंह जे.पी. (2010) 'आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन' पी.एच.आई. लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड(नई दिल्ली)
4. Vyas, A., Choudhary, R. & Bhora, R. (2016) : Groundwater potential and quality of Didwana Block of the Nagaur District, Central Part of Rajasthan, India. Proceeding of State Seminar on Excess fluoride in Potable water and its associated health hazards, 4-5 Aug., Alwar (Raj.) pp.68-72.
5. BIS (2001) : Indian Standards for drinking water-specification (ISI0500:1991), Bureau of Indian Standards, New Delhi.
6. Susheela, A.K. (2011) : Fluorosis management programme in India. Current Sci., Vol.77, pp.1250-1256.
7. Teotia, S.P.S., Teotia, M., Singh, M.K. (1981) : Hydrogeochemical aspects of endemic skeletal fluorosis in India, An epidemiological study. Fluoride, Vol.14, pp.69-74.
8. Seth, Gita (2015) : Geochemical Study of Fluoride in Groundwater of Rajasthan. CAIJ, Vol.2, pp.191-193.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारत में महिला उद्यमिता की समस्याऐ एवं समाधान (शासन द्वारा संचालित सरकारी योजनाओ के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. रीना जैन *

*** सहायक प्राध्यापक, भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जावरा (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विकास के कारण देश में बड़ी संख्या में महिलाओं के रोजगार के अवसरों के द्वार खुलने के साथ–साथ आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। भारत में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू होने पर महिला उद्यमियों के अवसर बढ़े हैं महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है महिलाओं में प्रबंधन का गुण पुरुषों की तुलना में अधिक होता है भारत में महिलाएं उन सभी क्षेत्रों में अच्छा काम कर रही है जहां पुरुषों का वर्चस्व था।

उद्यमी के लिए किसी विशेष पक्ष की आवश्यकता नहीं होती कोई भी व्यक्ति जिसमें उद्यमी के गुण हो विद्यमान उद्यमी बन सकता है महिलाएं बड़ी खूबी से घर का प्रबंधन करती है एवं जिस काम को करने की ठान लेती है उसे पूरा करके ही रहती हैं।

आज की इस प्रगतिशील युग में सभी का यही मानना है कि महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाकर उन्हें सामाजिक और पारिवारिक प्रगति में सहायक बनाया जा सकता है चाहे हजारों वर्ष पीछे मुड़ कर देखने की बात हो या आगे बढ़ने की दुनिया में चारों ओर महिलाओं ने अपनी इच्छाशक्ति दृढ़ संकल्प एवं समझदार नेतृत्व से अपनी पहचान बनाई है यद्यपि महिला एवं पुरुष दोनों ही समाज के बराबर के अंग है फिर भी स्वरोजगार के क्षेत्र में आने के लिए महिलाओं को पुरुषों की तुलना में ज्यादा मेहनत,कठिन चुनौतियां एवं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है भारत में महिलाओं की पिछड़ी सामाजिक व आर्थिक दशा में सुधार के उद्देश्य से महिला उद्यमिता की एक अलग विचारधारा शुरू की गई है प्रारंभ से ही उद्यमिता क्षेत्र में पुरुषों का एकाधिकार रहा है तथा आज भी काफी सीमा तक विद्यमान है संचालक अधिशासी, प्रबंधक सचिव, प्रबंध संचालक आदि के रूप में पुरुषों ने ही विभिन्न प्रबंध के कार्य एवं भूमिकाओं का निर्वाह किया है। विगत 4 दशकों में हुए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों के फल स्वरुप उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का आगमन हुआ है तथा उदारीकरण निजीकरण तथा शिक्षा के बढ़ते प्रसार से इस आगमन का समाज में स्वागत किया है यूरोप अमेरिका एवं जापान के बाद भारत में भी उद्यमिता क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका क्रमश: बढ़ती जा रही है तथा पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर विभिन्न उद्यमिता कार्यों का प्रभावी ढंग से निष्पादन कर रही हैं।

आमतौर पर तो महिलाएं किसी भी प्रकार एवं आकार का उद्योग स्थापित एवं संचालित कर सकती हैं लेकिन कुछ विशेष उद्योग ऐसे होते हैं जिन्हें यदि महिलाएं स्थापित या संचालित करें तो सफलता की संभावना अधिक रहती है। वर्तमान परिवेश में महिला उद्यम अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों तथा इंजीनियरिंग,इलेक्ट्रॉनिक उद्योग या रेडीमेड गारमेंट, फैब्रिक हस्तकला, खिलौना निर्माण,मुर्गी पालन, प्लास्टिक उद्योग, साबुन निर्माण, सेरेमिक छपाई, बुनाई आदि चाहे वे परंपरागत हो या गैर परंपरागत आदि क्षेत्रों में उद्यमशील है यद्यपि महिलाओं में प्रबंधन का गुण जन्मजात होता है परंतु भारतीय परिप्रेक्ष्य में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का अनुपात उद्यम क्षेत्रों में बहुत निम्न है। स्व सहायता समूह तथा उद्यमिता विकास केंद्र,औद्योगिक केंद्र विकास निगम आदि महिलाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है। महिला उद्यमिता मानव समाज के विकास का अभिन्न अंग है कुछ समय पहले तक महिला उद्यमी की कल्पना नहीं की जा सकती थी, लेकिन शिक्षा के प्रसार,समय के परिवर्तन के साथ साथ महिला उद्यमियों की संख्या बढ़ती जा रही है जो एक शुभ संकेत है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के सहयोग से मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने प्रतिद्वंदी के समान प्रभाव शील होती जा रही है। महिलाओं को इस प्रकार से वातावरण का निर्माण करना चाहिए कि जिसमें संकोच एवं पूर्वाग्रह से निकलकर स्वयं ही स्वरोजगार की पहल करें सरकार, समाज,समाज सेवी संस्थाओं एवं परिवार की महिलाओं को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि महिला समाज का एक महत्वपूर्ण घटक है और वे आर्थिक विकास में पुरुषों के बराबर का योगदान दे सकती है। महिलाओं में उद्यमशीलता के विकास से महिलाएं आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्र होकर समाज और घरों पर निर्भरता को समाप्त कर सकती हैं तथा देश की राष्ट्रीय आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

भारत में महिला उद्यमिता की समस्याऐ – महिला उद्यमिता को आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना गया है। महिला उद्यमी अपने लिए और अन्य लोगों के लिए नए कार्य सृजित करती है और समाज को प्रबंध,संगठन एवं व्यवसाय समस्याओं के भिन्न–भिन्न समाधान उपलब्ध कराती है किंतु फिर भी उद्यमियों में उनकी संख्या काफी कम है महिला उद्यमियों को अवसर अपने व्यवसाय शुरू करने और उन्हें बढ़ाने में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो निम्न प्रकार है –

(1) वित्तीय बाधाएं – वित्त हर व्यवसाय का जीवन रक्त है। बिजनेस के लिए लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म दोनों फंड की जरूरत होती है। वित्तीय संस्थानों से ऋण और अग्रिम प्राप्त करने के लिए, उन्हें संपार्श्विक प्रतिभूतियां प्रदान करनी होती हैं।लेकिन, आमतौर पर महिलाओं के नाम पर संपत्ति नहीं होती है और यह उन्हें धन के बाहरी स्रोत प्राप्त करने से रोकता है।बैंक भी महिलाओं

को कम क्रेडिट योग्य मानते हैं और महिला उधारकर्ताओं को इस विश्वास पर हतोत्साहित करते हैं कि वे किसी भी समय अपना व्यवसाय छोड़कर फिर से गृहिणी बन सकती हैं।इन परिस्थितियों में, महिला उद्यमी अपनी बचत और दोस्तों और रिश्तेदारों से ऋण पर निर्भर रहने के लिए बाध्य हैं। इस तरह के फंड की मात्रा अक्सर नगण्य होती है जिससे महिला उद्यम विफल हो जाते हैं।

(2) बिचौलियों पर अधिक निर्भरता – महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के वितरण के लिए बड़े पैमाने पर बिचौलियों पर निर्भर रहना पड़ता है। ये बिचौलिए अपने मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा लेते हैं।

महिला उद्यमियों के लिए बिचौलियों को खत्म करना संभव हो सकता है, लेकिन इसके लिए अतिरिक्त पूंजी निवेश और बहुत अधिक यात्रा की आवश्यकता होती है। महिला उद्यमियों को बाजार पर कब्जा करने और अपने उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में मुश्किल होती है।

(3) कड़ी प्रतिस्पर्धा – महिला उद्यमियों को संगठित उद्योगों और पुरुष उद्यमियों के उत्पादों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।प्रचार और विज्ञापन के लिए बहुत सारा पैसा खर्च करने के लिए उनके पास संगठनात्मक ढांचा नहीं है।

समाज की यह भावना है कि महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद गुणवत्ता में निम्न हैं क्योंकि स्वयं महिलाओं द्वारा निर्मित होते हैं। इन कारकों से महिला उद्यमों का परिसमापन होगा।

(4) कच्चे माल की कमी – कच्चे माल की कमी महिला उद्यमियों के सामने एक और महत्वपूर्ण समस्या है। कच्चे माल की कीमत बहुत अधिक है और महिला उद्यमियों को आमतौर पर न्यूनतम छूट पर कच्चा माल मिलता है।

1971 में टोकरी बनाने में लगी कई महिला सहकारी समितियों की विफलता इस बात का उदाहरण है कि कच्चे माल की कमी उद्यमिता को कैसे प्रभावित करती है।

(5) उत्पादन की उच्च लागत – महिला उद्यमियों के सामने एक अन्य समस्या उत्पादन की उच्च लागत है। सरकारी अनुदान और सब्सिडी उन्हें इस कठिनाई से निपटने में मदद करती है, लेकिन ये अनुदान और सब्सिडी इसकी स्थापना के शुरुआती चरणों में ही उपलब्धा हैं।विस्तार और विविधीकरण गतिविधियों के लिए ये सहायता नगण्य होगी।

(6) सीमित गतिशीलता – पुरुषों के विपरीत, भारत में महिलाओं की गतिशीलता विभिन्न कारणों से अत्यधिक सीमित है।शारीरिक रूप से वे बहुत अधिक यात्रा करने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं हैं। स्वतंत्र रूप से और अकेले उद्यम चलाने वाली महिला को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है।महिलाओं के प्रति अधिकारियों का अपमानजनक रवैया उन्हें उद्यम शुरू करने के विचार को छोड़ने के लिए मजबूर करता है।

(7) पारिवारिक संबंध – पारिवारिक जिम्मेदारियां भी महिला उद्यमिता के विकास में बाधक हैं। भारत में, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों की देखभाल करना मुख्य रूप से एक महिला का कर्तव्य है।मनुष्य इन मामलों में एक गौण भूमिका निभाता है। विवाहित महिलाओं के मामले में उन्हें अपने व्यवसाय और परिवार के बीच अच्छा संतुलन बनाना होगा।

उनकी सफलता काफी हद तक परिवार द्वारा दिए गए समर्थन पर निर्भर करती है। परिवारों की व्यावसायिक पृष्ठभूमि और पतियों के शैक्षिक स्तर का महिला उद्यमिता के विकास पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

(8) शिक्षा का अभाव – भारत में लगभग 60% महिलाएं अभी भी निरक्षर हैं। अशिक्षा सामाजिक–आर्थिक समस्याओं का मूल कारण है। शिक्षा की कमी के कारण महिलाएं व्यापार तकनीक और बाजार से अनभिज्ञ हैं।

यह महिलाओं के बीच उपलब्धि प्रेरणा को भी कम करता है। इस प्रकार, शिक्षा की कमी महिलाओं के लिए व्यावसायिक उद्यम स्थापित करने और चलाने में समस्याएँ पैदा करती है।

(9) सामाजिक दृष्टिकोण – यह महिला उद्यमिता के मार्ग में सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक है। संविधान पुरुषों और महिलाओं दोनों को समानता प्रदान करता है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ व्यापक भेदभाव है।पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं माना जाता है। महिलाओं में क्षमता है लेकिन उनके पास पर्याप्त प्रशिक्षण की कमी है।

एक आम धारणा है कि शादी के बाद लड़की को दिया गया कौशल खो जाता है। इसलिए, लड़कियां कृषि और हस्तशिल्प में सहायक बनी रहती हैं और कठोर सामाजिक दृष्टिकोण उन्हें सफल और स्वतंत्र उद्यमी बनने से रोकते हैं।

(10) पुरुष प्रधान समाज – भारत में पुरुष प्रधानता आज भी प्रचलित है। भारत का संविधान लिंगों के बीच समानता की बात करता है। लेकिन, व्यवहार में महिलाओं को 'अबला' माना जाता है।

महिलाएं अपनी भूमिकाओं, क्षमताओं और क्षमताओं के बारे में पुरुष आरक्षण से ग्रस्त हैं। संक्षेप में, महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं माना जाता है। यह महिलाओं के व्यवसाय में प्रवेश की मुख्य बाधा है।

महिला उद्यमिता की समस्याओं का समाधान – महिला उद्यमिता की समस्याओं को दूर करने के लिए,निम्नलिखित उपचारात्मक उपाय अपनाए जा सकते हैं –

(1) अलग वित्त प्रभाग – महिला उद्यमियों को आसान और तैयार वित्त प्रदान करने के लिए विभिन्न वित्तीय संस्थानों और बैंकों द्वारा अलग–अलग वित्त विभाग खोले जा सकते हैं। इन प्रभागों के माध्यम से वे महिला उद्यमियों को रियायती दरों पर वित्त प्रदान कर सकते हैं।

कार्यालयों के अपमानजनक रवैये से बचने के लिए ये विभाग महिला अधिकारियों के नियंत्रण और प्रबंधन में हो सकते हैं।

(2) कच्चे माल की आपूर्ति – नियंत्रित और दुर्लभ कच्चे माल की आपूर्ति में महिला उद्यमियों को अन्य उद्यमियों की तुलना में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हो सके तो स्थानीय अधिकारियों की सरकार महिला उद्यमियों को कच्चे माल की आपूर्ति पर कर में छूट दे।सरकार को न्यूनतम मूल्य पर कच्चे माल की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिए।

(3) सहकारी महिला विपणन समितियां– उत्पादों का विपणन महिला उद्यमियों के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए वे सहकारी समितियां शुरू कर सकते हैं।

ये समितियां महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों को एकत्र कर सकती हैं और बिचौलियों को खत्म कर प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेच सकती हैं। उत्पादों के वितरण के लिए पूरे राज्य/ देश में समाजों की एक श्रृंखला शुरू की जा सकती है।

(4) शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन–लोगों को उद्यमिता विकास, विभिन्न उत्पादों, उनकी विपणन सुविधाओं, प्रतिस्पर्धा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। महिलाओं के प्रति समाज के नकारात्मक रवैये को बदलना चाहिए।

(5) प्रशिक्षण– उद्यमिता की आधुनिक अवधारणा यह है कि 'उद्यमी पैदा

नहीं होते बल्कि बनते हैं।' उचित प्रशिक्षण देकर हम किसी व्यक्ति की जन्मजात प्रतिभा को विकसित कर उसे उद्यमी बना सकते हैं।

इसके लिए सरकारी एजेंसियां और वित्तीय संस्थान महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग डिवीजन स्थापित कर सकते हैं। पाठ्यक्रम की प्रशिक्षण योजना इस तैयार की जानी चाहिए कि महिलाएं प्रशिक्षण सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

(6)पारिवारिक पृष्ठभूमि – महिला उद्यमियों के विकास के लिए एक मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि होनी चाहिए। बड़ों, विशेषकर माताओं को लड़कियों की क्षमता और समाज में उनकी भूमिका के बारे में पता होना चाहिए।

प्रारंभिक चरण में माता-पिता और बाद के चरण में पतियों को उद्यमशीलता की गतिविधियों को सफलतापूर्वक करने के लिए महिलाओं का समर्थन करना चाहिए।

(7)समाज से सहायता – समाज को उसके आर्थिक और सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका से अवगत कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। महिला उद्यमियों के प्रति समाज के नकारात्मक रवैये में बदलाव लाना होगा।

समाज उन महिलाओं को उत्साहजनक सहायता प्रदान करेगा जो उद्यमशीलता की गतिविधियाँ करती हैं।

(8)सरकार से सहायता – केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को नए उद्यम शुरू करने के लिए महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारों को उन्हें ढांचागत सुविधाएं, कच्चा माल, कर छूट और रियायतें देनी चाहिए। सरकार महिला उद्यमियों को विशेष अनुदान और सब्सिडी भी दे सकती है।

महिलाओं को आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभानी होगी। उनके पास व्यावसायिक उद्यमों को स्थापित करने और प्रबंधित करने की क्षमता और इच्छाशक्ति है।इसके लिए उन्हें अपने परिवार के सदस्यों, सरकार और समाज के बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन और समर्थन की जरूरत है।

महिला उद्यमियों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाएं – महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की उद्यमशीलता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा बहुत सारी ऐसी योजनाएं लागू की गई है जिससे महिला उद्यमी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में हर जगह देखी जा सकती हैं। महिलाएं भी अब केवल घरों की चार दीवारी के भीतर रहकर काम ना करेगी, बल्कि महिलाएं भी अपना खुद का उद्यम भी शुरू कर पाएगी।

भारत सरकार के अलावा बैंक शाखाओं ने भी महिलाओं के हौसले को नई उड़ान देने के लिए विशेष प्रकार के ऋण उपलब्ध करवाएं, ताकि वह शुरुआती व्यवसाय बड़ी ही आसानी से शुरू कर सकें। महिला उद्यमियों के लिए सरकार द्वारा निम्न नई योजनाएं बनाई गई हैं, जिनसे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले और अपने नए उद्यम को बिना किसी बाधा के वह शुरू कर सके।

(1) अन्नपूर्णा योजना (Annapurna Scheme)– भारत सरकार द्वारा अन्नपूर्णा योजना को 31 अक्टूबर 2015 को जयपुर जिले के बमोरी गांव से शुरू किया गया। अन्नपूर्णा योजना के तहत वे महिला उद्यमी जो पैक किए गए भोजन, नाश्ते आदि खाद्य वस्तुओं को बेचने के लिए खाद्य खानपान उद्योग स्थापित करना चाहती हैं. इस योजना के भीतर स्टेट बैंक ऑफ मैसूर के द्वारा उन महिला उद्यमियों को पचास हजार रुपए की ऋण राशि दी जाएगी और जिसे 36 महीनों की मासिक किस्तों पर भुगतान करना होगा। यह ऋण महिला उद्यमी की प्राथमिक जरूरतों को पूर्ण करने के लिए दिया जाएगा, यानी कि बर्तन और अन्य उपकरणों को खरीदने के लिए. इस ऋण की ब्याज दर बाजार दर के हिसाब से लगाई जाएगी और यह ऋण प्राप्त करने के लिए महिला उद्यमी को एक गारंटर की आवश्यकता होती हैं, क्योंकि बिना गारंटर महिला उद्यमी को यह ऋण नहीं दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा उठाया गया महिला उद्यमीयों के लिए काफी अच्छा कदम है।

(2) ओरिएंटल महिला विकास योजना (Orient Mahila Vikas Yojana Scheme) – वे महिलाएं जो व्यक्तिगत रूप से या फिर संयुक्त रूप से एक मालिकाना चिंता के चलते 51% शेयर पूंजी रखती हैं, उन्हें ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत लघु उद्योगों में महिला उद्यमी को 10 लाख से लेकर रू2500000 तक का ऋण दिया जाता है और इस ऋण को लेने के लिए किसी भी प्रकार के गारंटर की आवश्यकता नहीं होती हैं।अगर महिला उद्यमी अपने ऋण को पुनरभुगतान चाहता है तो उसकी अवधिा 7 वर्ष है। इसके तहत 2% ऋण ब्याज दर की महिला उद्यमी को रियायत भी दी जाती हैं।

(3) मुद्रा योजना महिला उद्यमी (Mudra Yojana Scheme For Women) – भारत सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत वे महिलाएं जो, अपना व्यवसाय छोटे उद्यमों से शुरू करना चाहती हैं, जैसे ट्यूशन सेंटर, टेलरिंग यूनिट या फिर ब्यूटी पार्लर तो उन्हें किसी सम पार्श्विक गारंटर की आवश्यकता के बिना ऋण दिया जाता है। ऋण प्रदान करते समय आपको एक मुद्रा कार्ड भी दिया जाएगा और यह मुद्रा कार्ड आपके क्रेडिट कार्ड के समान ही कार्य करेगा और इस पर ऋण राशि के 10% तक सीमित धानराशि जमा होगी. मुद्रा योजना का लाभ आप तीन जनों के द्वारा उठा सकते हैं, जो कि इस प्रकार है :

शिशु – इसमें ऋण राशि 50000 तक सीमित है।

किशोर – इसमें ऋण राशि 50000 से लेकर 5 लाख रुपए के बीच होती हैं। इसका लाभ स्थापित उद्यम वाले लोगों द्वारा उठाया जा सकता है।

तरुण – इसमें ऋण राशि 1000000 रुपए तक की होती हैं।

इन तीन चरणों के द्वारा महिला उद्यमी इस मुद्रा योजना का लाभ बड़ी ही आसानी से उठा सकती हैं और अपने व्यवसाय को अच्छा कर सकती है।

(4) भारतीय महिला बैंक व्यवसायिक ऋण (Bharatiya Mahila Bank Business Loan)– भारतीय महिला बैंक व्यवसायीक ऋण को उन महिला उद्यमियों के लिए लघु किया गया है, जो अपना नया उद्यम खुदरा क्षेत्र में संपत्ति, और SME खिलाफ शुरू करना चाहती है। महिला उद्यमी को इस योजना के तहत अधिकतम ऋण राशि 200000000 तक दी जाती हैं और जिस पर 0.25% की छूट भी दी जाती है। इसे ऋण राशि पर ब्याज दर आमतौर पर 10.15% या फिर उससे अधिक की होती है। भारतीय महिला बैंक व्यवसायीकरण योजना की सबसे अच्छी बात यह है, कि यह लघु और सूक्ष्म उद्यम के लिए गारंटी फंड ट्रस्ट के तहत एक करोड़ तक के ऋण के लिए सवपार्श्विक सुरक्षा की आवश्यकता नहीं होती हैं।

(5) देना शक्ति योजना (Dena Shakti Scheme) – अगर महिला उद्यमी कृषि, विनिर्माण, सूक्ष्म-ऋण,खुदरा स्टोर या फिर सूक्ष्म उद्यमों के क्षेत्र में अपना व्यवसाय बढ़ाना चाहती हैं और जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती हैं उन्हें इस प्रकार के ऋण देना शक्ति योजना के तहत प्रदान किए जाते हैं। महिला उद्यमी को खुदरा व्यापार के लिए इस योजना के तहत अधिकतम ऋण राशि 2000000 दी जाती है, जिस पर ब्याज दर

जीरो प्वाइंट 25% होती हैं। ऋण में प्रदान की गई बैंक द्वारा इस राशि को महिला उद्यमी किस्तों के मासिक भुगतान के द्वारा बड़ी ही आसानी से चुका सकती हैं।

(6) उद्योगिनी योजना (Udyogini Scheme) – इसी योजना के तहत वह महिला उद्यमी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है और जो अपना व्यवसाय कृषि, खुदरा और छोटे उद्यमी क्षेत्र में कर रही हैं, उन्हें एक लाख रुपए तक ऋण दिया जाता है। अगर महिला उद्यमी के परिवार की वार्षिक आय रू45000 से कम है, तभी वह इस योजना के द्वारा ऋण ले सकते हैं अन्यथा नहीं। इसकी सबसे अच्छी बात यह है, कि एससी और एसटी श्रेणियों की विधवा, निराशत्र या विकलांग महिलाओं को रू10000 तक के ऋण पर 30% की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। उद्योगिनी योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के द्वारा महिला उद्यमी अपने स्टार्टअप को काफी अच्छा ग्रो कर सकती हैं।

(7) सेण्ट कल्याणी योजना (Cent Kalyani Scheme) – अगर महिला अपना नया उद्यम शुरू करना चाहती हैं या फिर उसे संशोधित करना चाहती हैं, तो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा उन्हें ऋण की डीएचएस योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना के तहत यह ऋण उन महिला उद्यमियों द्वारा लिया जा सकता है जो गांव, लघु , और मध्यम उद्योगों, स्वरोजगार, कृषि खुदरा व्यापार जैसे व्यवसायिक उद्यमों में शामिल होती हैं। इसी योजना के तहत महिला उद्यमी को ऋण लेते समय किसी भी गारंटर की आवश्यकता पड़ती हैं और इस योजना के तहत दी जाने वाले अधिकतम ऋण राशि 1 लाख हैं।

(8) महिला उद्यम निधि योजना (Mahila Udyam Nidhi Scheme) – महिला उद्यम निधि योजना को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा शुरू किया गया है और इस योजना का उद्देश्य लघु उद्योग में शामिल महिला उद्यमों को ऋण देकर उनका समर्थन करना है। महिला उद्यम निधि योजना के तहत दी जाने वाली ऋण राशि को महिला उद्यमी द्वारा 10 वर्षों की अवधि में बड़ी ही आसानी से चुकाया जा सकता है। महिला निधि योजना के तहत ब्यूटी पार्लर, डे केयर सेंटर, ऑटो रिक्शा दो पहिया वाहन का राधे खरीदने की अलग-अलग ऋण योजनाएं शामिल हैं और इसी योजना के तहत दी जाने वाली अधिकतम ऋण राशि 1000000 रुपए है।

(9) स्त्री शक्ति योजना (Stree Shakti Package For Women Entrepreneurs)– यह योजना महिला उद्यमियों को ऋण राशि में छूट की दर प्रधान करवाती हैं। इसी योजना के तहत अगर महिला उद्यमी की ऋण की राशि 200000 से अधिक होती हैं, तो यह 0.50% की छूट उस ब्याज दर पर प्रदान करवाती है। सरकार द्वारा इसी योजना को एसबीआई बैंक की अधिकांश शाखाओं द्वारा संचालित की गई है।

भारत सरकार द्वारा महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए इन सभी अच्छी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण और महिला एंपावरमेंट को बढ़ाने के लिए बैंक और सरकार द्वारा उठाए गए यह कदम काफी लाभान्वित है।

भारत में महिलाएं उद्यमशीलता के गुण में ज्यादा कुशल हो गई है आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं महिलाओं में उद्यमशीलता के गुण विकसित करने में प्रशिक्षण और प्रोत्साहन कार्यक्रम के कारण उनमें चुनौतियों का सामना करने का साहस बढ़ा है समस्याओं के संदर्भ में सही रणनीति अपनाकर इन पर नियंत्रण किया जा सकता है।

महिलाओं में कुछ सहज एवं स्वाभाविक गुण होते हैं जो उन्हें सफल नेता बनाते हैं। विविध कार्यों को निष्पादित करने में महिलाओं की क्षमता एक अद्भुत विशिष्टता है जो कार्य स्थल विशेषकर वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर सहज ही परिलक्षित होती है, एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए जहां व्यक्ति को भिन्न भिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है और पहलो की प्राथमिकता सतत निर्धारित करनी होती है। भारत आर्थिक विकास के संक्रमण काल से गुजर रहा है ऐसे में उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध है।

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है जिसमें विभिन्न स्टेक धारक नामत: सरकार, वित्तीय संस्थाएं, विशेषज्ञ समूह, व्यवसाय एवं उद्योग एवं संघ तथा महत्वपूर्ण रूप से सफल महिला उद्यमी शामिल है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु संचालित जन-धन योजना का योगदान

डॉ. रामभजन साकेत* डॉ. ए.के. पाण्डेय प्रियंका रत्नाकर*****

* अतिथि विद्वान, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
*** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत में जनजातियों का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है जिनमें से महाराष्ट्र, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, उत्तरांचल, आंध्रप्रदेश के साथ मध्यप्रदेश में प्रमुख रूप से गोड़, भील, भारिया, कोरकू, हलबा, कोल, भारिया सहारिया जन-जाति पाई जाती है। धार, झाबुआ मंडला जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक जनजातियों की आबादी है जबकि खरगोन, छिदवाड़ा, सिवनी, सीधी, शहडोल जिले में 30 से 50 प्रतिशत जनजातियां पाई जाती हैं। भारतीय संविधान में सदियों से शोषित पीड़ितों के साथ अनुसूचित जनजातियों को भी विकास के लिए शासन की विभिन्न योजना संचालित की गई जिनमें अंत्योदय, स्वरोजगार, नवजीवन आवास वसुन्धरा, कृषि भूमि, जल जीवन सामूहिक सिंचाई योजना प्रमुख है। लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी जनजातियों की आर्थिक स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। लेकिन प्रधानमंत्री जन-धन योजना के संचालन में इनके जीवन स्तर में काफी सुधार देखने को मिला है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना का शुभारंभ 15 अगस्त 2014 से 14 अगस्त 2015 तक प्रत्येक गरीब परिवारों को बैंक खाता शून्य से खोलने की पहल देश भर के गरीब परिवारों विशेषकर अनुसूचित जन जातियों अनुसूचित जातियों परिवारो को खेलना है।

शोध अध्ययन का महत्व – संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत जनजाति विकास हेतु विशेष केंद्रीय सहायता तथा अनुदान दिया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि, बागवानी, लघु सिंचाई, पशुपालन पशुपालन लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ-साथ राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं उनका लाभ प्राप्त कर आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ-साथ निम्न जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य – जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु संचालित जन-धन योजना के बारे में जानकारी प्रदान करना साथ ही बैंकों के माध्यम से ऋण एवं स्वरोजगार हेतु ऋण की जानकारी साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ बैंक खाते में उपलब्ध कराना है।

अध्ययन का क्षेत्र – मध्य प्रदेश के सतना जिले का मझगवां विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जनजातियों के 50 प्रतिशत परिवारों से मिलकर उनकी आर्थिक शैक्षिक सामाजिक स्थिति का अवलोकन करना।

निदर्शन विधि- सतना जिले का मझगवां विकासखंड 10 ग्राम पंचायतों का का चयन दैव निर्देशन विधि का प्रयोग कर 50 परिवारों से मिलकर जानकारी प्राप्त करना।

समंक संकल के स्त्रोत

प्राथमिक समंक-इसके अंतर्गत शोधकर्ता अपने अनुसंधान क्षेत्र में स्वयं जाकर प्रत्यक्ष रूप से देखकर उत्तर दाताओं से जानकारी एकत्र करता है जो प्राथमिक समंक कहलाता है।

द्वितियक समंक-द्वितियक समंक से तात्पर्य कुल समस्त लिखित प्रकाशित या अप्रकाशित प्रलेखों से है। जिनमें अनुसंधानकर्ता अपने शोध पत्र के लिए तथ्यों से प्राप्त करता है।

शोध हेतु चयनित ग्राम पंचायतों के नाम

क्र.	ग्राम पंचायत नाम	उत्तरदाता
1	बरौधा	50 परिवारों से
2	शाहपुर	50 परिवारों से
3	अर्जुनपुर	50 परिवारों से
4	सेजवार	50 परिवारों से
5	खरहा	50 परिवारों से
6	पिण्ड्रा	50 परिवारों से
7	मझगवां	50 परिवारों से
8	चितहरा	50 परिवारों से
9	गोडगवा	50 परिवारों से
10	कैलाशपुर	50 परिवारों से

स्त्रोत-प्राथमिक समंक

शिक्षा के आधार पर उत्तरदाताओं की जानकारी

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	अशिक्षित	202	40.4
2	प्राथमिक	210	42
3	माध्यमिक	46	9.2
4	हाई स्कूल	19	3.8
5	हायर सेकण्ड्री	15	3
6	स्नातक	08	1.6
	योग	**500**	**100**

स्त्रोत-प्राथकि समंक

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि ज्यादा से उतरदाता अशिक्षित हैं वहीं 42 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त किए है। 9.2 प्रतिशत उत्तरदाता माध्यमिक शिक्षा प्राप्त है। 3.8 प्रतिशत हाईस्कूल की शिक्षा प्राप्त किए है। 3 प्रतिशत हायर सेकण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण है जबकि 1.6 प्रतिशत स्नातक की शिक्षा प्राप्त है। अत: जनजातियों में शिक्षा का स्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

व्यवसाय के आधार पर उत्तरदाताओं की जानकारी

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	मजदूरी	346	69.2
2	शासकीय/अशासकीय सेवा	34	6.8
3	लघु एवं कुटीर उद्योग	110	22
4	व्यापार या दुकान	10	2
	योग	**500**	**100**

स्त्रोत-प्राथकि समंक

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि 69.2 प्रतिशत उत्त्रदाता मेहनत जमदूरी कर अपना भ्रण पोषण करते है। 6.8 प्रतिशत शासकीय एवं अशासकीय कार्य में कार्यरत है। 22 प्रतिशत लघु एवं कुटीर अद्योग पर निर्भर है। जबकि 2 प्रतिशत उत्तर दाता स्वयं की दुकान चलाकर आपनी अजीविका को संचालित कर रहे है।

उत्तर दाताओं का जल-धन बैंक खाता खोलने

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	2014-15	205	41
2	2015-16	155	31
3	2016-17	100	20
4	2017-18	40	8
	योग	**500**	**100**

स्त्रोत-प्राथकि समंक

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है। भारत की महत्वकांक्षी जन-धन योजना के प्रारंभ के समय से ही खाते शून्य शेष से खुलने प्रारंभ हो गए थे। जिसमे 2014-15 में 41 प्रतिशत उत्तरदाता ने खाता खुलवाकर वही 2015-16 में 31 प्रतिशत खाते खुले 2016-17 में 20 प्रतिशत एवं 2017-18 में 8 प्रतिशत खाते उत्तर दाताओं द्वारा खुलवाया गया।

हितग्राहियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजना का लाभ

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	प्रधानमंत्री आवास योजना	120	41%
2	जन-धन योजना	125	25%
3	उज्जवला योजना	52	10.4%
4	मनरेगा योजना	65	13%
5	वृद्धा पेंशन योजना	108	21.6%
6	स्वरोजगार योजना	30	6%
	योग	**500**	**100**

स्त्रोत-प्राथकि समंक

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि 24 प्रतिशत हितग्राही की प्रधापमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ है वही 25 प्रतिशत हितग्राही का जन-धन खातों के माध्यम से विभिन्न योजना का लाभ मिला है। 10.4 प्रतिशत हितग्राही उज्जवला योजना का लाभ मिला वही 13 प्रतिशत मनरेगा योजना का लाभ मिला साथ ही 21.6 प्रतिशत हितग्राही को वृद्धा पेंशन याजना का लाभ मिला है। जबकि 6 प्रतिशत व्यक्तियों को स्वरोजगार हेतु विभिन्न बैंको से ऋण प्राप्त हुआ है।

उत्तर दाताओं के रहन-सहन योजना के पूर्व व बाद की स्थिति

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	कच्चा मकान	305	61	कच्चा मकान	152	30.4
2	अर्द्ध पक्का मकान	102	20.4	अर्द्ध पक्का मकान	175	35
3	पक्का मकान	43	8.6	पक्का मकान	73	14.6
4	बडा कच्चा मकान	30	6	बडा कच्चा मकान	60	12
5	बड़ा पक्का मकान	20	4	बड़ा पक्का मकान	40	8
	योग	**500**	**100**	**योग**	**500**	**100**

स्त्रोत-प्राथकि समंक

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि जन-धन योजना के पूर्व की स्थिति के हितग्राहियों के पास 61 प्रतिशत कच्चा मकान था वही योजना के बाद यह 30.4 प्रतिशत रह गया वही अर्द्ध पक्का मकान 20.4 प्रतिशत के पास था बढ़कर 35 प्रतिशत के पास हो गया पक्का मकान 8.6 प्रतिशत हितग्राहियों के पास था जो बढ़कर 14.6 प्रतिशत हो गया बड़ा कच्चा मकान 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास था जो बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया वहीं पक्का मकान 4 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास था जो बढ़कर 8 प्रतिशत हो गया अत: स्पष्ट है कि जन-धन योजना से जनजातियों की नहीं अन्य के व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

निष्कर्ष - भारत एक ऐसा देश है जहां विश्व की सर्वाधिक जनजातियां निवास करते हैं। भौगोलिक विशंषता के कारण अनेक ऐसी जनजातियां हैं जो आज भी सभ्यता से कोसों दूर है लेकिन जन-धन योजना के संचालन से सतना जिले की मझगवां विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतें 41 प्रतिशत बैंक खाते 2014-15 में ही खुल गये थे शेष बैंक खाते 31 प्रतिशत 20 प्रतिशत खाते भी शासन की योजनाओं को पूरा लाभ लेने के उद्देश्य से खोले गये साथ ही शासन की विभिन्न योजनाए जिनमे से प्रधानमंत्री आवास, योजना 24 प्रतिशत हितग्राहियों को जन-धन खाते में लाभ प्राप्त हुआ है। वही हितग्राहियों द्वारा जन-धन योजना के पूर्व एवं बाद की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। जन-धन के पूर्व हितग्राहियों के पास कच्चे मकान की 61 प्रतिशत था जो योजना के बाद 30.4 प्रतिशत रह गया। अर्द्ध पक्का मकान का प्रतिशत 20.4 था जो बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया। पक्के मकान का प्रतिशत 8.6 था जो बढ़कर 14.6 प्रतिशत हो गया इससे स्पष्ट है कि जन-धन योजना के संचालन से मझगंवा विकास खण्ड के जन जातियों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। तथा आर्थिक विकास हेतु वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है।

सुझाव :

1. जनजातियों के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को पात्र हितग्राहियों की सूची बनाई जाए एवं अपात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाय।
2. जनजातियों के विकास के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर प्रचार-प्रसार द्वारा उनको शिक्षा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान करने

की समिति का गठन किया जाय।

3. जनजातियों के आत्म सम्मान एवं शिक्षा के प्रति विभिन्न नाटक प्रहसन के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया जाय।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुरूक्षेत्र अंक 10 अगसत 2017
2. योजना अंक 11 नवम्बर 2015
3. जिला सांख्यकीय कार्यालय जिला सतना (म.प्र.)
4. महाजन राजीव 2008 आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन अर्जुन पब्लिसिंग हाउस नई दिल्ली
5. हसनैन नदीम (2003) जनजीतीय भारत, जवाहर पब्लिस, नई दिल्ली।
6. प्राथमिक समंक मझगवा विकास खण्ड जिला सतना (म.प्र.)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बैंकिंग क्षेत्र द्वारा कृषि ऋण –एक अध्ययन (बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. सपना सोनी* रामकन्या भिड़े **

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – अल्पविकसित देशों में कृषि सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र होने के कारण कृषि विकास का अर्थव्यवस्थाएं में निर्णायक महत्व है भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि पर देश की जनसंख्या का एक बड़ा भाग निर्भर हैं, कृषि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था परस्पर इतने सम्बद्ध है कि एक से अलग दूसरे का विचार करना मुश्किल है इसी तरह यदि कृषि मंदगति से चली है, तो औद्योगिकरण अवरूद्ध हो जायेगा अत: अर्थव्यवस्था कि स्थिरता के लिए कृषि विकास की एक न्यूनतम दर का होना परम आवश्यक है, कृषि का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सदारी 17.8 फीसदी से बढ़ कर 19.9 प्रतिशत हो गई हैं 2019–20 में जीडीपी में कृषि की हिस्सदारी 17.8 प्रतिशत 2003–04 में कुल जीडीपी में कृषि की हिस्सदारी 20.77 प्रतिशत थी। इसके बाद कृषि की हिस्सदारी दिनोदिन कम हो रही हैं। अत: कृषि विकास अतिआवश्यक हो गया है आज कृषि की मूल्य मूल समस्या साख उपलब्ध की है। आज भी अधिकांश कृषक गैर संस्थागत वित्त स्त्रोत साहूकार, महाजन, व्यापारी एवं अन्य से ऋण लेते है जिसका मूख्य कारण पूर्व मे परिचय एवं आसान स्त्रोत पर त्रण है। भारत सरकार ने कृषि विकास हेतू साख सुविधाओं को बढाने तथा संस्थागत वित्त के ढांचे को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संस्थागत बैंकिंग की अधिकांधिक प्रत्सोहित करने का प्रयास किया है इस दृष्टि से विगत चार दर्शाकों में बैंकिंग सुविधाओं का तेजी से विकस्तार हुआ तथा सामाजिक बैंकिंग के रूप में बैंकिंग को एक नया आयाम प्राप्त हुआ है बैंकिंग की शाखाएं भी ग्रामीण अंचलों में खोली जा रही है बड़वानी जिले में व्यवसायिक बैंक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक एवं जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक कि 169 शाखाएं कार्यरत है जो कृषि विकास में महती भूमिका अदा कर रही है देश में कृषि विकास के लिये तरह–तहर के उपाय सुझाएं जाते है उन उपायों को मोटे रूप से दो कोटियों में विभक्त किया जा सकता है।

संस्थागत उपाय व तकनीकी उपाय – संस्थागत, उपायों, जैसे कि भूमि सुधार पर अधिक बल देते है ओर कुछ तकनीकी उपयो पर जिनका सम्बंध बीज, खाद, कृषि उपकरण आदि की व्यवस्था से है वास्तव में यह दोनों एक दूसरे के पूरक है ओर इन उपयों के लिए बैंकिंग संस्थाओं द्वारा साख प्रदाय की जाना है कृषि में तकनीकी ज्ञान का प्रसार, उन्नत किस्म के बीजों का आविष्कार, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाइयों का कृषि में अधिक उपयोग, कृषि में यंत्रीकरण, सिंचाई के लिए विद्युत का उपयोग आदि के कारण कृषि में पूँजी की आवश्यकता पहले की अपेक्षा कई गुना अधिक हो गई। इस प्रकार कृषि के लिए वित्त कि आवश्यकता होती है और यह आवश्यक वित्त बैंकिंग संस्थाओं पर काफी निर्भर करता है। कृषि वित्त की आवश्यकता निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए होती हैं:–

1. भूमि क्रय हेतू।
2. भूमि को कृषि योग्य बनाने हेतु।
3. बीज क्रय करने हेतु।
4. खेत पर आवश्यक भवन बनाने हेतु।
5. कृषि कार्यो हेतु।
6. विशिष्ट कृशिक्षत फसलों हेतु।
7. कीटनाशकों के क्रय हेतु।

तालिका क्र. 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्र. 1 से स्पष्ट है बड़वानी जिले में कुल 169 बैंक शाखाएं है जिनमें व्यवसायिक बैंक की 74 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की 22 केन्द्रीय सहकारी बैंक की 19 तथा जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की 54 शाखाएं कार्यरत है।

बड़वानी जिले में कृषि ऋण– भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था को उन्नत एवं विकसित बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में उत्पादनों को बढ़ाना अत्यन्त आवश्यक है। देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या अपने जीविकोपार्जन के लिए कृषि पर निर्भर है। जिले के ग्रामीण आदिवासियों को मुख्य व्यवसाय भी कृषि ही है। लेकिन यह क्षेत्र वित्त के अभाव में पिछड़ी हुई अवस्था में है, इसे विकसित बनाने के लिए बड़ी मात्रा में वित्तिय साधन विभिन्न बैंकिंग कृषि क्षेत्र से ऋण स्त्रोतों से जुटाने की आवश्यकता है।

कृषि ऋण को दो प्रकार के होते है :–

1. फसल ऋण – बड़वानी जिला कृषि प्रधान जिला है जिले की 87 जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जिले में लगभग 60 कामकाजी व्यक्ति कृषक या खेती कर मजदूर के रूप में कृषि कार्य से जूडे हुए है इस प्रकार कृषि कार्य जिले में आजीविका का प्रमुख साधन है जिले में मुख्य रूप से कृषको द्वारा खरीफ के अन्तर्गत सोयाबीन, ज्वार, बाजर, मक्का, दलहन तथा रबी के अन्तर्गत गेहू, चना, गन्ना तथा औषधि के फसलों के अन्तर्गत अजवाइन, मैथी, प्रमुख फसले उगाई जाती है व्यवसायिक नगद फसलों के अन्तर्गत जिले में गन्ना बोया जाता है

विभिन्न फसलों की कुल लागत का एक अनुमान लगाने के पश्चात् कुल लागत के 75 प्रतिशत तक की वित्त की पूर्ति राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा

की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत बीज, दवाई तथा उर्वरक के लिए स्वीकृत ऋण प्रत्यक्ष रूप से कृषक को न देकर विक्रेता को इस शर्त के साथ दिया जाता है। कि बैंक द्वारा भुगतान के तुरन्त पश्चात् वह कृषक को आवश्यक सामग्री की पूर्ति कर देगा।

2. सावधि ऋण –ऋण कृषि को एक लाभप्रद व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिये आधुनिक यंत्रों का प्रर्याप्त प्रयोग उत्पादन में करने की दृष्टि से ट्रैक्टर, थ्रेसर व अन्य उपकरण क्रय करने के लिये बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाता है। इसी प्रकार कृषि भूमि को समतल करने के यंत्र, कटाई मशीन, गहराई करने की मशीने, पैराई करने की मशीन डेहरी, कृषि वानिकी वृक्षारोपन, बागवानी, कृषि,लघु सिंचाई, भूमि विकास गतिविधियों, भेड़/ बकरी विकास, पोल्ट्री विकास आदि के लिये राष्ट्रीयकृत बैकों द्वारा सावधि ऋण स्वीकृत किया जाता हैं

बैंकिंग संस्थाओं द्वारा कृषि हेतुसवधि ऋण निम्न क्षेत्रों में दिये जाते है :-

1. लघू सिंचाई
2. कृषि यंत्रिकरण
3. पौध एवं उधानिकी
4. अन्य कृषि- जिसमे बायो गैस प्लाट भी है। दुग्धपालन, मुर्गीपालन, भेड़पालन, बकरीपालन, मछलीपालन है।

तालिका क्र. 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्र. 2 से स्पष्ट है कि कुल कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण विगत दोवर्षो में बढ़ रहा है। जो 2020-2021 में घट कर लगभग 10 प्रतिशत ऋण वितरण राशि कमी हो गई है लक्ष्य से औसत उपलब्धि का 56.08 प्रतिशत रहा है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र-कृषि ओर उद्योग क्षेत्रों के विकास के साथ व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र का भी विकास जुडा हुआ है। उपरोक्त दोनों क्षेत्रों के विकास से उत्पादन में वृद्धि होती है। जिसकों विपणन करने हेतू परिवहन साधनों की प्रर्याप्त मात्रा में आपूर्ति आवश्यक है। इसी प्रकार बढती मांग की आपूर्ति हेतू अलग-अगल व्यवसाय, सेवाओं की इकाईयां की स्थापना की संभावनाए भी निर्मित होती है। इस क्षेत्र को सामान्य भाषा में अन्य प्राथमिकता क्षेत्र कहां जाता है जिसके अन्तर्गत छोटे परिवहन, खूदरा व्यापार, उपभोक्ता की वस्तुएं, परचुन दुकाने भवन निर्माण आदि हेतू वित्त पोषण सामान्यत: शासन द्वारा प्रयोजित विभिन्न कार्यक्रमों अन्तर्गत होता है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण वितरण की वितरण की स्थिति :-

तालिका क्र. 3

वर्ष	व्यावसायिक बैंक	सहकारी बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2018-19	111935	48950	59035
2019-20	99420	44524	43982
2020-21	77781	20291	31525
कुल योग	289136	113765	134542

तालिका क्र. 3 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण वितरण की स्थिति विगत 3 वर्षो की प्रदर्शित की गई है जिससे व्यावसायिक बैंक का योगदान अच्छा है। इससे स्पष्ट है कि जिले में प्राथमिक सहकारी समितीयों द्वारा साख व्यवस्था अच्छी हो रही है।

बड़वानी जिले में बैंकिंग संस्थाओ में कुल जमा एवं कुल अग्रिम की बैंकवार स्थिति – जिले की बैंकिंग संस्थाओं के अन्तर्गत व्यवसायिक बैंक, क्षेत्र ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की कुल जमा विगत तीन वर्षो में बढ़ रही है। जो ग्राहकों में जमाओ के प्रति रूझान को स्पष्ट करती है तथा अग्रिम में भी वृद्धि हो रही है। जो ऋण वितरण की वृद्धि को स्पष्ट करती हैं।

तालिका क्र. 04 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्र. 4 से स्पष्ट है कि बैंकिंग संस्थाओं में कुल जमाराशिव कुल अग्रिम दोनो बढ़ रहे है। परन्तु शाखा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकवर्ष 2018-2021 में कम वृद्धि (%) हिस्सा (%) का कुल जमाराशि में कम वृद्धि हुई है। जिससे ओर बढाया जाना चाहिए।

बैंकिंग संस्थाओं के द्वारा कृषि साख में सुधार हेतु सुझाव :-

1. सर्वांगिण विकास हेतू सभी क्षेत्रों में समग्र रूप से संकल्पित व समन्वित प्रयास करने चाहिए।
2. वसुली हेतू बैंक शाखा द्वारा दायर आर.आर. सी. राजस्व अधिकारियों को समय पर प्रेषित करे एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार कर राजस्व वसूली अधिकारियों के सहयोग से वसूली के अच्छे परिणाम प्राप्त करे।
3. शासकीय विभागों से प्राप्त प्रकरणों का निरारण गुण -दोषों के आधार पर निर्धारित समय सीमा में करे।
4. प्रकरणों को अपने स्तर पर लम्बित न करें।
5. गरीबी उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास की योजनओ के क्रियान्वयन में सकारात्मक शोध, समाज एवं संस्था के लिए नितान्त आवश्यक है।
6. फार्म पाण्डस बनाये जिससे भूमि में जल स्तर बढ़ता है।
7. लघु एवं मध्यम कृषकों को स्वयं सहायता समूह बनाकर ट्रेक्टर, थ्रेसर हेतू वित्त पोषित किया जाना चाहिए।
8. उद्यानिकी में विशेष रूची नहीं लेते है, क्योंकि यह फसल तीन-चार वर्ष बाद आती है। ओर उनमें इतनी क्षमता नहीं है, जिससे बड़े कृषक अल्पकालिन फसलों गेहूँ सोयाबीन आदि में रूची लेते है। फलों के संरक्षण हेतू शीतगृहों का निर्माण हो लघु पैमाने पर फलों के रस निकालने प्रसंस्करण इकाई, निमार्ण इकाई, मसाला बाइडिंग इकाइयों की स्थापना हेतू पहल की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय कच्चे माल का उपयोग हो सके। पुष्पोत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं है किन्तु प्राप्त निर्यात हेतू कोई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अडडा पास में न होने से निर्यातोन्मुखी इकाईयॉलगाने में कठिनाई है।
9. पशुपालन को व्यावसायिक दृष्टि से संचालित करे।
10. गांवों में बायों गैस प्लांट लगाये ताकी वृक्षों की कटाई कम हो सके।

निष्कर्ष –बैंकिंग कृषि क्षेत्र मेंबैंको द्वारा कृषि ऋणों में वृद्धि करने तथा ब्याज दरो में कमी करने से ऋण लेने कि प्रवृत्ति में तेजी आयी है इससे खेती के लिए ऋण लेने वाले हितग्राहियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई हैइस आधार पर हम यह कह सके है, कि भारत में कृषि क्षेत्र में स्थिति बदल रही है। और इससे पूँजी का प्रवाह बढा है।

जिले ग्रामीण अंचलों में बैंक संख्याओं के विस्तार तथा बैंकिंग सुविधाओं कि बढौत्तारी कर कृषि वित्त कि समूच्चित व्यवस्था कि जाए ताकि देश में कृषि क्षेत्र का विकास किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि साख हेतु व साहूकारों पर निर्भरता को कम करने के लिए बैंको क्षरा साख व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाना चाहिए, ताकि कृषि क्षेत्र की आवश्यकता एक बड़ी सीमा तक पुरी कि जाना संभव हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वार्षिक साख योजना लीडबैंक बड़वानी सत्र 2020-2021
2. साख योजना, अग्रणी बैंक कार्यालय, बड़वानी 2016-17 से

2020-21तक ।

3. सम्भाव्यतायुक्त ऋण योजना 2015-22, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास।
4. भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि ऋण योजना।
5. विक्रम विश्व विद्यालय का शोध प्रबन्ध :- रतलाम जिले के कृषि एव ग्रामिण विकासखण्ड में बैंकिंग संस्थाओ में योगदान सन् 2004

तालिका क्र. 1: बड़वानी जिले में विभिन्न बैंकों की शाखाओं की स्थिति सन् 2020-21

क्र.	बैंकों के नाम	कूल बैंकों की संख्या	शहरी शाखाऐं	अर्द्धशहरी शाखाऐं	ग्रामीन शाखाऐं	कुल शाखाऐं
1	व्यावसायिक बैंक	20	6	24	44	74
2.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	1	1	5	16	22
3.	जिला केन्द्रिय सहकारी बैंक	1	2	4	13	19
4.	जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक	54	0	0	54	54
	कुल योग	76	9	33	127	169

तालिका क्र. 2: बड़वानी जिले में बैंकिंग कृषि क्षेत्र से ऋण प्रवाह

सामन्य	2018–2019			2019–20			2020–21			पिछले तीन वर्षो में औसत उपलब्धि (%)
	लक्ष्य (रू. लाख)	उपलब्धि (रू. लाख)	उपलब्धि (%)	लक्ष्य (रू. लाख)	उपलब्धि (रू. लाख)	उपलब्धि (%)	लक्ष्य (रू. लाख)	उपलब्धि (रू. लाख)	उपलब्धि (%)	
फसल ऋण	138422	111935	80.87	124338	99420	79.96	145500	77781	53.46	70.82
मीयादी ऋण (कृषि)	57670	6096	10.57	47687	11793	24.73	51463	9880	19.20	17.71
कुल कृषि ऋण	196092	118031	60.19	172025	111213	64.65	196963	87661	44.51	56.08
गैर कृषि क्षैत्र	71296	27455	38.51	93128	34651	37.21	100180	22867	22.83	32.11
अन्य प्राथमिक क्षैत्र	26293	2355	08.96	4771	5288	110.84	10090	3953	39.18	28.18
कुल प्राथमिक क्षैत्र	293682	147841	50.34	269924	151152	56.00	307233	114481	37.26	47.48

तालिका क्र. 04: बैंकिंग संस्थाओं में कुल जमा एवं कुल अग्रिम की बैंकवार स्थिति

वर्ष	कुल जमा राशि (रू. लाख)					कुल ऋण अग्रिम राशि (रू. लाख)				
	2018 –2019	2019 –20	2020 –21	वृद्धि (%)	हिस्सा (%)	2018 –2019	2019 –20	2020 –21	वृद्धि (%)	हिस्सा (%)
व्यावसायिक बैंक	216629.38	251891	278983	10.75	77.25	220528.43	265488	302015	13.76	81.40
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	39930.92	35992	37308	3.66	10.33	20877.38	21564	26452	22.67	07.13
सहकारी बैंक	39086.76	42595	44840	5.22	12.41	38754.00	46485	42539	(8.49)	11.47
कुल शाखाऐं	295647.06	330478	361111	9.27	100	280159.00	333537	371006	11.33	100

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी के संदर्भ में बी.ए. प्रथम वर्ष में राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थियों की उपलब्धि का अध्ययन – एक प्रायोगिक शोध इन्दौर शहर के संदर्भ में

कु. प्रियंका शर्मा * डॉ. स्वाति पाठक **

* शोधार्थी विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (राजनीतिक विज्ञान) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय संविधान एक आदर्श संविधान है। इसमें सभी भारतीय नागरिकों के हितार्थ ऐसे सभी प्रावधान किये गये हैं, जिनसे उनके हितों की रक्षा हो। उनकी स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित हो। सभी नागरिकों को विकास और प्रगति के समान अवसर प्राप्त हो।

प्रस्तुत शोध पत्र में संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में, परिचयात्मक जानकारी, उद्देश्य एवं विशेषताओं के परिप्रेक्ष्य में प्रायोगिक शोध कार्य किया गया है।

सन् 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ और सन् 1950 से इसका नया प्रजातंत्रीय संविधान लागू किया गया। यह संविधान विश्व के सभी देशों के संविधानों से बड़ा है और इसमें सभी देशों के लिखित व अलिखित संविधानों की विशेषताओं को उपयुक्त स्थान दिया गया है। धर्म निरपेक्षता, प्रजातंत्र तथा सामाजिक न्याय और समानता के आधार पर देश की विधि व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को चलाने पर बहुत बल दिया गया है।

प्रस्तुत शोध पत्र हेतु निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गये थे :-

उद्देश्य :

1. भारतीय संविधान की प्रस्तावना का विवरण देना।
2. भारतीय संविधान की परिचयात्मक संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना।
3. स्वनिर्मित प्रश्नावली (भारतीय संविधान परिचयात्मक) द्वारा चयनित कला संकाय के राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से उत्तर प्राप्त करना।
4. स्वनिर्मित प्रश्नावली द्वारा चयनित कला संकाय के राजनीतिक विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त उत्तरों का प्रतिशत सांख्यिकी विधि द्वारा सही उत्तरों की प्रतिशत सांख्यिकी विधि द्वारा ज्ञात करना।
5. प्रश्नावली द्वारा प्राप्त सही उत्तरों/गलत उत्तरों के प्रतिशत के आधार पर राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के भारतीय संविधान संदर्भित परिचयात्मक जानकारी की उपलब्धि में परिप्रेक्ष्य में निर्णय प्रदान करना।

परिकल्पना – प्रस्तुत शोध हेतु निम्नांकित परिकल्पना निर्मित की गयी :

1) स्वनिर्मित प्रश्नावली (भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी संदर्भित) के सभी प्रश्नों के उत्तर (कला संकाय के राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियो के) समान रूप में सही/गलत नहीं पाये जायेंगे।

- **शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध हेतु शोध पत्र लेखिक द्वारा विवराणात्मक एवं प्रायोगिक शोध विधि प्रयुक्त की गयी।
- **उपकरण –** प्रस्तुत शोध हेतु 'प्रश्नावली' (स्वनिर्मित) का उपकरण के रूप में प्रयोग किया गया।
- **सांख्यिकीय विधि –** प्रतिशत विधि

उद्देश्य प्रथम की पूर्ति – भारतीय संविधान की प्रस्तावना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। संविधान का सार है। इसे ज्यों का त्यों (as it is) प्रस्तुत किया जा रहा है।

भारत का संविधान

उद्देशिका – हम भारत के लोग, भारत को एक (सम्पूर्ण प्रस्तुत सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिये, तथा उसके समस्त नागरिकों का : सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विष्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गिरमा (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिष्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प हो कर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

प्रस्तावना के मुख्य तत्वों की विवेचना इस प्रकार से की जा सकती है : 'प्रस्तावना में 'हम, भारत के लोग संविधान को अंगीकृत; अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं' शब्दों का जो प्रयोग किया गया है, उसमें तीन बातें स्पष्ट होती हैं। **प्रथम** संविधान के द्वारा अंतिम प्रभुसत्ता, भारतीय जनता में निहित की गयी है। **द्वितीय**, संविधान निर्माता भारतीय जनता के प्रतिनिधि है तथा **तृतीय** भारतीय संविधान भारतीय जनता की इच्छा का परिणाम है और भारतीय जनता ने ही इसे राष्ट्र को समर्पित किया है।' डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा में कहा था 'मैं समझता हूँ कि प्रस्तावना इस सदन में प्रत्येक सदस्य की इच्छानुसार यह प्रकट कर देती है कि इस संविधान का आधार जनता है एवं इनमें निहित प्राधिकार और प्रभुसत्ता तक जनता से प्राप्त हुई है।'

26 जनवरी 1950 ई. से भारत की अधिराज्य की स्थिति समाप्त हो गयी है और भारत संयुक्त राज्य अमरीका या स्विटजरलैण्ड की भाँति एक 'सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य हो गया है।'

उद्देश्य द्वितीय की पूर्ति हेतु – स्वाधीन राष्ट्र का अपना एक संविधान होता है, जिसके अनुसार उस राष्ट्र की शासन व्यवस्था का संचालन होता है। वहीं संविधान राष्ट्रीय विकास में भरपूर योगदान दे सकता है, जिसे उस राष्ट्र की जनता ने स्वयं बनाया हो अथवा जिसे उस देश की सविधान निर्मात्री सभा ने बनाया हो। संविधान के अंतरंग के रूप में मूल अधिकारों का बहुत महत्व है। **सर्वप्रथम** मूल अधिकार प्रजातंत्र के आधार स्तम्भ है। **द्वितीय** मूल अधिकार एक देश के राजनीतिक जीवन में एक दल विशेष की तानाशाही स्थापित होने से रोकने के लिये आवश्यक है। **तृतीय** मूल अधिकार व्यक्ति स्वातंत्र्य और सामाजिक नियंत्रण के बीच उचित सामंजस्य की स्थापना करते हैं। मूल अधिकार वे हैं जो व्यक्ति के जीवन के लिये मौलिक तथा अनिवार्य होने के कारण संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किये जाते हैं और जिन अधिकारों में राज्य द्वारा भी हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है, वे मूल अधिकार कहलाते हैं। भारतीय संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को 7 मूल अधिकार प्रदान किये गये थे, किन्तु 44वीं संवैधानिक संशोधन (1979) द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार के रूप में समाप्त कर दिया गया है। अब सम्पत्ति का अधिकार केवल एक कानूनी अधिकार के रूप में है। परिणामतया मूल अधिकारों की संख्या 6 हो गयी है। वे अधिकार हैं –

1) समानता का अधिकार,
2) स्वातंत्रता का अधिकार,
3) शोषण के विरूद्ध अधिकार,
4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार,
5) संस्कृति तथा षिक्षा सम्बन्धी अधिकार,
6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

तृतीय उद्देश्य की पूर्ति – इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शोधार्थी द्वारा भारतीय संविधान के परिचयात्मक जानकारी के आधार पर एक वस्तुनिष्ठ उपलब्धि परीक्षण पत्र तैयार किये गये। इस उपलब्धि परीक्षण में मूलत: पाँच प्रश्न थे तथा इन पाँच प्रश्नों के प्रति प्रश्न दस-दस प्रश्न थे, इस प्रकार कुल 50 उपप्रश्न थे। ये सारे प्रश्न संविधान के परिचयात्मक संदर्भ में थे।

सर्वप्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष के राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों का चयन (50) उद्देश्यपूर्ण नमूना चयन विधि से चयनित किये गये, ये सभी चयनित विद्यार्थी इल्वा कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज इन्दौर के थे। राजनीति विज्ञान के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम इन्दौर के थे। राजनीति विज्ञान के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में (दे.अ.वि.वि.) दूसरे पेपर में भारतीय संविधान पढ़ाया जाता है। इसमें भारत में संवैधानिक विकास, संविधान सभा का गठन, प्रस्तावना (उद्देशिका), मूल अधिकार और मूल कर्तव्य, राज्य नीति के निदेशक तत्व, संविधान संशोधन की प्रक्रिया, इतने अध्याय संविधान की परिचयात्मक जानकारी संदर्भित थे। इनमें से ही उपलब्धि परीक्षण पत्र हेतु प्रश्नों का निर्माण किया गया। उपलब्धि परीक्षण पत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ थे और विभिन्न प्रकारों के थे जैसे – बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान की पूर्ति, सत्य/असत्य, एक या दो शब्दों में प्रश्नों के उत्तर तथा जोड़ी जमाइये। प्रयास यह किया गया कि भारतीय संविधान संदर्भित परिचयात्मक जानकारियों का प्रश्नों में उल्लेख हो जाये ताकि चयनित विद्यार्थियों के भारतीय संविधान के बारे में उन्हें कितनी परिचयात्मक जानकारी है। उसका परीक्षण किया जा सके। इस उपलब्धि परीक्षण के द्वारा चयनित इल्वा कॉलेज के बी.ए. प्रथम वर्ष के चयनित (50) विद्यार्थियों की राजनीति विषय के अन्तर्गत भारतीय संविधान के परिचयात्मक जानकरी की उपलब्धि की जांच की गई। उपलब्धि परीक्षण के परीक्षण के परिणामों का प्रदर्षन निम्नांकित हैं:-

तालिका क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

परिणाम एवं विवेचना – स्वनिर्मित उपलब्धि परीक्षण (भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी संदर्भित) के प्रशासन के पश्चात जो परिणाम प्राप्त हुए उनका विवरण तालिका क्रमांक-1 में प्रदर्शित किया गया है। इल्वा कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज इन्दौर के बी.ए. प्रथम वर्ष (2021-22) के उद्देश्यपूर्ण विधि से 25 विधार्थी चयनित किये गये। इन्हें उपलब्धता के आधार पर चयनित किया गया था। उपलब्धि परीक्षण प्रशासन के पश्चात अंकवार के अनुसार परिणाम प्रतिशतवार प्रदर्शित किये गये चूंकि परीक्षण पत्र में कुल 50 उपप्रश्न थे तथा प्रत्येक प्रश्न को 1 अंक प्रदान किया गया था। सभी मुख्य पाँचों प्रश्न विभिन्न प्रकार के थे तथा वस्तुनिष्ठ थे। अत: विश्वसनीयता सम्पूर्ण रूप से थी तथा चूंकि ये सारे प्रश्न भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी से सम्बद्ध थे अत: वैधता भी थी।

प्राप्त परिणामों की विवेचना हेतु इन्हें तालिका क्रमांक 2 में प्रदर्शित किया जा रहा है :-

तालिका क्रमांक-2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक-2 से विदित होता है कि 11 विद्यार्थियो के प्राप्तांक % में वर्ग 41-60 में आये हैं। कुल 13 विद्यार्थियों के प्राप्तांक % में वर्ग 61-80 में आये हैं। वर्ग 81-100 में केवल दो विद्यार्थियों ने प्राप्तांक आये हैं। वर्ग 0-20, तथा वर्ग 21-40 में किसी भी विद्यार्थी के प्राप्तांक नहीं आये हैं। इन परिणामों से ज्ञात होता है कि 44% चयनित विद्यार्थियों के प्राप्तांक 41-60% के मध्य है। 48% चयनित विद्यार्थियों ने प्राप्तांक 61-80% के मध्य हैं। 8% विद्यार्थियों के प्राप्तांक 81-100% के मध्य हैं। 0-20% तथा 21-40% के मध्य किसी भी विद्यार्थी को प्राप्तांक नहीं मिले हैं।

शोध हेतु परिकल्पना निर्मित की गई थी कि स्वनिर्मित प्रश्नावली (भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी संदर्भित) के उत्तर (कला संकाय के राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के) समान रूप से सही/गलत नहीं पाये जायेंगे। यह परिकल्पना उद्देश्य क्रमांक 3, 4 (स्वनिर्मित प्रश्नावली द्वारा चयनित कला संकाय के राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त उत्तरों का प्रतिशत सांख्यिकी विधि द्वारा सही उत्तरों को प्रतिशत सांख्यिकी विधि द्वारा ज्ञात करना। इस हेतु शोधार्थी द्वारा जो प्रश्नावली स्वनिर्मित की गयी थी, जो वस्तुनिष्ठ थी तथा इस उपलब्धि परीक्षण में मूलत: पाँच प्रश्न थे तथा इन पाँच प्रश्नों के प्रति प्रश्न दस-दस प्रश्न थे, इस प्रकार कुल 20 प्रश्न थे। यह सारे प्रश्न भारतीय संविधान के परिचयात्मक पक्ष हेतु थे। तालिका क्रमांक 1 में जो परिणाम प्रश्नवार एवं विद्यार्थीवार प्रस्तुत किये गये हैं, उनको प्रश्नवार सही/गलत उत्तरों के रूप में निम्नलिखित प्रकार से विवेचित किया जा रहा है। (तालिका क्रमांक 2 का अवलोकन करें)

प्राप्त परिणामों से ज्ञात होता है कि 'स्वनिर्मित प्रश्नावली (उपलब्धि परीक्षण पत्र) द्वारा प्राप्त उत्तर समान रूप से सही/गलत नहीं पाये गये अत: निर्मित परिकल्पना की स्वनिर्मित प्रश्नावली (भारतीय संविधान) के सभी प्रश्नों के उत्तर (कला संकाय में राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के) समान रूप से सही/गलत नहीं पाये जायेंगे' निरस्त नहीं की जाती है, क्योंकि सभी

प्रश्नों के उत्तरों (25 विद्यार्थियों से प्राप्त उत्तरों) के अवलोकन द्वारा तथा आवृत्ति द्वारा ज्ञात करने पर समान नहीं पाये गये।

निष्कर्ष – निष्कर्षात्मक तौर पर यह कहा जा सकता है कि बी.ए. प्रथम वर्ष का सत्र अगस्त 2021 में प्रारम्भ हो गया था। तब से दिसम्बर 2021 तक भारतीय संविधान के परिचय सम्बन्धित अध्याय पढ़ाये जा चुके थे, मगर उसके पष्चात भी चयनित विद्यार्थियों को पूर्ण तौर पर भारतीय संविधान की पूर्णतया जानकारी नहीं थी। केवल दो विद्यार्थी की 82%- 100% जानकारी रखते थे।

चयनित विद्यार्थियों के अधिकांश प्राप्तांक 41 से 60% के मध्य रहे। तथा उससे कम कुल 12 विद्यार्थियों को 51 से 80% के मध्य प्राप्तांक मिले। बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर इसलिये भी सही मिले क्योंकि उसमें अंदाज से उत्तर दिये जा सकते थे। रिक्त स्थान की पूर्ति में भी सही उत्तरों का प्रतिशत कम था क्योंकि इसमें अंदाज से कम ही उत्तर दिये जा सकते थे, इसी तरह सत्य/असत्य कथन में सही उत्तरों का प्रतिशत ज्यादा प्राप्त हुआ क्योंकि इसमें भी अंदाज लगाया जा सकता था, मगर एक या दो शब्दों में प्रश्नों के उत्तर देने वाले प्रश्न तथा जोड़ी जमाओ के प्रश्नों में सही उत्तरों का प्रतिशत कम प्राप्त हुआ। अत: हम कह सकते हैं कि राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों को अध्ययन के पश्चात भी भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी उपयुक्त रूप से प्राप्त नहीं है। यदि राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों की स्थिति भारतीय संविधान की परिचयात्मक जानकारी संदर्भित लगभग 50-80% है तो बाकी विषयों के विद्यार्थियों की तो देश के संविधान प्रति परिचयात्मक जानकारी न्यून ही होगी। इसके अतिरिक्त देश के सामन्य वर्ग को संविधान की परिचयात्मक जानकारी कितनी होगी। कहा नहीं जा सकता है।

शोध हेतु निर्मित परिकल्पना के परीक्षण द्वारा भी यह निष्कर्षात्मक तौर पर कहा जा सकता है कि कला संकाय के प्रथम वर्ष के राजनीति विज्ञान के चयनित (इल्वा कॉलेज) के विद्यार्थियों ने प्रत्येक प्रश्न के समान सही/गलत उत्तर नहीं दिये, प्रत्येक विद्यार्थियों के सही/गलत उत्तर अलग थे, तथा प्रत्येक प्रश्न पर भी समान रूप से सही/गलत उत्तर नहीं प्राप्त हुए।

सुझाव – भारतीय संविधान संदर्भित स्वअध्ययन सामग्री के निर्माण द्वारा तथा उसको विद्यार्थियों को प्रदत्त कर उनकी उपलब्धि में वृद्धि की जा सकती है। इसी तरह से वस्तुनिष्ठ प्रश्नों द्वारा भी उपलब्धि बढ़ायी जा सकती है। क्विज, अंताक्षरी भी सशक्त साधन सिद्ध होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संविधान (बंयालीसवां संशोधन) अधिनियम 1971 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977) 'प्रयुक्त सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य' शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित)
2. संविधान (बंयालीसवां संशोधन) अधिनियम 1971 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) 'राष्ट्र की एकता' शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित)
3. प्रस्तावना के आरम्भ में ही शब्द 'हम भारत के लोग' (We the people of India)
4. जैन, पुखराज, राजनीति विज्ञान, इकाई 3, प्रस्तावना (उद्देशिका), साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, पृ.सं.1
5. जैन, पुखराज, राजनीति विज्ञान, इकाई 3, प्रस्तावना (उद्देशिका), साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, पृ.सं.2

संदर्भ ग्रंथ :-

1. जैन पुखराज, राजनीति विज्ञान, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
2. भारत का संविधान, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।

तालिका क्रमांक-2 : वर्गवार प्रतिशतवार चयनित विद्यार्थियों के परिणामों का ग्राफीय प्रदर्शन

विद्यार्थी क्र. / क्र. %	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25
0-20																									
21-40																									
41-60	50	50	58	58	48	50	52				54	56		54											56
61-80									68	66			66		64	64	64	64	66		80	68	70	70	
81-100								82												100					

तालिका क्रमांक 1 : चयनित विद्यार्थियों के उपलब्धि प्राप्तांकों का प्रतिशतवार विवरण



Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

स्वामी विवेकानंद के विचारों की आधुनिक समय में प्रासंगिकता

डॉ. आभा सैनी *

*** एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या डिग्री कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – स्वामी विवेकानंद एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने कोई राजनीतिक विचार व्यक्त नहीं किए लेकिन जो भी विचार उन्होंने व्यक्त किए वह उनके भाषणों में और उनकी रचनाओं में दिखाई देते हैं उन्होंने राजनीतिक सिद्धांतों को विकसित नहीं किया लेकिन फिर भी उनके विचार आधुनिक समय में प्रासंगिक सिद्ध होते हैं रविंद्र नाथ टैगोर ने एक बार यह कहा था। यदि आप भारत के बारे में जानना चाहते हैं तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए उनके विचारों को जानिए और समझिए।

स्वामी विवेकानंद की रूचि मुख्यत: धर्म और दर्शन में थी उनके चिंतन की आधारशिला में वेदांत की शिक्षाएं भी है और वेदांत से उनका अभिप्राय है मनुष्य के सच्चे स्वरूप को जानना और यदि तुम ईश्वररूप अपने भाई की उपासना नहीं कर सकते तुम ईश्वर की उपासना किस प्रकार कर सकते हो जो की अव्यक्त है। वर्तमान समय में ऐसे भाईचारे की आवश्यकता है जो बंधुत्व की भावना पर आधारित हो और प्रेम एवं मैत्री भावना को बढ़ावा दें ।

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समसामयिक समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल ऐसे ज्ञान के वर्धन पर जोर दिया जो कर्म के साथ संबंधित हो अन्यथा ऐसा ज्ञान इसके अभाव में निरर्थक है उनका वेदांत दर्शन उस ईश्वर में विश्वास नहीं करता है जो मृत्यु के बाद स्वर्ग में ही सुख दे सकता है उनके अनुसार ज्ञान की सर्वोच्च अवस्था में पूर्ण सत्य का साक्षात्कार ही ब्रह्म है।

स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्रवाद को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत किया उनके अनुसार भारत का कल्याण ही मेरा कल्याण है। प्रत्येक नागरिक यह समझे राष्ट्रवाद के उग्र स्वरूप के स्थान पर उन्होंने अंतर राष्ट्रवाद और विश्व बंधुत्व का समर्थन किया आज के समय में जब रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध जारी है तो ऐसी परिस्थिति में उनका यह विचार सार्थक साबित होता है स्वामी विवेकानंद सामाजिक समानता का समर्थन करते थे औरअस्पृश्यता का विरोध करते थे और बाल विवाह को भी वह उचित नहीं मानते थे दलितों के उत्थान के लिए उन्होंने कार्य किया वह जाति प्रथा के भी विरोधी थे यह सभी विचार आज के समय में इसलिए प्रासंगिक हो जाते हैं कि यदि मानव जाति का उत्थान करना है तो उनके इन विचारों को अपनाना ही होगा।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार मैं केवल आत्म तत्व की चिंता करता हूं। जब वह ठीक होगा तो सब काम अपने आप ठीक हो जाएंगे उन्होंने स्वयं पर विश्वास करने की प्रेरणा दी और यह कहा कि आत्मविश्वास रखने पर ही व्यक्ति में कार्य करने की क्षमता विकसित होती है और वह समस्त बाधाओं को हटाकर ऊपर उठकर अपना विकास करता है। आज जबकि व्यक्ति के अंदर तनाव और मानसिक दबाव भौतिकतावादी युग में बढ़ रहा है इन परिस्थितियों में उनके विचार प्रासंगिक साबित होते हैं।

स्वामी विवेकानंद की सार्वभौमिक धर्म की अवधारणा आज के समय में धर्मनिरपेक्षता की भावना को मजबूत करती है उन परिस्थितियों में जिनमें भारत के अंतर्गत धार्मिक उन्माद और सांप्रदायिक दंगों को बढ़ावा दिया जाता है वहां यह विचार एक नई अलख जगाते हैं स्वामी विवेकानंद धर्म को व्यक्ति तथा राष्ट्र दोनों को ही शक्ति प्रदान करने वाला तत्व मानते थे उनके अनुसार मेरे धर्म का सार शक्ति है जो धर्म हृदय में शक्ति का संचार नहीं करता वह मेरी दृष्टि में धर्म नहीं है वह धर्म में संकीर्णता अंधविश्वास तथा रूढ़िवादिता को दूर करना चाहते थे उनके अनुसार समस्त ज्ञान ही धर्म है धर्म में विश्वास और कर्म करने का मंत्र निहित है धर्म भारतीय जीवन का आधार रहा है इसलिए सभी सुधार धर्म के माध्यम से किए जाने चाहिए।

स्वामी विवेकानंद का स्वतंत्रता का दृष्टिकोण आज के समय में जीवन में सुख और समृद्धि बनाए रखने की एकमात्र शर्त दिखाई देता है उनके अनुसार शारीरिक मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वतंत्रता की ओर अग्रसर होना और दूसरों को उस मार्ग पर बढ़ने में सहायता देना मनुष्य का सबसे बड़ा पुरस्कार है जो संस्थाएं इस को प्रोत्साहन देती है उन्हें संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। व्यक्ति को अपने शरीर बुद्धि और धन का उपयोग अपनी इच्छा अनुसार करने दिया जाए और दूसरों को कोई हानि ना पहुंचाई जाए।आज के समय में जब अपने अधिकारों के लिए जगह-जगह आंदोलन करने वाले समूह और व्यक्ति दिखाई देते हैं ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद के यह विचार प्रासंगिक साबित होते हैं कि व्यक्ति अपने और अपने अधिकारों के लिए आग्रह करें उसकी गरिमा तो इस बात में है कि वह अधिकारों की अपेक्षा अपने कर्तव्य के पालन करने में ईमानदारी बरते।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार उठो जागो और तब तक रुको नहीं जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त ना कर लो आज के समय में उनके यह प्रेरणादाई विचार युवा शक्ति को एक नई दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें आतंकवाद गरीबी भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों से लड़ने के लिए एक नई प्रेरणा देते हैं हमारे देश में युवा आबादी अपने दिशा को रही है इसीलिए उनको स्वामी विवेकानंद के यह विचार आज एक नई दिशा दिखाते हैं।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार अगर दुनिया में कोई पाप है तो वह है दुर्बलता और दुर्बलता को दूर करो निर्भयता के सिद्धांत के आधार पर स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के दर्शन को उचित ठहराया जिसमें आध्यात्मिक उन्नति को करने पर उन्होंने जोर दिया और उनका मानना था कि राष्ट्र व्यक्तियों से

ही बनता है और सब व्यक्तियों को मानव गरिमा और सम्मान की भावना को बनाए रखना चाहिए उनकी यह विचारधारा आज इसलिए प्रसांगिक साबित होती है जब मानव मानव का दुश्मन बन रहा है स्वामी विवेकानंद ने न्याय समानता प्रेम सार्वभौमिक करुणा का प्रतिपादन किया जो वर्तमान समय की आवश्यकता है।

स्वामी विवेकानंद के योग अध्यात्म और कौशल विकास नई शिक्षा नीति2020 का आधार बनाया गया है। स्वामी विवेकानंद तत्कालीन शिक्षा पद्धति के प्रबल आलोचक थे वह ऐसी शिक्षा पद्धति के समर्थक थे जिसमें शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति का नैतिक आध्यात्मिक विकास कर सके और उस में छुपी हुई शक्तियों का विकास कर सके ना कि केवल सूचनाओं का संग्रह करने वाली शिक्षा हो।

उन्होंने गुरु शिष्य परंपरा और गुरु सेवा का भी अपने भाषणों में उल्लेख किया था। वह गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रबल समर्थक थे।उनके अनुसार शिक्षा मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।वह ऐसी शिक्षा पर जोर देते थे जो व्यक्ति को चरित्रवान बनाए उनके बुद्धि और बल में वृद्धि करें और उन्हें स्वावलंबी बनाए आज के समय में जब नवयुवक बेरोजगार घूम रहे हैं और सरकारी नौकरियों की मांग कर रहे हैं ऐसी परिस्थितियों में नव युवकों को स्वावलंबी बनाने वाली शिक्षा का प्रदान करना जरूरी हो जाता है। भौतिकता वादी युग में उनके व्यक्तित्व का विकास करने उनके चरित्र बुद्धि और बल में वृद्धि करने वाली शिक्षा प्रदान करना जरूरी हो जाता है उनके अनुसार योग ध्यान जैसी गतिविधियां शिक्षा में सम्मिलित की जानी चाहिए।

युवाओं को सफलता का सूत्र बताते हुए वह यह कहते हैं किसी एक महत्वपूर्ण विचार को अपनी जिंदगी बना लो और उसे पूरा करने में अपनी पूरी ताकत लगा दो उस विचार को सोचो जियो और सपने में भी देखो सफलता का रास्ता यही है। युवाओं को प्रेरणा देते हुए वह कहते हैं कि हम जो हैं हमें हमारी सोच ने बनाया है।जीवन का रास्ता बना बनाया नहीं मिलता है इसे बनाना पड़ता है जैसा मार्ग आप बनाएंगे वैसी ही मंजिल को प्राप्त करेंगे उनकी यह ओजस्वी विचार आज के नव युवकों में एक नई चेतना का संचार करते हैं।

उनके अनुसार मानव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है इसीलिए समाज सेवा की भावना प्रदान करने वाली शिक्षा होनी चाहिए। जिससे कि राष्ट्र में शिक्षित व्यक्ति मिलकर समाज में प्रचलित बुराइयों को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्प हो सके। वह नारी शिक्षा पर अधिक बल देते थे और उनका कहना था कि बालिकाओं को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जिससे कि वे कठिन परिस्थितियों का भी मुकाबला कर सके एवं स्वावलंबी बनाने वाली शिक्षा भी उन्हें प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि शिक्षित नारी ही राष्ट्र की सभ्यता और संस्कृति को विकसित करने का कार्य करती है।

मूल्यहीनता और अनुशासनहीनता और भौतिकता के इस युग में स्वामी विवेकानंद के विचारों का महत्व बढ़ जाता है। समय और परिस्थिति बदलने के बावजूद भी उनके विचार भारत और संपूर्ण विश्व में उतने ही अनुकरणीय और प्रसांगिक है जितने की तत्कालीन भारत में थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. बी एल फाडिया(2012), आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा।
2. डॉ. बी पी वर्मा(2020), आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल आगरा।
3. डॉ. ओपी गाबा(2016), इंडियन पॉलीटिकल थॉट, मयूर पेपरबैक प्रकाशन नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

कोविड–19 महामारी के दौर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित ऑनलाईन शिक्षा में शिक्षक की भूमिका

डॉ. प्रेमलता सैनी *

*** सहायक प्रोफेसर, श्रीमती चंद्रवाल गुप्ता महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, आबू रोड (राज.) भारत**

शोध सारांश – ***काम करो ऐसे कि पहचान बन जाये,***
चलो ऐसे कि निशान बन जाये।
अरे जिन्दगी तो हर कोई काट लेता हैं,
अगर दम है तो जियो ऐसे कि
मिशाल बन जाये।।

कुछ ऐसी ही हालत हमारे शिक्षा जगत की हैं। इस कोरोना महामारी के दौर में शिक्षकों के समक्ष कई विकट परिस्थितियों एवं चुनौतियाँ उभर कर सामने आई हैं, जिसकी कभी पूर्व में भी मानव ने कल्पना नहीं की थी। लेकिन इस कठिन परिस्थिति में भी शिक्षकों द्वारा शिक्षा की अलख को जलायें रखा, जिसका स्वरूप आज ऑनलाईन शिक्षा के रूप में हमारे समक्ष स्पष्ट दृष्टिगोचर हैं। आज ऑनलाईन शिक्षा के समस्त संसाधनों से संबंधित ज्ञान को सीखा और शिक्षा प्रदान करने का कार्य इस विकट परिस्थिति में जारी रखना, अपने आप में प्रशंसनीय एवं सराहनीय हैं।

शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने, एक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता हैं। आज वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नति, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत की प्रगति और आर्थिक विकास की कुँजी है।

कोरोना काल में शिक्षा प्रदान करने संबंधी तकनीकी ज्ञान प्रदान करने हेतु सरकार तथा शिक्षा की उच्च संस्थाओं एवं परिषदों के द्वारा भी किया जा रहा हैं। आज की शिक्षा बदलते हुए, स्वरूप में एक Model हैं, जिसका अनुसरण कर शिक्षकों द्वारा अपनी शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया तथा मूल्यांकन में नवाचरित पद्धतियों का प्रयोग किया जा रहा हैं, जिसमें Computer, Smart Phone & Internet की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। आज शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न Website, Apps, Free Online Resources, whatsapp & Youtube आदि का प्रयोग किया जा रहा हैं। कोरोना महामारी में सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का शिक्षा तन्त्र प्रभावित हुआ, उसी लॉकडाउन के दौर में Work From Home के तहत् भी ऑनलाईन शिक्षा प्रदान की गई और आज भी अन्लॉक के दौर में भी ऑनलाईन शिक्षा ही शिक्षा का एक मात्र विकल्प हैं जिसका नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी उल्लेख किया है। इस लेख में ऑनलाईन शिक्षा में शिक्षक की भूमिका , ऑनलाईन शिक्षा के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं को उजागर किया गया हैं।

Key Words – Teacher, Online Education, ODL, LMS, Digital Literacy, Lockdown, Covid-19 Pandemic, Blended Learning & Internet New Education Policy 2020 etc.

प्रस्तावना – Covid-19 की महामारी ने शिक्षा को एक नया स्वरूप प्रदान किया। शुरूआत में IGNOU द्वारा ही ODL (Online Distance Learning) के तहत् शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। साथ ही सरकार द्वारा भी शिक्षा दर्शन एवं शिक्षा वाणी आदि चैनल द्वारा भी ऑनलाईन शिक्षा प्रदान की जा रही हैं। लेकिन इस परिस्थिति ने शिक्षकों की शिक्षण प्रक्रिया एवं विधियों को परिवर्तित कर एक नवाचारित स्वरूप प्रदान किया हैं जिसमें शिक्षा जगत में ऑनलाईन शिक्षा के रूप में एक क्रांति सी ला दी हैं।

नई शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि शिक्षा व्यवस्था में किये जा रहे बुनियादी बदलावों का केन्द्र बिन्दु शिक्षक है। अत: शिक्षकों को समाज के द्वारा सर्वाधिक सम्मान और अनिवार्य सदस्य के रूप में पुन: स्थान देने में सहायता करनी होगी। शिक्षक ही हमारी आगे आने वाली पीढ़ी को सही मायने में आकार देते है। अत: शिक्षकों को सक्षम बनाने की हर संभंव आवश्यकता है जिससे वे अपने कार्य को प्रभावी ढ़ंग से कर सके। इस हेतु योग्य, उत्तरदायी, मर्यादापूर्ण, सम्माननीय और स्वंय नियंत्रित तथा जवाबदेही शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य है।

नई शिक्षा नीति 2020 के आधारभूत सिद्धांतों में शिक्षकों को शिक्षा और संकाय को सीखने का केन्द्र माना है। इस दौर में पुन: शिक्षकों ने तकनीकी ज्ञान को सीखकर सीखने और सीखाने की प्रक्रिया को जारी रखा है। इस बात की हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी आवश्यकता बताई और कहा कि इस महामारी में सभी शिक्षकों को तकनीकी ज्ञान सीखना ही होगा। आज सरकार द्वारा भी इस ओर प्रयास किया जा रहा हैं। **राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा जी** द्वारा भी विद्यालयी स्तर

की शिक्षा को ऑनलाईन शिक्षा के स्वरूप प्रदान करने हेतु पाठ्यचर्या में कटौती की जा रही हैं। अत: ऑनलाईन शिक्षा और डिजिटल शिक्षा के लिए तकनीकी का न्यायसम्मत उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है।

आज कक्षा – कक्ष का परम्परागत स्वरूप बदल गया हैं। अनेक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में ऑनलाईन शिक्षा हेतु समस्त संस्थाओं की व्यवस्था भी की जा रही हैं, इसमें इन्टरनेट की अहम् भूमिका हैं। लेकिन ऑनलाईन क्लासेस एप/विडियों के माध्यम से ले लेना ही शिक्षण करवाना नहीं बल्कि आज का Students कुछ ओर भी चाहते हैं वरना कुछ समय पश्चात् रूचि कम होने लगती हैं। कभी-कभी विद्यार्थी ऑनलाईन शिक्षा प्राप्त करना चाहता हैं लेकिन विद्यालय प्रशासन और शिक्षक विद्यार्थियों को ऑनलाईन जोडने में असफल रहते हैं। इसके लिए नई शिक्षा नीति 2020 में प्रभावशाली ऑनलाईन प्रशिक्षक बनने के लिए शिक्षकों को उपयुक्त प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके पश्चात् ही शिक्षक ऑनलाईन कक्षा में अच्छा शिक्षक साबित होगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी द्वारा विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक के सभी स्तरों पर शिक्षण-अधिगम के लिए प्रौद्योगिकी के उभरते महत्व की दृष्टि से इस नीति में निम्नलिखित सिफारिशें की गयीं –

1. ऑनलाईन शिक्षा के लिए पायलट अध्ययन
2. वर्चुअल लैब
3. ऑनलाईन मूल्यांकन और परीक्षाएँ
4. शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण और प्रोत्साहन
5. डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर
6. ऑनलाइन शिक्षण मंच और उपकरण
7. सामग्री निर्माण, डिजिटल रिपॉजिटरी और प्रसार
8. डिजिटल अंतर को कम करना
9. सीखने के मिश्रित मॉडल
10. ऑनलाईन शिक्षा के मानकों को पूरा करना
11. विश्व स्तरीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, शैक्षिक डिजिटल कंटैंट सामग्री और क्षमता का निर्माण करने के लिए एक समन्वित इकाई का सृजन करना।

उपरोक्त सभी सिफारिशें को ध्यान में रखते ऑनलाईन शिक्षा हेतु शिक्षकों को निम्नलिखित सकारात्मक कार्य करना चाहिए:

1. विद्यार्थियों को सम्पूर्ण पाठ्यचर्या की जानकारी देना।
2. शिक्षण कार्य को व्याख्यान के साथ-साथ प्रश्नोत्तर पर आधारित बनाना।
3. ऑनलाईन शिक्षा प्रदान करने हेतु विडियों द्वारा शिक्षा प्रदान की जायें ताकि दूर-दराज के Students भी शिक्षा प्राप्त कर सके।
4. ऑनलाईन शिक्षा में Feedback प्रदान करना ताकि प्रोत्साहित हो सके इसके लिये Kahoat & Google Quiz etc का use किया जा सकता हैं।
5. छात्रों को वर्तमान मुद्दों पर ज्यादा ध्यान आकर्षित किया जायें।
6. ऑनलाईन शिक्षा द्वारा समय का सदुपयोग किया जा रहा हैं, जहाँ आज विद्यालय एवं महाविद्यालय सब बंद हैं।
7. यह Child-Centered Method पर आधारित हैं। शिक्षक आज केवल सुविधा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने वाला मात्र हैं।
8. ऑनलाईन शिक्षा कई Platform द्वारा प्रदान की जा रही हैं, जिसमें दीक्षा पोर्टल, स्माईन, क्लासेस शिक्षा दर्शन, स्वप्रभा, युक्ति, ई-पाठशाला, ई-बुक्स, स्पार्क व अन्य कार्यक्रम जो सरकार द्वारा चलायें।
9. Blended Learning / Hybrid Learning द्वारा भी Content हस्तान्त्ररण और आकलन हेतु Online Platform जैसे Wakalate प्रदान Google Classroom आदि का प्रयोग किया जा सकता हैं।
10. Learning Management System :- शैक्षिक संस्थाओं की माँग पर ऐसे अधिगम Platform उनलब्ध कराये जाते हैं जो अधिगम के अवसर प्रदान करते हैं। इसमें विद्यालयी शिक्षा तथा महाविद्यालयी शिक्षा हेतु E-Content का विकास किया जाता हैं।
11. इस कोरोना महामारी में ज्यादा से ज्यादा E-Content का प्रयोग किया जाये।
12. शिक्षकों द्वारा सहभागिता पर आधारित कार्यों पर जोर दिया जाये।
13. ऑनलाईन शिक्षा हेतु Meeting Apps जैसे Zoom, Google Meet, Microsoft Team, Casio WebEx, Meet Now आदि का प्रयोग करके ऑनलाईन शिक्षा को प्रभावशाली बनाया जा सकता हैं।
14. ऑनलाईन शिक्षा हेतु Digital Literacy द्वारा तकनीकी को सीखें।
15. Electronic Media का Use करके सूचनाओं की शेयरिंग हेतु SMS, G-mail, Whatsap , Face book & YouTube आदि का प्रयोग करें।
16. ODL (Online Distance Learning) मोड द्वारा भी ऑनलाईन शिक्षा तथा छात्रों में स्वाध्याय की भावना का विकास किया जा रहा हैं।

ऑनलाईन शिक्षा के नकारात्मक प्रभाव :

1. अधिकांश समय इन्टरनेट का प्रयोग जिससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव।
2. ऑनलाईन शिक्षा का मानसिक स्वास्थ्य पर भी हानि।
3. ऑनलाईन शिक्षा महँगी शिक्षा – आम व्यक्ति और गरीब व्यक्ति की पहुँच से दूर।
4. ICT के संसाधनों के उपयोग संबंधी ज्ञान का अभाव।
5. शिक्षकों द्वारा रूचि ना लेना तथा ICT संसाधनों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी उपस्थिति एवं जागरूकता का अभाव।

निष्कर्ष – NEP 2020 के अनुसार 'शिक्षक वास्तव में बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं। अत: हमारे राष्ट्र के भविष्य का निर्माण भी करते हैं।' इस वाक्य से शिक्षक की महत्ती भूमिका समाज में परिलक्षित होती हैं। लेकिन इस कोरोना महामारी के दौर में शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन शिक्षा प्रदान करना एक प्रशंसनीय कार्य हैं। लेकिन इससे कई परेशानियों का सामना शिक्षकों को भी करना पड हैं। **नई शिक्षा नीति 2020 में कहा गया है कि** ऑनलाईन शिक्षाऔर डिजिटल शिक्षा तब तक सही अर्थों में लाभ नहीं उठाया जा सकता जब तक डिजिटल इंडिया अभियान और किफायती कम्प्यूटिंग उपकरणों की उपलब्धता जैसें ठोस प्रयासों के माध्यमों से डिजिटल अंतर को समाप्त नहीं किया जाता। यह जरूरी है कि ऑनलाईन शिक्षा और डिजिटल शिक्षा के लिए तकनीकी का उपयोग सभी के लिए समानता पर आधारित हो।

'क्यों डरे कि जिन्दगी में क्या होगा,
हर वक्त क्यों सोंचे कि बुरा होगा।
बढते रहे बस मंजिलों की ओर,
हमें कुछ मिले या न मिले,
तर्जुबा तो नया होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Jena, Parvat Kumar. July 2020 Impact of Pandemic Covid – 19 On Education in India. International Journal of current Reaserch Vol 12, ISSN : 0975-833X
2. बेदी संजीव अगस्त 2020 शिक्षा में नवाचार की बदली तस्वीर शिविरा पत्रिका, बीकानेर, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान।
3. तिवारी धर्मेंद्र अगस्त 2020 कोरोना के दौर स्वास्थाय की प्रासंगिकता, शिविरा पत्रिका बीकानेर, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान।
4. विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित : ऑनलाईन शिक्षा, प्रधानमंत्री एवं राज्य शिक्षा मंत्री के वाक्य एवं लेख।
5. https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_final_HINDI_0.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

व्यापारियों द्वारा प्रयोग में लायी जाने वाली कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रवृत्तियों अध्ययन

डॉ. आशीष सिंह *

*सहायक प्राध्यापक, महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, नागौद, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान समय कम्प्यूटर का युग माना जाता है। व्यावसायिक क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। रेलवे में रिजरवेशन, बैंक में अकाउण्ट मेंटीनेंस, मेडिकल में सर्जरी एवं रिसर्च, टीचिंग में कम्युनिकेशन के लिए इसका प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। आधुनिक लेखांकन प्रणाली का यह महत्वपूर्ण भाग है। वर्तमान युग ई–कामर्स का युग है, जिसके माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करना बहुत आसान एवं सुलभ हो गया है। ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से वस्तुओं की खरीदी एवं बिक्री तथा भुगतान का कार्य बहुत ही आसानी से हो जाता है। अत: हर व्यापारी के लिए, जिसे अपने व्यापार के क्षेत्र को बढ़ाना है, कम्प्यूटर की जानकारी आवष्यक है।

प्रजापति महेशकुमार (2013) ने अपने शोध, 'A Study on Accounting Practices of Wholesale and Retail Business Organisation in Gujarat' में यह पाया कि आधे से अधिक व्यापारियों मे लेखांकन का बुनियादी ज्ञान है, परन्तु थोक व्यापारियो मे फुटकर व्यापारियो की अपेक्षा तुलनात्मक रूप से ज्यादा लेखांकन संबंधी ज्ञान होने के बावजूद थोक व्यापारी फुटकर व्यापारियो की अपेक्षा लेखांकन कार्य में पेशेवर व्यक्तियो पर ज्यादा निर्भर है। थोक व्यापारी लेखांकन संबंधी कार्य मे कम्प्यूटर का उपयोग करने लगा है किन्तु फुटकर व्यापारी अभी भी मैन्यूअल रूप से अपने खाते तैयार करता है। फुटकर व्यापारियो में और अधिक लेखांकन संबंधी जानकारी की आवश्यकता है।

भाटिया प्रकाश (2014) ने अपने शोध, 'Convergence of Accounting Standards in india : impact on profitability of selected companies' में यह पाया कि विश्वस्तरीय बाजार में लेखा मानक में एकरुपता लाने के लिए IASB (International Accounting Standards Board) ने IFRS प्रणाली केा अपनाने में तेजी से प्रगति की है। जिससे पूरे विश्वस्तर पर एक ही वित्तीय लेखा मानक होगा। भारतीय कम्पनियों ने भी इस क्षेत्र में तेजी से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है।इसके लिए कुशल प्रशिक्षित लेखापालों की अवश्यकता महसूस की गई है। जिसका भारत में अभाव पाया गया है।

डेट मनीषा (2011) ने अपने शोध, 'Use of management accounting tools for the measurement of comparison of performance of organized retailing system in india and at the global level' में पाया कि संगठित खुदरा व्यापार करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान का लेखांकन संबंधी कार्य, असंगठित तरीके से व्यापार करने वाली प्रतिष्ठानों से ज्यादा अच्छा होता है तथा उनके द्वारा लेखांकन संबंधी Tools का भी सही ढग से उपयोग किया जाता है। उनके यहां कार्य करने वाले कर्मचारी प्रशिक्षित एवं कुशल पाये गये। असंगठित व्यापार में आज भी लेखांकन संबंधी प्रवृत्तियों के ज्ञान का स्तर बहुत ही निम्न है, जो कि उनके व्यापार के विकास का सबसे बड़ा बाधक है।

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन के क्षेत्र में प्रयोग में आने वाले प्रमुख साफ्टवेयर की जानकारी – कम्प्यूटरीकृत लेखांकन के क्षेत्र में हमारे द्वारा किये शोध के आधार पर यह परिणाम प्राप्त हुआ, कि व्यापारियों द्वारा मुख्यतया दो कम्प्यूटरीकृत साफ्टवेयर लेखांकन संबंधी कार्यो के लिए प्रयोग में लाये जाते हैं। कम्प्यूटरीकृत साफ्वेयर की जानकारी इस प्रकार है :–

- Micro Soft Excel –
- Tally Accounting Software –
- **Micro Soft Excel –** लेखांकन के क्षेत्र में मध्यम एवं छोटे व्यापारी द्वारा ज्यादातर इसी साफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है। इसका पूरा नाम Micro Soft Excel है। जिसका निर्माण 1983 से 1984 के बीच Micro Soft Corporation ने किया था। वर्तमान समय में इसके कई संस्करण बाजार में उपलब्ध हैं। यह एक हिन्दी और अंग्रेजी शीट उपलब्ध कराने वाला साफ्टवेयर है। इसके माध्यम से टेबल एवं गणना का कार्य बहुत ही आसानी से किया जा सकता है।

MS-Excel का लेखांकन के क्षेत्र में महत्व – यद्यपि एक्सल का प्रयोग हर प्रकार के व्यापारियों द्वारा किया जाता है, फिर भी मध्यम एवं छोटे वर्ग के व्यापारियों के लिए यह ज्यादा उपयोगी सिद्ध हुई है। इसके महत्व को निम्न बिन्दुओं के आधार पर समझाया गया है :

1. इसके माध्यम से व्यापारियों द्वारा लेखांकन संबंधी गणना जैसे जोड़ना, घटाना, गुणां करना, भाग देना एवं अन्य कार्य बहुत ही आसानी से कम समय में किये जा सकते हैं।
2. इस साफ्टवेयर को समझना काफी आसान है। साधारण कम्प्यूटर का जानकार व्यक्ति भी आसानी से समझ सकता है। इसमे कार्य करने के लिए विशेष प्रकार के प्रशिक्षण की जरूरत महसूस नहीं की जाती है।
3. लेखांकन संबंधी किये गये कार्य को यदि टेबल या चार्ट के रूप में प्रस्तुत किये जाँय, तो समझना ज्यादा आसान हो जाता है। इस साफ्टवेयर के माध्यम से लेखांकन संबंधी लेन–देनो को टेबल या चार्ट के रूप में आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है।
4. अन्य लेखांकन संबंधी साफ्टवेयर की अपेक्षा एम.एस. एक्सल बाजार में कम कीमत पर बहुत ही आसानी से उपलब्ध है। छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए यह बहुत ही सुविधाजनक साफ्टवेयर है। कम

खर्चीला होने के कारण व्यापार में अनावष्यक आर्थिक बोझ नहीं पड़ता है।

5. इस साफ्टवेयर के माध्यम से व्यापारी द्वारा जो भी लेखांकन संबंधी सूचनाएं रखी जाती हैं, उन्हें लंबी अवधि तक आसानी से सुरक्षित रखा जा सकता है।

- **Tally Accounting Software –** भारत वर्ष में वर्तमान समय में टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर व्यापारियों द्वारा सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाता है। इस साफ्टवेयर का प्रयोग चाहे, छोटा व्यापारी हो, मध्यम वर्ग का हो या बड़ा व्यापारी। हर वर्ग के व्यापारियों के मध्य यह साफ्टवेयर अपनी एक अमिट छाप छोड़ चुका है। इस साफ्टवेयर का निर्माण कर्नाटक राज्य के बैंग्लोर जिले में स्थित एक साफ्टवेयर निर्माता कम्पनी ने किया है। इस कम्पनी का नाम प्यूटोनिक्स है। बाजार में उपलब्ध एकाउण्टिंग साफ्टवेयर में टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर की पायरेटेट कॉपी मुफ्त में आसानी से व्यापारियों को उपलब्ध है। इस साफ्टवेयर को सिखाने के लिए पूरे भारतवर्ष में लाखों की तादात में ट्रेनिंग सेंटर संचालित हैं।

लेखांकन के क्षेत्र में टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर का महत्व – कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली लेखांकन की आधुनिक प्रणाली है, इस प्रणाली के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के एकाउण्टिंग साफ्टवेयर का प्रयोग करके लेखांकन संबंधी गतिविधियों को पूर्ण किया जाता है। इस एकाउण्टिंग साफ्टवेयर का प्रयोग हर वर्ग के व्यापारियों द्वारा किया जाता है। लेखांकन के क्षेत्र में टैली के महत्व को निम्न बिन्दुओं के आधार पर समझाया गया है:-

1. भारत की दृष्टिकोंण से टैली भारत में हर वर्ग के व्यापारियों द्वारा सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला एकाउण्टिंग साफ्टवेयर है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हर जिले में छोटे से लेकर बड़े शैक्षणिक संस्थानों द्वारा टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर का प्रशिक्षण उपलब्ध है।
2. अन्य एकाउण्टिंग साफ्टवेयर की अपेक्षा टैली समझने में और प्रयोग करने में ज्यादा आसान है। इस साफ्टवेयर में की-बोर्ड के माध्यम से सभी एकाउण्टिंग संबंधी लेन-देनों का लेखा आसानी से तथा तीव्र गति से किया जा सकता है। कम्प्यूटर माउस की उपयोगिता इसमें नगण्य है।
3. टैली के अंतर्गत जो भी रिपोर्ट प्रदर्शित होती है, उसे आसानी से अन्य फार्मेट जैसे एक्सल, पीडीएफ, वर्ड इत्यादि को एक्सपोर्ट किया जा सकता है।
4. टैली के अंतर्गत जो भी व्यापारिक लेन-देन का लेखा किया जाता है, उन्हें आसानी से कई वर्षों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। उसकी कॉपी पैन ड्राइव या सी.डी. में राइट करके एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से ले जा सकते हैं।
5. टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के अंतर्गत जो भी लेखांकन संबंधी कार्य हम करते हैं, उसकी रिपोर्ट हमें बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है, वह रिपोर्ट जैसे तलपट, व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता, चिट्ठा, डे-बुक, स्टॉक रजिस्टर, अनुपात विश्लेषण इत्यादि स्वत: ही तैयार हो जाते है।
6. टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के अंतर्गत टैक्स संबंधी जो भी लेखांकन कार्य किये जाते हैं प्रतिशत के आधार पर स्वत: ही टैक्स की राशि की गणना हो जाती है। तथा टैक्स से संबंधित रिपोर्ट भी तैयार हो जाती है।
7. टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के अंतर्गत पासवर्ड के माध्यम से डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है जिससे खातों की गोपनीयता बनी रहती है।
8. टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के अंतर्गत व्यापारी को लेन-देनों के जिस खाते का प्रिंट-आउट चाहिये उस रिपोर्ट की हार्ड कॉपी बहुत ही आसानी से निकाली जा सकती है।
9. टैली एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के अंतर्गत चूंकि रिपोर्ट स्वत: ही प्रदर्शित होती है इसलिए रिपोर्ट तैयार करने की जरूरत व्यापारी को नहीं पड़ती है, जिससे कार्य करने में आसानी होती है तथा अनावष्यक श्रम और समय नहीं लगता है।
10. मैनुअल सिस्टम के अंतर्गत यदि कोई लेन-देन में त्रुटि हो गई है तो उसको सुधारने के लिए समायोजन प्रवष्टियां की जाती हैं, जबकि टैली में ऐसा नहीं होता है। किसी भी वाउचर या लेन-देन को तुरंत सुधारा या मिटाया जा सकता है तथा उससे संबंधित रिपोर्ट भी अपने आप सभी जगह पर संशोधित हो जाती है।

शोध प्रविधि – शोध कार्य में सभी प्रकार के पंजीकृत एवं अपंजीकृत व्यापारिक निकाय जैसे कम्पनी, थोक एवं फुटकर विक्रेता, संगठन को उत्तरदाता के रुप में चयनित किया गया। शोध अध्ययन में कुल 200 व्यापारियों के व्यापारिक प्रतिष्ठान का चयन यादृच्छिक निर्दशन (Random Sampling) विधि से सतना जिले से किये गये, जिसका वर्गीकरण इस प्रकार है।

टर्नओव्हर रुपयों में (वार्षिक)	चयनित व्यापारिक निकायों की संख्या
5 करोड़ के ऊपर	50
1-5 करोड़	50
50 लाख - 1 करोड़	50
50 लाख या उससे कम	50
योग	200

साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से उत्तर प्राप्त किये गये, प्राप्त उत्तर का सारणीयन करके परिणाम प्राप्त किये गये। अध्ययन विषय से संबंधित उपक्रमो, व्यापारियो, व्यापारिक संगठनो के पास उपलब्ध आँकड़ो को एकत्रित कर उनका सारणीयन, वर्गीकरण एवं विश्लेषण करके तुलनात्मक अध्ययन करते हुए प्रस्तुतीकरण किया गया। अंतत: सारणीयन तथा विश्लेषण के आधार पर अध्ययन संबंधित निष्कर्षो एवं परिणामो के आधार पर सुझाव प्रस्तुत किया गया।

शोध -पत्र का उद्देश्य – वर्तमान समय में कम्प्यूटरीकृत लेखांकन Tally जैसी नई लेखा पद्धति प्रयोग में है उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्र सतना जिले के व्यापारियों में लेखांकन सम्बन्धी प्रवृत्तियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, शोध अध्ययन के निम्न उद्देश्य है-

1. व्यापारियों द्वारा प्रयोग में लायी जाने वाली कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रवृत्तियों अध्ययन।
2. औद्योगिक क्षेत्र सतना जिले के व्यापारियों की लेखांकन सम्बन्धी प्रवृत्तियों अध्ययन करना।
3. आधुनिक लेखा प्रणाली के संबन्ध में व्यापारियों के जानकारी का अध्ययन करना।

व्यापारियों द्वारा अपनायी जानें वाली लेखांकन प्रवृत्तियां – वर्तमान

में लेखांकन कार्य के लिए प्रमुख दो तरीके प्रचलित हैं :

1. मानवीयकृत लेखांकन प्रणाली
2. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली

1. मानवीयकृत लेखांकन प्रणाली – भारत में आज भी ज्यादातर मध्यम एवं लघु क्षेत्र में व्यापार करने वाले व्यवसायी, प्रारंभिक प्रवृष्टियों से लेकर अंतिम खातों तक की कार्यविधि मैनुअल माध्यम से सम्पादित करते हैं। मैनुअल माध्यम से संपादित करने के कारण लेखांकन संबंधी कार्यों में अत्यधिक समय लगता है। ई–कामर्स के युग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करना आसान हो गया है। ऐसी स्थिति में व्यापारियों का लेखांकन संबंधी रिकार्ड मैनुअल होना, उनके विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत मुख्य पुस्तकें जैसे जर्नल, लेजर, रोकड़–बही, बैंक पुस्तक, क्रय–विक्रय पुस्तक इत्यादि मैनुअल माध्यम से रखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में रिकार्डों को लम्बी अवधि तक सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया मे समय एवं खर्च दोनो में वृद्धि होती है। मानवीय लेखांकन प्रणाली में समय ज्यादा लगता है और साथ ही साथ त्रुटि की सम्भावना भी बनी रहती है तथा लेखा पुस्तकों के खराब होने का भय भी बना रहता है। लेखांकन सम्बन्धी सूचना लेखा पुस्तकों से प्राप्त करना कठिन हो जाता है तथा इसमें अत्यधिक समय भी लगता है। बड़े व्यापारिक क्षेत्र जहां लेखांकन सम्बन्धी कार्य व्यापक पैमाने पर होता है, वहां मानवीय लेखांकन प्रणाली उपयुक्त नहीं मानी जाती है।

2. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली – पिछले तीन दशकों से कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी नें महत्वपूर्ण विकास किया है और इसकी उपयोगिता भी बढ़ी है। लेखांकन सम्बन्धी कार्य भी इससे अछूता नहीं है। कम्प्यूटर लेखांकन के अन्तर्गत लेखांकन हेतु व्यापारियों को केवल प्रारंम्भिक पुस्तकों (कैश बुक, बैंक बुक, क्रय रजिस्टर, विक्रय रजिस्टर, जर्नल) में ही प्रविष्टि करनी होती है।जैसे–जैसे समय आगे बढ़ता गया कम्प्यूटर ने व्यापार क्षेत्र में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया। आज व्यापार में सभी प्रारंभिक पुस्तकें इलेक्ट्रानिक फारमेट में रखी जाने लगी हैं तथा शेष पुस्तकें जैसे तलपट, अंतिम खाते स्वत: ही कम्प्यूटर द्वारा तैयार कर दिये जाते हैं और कुछ मिनटों में ही व्यापार की सारी आर्थिक स्थिति का पता व्यापारी को लग जाता है।

तालिका क्रमांक – 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 से यह स्पष्ट प्रदर्शित हो रहा है कि 5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर वाले व्यापारिक प्रतिष्ठान में 84 प्रतिशत प्रतिष्ठानों में लेखांकन संबंधी कार्य कम्प्यूटरीकृत तथा 16 प्रतिशत प्रतिष्ठानों में कम्प्यूटरीकृत एवं मानवीयकृत दोनो माध्यम से किया जाता है। इसी प्रकार 1 करोड़ से 5 करोड़ के वार्षिक टर्नओव्हर वाले प्रतिष्ठान में 8 प्रतिशत प्रतिष्ठान मानवीकृत, 64 प्रतिशत प्रतिष्ठान कम्प्यूटरीकृत तथा 28 प्रतिशत प्रतिष्ठान में दोनो माध्यम से लेखांकन कार्य किया जाता है। 50 लाख से 1 करोड़ के मध्य टर्नओव्हर वाले प्रतिष्ठानों में 60 प्रतिशत प्रतिष्ठान में मानवीकृत, 20 प्रतिशत प्रतिष्ठान में कम्प्यूटरीकृत, तथा 20 प्रतिशत प्रतिष्ठान में दोनो माध्यमों से लेखांकन कार्य किया जाता है। 50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर वाले प्रतिष्ठानों में 72 प्रतिशत प्रतिष्ठान में मानवीकृत, 16 प्रतिशत प्रतिष्ठान में कम्प्यूटरीकृत एवं 12 प्रतिशत प्रतिष्ठान में दोनो माध्यमों से लेखांकन कार्य किया जाता है।

मध्यम एवं लघु व्यापारियों में कम्प्यूटरीकृत लेखांकन कार्य सीमित संख्या में किया जाता है।

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन अपनाने के प्रति व्यापारियों के विचार :–

तालिका क्रमांक – 03 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 से स्पष्ट है कि 1 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर वाले सभी व्यापारी कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली को अपनाना चाहते हैं। इसी प्रकार 50 लाख से एक करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के 88 प्रतिशत व्यापारी कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली अपनाना चाहते हैं, जबकि 12 प्रतिशत नहीं अपनाना चाहते हैं। 50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर वाले 60 प्रतिशत व्यापारी कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली अपनाना चाहते हैं, जबकि 40 प्रतिशत नहीं अपनाना चाहते हैं। छोटे व्यापारियों में कम्प्यूटर के प्रति विश्वास की कमी झलकती है।

तालिका क्रमांक – 04: व्यापारियों में प्रचलित एकाउण्टिंग साफ्टवेयर

साफ्टवेयर	व्यापारियों की संख्या	प्रतिशत
Tally	84	64.62
Busy	2	1.53
Excel	30	23.08
Other	14	10.77
कुल :	130	100

उपरोक्त तालिका में व्यापारियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले प्रचलित एकाउण्टिंग साफ्टवेयर के संबंध में 64.62 प्रतिशत व्यापारी Tally, 1.53 प्रतिशत व्यापारी Busy, 23.08 प्रतिशत व्यापारी Excel तथा 10.77 प्रतिशत अन्य प्रकार के एकाउण्टिंग साफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। व्यापारियों के मध्य Tally Accounting Software बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय एवं प्रचलित है।



तालिका क्रमांक – 04 : कम्प्यूटरीकृत लेखांकन अपनाने में संतुष्टि

संतुष्टि	व्यापारियों की संख्या	प्रतिशत
पूर्णत:	102	78.47
थोड़ा	20	15.38
बिल्कुल नहीं	8	6.15
कुल	130	100



उपरोक्त तालिका में कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में संतुष्टि के स्तर की जानकारी के बारे में व्यापारियों से जब पूंछा गया तो यह जानकारी प्राप्त हुई कि 78.47 प्रतिशत पूर्ण संतुष्ट, 15.38 थोड़ा संतुष्ट एवं 6.15 प्रतिशत बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। यह तालिका वर्तमान युग में कम्प्यूटर की उपयोगिता को प्रकट करता है।

निष्कर्ष :

1. बड़े व्यापारियों में कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली अपनाने की स्थिति, मध्यम एवं छोटे व्यापारियों की अपेक्षा संतोषजनक है। मध्यम एवं छोटे व्यापारियों के मध्य कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है।
2. सभी बड़े व्यापारियों में कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली अपनाने में सहमति व्यक्त की है। जबकि मध्यम एवं लघु व्यापारियों में से कुछ व्यापारियों ने इस प्रणाली को अपनाने में असहमति व्यक्त की है। कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली कार्य के क्रियान्वायन का सबसे विश्वसनीय एवं सुलभ तकनीकि है।
3. व्यापारियों के मध्य Tally Accounting Software बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय एवं प्रचलित है।
4. कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली में कार्य करने वाले 130 व्यापारियों में से 78.47 प्रतिशत व्यापारी इस प्रणाली से पूर्णत: संतुष्ट हैं। शेष बचे व्यापारियों में प्रशिक्षण का अभाव एवं जागरूकता की कमी झलकती है।

सुझाव :

1. कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली को सभी व्यापारियों द्वारा अपनाया जाय, इसके संबंध में व्यापारियों और शासन स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिये।
2. व्यापारियों तथा लेखापालों को लेखांकन संबंधी कार्य में निपुणता होनी चाहिये, इसके लिए उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिये।
3. व्यापारियों के मध्य कम्प्यूटरीकृत लेखा के प्रति अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ एवं शंकाएं हैं, जिन्हें दूर किया जाना आवष्यक है। प्रशिक्षण ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली को बढ़ावा मिल सकता है। सरकार द्वारा इसके संबंध में उचित कदम उठाये जाने चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बोगिय रमेश(2011),'लर्निंग एम.एस. ऑफिस' बुक, खन्ना बुक पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली।
2. तिवारी नरेन्द्र(2014),'फाइनेन्सियल एकाउण्टिंग विद टैली' बुक, नारेन्द्र पब्लिकेशन दिल्ली।
3. कुमार विजय(2011),'एकाउण्टिंग एण्ड फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट' बुक, मारूति प्रकाशन मेरठ।
4. बोरा अतुल (2001), 'व्यापारियों में लेखांकन संबंधी ज्ञान एवं जागरूकता', शोध-प्रबंध।
5. Prajapati Mahesh (2013)] "A Study on Accounting Practices of Wholesale and Retail Business Organisation in Gujarat", Thesis.
6. Bhatiya Prakash(2014), "Convergence of Accounting Standards in India : Impact on Profitability of Selected Companies", Thesis.
7. Date Manisha(2011),"Use of Management Accounting tools for the measurement of Camparison of Performance of Organized Retailing System in India & at the global level", Thesis.

तालिका क्रमांक - 02: लेखांकन कार्य का तरीका

लेखांकन कार्य का तरीका	व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत							
	5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर		1-5 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख से 1 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
मानवीकृत	0	0	4	8	30	60	36	72
कम्प्यूटरीकृत	42	84	32	64	10	20	8	16
दोनो	8	16	14	28	10	20	6	12
योग	50	100	50	100	50	100	50	100



तालिका क्रमांक – 03: कम्प्यूटरीकृत लेखांकन अपनाने के प्रति व्यापारियों के विचार

	व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत							
कम्प्यूटरीकृत लेखा अपनाने के प्रति विचार	**5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर**		**1–5 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर**		**50 लाख से 1 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर**		**50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर**	
	संख्या	**प्रतिशत**	**संख्या**	**प्रतिशत**	**संख्या**	**प्रतिशत**	**संख्या**	**प्रतिशत**
हाँ	50	100	50	100	44	88	30	60
नहीं	0	0	0	0	6	12	20	40
योग	50	100	50	100	50	100	50	100



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

सीवेज का शहरी आवास एवं अर्थव्यवस्था से सम्बन्ध (ग्वालियर शहर के विशेष संदर्भ में)

दीप्ती कुशवाह *

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) शासकीय भगवत सहाय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – पृथ्वी ग्रह एक ऐसा ग्रह माना जाता है। जहाँ पर जीवों का वास है। वैसे तो ब्रह्मांण में इस प्रकार की कई पृथ्वीयाँ होगी। परन्तु हम केवल अपनी पृथ्वी जिसपर हमारा निवास है, उसकी चर्चा करेगें। पृथ्वी के दक्षिण एशिया में स्थित भारत, भारतीय उपमाहद्धीप का सबसे बड़ा देश है। भारत के मध्यप्रदेष राज्य में स्थित ग्वालियर 55 जिलों में से एक है। ग्वालियर जिला अपनी स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्धी प्राप्त है। सुविधायुक्त जीवन के लिए ग्वालियर जिला अच्छा स्थान है। आस-पास के क्षेत्र में औद्योगिक विकास के कारण शहर में रोजगार आसानी से प्राप्त हो जाने के कारण आकर्षित का केन्द्र है।

पृथ्वी पर प्रत्येक जीव, जीवन हेतु कार्यरत् (भोजन-पानी, नहाना-धोना व मल-मूत्र) क्रिया करता है, उसी प्रकार प्रकृति भी नियमित रूप से कार्य करती है। ऋतुओं का चक्रक्रम, आंधी तूफान आना, ज्वालामुखी का फटना, बाढ़ आना इत्यादि। इन सभी क्रियाओं के कारण अपशिष्ट पदार्थ पानी के साथ क्रिया करके दुगंध एवं गंदगी फैलाते है जिससे कई समस्याऐं सामने आती है जैसे कहीं भी पानी का जमाव, कीचड़, गंदगी हो जाना, प्लास्टिक पदार्थों का सड़ना, इत्यादि।

उपकल्पना– प्रस्तुत आलेख में सीवेज का शहरी आवास एवं अर्थव्यवस्था से सम्बन्ध को समझाया गया है। कि सीवेज शहरों में किस प्रकार से समस्या के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। इसके माध्यम से नगरों एवं महानगरों में सीवेज प्रतिदिन उत्पन्न सीवेज की स्थिति का अध्ययन तथा उसके प्रकारों का भी अध्ययन किया जायेगा। ग्वालियर शहर में सीवेज समाधान हेतु ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के बारे में बताया जायेगा।

मुख्य भाग– मनुष्य जन्म से हि अपशिष्ट (मल-मूत्र) का त्याग प्रारम्भ करने लगता है और जब तक जीवित रहता है तब तक यह क्रिया अनैच्छिक रूप से करता है। इसके अलावा दैनिक कार्यों के दौरान भी कई प्रकार के अपशिष्ट पदार्थो का निर्माण करता है। जिसे एक सरल भाषा में सीवेज कहा गया है।

सीवेज–घरों, वाणिज्यिक प्रस्थांनों एवं उद्योगों में प्रयोग किये जाने वस्तुओ से उत्पन्न अपशिष्ट जल एवं पदार्थों को सीवेज कहा जाता है। इसके अलावा किसी भी तरह से धरातलीय एवं प्राकृति घटनाओं बाढ़/तूफानों का पानी द्धारा वाहित वस्तुएँ शामिल होती है। सीवेज में 90 प्रतिशत से ज्यादा पानी शामिल होता है।

सीवेज के प्रकार–सीवेज को उनकी प्रकृति के आधार पर तीन भागों में विभाजित किया गया है। अगर देखा जाए तो सीवेज दो प्रकार से उत्पन्न होता है। एक मानव द्धारा, दूसरा प्रकृति के द्धारा।

1. घरेलू मल-जल
2. आद्यौगिक अपशिष्ट
3. शैक्षिण संस्थाअपशिष्ट
4. स्वास्थ्य केन्द्र अपशिष्ट
5. व्यवसायिक केन्द्र अपशिष्ट
6. भोजनालय केन्द्र अपशिष्ट

(1-6) —— मानव द्धारा

7. प्राकृति घटनाओं से उत्पन्न अपशिष्ट —— प्रकृति द्धारा

1. घरेलू मल-जल–मानव द्धारा दिनजर्या के दौरान उत्पन्न सीवेज को घरेलू सीवेज के अन्तर्गत शामिल किया जाता है।घरों में उत्पन्न अपशिष्ट उनके प्रयोगों द्धारा, कोप्रकृति के अनुसार निम्न भागों में विभाजित किया जाता है।



(क)ग्रेवाटर–रसोई में प्रयोगिक वस्तुओं द्धारा होने वाले अपशिष्ट जैसे कि-सब्जियों, फलों के छिलके, पत्ते एवं धोने से निकला अपशिष्ट इत्यादि ग्रेवाटर की श्रेणी में आते है।

(ख) ब्लैकवाटर –ब्लैकवाटर में वे अपशिष्ट शामिल है जो स्नानघर एवं षौचालय से निकलता है। जैसे-मल-मूत्र, ट्युशू पेपर इत्यादि।

(ग) लॉन्ड्री/डिश वाटर –कपडे एवं बर्तन धोने से वाहित पानी, साबुन, सर्फ इत्यादि।

सारणी क्र. 0.1

क्र.	सदस्यों की संख्या	परिवारों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा(लीटर में)
1.	2-3	20	1800
2.	3-4	10	1200
3.	4-5	10	1500
4.	5-6	5	900
5.	6-7	5	1050
		50	**6450**

2. औद्योगिक अपशिष्ट-आद्यौगिकों में कार्यरत् कर्मचारियों के क्रियाकलापों द्वारा कई प्रकार का अपशिष्ट उत्पन्न होता है।

सारणी क्र. 0.2

क्र.	वर्ष	औद्योगिकों की संख्या	नियोजित व्यक्ति	अपशिष्ट की मात्रा(लीटरमें)
1.	2012-13	770	4283×52	222716
2.	2013-14	822	4437×52	230724
3.	2014-15	165	2864×52	148928
4.	2015-16	155	2700×52	140400
				742768

3. शैक्षिण संस्था अपशिष्ट-शैक्षिण संस्थाओं द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट-

सारणी क्र. 0.3

क्र.	वर्ष	शैक्षिण संस्थाओं की संख्या	विद्यार्थियों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लीटर में)
1.	2012-13	4372	595880×52	30985760
2.	2013-14	4223	718268×52	37349936
3.	2014-15	3958	418133×52	21742916
4.	2015-16	4186	402481×52	20929012
				111007624

स्वास्थ्य केन्द्र अपशिष्ट-बडे-छोटे अस्तपतालों एवं प्रयोगषालाओं से भी विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट-

सारणी क्र. 0.4

क्र.	वर्ष	स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या	स्वास्थ्य केन्द्र के सदस्यों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लीटर में)
1.	2012-13	4164	5200×52	270400
2.	2013-14	4164	5200×52	270400
3.	2014-15	4164	5266×52	273832
4.	2015-16	4164	5266×52	273832
				1088464

नोट- लेब से निकलने वाले अपशिष्टको इन्सिव्लेटर द्वारा जलाया जाता है।

4. व्यवसायिक केन्द्र अपशिष्ट-नौकरी के अलावा छोटे-मोटे व्यवसायों में कार्ययत् कर्मचारियों द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट-

सारणी क्र. 0.5

क्र.	वर्ष	व्यवसायिक केन्द्रों की संख्या	व्यवसायिक केन्द्र के सदस्यों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लीटर में)
1.	2012-13	19	108544×52	5644288
2.	2013-14	18	75149×52	3907748
3.	2014-15	13	78951×52	4105452
4.	2015-16	13	82896×52	4310592
				17968080

5. भोजनालय केन्द्र एवं अन्य केन्द्रीयअपशिष्ट -शहर में विभिन्न प्रकार के भोजनालय एवं अन्य केन्द्रों से उत्पन्न अपशिष्ट -

सारणी क्रं 0.6

क्र.	वर्ष	भोजनालयों की संख्या	भोजनालय केन्द्र कर्मचारियों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लीटर में)
1.	2012-13	4855	4067×52	211484
2.	2013-14	5142	5081×52	264212
3.	2014-15	5466	5703×52	296556
4.	2015-16	5686	6311×52	328172
				1100424

सारणी क्र. 0.7

क्र.	वर्ष	अन्य केन्द्रों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या	अपशिष्ट की मात्रा (लीटर में)
1.	2012-13	90054	44671×52	2322892
2.	2013-14	97200	47303×52	2459756
3.	2014-15	101682	53709×52	2792868
4.	2015-16	104135	59906×52	3115112
				10690628

6. प्राकृति घटनाओं से उत्पन्न अपशिष्ट -प्राकृति घटनाओं जैसे वर्षा, आंधी, तुफान से उत्पन्न अपशिष्टप्राकृतिक अपशिष्ट कहलाता है। प्राकृतिक घटनाओं से उत्पन्न अपशिष्ट का समंक रूप में आंकलन नही किया गया है। प्राकृतिक घटनाओं से उत्पन्न अपशिष्ट के अलावा अन्य प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट का समंक रूप में विवरण निम्न सारणी द्वारा दिया गया है।

सारणी क्र. 0.8

क्र.	सारणी क्र.	अपशिष्टके प्रकार	अपशिष्ट (लीटर में)
1.	0.1	घरेलू मल-जल	6450
2.	0.2	औद्योगिक अपशिष्ट	742768
3.	0.3	शैक्षिण अपशिष्ट	111007624
4.	0.4	स्वास्थ्य अपशिष्ट	1088464
5.	0.5	व्यवसायिक अपशिष्ट	17968080
6.	0.6	भोजनालय अपशिष्ट	1100424
7.	0.7	अन्य केन्द्रीय अपशिष्ट	10690628
		कुल अपशिष्ट	**142604438**

उपरोक्त सारणी द्वारा ज्ञात किया गया कि औसतन प्रतिव्यक्ति 52

लीटर माप से एक दिन में मात्र ग्वालियर शहर में 142604438 ली. अपशिष्ट जल प्रवाहित किया जाता है।

शहरी आवास–शहरी आवास से तात्पर्य शहरों में निवास करने वालों का आवास। शहरी आवास आधुनिकता लिये हुये होते है। जिन्हें आधुनिक आवास कहा जा सकता है। शहरी आवास निर्माण में वे सभी प्रकार की वस्तुओं का समावेष होता है। जो प्राचीन आवासों से भिन्नता रखते है। जैसे कि सरिया, सीमेंट, रेत, गिट्टी, कॉच, एल्युमिनियम, रंगरोगंन के विभिन्न रासायनिक रंग, प्लास्टिक इत्यादि। इन वस्तुओं के द्वारा निमार्णित इमारतों से भी काफी अपशिष्ट उत्पन्न होता है। इनमें कुछ वस्तुएं उपयोगी होती है तो कुछ अनुपयोगी।अनुपयोगी वस्तुओं को कहीं भी फेक दिये जाने के कारण सीवेज का कारण बनती है।

अर्थव्यवस्था–अर्थव्यवस्था किसी क्षेत्रीय विकास में अहम् भुमिका अदा करती है। अर्थव्यवस्था में क्षेत्रीय विकास के सम्बन्ध प्रयुक्त वे समस्त क्रियाऐं सम्मिलित होती है। जो मुद्रा के द्वारा किसी लाभ प्राप्त करने, वस्तु उत्पादन एवं उपभोग में कार्य किया जाता है।

सीवेज का शहरी आवास एवं अर्थव्यवस्था से सम्बन्ध–सीवेज शहरी आवास एवं अर्थव्यवस्था से सीधे तौर से सम्बन्ध रखता है। सीवेज का आवास से उसी प्रकार से सम्बन्ध है जिस प्रकार से मानव जाति का आवास से होता है। आवास में मानव द्वारा की जाने वाली सभी क्रियाओं जैसे– नहाने, मल–मूत्र, भोजन पकाने व खाने से लेकर साफ–सफाई से होने वाले एकत्रित अपशिष्टसीवेज कहलाता हैं। सीवेज का निर्माण पृथ्वी पर जीव के उत्पन्न होने से ही होता आ रहा है फर्क बस इतना सा है कि तब जनसंख्या कम होने के कारण प्रकृति हर प्रकार के अपशिष्ट का अवशोषण कर लिया करती थी परन्तु विकास के दौर में वातावरण में गंदगी अधिक होती जा रही है। जिसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलता है। गंदगी अधिक होने से बीमारियों का बसेरा जल्दी होता है। जिस कारण स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। सीवेज का नाकारात्मक प्रभाव शहरों में अधिक होता है। शहरों में आवासों की संख्या अधिक होने से जनसंख्या भी अधिक होती है। जहाँ जन अधिक होते है वहाँ अपशिष्ट का निर्माण अधिक होता है। आवासों के निरन्तर निर्माण, व्यवसायों में वृद्धि भी सीवेज के लिए उत्तरदायी है।

सीवेज का मापदण्ड–एक सर्वे के द्वारा यह ज्ञात किया गया कि एक आवास में निवासी 5 सदस्यों की दैनिकचर्या के दौरान कितना अपशिष्ट एकत्रित होता है। जिसे एक तालिका द्वारा समझाया गया है।

तालिका क्र. 09: एक व्यक्ति द्वारा किया गया अपशिष्ट

क्र.	**दैनिककार्य**	**प्रयोग में लाया गया पानी की मात्रा** (लीटर में)	**अपशिष्ट प्रकार**	**अपशिष्ट** (लीटर में)
1.	भोजन पकाने में	5	ग्रेवाटर	2
2.	पीने योग्य पानी	5		
3.	पेड़–पौधों को पानी देना	20		
4.	बर्तन धोना	20	लॉन्ड्री/डिश	20
5.	कपड़े धोना	20		20
6.	घर की सफाई	20		20
7.	स्नान	20	ब्लैकवाटर	20
8.	शौचालय	50		50
		160		**132**

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है। कि प्रत्येक प्रतिदिन औसतन 132 लीटर अपशिष्ट पानी को वाहित करता है। इसी प्रकार से –

तालिका क्र. 10

क्र.	**क्षेत्र**	**जनसंख्या**	**अपशिष्ट प्रत्येक व्यक्ति**	**अपशिष्ट** (लीटर में)
1.	ग्वालियर	1102884	132	145580688
2.	मध्यप्रदेश	20079082	132	2650438824
3.	भारत	449945237	132	59392771284
4.	संसार	7632819325	132	1007532150900

जनसंख्या में शहरी व ग्रामीण दोनों है।

प्रतिदिन पुरे संसार में लगभग **1007532150900 लीटर** अपशिष्ट के रूप में पानी शहरी आवासों से वाहित होता है। जो एक बड़ी समस्या है। जिसका हम दुष्परिणाम देख रहे है। जल प्रदूषण एवं भूमि प्रदूषण में बढ़ोत्तरी हुई है।

1. सीवर–सीवेज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए पाइपलाईन द्वारा चेम्बरों से होते हुए ले जानी वाली एक बड़ी प्रणाली है। अपशिष्टों को सीवर द्वारा घरों से बहाकर बड़े जलाशयों में या शहरों से कहीं दूर स्थान पर छोड़ दिया जाता है। जिसका परिणाम जल प्रदुषण में वृद्धि है।जिस प्रकार आवास तक आवागमन के लिए सड़क निर्माण किया जाता है। वैसे ही सड़क के बीच में पाईपों एवं चेम्बर से जोड़कर आवास से आवास तक सीवर लाईन बिछाई जाती है।

2. सीवेज उपचार यंत्र–सीवर द्वारा वाहित अपशिष्टों को कहीं भी छोड़ देने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए तथा सीवेज में 90 प्रतिषत पानी को पुन– मानव उपयोग में लाने के लिए सीवेज उपचार यंत्र स्थापित किये जाते है है।

पूरे भारत में 522 एसटीपी कार्यान्वित है। 79 एसटीपी कार्यान्वित नहीं है। इसके अलावा 70 एसटीपी प्रस्तावित है।

ग्वालियर जिले में ललितपुरा में 1 नम्बर 2010 में 50थडउच्चाला एसटीपी स्थापित किया गया है। ग्वालियर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर नगर–निगम आयुक्त, विनोद शर्मा जी ने तत्काल पक्ष एवं विपक्ष पार्षदों के साथ सीवेज व्यवस्था के लिए सिटी सेनिटेषन प्लान की चर्चा की है। शहर में दो नये प्लांट एवं मुरार में स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर चर्चा की है। बेरठा में 90एम.एल.डी वाले एवं ट्रिपल आईटीएम के पास 60 एम.एल.डी क्षमता वाले प्लांट लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।

Source - Indiamart-industrial effluent wasterwater treatment plant, 500mq/hour,id:10941135730.



Source: https://www.researchgate.net/figure/Sewage-treatment-plant-and-position-of-our-sensor_fig1_330491936.

समस्या–शहरों में यदि देखा जाये तो प्रदूषण की मात्रा अधिक है। जल प्रदूषण, वायु प्रदूषणएवं भूमि प्रदूषण । जल प्रदूषण का एक कारण बड़ी–बड़ी नदियों में सीवेज का बहाव है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है दिल्ली के नाले और मथुरा की नर्मदा नदी। तथा कुछ स्थानों पर खाली स्थानों में सीवेज का खुला छोड़ देने से भूमि प्रदूषण का कारण है। शहरों के प्रत्येक आवास के 5 सदस्यों से लगभग 132x5= 660 लीटर सीवेज निर्मित होता है। इसी प्रकार शहरों में लाखों आवास है। जिनके द्वारा प्रतिदिन सीवेज उत्पन्न होता है। सीवेज की व्यवस्था के लिए जो सीवर लाईन बिछाई जाती है। उनके चौक होने के कारण सीवेज के रिसाव के काफी परेशानी होती है। शहर में लगभग 500 चम्बरों के खुले होने व चाँक होने से लोगों को काफी परेषानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग तो इन चम्बरों के वजह से घायल हो चुके हैं। जिसकी कोइ सुनवाई भी नहीं होती है। आये दिन अखबरो में सीवेज से होने वाली समस्या का उल्लेख दिया रहता है।

सुझाव– क्षेत्रीय शासन को सीवेज से जुड़ी सभी प्रणाली का व्यवस्थित ध्यान रखना चाहिए। समय–समय में चेम्बरों का निरीक्षण करते रहना चाहिए। सीवर लाईन बिछाने से पहले यह निर्णय ले लेना चाहिए कि सीवर के द्वारा वाहित सीवेज कहां एकत्रित किया जाना है। जिस क्षेत्रों में पानी की कमी है। वहाँ सीवर लाईन बिछाने की वजह घर के बाहर की स्वंय के चेम्बर बनवा दिये जाने चाहिए। तथा चेम्बर भर जाने के बाद नगर–निगम द्वारा खाली कराने का प्रावधान होना चाहिए जो कि नि:शुल्क होना चाहिए। जिससे प्रत्येक आवासीय मालिक इस प्रणाली को अपनायेगा।

द हिन्दु की एक रिपोर्ट के अनुसार तंबरम नगर–निगम ने एक बायो–मेथननेषन प्लांट लगाया है। जो पब्लिक शौचालय में सीवर से गैस बनाता है। इस नोवल प्रोजेक्ट को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है इसे नम्मा टॉयलेट का नाम दिया गया है। इससे 12 स्टोव जलाए जाते है। जिसका फायदा यहां रहने वाले सभी लोग उठा रहे है। इस प्रणाली का प्रयोग वाहन ईंधनों में भी किया जा सकता है। प्राकृति ईंधन का दोहन कम हो सकेगा। इसके साथ एलपीजी का एक अन्य विकल्प भी प्राप्त हो जायेगा। चूँकि एलपीजी में मीथेन गैस का समावेष होता है।

निष्कार्ष– शहरों में सीवेज उत्पत्ति एक समस्या है। जिसके निपटारन के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किये गये है। जिसके द्वारा अपशिष्ट पानी को पुन:प्रयोग में लाये जा सके तथा अन्य अपशिष्ट का भी प्रयोग मानव कल्याण में किया जा सके।

अत: यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है। कि शहरों में आवासों के निर्माण से सीवेज व्यवस्था में बढ़ोत्तरी के परिणामस्वरूप कर्मचारियों की मॉग से स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकरात्मक प्रभाव पड़ेगा। सीवेज के ट्रीटमेंट से अपशिष्ट पानी का पुन:प्रयोग किया जा सकेगा। कृषि के लिए भी लाभ लिया जा सकेगा। नम्मा टॉयलेट प्रणाली से एलपीजी का अन्य विकल्प प्राप्त हो सकेगा। जो अर्थव्यवस्था के लिए अनुकूल साबित होगा। इस प्रकार से यह ज्ञात किया जा सकता है। कि सीवेज का शहरी आवास एवं वहाँ की अर्थव्यवस्था से अनुकूल सम्बन्ध रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राम बिहारी सिंह, सामाजिक अनुसंधान वर्ष, 1989 पृष्ट सं 47
2. इंटरनेषनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड हाइजीन एनविस सेंटर, पर्यावरण एवं बन मंत्रालय, भारत सरकार।
3. डॉ. जे.सी.पन्त, अर्थशास्त्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स: आगरा 2008
4. ग्वालियर नगर–निगम, पत्रिका जुलाई 2014
5. www.worldometers.info
6. www.indiaonlinepages.com
7. भारतीय जनगणना, 2011, डीसीएचबी टाऊन रीलिसिंग 2300
8. Control of Urban pollution series cups/2015, Inventorization of sewage treatment plant
9. मोहित पारीक, आजतक.इन नई दिल्ली, 14 अगस्त 2018
10. दैनिक भास्कर, पत्रिका, और नईदुनिया अखबार, ग्वालियर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

बालकों के व्यक्तित्व विकास पर शैक्षिक उपलब्धि के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. विजया कुशवाह *

* विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, श्री साई प्रौद्योगिकी संस्थान, रतलाम (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध का उद्देश्य बालको की उपलब्धि के परपेक्ष्य में उनके व्यक्तित्व विकास का अध्ययन करना है। प्रस्तुत शोध कार्य हेतु सर्वेक्षण शोध विधि का प्रयोग किया गया है, तथा शून्य परिकल्पना को निर्मित किया गया है। व्यक्तित्व मापन के लिए साक्षात्कार, प्रश्नावली, रेटिंग स्केल तथा शैक्षिक उपलब्धि हेतु कक्षा नवीं के वार्षिक अंको को लिया गया है। शैक्षिक उपलब्धि के लिए चतुर्थांश गुणांक की गणना के आधार पर न्यादर्श को तीन समूहों उच्च, औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि समूह में विभक्त किया गया है। आंकड़ो का सांख्यिकी विश्लेषण में उच्च, औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि समूह की तुलना हेतु एक मार्गीय ANOVA तथा f-test तथा परस्पर समूह के बालको के व्यक्तित्व विकास का तुलनात्मक अध्ययन हेतु t–मान की गणना की गई है। किसके द्वारा प्राप्त निष्कर्ष इस प्रकार हैं– शैक्षिक उपलब्धि के आधार पर व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर पाया जाता है, उच्च शैक्षिक उपलब्धि वाले बालकों को व्यक्तित्व विकास का स्तर उच्च एवं औसत समूह की तुलना में निम्न है। व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध गुणांक की गणना कार्ल पियर्सन विधि द्वारा की गई तथा व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि सार्थक सकारात्मक संबंध पाया गया।

प्रस्तावना – व्यक्तित्व आधुनिक मनोविज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्रमुख विषय है। व्यक्तित्व के अध्ययन के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का मूल्याकंन भी किया जा सकता है।

प्रत्येक व्यक्ति में कुछ विशेष गुण या विशेषताएं होती है, जो दूसरे व्यक्ति में नहीं होती। इन्हीं गुणों एवं विशेषताओं के कारण ही प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होता है। व्यक्ति के इन गुणों का समुच्चय ही व्यक्ति का व्यक्तित्व कहलाता है। व्यक्तित्व का एक स्थिर अवस्था न होकर एक गत्यात्मक समष्टि है। जिस पर परिवेश का प्रभाव पड़ता है और इसी कारण से उसमें बदलाव आ सकता है। व्यक्ति के आचार–विचार, व्यवहार, क्रियाएं और गतिविधियों में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। व्यक्ति का समस्त व्यवहार उसके वातावरण या परिवेश में समायोजन करने के लिए होता है।

जनसाधारण में व्यक्तित्व का अर्थ व्यक्ति के बाह्य रूप में लिया जाता है, परन्तु मनोविज्ञान में व्यक्तित्व का अर्थ व्यक्ति के रूप गुणों की समष्ठि से है, अर्थात् व्यक्ति के बाह्य आवरण के गुण और आन्तरिक तत्व, दोनों को माना जाता है। व्यक्तित्व के विकास में वंशानुक्रमगत एवं वातावरणगत सभी घटकों का प्रभाव पड़ता है। व्यक्तित्व किसी व्यक्ति का व्यवहार है। व्यक्तित्व एक कलाकृति के समान होना चाहिए। जिस प्रकार एक कलाकृति में किसी भी प्रकार की कमी होने से वह पूर्ण नहीं मानी जाती उसी प्रकार व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी अपेक्षित है।

शैक्षिक उपलब्धि या अकादमिक प्रदर्शन वह सीमा है, जिस तक एक छात्र, शिक्षक या संस्थान ने अपने छोटे या दीर्घकालीन शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया है। माध्यमिक विद्यालय के डिप्लोमा और स्नातक की डिग्री जैसे शैक्षिक बेंचमार्क को पूरा करना शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है।

अकादमिक उपलब्धि को आमतौर पर परीक्षाओं या निरंतर मूल्यांकन के माध्यम से मापा जाता है, लेकिन इस पर कोई सामान्य सहमति नहीं है कि इसका सबसे अच्छा मूल्याकंन कैसे किया जाता है, या कौन से पहलू सबसे महत्वपूर्ण हैं– प्रक्रियात्मक ज्ञान जैसे कौशल या घोषणात्मक ज्ञान जैसे तथ्य। इसके अलावा, अनिर्णायक परिणाम हैं, जिन पर व्यक्तिगत कारक सफलतापूर्वक अकादमिक प्रदर्शन की भविष्यवाणी करते हैं, स्कूल की उपलब्धि के मॉडल विकसित करते समय परीक्षण चिंता, पर्यावरण, प्रेरणा और भावनाओं जैसे तत्वों पर विचार करने की आवश्यकता होती है। अब स्कूल अपने छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर धन प्राप्त कर रहे हैं। अधिक शैक्षणिक उपलब्धियों वाले स्कूल को कम उपलब्धियों वाले स्कूल की तुलना में अधिक धन प्राप्त होगा।

उद्देश्य– प्रस्तुत शोध कार्य हेतु नि.लि. उद्देश्य निर्धारित किये गये है:

1. शैक्षिक उपलब्धि के आधार पर बालको के व्यक्तित्व विकास का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. शैक्षिक उपलब्धि के स्तरो का व्यक्तित्व विकास के साथ सहसंबंध का अध्ययन करना।

परिकल्पनायें – प्रस्तुत शोध की परिकल्पनाये इस प्रकार है:

1. उच्च, औसत एवं निम्न, शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही हैं।
2. उच्च शैक्षिक उपलब्धि एवं औसत शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है।
3. उच्च शैक्षिक उपलब्धि एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर नही है।
4. औसत शैक्षिक उपलब्धि एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है।

5. शैक्षिक उपलब्धि का व्यक्तित्व विकास पर सार्थक प्रभाव नही होता।

सीमाकंन:

- प्रस्तुत शोध कार्य मध्यप्रदेश राज्य के रतलाम जिले में सम्पन्न किया गया है।
- इसमें कक्षा नवीं के हिन्दी माध्यम के बालको को सम्मिलित किया गया है।

शोध विधि– प्रस्तुत शोध में विवरणात्मक सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है।

न्यादर्श– प्रस्तुत शोध हेतु कक्षा नवीं के हिन्दी माध्यम में अध्ययनरत बालक–बालिका है, कुल 60 बालक 60 बालिकाओं का चयन यादृच्छिक चयन विधि द्वारा किया गया है।

चर– प्रस्तुत शोध में बालको का व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि के प्रभाव का अध्ययन करना है। इसमें व्यक्तित्व विकास आक्षित चर है तथा शैक्षिक उपलब्धि स्वतंत्र चर है।

उपकरण– दो चरो के मापन हेतु प्रयुक्त उपकरणो के अंतर्गत शैक्षिक उपलब्धि मापन हेतु कक्षा नवीं के वार्षिक अंको को सम्मिलित किया गया है, तथा व्यक्तित्व विकास के मापन हेतु प्रश्नावली तथा रेटिंग स्केल का प्रयोग किया गया है।

समूहो का निर्माण– प्रस्तुत शोध में स्वतंत्र चर के आधार पर समूहो का निर्माण किया गया। सम्पूर्ण न्यादर्श को तीन समूहों में उच्च, औसत और निम्न शैक्षिक उपलब्धि समूह में विभक्त करने के लिए चतुर्थाशं गुणांक की गणना की गई। चतुर्थाशं गुणांक (Q25) के अंतर्गत आने वाले बालको को निम्न शैक्षिक उपलब्धि Q25 से Q75 तक आने वाले बालको को औसत एवं Q75 के उपर आने वाले बालको को उच्च शैक्षिक उपलब्धि समूह में रखा गया है।

आंकड़ो का सांख्यिकीय विश्लेषण– प्रस्तुत शोध में परिकल्पनाओं का परीक्षण साख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर किया गया है, जो इस प्रकार है–

परिकल्पना– 1: उच्च, औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है।

तालिका 1: मान F– तालिका

प्रसरण स्त्रोत	वर्गो का योग	df	मध्यामान वर्ग	F–मान	सार्थकता स्तर
Between group	159362.15	2	79681.08	17.48	0.01
Within group	533127–81	117	4556–55		

गणना द्वारा प्राप्त F–मान 17.48 है जो 0.01 सार्थकता स्तर पर प्राप्त मान (4.78) से अधिक है, अत: शुन्य परिकल्पना 1 निरस्त की गयी।

अत: उच्च, औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर है।

परिकल्पना–2– उच्च शैक्षिक उपलब्धि एवं औसत शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है–

तालिका–2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तलिका–2 के अनुसार T– मान 5.88 है, जो 0.1 सार्थकता स्तर पर 58 स्वतंत्रता अंश के लिए तालिका मान (t–2.66) से अधिक है। अत: शुन्य परिकल्पना निरस्त की जाती है।

परिकल्पना–3 उच्च शैक्षिक उपलब्धि एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है।

तालिका–3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 में प्रदर्शित T–मान =2.31, जो 88 स्वतंत्रता अंश के लिए 0.01 सार्थकता स्तर पर तालिका मान (t=2.63) से कम है। अत: शुन्य परिकल्पना स्वीकृत की जावेगी।

परिकल्पना –4 औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नही है।

तालिका – 4 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 4 के अनुसार T– मान 4.40 है, जो स्वतंत्रता अंश 88 के लिए 0.01 सार्थकता स्तर पर तालिका मान (t=2.633) से अधिक है, अत: शुन्य परिकल्पना–4 निरस्त की जाती है।

परिकल्पना–5 व्यक्तित्व विकास पर शैक्षिक उपलब्धि का सार्थक प्रभाव नही होता है।

तालिका–5 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तलिका–5 में प्रदर्शित सहसंबंध गुणांक r=0.98 का मान 0.01 सार्थकता स्तर पर तालिका मान (r=0–148) से अधिक है, अत: व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध पाया जाता है, शून्य परिकल्पना 5 निरस्त की जाती है।

परिणाम:

1. उच्च, औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर होता है।
2. उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नहीं होता हैं।
3. औसत एवं उच्च शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नहीं होता हैं।
4. औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालको के व्यक्तित्व विकास में सार्थक अंतर नहीं होता हैं।
5. व्यक्तित्व विकास पर शैक्षिक उपलब्धि का सार्थक प्रभाव होता है।

निष्कर्ष– प्रस्तुत शोध कार्य से प्राप्त परिणाम के अनुसार यह निष्कर्ष निकला हैं कि व्यक्तित्व विकास पर शैक्षिक उपलब्धि के स्तर का गहन रूप से संबंध है। उच्च शैक्षिक उपलब्धि वाले बालकों में व्यक्तित्व विकास औसत एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालकों की तुलना में उच्च पाया जाता है। इसी प्रकार औसत शैक्षिक उपलब्धि वाले बालकों का व्यक्तित्व विकास का स्तर निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले बालकों की तुलना में उच्च पाया जाता है इससे स्पष्ट होता है कि शैक्षिक उपलब्धि व्यक्तित्व विकास में परस्पर संबंध है, तथा शैक्षिक उपलब्धि एवं व्यक्तित्व विकास के मध्य संबंध सार्थक एवं धनात्मक है, यह दर्शाता हैं कि व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि एक दूसरे पर आश्रित है।

शैक्षिक निहितार्थ– प्रस्तुत शोध का शैक्षिक निहितार्थ है कि शैक्षिक उपलब्धि और व्यक्तित्व विकास के मध्य परस्पर निर्भरता है, अत: विद्यार्थियों में शैक्षिक उपलब्धि जरूरी है उनका व्यक्तित्व विकास उनके शिक्षा के स्तर पर भी निर्भर करता है। शोध में यह पाया गया कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास शिक्षा के द्वारा ही किया जा सकता है।

अत: शोध निष्कर्ष का अनुसरण करते हुए प्रत्येक बालक के व्यक्तित्व

विकास के लिए उसको अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए तभी उसका व्यक्तित्व विकास संभव हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

तालिका-2: व्यक्तित्व विकास की तुलना हेतु T-मान तालिका

समूह	N=60	DF	मानक विचलन(SD)	मध्यमान(Mean)	SE DM	सार्थकता स्तर
उच्च शैक्षिक उपलब्धि समूह	30	58	67.16	176.03	5.83	0.01
औसत शैक्षिक उपलब्धि समूह	30		65.94	75.27		

तालिका-3 व्यक्तित्व विकास की तुलना हेतु **T-** मान तालिका

समूह	N=60	मध्यमान(Mean)	मानक विचलन(SD)	SE DM	DF	T-Value	सार्थकता स्तर
उच्च शैक्षिक उपलब्धि	30	176.03	67.16	15.11	88	2.31	0.01 पर t=2.63
निम्न शैक्षिक उपलब्धि	60	140.98	68.42				तालिका मूल्य

तालिका - 4 व्यक्तित्व विकास की तुलना हेतु **T-**मान तालिका

समूह	N	मध्यमान(Mean)	मानक विचलन(SD)	SE DM	DF	T-Value	सार्थकता स्तर
औसत शैक्षिक उपलब्धि	90	140.98	68.42	14.932	88	4.40	0.01 पर t=2.63
निम्न शैक्षिक उपलब्धि	30	75.27	65.99				

तालिका-5 व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य r-मान हेतु तालिका

चर	N	सहसंबंध गुणांक की मानक (Ser)	सहसंबंध गुणांक	सहसंबंध सार्थकता स्तर	निष्कर्ष
शैक्षिक उपलब्धि	120	0.498	r=0.098	0.01 पर	सार्थक
व्यक्तित्व विकास	120	0.148			

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

सेलफोन की लत : एक समीक्षा

डॉ. राघवेन्द्र सिंह सिकरवार *

* सहायक प्राध्यापक, संत योगी मान सिंह शिक्षा महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में विश्व सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक समस्याओं से होने वाले संघर्षो के अतिरिक्त एक नई विश्वव्यापी महामारी कोविड से जूझ रहा है। कोविड ने हमें कैदियों की तरह घर में कैद (रहने को मजबूर) कर दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप सेल फोन (इन्टरनेट एवं सोशल नेटवर्किंग साइट) का उपयोग व्यस्क एवं रोजगार युक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त अध्ययनरत छात्र छात्राओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। इस सूचना संचार तकनीक के युग में हम भारतीय भी सेल फोन के प्रति ऐसी ही जुनूनता प्रदर्शित कर रहे हैं। सेल फोन पर इन्टरनेट एवं सोशल मीडिया साइट्स के बढ़ते प्रयोग से अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? यह जानने के लिए शोध समीक्षा की गयी है।

शब्द कुंजी – व्यसन, निर्भरता, सेल फोन, युवा ,समस्यात्मक उपयोग।

प्रस्तावना – सेल फोन को अनेकों नाम से जाना जाता है जैसे–सेल फोन, सेल्यूलर फोन, वायरलेस फोन, सेल्यूलर टेलीकाम, हैंड फोन। सेल फोन एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग आवाज/डेटा को एक स्थान से दूसरे स्थान तक एक लम्बी दूरी में भेजने हेतु विशेष बेस स्टेशनों के एक नेटवर्क के माध्यम का उपयोग किया जाता है।

सेल फोन वर्तमान समय में 21 वी सदी का आईकान बन गया है। सेल फोन एक ऑन द गो टॉकिंग डिवाइस है, जिसमें इन्टरनेट, वार्तालाप, एस.एम.एस, एम.एम.एस, ईमेल, वीडियो रिकॉर्डिंग, कैमरे, एफएम, जी.पी.एस., एमपी–3, सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग, ब्लूटुथ, इन्फ्रारेड, जैसी सुविधाओं के साथ मोबाइल एक मिनी बैंक/वॉलिट की तरह भी कार्य करता है। सेल फोन के आविष्कारक के रूप में मार्टिन कूपर को जाना जाता है। वर्तमान समय में सेल फोन डेस्कटॉप और लैपटाप का स्थान लेता जा रहा है, अंतर केवल आकार में होता है। कार्य दक्षता में कोई विशेष अंतर नहीं है। अंतर है तो स्टोरेज, स्कैनिंग क्षमता का, जो कि सेल फोन में भी निरंतर परिष्कृत होती जा रही है और स्कैनिंग का स्थान स्क्रीन शॉट ने ले लिया है। स्टोरेज क्षमता भी नए सेल फोनों में बढ़ कर आ रही है।

सेल फोन से सम्बन्धित आँकडो का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि वर्ष 2022 में विश्व में सेल फोन उपयोगकर्ता 7.26 बिलियन तक पहुँच चुके हैं अर्थात जो कि विश्व की कुल आबादी का 83.72 प्रतिशत लोग सेल फोन का उपयोग कर रहे हैं। जबकि गौर करने योग्य यह तथ्य है कि वर्ष 2016 में विश्व में सेल फोन उपयोगकर्ता लगभग 3.66 बिलयन थे जो कि विश्व की कुल आबादी का 49.40 प्रतिशत थे। यदि वर्ष 2022 में देखें तो हम पाते हैं कि स्मार्ट फोन और फीचर फोन दोनों को मिलाकर सम्पूर्ण विश्व में उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 7.26 बिलयन, जो कि विश्व की कुल आबादी का 91.54 प्रतिशत है सेल फोन उपयोगकर्ता हैं (यहाँ फीचर फोन से तात्पर्य ऐसे फोन से हैं जिनमें एप्स और काम्प्लेक्स ओएस सिस्टम का अभाव है)।

भारत में सेल फोन उपयोगकर्ताओं पर दृष्टि डालें तो हम देखते हैं कि 30 अप्रैल 2022 तक भारत में वायरलेस फोन (सेल फोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या 1142.66 मिलियन तथा वायरलाइन (लैंडलाइन) उपभोक्ताओं की संख्या 25.16 मिलियन एवं वायरलेस और वायरलाइन उपभोक्ताओ की कुल संख्या 1167.82 मिलियन है। भारत के शहरी क्षेत्र में वायरलेस फोन उपभोक्ताओ की संख्या 623.78 मिलियन तथा वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या 23.22 मिलियन अर्थात वायलेस और वायरलाइन उपभोक्ताओं की कुल संख्या 646.99 मिलियन है। ग्रामीण क्षेत्र में वायरलेस फोन उपभोक्ता 518.88 मिलियन तथा वायरलाइन उपभोक्ता 1.94 मिलियन अर्थात वायरलेस और वायरलाइन फोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या 520.82 मिलियम है। भारत में 30 अप्रैल 2022 की स्थिति में यदि ब्राडबैंड उपभोक्ताओं पर दृष्टि डालें तो हम पाते हैं कि वायरलेस के माध्यम से ब्राडबैंड उपभोक्ता 760.94 मिलियन तथा वायर लाइन के माधयम से ब्राडबैंड उपभोक्ता 27.83 अर्थात कुल ब्राडबैंड उपभोक्ताओ की संख्या 788.77 मिलियन है (1)।

सेल फोन उपभोक्ताओं मे 2021 की रैंकिंग के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से यू.एस.ए. के लगभग 82.2 प्रतिशत लोग सेल फोन का उपयोग करते हैं। यदि सर्वाधिक सेल फोन उपभोक्ताओं के देशों पर दृष्टि डालें तो हम पाते है कि चीन 953.55 मिलियन सेल फोन उपभोक्ताओं के साथ प्रथम स्थान पर है, जबकि 492.78 मिलियन सेल फोन उपयोगकर्ताओं के साथ भारत दूसरे स्थान पर है।

बाजार और उपभोक्ता डाटा के एक अग्रणी प्रदाता स्टैटिस्टा के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है कि वर्ष 2026 में भारत में सेल फोन धारकों की संख्या 100 करोड के पार हो जाएगी और भारत में हर 10 में से 7 व्यक्तियों के पास सेल फोन होगा।

सेल फोन के हानिकारक प्रभाव–वर्तमान में जिस गति से सेल फोन उपभोक्ता बढ़ रहे हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि विश्व की अधिकांश

जनसंख्या निकट भविष्य में सेल फोन का उपयोग करने लगेगी। एक ओर जहाँ सेल फोन से अत्यधिक सुविधाओं की अनुभूति होती है तो वहीं सेल फोन के अत्यधिक प्रयोग से दुष्परिणाम भी दृष्टिगोचर होने लगे हैं। सेल फोन के परिचालन हेतु विद्युत चुम्बकीय तरंगों का प्रयोग होता है। जिसके कारण न केवल मानव स्वास्थ पर बल्कि वातावरण पर भी इससे प्रतिकूल प्रभाव पडता है। सेल फोन और इसके टॉवरों से होने वाले दुष्परिणामों पर भी अनुसंधान कार्य किया जा रहा है। हाँलाकि इनकी संख्या कम है। कुछ नये अनुसंधानों से यह जानकारी मिली है कि सेल फोन के प्रयोग और मस्तिष्क तथा लार ग्रंथि के मधय सम्बन्ध पाया गया है। लेनार्त और हार्देल के 2009 की रिसर्च के अनुसार जो व्यक्ति सेल फोन का उपयोग निरंतर 10 वर्ष तक करेगा उसे ट्यूमर होने का खतरा दोगुना हो जाएगा। अमेरिका की संघीय संचार आयोग के अनुसार सेल फोन से होने वाले विकिरण के प्रभाव को कम करने के लिए हमें सेल फोन को 20 सेमी दूर रखना चाहिए। सेल फोन से हमारे स्वास्थ पर पडने वाले हानिकारक प्रभाव निम्न हैं–

1. तनाव– सेल फोन के उपयोग से नकारात्मक प्रभाव हावी होने लगते है। बार–बार फोन की घंटी बजना, एस.एम.एस., वाटसअप एलर्ट या अन्य एलर्ट आने से फोन के उपयोगकर्ता के साथ उसके नजदीक उपस्थित लोगों में तनाव उत्पन्न होता है जो नकारात्मक भावनाओं को विकसित करता है।

2. इसी प्रकार जब दो व्यक्ति बात कर रहे हैं और फोन आने पर एक फोन पर बातें करने लगता है तो दूसरे व्यक्ति में नकारात्मकता उत्पन्न होने लगती है जिससे उनके रिश्तों के मध्य भी तनाव पैदा हो सकता है।

3. अत्यधिक समय या रात में देर तक सेल फोन का उपयोग करने से भी नींद न आने से अवसाद व तनाव पैदा होता है।

4. हम सभी सामान्यत: दिन में कई कई बार सेल फोन का प्रयोग करते हैं और सेल फोन को घर या कार्यालय में टेबल पर कहीं भी रख देते है। इसी प्रकार कई बार हम घर या कार्यालय में भी कार्य कर रहे हैं और किसी का भी फोन/संदेश आ जाए तो उन्हीं हाथों से सेल फोन पर बात या वाटसएप या एस.एम.एस आदि करने लगते है यहाँ तक कि भोजन बनाते/खाते समय भी सेल फोन का उपयोग बंद नहीं करते। आजकल तो हम लोग शौचालय जाने पर भी सेल फोन साथ ले जाते हैं और उसका उपयोग करते है विशेषत: युवा वर्ग। अत: हम दिन में सामान्य रूप से अनगिनत चीजों को छूते हैं और साथ ही साथ सेल फोन को भी हाथ लगाते हैं जिसके कारण सेल फोन पर अनगिनत तलीय पदार्थ/कीटाणु/रोगाणु लग जाते है और हमारे द्वारा सेल फोन उपयोग करने से ये हमें व अन्य को प्रभावित करते हैं जिससे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली/रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और हमारे बीमार होने की संभावना अधिक हो जाती है।

5. सेल फोन के निर्माण में कई हानिकारक पदार्थों जिनमें कैडमियम, लीथियम, ताँबा, सीसा, जस्ता, तथा पारा आदि शामिल हैं का उपयोग किया जाता है। सेल फोनों की डंपिंग और खराब होने पर इन पदार्थों के मिट्टी के अन्दर मिलने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता को हानि पहुंचती है तथा ये भूमि जल को भी हानिकारक बना देते हैं। सेल फोनों का उत्पादन जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। हॉलांकि सेल फोनों की रीसाइक्लिंग करने से हम इन प्रभावों को थोडा कम अवश्य कर सकते है।

6. सेल फोन के अत्यधिक उपयोग से सिरदर्द, अनिद्रा, अत्याधिक समय तक लगातार बातें करने से कान में सुन्नपन, गर्दन एवं पीठदर्द की समस्याएं भी उत्पन्न होने लगती हैं। सेल फोन की स्क्रीन कम्प्यूटर स्क्रीन से काफी छोटी होने के कारण हमारी आखों पर अधिक तनाव पड़ता है जिससे नेत्र संबंधी रोग होने की संभावना बढ़ जाती है।

7. कुछ अनुसंधानों में प्रारंभिक स्तर पर ऐसा ज्ञात हुआ है कि गर्भवती महिलाओं द्वारा सेल फोन का अत्याधिक उपयोग किए जाने से होने वाले बच्चे में व्यवहारगत परिवर्तन मे प्रतिकूल प्रभाव परिलक्षित होते है।

8. सेल फोन के उपयोग से मानव मस्तिष्क के तापमान में भी उतार चढ़ाव होता है।

9. वर्तमान में वाहन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक वाहन चलाते समय/सड़क पर चलते समय सेल फोन का उपयोग करना भी है।

10. सेल फोन के टॉवर से स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव के विषय में विश्वभर में चर्चा होना आम बात है। हॉलाकि वैज्ञानिक रूप से अभी इस सम्बन्धा में कोई पुष्टि नहीं हुई है। कुछ रिपोर्टस के अनुसार सेल फोन टॉवर से होने वाले विकरण से हमारी कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि, रोग प्रतिरोधाक क्षमता का कम होना, मस्तिष्क में ट्यूमर, बच्चों में कैंसर और गर्भपात सम्बन्धी अनेक समस्याओं का जिक्र अवश्यक किया गया है।

सेल फोन एक व्यसन के रूप में अध्ययन करने पर पाया गया कि इससे संबधित जितने भी शोध कार्य हुए है उनमें विविध भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता के विश्लेषण का अभाव पाया गया है। अधिकांश शोध कार्यो मे उम्र और लिंग के आधार पर या शैक्षिणिक और आर्थिक स्थिति को दृष्टि मे रखते हुए शोध कार्य सम्पन्न किए गए हैं।

किशारों मे सेल फोन का व्यसन इतना बढ़ गया है कि कुछ किशोर अपने सेल फोन को रात में भी बंद नहीं करते (11)। विशेष रुप से 11 से 14 वर्ष की आयु के 27 प्रतिशत युवा स्वीकार करते हैं कि वे अपने सेल फोन को कभी बंद नहीं करते। यह एक ऐसा व्यवहार है जो उम्र के साथ बढ़ता हुआ पाया गया है जैसे 13–14 साल के हर तीन में से एक युवा कभी भी अपने सेल फोन/डिवाइस को बंद नहीं करते (12)।

किसी को स्वयं का सेल फोन प्राप्त करने की उम्र भी बहुत प्रासंगिक है कम उम्र में सेल फोन का स्वामित्व मिलना भविष्य में उसके समस्याग्रस्त होने की संभावना को प्रबल कर देता है। सहिन एट अल (13) ने पाया कि सेल फोन का समस्याग्रस्त उपयोग के सबसे बड़े संकेतक तब मिलते है जब किसी को पहला सेल फोन 13 वर्ष से कम आयु की उम्र में प्राप्त हो जाता है। अधिकांश अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि पुरुषों की तुलना में सेल फोन निर्भरता/लत का स्तर महिलाओं में उच्च है (14,15,16,17)। महिलाएं सेल फोन का उपयोग सामान्य तौर पर सामाजिक (18) पारस्परिक संबंधों के निर्माण और उनके रखरखाव और अप्रत्यक्ष संचार हेतु करती हैं और त्वरित संदेश भेजना उनके सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोग हैं (18,19)। पुरुष सेल फोन का उपयोग एक साथ संदेश, वॉयस वार्तालाप (20,21) और गेमिंग एप्लिकेशन (22,23) के लिए करते हैं और पुरुष जोखिम भरी परिस्थितियों में महिलाओं की तुलना में अधिक सेल फोन का उपयोग करने हेतु प्रवृत्त पाए गए हैं (20)।

महिलाओं के लिए सेल फोन सामाजिक सम्पर्क का एक साधन है जिसमें संदेश और सामाजिक नेटवर्क प्रासंगिक भूमिका निभाते हैं, जबकि पुरुषों के लिए अधिक विविध प्रकार का उपयोग देखा गया है जो इंटरनेट के उपयोग से अलग भी होता है तथा पुरुषों में समस्यात्मक व्यवहार अधिक दिखाई देता है (25)।

शैक्षिक और आर्थिक स्तर के अनुकूल सेल फोन की लत के सम्बन्ध

में कोई विशेष साक्ष्य उपलब्ध नहीं है इसके बाबजूद मजाहेरी और नजरकोले (26) ने पाया कि उच्च सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर वाले परिवारों के छात्रों में सेल फोन निर्भरता का स्तर उच्च पाया गया हॉलाकि ये बच्चे अलगाव व अकेलेपन से सम्बन्धित थे। इसी प्रकार तबाकोलिजाडेह एट एल (27) ने शिक्षा के स्तर और समस्याग्रस्त उपयोग के मध्य सीधा सम्बन्ध पाया जिसके लिये उन्होंने घर से दूर बिताये समय और अध्ययन की बढी हुई अवधि के कारण अलगाव को जिम्मेदार पाया। लोपेज फर्नांडीज एट अल ने पाया कि पिता या माता का शिक्षा का स्तर जितना उच्च होता है सेल फोन के उपयोग में उतनी ही कम समस्या पाई गयी।

भौगोलिक और सांस्कृतिक अंतर भी समस्याग्रस्त सेल फोन के उपयोग के सम्बन्ध में अहमियत रखता है। जैसे कोरिया जैसे पूर्वी एशियाई देशों में सेल फोन निर्भरता अत्यधिक पाई गई। शिन (29) ने यूएएस और कोरिया के छात्रों की इंटरनेट निर्भरता में पाया कि कोरियाई छात्रों की निर्भरता अमेरिकियों की तुलना में लगभग दो गुनी थी। सेल फोनों के व्यसन संबधी व्यवहार के अध्ययन का उद्देश्य उन चर या व्यक्तित्व संबधी लक्षणों से है जो समस्याग्रस्त व्यसनी व्यवहार के साथ सहसम्बन्धित है। विशेष रूप से इसमें पाँच आयामों जिनमें व्यक्तित्व के साथ आत्मसम्मान, आत्म अवधारणा, आत्म पहचान और आवेग के बारे में जानकारी एकत्रित की जाती है अर्थात एफएफएम व्यक्तित्व के पाँच आयाम (अपव्यय, अनुभव या परिवर्तन के लिए खुलापन, कर्तव्यनिष्ठा, सहमतता और विक्षिप्तता या भावनात्मक अस्थिरता) स्थापित करता है। जिन्हें बिग फाइव पर्सनलटी ट्रेट्स (एफएफएम) के रूप में भी जाना जाता है। टेरासियानियों व अन्य (30) ने सेल फोन उपयोग की लत एवं मादक द्व्यों की तल दोनों पर शोध कार्य किया। लकाओ एम (31) एवं कोस्टरो पीटी व मैकक्रे आरआर (32) ने भी इन फाइव पर्सनलटी ट्रेट्स को लेकर शोध कार्य किया तथा पाया कि महिलाओं में बहिर्मुखी और अप्रिय भावनात्मक अवस्थाओं से बचने की प्रवृत्ति, आत्म सम्मान और सामाजिक स्वीकृति की आवश्यकता के लिए सेल फोन व्यसनी प्रवृति पायी गई। कुस और ग्रिफिथ (33) ने पाया कि बहिर्मुखी संपर्क बनाने और सामाजिक संपर्क संबंध स्थापित करने हेतु नेटवर्क का अधिक उपयोग करते हैं। जबकि अन्तर्मुखी लोगों में यह उनकी कठिनाईयों की भरपाई के लिए उपयोग किया जाता है। गीओटा और केलेफ्टारस ने देखा कि सामाजिक नेटवर्क का समस्याग्रस्त उपयोग विक्षिप्तता और सहमतता के साथ साथ विशेष रूप से महिलाओ में अवसाद से संबधित है।

पार्क एल एट (34) ने पाया कि दूसरों की नकल, कम आत्म सम्मान, और सामाजिक चिंता ने सेल फोन के दुरुपयोग में योगदान दिया है। हालांकि इसमें यह आवश्यक नहीं कि इसमें आवाज की बातचीत हो या संदेशो का ही आदान प्रदान हो। सेल फोन के दुरुपयोग से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं के संबंध में अनुसंधानों में पाया गया कि नीद में हस्तक्षेप शराब और तंबाकू जैसे पदार्थो के उपयोग के साथ इसके सह अस्तित्व पर केन्द्रित है विशेष रूप से चिंता, तनाव व अवसाद के साथ।

किशोरावस्था में नींद में व्यवधान की समस्या अनिवार्य रुप से देखी गई है, जहाँ सेलफोन का दुरुपयोग स्वास्थ गतिविधियों और आदतों में हस्तक्षेप कर सकता है। विशेष रूप से नींद के समय गुणवत्ता को प्रभावित करता है। विशेष रूप से साहिन एट अल (13) ने देखा कि छात्रों के उच्च अँको में गिरावट सेल फोन के समस्याग्रस्त उपयोग के कारण है जिससे उनकी नींद की गुणवत्ता में गिरावट पाई गई इस हेतु इन्होंने पिटसवर्ग स्लीप क्वालिटी स्केल का उपयोग किया। इसी प्रकार जेनारो एट अल (14) ने पाया कि छात्र द्वारा सेल फोन का समस्याग्रस्त उपयोग उनकी चिंता और नींद से जुड़ा है। थोमी एट अल (37,38) ने कॉल और संदेशों की संख्या और नींद की कठिनाइयों के साथ साथ रात के समय सेल फोन के उपयोग करने की प्रवृत्ति के बीच सहसम्बन्ध पाया। इसी प्रकार चोजिल एम व अन्य (11) ने व्यक्तिगत तनाव को सेल फोन के दुरुपयोग से सम्बद्ध माना क्योंकि यह सतर्कता की प्रवृत्ति बनाए रखता है और नींद में व्यवधान उत्पन्न करता है।

मानसिक स्वास्थ्य और समस्यागत सेल फोन के उपयोग के बीच एक विपरीत संबंध स्पष्ट है। विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक स्थिरता के निम्न स्तर वाले छात्र सेल फोन के लिए व्यसनी प्रवृति विकसित करने के लिए अधिक संवेनशील पाए जाते है। ऐसे छात्र सामाजिक संपर्क के माध्यम से तनाव और डिस्फोरिया में कमी करने का प्रयास करते हैं। हॉलाकि स्वस्थ्य मानसिक स्वास्थ वाले छात्रों को व्यसन की अभिव्यक्तियों के अस्तित्व को विशिष्ट आवश्यकताओं के संबंध से बाहर नहीं रखा गया है (40)। इसके विपरीत हूपर और झोड (41) ने पाया कि व्यसनी व्हवहार वाले छात्रों में तनाव समस्याग्रस्त सेल फोन के उपयोग से उत्पन्न समस्याओं का परिणाम भी हो सकता है। यंग और रोजर्स (42) का अध्ययन दर्शाता है कि अवसादग्रस्तता के लक्षण शराब और नशीली दवाओं की लत की कई अभिव्यक्तियों से जुड़े हुए हैं।

निष्कर्ष – सेल फोनों के उपयोग से सम्बन्धित किए गए शोध अध्ययनों से स्पष्ट है कि सेलफोनों के समस्यात्मक उपयोग/लत सम्बन्धी समस्याऐं नित्यप्रति बढती जावेंगी क्योंकि कोविड के कारण ऑनलाइन कक्षाओं का चलन बढ गया है और हमारे विद्यार्थी इन कक्षाओं में शामिल होने हेतु सेल फोन का उपयोग कर रहे हैं क्योकि हर घर में कम्प्यूटर, लैपटॉप उपलब्ध नहीं है। यदि है भी तो एक घर में एक से अधिक विद्यार्थी होने पर उन्हें सेल फोन का ही उपयोग करना होगा। हमारे विद्यार्थी/युवा पीढी को सेल फोन की लत से बचाने हेतु विद्यार्थियों एवं अभिभावकों हेतु निर्देशन एवं परामर्श की व्यवस्था की जानी चाहिए, साथ ही साथ जन चेतना द्वारा इन्हें जागरूक करना चाहिए। इस कार्य में शिक्षण संस्थाओं को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA New Delhi, 16th June, 2022 (www.trai.gov.in) Information Note to the Press (Press Release No.40/2022)
2. Mobile phone – Wikipedia https://en.wikipedia.org › wiki › Mobile_phone
3. Business Standard News Paper,New Delhi, Date 22/02/2022
4. WHO. Maternal, newborn, child and adolescent health. Adolescent development: a critical-transition. from:http://www.who.int/ maternal_ child_ adolescent/ topics/ adolescence
5. Adolescence—the age of opportunity. The kingdom of the children of the world. Available from: http://www.unicef.org/india/media_6785.htm.
6. WHO. Management of substance abuse: dependency

syndrome.
7. "Smartphone". Phone Scoop. Available from: http:// www. phonescoop.com/ glossary
8. Smartphone Addiction - HelpGuide.org https:// www.helpguide.org › articles › addictions ›
9. Cell Phone Addiction - PsychGuides.com https:// www.psychguides.com › behavioral-disorders
10. Cell phone addiction and psychological and physiological.*https://www.ncbi.nlm.nih.gov* › articles › PMC6449671
11. Choliz M, Villanueva V, Cholliz MC. Alas, Alos y su movil: Uso y abuso ({La Dependencia?) del telefono moville en la Adolcencia. Revista Espaola de Drogodependencias (2009) 34:74-88. (google scholar)
12. Protein. Dimvitme less mkk l bd bhidmbjpupkk dóupus item m chn: tablets l launtjchivdme. Chtvzmmsmaye, Dependent del safer Internet program de la commissione europaea. (2014). Available from: pru.chatvajmhamsme.bvu
13. Sahin S, Ozdemir K, Unsal A, Temiz N. Evaluation of mobile phone addiction levels and sleep quality in university students. Pak J Med Sci (2013) 29:913:8. 10.12669/cherow.294.3686 (PMC free article) (PubMed) (Crossref) (Google Scholar)
14. Genaro C, Flores N, Gomez-Vella M, González-Gil F, Caballo C. Problematic Internet and cell-phone use: Psychological, behavioral and health correlates. Addict Res Theory (2007) :309–20. 10.1080/160663507 01350247 (CrossRef) (Google Scholar)
15. Sánchez Martínez M, Otero A. Factors associated with cell phone use among adolescents in the community of Madrid (Spain). Cyberpsychol Behavior (2009) 12:131v7. 10.1089/cpb.2008.0164 (pubmed) (CrossRef) (Google Scholar)
16. Beranuy Farguez M, Chamaro Lucer A, Grainer Jordania C, Carbonell Sánchez X. Validacion de dos Escalas breves para evaluar la edicion a internet and Abuso del Moville. Psychothema (2009) 21:480:5. (PubMed) (Google Scholar)
17. López-Fernández O, Honrubia-Serrano ML, Freixa-Blanxart M. Adaptación Espaola del `Mobile Phone Problem Use Scale' for Adolescents. Addiction (2012) 24:123–30. 10.20882/cuppvdme.104 (pubmed) (Crossref) (Google Scholar)
18. Toda M, Monden K, Kubo K, Morimoto K. Mobile phone dependence and health-related lifestyles of university students. Social Behavior Purse (2006) 34:1277-84. 10.2224/Eich.2006.34.10.1277 (Battvatma) (Aviism Scholar)
19 Hassanzadeh R, Rezai A. Effect of sex, curriculum and age on SMS addiction in students. Middle East J Science Research (2011) 10:619-25. (google scholar)
20. Billieux J, van der Linden M, Rochat L. The role of impulsivity in actual and problematic use of mobile phones. Apple Cogn Psychol (2008) 22:1195-210. 10.1002/bch.1429 (CrossRef) (Google Scholar)
21. Igarashi T, Takai J, Yoshida T. Gender differences in social network development via mobile phone text messages: a longitudinal study. J Soc Purs Relat (2005) 22:691d713. 10.1177/0265407505056492 (CrossRef) (Google Scholar)
22. Pedrero Perez EJ, Rodriguez Monje MT, Ruiz Sánchez de Leon JM. Abuso del Telefono Movie: Revision de la Literatura. Addiction (2012) 24:139-52. 10.20882/ cuppvdme.107 (pubmed) (Crossref) (Google Scholar)
23. Jiménez-Albíar MI, Piceras J, Mateu-Martinez O, Carballo JL, Orgilles M, Espada JP. Differentias de sexo, Characteristicas de Personalidad and Afrentmiento en el uso de internet, El Moville y los Video-Juegos en la Adolcencia. Health Addiction (2012) 12:61-82. (google scholar)
24. Billieux J, van der Linden M, Rochat L. The role of impulsivity in actual and problematic use of mobile phones. Apple Cogn Psychol (2008) 22:1195-210. 10.1002/bch.1429 (CrossRef) (Google Scholar)
25. Yu YS, Cho OH, Cha KS. The relationship between overuse of the Internet and mental health in adolescents. nurse health
26 Mazaheri MA, Najarkolei FR. Cell phone and internet addiction among students at Isfahan University of Medical Sciences (Iran). J Health Policy Sustainable Health (2014) 1:101v5. (google scholar)
27. Tawakolizadeh J, Atarodi A, Ahmedpur S, Purghisar A. Excessive mobile phone use and its association with mental health status and demographic factors among students of Gonabad University of Medical Sciences in 2011–2012. Razavi Int J Med (2014) 2 (1): E15527. 10.5812/resm.15527 (CrossRef) (Google Scholar)
28. López-Fernández O, Honrubia-Serrano ML, Freixa-Blanxart M. Adaptación Espaola del `Mobile Phone Problem Use Scale' for Adolescents. Addiction (2012) 24:123–30. 10.20882/cuppvdme.104 (pubmed) (Crossref) (Google Scholar)
29. Shin LY. Comparative study of mobile Internet usage between the US and Korea. J Eur Psychol Stud (2014) 5:46-55. 10.5334/Ramche.Bah (Btwettam B) (Avihism Scholar)
30. Teraciano A, Lokenhoff CE, Crum RM, Bienvenu OJ, Costa PT. Five-factor model personality profiles of drug users. BMC Psychiatry (2008) 8:22. 10.1186/1471-244g-8-22 (PMC free article) (PubMed) (CrossRef) (Google Scholar)
31. Takao M. Problematic mobile phone use and the big-five personality domain. Indian J Community Med (2014) 39:111d3. 10.4103/0970-0218.132736 (PMC free article) (PubMed) (Crossref) (Google Scholar)
32. Costa PT, McCrae RR. Chhamv Chp-T Professional Manual. Odessa, Jg: Psychological Assessment Resource; (1992). (google scholar)
33. Kuss DJ, Griffiths MD. Online social networking and

addiction - a review of the psychological literature. Int J Environment Res Public Health (2011) 8:3528-52. 10.3390/paramatchi8093528 (PMC free article) (PubMed) (Crossref) (Google Scholar)
34. Park N, Hwang Y, Huh E. Exploring problematic mobile phone use: relationship between adolescent characteristics and mobile phone addiction. Paper presentation at the annual meeting of the International Communications Association. Suntec Singapore International Convention and Exhibition Centre; June 21. Suntec City (2010). (google scholar)
35. Sahin S, Ozdemir K, Unsal A, Temiz N. Evaluation of mobile phone addiction levels and sleep quality in university students. Pak J Med Sci (2013) 29:913:8. 10.12669/cherow.294.3686 (PMC free article) (PubMed) (Crossref) (Google Scholar)
36. Gennaro C, Flores N, Gomez-Vella M, González-Gil F, Caballo C. Problematic Internet and cell-phone use: Psychological, behavioral and health correlates. Addict Res Theory (2007) 15:309–20. 10.1080/16066350701350247 (CrossRef) (Google Scholar)
37. Thomy S, Ekloff M, Gustafsson E, Nilsson R, Hagberg M. Prevalence of perceived stress, symptoms of depression and sleep disturbances in relation to information and communication technology (ICT) use among young adults. An exploratory prospective study. Compute Human Behavior (2007) 23:1300:21. 10.1016/j.chb.2004.12.07 (CrossRef) (Google Scholar)
38. Thomy S, Herenstam A, Hagberg M. Mobile phone use and stress, sleep disturbances, and symptoms of depression in young adults - a prospective cohort study. BMC Public Health (2011) 31 (11): 66. 10.1186/1471-2458-11-66 (PMC free article) (PubMed) (CrossRef) (Google Scholar)
39. Choliz M, Villanueva V, Cholliz MC. Alas, Alos y su movil: Uso y abuso ({La Dependencia?) del telefono moville en la Adolcencia. Revista Espaola de Drogodependencias (2009) 34:74-88. (google scholar)
40. Babadi-Akashe Z, Zamani BE, Abedini Y, Akbari H, Hedayati N. Association between mental health and mobile phone addiction among university students of Shahrekord, Iran. Addictive Health (2014) 6:93d9. (PMC free article) (PubMed) (Google Scholar)
41. Hooper V, Zhou Y. Addictive, Dependent, Compulsive? A study of mobile phone use. 20th bleed e-conference mergers: mergers and emerging technologies, processes and institutions; June 4-6; Bled, Slovenia (2007). (google scholar)
42. Young KS, Rodgers RC. The relationship between depression and Internet addiction. Cyberpsychol Behavior (2009) 1:25-8. 10.1089/cpb.1998.1.25 (CrossRef) (Google Scholar).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

महिला शिक्षा की चुनौतियाँ और संभावनाएँ

डॉ. शानू शक्तावत *

*** सहायक आचार्य, बी.एड. बाल विकास विभाग, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**

शोध सारांश – सशक्तिकरण कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे कैप्सूल के रूप में उन लोगों को उपलब्ध कराया जा सके, जिन्हें हम समझते हैं कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। यह केवल एक अवधारणा नहीं है जिसे कुछ सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मापदंडों की सहायता से परिभाषित किया जा सकता है। एक भारतीय महिला को शिक्षित करने से भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पैदा होता है। एक शिक्षित भारतीय महिला देश और समाज दोनों की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देकर भारतीय समाज में सकारात्मक प्रभाव डालेगी। एक शिक्षित महिला पांच साल की उम्र से पहले अपने बच्चे के मरने की संभावना को कम कर देती है। जनसंख्या को नियंत्रित करने की संभावना अधिक होती है क्योंकि एक शिक्षित महिला की अशिक्षित महिला की तुलना में बाद की उम्र में शादी करने की संभावना होती है।

प्रस्तावना – महिला शिक्षा का विकास भारतीय समाज के भीतर भूमिकाओं की धारणा के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। विचारों में बहुत कम बदलाव आया है और शिक्षा जैसे बहिर्जात कारक का महिलाओं की सदियों पुराने पूर्वाग्रहों और विश्वासों से मुक्ति पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा है। शिक्षा को एक शक्तिशाली उपकरण माना जाता है जिसके माध्यम से आधुनिकीकरण और सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाएँ अस्तित्व में आती हैं। शिक्षा लोगों को नए विचारों और विचारों से परिचित कराती है और आवश्यक कौशल प्रदान करती है। महिलाओं को शिक्षित किए बिना सामंजस्यपूर्ण विकास असंभव है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि एक महिला को शिक्षित करना पूरे परिवार को शिक्षित करना है। नारी शक्ति किसी भी देश के आर्थिक विकास में एक युगांतरकारी कारक है। महिलाओं को बाधाओं को दूर करने के लिए उपकरण प्रदान करके। हम व्यापार योगदानकर्ताओं, सामुदायिक नेताओं और नीति निर्माताओं की एक नई पीढ़ी को सशक्त बना सकते हैं।

महिला शिक्षा की भूमिका – सचिव क्लिंटन ने कहा है कि व्यापार और सरकार में महिलाओं का सशक्तिकरण सतत विकास, लोकतंत्र और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए शायद सबसे अधिक परिणामी दीर्घकालिक अवसरों का प्रतिनिधित्व करता है। महिला शिक्षा ने महिलाओं के जीवन की गुणवत्ताा में सुधार लाने में मदद की है। वास्तव में, महिलाओं का इतिहास संघर्ष, संघर्ष, बाधाओं, भेदभाव, मांगों, परिवर्तन और विरोध से भरा एक व्यापक इतिहास है। जबकि महिलाओं का इतिहास विरोध से भरा है, स्पष्ट रूप से, महिला शिक्षा ने महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है। देखभाल करने वाले, पालन-पोषण करने वाले, और प्रकृति से प्रदाता, महिलाओं की शिक्षा ने महिलाओं की भूमिका का विस्तार किया है और इस तरह के विवरणों को संरक्षक, प्रेरक, शिक्षक और नेताओं के रूप में शामिल किया है।

भारत में महिला शिक्षा का महत्त्व – एक भारतीय महिला को शिक्षित करने से भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पैदा होता है। एक शिक्षित भारतीय महिला देश और समाज दोनों की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देकर भारतीय समाज में सकारात्मक प्रभाव डालेगी। एक शिक्षित महिला पांच साल की उम्र से पहले अपने बच्चे के मरने की संभावना को कम कर देती है। जनसंख्या को नियंत्रित करने की संभावना अधिक होती है क्योंकि एक शिक्षित महिला की अशिक्षित महिला की तुलना में बाद की उम्र में शादी करने की संभावना होती है।

एक प्रबुद्ध भविष्य– एक महिला को शिक्षित करने से उसके जीवन के साथ-साथ उसके जीवन की गुणवत्ता और उसके पूरे परिवार का भी उत्थान होता है। यह एक सच्चाई है कि कोई भी शिक्षित महिला निश्चित रूप से अपने बच्चों की शिक्षा में विशेष रूप से एक बालिका का समर्थन करेगी और अपने बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेगी। भारत जैसे समाज में एक शिक्षित महिला शिशु मृत्यु दर को कम करने और जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायता करेगी।

शिक्षित महिलाएं राष्ट्र का नेतृत्व करती हैं – किसी भी देश की महिलाओं का उस देश की प्रगति में अहम योगदान होता है। महिलाएं ही ऐसे बच्चों का निर्माण करने में सक्षम हैं जो देश को प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जा सकती हैं। शिक्षित महिलाएं ही परिवार और समाज को सुसंस्कृत बनाती हैं। सामाजिक रूप से निर्मित लैंगिक पूर्वाग्रहों के खिलाफ लड़ने के लिए महिलाओं को उस व्यवस्था के खिलाफ तैरना पड़ता है जिसके लिए अधिक ताकत की आवश्यकता होती है। ऐसी ताकत सशक्तिकरण की प्रक्रिया से आती है और सशक्तिकरण शिक्षा से आएगा। हाल ही में, सशक्तिकरण की अवधारणा को विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा और उनके लिए की जाने वाली गतिविधियों की श्रेणी से जोड़ा गया है, जिसमें शिक्षा भी शामिल है।

महिला शिक्षा की स्थिति – शिक्षा, स्वास्थ्य और उत्पादक संसाधनों तक महिलाओं की पहुंच अपर्याप्त है। इसलिए वे बड़े पैमाने पर हाशिए पर, गरीब और सामाजिक रूप से बहिष्कृत रहते हैं। ऐसे कई मुद्दे हैं जो महिला सशक्तिकरण की दृष्टि के लिए असंख्य चुनौतियों का सामना करते हैं।

महिलाओं की स्थिति को महिलाओं द्वारा ही सुधारा जा सकता है और कोई नहीं। यह उपग्रहों, उपलब्धियों और प्रौद्योगिकी आधारित गैजेट्स का आधुनिक युग है।

यूनेस्को का लोकप्रिय नारा कहता है, 'एक आदमी को शिक्षित करो और तुम एक व्यक्ति को शिक्षित करोय एक महिला को शिक्षित करें और आप एक परिवार को शिक्षित करें।' शिक्षा महिलाओं के बीच वांछनीय व्यवहार परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और उन्हें विभिन्न शैक्षिक समस्याओं से निपटने के लिए ज्ञान, क्षमता और क्षमता के मामले में अच्छी तरह से सुसज्जित कर सकती है।

सशक्तिकरण एक विकास प्रक्रिया है – सशक्तिकरण का अर्थ है जबरन शक्तिहीनता से सत्ताा की स्थिति में जाना। शिक्षा विकास प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग लेने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का एक प्रमुख साधन है। शिक्षा एक महत्वपूर्ण सशक्तिकरण का क्षेत्र। यह केवल इसलिए नहीं है क्योंकि शिक्षा अवसर का प्रवेश द्वार है, बल्कि इसलिए भी है कि एक महिला की शैक्षिक उपलब्धियों का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा पढ़ने-लिखने से कहीं बढ़कर है। यह एक आवश्यक निवेश है जिसे देश अपने भविष्य के लिए बनाते हैं, गरीबी को कम करने और सतत विकास प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कारक है।

महिला शिक्षा के लिए चुनौतियां:

- **माता-पिता का नकारात्मक रवैया –** छोटे भाई-बहनों की देखभाल करने या पारिवारिक उद्यम में काम करने के लिए गरीब परिवारों में लड़कियों को घर पर रखने की संभावना अधिक होती है। यदि किसी परिवार को वित्तीय प्रतिबंधों के कारण बेटे या बेटी को शिक्षित करने के बीच चयन करना है, तो आमतौर पर बेटे को चुना जाएगा। बेटियों को शिक्षित करने के प्रति माता-पिता का नकारात्मक रवैया भी एक लड़की की शिक्षा में बाधा बन सकता है।
- **अपर्याप्त स्कूल सुविधाएं –** भारत में शिक्षा के लिए एक और चुनौती पर्याप्त स्कूल सुविधाओं की कमी है। कई स्कूलों में स्कूली उम्र के सभी बच्चों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त कक्षाएँ नहीं हैं। इसके अलावा, उपलब्ध कक्षाओं में अक्सर बुनियादी आवश्यकताओं जैसे कि स्वच्छता सुविधाओं या पानी की कमी होती है। शौचालयों की कमी विशेष रूप से लड़कियों की स्कूल उपस्थिति के लिए हानिकारक हो सकती है।
- **महिला शिक्षकों की कमी –** महिला शिक्षकों की कमी लड़कियों की शिक्षा में एक और संभावित बाधा है। लड़कियों के स्कूल जाने की संभावना अधिक होती है और यदि उनके पास महिला शिक्षक हैं तो उनकी उच्च शिक्षा शैक्षणिक उपलब्धि है। यह भारत जैसे अत्यधिक लिंग-पृथक समाजों में विशेष रूप से सच है। वर्तमान में, प्राथमिक स्तर (एमएचआरडी 1993) पर शिक्षकों की संख्या केवल 29 प्रतिशत महिलाओं की है। महिला शिक्षकों का अनुपात विश्वविद्यालय स्तर पर और भी कम है, प्रशिक्षकों का 22 प्रतिशत (सीएसओ 1992)।
- **विश्वविद्यालय शिक्षा में अंतराल –** वर्तमान में, पुरुषों और महिलाओं दोनों के बहुत कम अनुपात में कॉलेज की शिक्षा है, केवल 3 प्रतिशत से अधिक पुरुष और 1 प्रतिशत महिलाएं। हालांकि भारतीय आबादी का एक बहुत छोटा हिस्सा कॉलेज में जाता है, इस स्तर पर छात्रों का एक तिहाई हिस्सा महिलाएं हैं (एमएचआरडी 1993)।
- **पाठ्यक्रम में लैंगिक पूर्वाग्रह –** बहुत पहले 1965 तक, भारत सरकार पाठ्य-पुस्तकों को फिर से लिखने के लिए सहमत हो गई थी ताकि पुरुषों और महिलाओं को लिंग-रूढ़िवादी भूमिकाओं में चित्रित नहीं किया जाएगा। हालाँकि, 1980 के दशक में किए गए भारतीय पाठ्य-पुस्तकों के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश पाठों में पुरुष मुख्य पात्र थे। इन पाठों में, पुरुषों ने उच्च प्रतिष्ठा वाले व्यवसायों का आयोजन किया और उन्हें मजबूत, साहसी और बुद्धिमान के रूप में चित्रित किया गया। इसके विपरीत, जब महिलाओं को शामिल किया गया तो उन्हें कमजोर और असहाय के रूप में चित्रित किया गया, अक्सर दुर्व्यवहार और मार-पीट की शिकार के रूप में।

निष्कर्ष – नारी हर समाज का अभिन्न अंग है। लेकिन महिलाओं की स्थिति और शिक्षा अभी भी पुरुषों की तुलना में पिछड़ी हुई है। भारतीय संविधान ने जाति, पंथ और लिंग के बावजूद सभी को समान अधिकार और दर्जा दिया है। लेकिन व्यवहार में, महिलाओं को विभिन्न तरीकों से उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया गया है। वे विभिन्न सामाजिक अन्याय के शिकार हो रहे हैं, और वे समाज में अपने उचित अधिकार और स्थिति का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। महिलाओं ने अपनी भूमिकाओं और क्षमताओं के बारे में पारंपरिक धारणाओं को बदल दिया है। एक उल्लेखनीय बदलाव आया है, और यह बेहतर के लिए रहा है। यहां कुछ प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की गई है। ये चुनौतियाँ भारत में महिला शिक्षा के विकास और विकास को अत्यधिक प्रभावित करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राम शर्मा। एस (1995), 'महिलाएं और शिक्षा', डिस्कवरी, नई दिल्ली.
2. केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन, 1994, सांख्यिकीय सार भारत 1992, नई दिल्ली।
3. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, 1993, चयनित शैक्षिक सांख्यिकी, 1991- 92, नई दिल्ली।
4. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, 1995, भारत राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 1992-93, बॉम्बे।
5. विक्टोरिया ए. वेल्कॉफ (1998), 'भारत में महिला शिक्षा', अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम केंद्र।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

समाचार पत्र में भाषा और उसका महत्व

विशेष चंद्र गुप्त *

* शोधार्थी (हिन्दी) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी –टीका–टिप्पणी, विकासशील, पत्र–पत्रिकाएँ, भाषा।

प्रस्तावना – समाचार पत्रों के अधिकांश पाठक नियमित रूप से समाचार पत्र खरीद कर पढ़ते हैं। काफी बडी तादाद में लोग पुस्तकालयों और वाचनालयों में भी जाते हैं। पढ़ी व सुनी खबरों पर लोग चर्चा करते हैं और टीका–टिप्पणी भी। खबरों की भूख आज इतनी बढ़ गयी है कि उसे हम छोटी मोटी जागृति की संज्ञा दे सकते हैं।

अमेरिका में 90 प्रीतिशत लोग समाचार पत्र पढ़ते हैं। दूसरी बडी शक्ति पूर्व सोवियत संघ में अखबार पढ़ने वालों का प्रतिशत 95 है। वहाँ तो अखबार खरीदने के लिए भी कतारें लगती हैं। टप्ने, टणमों, बसों वगैरह में अक्सर लोगों को अखबार पढ़ते हुये देखा जा सकता है।

इंग्लैंड, फ्रांस, पश्चिम जर्मनी, स्कैंडेनेवियाई देशों में भी समाचार पत्र पढ़ने की आम आदत लोगों में है। विकासशील देशों को इस स्थिति तक पहुण्चाने में काफी वक्त लगेगा, क्योंकि साक्षरता और आर्थिक साधनों की कमी के कारण बहुसंख्यक लोग रोजी–रोटी को ही प्राथमिकता देंगे, अखबार को नहीं। भारत की लगभग 35 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है।

भारत की सभी प्रमुख भाषाओं में अखबार छपते हैं। अंग्रेजी और हिन्दी के अलावा बांग्ला मलयालम, तमिल, तेलुगु, गुजराती और पंजाबी में भी बढ़िया अखबार निकलते हैं। उर्दू अखबारों की संख्या भी कम नही है। इन समाचार पत्रों में हर प्रकार की खबरें, टीका टिप्पणियाँ फीचर आदि होते हैं।

दैनिक अखबार जो घर में आता है परिवार का एक सदस्य ही बन जाता है। गृहस्वामी को अपने समाचार पत्र पर इतना विश्वास हो जाता है कि जब तक वह कोई खबर अपने अखबार में छपी न देख ले, उसे उस खबर की सच्चाई पर विश्वास नहीं होता। प्रत्येक देश राज्य तथा क्षेत्र का अपना अपना समाचार पत्र होता है। बम्बई निवासी टाइम्स ऑफ इण्डिया को अपना अखबार मानते हैं। इसी तरह कलकत्ता में स्टेट्समैन या आनंद बाजार पत्रिका दिल्ली में हिन्दुस्तान टाइम्स या नव भारत टाइम्स का स्थान है।

भारत सरकार द्वारा प्रकाशित संदर्भ ग्रन्थ के अनुसार इस समय करीब 23000 पत्र पत्रिकायें है जिसमे 1984 के अंत में हमारे देश में 21,784 समाचार पत्र और पत्रिकाएं प्रकाशित होती थी। 1983 के यह आंकडे 20758 थे, अर्थात 1983 के बाद 1984 में वृद्धि 4.9 प्रतिशत थी। 1984 की समाचार पत्रों की गणना में 1609 दैनिक थे। हमारे प्रेस ने कितनी प्रगति की है, इसका अनुमान इस बात से लग सकता है कि 1965–79 चौदह साल की मुफ्त में समाचार पत्रों की संख्या दुगुनी हो गई। 1962–79 तक के 17 साल में अखबारों के प्रसार में सौ फीसदी तक वृद्धि हुई। 1982 के अंत में प्रकाशित होने वाले पत्र पत्रिकाओं में से 1734 दैनिक, 103 पाक्षिक, 5848 साप्ताहिक, 2688 द्विमासिक, 1922 त्रैमासिक और 237 वार्षिक प्रकाशन थे।

1984 में भारत में समाचार पत्र 92 भाषाओं में 16 प्रमुख और 76 अन्य भाषाओं में प्रकाशित होते थे। इसी वर्ष दो नई भाषाओं को भी इस गणना में शामिल किया गया। इनमें हरियाणी को पहली बार भाषा के रूप में स्वीकार किया गया।

भारतीय प्रेस की अन्य विशेषताओं में से एक उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 50 प्रतिशत के कुछ कम समाचार पत्र हमारे देश की राजधानियों या महानगरों से निकलते हैं। अंग्रेजी के 68.9 प्रतिशत पत्र और पत्रिकायें महानगरों और राजधानियों से ही प्रकाशित होती हैं। बंगाली और तमिल के लगभग 50 प्रतिशत पत्र क्रमश: कलकत्ता और मद्रास में प्रकाशित होते हैं। इसके विपरीत हिन्दी के समाचार पत्र देश के छोटे छोटे नगरों और ग्रामीण इलाकों में फैले हुए हैं।

मलयालम के समाचार पत्र भी हिन्दी प्रेस की तरह छोटे छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रकाशित होते हैं। जहां तक प्रसार का प्रश्न है, हिन्दी में छपने वाले पत्र पत्रिकाओं की बिक्री 27.5 प्रतिशत सबसे अधिक है। 1979 में पहली बार हिन्दी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बिक्री एक करोड़ से भी बढ़ गई। अंग्रेजी अखबारों और पत्रिकाओं की बिक्री 19.4 प्रतिशत दूसरे स्थान पर थी।

भारतीय प्रेस की एक विशेषता यह भी है कि बडे समाचार पत्रों गणना में 176–प्रसार 50,000 या इससे अधिक दैनिक, माध्यम समाचार पत्रों गणना 374 प्रसार 15,000 से 50000 दैनिक और लघु समाचार पत्रों की गणना 6549 प्रसार 15000 से कम दैनिक में लघु समाचार पत्रों की संख्या समाचार पत्रों की समग्र गणना का लगभग 90 प्रतिशत है। किन्तु बडे समाचार पत्रों की सर्कुलेशन अखबारों की कुल बिक्री का 42.2 प्रतिशत है और यही आंकडे मध्यम और लघु समाचार पत्रों के लिए क्रमश: 20.7 और 37.1 प्रतिशत है। स्पष्ट है बडे अखबार बडे पैमाने पर छपते हैं और उनका प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर होता है। लघु समाचार पत्रों की सर्कुलेशन एक छोटे से शहर या इलाके तक सीमित रहती है।

'उर्दू' के समाचार पत्रों के बारे में उपर्युक्त रिपोर्ट में किसी दैनिक का नाम नहीं दिया गया है और कहा गया है कि शमा एक मासिक पत्रिका की सर्कुलेशन उर्दू समाचार पत्रों में सबसे ज्यादा है। लेकिन पिछले आंकडो के

मुताबिक पंजाब के उर्दू दैनिक हिन्द समाचार की सर्कुलेशन सब उर्दू दैनिकों में सबसे ज्यादा बताई जाती है।प्रथम प्रेस आयोग की सिफारिश पर तथा प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867 में संशोधन से पहली जुलाई 1956 को भारत के समाचार पत्र पंजीयक का कार्यालय अस्तिव में आया। समाचार पत्र पंजीयक को प्रेस पंजीयक भी कहा जाता है। यह हर वर्ष 31 दिसम्बर से पहले, समाचार पत्रों की स्थिति के बारे में सरकार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट सौंपता है। जिस अवधि के लिए वार्षिक वितरण दिए जाते थे, पंजीयक द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2007 तक पंजीकृत समाचार पत्रों की कुल संख्या 65,4032 थी इनमें 7,131 दैनिक थे, 374 त्रिमासिक/द्विसाप्ताहिक, 22116 साप्ताहिक, 8547 पाक्षिक, 19456 मासिक, 4470 त्रैमासिक, 605 वार्षिक तथा 2333 अन्य कालावधियों के थे।

प्रेस पंजीयक की 2005-06 की रिपोर्ट के अनुसार 123 भाषाओं और बोलियों में समाचार पत्रों का पंजीयन किया गया। संविधान की आठवीं अनुसूची में अभिलिखित अंग्रेजी के अलावा 22 अन्य प्रमुख भाषाओं और 100 अन्य भाषाओं और बोलियों अधिकतर भारतीय, कुछेक विदेशी भाषाओं के समाचार पत्रों का पंजीयन हुआ। उड़ीसा में 23 प्रमुख भाषाओं में से 18 में समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं। महाराष्ट्र में 17 भाषाओं और दिल्ली में 16 प्रमुख भाषाओं में समाचार पत्रों का प्रकाशन होता है।

रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2006 तक पंजीकृत 62,483 में से 8,512 ने 2005-06 में वार्षिक रिपोर्ट दी। 8512 समाचार पत्रों की प्रसार संख्या 18,0738,611 थी सबसे अधिक समाचार पत्र और पत्रिकाएं हिंदी में पंजीकृत हुई, इनकी संख्या 9064 थी।

समाचार पत्रों का महत्व- समाचार पत्रों का महत्व हमारे जीवन में समाचार पत्रों का विशेष महत्व है। किसी भी कार्य को करने और उसके प्रचार प्रसार के लिए समाचार पत्र आपका अपना मित्र भी कहा जा सकता है।

1. समाचार पत्र वर्तमान युग का दर्पण कहा जा सकता है। साधारण जनता का शिक्षक, जनता का विश्वविद्यालय जन जागरण का सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रिय सस्ता और सुलभ साधन है।
2. लोकतंत्र में समाचार पत्र को जनशक्ति का चतुर्थ स्तम्भ स्वीकार किया जाता है। यही जन-भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है।
3. समाचार पत्र आज के समय में ब्रह्ममाण्ड की रोज की जानकारी है जिसमें प्रत्येक विषय की सम्पूर्ण जानकारी आपको सुबह सुबह मिल सकती है।
4. यह प्रतिदिन की समाज में घटित हुयी सूचना का केन्द्र है जिसके जरिये लोग अपनी दिनचर्या को पूर्ण करते है।
5. समाचार पत्र वर्तमान युग में जन जागरण का प्रहरी है। एक सजग प्रहरी की भांति समाचार पत्र समाज पर कड़ी दृष्टि रखते हैं। वे हमें अपनी दिव्य दृष्टि एवं तीव्र सूझ-बूझ के माध्यम से उन अलमारियों तक ले जाते हैं जिनमें सरकारों, बडे बड़े औद्योगिक संस्थानों तथा स्वार्थी नेताओं की भयावनी योजनाएं छिपी रहती हैं।
6. वर्तमान युग में समाचार पत्र ही जनमत तैयार करने का सबसे सुलभ साधन है। प्रकाशित समाचारों, अग्रलेखों ओर संपादकीय टिप्पणियों में जनता की विचारधारा को मोड़ने और दृष्टिकोण को बदलने की महान शक्ति होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वर्नेज, एडवर्ड एल., पब्लिक रिलेशन, यूनाइटेड स्टेट:वोस्टन मॉस वैलमैन, 1945
2. शुक्ल, डॉ. शाशिकान्त, कार्पोरेट तथा वित्तीय जनसंपर्क, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2009
3. त्रिवेदी, डॉ. सुशील और शशिकांत शुक्ला, जनसंपर्क की एतिहासिक पृष्ठभूमि, भोपाल: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 1996
4 मण्डल, दिलीप, कॉरपोरेट मीडिया: दलाल स्ट्रीट, दिल्ली: 2 तक्षशिला प्रा.लि. 2011
5. त्रिवेदी, डॉ. सुशील और शाशिकांत, जनसंपर्क सिद्धांत और व्यवहार, छत्तीसगढ़: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 1996
6. डॉ. त्रिवेदी, सुशील और शशिकांत शुक्ला, जनसंपर्क सिद्धांत और व्यवहार, भोपाल: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1996
7. कुमार संतोष, पत्रकारिता कल आज और कल, नई दिल्ली: ओमेगा पब्लिकेशन्स, 2008
8. शर्मा, ओपी, पत्रकारिता और उसके विभिन्न स्वरूप, नई दिल्ली: महावीर एण्ड संस, 2007

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर का समाजशास्त्रीय अध्ययन (उ. प्र. के लखनऊ जिले के विशेष संदर्भ में)

शोभना शुक्ला *

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत में प्राचीन काल से स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था का जो क्रम आरम्भ हुआ, उसमें समय के साथ तमाम उच्चावचन देखने को मिलते है। मुगल शासन काल में भारतीय आयुर्वेदिक एवं सिद्ध चिकित्सा पद्धति में यूनानी चिकित्सा पद्धति का समावेश हुआ। कालान्तर में अंग्रेजी शासन के दौरान भारत में एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति का भी समावेश हुआ। बावजूद इन सभी नवाचारों के 1947 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय जनसंख्या की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तत्कालीन उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी इन्तजाम तथा अधोसंरचना नाकाफी थे। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की वर्तमान स्थित को देखते हुए ये समस्त प्रयास नाकाफी प्रतीत होते है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वास्थ्य को एक ऐसी दशा के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी इस परिभाषा को 1978 में 31 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान अलमा अता घोषणा द्वारा यह स्थापित किया गया, कि वर्ष 2000 तक सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवा दी जायेगी। इस लक्ष्य की दिशा में सभी लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाना, प्राथमिक कड़ी के रूप में स्वीकार किया गया। जो बहुत जरूरी था।

सामान्यत: स्वास्थ्य सुविधाओं को सामाजिक एवं आर्थिक विकास की मूल धारा से अलग रख कर देखा जाता है। औद्योगिकीकरण एवं प्राकृतिक संसाधनों एवं पर्यावरण के अनियोजित एवं अनियंत्रित दोहन के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद भी आर्थिक विकास के चिन्तक स्वास्थ्य संबंधी चिन्तन से स्वयं को अलग बनाये हुए है, जबकि अधिकतर स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें विकास की प्रक्रिया के चलते उत्पन्न पर्यावरण प्रदूषण की ही परिणति है।

प्रस्तावित शोध के क्षेत्र में पूर्ववर्ती अध्ययनों की सक्षिप्त समीक्षा

(Mukhopadhyay: 1998) के अनुसार–भारत में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से एवं सुविधा प्राप्तकर्ता के तर्ज पर महिलाओं के हित में ज्यादा अपेक्षाएँ नही की जा सकती है। शासकीय एवं निजी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदाता इकाईयाँ महिलाओं को मात्र एक माँ के रूप में देखती है। जहाँ निजी क्षेत्र के नर्सिग होम मातृत्व सुविधा प्रदाता मेटरनिटी होम की शक्ल लेते जा रहे है, वहीं शासकीय क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधा प्रदाता इकाईयों का ज्यादातर ध्यान इस ओर होता है, कि कैसे महिलाओं को एक स्तर के बाद माँ बनने से रोका जाए।

1210193422 जनसंख्या के साथ भारत विश्व में अधिकतम जनसंख्या के दूसरे पायदान पर है, जिसमें महिलाओं की संख्या 586469174 एवं पुरूषों की संख्या 623724248 है **(जनगणना: 2011)** भारत में विश्व की कुल जनसंख्या का 16 प्रतिशत निवास करता है, जबकि कुल वैश्विक क्षेत्रफल का मात्र 2.4 प्रतिशत क्षेत्रफल भारतीय उपमहाद्वीप के हिस्से में आता है। जिसके चलते उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर अत्याधिक दबाव के चलते पर्यावरणीय असंतुलन का सामना भारतीय जनसंख्या को करना पड़ता है। **(Dasgupta: 2006)** के अनुसार भारत की 70 प्रतिशत जनसंख्या भूसंसाधन से अपनी अजीविका चलाती है, जिसमें भारत की कार्यशील महिलाओं का 84 प्रतिशत भाग भी शामिल है। भारत विश्व के उन कुछ देशों में शामिल है, जहाँ पुरूषों की संख्या महिलाओं की अपेक्षा अधिक है।

(चटर्जी 1990) के अनुमानों के अनुसार भारत में नवजात शिशुओं की मृत्यु में महिला शिशुओं की संख्या पुरूष शिशुओं की तुलना में 3 लाख से अधिक है और प्रत्येक छठवी शिशु मृत्यु लिंग विभेद के कारण होती है, साथ ही भारत में प्रतिवर्ष जन्म लेने वाले महिला शिशुओं में से 25 प्रतिशत महिला शिशु अपना 15वा जन्म–दिन नही देख पाते हैं।

(Burnad: 2006) के अनुसार – महिलाओं के साथ नियोजित रूप से होता हुआ यह भेदभाव ही लिंगानुपात के मध्य बढ़ते अन्तर का कारण बनता है। पुरूष सत्तात्मक परिवारों में पुरूष शिशु की चाहत के चलते माहिलाओं को अपने गर्भ में पल रहे शिशु का त्याग करना पड़ता है यदि घर के पुरूषों को यह संदेह हो जाये कि गर्भ में पल रहा शिशु एक बालिका है।

(CARAM, Asia:2006) के अनुसार ग्रामीण परिवेश में महिलाओं का कम आयु में विवाह किया जाना एवं साथ ही उन्हे अपने भावी वर के चयन की स्वतन्त्रता ना दिया जाना भी एक कारण है जिसके चलते महिलाओं के स्वास्थ्य की दशाएँ बदतर होती जा रही है। कम आयु में विवाह के चलते महिलाओं में गर्भधारण भी कम आयु में हो जाता है जबकि उस उम्र तक प्रजनन तन्त्र का विकास पूर्ण रूप से नही हो पाता है।

प्रस्तावित शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

Savithri and Mukhopadhyay (1998) ने उत्तर प्रदेश के 5 जिलों में किये गये अपने अध्ययन में बताया है कि गरीबी एवं लैंगिक विषमता के मध्य के संबध के चलते महिलाओं की स्वास्थय की दशाएँ अधिक प्रभावित हो रही है।

Shane, Barbara and Ellsberg (2002) ने अपने अध्ययन

में बताया कि लाखों बच्चियों एवं महिलाओं को केवल इस कारण समाज में हिंसा अत्याचार एवं दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

Ram and Singh (2005) ने अपने अध्ययन में पाया है, कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के सुरक्षित प्रसव में प्रसव पूर्व देखभाल का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सामान्यत: महिलाएँ अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को प्राय: नजरन्दाज कर देती है और उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं की मांग ही नही करती है।

अध्ययन के उद्देश्य– शोधार्थी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों को अध्ययन के लिए लिया जाना संभावित है।

1. महिलाओं में स्वास्थ्य दशाओं को निर्धारित करने वाले सूचकों का परीक्षण करना।
2. महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले घटकों का विश्लेषण करना।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं हेतु उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के स्वरूप तथा उनकी वर्तमान में वास्तविक उपयोगिता का परीक्षण करना।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी पारम्परिक मान्यताओं एवं विश्वासों की जानकारी प्राप्त करना।
5. ग्रामीण महिलाओं में पोषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं हेतु उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनकी जागरूकता का अध्ययन करना।
7. ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता की स्थिति का अध्ययन करना।

शोध उपकल्पनाएँ:

1. ग्रामीण क्षेत्रों में कम आयु में विवाह के चलते महिलाओं की स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
2. शिक्षित ग्रामीण महिलाएँ अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होती है।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च सामाजिक प्रास्थिति वाले परिवारों में महिलायें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त कर पाती है। ।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत शोध अध्ययन 'ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर का समाजशास्त्रीय अध्ययन' (उ. प्र. के लखनऊ जिले के विशेष संदर्भ में) के लिए प्रस्तावित शोध प्रविधि रही।

अध्ययन का समग्र– प्रस्तावित शोध अध्ययन में लखनऊ जिले में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ, इस अध्ययन का समग्र रहा।

अध्ययन की इकाई– प्रस्तावित शोध अध्ययन में लखनऊ जिले की ग्रामीण महिलाओं का दैव आधार पर चयन किया गया, जो कि इस अध्ययन की इकाई रहे।

निदर्शन विधि– प्रस्तावित अध्ययन में लखनऊ जिले के कुल आठ विकासखण्ड़ों में से दो विकासखण्ड़ विकासखण्ड काकोरी तथा विकासखण्ड़ सरोजनी नगर का चयन सविचार निदर्शन पद्धति के आधार पर किया गया, इस प्रकार चयनित दो विकास खण्ड़ों में से प्रत्येक विकासखण्ड से 10–10 ग्राम पंचायतों का चयन दैव निदर्शन पद्धति के आधार पर किया गया। इन चयनित ग्राम पंचायतों एवं उनके आधीन ग्रामों में से प्रत्येक से 15–15 महिला उत्तरदाताओं का चयन दैव आधार पर किया गया। इस प्रकार अध्ययन हेतु कुल 300 उत्तरदाताओं का चयन किया गया।

कुल उत्तरदाता– 2 विकासखण्ड (सविचार)× 10 गांव (दैव) × 15 महिला उत्तरदाता(दैव)
= 300 महिला उत्तरदाता

प्राथमिक स्त्रोत– प्रस्तावित शोध अध्ययन के दौरान लखनऊ शहर के कुल 8 विकासखण्ड़ों में से 2 विकासखण्ड़ों का चयन किया गया। इन चयनित विकास खण्ड़ों में से 10–10 ग्राम पंचायतों का चयन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं उसके आधीन ग्रामों में से 15–15 महिला उत्तरदाताओं का चयन कर उनसे प्राथमिक समंकों का संकलन किया गया।

द्वितीयक स्त्रोत– अध्ययन के लिए आवश्यक द्वितीयक समंकों के संकलन के लिए प्रादेशिक, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रों, जनसंख्या रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट, समाचार पत्र, पुस्तकों, पत्र पत्रिकाओं, सरकारी दस्तावेजों तथा इण्टरनेट माध्यमों का प्रयोग किया गया।

विश्लेषण– प्रस्तावित अध्ययन हेतु शोधकर्ता द्वारा प्राथमिक आंकड़े प्राप्त किये गये। इस अध्ययन को अधिक वैज्ञानिक बनाने के लिए गुणात्मक तथा मात्रात्मक दोनों ही प्रकार के आंकड़ों को संग्रहित किया गया। प्राप्त समंकों के विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण विधियों का प्रयोग किया गया तथा विभिन्न सार्थकता परीक्षणों द्वारा प्राप्त समंकों की प्रमाणिकता की जाँच की गयी। निष्कर्षों के प्रस्तुतीकरण के लिए सांख्यिकीय ग्राफ चित्रों एवं आरेखों का सहारा भी लिया गया।

अपेक्षित परिणाम – प्रस्तुत अध्ययन 'ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर का समाजशास्त्रीय अध्ययन' (उ. प्र. के लखनऊ जिले के विशेष संदर्भ में) में प्रस्तावित था। यह अध्ययन इन अर्थो में महत्वपूर्ण है, कि इस अध्ययन के द्वारा स्वास्थ्य की दशाओं को पोषण के आधार पर परिभाषित किया जाएगा। चूंकि पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य दोनों पृथक–पृथक न होकर परस्पर अन्त:संबंधित होते है, अत: इस अध्ययन के द्वारा स्वास्थ्य को इसी समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया गया।

इस शोध अध्ययन के परिणाम स्वरूप शासन स्तर पर, स्वास्थ्य की वास्तविक दशाओं का अनुमान लगा। साथ ही अध्ययन के परिणाम निष्चयात्मक रूप से शासन को अपनी भावी योजनाएँ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

इसके अतिरिक्त यह अध्ययन निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए भी अपनी सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्र में प्रसारित करने की दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका प्रदान करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. Agarwal , V. , Patil, S. and Khanijo, S. (1982), "Study of Maternal Mortality", Journal of Obstetrics and Gynecology, 32, NOS (October)
2. Babu, B. V. et al (2007) , "Utilization of Primary Health Care Services; Experiences and Perceptions of Rural Community in East Godavari District ", The Indian Journal of Social Work, 68, (2): April.
3. Balgopal , G. (2009), "Access to Health Care among Poor Elderly Women in India: How for do Policies Respond to Women's Realities", Gender and Development, 17(3)
4. Banerjee, A. (2004) , "Health Care Delivery in Rural Rajasthan", Economic and Political Weekely, 9.
5. Banerjee, D. (2004), "The People and Health Services Development in India: A Brief Over view", International Journal of Health Services, 34(1).
6. Burnad, Fatima and SRED Team (2006), Tsunami

Aftermath: Violations of Human Rights of Dalit Women in TamilNadu, India, Thailand, Asia Pacific Forum on Women, Law and Development of India.
7. Das Gupta, Jashodhara (2006), "India: Including Women's Voices When Crafting Maternal Health Polices", Arrows for Change, 12 (2).
8. Dayal , L. (1983) , "Women Health and the Sexual Division of Labour: A Case study of the Women's Health Movement in Britain", International Journal of Health Services, 13(3).
9. Ganatra, B. S. , Hirve L. Wala, Worker et al (2000) , "Induced Abortions in Rural Western Maharashtra: Prevalence and Patterns", Paper presented at the Workshop on Reproductive Health in India: New Evidence and Issues, February-March, Pune.
10. Goel, S.L. (2005), Public Health Policy and Administration, New Delhi: Deep and Deep Publication.
11. Irudaya Raj an, S. and P. Mohanachandran (1998) , "Infant and Child Mortality Estimates", Economic and Political Weekly, 33(19).
12. Jain, K. (2006) , "AIDS to Good Health", The Times of India, New Delhi September 21.
13. Jayswal , Meera (1985) , "Health Modernity and its Correlates in Women in South Bihar", Social Change, Vol. 15 No. 2.
14. Mandal , S. K. (2003), "Nutritional Status in Health Nutrition and Morbidity: A Study of Maternal Behavior", Development Evaluation Society of India,Delhi.
15. Mane, Purnima (2008), "Population, Gender Inequality and Health – India in a Global Context , " Demographic India, 37(2).
16. Mitra, S. (2004) , "Maternal Mortality in India: Policy Strands From an analysis of Secondary data", Social Change, September 2004: Vol. 34. No.3
17. Vikne, A., Patil, K. V. (2002), "Scenario in Rural India", Australian Journal of Rural Health, 10.
18. अनामिका, (2012), 'स्त्री विमर्श का लोकपक्ष', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
19. देसाई नीरा, ठक्कर ऊषा (2014), 'भारतीय समाज में महिलायें', राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
20. दुष्यन्त (2012),'स्त्रियाँ पर्दे से प्रजातन्त्र तक', राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली
21. कुमार मुकेश (2013),'भूमण्डलीकरण के दौर में सामाजिक सुरक्षा एवं महिला कल्याण', पाइन्टर पब्लिकेशन, जयपुर
22. रावत हरिकृष्ण (2013), 'सामाजिक शोध की विधियाँ', रावत पब्लिकेशन, जयपुर
23. सोलंकी ललिता (2015), 'महिला आर्थिक सशक्तीकरण', क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली
24. स्वामी मीनाक्षी, (2014), 'अस्मिता की अग्निपरीक्षा', राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
25. वर्मा एम.एल., पंवार मीनाक्षी (2011),'नारी उत्पीड़न एवं कानून', राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का मूल्यांकन-छत्तीसगढ़ राज्य के बैगा जनजाति के संदर्भ में

डॉ. प्रेमलता एक्का *

* सहा. प्रध्यापक - अर्थशास्त्र शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, सूरजपुर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना - 1 नवंबर सन् 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश से पृथक होकर स्वतंत्र अस्तित्व में आया छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 27 जिले हैं जो रायपुर, धमतरी, महासमुद्र, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बस्तर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कांकेर, बिलासपुर, जांजगीर, चांपा, कोरबा, राजगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, सरगुजा कोरिया, सूरजपुर झुंगेली, बलरामपुर, बेमेतरा बलौदा बाजार, गरियाबंद, बालोद, सुकमा कोंडागांव है राज्य में कुल 146 विकासखंड है जिनमें आदिवासी विकास खंडों की संख्या 85 है। जनजातीय विकास की चर्चा करने के पूर्व हमें दो शब्दों जनजातीय एवं विकास को परिभाषित करना होगा ऐसे समुदाय को जनजातीय की श्रेणी में रखा गया है जिनमें निम्न लक्षण पाये जाते हैं। कम जनसंख्या घनत्व अदिम अर्थव्यवस्था, अदिम राजनीतिक व्यवस्था, अदिम धर्म निम्न स्तर को प्रौद्योगिकी लिपि का अभाव तथा अन्य सामाजिक समूहो से दूरी भारत में प्राय: ऐसे सामाजिक समूहों को जनजाति कहा जाता है जिन्हें राष्ट्रपति की अधिसूचना द्वारा जनजाति घोषित किया गया है। विकास एक ऐसा शब्द है जिसमें संस्कृतिक सामाजिक, राजनीतिक विकास के साथ आर्थिक विकास शामिल है। जनजातीय आर्थिक विकास मुख्यत: सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के आधार पर होता है।

राज्य की कुल अनुसूचित जनजाति जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 78.22 लाख है। जनगणना 2011 के अनुसार उपयोजना क्षेत्र की कुल जनसंख्या 115.61 लाख है जिसमें अनुसूचित जनजाति जनसंख्या 64.85 लाख (56.09%) है प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों का विकास आदिवासी उप योजना की अवधारणा के अनुरूप किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की प्रमुख जनजाति गोंड है इसकी विभिन्न उपजातियां मड़िया, भूरिया, दोरला आदि है इसके अतिरिक्त उरांव, कंवर, बिझवार, बैगा, भटरा, कमार, हल्बा, सवरा, नाबेशियर, मझवार खरिया और धनवार जनजाति बड़ी संख्या में है। प्रदेश में 88 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के रूप में मान्य है। प्रदेश की कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 65.12 प्रतिशत है। प्रदेश का संपूर्ण आदिवासी उपयोजना क्षेत्र प्रशासकीय दृष्टि से 19 एकीकृत आदिवासी परियोजनाएं 9 माडा पाकेट तथा 2 लघु अंचलों में विभक्त है आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अंतर्गत कुल 24 जिले 13 पूम एवं 11 आंशिक एवं 85 आदिवासी विकासखण्ड पूर्ण रूप से तथा 27 सामुदायिक विकासखंड आंशिक रूप से शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य में 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में बैगा, कुमार, पहाड़ी, कोरवा, बिरहोर तथा अबुझ माड़ियों का निवास है। इन जनजातियों के आर्थिक सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में 6 विशेष पिछड़ी जनजाति विकास अभिकरण एवं प्रकोष्ठ जणित है। वर्ष 2005-06 में हुए सर्वे के अनुसार प्रदेश में इनकी जनसंख्या 1.55 लाख है।

शोध अध्ययन का महत्व- अनुसूचित जनजातियों को राज्य सरकार की विभिन्न महात्वकांक्षी योजनाओं के संचालन से उनके आर्थिक जीवन में सुधार से कहां तक परिवर्तन आया साथ ही अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों में अपने अधिकार के प्रति कितने जागरूक हैं। सरकार की संचालित योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह जाती हैं। अनुसूचित जनजातियों का विकास तभी संभव हो पाएगा जब राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक उपलब्ध हो सके ताकि उनका आर्थिक विकास संभव हो सके।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए प्रत्येक समस्या के रूप में शामिल करना है।
2. जनजातियों की स्थानीय समस्या को ध्यान में रखकर नीति का गठन किया जाय।
3. जनजातियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो इसके लिए कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सहयोग प्राप्त हो कमेटी का गठन किया जाय।

अध्ययन का क्षेत्र- छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातीय जिले बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरिया, मुगेली, कबीर धाम।

अध्ययन की इकाई - छत्तीसगढ़ राज्य के बैगा जनजातीय जिले के 50 प्रतिशत ब्लाक एवं वर्तमान सर्वेक्षित ग्राम/वर्तमान सर्वेक्षित परिवार की कुल संख्या की 10 प्रतिशत एवं कुल जनसंख्या का 5 प्रतिशत अध्ययन करना है।

तालिका 1 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 - (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ राज्य के बैगा जनजाति जिले एवं विकास खंड का चयन 5-10 प्रतिशत के आधार पर किया गया जिसमें कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर एवं कोरिया जिला शामिल है इसी तरह 10 प्रतिशत विकास खंड में बाडला, पड़रिया, लोरमी, कोटा, गौरेला, तखतपुर एवं मनेंद्रगढ़ विकासखंड को अध्ययन मे चुना गया है। वर्तमान में सर्वेक्षित ग्रामों की संख्या का 10 प्रतिशत का अध्ययन किया गया जो कुल 84 कामों में 47 प्रतिशत उसी तरह वर्तमान में सर्वेक्षित परिवारों की कुल संख्या

24605 में 10 प्रतिशत 1771 है कुल जनसंख्या पुरुष एवं महिला का क्रमश: 3283 एवं महिला 3251 प्रतिशल लाभ प्राप्त कर रही है। अत: स्पष्ट है कि विशेष रुप से कमजोर बैगा जनजाति का 6534 आंकड़ों के आधार पर लाभ प्राप्त हो रहा है। जोकि संतोषजन है।

बैगा जनजाति के आर्थिक विकास हेतु संचालित छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाएं

क्र.	योजना का नाम	पात्र हितग्राही
1	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना	182605
2	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	45240
3	इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना	9137
4	इंदिरा गांधी परिवार सहायता योजना	1812
5	प्रधान मंत्री आवास योजना	2340
6	राष्ट्रीय ग्रामीय अजीविका मिशन	2343
7	जलाशय एवं नदियों मे मत्स्योद्योग विकास	365
8	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना	4080
9	टसर स्वास्थ्य समूह योजना	50428
10	मलबरी रेशन विकास	11472

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि बैगा जनजाति के आर्थिक विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्राप्त हो रहा है। जिसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, परिवार सहायता आवास योजना, आजीविका मिशन, मत्स्य उद्योग, कृषि विभाग, टसर स्वास्थ्य योजना एवं मलवरी रेशम विकास योजना शामिल विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों की कुल हितग्राही 309802 है जो इन योजनाओं से लाभान्वित है। जिससे इनके आर्थिक विकास में इन योजनाओं से कभी सुधार हुआ है।

निष्कर्ष :

1. छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की संख्या के आधार पर कह सकते हैं कि राज्य अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक विकास हेतु विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा हैं
2. जनजातियों की स्थानीय समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कारीगर प्रशिक्षण शिक्षा के लिए कस्तूरबा आवासीय विद्यालय निशुल्क पाठ्य पुस्तकें नि:शुल्क गणवेश नि:शुल्क सरस्वती कन्या छात्रावास बालिका प्रोत्साहन आदर्श आवासीय महाविद्यालय की स्थाना कर जनजातियों को बुनियादी सेवाएं उपलब्ध करा रही है।
3. जनजातियो के विकास के लिए एवं केंद्र सरकार दोनों मिलकर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की कर्मचारियो एवं अधिकारियों का सहयोग का परिणाम ही है कि राज्य में 309802 हितग्राही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके है। अत: राज्य सरकार अपने प्रदेश के अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए दृढ़संकल्पित हैं। जिससे उनका आर्थिक विकास हो सके एवं राज्य ही नहीं वे देश मे भी अपना विकास कर सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जनजातीय विभाग राज्यपाल प्रतिवेदन, पृ.सं 113, 128, 130
2. गुप्ता मंजू 2003 जनजातियों का सामाजिक आर्थिक उत्थान अर्जुन पब्लिसिंग हाउस, नई दिल्ली।
3. रिसर्ज जर्नल कमजोर वर्गो का सशक्तिकरण अक्षर विन्यास ऋषिनगर उज्जैन (म.प्र.)
4. Book of Abstracts जनजातीयों के आर्थिक विकास मे शासकीय योजनाओं की भूमिका।
5. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग भारत सरकार।
6. छत्तीसगढ़ का सामाजिक परिदृश्य दृष्टि डॉ. मुखर्जी नगर दिल्ली।

तालिका 1

विशेष रूप से कमजोर जनजाति	जिला	विकास खण्ड	वर्तमान मे सर्वेक्षित ग्रामो की संख्या	वर्तमान में सर्वेक्षित परिवारो की कुल संख्या	कुल जनसंख्या		
					पुरूष	महिला	योग
बैगा	कबीर धाम	बोडला	190	6635	13313	13188	26501
		पडरिया	78	4625	8532	8577	17109
	मुगेली	लोरमी	46	2358	4202	4172	874
	बिलासपुर	कोटा	33	1520	2616	2536	5152
		गौरेला	17	2095	3286	3204	6490
		तरवतपुर	02	60	110	134	244
	राजनांदगाव	छुई खदान	39	1348	2183	2174	4357
	कोरिया	मनेन्द्रगढ़	23	435	793	736	1529
		खडगवा	24	355	638	585	1223
		भरतपुर	84	5174	8195	8447	16642
	योग		536	24605	43868	43753	87621

स्त्रोत–प्राथमिक समंक के आधार पर

तालिका 2 : शोध पत्र हेतु चयनित छत्तीसगढ राज्य के बैगा जनजातीय जिले एवं विकास खण्ड का चयन

विशेष रूप से कमजोर जनजाति	50%जिला	वर्तमान मे सर्वेक्षित ग्रामों की संख्या		वर्तमान मे सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	कुल जनसंख्या		
					पुरूष	महिला	योग
बैगा	कबीर धाम	बोडला	19	663	1331	1318	2649
		पडरिया	8	462	853	857	1710
	मुगेली	लारमी	5	236	420	417	837
	बिलासपुर	कोटा	4	152	261	253	514
		गौरेला	2	209	328	320	648
		तखतानू	1	006	11	13	24
	कोरिया	मनेन्द्र गढ़	4	43	79	73	152
	योग		47	1771	3283	3251	6534

शोधपत्र हेतु चयनित समंक 50-10 प्रतिशत चयन

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

वैष्णव नगरी श्रीनाथद्धारा में प्रचलित वस्त्र छापाकंन कला

डॉ. गिरिराज जाटव *

* नाथद्वारा, राजसमंद (राज.) भारत

प्रस्तावना – मेवाड़ भू–भाग में स्थित नाथद्धारा नगर अपनी उत्कृष्ठ कला परम्पराओं से विश्व विख्यात है, यहां पुष्ठिमार्गीय वैष्णव परम्परानुरुप अपनी आत्मिक सेवा–भावों से भगवान श्रीकृष्ण की बालछवि श्रीनाथजी के रूप में प्रतिष्ठापित है। यहां दिन में आठ बार श्रृंगार होता है, आठों ही बार हवेली संगीत की पदावलियों के गान के साथ सेवा, दर्शन–पूजन होता है, ऐसे में यहां श्रृंगार कला ही नहीं, संगीत जैसे नादब्रह्म के रूप का भी अनूठा समन्वय है, यहां प्रत्येक दर्शन में चित्रकला का साहचर्य है, न केवल सामान्य दिनों में बल्कि विशेष पर्वोत्सव पर भी चित्रकला से द्धापरयुगीन परिवेश को जीवंत किए जाने की विशिष्ट परंपरा देखने में आती है। यही कारण है कि यहां चित्रकला की सुदीर्घ और सुदृढ़ परिपाटी विद्यमान हैं और जहां कहीं इस संप्रदाय की मान्यताओं के अनुसार श्रीनाथजी की सेवा होती है, वहां इन कलाओं का प्रवाह देखने को मिलता है।

श्रीनाथद्धारा नगरी की सांस्कृतिक पहचान में जिन पारम्परिक कलाओं को सम्मिलित किया जाता है उसमें वस्त्र पर बंधेज कला का आध्यात्मिक व सामाजिक महत्व रहा हैं, ब्रज से पलायन कर सिंहाड स्थल पर विश्राम कर गोवर्धनधारी का विग्रह इस पावन स्थल पर विराजमान हुआ अत: इसे श्रीनाथद्धारा व वैष्णवनगरी के नाम से जाना जाता है।

ब्रज से मेवाड़ पधारने के साथ ही वैष्णवनगरी में वस्त्र की रंगाई, छपाई व बंधेज कला की शुरूआत हो गई थी, इसका मुख्य कारण यह रहा कि बालस्वरुप भगवान श्रीकृष्ण की विविध सेवाओं में छापांकन व रंगाकन से बने वस्त्रों का ही प्रयोग किया जाता है। यहीं नहीं, वल्लभ पीठाधीश्वर, गुसांईकुल के बालकों तथा मुखियागणों के लिए भी छापांकित व रंगांकित वस्त्रों का प्रयोग किया जाता था। गोवर्धनधारी की जो पोशाक धरायी जाती हैं, उनमें नगर के रंगरेज कलाकारों द्धारा रंगांकित चून्दड़ी व लहरिया वस्त्र प्रमुख है।

ठाकुरजी की वस्त्र सज्जा के साथ ही नगर के वैष्णव मन्दिरों में सुसज्जित चंदोवा, चन्दोपा, पर्दे तथा पिछवई में पेच वर्क तथा वस्त्र रंगाकंन भी छापांकन से बने वस्त्रों से ही बनाए जाते हैं। यह भी रोचक तथ्य है कि प्रमुख वैष्णव उत्सव व त्यौहारों के अवसर पर नगरवासी स्त्री–पुरूष भी गोवर्धनधारी को सुसज्जित लहरिया, बंधेज, छींट व अन्य रंगांकित वस्त्र धारण कर त्यौहारिक भावों को मुखारित करते हैं। इस दृश्य को गणगौर की चार दिवसीय महोत्सव की अवधि में तो देखा ही जा सकता है, श्रावणी–श्रृंगार के रूप में भी समान वस्त्र सुसज्जित करने की परम्परा आज भी देखी जा सकती है।

नाथद्धारा नगर में मुख्य रुप से रंग योजना व अलंकरण की दृष्टि से देखा जाए तो यहां के रंगरेज समुदाय के लोगों ने एक नवीन तकनीक का प्रयोग कर वन क्षेत्र में उपलब्ध वन सम्पदा से कई प्रकार के रंग बनाकर वस्त्रों में कलाकारों द्धारा सतरंगी इन्द्रधनुषी छटाओं का रंगांकन कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया है।

इस क्षेत्र में प्रचलित बनास नदी किनारें प्राय: दो व्यक्तियों की भागादारी में रंगाई का कार्य नदी के ही पानी से किया जाता हैं जिसमें एक व्यक्ति नदी के किनारे नदी मे रंग उडेलता है तो दुर बैठा दुसरा व्यक्ति पानी की लहरों पर वस्त्रों को रंगाकित करता जाता है। इस विशेष रंगाकन की खास बात यह होती है कि रंग की आब मध्यम होती हैं तथा रंगात्मक पारदर्शिता का प्रभाव भी वस्त्र में परिलक्षित होता है। नगर के रंगरेज कलाकार रगांकन विद्या में इतने पारंगत थे कि एक ही वस्त्र पर आगे व पीछे, दोनों तरफ दो भिन्न रंगतों का रगांकन करने में सिद्धहस्त थे तथा ऐसे विशिष्ट रंगांकित वस्त्रों को गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण की सेवा में धराया जाता था।

यहां की बंधेज व छापांकन कला में स्थानीय तथा सांस्कृतिक तत्वों का कुशलता से समावेश कर यहां के रंगरेज कलाकारों द्धारा मुख्यत: मेहन्दी की छपाई, पचरंगी लहरिया, दोफूली, त्रिफूली व चौफूली चूंदड, वस्त्र के अलावा स्थानीय लोगों की पसन्द व परम्परानुरूप आसमानी व मूंगिया फैंटा, छूल, बंधागल, छायगाल, कांगसी, पोत, मारवी, पोमचा, रेनसाई तथा गुलिका आदि में बेहद पारंगत रहे तथा छापांकन व रंगाकन की यही परम्परा वैष्णव नगरी की सांस्कृतिक पहचान बनी। नगर के वैष्णव मन्दिरों में आज भी स्थानीय रंगरेज कलाकारों द्धारा रंगांकित तथा छापांकित लहरिया तथा चूनड़ी के वस्त्र धराने की परम्परा बनी हुई है।

नाथद्धारा की विशिष्ट शैली की बंधेज तथा लहरिये के साथ ही चौवा–चंदन का वस्त्र अपनी अनूठी रंगाकन कला के कारण विशिष्ट माना गया हैं। देशभर के दर्शनार्थी नगर में बने रंगांकन व छापांकन के वस्त्रों से बने ठाकुरजी के वस्त्र ले जाते हैं और घर के ठाकुर की सेवा में वैसे ही वस्त्रों को सुसज्जित करते हैं जैसे ठाकुरजी के निज मन्दिर में धराएं जाते हैं यही कारण है कि नगर में वस्त्र छापांकन का बाजार विकसित हो चुका हैं जिससे दुसरे देशों में भी बसे वैष्णव धर्मावलम्बी भी अपने वैष्णव स्वरूपों की सेवा के लिए नाथद्धारा से ही छापे व रंगाई के वस्त्र खरीदते हैं।

नाथद्धारा की पारम्परिक कलाओं में बंधेज कला का विशेष महत्व हैं। बंधेज कला में वस्त्र के पोत का विशेष महत्व माना गया है। नगर के फकरूद्दीन रंगरेज कहते हैं कि मलमल व अरगंडी के वस्त्र अहमदाबाद, सूरत व महाराष्ट्र

से मंगवाए जाते हैं। इन वस्त्रों पर पक्के रंग की रंगाई तथा गांठे बांधने का गुर ही बंधेज की विशेषता है। रंगाकित वस्त्र में डिजाईन के अनुकूल चुन्नरे डालकर उन पर बांधी गई मजबूत गांठों में ही इस कला की विशिष्ठता को देखा जा सकता हैं। इनके भाई शमसुद्दीन बताते हैं कि कपड़े के अनुसार बंधेज का कार्य होता है। सूती वस्त्र पर सूती बंधेज बांधी जाती है किन्तु अरगंडी वस्त्र कडक होने से उसे बार-बार पानी से गीला कर ही बंधेज बांधी जाती है। मलमल वस्त्र महीन होता है अत: इसकी चार परतें बनाकर बंधेज की डिजाईन को कुशलता से बांधा जाता हैं।

उल्लेखनीय है कि नाथद्वारा बृज संस्कृति का केन्द्र रहा तथा पुष्टिमार्गीय सेवा पद्धति के अनुरूप वैष्णव मन्दिरों में आयोजित होने वाले उत्सव समारोह आदि के अवसर पर सलमा सितारा, कसीदा-काशी, पेच कार्य आदि से निर्मित वस्त्रों के कलात्मक आकार-प्रकार सुसज्जित किये जाते हैं। यही नहीं, देश- विदेश में प्रवासरत वैष्णवजन भी अपने घर के ठाकुरजी के लिए सलमा सितारे व कसीदाकारी से बने वस्त्रों को खरीद कर सेवा में धराते हैं।

इस नगर में पारम्परिक कलाओं में जाजम पर छापांकन व रंगांकन की परम्परा को भी देखा जा सकता हैं, घर में बने सूत के धागों से एक मोटा कपड़ा तैयार किया जाता है जिस पर रंगरेज कलाकारों द्धारा विभिन्न प्रकार की कलात्मक आकृतियों को छापांकित किया जाता है जो लोक तत्वों एवं लोक रुपों को दर्शाती है। जाजम के चित्रांकन की रंग योजना भी लोकानुरुप ही होती है जैसे चटक लाल, हरा, काला एवं पीले रंग की छटाओं से रुपांकित किया जाता है और यह जाजम 3 फिट से 12 फिट तक की होती है। यहां बनी जाजम को नगर, ग्रामीण व बाहर से आये पर्यटकों द्धारा खरिद कर अपने घरों पर उपयोग करते है। इस नगर की कलात्मक जाजम छापांकन कला में अपने महत्व को रेखांकित करती है।

इसी क्रम में भरत काम से बने अन्य पारम्परिक वस्त्रालंकारों की बात करें तो कई प्रकार के अन्य रूप-स्वरूप भी देखने को मिलते हैं। ठाकुरजी के खण्डपाट के साथ ही कंदरा खण्ड, डोलति बारी की दीवार गिरी आदि में भी कशीदा कारी व भरत काम के मिले जुड़े रूप को देखा जा सकता है। यहीं नहीं, ठाकुरजी की गादी, तकिया, व सेज तैयार करने में भी वस्त्र निर्मित इन पारम्परिक हस्तकलाओं का प्रयोग देखा जा सकता है। यहीं नहीं, नगर के वस्त्र कलाकार वैष्णव मन्दिरों के लिए चिताकर्शक कशीदाकारी वाली बंदनवार भी बनाते हैं जो एक लड़ी से लेकर पांच लड़ी तक के क्रम में बनती है तथा इसकी सुसज्जा वैष्णव पर्व-त्यौहारों पर की जाती है। ठाकुरजी के श्रृंगार सेवा में प्रयोगित सामग्री का निर्माण भी जरी व जरदोजी आदि पारम्परिक वस्त्रों से ही किया जाता हैं जिनसे कज्जा की टोपी, त्रिखूंट-कोण टोपी, ग्वाल की पाण, दुमाला, फेटा, गोल पाग, फेटा, ऐंटवा, वाग, चोली, सूघन व मोजड़ी आदि बनाए जाते हैं जिनका आकार-प्रकार व अलंकरण भी पारम्परिक तौर-तरीकों से ही किया जाता है।

इस नगर में प्रचलित वस्त्र छापाकंन कला परम्परा में लौकिक एवं सामाजिक महत्व को पिरोकर रखा है जिसमें कशीदाकारी, जरी, जरदोजी व सारण से बनी बण्डी, टोपी, चणिया-चोली आदी मुख्य रुप से दिखाई पड़ते है। बृज संस्कृति में प्रचलित टोपी का भी एक विशेष महत्व है जिसके उपरी भाग गोल और ऊँचाई आगे से कम तथा पीछे से ज्यादा होती है, यहां कलाकार के पास सिर के विभिन्न प्रकार के बने लकड़ी के थप्पे होते है जिनसे टोपी के आकार-प्रकार को रूपांकित कर सिलाई की जाती है।

नाथद्धारा नगर में प्रचलित वस्त्र छापांकन कला परम्परा जरी, जरदोजी, सारण तथा कसीदाकारी कला से बनी वृन्दावनी टोपी, बण्डी, चणिया-चोली आदि का भी लौकिक व सामाजिक महत्व रहा है। बृज संस्कृति से प्रेरित वृन्दावनी टोपी व उपरी भाग गोल और बाजू अर्थात ऊँचाई आगे से कम तथा पीछे से ज्यादा होती है। वस्त्र कलाकार के पास सिर के विभिन्न आकर में बने लकड़ी के थप्पे बने होते हैं, जिन पर ढोक कर वृन्दावनी टोपी की सिलाई की जाती है, जिसकी किनारी को दुसरे रंग के कपड़े से सुसजित किया जाता है। इसी प्रकार श्रीनाथजी मंदिर के सेवाधारीयों के लिए एक विशेष प्रकार की वेशभूषा पहनने की परम्परा बनी हूई है जिसे बण्डी कहा जाता है, यह शीतकाल में अधिक पहनने वाला वस्त्र है जिसे नगर के बृजवासीयों द्धारा पहना जाता है। बण्डी बिना बाह का जाकिटनुमा होता है जिसे पारम्परिक तरिके से बनाया जाता है, बण्डी में अस्तर के कपड़े के साथ ही रूई की एक परत को लगा कर चौकोर, गोल रूपाकार को सिलाई से अंकित कर दिया जाता है। बेहद कलात्मक तरिके से सिलाई कर बण्डी तैयार की जाती है जिसमें मुख्य रुप से भूरे, नीले और पीत रंग के सारण से बनती है। मन्दिर में सेवा के लिए वैष्णवजन चोली-चणिया वस्त्र का उपयोग करते हैं जो झांईदार सफेद सूती वस्त्र अथवा सन के धागों से बनाया जाता हैं। अपरस की सेवा करने वाली श्रृद्धालु महिलाएं इन्हें धारण करती हैं।

नाथद्धारा नगर में आज भी 100 से भी अधिक परिवार के लोग कसीदाकारी, सलमा, सितारा, पेचवर्क का कलात्मक कार्य करते हैं। आज भी इन पारम्परिक कलाओं को संरक्षित कर अपना जीवकोपार्जन कर रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बिजोय दत्ता, अप्रकाशित शोध ग्रंथ, मोहनलाल सुखाड़िया, विश्वविद्यालय, उदयपुर, पृ. 28
2. सिंह, अरविन्द कुमार, प्राचीन भारतीय मूर्तिकला एवं चित्रकला, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृष्ठ संख्या 93
3. हिरक जयन्ती, 1997, साहित्य मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 470
4. हिरक जयन्ती, 1997, साहित्य मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 472
5. हिरक जयन्ती, 1997, साहित्य मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 568
6. वैरागी, प्रभुदास, वि.सं. 2063, श्री नाथद्धारा का सांस्कृतिक इतिहास, मन्दिर मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 160
7. धमीजा, जसलीन, 1971, भारतीय लोक कला एवं हस्तशिल्प, नेशलन बुक ट्रस्ट इण्डिया, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 12
8. वैरागी, प्रभूदास, वि.सं. 2063, श्री नाथद्धारा का सांस्कृतिक इतिहास, मन्दिर मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 212
9. हिरक जयन्ती, 1997, साहित्य मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 566
10. वैरागी, प्रभुदास, वि.सं. 2063, श्री नाथद्धारा का सांस्कृतिक इतिहास, मन्दिर मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 210
11. हिरक जयन्ती, 1997, साहित्य मण्डल, नाथद्धारा, पृष्ठ संख्या 361

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जनजातीय युवाओं में राजनीतिक सहभागिता का स्तर

प्रियंका सालवी *

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – व्यक्ति का राजनीति का ज्ञान,जागरूकता का स्तर, राजनीतिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था के आधारभूत विशेषताओं के प्रति उसकी बोधगम्यता, अन्ततः शासन व्यवस्था में उसकी रूचि को प्रभावित करती है। अपने राजनीतिक परिवेश के संबंध में व्यक्ति को जिस प्रकार की सूचना प्राप्त होती है उसमें उसी के अनुरूप उसकी राजनीतिक अभिवृत्ति और प्रतिक्रिया का विकास होता है। राजनीतिक अभिज्ञान एकीकरण का वह माध्यम है जिसके द्वारा संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था में पारस्परिक अन्तः संबंद्धता का सूत्रपात होता है और व्यक्तियों, प्राथमिकताओं और दृष्टिकोण के निर्धारण द्वारा राजनीतिक व्यवस्था में सक्रियता की वृद्धि होती है। राजनीति में अनुसूचित जनजातीय सहभागिता बढ़ती हुई दृष्टिगोचर होती है। अनुसूचित जनजातियों में राजनीतिक सहभागिता को देश की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया का विस्तार कहा जा सकता है। यह प्रतीत होता है कि स्थानीय, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक मुद्दों के निर्धारण में जनजातियों की अपनी भूमिकायें है। वे इन मुद्दों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में जनजातीय सदस्य की राजनीतिक चेतना के स्तर में वृद्धि के लक्षणों को स्पष्टतया देखा जा सकता है। शहरी जनजातीय युवाओं की यह राजनीतिक चेतना प्रस्तुत अध्ययन का आधार स्तम्भ है।

जनजाति – जनजाति वह सामाजिक समुदाय है जो राज्य के विकास के पूर्व अस्तित्व में था या जो अब भी राज्य के बाहर हैं। जनजाति वास्तव में भारत के आदिवासियों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक वैधानिक पद है। भारत के संविधान में अनुसूचित जनजाति पद का प्रयोग हुआ है और इनके लिए विशेष प्रावधान लागू किये गए हैं। हाँबल के अनुसार[1] 'जनजाति एक ऐसा सामाजिक समूह है जो एक समान भाषा का प्रयोग करता है एवं जिसकी अपनी एक विशिष्ट संस्कृति होती है जो इसे दूसरे समूहों से अलग रूप से स्थापित करती है।' लिण्टन के अनुसार[2] 'साधारण रूप से जनजाति खानाबदोश जत्थों का एक समूह है जो एक मिले हुए भू-भाग पर रहता हो तथा जिसमें संस्कृति की अनेक समानताओं, अत्यधिक मित्रतापूर्ण संघर्ष और एक निश्चित सामूदायिक हितों पर आधारित हो।' जनजाति के लिए कुछ सामाजिक मानवशास्त्री और सामाजिक कार्यकर्ता आदिवासी शब्द का प्रयोग करते हैं। भारतीय संविधान के हिन्दी रूपान्त में भी शिड्यूल्ड ट्राइब्स का अनुवाद आदिम जाति शब्द द्वारा किया गया है। 1943 ई. में बैरियर एल्विन की पुस्तक एब्ओरिजिनल्स[3] प्रकाशित हुई। इसमें एल्विन ने जनजातियों को आदिवासी नाम से सम्बोधित किया है ये लिखते हें – तथा कथित 'आदिम जातिया जो अनुसूचित जातियों की बहुत बड़ी अंग है और जिन्हें जनगणनाओं में जीववादी कहा गया है तथा बहुत करके पिछड़ी हिन्दू जातियाँ है।' सामान्य संस्कृति का अनुसरण करते है।

लोकतंत्र का मार्क्सवादी सिद्धान्त – आम धारणा के विपरीत लोकतंत्र के विचार को मार्क्स और पश्चवर्ती मार्क्सवादी विचारकों ने भी स्वीकार कर लिया है। इतना अवश्य है कि उनकी लोकतंत्र-संबधी अभिधारणा पाश्चात्य उदारवादी लोकतांत्रिक अभिधारणाओं से पूर्णतः भिन्न है। चूंकि मार्क्सवादियों का मानना है कि पूंजीवादी व्यवस्था में लोकतांत्रिक अधिकार सही अर्थ में आम जनता के पास न होकर सिर्फ साधन-संपन्न वर्ग के हाथ में होता है, इसलिए वे एक ऐसे लोकतंत्र की स्थापना चाहते हैं जो 'जनता का लोकतंत्र' (पीपल्स डेमोक्रेसी) हो। मार्क्सवादी लोकतंत्र में उत्पादन के साधनों पर स्वामित्व को खत्म करने और सर्वहारावर्ग द्वारा अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने के पश्चात् समाजवादी लोकतंत्र की स्थापना होती है। जनजातीय युवा लोकतंत्र मार्क्सवादी विचार से अधिक सहमत प्रतीत होते है।

आन्दोलन एवं राजनीतिक सहभागिता – आदिवासियों के कई विद्रोह 1772 में बिहार में शुरू हुए थे, इसके बाद आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, मिजोरम और नागालैंड में कई विद्रोह हुए।उन्नीसवीं शताब्दी में विद्रोह में शामिल महत्वपूर्ण जनजातियाँ मिजोस (1810), कोल (1795 और 1831), मुंडा (1889), डैफलास (1875), खासी और गारो (1829), काचरिस (1839), संथाल (1853) थीं। मुरिया गोंड्स (1886), नागास (1844 और 1879), भुइया (1868) और कोंधस (1817) देसाई (1979), गफ (1974) और गुहा (1983) जैसे कुछ विद्धानों ने स्वतंत्रता के बाद आदिवासी आंदोलनों को किसान आंदोलनों के रूप में माना है, लेकिन केएस सिंह (1985) ने आदिवासियों के सामाजिक और राजनीतिक संगठन की प्रकृति के कारण इस तरह के दृष्टिकोण की आलोचना की है, उनके मुख्यधारा से सापेक्ष सामाजिक अलगाव, उनका नेतृत्व पैटर्न और उनकी राजनीतिक लामबंदी का तौर-तरीका।[4]

जनजाति उपयोजना क्षेत्र राजस्थान – राजस्थान में विशेषकर दक्षिणी राजस्थान के जनजाति उपयोजना क्षेत्र में आने वाले जिलों उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा के अलावा राजसमंद की कुंभलगढ़, चितौड़ की प्रतापगढ़, पाली जिले की देसुरी व बाली तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसीलों में आदिवासी इन क्षेत्र के वनों में बहुतायत में पीढ़ियों से रहते आये हैं। इतिहास में जाकर देखें तो पता चलेगा की मेवाड़ के महाराणा प्रताप के साथ उन्होंने हल्दीघाटी का युद्ध किया था, जो उदयपुर के एक पहाड़ी वन क्षेत्र का ही भाग है।

तत्कालीन मेवाड़ सरकार ने भी गोगुंदा क्षेत्र के सायरा इलाके के आदिवासियों हेतु वन क्षेत्र से आबादी तथा कृषि भूमि का प्रबंधन 1942 में किया था, यह हमें अभिलेखों से पता चलता है। अभिलेखों से यह भी पता चलता है कि इसी तरह वनों में निवास करने वाले आदिवासियों के हक-हकूक सूरक्षित रखे गये थे परन्तु आजादी के बाद वन अधिनियमों में इन हक-हकूक को नजरअंदाज कर आदिवासियों को वंचित रखा गया व जानकारियाँ दबाकर रखी गईं। इस क्षेत्र के भील, मीणा, गरासिया समुदाय के आदिवासी आज भी वन कानूनों तथा सरकार की नीतियों व वन विभाग के रवैये से समस्याग्रस्त हैं।

अल्प आवश्यकताओं में जीवन-यापन करने वाले आदिवासियों को आज प्राथमिक सुविधायें भी नहीं मिल रही हैं जिसके कारण उनका पिछड़ापन और अधिक गहराता जा रहा है। रोजगार की अनुपलब्धता, लगातार अकाल, वन भूमि से बेदखली, चौथ वसूली, रिश्वत, झूठे मुकदमे आदि संकटों ने इनको समाज के हासिये पर खड़ा कर दिया है। उन्हें फटेहाल, बदतर हालत में कर दिया है। उन्हें सभ्य समाज के लिये कौतूहल का विषय, सस्ते बेगारी मजदूरी के रूप में बदल दिया है। राजनैतिक पार्टियाँ इनके कँधों पर चढ़कर सत्ता में जाती हैं और लोकतंत्र का परचम लहराती हैं। आदिवासी इस लोकतंत्र को कायम रखने का सबसे सस्ता जरिया बन गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. जनजातीय युवाओं की वर्तमान राजनीति के सम्बन्ध में जानकारी, दृष्टिकोण और व्यवहार को जानना।
2. राजनीतिक सहभागिता के परिप्रेक्ष्य में शहरी जनजाति युवाओं का अध्ययन करना।

अध्ययन क्षेत्र – अध्ययन क्षेत्र हेतु राजस्थान के उदयपुर जिले का चयन किया गया है जिसमें शहरी क्षेत्र के युवाओं का अध्ययन किया गया हैं। उदयपुर जिले के अर्न्तगत सलुम्बर नगर परिषद क्षेत्र के युवाओं का अध्ययन किया गया हैं।

निदर्शन विधि – प्रस्तुत अध्ययन हेतु उद्धेश्यपूर्ण निदर्शन विधि का प्रयोग करते हुए जनजातीय युवा उत्तरदाताओं का चयन किया गया हैं। निदर्शन के अनुसार सलुम्बर नगर परिषद से 60 उत्तरदाताओं का चयन किया गया हैं जिसमें 30 युवक और 30 युवतियाँ हैं।

तथ्य संकलन विधि - प्रस्तुत अनुसंधान में प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोतों को काम में लिया गया हैं। प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु अवलोकन पद्धति के साथ साक्षात्कार-अनुसूची पद्धति का प्रयोग किया गया हैं।

प्रविधियाँ – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया हैं। साक्षात्कार अनुसूची का प्रायोगिक प्रयोग करते हुए प्रश्नों की महत्ता को जाँचा गया हैं। शहरी युवाओं के तथ्य नगर परिषद सलुम्बर के युवाओं से संकलित किए गए हैं।

आयु के अनुसार उत्तरदाता – सलुम्बर नगर परिषद में निवास करने वाले शहरी जनजातीय युवक-युवतियों का प्रतिशत में आयु के अनुसार विवरण दिया गया है जिसमें 33.3 प्रतिशत उत्तरदाता 18 से 20 वर्ष की आयु के हैं और 33.3 प्रतिशत उत्तरदाता 21 से 23 वर्ष की आयु के हैं एवं 15.0 प्रतिशत उत्तरदाता 24 से 26 वर्ष की आयु के हैं जबकि 18.3 प्रतिशत उत्तरदाता 27 से 30 वर्ष की आयु के हैं। अत: यह ज्ञात होता है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं का प्रतिशत 18 से 23 वर्ष की आयु का हैं।

स्थानीय निकायों की बैठकों में सभागिता – सलुम्बर नगर परिषद में निवास करने वाले शहरी जनजातीय के शहरी नीकाय की बैठकों में सहभागिता के बारे में विवरण दिया गया है। 9.2 प्रतिशत युवा नीकाय की बैठकों में सदैव जाते हैं और 9.2 प्रतिशत युवा नीकाय की बैठकों में स्वयं के हितों के लिए जाते हैं एवं 12.5 प्रतिशत युवा नीकाय की बैठकों में कभी-कभी जाते हैं जबकि 9.2 प्रतिशत युवा नीकाय की बैठकों में कभी नहीं जाते हैं। अत: यह स्पष्ट होता है कि अधिक प्रतिशत में जनजातीय युवा स्थानीय नीकाय की बैठक में सहभागिता नहीं दिखाते।

राजनैतिक सभागिता का प्रमुख मुद्धा – सलुम्बर नगर परिषद में निवास करने वाले शहरी जनजातीय युवाओं के राजनीतिक सहभागिता के प्रमुख मुद्धों का प्रतिशत में विवरण दिया गया है। 17.5 प्रतिशत युवाओं का राजनीतिक सहभागिता का प्रमुख मुद्धा शिक्षा की उपलब्धता हैं और 10.8 प्रतिशत युवाओं का राजनीतिक सहभागिता का प्रमुख मुद्धा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता हैं एवं 9.2 प्रतिशत युवाओं का राजनीतिक सहभागिता का प्रमुख मुद्धा आवास की उपलब्धता हैं जबकि 62.5 प्रतिशत युवाओं का राजनीतिक सहभागिता का प्रमुख मुद्धा नौकरियों में आरक्षण हैं। अत: यह ज्ञात होता है कि अधिक प्रतिशत में जनजातीय युवाओं का राजनीतिक सहभागिता का प्रमुख मुद्धा नौकरियों में आरक्षण हैं।

दलीय प्रचार एवं आन्दोलन के द्धारा सहभागिता – सलुम्बर नगर परिषद में निवास करने वाले शहरी जनजातीय युवाओं के दलीय प्रचार एवं आन्दोलन के द्धारा सहभागिता का विवरण दिया गया है। 28.3 प्रतिशत जनजातीय युवाओं ने आन्दोलन के द्धारा सहभागिता दी हैं और 30 प्रतिशत जनजातीय युवा दलीय प्रचार एवं आन्दोलन की सहभागिता पर तटस्थ रहें हैं एवं 37.5 प्रतिशत जनजातीय युवाओं ने दलीय प्रचार एवं आन्दोलन के द्धारा सहभागिता पर असहमति दी हैं जबकि 4.2 प्रतिशत जनजातीय युवाओं द्धारा दलीय प्रचार एवं आन्दोलन के द्धारा सहभागिता पर पूर्ण असहमति दी हैं। अत: यह स्पष्ट होता है कि में जनजातीय युवाओं का अधिक प्रतिशत दलीय प्रचार एवं आन्दोलन में विश्वास नहीं रखता हैं।

राजनीतिक सहभागिता - सलुम्बर नगर परिषद में निवास करने वाले शहरी जनजातीय युवाओं के राजनीतिक सहभागिता के विभिन्ना पहलुओं पर विवरण दिया गया है। 100 प्रतिशत युवक एवं 100 युवतियों ने मतदान के अधिकार का उपयोग किया हैं। 8 प्रतिशत युवक एवं 38.3 प्रतिशत युवतियों ने राजनीतिक दल की सदस्यता ले रखी हैं। 15 प्रतिशत युवक एवं 10 प्रतिशत युवतियाँ राजनीतिक पत्र/पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। 86.7 प्रतिशत युवक एवं 76.7 प्रतिशत युवतियाँ राजनीतिक खबरे देखते हैं। 90 प्रतिशत युवक एवं 96.7 प्रतिशत युवतियाँ नेताओं के भाषण सुनते हैं। 100 प्रतिशत युवक एवं 100 प्रतिशत युवतियाँ राजनीतिक घटनाओं पर समूह चर्चा करते हैं। 100 प्रतिशत युवक एवं 100 प्रतिशत युवतियाँ मतदान हेतु साथियों को प्रेरित करते हैं। 85 प्रतिशत युवक एवं 35 प्रतिशत युवतियाँ मतदान पर गोपनियता और स्वनिर्णय लेते हैं। 65 प्रतिशत युवक एवं 58.3 प्रतिशत युवतियाँ परिवार के मतदान को प्रभावित करते हैं। 0 प्रतिशत युवक एवं 0 प्रतिशत युवतियाँ समाजिक अंकेक्षण में भाग लेते हैं। 3.3 प्रतिशत युवकों ने सूचना के अधिकार का उपयोग किया हैं।

निष्कर्ष – 100 प्रतिशत युवक एवं युवतियों ने मतदान के अधिकार का उपयोग किया हैं और 8 प्रतिशत युवक एवं 38.3 प्रतिशत युवतियों ने राजनीतिक दल की सदस्यता ले रखी हैं तथा 15 प्रतिशत युवक एवं 10 प्रतिशत युवतियाँ राजनीतिक पत्र/पत्रिकाएँ पढ़ते हैं जबकि 86.7 प्रतिशत

युवक एवं 76.7 प्रतिशत युवतियाँ राजनीतिक खबरे देखते हैं। 90 प्रतिशत युवक एवं 96.7 प्रतिशत युवतियाँ नेताओं के भाषण सुनते हैं। 100 प्रतिशत युवक एवं युवतियाँ राजनीतिक घटनाओं पर समूह चर्चा करते हैं और मतदान हेतु साथियों को प्रेरित करते हैं। 85 प्रतिशत युवक एवं 35 प्रतिशत युवतियाँ मतदान पर गोपनियता रखते है और स्वनिर्णय लेते हैं। 65 प्रतिशत युवक एवं 58.3 प्रतिशत युवतियाँ अपने परिवार के मतदान को भी प्रभावित करते हैं। समाजिक अंकेक्षण में किसी भी युवा ने आज तक भाग नहीं लिया हैं लेकिन 3.3 प्रतिशत युवकों ने सूचना के अधिकार का उपयोग किया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Hoebel, Adamson, E. (1978). The cheyennes. Belmont, california : Wadsworth group/Thomson Learning.
2. Linton, R. (1945), "The since of man in world crises", Columbia University Press
3. वेरियर एल्विन, 'दी एबोरिजिकाल्स' 1943, ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी, बम्बई, पृ. 7-11
4. https://www.historydiscussion.net/inhindi/essay/tribal-movements-in-india/1797

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

व्यापारियों द्वारा प्रयोग में लायी जाने वाली बैंकिंग संबंधी लेखांकन प्रवृत्तियों का प्रबन्धकीय अध्ययन

डॉ. आशीष सिंह *

* सहायक प्राध्यापक, महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, नागौद, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान युग कम्प्यूटर का युग है, ई-कामर्स के कारण आज घर बैठे हम देश-विदेश से बहुत ही आसानी से सामान खरीद या बेच सकते हैं। ऐसे में भुगतान का माध्यम बैंक होता है तथा आयकर अधिनियम के अनुसार दस हजार रूपये से अधिक का लेन- देन अस्वीकृत माना गया है, इसलिए व्यापारियों को ज्यादातर लेन-देन बैंक के माध्यम से करना चाहिये। इससे लेन-देनों में पारदर्शिता रहती है, तथा भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रमाण के रूप में भी यह कार्य करता है। यह लेन-देन का सबसे आसान, सुलभ एवं वैधानिक माध्यम है। बैंक के माध्यम से किये गये लेन-देनो को कैश बुक से मिलान करने के लिए बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार किया जाता है, जिसके माध्यम से हम कैश बुक में आये परिवर्तनों को बैंक पास-बुक से मिलान करके जांच कर सकते हैं।

बैंकिंग विधि एवं व्यवहार संबंधी जानकारी – औद्योगिक एवं वाणिज्यिक युग में अधिकांश लेन-देन बैकों के माध्यम से किया जाता है। आयकर अधिनियम के प्रावधान के अनुसार दस हजार रूपये से ज्यादा का नकद भुगतान स्वीकृत भुगतान नहीं माना जाता है। अत: ऐसी स्थिति में बैंकिंग संबंधी लेन-देनों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। रोकड़ जमा करना, चैक के माध्यम से भुगतान करना, जरूरत पड़ने पर ऋण प्राप्त करना, ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करना, विनिमय-विपत्र जारी करना, बैंकिंग संबंधित गतिविधियों का प्रमुख हिस्सा है। व्यापारियों द्वारा वर्तमान समय में बैंकिंग संबंधी लेन-देन चैक के माध्यम से किये जाते हैं। इसके अंतर्गत व्यापारियों द्वारा निम्न प्रकार के चैक प्रयोग में लाये जाते हैं :-

रेखांकित चैक (Cross Cheque) – जब किसी चैक के मुख्य पृष्ठ पर दो तिरछी समानान्तर रेखाएं खींच दी जाती हैं, तो ऐसे चैक को रेखांकित चैक कहा जाता है। इस चैक को एकाउण्ट पेयी चैक के नाम से भी जाना जाता है। इस चैक का भुगतान जिस व्यक्ति या व्यवसाय के नाम चैक जारी किया गया है, उस व्यक्ति के खाते में किया जाता है।

वाहक चैक (Bearer Cheque) – इस चैक का भुगतान जिस व्यक्ति के नाम चैक काटा जाता है, उस व्यक्ति के खाते में न होकर कैश माध्यम से किया जाता है। बैंक द्वारा इस चैक के प्राप्त होने पर यह नहीं देखा जाता है कि चैक की राशि का भुगतान प्राप्त करने वाला व्यक्ति वही है या नहीं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से इस प्रकार के चैक को सुरक्षित नहीं माना जाता है।

माइकर चैक (MICR Cheque) – वर्तमान युग कम्प्यूटर का युग है। व्यापारी बैंकिंग संबंधी लेन-देन में कम्प्यूटर का प्रयोग करने लगा हैं। सुरक्षा की दृष्किोण से इस प्रकार के प्रिंटेड चैक अन्य चैक की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित माने गये हैं। वर्ष 2000 में सभी बैकों ने MICR चैक को जारी करना अनिवार्य कर दिया था, इस चैक के अंतर्गत विशेष प्रकार की स्याही का प्रयोग किया जाता है। इस स्याही से चैक में शाखा का नाम और कोड अंकित रहता है। मैगनेटिक इंक होने के कारण कम्प्यूटर इस चैक से संबंधित कोड को पढ़ लेता है।

चैक अनादरण के प्रमुख कारण – व्यापारियों या ग्राहकों द्वारा जारी किया गया चैक कभी-कभी बैंक द्वारा वापस कर दिया जाता है, चैक वापस करने के कारण निम्नलिखित हैं :-

1. चैक के अंदर प्राप्तकर्ता व्यक्ति का नाम स्पष्ट न होने पर।
2. रेखांकित चैक होने की स्थिति में यदि चैक में लिखे गये व्यक्ति का खाता किसी भी बैंक में न हो, तो बैंक द्वारा चैक वापस कर दिया जाता है।
3. चैक के अंदर लिखी गई राशि अंकों और शब्दों में अंतर होने पर।
4. जारी किये गये व्यक्ति द्वारा चैक पर किया गया हस्ताक्षर बैंक खाते से मिलान न होने पर।
5. चैक जारी करने वाले व्यक्ति के खाते में पर्याप्त राशि न होने पर।
6. चैक पुरानी तिथि का जारी किये जाने पर यदि तिथि की समाप्ति हो गई हो तो बैंक द्वारा चैक का भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. चैक कटा-फटा होने पर।
8. चैक जारी करने वाले व्यक्ति द्वारा चैक की राशि का भुगतान न करने संबंधी सूचना बैंक को देने पर।

शोध प्रविधि – शोध कार्य में सभी प्रकार के पंजीकृत एवं अपंजीकृत व्यापारिक निकाय जैसे कम्पनी, थोक एवं फुटकर विक्रेता, संगठन को उत्तरदाता के रुप में चयनित किया गया। शोध अध्ययन में कुल 200 व्यापारियों के व्यापारिक प्रतिष्ठान का चयन यादृच्छिक निर्दशन (Random Sampling) विधि से सतना जिले से किये गये, जिसका वर्गीकरण इस प्रकार है।

टर्नओव्हर रुपयों में(वार्षिक)	चयनित व्यापारिक निकायों की संख्या
5 करोड़ के ऊपर के	50
1-5 करोड़	50
50 लाख - 1 करोड़	50
50 लाख या उससे कम	50
योग	200

साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से उत्तर प्राप्त किये गये, प्राप्त उत्तर का

सारणीयन करके परिणाम प्राप्त किये गये। अध्ययन विषय से संबंधित उपक्रमो, व्यापारियो, व्यापारिक संगठनो के पास उपलब्ध आँकड़ो को एकत्रित कर उनका सारणीयन,वर्गीकरण एवं विश्लेषण करके तुलनात्मक अध्ययन करते हुए,प्रस्तुतीकरण किया गया। अंतत: सारणीयन तथा विष्लेषण के आधार पर एवं अध्ययन संबंधित निष्कर्षो के आधार पर ,सुझाव प्रस्तुत किया गया।

शोध –पत्र का उद्देश्य – सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किए जा रहे हैं, कि व्यापारियों द्वारा अधिकांश लेन–देन डिजिटल माध्यम से किये जाए, इस कार्य में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।प्रस्तुत शोध के उद्देश्य किस प्रकार हैं।

1. व्यापारियों से बैंकिंग संबंधी लेन–देन की जानकारी प्राप्त करना।
2. बैंक समाधान विवरण–पत्र संबंधी लेखांकन प्रवृत्तियों की जानकारी का अध्ययन करना।
3. भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं डिजिटल पेमेंट सिस्टम पर व्यापारियों की भागीदारी का अध्ययन करना।
4. लघु एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों के मध्य बैंक संबंधी लेन–देन के महत्व पर प्रकाश डालना।

बैंक समाधान विवरण संबंधी अनियमितता – आयकर अधिनियम के अनुसार, दस हजार रूपये से ज्यादा का भुगतान अस्वीकृत माना जाता है। व्यापारियों द्वारा अधिकांश लेन–देन बैकों के माध्यम से किया जाना चाहिये। बैंक के माध्यम से किया गया लेन–देन विवाद की स्थिति में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। बैंक समाधान विवरण के अंतर्गत, व्यापारी द्वारा तैयार की गई कैश–बुक को बैंक के पास–बुक के साथ मिलान किया जाता है तथा दोनो की अंतर की राशि को बराबर करने का प्रयास किया जाता है। यदि व्यापारी द्वारा बैंक समाधान विवरण–पत्र संबंधी कार्यों में अनियमितता बरती जाती है,तो भविष्य में निम्न समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है :–

1. मध्यम एवं बड़े व्यापारियों द्वारा ज्यादातर लेन–देन बैंक के माध्यम से किया जाता है। अत: व्यापारी को यह जानकारी होनी चाहिये, कि उसके द्वारा जो भुगतान चैक के माध्यम से किये गये हैं, बैंक द्वारा उसका भुगतान कर दिया गया है, कि नहीं। बैंक समाधान विवरण से यह जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है।
2. बैंक समाधान विवरण तैयार करने से कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली हेरा–फेरी एवं कपट को रोका जा सकता है।
3. बैंक समाधान विवरण–पत्र के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त होती है, कि व्यापारी द्वारा जो कैश–बुक तैयार की गई है, वह सही है कि नहीं।
4. व्यापारियों द्वारा नियमित बैंक समाधान विववरण–पत्र तैयार न करने की स्थिति में वित्तीय संबंधी अनियमितता का सामना करना पड़ सकता है।
5. बैंक समाधान विवरण–पत्र के द्वारा वास्तविक प्राप्तियों एवं भुगतानों की जानकारी प्राप्त हो जाती है, जो भविष्य की योजनाएं बनाने में सहायता प्रदान करती हैं।
6. कैश–बुक को बैंक पास–बुक से मिलान करने पर कैश–बुक संबंधी लेन–देन जो छूट गये हैं, उन्हें सुधारा जा सकता है।

बैंकिंग व्यवहार के अन्तर्गत जब कोई व्यक्ति बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु संपर्क करता है, तो बैंक उसके बहीखातों की जांच करता है, उसके पिछले कुछ वर्षो के लाभ–हानि खाते एवं चिट्ठे की प्रतियों की मांग करता है, संतुष्ट होने पर ही उसे ऋण प्रदान करता है। इसलिए हर व्यापारी को लेखांकन संबन्धी पुस्तके व्यवस्थित तरीके से निर्धारित प्रारुप में, नियमानुसार रखनी चाहिए।

बैंक समाधान विवरण। पत्र तैयार करना तालिका क्रमांक – 01 (अंतिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 01 से यह स्पष्ट है कि 5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर के हर व्यापारी द्वारा बैंक समाधान विवरण तैयार किया
जाता है।

1 करोड़ से 5 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 96 प्रतिशत बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करते हैं और 4 प्रतिशत व्यापारी तैयार नहीं करते हैं।

50 लाख से 1 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 36 प्रतिशत व्यापारी बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करते हैं,जबकि 64 प्रतिशत व्यापारी तैयार नहीं करते हैं।

50 लाख या इससे कम के वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 20 प्रतिशत व्यापारी बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करते हैं तथा 80 प्रतिशत व्यापारी तैयार नहीं करते हैं।

छोटे एवं मध्यम वर्ग के ज्यादातर व्यापारियों द्वारा बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार नहीं किया जाता है।

बैंकिंग संबंधी लेन–देन का भार :– तालिका क्रमांक – 02 (अंतिम पृष्ठ पर देखें)

तालिका 02 से यह स्पष्ट है कि 5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर के कुल व्यापारियों में से 32 प्रतिशत बैकिंग संबंधी लेन–देन लेखापाल द्वारा एवं 68 प्रतिशत व्यापारिक प्रतिष्ठान में रोकड़िये द्वारा बैंकिंग संबंधी लेन–देन किया जाता है।

इसी प्रकार 1 करोड़ से 5 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 8 प्रतिशत व्यापारी व्यापारिक प्रतिष्ठान में व्यापारी द्वारा स्वयं, 24 प्रतिशत में लेखापाल द्वारा, 48 प्रतिशत में रोकड़िये द्वारा एवं 20 प्रतिशत में कोई निश्चित नहीं, के द्वारा बैकिंग लेन–देन किया जाता है।

50 लाख से 1 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 68 प्रतिशत व्यापारिक प्रतिष्ठान में व्यापारी द्वारा स्वयं, 4 प्रतिशत में लेखापाल द्वारा, 8 प्रतिशत में रोकड़िये द्वारा एवं 20 प्रतिशत में कोई निश्चित नहीं है, के द्वारा बैकिंग संबंधी लेन–देन किया जाता है।

50 लाख या इससे कम के वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 76 प्रतिशत व्यापारी द्वारा स्वयं एवं 24 प्रतिशत में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बैंकिंग संबंधी लेन–देन किया जाता है।

बैकिंग संबंधी लेन–देन रोकड़िये द्वारा किया जाना उपयुक्त माना जाता है।

बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करने का भार तालिका क्रमांक – 03 (अंतिम पृष्ठ पर देखें)

तालिका 03 में बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करने वाले 126 व्यापारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 42.86 प्रतिशत व्यापारी स्वयं बैंक समाधान विवरण–पत्र तैयार करते हैं, 50.80 प्रतिशत व्यापारी अपने लेखापाल से विवरण–पत्र तैयार करवाते हैं एवं 6.34 प्रतिशत व्यापारी अन्य

विशेषज्ञों से विवरण-पत्र तैयार करवाते हैं।

बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करने की औसत अवधि तालिका क्रमांक - 04 (अंतिम पृष्ठ पर देखें)

तालिका 04 में बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करने वाले 126 व्यापारियों में से 34.92 प्रतिशत व्यापारी मासिक, 46.03 प्रतिशत व्यापारी त्रैमासिक, 3.18 प्रतिशत व्यापारी छ:मासिक एवं 15.87 प्रतिशत व्यापारी वार्षिक बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करते हैं।

सीमित क्षेत्र के अधिकांश व्यापारी वार्षिक या छ:मासिक बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करते हैं।

बैंक संबंधी लेन-देन का प्रतिशत तालिका क्रमांक - 05 (अंतिम पृष्ठ पर देखें)

तालिका 05 से यह स्पष्ट है कि 5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 4 प्रतिशत व्यापारी 0-29 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं, 40 प्रतिशत व्यापारी 30-60 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं जबकि 56 प्रतिशत व्यापारी 61-100 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं।

इसी प्रकार 1 करोड़ से 5 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 20 प्रतिशत व्यापारी 0-29 प्रतिशत, 36 प्रतिशत व्यापारी 30-60 प्रतिशत, 44 प्रतिशत व्यापारी 61-100 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं।

50 लाख से 1 करोड़ के मध्य वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 80 प्रतिशत व्यापारी 0-29 प्रतिशत, 20 प्रतिशत व्यापारी 30-60 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं।

50 लाख या इससे कम के वार्षिक टर्नओव्हर के व्यापारियों में से 92 प्रतिशत व्यापारी 0-29 प्रतिशत एवं 8 प्रतिशत व्यापारी 30-60 प्रतिशत लेन-देन बैंक के माध्यम से करते हैं।

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे डिजिटल पेमेंट सिस्टम को अभी भी व्यापारियों द्वारा पूरी तरह से अपनाया नहीं गया है।

निष्कर्ष :

1. भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं डिजिटल पेमेंट सिस्टम को अभी भी व्यापारियों द्वारा अपनाया नहीं गया है।
2. बैंक संबंधी लेन-देन के मामले में आज भी व्यापारी नकद लेन-देन की ओर ज्यादा आकर्षित होता है।
3. लघु एवं मध्यम वर्ग के अधिकांश व्यापारियों द्वारा बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार नहीं किया जाता है।
4. लघु एवं मध्यम वर्ग के अधिकांश व्यापारियों द्वारा स्वयं बैंकिंग संबंधी कार्य किये जाते है।
5. सीमित व्यापार क्षेत्र के अधिकांश व्यापारी वार्षिक या छ:मासिक बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करते हैं।

सुझाव :

1. बैंक समाधान विवरण-पत्र हर वर्ग के व्यापारियों द्वारा अनिवार्य रूप से तैयार किया जाना चाहिये, जिससे लेखांकन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आ सके।
2. सरकार द्वारा डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए।
3. बैंकिंग संबंधी अधिनियमों की जानकारी हर व्यापारियों को हो, इसके लिए जन-जागरूपता अभियान चलाया जाना चाहिए।
4. बैंकिंग संबंधी लेन-देन प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा ही किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1. चतुर्वेदी सी.एल.(2012),'लेखाशास्त्र' बुक, महाबीर पब्लिकेशन, दिल्ली।
2. वर्मा निशा(2003),'वित्तीय लेखांकन' बुक, नकोडा शिक्षा साहित्य पब्लिकेशन इन्दौर।
3. अग्रवाल महेश(2017),'वित्तीय लेखांकन' बुक, रामप्रसाद एण्ड संस भोपाल।
4. बोरा अतुल (2001),'व्यापारियों में लेखांकन संबंधी ज्ञान एवं जागरूकता', शोध-प्रबंध।
5. बड़जात्या एम.सी.(2001),'बहीखाता' हायर सेकण्ड्री बुक, शिवलाल अंग्रवाल एण्ड संस आगरा।
6. Galball Douglas(2009), "Accounting Foundations" Book, Pit man Publishing Ltd. Landon .
7. Willium Niven & Anka Ohmen(2007),"Accounting Procedure" Book, Prentice Hall of India (P) Ltd. New Delhi .

तालिका क्रमांक - 01 बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करना

व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत

बैंक समाधान विवरण -पत्र तैयार किया जाता है	5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर		1-5 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख से 1 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
हाँ	50	100	48	96	18	36	10	20
नहीं	0	0	2	4	32	64	40	80
कुल	50	100	50	100	50	100	50	100

बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करना



तालिका क्रमांक - 02 बैंकिंग संबंधी लेन-देन का भार

व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत

पक्षकार	5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर		1-5 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख से 1 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
स्वयं के द्वारा	0	0	4	8	34	68	38	76
लेखापाल	16	32	12	24	2	4	0	0
रोकड़िये	34	68	24	48	4	8	0	0
कोई निश्चित नहीं	0	0	10	20	10	20	12	24
योग	50	100	50	100	50	100	50	100

बैंकिंग संबंधी लेन-देन का भार



तालिका क्रमांक - 03 बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करने का भार

विवरण-पत्र तैयार करने का भार	व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत	
	संख्या	प्रतिशत
स्वयं	54	42.86
लेखापाल	64	50.80
अन्य विशेषज्ञ	8	6.34
योग	126	100

बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करने का भार



तालिका क्रमांक - 4 बैंक समाधान विवरण-पत्र तैयार करने की औसत अवधि

औसत अवधि	व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत	
	संख्या	प्रतिशत
मासिक	44	34.92
त्रैमासिक	58	46.03
छ:मासिक	4	3.188
वार्षिक	20	15.87
योग	126	100



तालिका क्रमांक - 05 बैंक संबंधी लेन-देन का प्रतिशत

व्यापारियों की संख्या एवं प्रतिशत

बैंक संबंधी लेन-देन का प्रतिशत	5 करोड़ के ऊपर वार्षिक टर्नओव्हर		1-5 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख से 1 करोड़ तक वार्षिक टर्नओव्हर		50 लाख या उससे कम वार्षिक टर्नओव्हर	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
0-29	2	4	10	20	40	80	46	92
30-60	20	40	18	36	10	20	4	8
61-100	28	56	22	44	0	0	0	0
योग	50	100	50	100	50	100	50	100

बैंक संबंधी लेन-देन का प्रतिशत



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Dalit Consciousness in Indian Writing in English

Mr. Surander Soni*

***Research Scholar, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA**

Introduction - Indian writing in English, still considered as elite and esoteric brand of literature even after more than two hundred years of its existence, has had its share of emphatic writings on Dalits, though not in a big way. Dalit aspect has yet to take the shape of movement in Indian English literature. Moreover, there has been hardly any attempt to either chronicle the development of Dalit empathy or make critical evaluations of individual works from Dalit perspective by our scholars.

Indian novel in English became more socially relevant after the advent of Gandhian mass movements in the 1930s. Nearly all the major novelists of the post Independence era started writing in the 1930s. The publication of Anand's first novel Untouchable (1935) is a landmark in the history of Indian novel in English because of its ideological involvement with the Gandhian movement for the uplift of the so-called Asprishya or Untouchables design nated as Harijans by the Mahatma Gandhi, and their assimilation in the mainstream of the Indian society. Anand met Mahatma Gandhi in 1932 and spent some days in his Ashram. During his stay in the Ashram, he completed Untouchable, his maiden novel. The novel already a classic in the Indian English literature describes one single day in the life of Bakha, an untouchable boy. In the process, it presents before the reader the vicissitudes in the life of such marginalized people in the traditional framework of her social hierarchy. Untouchable is perhaps the major fictional representation of the Dalit/Untouchable issue in Indian literatures. It may also be acknowledged that, Anand's Untouchable was the first major Indian work on Dalits which drew instead attention from heterogeneous constituency of readers. More importantly, Anand continued his authorial involvement with the issues related to the marginalized/ oppressed in many of his later works, especially in novels like Coolie (1936) Two Leaves and a Bud (1937), The Old Woman and the Cow (1960) and The Road (1961)

'Why we don't have enough Dalit literature?' is not a difficult question to answer. First, a large part of the available literature is still being, written by an enlightened minority of Dalit origin. Secondly larger portion of Dalit literature has confined to bhasha literatures. Thirdly, literatures of Dalit awareness/ empathy written by non-Dalit writers have been unacceptable to people of certain quarters. Agreed, a majority of Dalits cannot read Dalit literature. Besides, in most of the literatures of India including Indian English literature, the pioneering writers of Dalit empathy are the non-Dalit writers like Premchand, Mulk Raj Anand, Padmini Sengupta, Tare Sherka, Bandopadhyay, Gopinath Mahanty, Kanhu Charan Mohanty, Babani Bhatacharya, K. Shivram Karanth, T. Shivshankar Pillai, S. Menon Marath, Mahashweta Devi, Parashuran Mund, Rajendra Awasthi, Shashi Deshpande, Pratibha Roy, Arundhati Roy, Shashi Warrier, etc. Creative writers are normally responsive and rational individuals, free from parochial concerns and prejudices. Let there be no distinction between Dalits and non-Dalits as far as writing is concerned.

भिल्लसाय युद्ध (अक्टूबर 1857) – रणमत सिंह अंग्रेजो का काल सिद्ध हो रहे थे। और अंग्रेज विरोधी भावना से कूट-कूट कर भर गये थे। अजीत सिंह घुड़सवारी की एक बड़ी सेना लेकर आजमगढ़ की सेना पर टूट पड़ा और आजमगढ़ की तोपों के मुह ठूसकर तोपो को बेकार कर दिया लेकिन तोपो के मुह मे बास डालते समय ही अजीत सिंह को तोप के गाले मे बुरी तरह से घायल कर दिया जिससे वे वीरगति को प्राप्त हुये। इस प्रकार अजीत सिंह की सहायता से रणमत को युद्ध क्षेत्र मे काफी राहत मिली थी। इस युद्ध से आजमगढ़ का सेनापति केशरी सिंह मारा गया। और रणमत सिंह को भी अपनी जीवन रक्षा हेतु घायल होकर भागना पड़ा था। इस भगदड़ मे रणमत सिंह की तलवार जिसकी भूँख पर तलवार रणमत सिंह बघेला खुदा हुआ था। जो की युद्ध स्थल मे ही छूट गई थी। जो केशरी सिंह के वंशजों के पास अभी सुरक्षित है।

इस भिल्लसाय युद्ध मे रणमत सिंह को रीवा, कोठी के अलाव बमुरहा के परिवार नागौद विद्रोही सैनिको तथा जसो के जागरीदार की सेना का भी सहयोग प्राप्त हुआ था। जसो के जागीरदार द्वारा रणमत सिंह के नाम नम्बर 1857 को लिखा पत्र प्राप्त हुआ है। यह पत्र ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है किसी भी म्यूजियम को इसे रखने में गर्व से अनुभूति होगी इसी पत्र मे यह सब साबित होता है। कि जसो जागीरदार था, वह रणमत सिंह का विश्वस्त सहयोगी था।

रणमत सिंह की गतिविधियों बॉदा की ओर.....

भिल्लसाय युद्ध के पश्चात् रणमत सिंह ने अपनी अंग्रेज विरोधी गतिविधियॉ बॉदा क्षेत्र की ओर तेज करना प्रारम्भ की ओर शीघ्र ही बॉदा जिले के दो परगने छीबू एवं टरहुआ को पूर्ण रूपेण लिया इन क्षेत्रों मे मुख्य क्रान्तिकारी के रूप मे रीवा के सरदार रणमत सिंह धीर सिंह पंजाब सिंह और कर्वी के नारायण राव का दीवान राधागोविन्द का नाम उल्लेखनीय है, इन क्रान्तिकारियों को कोठी व सोहावल के राजाओं तथा कालिंजर के चौबो को भी मदद से प्राप्त की थी। सितम्बर 1858 तक के बिग्रेडियन कारपेन्टर ने डीबू परगने को भी क्रान्तिकारियों से मुक्त करवा दिया।

अंग्रेज रणमत सिंह की गोरिल्ला युद्ध पद्धति से भय खाते थे और नौगांव अभी रणमत सिंह ने उन्हे भयंकर परेशानी मे डाल रखा भिल्लसाय युद्ध के समय की रणमत को यह सूचना मिल गई थी कि नौगॉव मे भी विद्रोह हो गया। अत: वे अपने दलबल के साथ मौका पाते ही वहॉ पहुंचकर ऐजेन्सी को लूट लिया।

1857 ई. मे अंग्रेजो ने भी इसे सनद देकर एकराज्य स्वीकार कर लिया था। यह राज्य 1857 के विद्रोह का एक सक्रिय केन्द्र था।

इस राज्य के पिडरा गॉव के बाग मे रणमत सिंह के समक्ष दो अंग्रेज अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। जिसके परिणाम स्वरूप अंग्रेजो ने इस गॉव पर आक्रमण करके कई लोगों को गोलियों से भून दिया तथा गॉव को लूट कर आगजनी की रणमत सिंह इस घटना को सुनते ही बरौधा पहुंचे और हतोत्साहित क्रांतिकारियों का उत्साहवर्धन करके उन्हे संगठित बने रहने का परामर्ष दिया। तत्पष्चात् वे चित्रकूट की ओर प्रस्थान कर गये।

डभौरा- युद्ध – डभौरा का युद्ध भी इतिहास प्रसिद्ध है जिस समय रणमत सिंह बिरसिंहपुर के जंगलो मे छिपे हुए थे उस समय इन्हे खबर मिली की डभौरा जिला रीवा मे हनुमान प्रसाद भूमिहार ब्राम्हण के नेतृत्व मे विद्रोहियो का एक अच्छा दल संगठित हो रहा है। अत: उसकी मदद के लिये वे शीघ्र ही डभौरा पहुंच गये। वहॉ का प्रमुख क्रांतिकारी नेता रणजीत सिंह दीक्षित ने रणमत सिंह को अपनी गढ़ी मे ठहरा कर काफी स्वागत सत्कार किया लेकिन वहॉ रणमत सिंह बॉदा की अंग्रेज फौज द्वारा घेर लिया गया। दोनो के मध्य घन-घोर युद्ध हुआ इसी बीच इनका पीछा करती हुई नौगॉव की अंग्रेज फौज पहुंच गई इससे अंग्रेजो का पलड़ा भारी हो गया फिर भी देश प्रेमी पीछे नही हटे और लगातार युद्ध मे रणजीत राय लड़ते-लड़ते देश के लिये बलिदान हो गये।

रणमत सिंह की गिरफ्तारी एवं फॉसी.....

सारे विद्रोहियो के शांत होने के बाद ठाकुर रणमत सिंह शायद सबसे ज्यादा समय (3 वर्ष) तक लगातार विद्रोहियों के गतिविधियों मे सक्रिय रहें। इनके नागौद भिल्लसाय चित्रकूट नौगॉव और क्योटी के भीषण युद्धो को देखकर कंपनी सरकार थर्रा गई उनके दिल मे रणमत सिंह का आंतक छा गया उन्हे गिरफ्तार करने का हर समय प्रयास किया किन्तु असफल रहे। तब उन्होने राजा रघुराज सिंह पर रणमत सिंह के गिरफ्तारी की बलात् जिम्मेदारी लाद दी गई साथ ही राजा को यह धमकी दी गई अगर वह रणमत सिंह को गिरफ्तार करने मे असफल होता है, तो उसे गद्दी से बेदखल कर दिया जायेगा।

अत: गद्दी छिन जाने के डर से रघुराज सिंह ने शीघ्र ही एक पत्र लिखकर रणमत सिंह को अपनी मद्द के नाम पर रीवा बुलवा लिया इस समय रघुराज सिंह इतना डर गये थे कि उन्होने गुप्त रूप से रणमत सिंह की मॉ से वे सभी गुप्त पत्रों केा जला देने व वापस करने के लिये कहा था जो उन्होने विद्रोहियों के सहयोग और समर्थन मे पत्र लिखे थे।

अत: रणमत सिंह ने अपनी मातृभूमि के ऊपर खतरा देखकर तुरन्त रीवा आ गये रीवा पहुंचने की सूचना दीवान दीनबन्धु जो पहले से ही रणमत सिंह बैमनस्य रखता था। आसबर्न के पास सूचना भेजकर रणमत सिंह को गिरफ्तार करवा दिया। तदुपरांत इन्हे बॉदा ले जाया गया जहॉ अंग्रेजो ने न्याय का नाटक करके 1860 मे इस बीर सपूत को फॉसी पर लटका दिया गया।

इस प्रकार वह बीर सपूत अपनी मातृभूमि के खातिर अपने आप को मौत की गोद मे हमेशा-हमेशा के लिये सुला दिया गया। एक प्रज्जवलित दीप जिसने मध्य भारत के विभिन्न ऑचलों मे घूम-घूम कर जन जागृति की किरणों को बिखेरा। इनकी प्रशंसा मे निम्न पंक्तियॉ कही जाती है।

रणमत चले गये कहने को अब रह गई कहानी।
तपर्ण को आओ हम सब भरलें नैनो मे पानी।

हमारे राष्ट्र को ऐसे देश भक्त बीर शहीदों की आवश्यकता रही है। राष्ट्र ऐसे शहीदों के बलिदान से कभी उऋिण नही हो सकता उनका नाम हमारे इतिहास के पन्नो मे मणि-माणिक के समान चमकता रहेगा और देष प्रेम भक्ति राष्ट्रीय एकता तथा साम्प्रदायिक सद्भाव की प्रेरणा हमेशा देता रहेगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. भगवानदास श्रीवास्तव – बुदेलखण्ड मे स्वाधीनता आंदोलन 1857 रणमत सिंह का रणकौशल
2. दीवान जीतन सिंह 1919 ई. – रीवा राज्य का दर्पण
3. विध्य क्षेत्र का इतिहास – प्रो राधेषरण

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारत में ग्रामीण आर्थिक विकास की कुँजी डेयरी उद्योग

डॉ. ए.के. पाण्डेय* डॉ. बीना शुक्ला**

* विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत देश एक कृषि प्रधान देश है और इस मानव संस्कृति का जन्म जब से हुआ तभी से मनुष्यों ने पशुपालन को प्रमुखता से लिया है शुरू में पशुओं का प्रयोग अपनी रक्षा के लिए आवागमन के लिए, मास और दूध के लिए साथ ही कृषि कार्यों में भी इनका प्रयोग करता था, किंतु आज के परिवेश में पशुओं का प्रयोग किसानों की आमदनी बढ़ाने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने व मांस, अण्डे, खाद इत्यादि की पूर्ति के लिए भी किया जाता है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए हमारे देश में श्वेत क्रांति का भी आगाज किया गया जिसके जनक डॉ. वर्गीज कुरियन कहलाए जाते हैं। सन् 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने गुजरात में आणंद का दौरा किया था की अमूल की सफलता को खुद अपनी नजरों से देख सके। लौटते समय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री न केवल सहकारिता की आणंद पद्धति से ही प्रभावित थे बल्कि पूरे देश में आन्दोलन को फैलाने में मदद करने के लिए कुरियन से आणंद में राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड का गठन करने का भी आग्रह किया।

देश में बढ़े पैमाने पर दुग्ध उत्पादन के लिए 1970 में ऑपरेशन फ्लड शुरू हुआ और दो चरणों में देश के सभी दुग्ध उत्पादक इलाकों को इसमें शामिल कर लिया गया। दूध उत्पादन में विश्व में 50वाँ स्थान रखने वाला भारत सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक कुछ ही दशकों में बन गया।

आज भारत विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता है दूसरे नंबर में अमेरिका तीसरे में पाकिस्तान चौथे में चीन आता है। इसी तरह अण्डे के उत्पादन में भारत का तीसरा स्थान है और भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बीक निर्यातक देश है।

पशुपालन व्यवसाय मानव मात्र के प्राचीनतम व्यवसायों में से एक है तथा यह आय अर्जन का महत्वपूर्ण साधन रहा है, परंतु आधुनिक युग में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह रीड की हठी साबित हो सकता है। वैज्ञानिक प्रगति के साथ पशुपालन के क्षेत्र में हुए नवीनतम अनुसंधानों तथा श्वेत क्रांति के फलस्वरूप पशु उत्पादों में हुए मूल्य संवर्धन एवं उत्पादकता में आशातीत वृद्धि ने इस क्षेत्र को जहां एक नया स्वरूप प्रदान किया है, वहीं पशुपालन के कई नए क्षेत्र भी उभर कर सामने आये हैं।

भारत गांवों में बसता है हमारी 72% से अधिक जनसंख्या ग्रामीण है तथा 60% लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। करीब 7 करोड़ कृषक परिवार में प्रत्येक दो ग्रामीण घरों में से एक डेयरी उद्योग से जुड़े हैं। भारतीय दुग्ध उत्पादन से जुड़े महत्वपूर्ण सांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार देश में 70% दूध की आपूर्ति छोटे/सीमांत/भूमिहीन किसानों से होती है। भारत में कृषि भूमि की अपेक्षा गायों का ज्यादा समानता पूर्वक वितरण है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में डेयरी-उद्योग की प्रमुख भूमिका है।

दूग्ध उत्पादन में, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत का अपना विशेष स्थान है और यह विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, संयोग से भारत विश्व में सबसे कम खर्च पर यानी 27 सेंट प्रति लीटर की दर से दूध का उत्पादन करता है (अमेरिका में 63 सेंट और जापान में 28 सेंट) यदि वर्तमान रुझान जारी रहता है तो मिनरल वाटर उद्योग की तरह दुग्ध प्रोसेसिंग उद्योग में भी बहुत तेजी से विकास होने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। अगले 10 वर्षों में तीन गुनी वृद्धि के साथ भारत विश्व में दुग्ध उत्पादों को तैयार करने वाला अग्रणी देश बन जाएगा।

भारत में दुधारू पशुओं की संख्या- पशुपालन और डेयरी विभाग ने 20वीं पशुधन गणना रिपोर्ट जारी की पशुधन आबादी गणना 2012 की तुलना में 4.6% बढ़कर 535.78 मिलियन के स्तर पर पहुंच गयी है।



स्त्रोत-पशुधन जनसंख्या वितरण, पषुपालन विभाग

पशुधन: प्रमुख प्रजातियाँ

क्र	श्रेणी	जनसंख्या 2012 (मिलियन में)	जनसंख्या 2019 (मिलियन में)	% वृद्धि
1	गोवंश	190.90	192.49	0.83
2	भैंस	108.70	109.85	1.06
3	भेड़	65.07	74.26	14.13
4	बकरी	135.17	148.88	10.14
5	सुअर	10.29	9.06	-12.03
6	मिथुन	0.30	0.38	26.66

7	याक	0.08	0.06	-25.00
8	घोड़े और टट्टू	0.63	0.34	45.58
9	खच्चर	0.20	0.08	-57.09
10	गधा	0.32	0.12	-61.23
11	ऊँट	0.40	0.25	37.05
	कुल पशुधन	512.06	535.78	4.63

स्त्रोत-राष्ट्रीय संख्यकीय विभाग

20वीं पशुधन जनगणना के महत्वपूर्ण निष्कर्ष निम्नलिखित है:

1. देश के कुल पशुधन आबादी 535.78 मिलियन है जो पशुधन गणना 2012 की तुलना में 4.6% अधिक है।
2. कुल गोजातीय आबादी (मावेशी, भैंस, मिथुन, याक) वर्ष 2019 में 302.79 मिलियन है जो पिछली गणना की तुलना में 1% अधिक है।
3. मादा मावेशी (गायों की कुल संख्या) 145.12 मिलियन है जो 2012 की तुलना में 18% अधिक है।
4. देश में भौसों में कुल संख्या 109.85 मिलियन है जो लगभग 1% अधिक है।
5. गायों और भैंसों के कुल दुधारू पशुओं की संख्या 125.34 मिलियन है जो 2012 की तुलना में 6.0% अधिक है।
6. देश में भेड़ 74.26 मिलियन है जो पिछली गणना की तुलना में 14% ज्यादा है।
7. देश में बकरी 148.88 मिलियन है जो 2012 की अपेक्षा 10.1% अधिक है।

सतना जिले में डेयरी उद्योग की स्थिति- सतना जिला मूलत: कृषि प्रधान एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था क्षेत्र है। जिले में सीमेंट उद्योग के बड़े कारखानों के अतिरिक्त अन्य कई बड़े उद्योग नहीं है। साथ ही मध्यम एवं लघु उद्योगों के क्षेत्र भी अधिक नहीं है। ऐसी स्थिति में किसानों की आर्थिक उन्नति का मुख्य आधार कृषि एवं पशुपालन है।

सतना जिले में दुधारू पशुओं की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। बढ़ते शहरी करण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रहे पलायन तथा स्थानीय दुग्ध संगठनों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण सतना जिला पशुधन विकास में निरंतर पीछे छूटता जा रहा है।

वर्ष 2007 एवं 2009 की पशुगणना के आधार पर जिले में गायों की अत्यधिक कमी पायी गयी है। जबसे आधुनिक कृषि पर सरकार ने जोर दिया है तब से पशुओं की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। उदाहरण के तौर पर देख सकते हैं कि जिले का मझगवां विकासखंड जिसका ज्यादातर क्षेत्र वनाच्छादित है। यहां निवासरत ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर एवं भूमिहीन है। दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पहले उन्हें वनोपज पर निर्भर रहना पड़ता था। इस क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन की गतिविधि प्रारंभ कर आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को सदृढ़ बनाया जा रहा है। डेयरी स्थापना से यहां निवासरत 350 परिवार वर्तमान में लाभान्वित हो रहे हैं।

समस्या- दूध उत्पादन के कारोबार के लिए कठोर परिश्रम उचित देखभाल, सतर्कता और अच्छे प्रबंध की आवश्यकता होती है। यदि व्यापार को व्यावसायिक उद्देश्य से शुरू करने की आवश्यकता है तो चीजों का प्रबंध करने के लिए बहुत से अनुभवी लोगों की जरूरत होती है। ऐसा कोई भी व्यवसाय नहीं है जिसमें 100 प्रतिशत सफलता निश्चित है और हमारे पास कठिन परिश्रम का कोई अन्य विकल्प नहीं है। प्रत्ये व्यापार के कार्य करने की अपनी अलग प्रणाली समस्याएं और परेशानियां होती हैं। ऐसे कुछ बिंदु है जो दुग्ध उत्पादकों को असवुलता की ओर ले जाते हैं और उन्हें विफलता का सामना करना पड़ता है-

1. अच्छा बुनियादी ढाँचा और पशुओं को चारा खिलाने की लागत की आवश्यकता।
2. कुल खर्च और व्यापार में लाभ के बारे में लापरवाही।
3. सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच में जागरूकता की कमी।

प्रदेश के सबसे बड़े दुग्ध उत्पादन में पशुओं के खाने के लिए भूसा तक नहीं है। थ्रेसर की जगह अब हार्वेस्टर से गहाई की जाती है, जिसके चलते भूसा नहीं मिल पाता। महेंगे भूसे के चलते डेयरी उद्योग पर खतरा मंडराने लगा है। कुछ व्यवसायी इस धंधों को छोड़ भी चुके हैं। दुग्ध उद्योग की प्रमुख समस्या कच्चे दूध की उपलब्धता पर मौसम का प्रभाव होना है। देश के प्रत्येक भाग में प्रत्येक मौसम में दूध एवं उससे बने पदार्थों की मांग लगभग समान बनी रहती है परंतु दूध का उत्पादन आसमान तथा छितराया हुआ है वर्ष में अप्रैल से जुलाई तक कच्चे दूध की कमी तथा नवंबर से फरवरी तथा कच्चे दूध की उपलब्धता में 200 से 300 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी डेयरी व्यवसाय की क्षमता को प्रभावित करती है:-

1. विवेक रहित मूल्य नीति
2. यातायात के अपर्याप्त साधन

समाधान:

1. पशुधन व्यवसाय में सफलता के लिए यह भी आवश्यक है कि क्षेत्र एवं जलवायु के अनुरूप ही पशुओं का चुनाव किया जाये। इसके लिए उत्ताम नस्लों का चुनाव, उनकी उचित देखभाल, प्रजनन क्षमता, रोगों का निदान, पोषण आहार की पूर्ति आदि का प्रबंध कर उत्पादन क्षमता में वृद्धि करनी चाहिए।
2. पशुपालन व्यवसाय को बीमा योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए।।
3. दूध प्रोसेसिंग कार्य में आत्मनिर्भरता।
4. समितियों के लिए बिजनेस प्लान तैयार करना।
5. पशु आहार समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराना एवं चारा बैंक की स्थापना करना।

पशुपालन के विकास के लिए चलाई गई प्रमुख योजनाएं निम्नवत है:-

- **मूल ग्राम योजना**-देश में वैज्ञानिकों के सामने पशुओं की अधिक संख्या तथा उनकी उत्पादकता एवं चुनौती बनी हुई है। सन् 1926 मे Royal Commission on Agriculture ने पशु सुधार के लिए आदर्श प्रजनन नीति (Ideal Breading Policy) का सुझाव सरकार को सुझाया।
- सघन पशु विकास योजना

डेयरी उद्योग का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान- भारत देश में डेयरी उत्पादों की मांग आने वाले 8 से 10 वर्षों में तीन से चार गुना और बढ़ जाएगी। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए शहरों में विभिन्न डेयरी उद्योग खुल रहे हैं। और दुग्ध प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की जा रही है। जिनके माध्यम से विभिन्न दुग्ध उत्पाद जैसे-दही, माठा, चीज, पनीर, लस्सी, बटर, घी, खोवा आदि को बनाकर देश के कोने-कोने में भेजा जाता है।

इन सब में अमूल, मदर डेयरी, साँची जैसी कई सहकारी विपणन समितियाँ और कंपनियां अपना योगदान दे रही है। जिसे रोजगार के साथ-साथ भारत की अर्थव्यवस्था को भी सम्बल प्राप्त होता है और किसानों की

आय भी बढ़ती है। इसके अलावा डेयरी उद्योग से निकलने वाला अवशिष्ट भी बायो गैस और उपले बनाने के काम आता है इससे ईंधन की समस्या से भी लोगों को निजात मिलती है। साथ ही खेतों के लिए खास भी प्राप्त होती है जिससे खेतों की उर्वराशक्ति बढ़ती है। व उत्पादन ज्यादा होता है, जिस पर पूरे देश की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है।

आगामी दशक (वर्ष 2018 से 2027) के मध्य भारत में दूध का उपभोग लगभग 634 लाख टन होने का अनुमान है जबकि चीन में 77 लाख टन ही रहने की संभावना है।

इससे स्पष्ट है कि भारत दुग्ध का न केवल विश्व का सबसे बढ़ा बाजार है अपितु आने वाले समय में भी इसके सबसे तेजी से बढ़ने का अनुमान है। (वैश्विक वृद्धि औसत : प्रति व्यक्ति 13% कुल उपभोग 26%)

वर्ष 2012 और 2019 में सबसे ज्यादा पशुधन वाले राज्य

क्र.	राज्य	जनसंख्या वर्ष 2012 (लाख में)	जनसंख्या वर्ष 2019(लाख में)	% वृद्धि
1	उत्तर प्रदेश	68.7	67.8	-135
2	राजस्थान	57.7	56.8	-1.66
3	मध्यप्रदेश	36.3	40.6	11.81
4	पश्चिम बंगाल	30.3	37.4	23.32
5	बिहार	32.9	36.5	10.67
6	आन्ध्र प्रदेश	29.4	34.0	15.79
7	महाराष्ट्र	32.5	33.0	1.61
8	तेलांगना	26.7	32.6	22.21
9	कर्नाटका	27.7	29.0	4.70
10	गुजरात	27.1	26.9	-0.95

स्त्रोत-राष्ट्रीय सांख्यकीय विभाग

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. डॉ. त्रिवेदी आर.एन., डॉ. शुक्ला डीपी रिसर्च मेथेडोलॉजी कॉलेज बुक डिपोट।
2. डॉ. गुप्ता यू.सी. उधमिता विकास प्रकाशन वर्ष 2011।
3. डॉ. त्रिपाठी मधुसूदन भारत में लघु उद्योग राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली।
4. डॉ. डी.सी. पंत, भारत में ग्रामीण विकास कॉलेज बुकडिपो, जयपुर 2011।
5. डॉ. बघेल डी.एस., डॉ. बघेल किरण, अनुसंधान पद्धतियाँ, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल 2008।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

डॉ. भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचार एवं वर्तमान दौर में उनकी प्रासंगिकता

डॉ. महेन्द्र सिंह राव *

* परियोजना अधिकारी, सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेंस अकाउंटेबिलिटी, नई दिल्ली, भारत

शोध सारांश – डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, राजनीतिक विद्वान, न्यायविद, संविधान निर्माता एवं दलित नेता होने के साथ एक प्रबुद्ध अर्थशास्त्री भी थे। हालांकि अर्थशास्त्री के रुप में उनको बहुत ही कम लोग जानते हैं लेकिन उनके द्वारा दिये गए आर्थिक विचार उनकी उच्च कोटी की विद्वता को दर्शाने के साथ उनको महान अर्थशास्त्री के रुप में भी विशेष पहचान दिलाते हैं। उन्होंने भारतीय मुद्रा की समस्या के समाधान एवं मुल्य निर्धारण हेतु उचित स्वर्णमान मानक अपनाने की बात की तो वहीं भारत में कृषि क्षेत्र, मजदूरों, औद्योगिकरण, कराधान की समस्याओं तथा जल संसाधन नीति, महिलाओं के उत्थान आदि पर दिये गए विचार आज भी प्रासंगिक हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचारों एवं सिद्धांतों तथा वर्तमान दौर में इनकी प्रासंगिकता का विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तावना – डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रेल, 1891 को मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के महू शहर में हुआ था। इनको सामान्यत: एक महान समाज सुधारक, राजनीतिक विद्वान, न्यायविद, संविधान निर्माता एवं दलित नेता के रुप में जाना जाता है लेकिन अर्थशास्त्री के रुप में उनको बहुत ही कम लोग जानते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रबुद्ध अर्थशास्त्री भी थे। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं नोबल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन ने कहा था कि 'डॉ. भीमराव अंबेडकर मेरे अर्थशास्त्र के पिता हैं'। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आर्थिक एवं सामाजिक असमानता पैदा करने वाली पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त करने की पुरजोर वकालात की। वर्ष 1923 में वे लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से डीएससी. (अर्थशास्त्र) डीग्री प्राप्त की एवं अपने शोधप्रबंध 'दी प्रॉब्लम्स ऑफ रुपीस: इट्स ऑरिजिन एंड इट्स सोल्यूशन' में उन्होंने रुपये के अवमूल्यन की समस्या पर शोध किया। इसके अलावा वर्ष 1927 में इन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से भी अर्थशास्त्र में पीएच.डी की डीग्री हासिल की। अत: ये पहले दक्षिण एशियाई व्यक्ति थे जिन्होंने अर्थशास्त्र में पीएच.डी की दोहरी डीग्री हासिल की।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचार: डॉ. भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचारों का अध्ययन किया जाए तो उनके विचारों में आर्थिक तौर से एक सुदृढ़ राष्ट्र का साफ दृष्टिकोण दिखाई देता है। इन्होने अपने जीवन में अर्थशास्त्र से संबंधित प्रमुखत: तीन पुस्तकें लिखी जिनमें 1– भारतीय रुपये की समस्या: उत्पत्ति एवं समाधान (Problems of Rupees: Its origin and Its Solution), भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन एवं वित्त (Administration and Finance of East India Company), भारत में प्रांतीय वित्त का विकास (The Evolution of Provincial Finance in British India) हैं।[1]

भारतीय रुपये की समस्या: उत्पत्ति एवं समाधान: डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा भारतीय रुपये की समस्या के संबंध में वर्ष 1923 में प्रॉब्लम्स ऑफ रुपीस: इट्स ऑरिजिन एंड इट्स सोल्यूशन में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के दौरान भारतीय मुद्रा प्रणाली की समस्याओं के बारे में वर्णन किया गया है। इस पुस्तक में उन्होंने मुद्रा मुल्य की स्थिरता पर विशेष ज़ोर दिया है। यह उसी प्रकार है जैसे मुद्रास्फीति की स्थिति में मूल्य स्थिरता पर बल दिया जाता है। सामान्य रुप से मुद्रा स्फीति की स्थिति में अर्थशास्त्रीयों एवं नीति निर्माताओं द्वारा मुद्रा के मूल्यों को स्थिर करने पर ध्यान देने के साथ देश में उत्पादन की मात्रा बढ़ाने हेतु त्वरित कदम उठाये जाते हैं। लेकिन डॉ. भीमराव अंबेडकर ने स्वर्ण मानक के संदर्भ में मुद्रा के मूल्यों को स्थिर रखे जाने पर ज़ोर दिया है। उनके अनुसार स्वर्ण प्रतिमान वह मानक है जिसके अंतर्गत मुद्रा के मूल्य को परिवर्तित किया जाता है। इसके पिछे उन्होंने यह तर्क दिया कि सोने के विनिमय मानक में स्थिरता नहीं है एवं चुंकि इसके अंतर्गत मुद्रा की मात्रा एवं मुद्रा के मूल्य में बढ़ोतरी की समस्या पैदा हो जाती है इसलिए भारत जैसा विकासशील देश स्वर्ण विनिमय मानकों को सहन नहीं कर सकता है।

उन्होंने आंकड़ों एवं कारकों के माध्यम से यह भी सिद्ध किया कि स्वर्ण मानक के कारण कैसे व किस तरह के भारतीय रुपये ने अपनी क्रयशक्ति खो दी है। इसके पिछे उनका सुझाव था कि सरकार द्वारा अपने घाटे को विनियमित करने के साथ धन का व्यवस्थित प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उनके अनुसार विनिमय दर की तुलना में मुद्रा की मूल्य स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिये गए प्रतिबंधित एवं विनियमित स्वर्ण प्रतिमान के उपयोग के परिणामस्वरुप ही भारतीय रिजर्व बैंक जैसे वित्तीय सस्थाओं की स्थापना की गई जो आज भी देश की वित्तीय व्यवस्था के उचित संचालन में अपनी महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रही है। अत: स्पष्ट है कि भारतीय मुद्रा की समस्या के संदर्भ में स्वर्ण प्रतिमान संबंधी इनके विचार बेहद महत्त्वपूर्ण रहे हैं।

भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन एवं वित्त: डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा इस पुस्तक में वर्ष 1792 से 1858 के दौरान भारत में ईस्ट इंडिया

कंपनी के प्रशासन एवं वित्त में परिवर्तन की ऐतिहासिक समीक्षा की गई है। इसमें यह दर्शाया गया है कि कैसे एवं किस तरह सार्वजनिक/लोक वित्त हेतु ब्रिटिश शासकों द्वारा भारतीयों पर अत्याचार किये गए। इसके अलावा उनका विचार था कि देश की सुरक्षा अर्थात् सेना आदि पर अधिक धन व्यय करना देश के व्यापक हित में नहीं है एवं इसके लिए नागरिकों से जबरन धन संग्रहित करना लोकतांत्रिक या संसदीय दृष्टिकोण से अनुचित है। उनका कहना था कि ब्रिटिश सरकार द्वारा अपने कुल बजट का 45 से 65 प्रतिशत धन सैन्य-शक्ति पर खर्च करती है एवं इसके लिए भूमि करों में 54 प्रतिशत की बढ़ोतरी करती है, जबकि सोचने वाली यह है कि इंग्लैण्ड में इसी कर की राषि मात्र 10 प्रतिशत रही है। अत: उनका विचार था कि सरकार को नागरिकों से संग्रहित की गई कर की राशि को विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्यों पर खर्च करना चाहिए जिससे कि समाज में सामाजिक न्याय एवं समानता स्थापित हो सके।

भारत में प्रांतीय वित्त का विकास: डॉ. भीमराव अंबेडकर की यह पुस्तक उनके पीएच.डी. काल के दौरान प्रस्तुत किया गया शोध-प्रबंध है जो ब्रिटिश भारत में वर्ष 1833 से 1921 तक विकास केन्द्र के संबंधों का खुलासा करता है। इस पुस्तक में विशेष रुप से सार्वजनिक वित्त क समुचित उपयोग पर ज़ोर दिया गया है। उनके अनुसार 'सरकारों को जनता से संग्रहित धन का उपयोग न केवल नियमों, कानूनों व अधिनियमों के अनुरुप करना चाहिए बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक प्राधिकारी धन के व्यय में विश्वसनीयता, मित्तव्ययिता एवं बुद्धिमत्ता से काम ले तथा जनता से प्राप्त किये गए एक-एक रुपये का हिसाब-किताब रख'।[2] उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सामूहिक उत्तरदायित्व ही समन्वय स्थापित करने की शक्ति है। उनके अनुसार 'विभाजित उत्तरदायित्व, कार्यों का विभाजन, शक्तियों का बंटवारा आदि से कभी भी शासन की उत्तम व्यवस्था स्थापित नहीं हो सकती एवं जहां शासन प्रणाली अच्छी नहीं है वहां वित्त व्यवस्था अच्छी होने की आशा नहीं की जा सकती है।' डॉ. भीमराव अंबेडकर के इस विचार के परिणामस्वरुप ही विभिन्न स्तरों की सरकारों (केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों) के बीच वित्त संसाधनों के विभाजन एवं वितरण पर सुझाव देने हेतु वित्त आयोग की स्थापना की गयी थी।

भारत में कृषि क्षेत्र की समस्याओं पर विचार: डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत में कृषि क्षेत्र की कई समस्याओं जैसे कृषि भूमि का असमान वितरण अर्थात् अधिकांश भूमि पर कुछ लोगों का अधिकार, छोटी जोतों की समस्या, कृषि कार्यों में अधिकांश आबादी का संलग्न होना आदि पर अपने विचार दिये। उनका कहना था कि भारत में कृषि क्षेत्र की इन समस्याओं के कारण ही समुचित परिणाम नहीं मिल रहे हैं जैसे कृषि भूमि के अनुपात में उत्पादन में बढ़ोतरी, पर्याप्त आय एवं कृषि में संलग्न आबादी के जीवन स्तर में सुधार एवं वृद्धि आदि। डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुसार कृषि में उत्पादकता न केवल भूमि जोतों के आकार पर निर्भर है बल्कि अन्य कारकों जैसे श्रम, पूंजी एवं अन्य पूंजीगत आदानों से भी संबंधित है। अत: पर्याप्त मात्रा में श्रम एवं पूंजी की गुणवत्ता के साथ उपलब्धता भूमि की उत्पादकता को काफी बढ़ा सकती है। इसके अलावा यदि इन संसाधनों की पर्याप्तता के साथ कृषि मशीनों की उपलब्धता, छोटी जोतों वाली भूमि को भी उत्पादक बना देती है। हालांकि वे मानते थे कि कृषि में मशीनों का उपयोग छोटी जोतों की तुलना में बड़ी जोतों में अधिक सफल साबित रहती है।

महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण: डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने आर्थिक विचारों में महिलाओं के आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण पर भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत में पितृसत्तात्मक व्यवस्था के कारण महिलाएं सदियों से पुरुषों द्वारा उपेक्षित एवं विभिन्न सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से दयनीय स्थिति में अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं। महिलाओं के आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के बिना किसी भी देश का आर्थिक विकास असंभव है इसलिए इनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति एवं स्तर सुदृढ़ करना आवश्यक है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुसार 'मैं प्रगति की उस डिग्री के द्वारा समुदाय की प्रगति को मापता हूं जिसे महिलाओं ने प्राप्त किया है।' अत: उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महिला के आर्थिक स्तर को उपर उठाने एवं उन्हें देश की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उनका आर्थिक सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रमिकों का उत्थान एवं कल्याण: डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा कारखानों एवं मिलों में कार्य करने वाले श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण, इनके सामाजिक कल्याण एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में भी अपने महत्त्वपूर्ण विचार दिये गए। उनके अनुसार औद्योगिक प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी होनी चाहिए तथा वे ट्रेड यूनियनों के गठन एवं इनके अधिकरों एवं हितों के लिए आंदोलनों तथा पूंजीवाद के खिलाफ हड़तालों के समर्थक थे। इस प्रकार श्रमिकों के शोषण को रोकने तथा इनके आर्थिक कल्याण हेतु कार्य के घंटे, अवकाश, न्यूनतम मजदूरी, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु संविधान में स्पष्ट निर्देश एवं अधिनियम का प्रावधान किया।

कराधान नीति: डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा वर्ष 1936 में स्वतंत्र मजदूर पार्टी के घोषणा पत्र में अपने आर्थिक विचारों के तहत कराधान संबंधी विचार भी प्रस्तुत किए गए। उनके देश की किसी भी सरकार को अपनी कर व्यवस्था में जनता पर इस कर नहीं लगाने चाहिए जिससे समाज के गरीब एवं कमजोर लोग प्रभावित होते हों। करदाताओं को कर देने में सुविधाजनक लगे इसके लिए उन्होंने 'कराधान क्षमता' शब्द दिया जिसका अर्थ है कि उत्तम कर वह होता है जो कि लोगों की आर्थिक क्षमता के अनुसार लगाया जाए।

निष्कर्ष: डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, राजनीतिक विद्वान, न्यायविद, संविधान निर्माता एवं दलित नेता होने के साथ एक ऐसे प्रबुद्ध अर्थशास्त्री थे जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त आर्थिक भेदभाव एवं विषमताओं को मिटाने के साथ आर्थिक विकास के संदर्भ में भी महत्त्वपूर्ण विचार दिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचारों का यदि हम गहराई से अध्ययन करें तो पाते हैं कि वे आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से भविष्यवक्ता थे। उन्होंने उस समय देश में विभिन्न आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में जो आर्थिक विचार एवं सिद्धांत दिए वे वर्तमान दौर के विभिन्न आर्थिक मुद्दों एवं समस्याओं यथा कृषि, भूमि सुधार, श्रम सुधार, भारतीय मुद्रा, कराधान नीति, मुद्रा के मूल्यों में स्थिरता हेतु स्वर्ण प्रतिमान पर जोर, प्रांतीय वित्त विकास एवं विभिन्न स्तर की सरकारों में राजस्व के बंटवारें हेतु वित्त आयोग का गठन आदि के दृष्टिकोण से बहुत महत्त्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हैं। इनको अपनाकर देश अपने आर्थिक सशक्तिकरण के साथ समाज में सामाजिक न्याय एवं समानता स्थापित कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Ambedkar B. R. (13 August 1921) Provincial Decentralization of Imperial Finance in British India, University of London – Via Google book.
2. London School of Economics releases B. R. Ambedkar

Archieves, DNA India, 9 Feb. 2016.
3. Dr. B. R. Ambedkar :- As an Economist, International Journal of Humanities and Social Science Invention (www.ijhssi.org), Volum-2, Issue 3 & 1 March 2013, pp. 24-27
4. Essay on Ambedkar Ideas – his Economic and Philosophical thoughts. (www.sociologygroup.com), 12 March, 2017.
5. Dr. B. R. Ambedkar and His Economic thought (www.academia.edu).
6. Rajendra Kumar Arya and Topan Choure (2014) – "The Economic thought of Dr. Bhimrao Ambedkar with respect ot agriculture sector" Developing Country Studies, Vol. 4, No. 25, 2014
7. P. Abraham, "Notes on Ambedkar wates Resources Policy" Economic and Political weekly, Vol. 37, No 48, (Nov. 30, Dec. 6, 2002), pp.4772-4774.
8. प्रबुद्ध अर्थशास्त्र:– अम्बेडकर और उनकी आर्थिक दृष्टि 'फॉरवर्ड प्रेस'(मासिक पत्रिका), फारवर्ड प्रेम, 803/92 नेहरू प्लेस, नयी दिल्ली, 15 जून 2017.
9. डॉ. अम्बेडकर का आर्थिक चिंतन – 'आखरमाला' (समाचार पत्र) 6 दिसम्बर, 2016
10. मौर्य, राजेश एवं किरार,संजय :'डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक–आर्थिक विचार'(एक शोध पत्र), रिव्यू ऑफ रिसर्च, वोल्यूम–8, मई, 2019

Footnotes:-

1. http://www.drbrambedkarcollege.ac.in/sites/default/files/Recalling%20contribution%20of%20Baba%20Saheb% 20Bhim%20Rao%20Ambedkar%20as%20an%20 economist.pdf
2. प्रबुद्ध अर्थशास्त्र:– अम्बेडकर और उनकी आर्थिक दृष्टि 'फॉरवर्ड प्रेस'(मासिक पत्रिका), फारवर्ड प्रेम, 803/92 नेहरू प्लेस, नयी दिल्ली, 15 जून 2017.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जनसंख्या वृद्धि एवं पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव

डॉ. राजेश त्रिपाठी* अभिलाषा सिंह**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्राचीनकाल से मानव और प्रकृति का अटूट सम्बन्ध रहा हैं। मानव के अस्तित्व में आने के बाद जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही हैं। प्रारम्भ में जनसंख्या सीमित थी, तथा उपयुक्त क्षेत्रों में निवास करती थी। उसकी क्रमिक वृद्धि आज एक ऐसे बिन्दु पर पहुँच गई है कि वह कई राष्ट्रों हेतु चिन्ता का कारण बनी हुई है।

मानव प्रकृति पर विजय उसकी आज्ञा मानकर ही प्राप्त कर सकता है। मानव अपनी बुद्धि और शक्ति का प्रयोग करता है, क्योंकि पर्यावरण उसे उन्नति का अवसर प्रदान करता है। अत: मानव द्वारा ही प्राकृतिक संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया जा सकता है।

जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरणीय प्रभाव भोजन, कपड़ा, मकान जैसी प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कमी आती है। प्राकृतिक संसाधन जैसे वायु,जल, वनस्पति की सीमित उपलब्धता हो जाती है।

शब्द कुंजी – प्रकृति, मानव, जनसंख्या वृद्धि, पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन।

प्रस्तावना – वर्तमान में मनुष्य ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इतना अधिक विकास किया है, कि उसका जीवन आरामदायक हो गया है। परन्तु यह भी सत्य है कि अपनी बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए मनुष्य जिस क्रूरता से पेड़ों और जंगलों को चारे और मकान आदि के लिए काटते जा रहे है। खेती की भूमि पर दबाव बढ़ने से उसका उपजाऊपन नष्ट होता जा रहा है। खेती के योग्य भूमि धीरे-धीरे बंजर और रेगिस्तान में बदलती जा रही है।

मानव अपनी ही संख्या बढ़ाकर दु:ख प्राप्ति को अनजाने में योजना बना रहा है। आज स्थिति यह उत्पन्न हो गयी है कि दुनिया के संसाधन, जनसंख्या के भार को सहन करने में अपने को असहज महसूस कर रहे हैं। जनसंख्या की तीव्र वृद्धि से भोजन, वस्त्र एवं आवास की समस्या विकराल होती चली जा रही है।

भारत के सन्दर्भ में यदि जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया जाये तो स्पष्ट होता है कि भारत में बढ़ती जनसंख्या की समस्या वास्तव में भयावह है। इस सम्बन्ध में जो तथ्य प्रस्तुत किये जा रहे हैं, वे रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। जनसंख्या वृद्धि का अर्थ एक क्षेत्र विशेष में किसी समय में निवास कर रहे लोगों की संख्या में परिवर्तन से हैं। यह परिवर्तन नकारात्मक भी हो सकता है और सकारात्मक भी। ऐसे परिवर्तन को कुल संख्या में परिवर्तन और प्रतिशत परिवर्तन दोनों तरह से मापा जा सकता है। जहाँ तक भारत जैसे विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि का प्रश्न है, तो यहाँ जनसंख्या में नकारात्मक परिवर्तन हुआ है, क्योंकि संसाधन की तुलना में यहाँ की जनसंख्या में खासतौर पर स्वतंत्रता प्राप्ति(1947) के बाद तीव्र गति से बढ़ी हैं। जिससे देश में जनसंख्या विस्फोट (Population Explosion) की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

यही कारण है कि भारत में जनसंख्या वृद्धि दर चिन्ताजनक है। देश में मृत्युदर ह्रास का क्रम जारी है, परन्तु जन्म दर में कोई विशेष कमी दृष्टिगोचर नहीं हो रही हैं। जनसंख्या की दृष्टि से चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा राष्ट्र है। 20वीं शताब्दी के आरम्भ (1901) में भारत की जनंसख्या 23.84 करोड़ अनुमानित की गयी। सन् 1951 में 36.10 करोड़, 1981 में 68.33 करोड़ एवं सन् 2001 में 102.70 करोड़ थी जो 31 मार्च 2011 को राष्ट्रीय जनगणना 2011 के अन्तरिम आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ हो गयी।

वर्ष	जनसंख्या वृद्धि (करोड़ में)
1901	23.84
1951	36.10
1981	68.33
2001	102.70
2011	121.00

बढ़ती जनसंख्या की विकरालता का सीधा प्रभाव प्रकृति पर पड़ता है। जो जनसंख्या के आधिक्य से अपना संतुलन बैठाती हैं। फिर प्रारम्भ होता है, असुंलित प्रकृति का क्रूरतम तांडव है, जिससे हमारा समस्त जैव मण्डल प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। इस बात की चेतावनी आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व माल्थस नामक अर्थशास्त्री ने अपने एक लेख 1798 में 'एन ऐसे ऑन प्रिन्सीपल्स ऑफ पापुलेशन' में जनसंख्या सम्बन्धी अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। माल्थस एक पादरी थे और उन्होंने यूरोप के कई देशों की जनसंख्या वृद्धि का गहन अध्ययन किया।

इस लेख में माल्थस के अनुसार बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने के दो उपाय हैं-

1. **नैसर्गिक प्रतिबन्ध Positive Check-** जब किसी देश में खाद्य-सामग्री की तुलना में जनसंख्या अत्यधिक बढ़ जाती है तो प्रकृति उसे रोकने के लिए बाढ़, भूकम्प, प्लेग, महामारी, अकाल, अनावृष्टि, भुखमरी, प्राकृतिक प्रकोप एवं युद्ध आदि लाती है।

2. निवारक या निरोधक प्रतिबन्ध Preventive Check– माल्थस कहते हैं कि यदि लोग निरोधक प्रतिबन्ध लगाकर बढ़ती जनसंख्या को रोकने का प्रयास नहीं करते हैं तो प्रकृति अपने क्रूर हाथों द्वारा नैसर्गिक उपाय अपनाती है। जैसे–आत्मसंयम, परिवार–नियोजन, ब्रह्मचर्य इत्यादि।

इस प्रकार बढ़ती हुई आबादी से पर्यावरण का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। पर्यावरण पर अनवरत् रूप से दबाव बढ़ता जा रहा है। जनसंख्या एवं मानव द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं में अनुपातिक असंतुलन पैदा हो गया है।

पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है। यह हमें साँस लेने के लिए हवा, पीने के लिए जल, खाने के लिए भोजन एवं रहने के लिए भूमि प्रदान करता है। पर्यावरण यानी इनवायरमेन्ट शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द एनवायरोनेर या एनवायरोन्नेर से हुई है, जिसका अर्थ है–पड़ोस।

भूमि, जल, वायु, पेड़–पौधें एवं जीव–जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं। पर्यावरण जिसका एक महत्वपूर्ण अंग वन है, वन वृक्षों से मिलकर बनते हैं। हमारे देश की परम्परा में भी वृक्षों को काटना पाप माना गया है। एक श्लोक में कहा भी गया है–

एक वृक्षोहि यो ग्रामें भवेत् पर्णफलान्वित:।
चैत्यों भवति निर्ज्ञातिरचनीय सूपजित:।।

अर्थात् यदि गाँव में एक वृक्ष, फल और फूलों से भरा हो तो वह स्थान हर प्रकार से अर्चनीय है।

पर्यावरण के दो प्रकार



इसका तात्पर्य है कि बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरणीय प्रभाव से भोजन, कपड़ा, मकान जैसी प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कमी, प्राकृतिक संसाधन जैसे–वायु, जल और वनस्पति की सीमित उपलब्धता, वनों का विनाश, प्राणवायु (आक्सीजन) की कमी, एवं कार्बनडाइ–आक्साइड की अधिकता, प्रदूषण में वृद्धि, मानव के जीवन स्तर में कमी, अत्यधिक कोलाहल, ध्वनि प्रदूषण की अधिकता, अनियंत्रित भीड़ इत्यादि। यदि हम भारत के सन्दर्भ में पर्यावरण पर प्रदूषण का दबाव 20 वर्षों में 475 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ा है।

जनसंख्या वृद्धि से प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रभाव इस प्रकार पड़ता हैं–

1. कचरें का उत्पादन कम करना
2. जैव विविधता का खतरा
3. वनों पर विनाश
4. शहरीकरण
5. भूमिक्षरण
6. जलवायु परिवर्तन
7. उत्पादकता
8. औद्योगीकरण
9. परिवहन विकास
10. प्रौद्योगिकी

इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरण की गुणवत्ता में गिरावट आती हैं, एवं भोजन तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

अन्त में यह कहा जा सकता है कि यदि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित कर लिया जाए एवं वनों के कटाव को रोक दिया जाए तो वायु,जल आदि का प्रदूषण काफी हद तक नियंत्रित हो सकता है। इस नियंत्रण से ही हमारा पर्यावरण जो स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है, अनुकूल बन पायेगा। ताकि वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली मानव पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण में जीवन व्यतीत करने का अवसर मिल सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. गौतम, अलका और रस्तोगी, सोनल, विद्या प्रकाशन मंदिर लिमिटेड, सामाजिक विज्ञान, कक्षा–9, पृ0सं0 212
2. डॉ0 सिंह, जे0पी0, समाजशास्त्र: अवधारणाएँ एवं सिद्धान्त, पी0एच0आई0 लर्निंग प्रा0लि0, 2013, पृ0सं0 546
3. प्रो0 गुप्ता, एम0एल0 और डॉ0 शर्मा, डी0डी0, समाजशास्त्र, साहित्य भवन, 2011, पृ0 1154
4. हमारा पर्यावरण, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, कक्षा–8, पृ0सं0 16
5. हमारा पर्यावरण, NCERT, कक्षा–7, पृ0सं0–3
6. पाण्डेय, प्रशान्त, योजना, जून–2004
7. हमारा पर्यावरण, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा, परिषद, कक्षा–6, पृ0सं0 7
8. www.Gyanglow.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जजमानी व्यवस्था : वर्तमान परिदृश्य

डॉ. राजेश त्रिपाठी* अमित कुमार सिंह**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ग्रामीण जीवन का स्थायित्वपन उन्हीं के द्वारा निर्मित कुछ आधारभूत और मूलभूत संस्थाओं के कारण था जिसमें जजमानी व्यवस्था एक विशिष्ट संस्थाएँ थीं। जो विभिन्न जातियो के मध्य सामाजिक–आर्थिक संबंधों का एक स्वरूप तथा सेवाओं एवं वस्तु या नकद के वितरण की व्यवस्था रही है, जिसमें उच्च जाति के भूस्वामी परिवारों या किसानों को निम्न जाति के लोगों के द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती रही हैं। सेवक जाति को 'कमीन' तथा सेवित जातियों को 'जजमान' कहा जाता है। इस व्यवस्था में परितोषण तीन रूपों में दिया जाता था तथा नगद मजदूरी नहीं दी जाती क्योंकि ग्रामीणों के आपसी संबंध आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था की तरफ से आयोजक और कर्मचारी जैसे नहीं थे। यह व्यवस्था भारतीय गांवों में एक लंबे समय तक विद्यमान रही। मुद्रा के प्रचलन, शिक्षा के प्रसार, यातायात साधनों के विकास, औद्योगिकरण, नगरीकरण, परंपरागत मूल्यों में कमी, निम्न जातियों को दी जाने वाली सुविधाएं, समानता की भावना और संस्कृतिकरण की प्रक्रिया के कारण जातियों के परंपरागत कार्यों और संबंधों में परिवर्तन आने लगें हैं और वर्तमान में विकासात्मक प्रक्रियाओं के कारण जजमानी व्यवस्था अस्तित्वहीन होती जा रही है।

शब्द कुंजी – जजमानी व्यवस्था, जजमान, कमीन, परितोषण, बाजार, आधुनिकता।

प्रस्तावना – प्राचीन ग्रामीण भारत में अनेक संस्थायें ऐसी पायी जाती थीं, जिन संस्थाओं ने ग्रामीण जीवन में समरसता, सहयोग और साहचर्य की भावना को बनाये रखा। ग्रामीण जीवन में बहुत स्थायित्व था यह स्थायित्वपन ग्रामीण जीवन के अन्दर उन्हीं के द्वारा निर्मित कुछ आधारभूत और मूलभूत संस्थाओं के कारण था। ये संस्थाएँ एक तरह से स्वचालित थीं और उनमें व्यक्तिवादिता के स्थान पर सामूहिकता अर्थात समूहवादिता की भावना विद्यमान थी। इन संस्थाएँ में वर्णव्यवस्था, ग्राम पंचायतें, जाति व्यवस्था, जाति पंचायतें, संयुक्त परिवार प्रणाली, जजमानी व्यवस्था आदि कुछ ऐसी ही विशिष्ट संस्थाएँ थीं और इन संस्थाओं की अपनी–अपनी विशिष्टतायें थीं और एक–दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति इनकी संरचना और संगठन को मजबूती प्रदान किये हुए थी।

जजमानी व्यवस्था को हम गाँव की एक ऐसी प्रथा के रूप में देखते हैं, जो विभिन्न जातियो के मधय सामाजिक–आर्थिक संबंधों का एक स्वरूप थी। जिसमें गाँव के प्रत्येक जाति समूह से अन्य जातियों के परिवारों के लिए कुछ विशेष सेवाओं की आशा की जाती है। जजमानी व्यवस्था परम्परागत व्यावसायिक कर्तव्यों की व्यवस्था है। प्राचीन भारत में जातियां एक दूसरे पर आर्थिक रूप से निर्भर होती थीं। एक ग्रामीण व्यक्ति परम्परागत विशिष्ट व्यवसाय उसकी जाति को सौंपी गयी विशेषज्ञता के आधार पर अपनाता था। व्यवसाय के विशिष्टिकरण ने ग्रामीण समाज में सेवाओं के आदान–प्रदान को जन्म दिया। सेवाकर्त्ता (servicing) और सेवित (served) जातियों के बीच यह सम्बन्ध व्यक्तिगत, अस्थाई ,सीमित तथा संविदात्मक (contractual) नहीं था, बल्कि यह जाति–अभिमुख, स्थाई और विस्तृत समर्थन देने वाला था। वह व्यवस्था जिसमें भूमिस्वामी (land owning) परिवार तथा उन भूमिहीन परिवारों में, जो उसे वस्तुएं और सेवाएं प्रदान करते हैं, स्थाई सम्बन्ध मिलते हैं, उसे जजमानी व्यवस्था कहा जाता है।

यह व्यवस्था विभिन्न जातियों के बीच सेवाओं की अन्तर सम्बद्धता को स्पष्ट करती है। जिसमें प्रत्येक जाति का जो अपना परम्परागत/ आनुवांशिक व्यवसाय होता था वह उस व्यवसाय को सम्पादित करती थी। 'जजमानी' वैदिक शब्द है जिसका इस्तेमाल उस संरक्षक के लिए होता है जो समुदाय के लिए कोई यज्ञ संपन्न कराने के निमित्त से किसी ब्राह्मण को नियुक्त करता है। अपने मूल अर्थ में जजमानी व्यवस्था में आर्थिक संबंध का मतलब सेवाओं के बदले उपहारों का विनिमय था या भविष्य में हो सकता था। अतरू यह कहा जा सकता है कि जजमानी व्यवस्था एक वितरण व्यवस्था है, सेवक जाति के लोगों को 'कमीन' कहकर पुकारा जाता है, जबकि सेवित जातियों को 'जजमान' कहा जाता है। सेवक जातियों को उनकी सेवा के बदले में नकद या वस्तु के रूप में भुगतान किया जाता है। सामान्यत: जजमानी व्यवस्था में परितोषण तीन रूपों में दिया जाता था –

1. सेवा के बदले सेवा के रूप में।
2. काम करने वाली जातियां अपने जजमानों से दैनिक, मासिक, वार्षिक और कुछ विशेष अवसरोंयथा मृत्यू, विवाह, जन्म, दिवाली, होली, दशहरा, रक्षाबंधान आदि त्योहारों पर भोजन, कपड़ा अथवा नगद पारितोषण प्राप्त करती थी जो जजमान की क्षमता पर भी निर्भर करता था।
3. पारितोषण कभी–कभी विशेष प्रकार की छूट के रूप में भी देखा जाता है जैसे छोटी–मोटी नौकरी दिलवाने, बिना किराए का मकान देना आदि के रूप में।

जजमानी प्रथा के अंतर्गत विभिन्न जातियों के पारस्परिक संबंधों में अपेक्षाकृत स्थायित्व पाया जाता था, जजमानी प्रथा में एक भूमिस्वामी या किसान को भिन्न–भिन्न काम करने वाली जातियों की सेवाएं स्थाई रूप से मिलती रहती थी। जजमानी संबंध प्रत्यक्ष एवं पारिवारिक आधार पर बने

हुए दिखाई पड़ते हैं, इसलिए सामान्यत: इन संबंधों को कोई भी परिवार तोड़ नहीं सकता था। कोई भी जजमान अपने कमीन से संबंध अपराधा और अक्षम्य कार्य करने पर ही तोड़ सकता था। कमीन भी अपने जजमान को छोड़ना नहीं चाहता था। किसी विशेष परिस्थिति में यदि कमीन गांव छोड़कर जाता तो वह अपने रिश्तेदारों को जजमानों की सेवा सौंपकर जाता, जिससे की जजमान और उसके संबंध बने रहें। कई बार आर्थिक संकट के समय एक कमीन अपनी जजमानी अधिकार को अपनी ही जाति के दूसरे व्यक्ति के यहां गिरवी रखता था या दे सकता था।

जजमानी व्यवस्था में नगद मजदूरी नहीं दी जाती क्योंकि ग्रामीणों के आपसी संबंध आधुनिक पूंजीवादी व्यवस्था की तरह आयोजक और कर्मचारी जैसे नहीं थे। अधिकांश भुगतान वस्तुओं और सेवाओं के रूप में ही होता था। उदाहरण के रूप में – बालक के जन्म की दावत के समय ब्रांहण नामकरण संस्कार कराता है, सुनार नवजात शिशु के लिये स्वर्ण आभूषण उपलब्धा कराता है, धोबी गन्दे कपड़े धोता है, नाई सन्देश वाहन का कार्य करता है, खाती वह पट्टा बनाता है जिस पर बच्चे को नामकरण के लिये बिठाया जाता है, लोहार लोहे का कड़ा बनाता है, कुम्हार कुल्हड़ आदि पानी पीने तथा सब्जियां आदि रखने के लिये उपलब्धा कराता है, पासी भोजन के लिये पत्तालें जुटाता है तथा भंगी दावत के बाद सफाई का काम करता है। वे सभी लोग जो इस प्रकार सहयोग करते हैं उपहार रूप में भोजन, वस्त्र और मान प्राप्त करते हैं जो आंशिक रूप से प्रथा पर, आंशिक रूप से जजमान के आर्थिक स्तर पर तथा आंशिक रूप से प्राप्तकर्ता के अनुरोधा पर निर्भर करता हैं।

हेराल्ड गुल्ड के अनुसार जजमानी प्रथा को संरक्षकों एवं सेवादारों के बीच अन्तर्पारिवारिक एवं अन्तर्जातीय संबंध कहा है जो अधीनस्थ एवं अधीनकर्ता के बीच होते हैं। संरक्षक लोग स्वच्छ जाति के होते हैं जबकि सेवादार अस्वच्छ एवं निम्न जाति के। यह कहा जा सकता है कि यजमानी प्रथा वितरण की व्यवस्था है जिसमें उच्च जाति के भूस्वामी परिवारों को विभिन्न निम्न जातियों, जैसे बढ़ई, नाई, कुम्हार, लोहार, धोबी, भंगी, आदि के द्वारा सेवाएँ या उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं। सेवादार जातियों को 'कमीन' कहा जाता है जबकि सेव्यों को 'यजमान' कहा जाता है। प्रदत्ता सेवाओं के बदले सेवादारों को नकद या वस्तु के रूप में (अनाज, चारा, कपड़े, दूधा आदि) भुगतान किया जाता है।

योगेंद्र सिंह ने जजमानी व्यवस्था को एक ऐसी व्यवस्था कहा है जो गाँवों में अन्तर्जातीय संबंधों में आपसी आदान द्दप्रदान पर आधारित सम्बन्धें से नियंत्रित होती थी।

आर्थिक गतिविधियां मानव की प्राथमिक गतिविधियों में से एक हैं, एक आदि मानव से लेकर आधुनिक मानव की आवश्यकताएं केवल भोजन, आवास एवं वस्त्र तक ही सीमित नहीं है बल्कि कभी न संतुष्ट होने वाले और अपनी आवश्यकताओं को निरंतर उन्नत करते रहने वाले प्राणी के रूप में मानव ने न केवल साधान बदले, बल्कि उसकी आवश्यकताएं भी बढ़ती गई इनको पूरा करने के तरीके, काम के संगठन, विनिमय तथा वितरण के स्वरूप भी समय के साथ बदलते गए। इसलिए आर्थिक संरचनाओं का स्वरूप भी समय के अनुसार बदलता गया। यह स्वरूप संपूर्ण भारत में एक समान रूप से दिखाई नहीं पड़ता उत्तार भारत के क्षेत्रों में यह व्यवस्था अधिक देखने को मिलती रही है। प्राचीनकाल से ही जाति और पेशे के बीच घनिष्ठ संबंध रहा है लोग अपनी जाति के अनुसार ही पेशे को अपनाते थे क्योंकि समाज की वही अपेक्षा थी। समाज का एक ऐसा ताना–बाना था जिसके अंतर्गत व्यक्ति को अपने जीवन यापन के लिए पेशे के चुनाव की आजादी नहीं थी। धीरे–धीरे कुटीर उद्योगों और अन्य प्रकार के उद्योगों का विकास हुआ और वही लोग अपने अनुभव और ज्ञान के आधार पर नए–नए पेशों से जुड़ते चले गए। जजमानी व्यवस्था सभी गांवों में आदान–प्रदानात्मक (reciprocal) नहीं है। कोलेन्डा की मान्यता है कि भारत के बहुत से गांवों में इस प्रकार के सम्बन्धों में प्रबल जातियां शक्ति सन्तुलन अपनी ओर कर लेती हैं। योगेन्द्र सिंह भी विश्वास करते हैं कि भारत के गांव आजकल आर्थिक संस्थाओं, शक्ति संरचना और अन्तरजातीय सम्बन्धों के अर्थ में बदल रहे हैं। आर्थिक परिवर्तन का प्रमुख परिवर्तन भूमि सुधार है जो कि मध्यस्थता उन्मूलन, किरायेदारी सुधार, भूमि चकबन्दी, भूमि के पुनर्वितरण, सहकारी खेती के विकास तथा अन्तरूक्रिया, जजमानी व्यवस्था तथा सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित किया है।

जजमानी व्यवस्था भारतीय गांवों में एक लंबे समय तक विद्यमान रही परंतु जैसे–जैसे मुद्रा अर्थव्यवस्था का प्रचलन बढ़ने लगा धीरे–धीरे यह व्यवस्था टूटने लगी। शिक्षा के प्रसार,यातायात साधानों के विकास, औद्योगिकरण, परंपरागत मूल्यों में कमी, निम्न जातियों को दी जाने वाली सुविधाएं, समानता की भावना और संस्कृतिकरण की प्रक्रिया के कारण जातियों के परंपरागत कार्यों और संबंधों में परिवर्तन आने लगें हैं। 1990 के दशक के आरंभ में भारत में उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण की सर्वव्यापक प्रक्रिया ने एक ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार किया जिसमें परंपरागत व्यवसाय अब परंपरागत नहीं रह गए। इसलिए यह व्यवस्था भी जो आनुवंशिक व्यवसाय पर आधारित थी, में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलता है। गांव के आसपास कस्बों के विस्तार और यातायात के नवीन साधानों ने सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा दिया है। जिससे व्यक्ति अपने परंपरागत व्यवसायों को छोड़कर अनेक नए उद्योगों तथा अन्य व्यवसायों की ओर आकर्षित हो रहा है जिससे इस परंपरागत व्यवस्था के ऊपर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

वर्तमान में जातियों के बदलते प्रतिमान, गांव में जाति वैमनस्यता बढ़ने,आधुनिकीकरण,नगरीकरण, बाजारीकरण ,वैश्वीकरण और उदारीकरण और उपभोक्तावादी संस्कृति ने ग्रामीण समाज की अनेक संस्थाओं को प्रभावित किया है जिनसे जजमानी व्यवस्था अछूती नहीं रह गई है। इन आधुनिक व्यवस्थाओं ने मानव जीवन को परंपरागत से आधुनिक बनाने की दिशा एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। अब व्यक्ति गांवों की परंपरागत नाई की शैली की अपेक्षा कस्बों और नगरों के हेयर कटिंग सैलून में जाना पसंद कर रहा है। परंपरागत कृषि अर्थात हल बैल की कृषि का स्थान यंत्रवत कृषि ने ले लिया है, कृषि में प्रयोग होने वाले परंपरागत साधनों यथा हल, हंसिया, खुरपी, फावड़ा, कुदाल, कुल्हाड़ी आदि साधनों का स्थान ट्रैक्टर, थ्रेसर तथा हार्वेस्टर ने ले लिया है जिससे गावों में परंपरागत लोहार की मांग कम हुई है। वही कुम्हारों द्वारा बनाए जाने वाले मिट्टी के बर्तनों का स्थान प्लास्टिक तथा डिस्पोजल के बर्तनों ने ले लिया है। कस्बों तथा नगरों में ड्राई क्लीनर्स की दुकानों ने गावों में धोबी के द्वारा धुलने वाले कपड़ों के कार्यों के स्वरूप को परिवर्तित किया है। सोने–चांदी के आभूषणों की नवीन प्रकार के डिजाइन और मॉडलों की मांग ने कस्बों तथा नगरों में सराफा बाजार को एक विस्तृत स्वरूप प्रदान किया है जिससे गावों में परंपरागत सुनार की मांग कम हुई है। कस्बों तथा नगरों में मैरिज हाल

तथा होटलों ने गांव से होने वाले विवाह के परंपरागत स्वरूप एवं कर्मकांड को आधुनिक तथा बाजारवादी बनाया है। जिसमें विभिन्न जातियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की मांग कम होने लगी है। इन सभी प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप भी जजमानी व्यवस्था का परंपरागत स्वरूप विघटित होने लगा है।

जजमानी व्यवस्था के स्वरूप और संरचना में वर्तमान में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। यह कहा जा सकता हैं कि इस व्यवस्था का स्वरूप परिवर्तन कि ओर उन्मुख है। कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यवसाय को अपना सकता है। अपने जज़मानों के प्रति कमीन की श्रद्धा भी समाप्त होने लगी है और इनके संबंधों में प्रगाढ़ता नहीं रह गई है। जाति व्यवस्था की सामाजिक –आर्थिक पारस्परिक सम्बन्धों की यह व्यवस्था धीरे–धीरे गांव में भी उस स्वरूप में अब देखने को नहीं मिलती जिस स्वरुप में पहले देखने को मिलती थी। आज गांव में यह व्यवस्था अपने बदले हुए स्वरूप में कुछ हद तक विद्यमान है जहां कुछ कमीन जातियों की सेवाएं विवाह मृत्यु ,त्यौहार आदि आदि विशेष अवसरों पर लेते हुए दिखाई पड़ते हैं। अब इस व्यवस्था का वस्तु के रूप में भुगतान के संबंध में असहमति दिखाई पड़ती हैं और नई पीढ़ी का एक वर्ग नगद भुगतान ले रहा है या खुले व्यवसायों की ओर जा रहा है। जजमानी व्यवस्था ग्रामीण समाज की आधारभूत एवं उपयोगी संस्था रही है। साथ ही यह व्यवस्था सेवाओं के माधयम से ग्रामीण जीवन को एक सूत्र में बांधाने में सफल भी रही है। परन्तु वर्तमान में विकासात्मक प्रक्रियाओं के कारण यह व्यवस्था अस्तित्वहीन होती जा रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. वाइजर डब्ल्यू0एच0: दि हिन्दू जजमानी सिस्टम
2. गुप्ता एम0एल0 और शर्मा डी0डी0: भारतीय ग्रामीण समाजशास्त्र
3. लवानिया एम0एम0 और शशि के0 जैन: ग्रामीण समाजशास्त्र
4. दूबे श्यामाचरण: भारतीय समाज
5. सिंह योगेन्द्र: भारतीय परम्परा का आधुनिकीकरण–2006
6. आहूजा राम: भारतीय सामाजिक व्यवस्था–2005

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Effect of Weight Training and Plyometric Training on Anaerobic Capacity of Collegemen

Dr. Dilip Singh Chouhan*

***Assistant Professor (Physical and Yoga Education) JRN Vidya Peeth University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract - The purpose of the study is to find out the effect of weight training and plyometric trainings on anaerobic capacity of college men. Forty fivecollege men studentswere selected as subject at random fromDepartment of Physical and Yoga Education, JRN Vidya Peeth University, Udaipurand their age ranged from 18 to 22 years. The study was formulated as pre and post test random group design, in which forty five college men were divided into three equal groups. The experimental group- I (n=15, WT) underwent weight training, experimental group- II (n=15, PT) underwent plyometric training and group III served as control group (n=15, CG) did not undergo any specific training. In this study, two training programs were adopted as independent variable, i.e.,weight training and plyometrictraining.The dependent variable was selected as anaerobic capacity, selected twovariables as maximum power and average power. Maximum power and average power measured by RAST (Running – Based Anaerobic Sprint Test),performance was recorded in seconds. The selected two treatment groups were performed alternative three days in a week for the period of eight weeks, as per the stipulated training program. The anaerobic capacity was testedbefore and after the training period. The collected pre and post data was critically analyzed with apt statistical tool Analysis of Co-Variance (ANCOVA), for observed the significant adjusted post-test mean difference of three groups. The Scheffe's post hoc test was used to find out pair-wise comparisons between groups. To test the hypothesis 0.05 level of significant was fixed in this study. The results proved that the selected training produced significant improvement and significant difference exist due to the effect of weight training and plyometric trainings on anaerobic capacity of college men students, when compared with the control group.

Key Words - Weight Training, Plyometric Training, Anaerobic Capacity, ANCOVA, Maximum Powerand, Average Power.

Introduction - Weight training produces increased strength, superior movement performance and general fitness, including enhanced function of the respiratory, cardiac and metabolic systems. Other improvements include an increase in muscle mass, strengthening of connective tissue and supportive tissue as well as improvements in posture and physique.

Plyometric training can take many forms, including jump training for the lower extremities and medicine ball exercises for the upper extremities. Jump training exercises were classified according to the relative demands they placed on the athlete. All the exercises are progressive in nature, with a range of low to high intensity in each type of exercise. The classification of exercises is jumps in place; standing jumps; multiple hops and jumps, bounding, box drills and depth jumps (Bompa, O.T. (1999).

प्रस्तावना – जबलपुर जिले से 150 किलोमीटर दूर है डिण्डेरी जिला जहाँ सिर्फ सड़क मार्ग द्वारा ही पहूँचा जा सकता है। हम अपना स्वयं का वाहन ले जा सकते है अथवा बस के द्वारा भी पहुँच सकते है। जबलपूर से डिण्डौरी जिले के बीच का जो सफर है उसका उपना ही आनंद है। संपूर्ण मार्ग प्रकृतिक सौन्दर्य से भरपूर है। रास्ते में कई पहाड़ और पठार दिखाई देते है। मॉ नर्मदा का पावन तीर्थ स्थल भी डिण्डौरी जिले के समीप स्थित है। लाखों श्रद्धालू प्रतिदिन मॉ नर्मदा की परिक्रमा करने आते है। और मॉ नर्मदा का वह पवित्र उद्गम स्थल जिले अमरकंटक कहा जाता है। रेवा मैया के दर्शन कर पुण्य लाभ लेते हुए लोग अपना जीवन धन्य करते है। मॉ नर्मदा जिसे मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है। मध्य प्रेदश का कण- कण माता का ऋणी है जिसका पवित्र जल पीकर हम बड़े हुए है माता की महिमा अपरंपार है अमरकंटक से एक छोटे से कुंड़ से निकलकर मॉ आगे आने पर विशाल रूप धारण करती है। रास्ते में अनेक गाँव और शहरों से होकर गुजरती है। डिण्डौरी जिला भी उनमं से एक है। जबलपुर से डिण्डौरी आते समय कई गॉव व तहसील पड़ती है। रास्ते में अनेक भयंकर जंगल मिलते है। पहाडों का सीना काटकर रोड़ बनाए गए है। आते समय एक ओर खाई रहती है और दूसरी ओर जंगल में पहाड मिलते है। जरा सी असावधानी खतरा पैदा कर सकती है। डिण्डौरी जिले में आदिवासी बाहुल्य है। रास्ते में मिलने वाल ग्रामीण भी अधिकांश आदिवासी ही रहते है। ये आदिवासी प्रकृति के पुजारी होते है इनके अपने गॉव के ग्राम्य देवता रहते है। परधान जनजाति के लोग प्राचीन कॉल से पुरोहित माने जाते है। परधान ठाकुर देव और बड़ा देव की पूजा आराधना करते है। उनका वाद्ययंत्र होता है। जिसे बाना कहते है। उसे बजाकर देव की स्तुती गीतों में माध्यम से करते हुए उनके गुणगान करते है। बाना वाद्ययंत्र परधान आदिवासियों का बहुत पुराना बजानेवाला बाजा है। आदिवासी गॉव-गॉव घूमकर बाना बजाकर देवता की आराधना करते है जिससे उन्हें अनेक प्रकार के दान प्राप्त होते है उस दान से वे अपना जीविकोपर्जन करते है। दान में उन्हे अनाज, गाय - भैंस, काँसे के बर्तन थाली लोटा बटकी, बटुआ और कई प्रकार की वस्तुएँ उन्हें प्राप्त होती है। ये अपना खेतिका काम भी बखूबी करते है। हल के द्वारा खेती का कार्य संपन्न करवाया जाता है। डिण्डौरी जिला उसमें आसपास के अधिकांश गाँवों में परधान आदिवासी समाज का निवास पाया जाता है। ये आदिवासी बहुत ही सीधे-साधे रहते है। किसी भी बात पर अंधा विश्वास कर लेते है। वर्तमान समय में परधानों आदिवासीयों ने पढ़ लिख कर समाज में अपना एक ऊँचा स्थान प्राप्त किया है।

डिण्डोंरी आदिवासी बाहुल्य जिला है। इसे जिला बने भले ही महज 18-20 बरस हुए हैं लेकिन इस क्षेत्र में आदिवासियों का इतिहास सदियों पुराना है। मध्य प्रदेश में आदिवासियों की बहुलता होने के कारण सरकार द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के पर्व में सरकार द्वारा मनाया जाता है। यह हमारे प्रदेश के लिए बडे गौरव की बात है। डिण्डोंरी जिले के 927 गाँव में से 899 गाँवों में विभिन्न जनजातियाँ निवास करती हैं। हर जनजाति की अपनी खास पहचान सभ्यता, संस्कार, मान्यता, कर्तव्य एवं संस्कृति है। ये लोग सदियों से अपनी परंपराओं को निर्वाध रूप से आगे बढ़ा रहे है। दुनियाभर में लोकप्रिय है डिण्डोंरी का करमा नृत्य विश्व प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र में कई लोक नृत्य किए जाते है।, परधान जाति नृत्य और संगीत के शौकीन माने जाते है। उनके लिए संगीत ईश्वर की देन है। उनके नृत्यों को दो श्रेणियों अर्थात सामाजिक और धार्मिक नृत्यों में विभाजित किया गया है। धार्मिक नृत्यों को भगवान से आर्शीवाद प्राप्त करने, बाद अकाल और महामरी जैसी बुराईयों के कारण होने वाली समस्या से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है। धार्मिक नृत्यों में सुआ, दशोरा, दोहा और सुमरन हैं जबकि सामाजिक नृत्यों में करमा, रीना, थैला, बिलमा, झारपड़ और तामड़ी आदि बहुत लोकप्रिय है।

डिण्डोंरी जिले की विश्व प्रसिद्ध आदिवासी संस्कृति जिसमें मुख्य रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति, बैगा, गोंड, परधान, अगरिया एवं वादी जाति की संस्कृति अब यूनाईटेड किंगडाम में भी देखी जा सकेगी। आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने एवं प्रचारित प्रसारित करने के लिए यूनाइटेड किंगडम में विश्व प्रसिद्ध फोटो ग्राफर एवं आदिवासी संस्कृति के स्कॉलर भारत पटेल पूरे जिले में भ्रमण कर सात दिवसों तक आदिवासियों की संस्कृति के जानकार एवं अध्येता श्री धनेश परस्ते निवासी गाड़ासरई डिण्डोंरी के साथ रहे। इस दौरान वह सुदूर ग्राम जैसे रहँगी, सिमरिया, सागर टोला, खाल्टे टोला, ऊपर टोला बरगाँव, गोरखपुर, माधोपुर, बछरगाँव, टिपटा, बल्लारपुर, बीजापुरी कंचनपुर, कुकर्रमठ, छाँटा, बजाग, समनापुर आदि अनेक गावों का भ्रमण किया । हस दौरान वह सूदूर ग्रामों में जाकर बैगा जाति के गोदना परधान जाति का बाना, गोंड जनजाति का गोदना व लोकनृत्य, अगरिया जनजाति का पत्थर को पिधलाकर लोहा निकालना एवं वादी जाति की महिलाओं द्वारा गोदना करने संबंधी विस्तार से जानकारी ली गई । गोदना के संबंध में ऐसी मान्यता है कि गोदना शरीर के अलंकरण के साथ-साथ सौभग्य सुहाग चिन्ह माना जाता है। गोदना भूत-प्रेतों विषैले जीव-जनतुओं एवं डरावनें हिंसक पशुओं से बचाता है। गोदना को महिलाएँ चिर स्थाई आभूषण मानती

है। उनका कहना है कि सोना–चाँदी आदि धातुओं के आभूषण तो मृत्यु होने पर छूट जाते है। किन्तु गोदना आभूषण मृत्यु के साथ जाता है अर्थात परलोक तक जाता है। गोदना शारीरिक सज्जा का अमिट रेखांकन है। उसके अलावा आदिवासीयों का शैला, रीना, करमा, ढदरिया, ढादरा आदि मुख्य लोकगीत एवं लोकनृत्य होते है। अगरिया जातियों द्वारा पहाड़ी जंगलों में स्थिज्ञत पत्थरों को घर ले जाकर अपनी विशिष्ट भट्टी में डालकर लोहा निकालते है। बादी जातियों की महिलाएँ सितम्बर माह में लगभग चार महीने के लिए परिवार सहित बैगा एवं गोंडों के गांव में जाकर गोदना गोदने का काम करती है। इस संबंध में आदिवासी संस्कृति के जानकार श्री धनेश परस्ते ने चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आने वाली पीढ़ी तक में बैगा महिलाओं का गोदना समाप्त, हो जायगा। उसका कारण यह है कि गोदना गोदने वाले वादियों की संख्या 8 से दस है और गोदना गुदवान वाले बैगा परिवारों के पास इतना पैसा नहीं है कि वों गोदना गुदवाने की कीमत दे सकें। जिस कारण से गुदना गुदाने की पारंपरिक परंपरा समाप्त होने के कगार पर दिख रही है। श्री धनेश परस्ते बताते है कि इसका एक कारण यह भी कि संविधान की पुस्तक में देश के अंदर स्थित विभिन्न जनजातियों की सूची में वादी जाति नही है ये विशुद्ध आदिवासी जाति दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। क्योंकि आदिवासी को मिलने वाली सुविधाओं से ये जाति वंचित है। वर्तमान समय में परधान जाति अपने पढ़ने की लगन के कारण कठिन से कठिन करिस्थितियों का सामना कर उच्च शिक्षा को प्राप्त कर रही है। आज अनेक परधान आदिवासी म. प्र. लोकसेवा आयोग की कठिन परीक्षा की पास कर बडे–बडे उच्च पदों पर आसीन है। अनेक आर्थिक कठिनाइयों को झेलते हुए, विपरीत समस्याओं का सामना करते हुए आगे बढ़ रहे है। आगे बढ़ने की यही सोच उनमे अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु प्रेरित करती है। बैंकिंग के क्षेत्रों में भी उन्होंने बडे–बडे पदों पर पहुँचकर अपनी विद्धता का लोहा मनवाया है। कानून के क्षेत्र में उच्च पद में जज एवं उच्च पद के वकील बनकर अपने ज्ञान का परिचय दिया है। आज भले ही वे कितने ही उच्च पदों पर पहुच गय हों लेकिन आज भी वे अपने गाँव अपने क्षेत्र की गलियों का भूलते नहीं है। अपने साहित्य और संस्कृति की अमिट छाप उनके व्यक्तित्व एवं कृत्विव में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्हें अपनी मातृभूमि से आज भी उतना ही प्रेम है जितना कि पहले था। अपने क्षत्र में विकास करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। आज हर क्षेत्र में परधान आदिवासियों अपनी विद्दवता का परचम लहराया है। सुदूर धने जंगलों में रहते हुए शहर की यात्रा अपने ज्ञान से की है। इनकी कुशाग्र बुद्धि ही इन्हें आगे बढ़ाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. श्री प्रेमचन्द परस्ते – छत्तीसगढ़ी बोली और लोकगीत
2. श्री बाबूराम मरकाम – छत्तीसगढ़ी जंगल पहाड़ के लोकगीत
3. श्रीमती गीता मरकाम – छत्तीसगढ़ी खेती के लोकगीत
4. डॉ. श्रीमती बिन्दू परस्ते – छत्तीसगढ़ी और उसका साहित्य
5. डॉ मनीषा सिंह मरकाम – उषा की शांत धार अबूझ रिश्ते
6. श्री धनेश परस्ते – आदिवासी साहित्य

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

मनरेगा योजना एवं ग्रामीणो के पलायन का अध्ययन (जनपद चित्रकूट ग्राम- चितरा गोकुलपुर के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. राजेश त्रिपाठी * अमृतांशू मिश्रा **

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – विगत कई वर्षों से मजदूर संगठन, नगर समाज संगठनो ने एक ऐसे ही राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून की माँग करते हैं, जिसमें रोजगार गारंटी के साथ काम के अधिकार को संरक्षित करने के दूसरे उपाय भी हों। भारत की सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून 2005 को एक लम्बे संघर्ष और विभिन्न क्षेत्रों के कड़े विरोध के बाद 23 अगस्त 2005 को पारित किया, क्योंकि काम का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 मे दिये गये गरिमा के साथ जीने का अधिकार की पूर्व शर्त है। संविधान के अनुच्छेद 41 मे भी देश प्रत्येक नागरिक को काम के अधिकार की बात की गयी है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून 2005 कम से कम एक ऐसा अस्त्र तो अवश्य है जिससे वे अपने बुनियादी अधिकार को प्राप्त कर सकते हैं।

गारंटी शुदा रोजगार प्राप्त होने से उन्हें आर्थिक असुरक्षा से बचाया जा सकता है। मोल भाव करने की उनकी ताकत मे वृद्धी की जा सकती है और अपने अधिकारों के लिये लडने के वास्ते संगठित होने में उन्हें मदद किया जा सकता है अभी बहुत से लोग इस योजना से वंचित है जिसका प्रभाव गाँव मे गरीबी बढने से लोगो द्वारा रोजगार की तलाश मे शहरों की तरफ भागना पड़ता है।

भारत सरकार द्वारा 2 फरवरी 2006 से है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को देश के 200 जिलों मे लागू कर दिया गया है। इस योजना के तहत प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के 22 जिलों का चयन किया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना द्वारा बेरोजगारी और गरीबी मिटाने की दिशा मे प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष मे 100 दिन का रोजगार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जायेगा। यह सभी कार्य इस योजना के लाभार्थीयों से अपेक्षा नहीं किया जा सकता है। इसके लिये इनके हकों एवं अधिकारों के लिये नगर समाज संगठनो को आगे आना होगा, तभी यह कानून अपने निश्चित लक्ष्यों को पाने मे पूरक हो सकता है।

इस कानूनी योजना के अमल मे ग्राम पंचायतो के साथ- साथ अन्य स्थानीय निकायों को भागीदार बनाया गया है, फिर भी इसे अमल में लाने के लिये करने में विशेष सावधानी बरतनी होगी और यह कार्य कुशल निगरानी तंत्र के जरिये ही सम्भव है।

परिवार के मात्र एक व्यक्ति को 100 दिन के रोजगार देने से बेरोजगारी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता है, इसलिये बेरोजगारी जैसी समस्या से स्थायी हल सिर्फ गाँव मे रोजगार के अवसरों मे वृद्धी से ही मुमकिन है। इसीलिये तो भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2008 से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून 2005 को सम्पूर्ण भारत में लागू कर दिया।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना : राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना 5 सितम्बर 2006 को लागू की गई है। जिसके तहत उन सभी व्यक्तियों को आवेदन के बाद 100 दिन की अवधि में सार्वजनिक कार्यों में रोजगार पाने की हकदारी दी गई है, जो सरकार द्वारा मान्य न्यूनतम मजदूरी दर पर अकुशल श्रम करने को तैयार हो। अगर उन्हे रोजगार उपलब्ध नही कराया जाता है, तो उन्हे बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जायेगा। फिलहाल इस योजना में रोजगार की गारन्टी 100 दिन प्रति वर्ष प्रति परिवार रखी गई है।

पिछले कुछ वर्षों से मजदूर संगठन एक ऐसे राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी कानून की माँग करते आ रहे हैं, जिसमें काम पाने के अधिकार के साथ अन्य अधिकार भी उपलब्ध हो भारत की संसद ने 5 सितम्बर 2006 को एक लम्बे संघर्ष और विभिन्न क्षेत्रों में कडे विरोध के बाद इस कानून को पारित किया। प्रारम्भ में 300 जिलों को इस योजना में सम्मिलित किया गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना एक ऐसा हथियार है, जिसका उपयोग ग्रामीण मजदूर अपने सशक्तिकरण के लिए कर सकते है साथ ही मोलभाव की उनकीताकत में इजाफा कर सकता है और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के वास्ते संगठित होने में उनकी मदद कर सकता है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना से व्यक्ति को प्राप्त अधिकार : रोजगार की माँग का अधिकार- रोजगार की माँग किये जाने पर 15 दिन के अन्दर रोजगार प्राप्त करने का अधिकार 15 दिन में रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्तो का अधिकार:

1. कार्यक्षेत्र में कार्य करते समय पीने योग्य पानी तथा प्राथमिक उपचार पाने का अधिकार।
2. राज्य में वैधानिक निर्धारित मजदूरी दर को प्राप्त करने का अधिकार।
3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में मजदूरों की कार्य प्राप्त करने की प्रक्रिया।
4. प्रत्येक मजदूर को जो कार्य करना चाहता है, उन्हें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में अपना पंजीकरण कराना होगा। यह पंजीकरण कराना 5 वर्ष के लिए वैध होगा।
5. प्रत्येक मजदूर को काम करने के लिए स्वयं आवेदन करना होगा और यह आवेदन उतनी बार करना होगा जितनी बार कार्य की आवश्कता होगी।
6. प्रत्येक ग्राम पंचायत पंजीकत मजदूर को प्राप्त मजदूरी तथा बेरोजगारी भत्तो को दर्ज किया जायेगा।कि.मी. से अधिक दूरी पर रोजगार उपलब्ध कराने पर न्यूनतम मजदूरी से 10 प्रतिशत अधिक देना होगा।

7. प्रत्येक मजदूर को वही कार्य करना होगा जो उन्हें ग्राम पंचायत के द्वारा सौंपा जायेगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में कार्य चयन की प्राथिमिकतायें :

1. इस योजना मे यह प्रवधान किया गया है कि राज्य रोजगार गारन्टी परिषद प्राथमिकता के आधार पर किये जाने वाले कार्यो की सूची तैयार करें।
2. कार्यो की प्राथिमिकतायें तैयार करने का प्रमुख आधार होगा स्थायी सम्पत्ति बनाने की क्षमता यह क्षमता क्षेत्रों की विविधता के आधार पर तैयार हो सकती हैं।
3. योजना के अर्न्तगत निम्नांकित कार्यो को उनकी वरीयता के आधार पर तय हो सकती हैं।
4. जल संग्रहण एवं जल संरक्षण सूखे को रोकने का कार्य (जिसमें माइनर और माइको सिंचाई कार्य सम्मिलित है)
5. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के परिवारों के भू-स्वामियों की भूमि विकास के कार्य की व्यवस्था से सम्बंधित कार्य।
6. बरहमासी सड़कों का निर्माण। ग्राम के मध्य सडक निर्माण (नाली निर्माण सहित) भी इसमें सम्मिलित हैं।

भूमि के लिये सिंचाई सुविधाओं के कार्य :

1. बाढ नियंत्रण एवं बाढ़ बचाव कार्य में जल अवरुद्ध क्षेत्र मे जल निकासी
2. अन्य कोई कार्य जिन्हें केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार के परामर्श से अधिसूचित करें।
3. सूची में वर्णित कार्यो के अर्न्तगत सृजित सम्पत्तियों के रख रखाव पर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना सम्भावित लाभ :
4. इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप गाँव में शहरों की ओर पलायन कम हो जायेगा गाँव मे ही कार्य उपलब्ध होगा जिससे लोगों को शहरों की ओर नहीं भागना पडेगा।
5. पलायन के कारण उत्तापन समस्याओं को रोका जा सकेगा।
6. यह उम्मीद की जा सकती है, कि रोजगार गारण्टी योजना ग्रामीण परिवारों की भुखमारी एवं गरीबी मिटाने में सहायक होगी।
7. एन.आर.ई.जी.एस.महिलाओं के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण सॉत होगा. क्योंकी इसके अन्तर्गत लाभान्वित होने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक होगी।
8. योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कुछ सार्थक स्थायी सम्पत्ति / सम्पदाका निर्माण हो जायेगा, जबकि ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं में प्राय: ऐसा सम्भव नहीं ही पाता है।
9. गाँव में पहले से निर्मित कार्यो की मरम्मत पानी के स्रोतों तलाबों, एनीकेट से गाद निकालना एवं उनके रख-रखाव का कार्य नियमित रूप से किये जाने का प्रावधान है।
10. रोजगार की गारण्टी से ग्रामीण समाज का शक्ति समीकरण बदलेगा शक्ति को सामाजिक क्षमता के पुर्ननिर्माण के आधार के रूप मे देखा जायेगा।
11. चितरा गाँव मे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अर्न्तगत काम पाने वाले लोगों की आर्थिक सामाजिक पृष्टभूमि का अध्ययन किया जायेगा।
12. नरेगा में कार्यरत ग्रामीण जनों के भुगतान की व्यवहारिक स्थिती एवं परिस्थितियों का अध्ययन किया जायेगा। गाँव से रोजगार हेतु विस्थापित हो रहे लोगों मे नरेगा के प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा।

नरेगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लोगो के सुझावों का अध्ययन किया जायेगा।

शोध प्रविधि – गाँव मे नरेगा योजना के अर्न्तगत कार्यरत 365 जॉब कार्ड धारकों मे से उत्तरदाताओं के चयन हेतू सोदेश्य निदर्शन विधि का प्रयोग कर 100 जाँब कार्ड धारकों का चयन किया गया।

उद्देश्य:

1. चितरा गाँव मे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अर्न्तगत काम पाने वाले लोगों की आर्थिक सामाजिक पृष्टभूमि का अध्ययन किया जायेगा।
2. नरेगा में कार्यरत ग्रामीण जनों के भुगतान की व्यवहारिक स्थिती एवं परिस्थितियों का अध्ययन किया जायेगा।
3. गाँव से रोजगार हेतु विस्थपित हो रहे लोगों में नरेगा के प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा।

अध्ययन क्षेत्र– अध्ययन के लिये शोधकर्ता ने चितरागोकुलपुर गाँव चुना चितरा गाँव मुख्य मार्ग से दूरी 1 कि.मी. है। यह गाँव मुख्य मार्ग से दक्षिण दिशा की ओर स्थित है। यह गाँव आर्थिक दृष्टी से पिछड़ा हुआ है, तथा इस गाँव के लोगों का आय का स्रोत मजदूरी है। गाँव के कुछ व्यक्ति खेती भी करते हैं परन्तु उससे वे महीने में इतना भी नहीं कमा पाते हैं जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। जिसे मैने समस्या का अध्ययन करके आवश्यक तत्वों का आकलन किया। चितरागोकुलपुर गाँव में विभिन्न जातियों और धर्मो के लोग निवास करते हैं, और विभिन्न आर्थिक स्थिति के लोग निवास करते हैं। साथ साथ इस क्षेत्र में वर्तमान मे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का कार्य चालू है। अध्ययन के लिये यह क्षेत्र सर्वथा उपयुक्त है, इस कारण अध्ययन के लिये शोधकर्ता ने चितरागोकुलपुर गाँव, चुना।

तालिका- 01

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	18 से 30	32	32.00
2	30 से 40	55	55.00
3	40 से ऊपर	13	13.00
		100	100.00

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है, कि नरेगा मे कार्यरत व्यक्तियों में प्रौढ वर्ग की जनसंख्या सर्वाधिक है, जिनका प्रतिशत 55 है, 40 वर्ष से ऊपर वालों का प्रतिशत 13 है, जो सबसे कम है। क्रमश: 18 से 30 वर्ष कं लोगों की संख्या 32 प्रतिशत पायी गयी है।

अत: स्पष्ट है कि नरेगा में कार्यरत प्रौढ वर्ग के लोगों का प्रतिशत सबसे अधिक पाया गया है। इसका कारण प्रौढ वर्ग के लोगों की आर्थिक जरूरतें काफी अधिक हैं।उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है, कि जॉब कार्ड धारकों मे 78 प्रतिशत पुरुष हैं और 22 प्रतिशत स्त्री हैं।

तालिका- 02: शिक्षा के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	प्राथमिक	09	09.00
2	मिडिल	01	01.00
3	सेकेण्डरी	03	03.00
4	उच्च शिक्षा	00	00.00
5	निरक्षर	87	87.00
	योग	100	100.00

अत: स्पष्ट है, कि नरेगा में कार्य करने में महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों ने सबसे अधिक उत्सुकता दिखलाई है।उपरोक्त सारणी मे 100 जॉब कार्ड धारकों में 9 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किये हैं और 1 प्रतिशत मिडिल शिक्षा हैं और 3 प्रतिशत सेकेन्डरी शिक्षा और 0 प्रतिशत लोगों ने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। निरक्षर उत्तरदाताओं का प्रतिशत 87 है, जो सबसे अधिक है।

अत: स्पष्ट है, कि नरेगा में कार्य करने वाले व्यक्तियों में निरक्षर व्यक्तियों का प्रतिशत सबसे अधिक है।संख्या

तालिका– 03: घर पर उपलबध आधुनिक संसाधन के आधार वर्गीकरण

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	गाड़ी	10	10.00
2	मोबाईल	44	44.00
3	टीवी	25	25.00
4	रेडियों	21	21.00
	योग	100	100.00

उपरोक्त सारणी से पता चलता है, कि 100 उत्तरदाताओं में 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास गाडी, 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास मोबाइल, 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास टी.वी. है और 21 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास रेडियो है।

तालिका– 04: परिवार में सदस्यों की संख्या के आधार वर्गीकरण

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	1 से 9	52	52.00
2	5 से 10	48	48.00
3	10 से अधिक	00	00.00
	योग	100	100.00

अत: उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि जॉब कार्ड धारक उत्तरदाताओं के पास आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं।उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में सर्वाधिक सदस्यों की संख्या वाले परिवार का प्रतिशत 52 है, इनमें 1 से 5 तक की संख्या निवास करती है। 48 प्रतिशत ऐसे परिवार हैं जिनमें सदस्यों की संख्या 5 से 10 तक है, और 10 से अधिक सदस्यों की संख्या वाले परिवारों का प्रतिशत 0 है।

अत: स्पष्ट है कि, उत्तरदाता परिवार में निवास करने वालों मे सर्वाधिक 1 से 5 हैं, जिनका प्रतिशत 52 है।

तालिका– 05: घर पर उपलबध आधुनिक संसाधन के आधार वर्गीकरण

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	कच्चा	89	89.00
2	पक्का	05	05.00
3	मिश्रित	06	06.00
	योग	100	100.00

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में 89 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मकान कच्चा बना है, 5 प्रतिशत ऐसे उत्तरदाता हैं जिनका निवास पक्का है, तथा 6 प्रतिशत मिश्रित मकान वाले उत्तरदाता हैं। अत: उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि नरेगा में कार्यरत सर्वाधिक उत्तरदाताओं के मकान कच्चे बने हैं जिनका प्रतिशत 89 है।

निष्कर्ष – राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत कार्यरत चितरागोकुलपुर गाँव के लाभान्वित श्रमिकों के समग्र अध्ययन से निम्न तथ्य योजना के सम्बन्ध मे परिलक्षित है।

1. नरेगा में कार्यरत व्यक्तियों में प्रौढ वर्ग की जनसंख्या सर्वाधिक है।
2. महिलाओं ने जॉबकार्ड बनवाने में पुरूषों की आपेक्षा उत्सुकता कम दिखलाई है।
3. जॉब कार्ड धारकों में निरक्षरों की संख्या सबसे अधिक है।
4. नरेगा में कार्य करने वाले उत्तरदाताओं के पास आधुनिक संसाधनों में मोबाइल सर्वाधिक है।
5. उत्तरदाता परिवार में 1 से 5 तक की संख्या सर्वाधिक है, जिसका प्रतिशत 52 है।
6. गाँव में सर्वाधिक जॉब कार्ड धारकों के घर कच्चे बने हैं।
7. उत्तरदाताओं की मासिक आय सर्वाधिक 2000 से ऊपर है। : घर के खर्चे के आधार पर उत्तरदाता की आमदनी सामान्य है।
8. 92 प्रतिशत उत्तरआताओं का भोजन स्तर सामान्य है, जो सर्वाधिक है। नरेगा में कार्यरत लोगों की आर्थिक स्थिति काफी खराब है।
9. सर्वाधिक उत्तरदाताओं के घर में उपलब्ध सुविधाओं का सर्वाधिक प्रतिशत काफी खराब का है।
10. उत्तरदाताओ मे किये गये सर्वेक्षण से यह पता चला कि सामान्य जाति वर्ग के लोगों ने जॉबकार्ड केवल 1 प्रतिशत ही बनवाये है।
11. नरेगा में कार्यरत लोग सर्वाधिक सामान्य स्तर के हैं।
12. 1000 से 5000 वार्षिक आय वाले परिवारों ने जॉबकार्ड बनवाने मे उत्सुकता दिखलाई है।
13. गाँव मे जॉबकार्ड धारक व्यक्तियों के पास उपलब्ध आधुनिक संसाधन मे से मोबाइल की संख्या सर्वाधिक है जो 44 प्रतिशत है।

सुझाव:

1. शोध में निकाले गये निष्कर्षो के पश्चात निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं।
2. जॉब कार्ड धारकों को योजना की चरणबद्ध जानकारी देने की आवश्यकता है।
3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना में महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जॉब कार्ड बनाये जाने की आवश्यकता है।
4. गाँव में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना में दिलायी जाने वाली जैसे दवायें, बेरोजगारी भत्ता बच्चों की सुविधायें आदि को उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।
5. कार्य स्थल पर शारीरिक क्षति होने के कारण सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को लागू किये जाने की आवश्यकता है।
6. मजदूरी का भुगतान समय से किये जाने के लिये ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. रूद्रदत्त सिंह: भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रकाशक ए.स. चन्द एवं कम्पनी लि., रामनगर, नई दिल्ली
2. कुरुक्षेत्र: 2007 दितम्बर।
3. योजना: 2004 सितम्बर।
4. रविन्द्रनाथ मुखर्जी: सर्वेक्षण एवं सांख्यिकी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

ग्रामीण क्षेत्रों में बालविकास की समस्याओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. राजेश त्रिपाठी* अर्चना दुबे **

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – समाज एक विशाल व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत समूह समितियों संस्थाएँ आदि आती है एक स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है की वहाँ पर रह रहे लोगो का आचरण अच्छा हो अपने मूल्यों व कर्तव्यों के प्रति वे ईमानदार हो जिससे उस समाज में रह रहे बालको को अच्छा माहौल मिल सके क्योकि यही बालक आगे चलकर समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे अत: इनकी नींव मजबूत होनी अति आवश्यक है।

प्राचीन ग्रामीण समाज एक ऐसे समाज के अन्तर्गत आता था जहाँ पर समस्त सामाजिक कार्यों पर परम्पराओं एवं रुढियों का नियंत्रण होता था। ग्रामीण समाज के अन्तर्गत परिवार विवाह आदि एक प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के रूप में कार्य करती थी जो कि समस्त सामाजिक जीवन पर अपना नियंत्रण स्थापित करने का कार्य करती थी।

प्राचीन समय में समाज वर्णो में वटा था तथा सभी वर्णों का कार्य भी बटा था जिसमे पिता कि जगह पुत्र लेता था अर्थात ब्रह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, सूद्र अपने निर्धारित कार्यों को अपनी अगली पीढ़ी को सौंपते जाते थे। इस तरह सभी वर्ण अपनी अगली पीढ़ी को बाल्यकाल से ही विकसित करने का प्रयास करते थे इस तरह माता पिता के संरक्षण में बच्चों का समुचित विकास होता था।

इस तरह सभी वर्ण अपनी अगली पीढ़ियों को तैयार करते रुकावट के समाज में सभी को उनके पिता द्वारा व्यावसायिक शिक्षा मिल जाति थी तथा पण में कर निर्धारित होने के कारण अपने पिता की जगह ले लेते थे इस प्रकारको का विकास पूरी तरह माता पिता पर निर्भर रहता था पर जैसे जैसे समाज में बदलाव होता गया तथा समाज परिवर्तन हुए और लोग परम्परागत व्यवसाय से अलग भी सोचने महसूस हुआ की की बाल विकास हेतु उन्हें अब ज्यादा सोचने की जरूरत है फिर विद्यालयों का प्रचलन हुआ शुरुआत में इनका भी क्षेत्र सीमित था और इनमें वेदों, पुराणों आदि की ही शिक्षा दी जाती थी वो भी उसे वर्नो को ही।

आधुनिक समय में जहाँ जाति, वर्ग रुढ़िया व परम्पराए लगभग दम तोड़ चुकी है लोग पूरी तरह स्वतंत्र है तथा किसी भी वर्ग या जाति के लोग शिक्षा तथा अन्य साधनों के द्वारा आगे बढ़ सकते है अत: लोगों ने बालको के विकास में काफी ध्यान देना शुरू कर दिया हैं इस वैज्ञानिक युग में मनोरंजन तथा अन्य सुख सुविधाओं से बच्चों का भंग करना शुरू कर दिया है टेलीवीजन, इन्टरनेट, मोबाइल, आदि ने लोगों के जीवन को प्रभावित किया है बच्चे भी इससे अछूते नहीं रहे है तथा टेलीवीजन व इन्टरनेट दिखाए जाने वाली कई ऐसी चीजे बच्चे सीख जाते हैं जो की वयस्कों के लिए होती है।

क्षेत्र परिचय – प्रस्तुत लघुशोध कार्य हेतु बस्था ग्राम पंचायत का चयन किया है। ग्राम बस्या रामनगर के अन्तर्गत जनपद चित्रकूट में स्थित है। ग्राम बरुवा में सामान्य पिछड़ी व अनुसूचित जातियां निवास करती है जिसमे विभिन्न सामजिक व आर्थिक स्तर के लोगरहते हैं।

क्षेत्र का सामान्य परिचय निम्नलिखित है

1. प्रधान श्री राम जी
2. जनसंख्या 3546
3. परिवारों की संख्या 716
4. मतदाता 1666
5. संपर्क मार्ग पक्की सड़क
6. प्रकाश व्यवस्था विद्युतीकरण है।
7. पेयजल स्रोत निजी/सार्वजानिक
8. विद्यालय प्राथमिक जूनियर हाईस्कूल
9. थाना राजपुर
10. सचार सुविधाए मोबाइल

उद्देश्य:

1. उत्तरदाताओं की सामाजिक व आर्थिक परिस्थितयों का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण क्षेत्र में मालविकास सम्बन्धी वर्तमान परिस्थितयों का करना।
3. वर्तमान में विकास बालविकास में आने वाले अवरोधों/समस्याओं का अध्ययन करना।
4. ग्रामीण क्षेत्र में बालविकास सम्बंधी चल रहे कार्यक्रमों का अध्यन करना।
5. गांवों उचित एवं आवश्यक बालविकास हेतु अभिभावको से सुझाव पास करना।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत लघु शोध कार्य करने हेतु बरूरा ग्रामपंचायत का किया जो रामनगर ब्लॉक के अन्तर्गत विकासखण्ड राजपुर जिला चित्रकूट के अन्तर्गत आता है। बरूआ गांव में सामान्य, पिछड़ी, अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं।

शोध कार्य हेतु गांव के अभिभावकों, शिक्षका एवं छात्रों में से 50 उत्तरदाताओं का चयन उदेश्यपूर्ण निदर्शन द्वारा विभिन्न जाति धर्म एवं

समाजिक तथा आर्थिक परिस्थतियों द्वारा किया जयेगा।

तथ्यों का संकलन– तथ्यों के संकलन हेतु विषय के उद्देश्यों के अनुरूप एक अनुसूची का निर्माण किया जाएगा।

इस अनुसूची को लेकर क्षेत्र में उत्तरदाताओं से प्रत्यक्ष संपर्क कर इसकी फील्ड टेस्टिंग की जाएगी।

फील्ड टेस्टिंग के पश्चात आवश्यक संसोधनों के उपरान्त अनुसूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी अनुसूची द्वारा उत्तरदाताओं से प्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क कर तथ्यों को संकलित किया जाएगा ।

तथ्यों का वर्गीकरण/सारणीयन एवं विश्लेषण – प्राप्त तथ्यों का भिन्न भिन्न वर्गों में विभाजित कर मास्टर चार्ट पर वर्गीकृत किया जाएगा। इसके पश्चात वर्गो के अनुरूप सारणियों का निर्माण किया जाएगा। तत्पश्चात सारणियों के तथ्यों के आधार पर विश्लेषण किया जायेगा।

निष्कर्ष एवं सुझाव – प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर विषय से सम्बंधित निष्कर्ष प्राप्त किये जाएंगे।

इन निष्कर्षो के आधार पर उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये जाएंगे।

तालिका संख्या–1: जाति के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	जाति	संख्या	प्रतिशत
1	सामान्य	23	46
2	पिछड़ी	07	14
3	अनुसूचित जाति	20	40
4	अनुसूचित जन जाति	00	00
5	अन्य	00	00
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाता सामान्य जाति के हैं जिनका प्रतिशत 46 है। जबकि 40 प्रतिशत अनुसूचित जाति 14 प्रतिशत पिछड़ी व अन्य का प्रतिशत शून्य है । अत: स्पष्ट है कि बाल विकास की समस्या के प्रति सर्वाधिक सामान्य जाति के उत्तरदाता जागरूक हैं।

तालिका संख्या–2: धर्म के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	धर्म	संख्या	प्रतिशत
1	हिन्दू	50	100
2	मुस्लिम	00	00
3	सिख	00	00
4	ईसाई	00	00
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाता हिन्दू धर्म के हैं निका प्रतिशत 100 है जबकि अन्य धर्मो का प्रतिशत शून्य है।

अत: स्पष्ट है कि क्षेत्र में केवल हिन्दू धर्म के लोग ही निवास कर रहें हैं।

तालिका संख्या–03: उम्र के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	उम्र	संख्या	प्रतिशत
1	08 से 18	02	04
2	18 से 28	02	04
3	28 से 38	19	38
4	38 से 48	17	34
5	48 से अधिक	10	20
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाता 28–38 आयु वर्ग के हैं जिनका प्रतिशत 38 है। जबकि 38 से 48 आयु वर्ग में 34 प्रतिशत, 48 से अधिक आयु वर्ग में 20 प्रतिशत 18 से 28 आयु में 4 प्रतिशत 8 से 18 में 4 प्रतिशत आयु वर्ग के लोग हैं।

स्पष्ट है कि 28 से 48 वर्ष की उम्र के लोगों का ध्यान एवं रूचि बाल विकास की समस्याओं के प्रति अधिक है।

तालिका संख्या–04: व्यवसाय के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	व्यवसाय	संख्या	प्रतिशत
1	मजदूरी	10	20
2	कृषि	17	34
3	व्यापार	06	12
4	नौकरी	08	16
5	अन्य कार्य	09	18
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक बालको के अभिवावकों का व्यवसाय कृषि है, जिनका प्रतिशत 34 है।

अन्य अभिवावकों में नौकरी 16 प्रतिशत, व्यापार 12प्रतिशत, मजदूरी 20 प्रतिशत व अन्य कार्य का प्रतिशत 18 है।

तालिका संख्या–05: शिक्षा के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	शिक्षा	संख्या	प्रतिशत
1	प्राइमरी	18	36
2	माध्यमिक	10	20
3	उच्च	07	14
4	निरक्षर	15	30
5	अन्य	00	00
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अधिकतर बालकों के अभिवावकों की शिक्षा प्राइमरी स्तर की है। जिनका प्रतिशत 36 है। जबकि माध्यमिक शिक्षा 20 प्रतिशत,उच्च शिक्षा 14 प्रतिशत, निरक्षर 30 प्रतिशत व अन्य का प्रतिशत शून्य है।

अत: स्पष्ट है कि बाल विकास की ओर रूचि लेने वाले उत्तरदाताओं की शिक्षा का स्तर निम्न है।

तालिका संख्या–06: मासिक आय के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	मासिक आय	संख्या	प्रतिशत
1	1000 से 2000	12	24
2	2000 से 3000	19	38
3	3000 से 4000	4	8
4	4000 से 5000	5	10
5	5000 से अधिक	10	20
	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि सर्वाधिक बालकों के अभिववाकों की मासिक आय 2000 से 3000 है उनका प्रतिशत 38 है।

जबकि 1000 से 2000 में 24 प्रतिशत, 3000 से 4000 में 8 प्रतिशत, 5000 से अधिक में 20 प्रतिशत व 4000 से 5000 में 10 प्रतिशत लोग पाये गए हैं।

तालिका संख्या–07: परिवार के स्वरूप के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	परिवार का स्वरूप	संख्या	प्रतिशत
1	एकल	13	26
2	संयुक्त	37	74
3	योग	50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि बालकों के परिवार में पुरूषों की संख्या अधिक है जिनका प्रतिशत 74 है, जबकि महिलायें 26 प्रतिशत ही है।

निष्कर्ष:

1. 40 प्रतिशत लोग सामान्य जाति के निवास करते हैं।
2. 36 प्रतिशत बालको के अभिभावकों में सर्वाधिको की शिक्षा प्राइमरी स्तर की है।
3. 34 प्रतिशत बालकों के अभिभावक कृषि पर आश्रित है।
4. 38 प्रतिशत बालको के अभिभावको की मासिक आय 2000-3000 के बीच है।

जो निम्न आय स्तर को दर्शाती है।

5. 82 प्रतिशत बालको के परिवार एकल हैं।
6. 54 प्रतिशत बालको के द्धारा मोबाइल का उपयोग मनोरजन के साधनों में सबसे अधिक होता है।
7. हालांकि बच्चों के अभिभावकों के शिक्षा का स्तर निम्न है किन्तु वर्तमान में शिक्षा पर काफी जोर दिया जा रहा है।

सुझाव:

1. बालको के अभिभावकों में सर्वाधिक 38 प्रतिशत की मासिक आय 2000 से 3000 के बीच है। जो इनके निम्न आय के स्तर को दर्शाती है। अत उन्हें सरकारी योजनाओं को अधिकाधिक अपनाने का प्रयास करना चाहिए।
2. बालको के अभिभावकों में सर्वाधिक शिक्षित लोगों में प्राइमरी स्तर का प्रतिशत सबसे अधिक जो दर्शाता है कि पूर्व में लोगों का शिक्षा के प्रति रूझान कम था. किन्तु वर्तमान में लोग बच्चों की शिक्षा के बारे में ध्यान दे रहे हैं।
3. बालकों के ज्यादातर अभिभावक कृषि पर आश्रित है और उनका स्तर निम्न है।अत: लोगो को आय के अन्य स्रोतों की तलाश भी करनी चाहिए। जिससे अपने आय के स्तर को बढा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डी.के. अग्रवाल, भारतीय सामाजिक समस्यायें, विवेक प्रकाशन. नई दिल्ली।
2. पचौरी, डॉ. गिरीश (2006) शिक्षा के सामाजिक आधार, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ ।
3. सक्सेना, डॉ. सरोजा, शिक्षा समाजशास्त्र साहित्य पब्लिकेशन्स, आगरा।
4. एम.एल.गुप्ता एवं डी0डी0 शर्मा, गामीण समाजशास्त्र साहित्य भवन, आगरा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

ग्रामीण किशोरियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता का स्तर एवं सम्बन्धित संस्थाओं की भूमिका (जनपद चित्रकूट ग्राम- चितरा गोकुलपुर,ब्लॉक कर्वी के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. राजेश त्रिपाठी* डॉ. जितेन्द्र कुमार कुशवाहा**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – गैर/सरकारी संगठनो एवं शिक्षकों द्वारा ग्रामीण नागरिकों को एवं अभिवावकों को इस प्रकार का परामर्श दिया जाये जिससे उनके बच्चे स्वस्थ एवं शिक्षित हो सके चिकित्सालय के माध्यम से डाक्टरों की सलाह के अनुसार स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देकर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके।

प्रस्तावना – स्वास्थ्य मानव जीवन की एक अनमोल सम्पत्ति मनुष्य के जीवन और उसी के लिए स्वास्थ्य से ज्यादा महत्वपूर्ण किसी अन्य वस्तु की कल्पना कर पाना कठिन है। मानव जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को स्वीकार हुए संविधान में इसे राज्य सूची में शामिल किया गया है। यहाँ राज्य का यह है कि सार्वभीम स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी पहुँच हो तथा भुगतान असामध्येता की वजह से किसी को भी स्वास्थ्य सेवाओं से न होना पडे।

सामान्यत: स्वास्थ्य से तात्पर्य बीमारियों से मुक्त होने से समझा जाता है, परन्तु वैज्ञानिक दृष्टि से इसे स्वस्थ नहीं कहा जाता है। स्वस्थ होने का तात्पर्य 'शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति से। अर्थात व्यक्तियों की वह सामान्य स्थिति जिसमें वह बिना किसी परेशानी के अपनी कार्यक्षमता का पूरा प्रयोग कर सके तथा उसे अपने द्वारा किये गये कार्यों से पूर्ण सन्तुष्टि प्राप्त हो, ऐसे व्यक्तियों को हम स्वस्थ क सकते है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में सुख, शान्ति, सन्तुष्टि तथा सफलता प्राप्त करने के लिए हर दृष्टि से स्वस्थ होना आवश्यक है।'

स्वास्थ्य किसी भी समाज की आर्थिक प्रगति के लिये अनिवार्य है। जो भी व्यक्ति अथवा समाज स्वास्थ्य की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है वह आधुनिक युग की दौड़ में पीछे रहने के लिये बाध्य है क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के अभाव में व्यक्ति और व्यक्तियों से निर्मित समाज अपने गुणों के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं हो पाते है।

भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो योजनायें बनाई गई है, वह उन्हें हासिल करने में कितनी सफल रही है, इसका सटीक मूल्यांकन तब तक नहीं हो सकता है जब तक कि हम इसमें ग्रामीण क्षेत्रों को भी सम्मिलित नभग 72 प्रतिगत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। अत: मह एक महत्वपूर्ण है जहाँ पर स्वास्थ्य से सम्बन्धित सेवाओं की तरफ सर्वाधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत के नगरीय क्षेत्र (90.3 प्रतिशत) की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र (59.4 प्रतिशत) में साधारता कम है। अत: शिक्षा एवं जागरुकता के अभाव में ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति निम्न भान्तियां व्याप्त है।

ग्रामीण क्षेत्र में रोगों को देवी-देवताओं का अभिशाप एवं प्रतात्माओं के प्रभाव का प्रतिफल माना जाता है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांशत: रोगों को उपचार झाद-फूक या टोने-टोटके से किया जाता है।

भारतीय ग्रामीण समाज सदियों से अशिक्षा तथा रूढिवादिता का शिकार रहा है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोग व स्वास्थ्य को एक संयोग का विषय माना जाता है। ग्रामीणों में यह धारणा व्याप्त है कि रोग, जन्म, विवाह एवं मृत्यु आदि घटनाओं का नियन्त्रण ईश्वर द्वारा होता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चत करने हेतु प्रशिक्षित डाक्टरों का अभाव है, क्योकि ज्यादातर चिकित्सक अपनी सुख-सुविधाओं हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य नहीं करना चाहते है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टर मरीज का अनुपात बिगड़ता जा रहा है। इसके अतिरिक्त जो डाक्टर व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत है, वे पूरे मनोयोग से कार्य न करके लापरवाही करते है। इस स्थिति से निपटने हेतु अभी हाल में सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत 'कम्युनिटी मानीटरिंग' के तहत गावं के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा अपने निकट के चिकित्सा केन्द्रो पर डाक्टर व कर्मचारियों की उपस्थिति चिकित्सा केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता एवं डाक्टरों द्वारा इलाज में की जाने वाली लापरवाही के सम्बन्ध में प्रतिदिन रिर्पोट दी जायेगी। इस रिपोर्ट की समीक्षा करके शासन द्वारा दोषियों के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

शारीरिक परिवर्तन- लड़कियों किशोरावस्था के प्रारम्भ होने तक अपनी लम्बाई की अधिकतम सीमा तक पहुँच जाती है, परन्तु जिन लड़कियों विकास की गति मंद होती किशोरावस्था को अंत तक ही अपनी लम्बाई की अधिकतम सीमा तफ पहुँच पाती है। किशोरावस्था के अंत तक बालकों की जननेन्द्रियां लगभग परिपक्व हो जाती है। इनकी गोण-योन विशेषताएँ भी लगभग परिपक्व हो जाती है। फलस्वरूप लड़के और लड़कियाँ क्रमश: वयस्क आदमी और स्वी की भांति प्रतीत होने लग जाते है। लड़के और लड़कियों में बच्चे उत्पन्न करने की क्षमता उत्पन्न हो जाती है, क्योंकि लड़कों में वीर्यपतन तथा लड़कियों में मासिक धर्म प्रारम्भ हो जाता है।

आन्तरिक विकास किशोरावस्था में आन्तरिक शारीरिक विकास को

यदि देखा जाये तो कहा जा सकता है कि उनकी लम्बाई और चौड़ाई के अनुपात में ही आन्तरिक अंगों का विकास होता रहता है।

गत्यात्मक विकास – मांस पेशियों में शक्ति का विकास मांस पेशियों के आकार से सम्बन्धित इस दिशा में हुए अध्ययनों में यह स्पष्ट हुआ है कि लड़कियों की सत्रह वर्ष की अवस्था तक मांसपेशीय शक्ति का विकास अधिकतम हो जाता है, परन्तु लड़कों में यह विकास बीस या इक्कीस वर्ष की अवस्था तक प्राप्त होता है।

उद्देश्य :

1. ग्रामीण किशोरियों में स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी का स्तर ज्ञात करना।
2. ग्रामीण किशोरियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी जागरुकता का स्तर ज्ञात करना।
3. किशोरियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में स्थानीय संस्थाओं के अन्तर्गत आंगनवाड़ी की भूमिका का अध्ययन करना।

उपकल्पना :

1. ग्रामीण परिवारों की दयनीय आर्थिक स्थिति के कारण किशोरियों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का अभाव है।
2. ग्रामीण किशोरियों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरुकता का अभाव होने के कारण योजनाओं का सही क्रियान्वयन न होना तथा योजनाओं का नि:शुल्क लाभ नहीं उठाया रही।

भूमिका – वर्तमान समय में किशोरियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किशोरिया अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरुक नहीं है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं द्वारा मिल रही नि:शुल्क योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार (10 से 19) वर्ष की आयु के व्यक्तियों को किशोरावस्था माना जाता है। किशोरावस्था का समय 10 से 19 वर्ष के बीच का समय है जो एक महत्वपूर्ण अवस्था है। इस अवधि के दौरान बाल्यावस्था किशोरावस्था में परिवर्तित होती है, जिसमें योवन कारणआरम्भ होने के फलस्वरूप शारीरिक, मानसिक, एवं सामाजिक परिवर्तन होते है।

1. किशोरियों में शारीरिक परिवर्तन।
2. किशोरियों में मानसिक परिवर्तन।
3. मासिक धर्म।

किशोरी स्वास्थ्य सम्बन्धी राज्य द्वारा चलायी जा रही योजनायें:

1. राजीव गांधी किशोरी बालिका सशक्तिकरण योजना।
2. किशोरी बालिकाओं में अनीमिया नियंत्रण कार्यक्रमा
3. किशोरी सुरक्षा योजना।
4. किशोरी शक्ति योजना।
5. किशोरी बालिकाओं के लिये पोषाहार कार्यक्रमा
6. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा एकीकृत बाल विकास योजना द्वारा किशोरियों को आंगनवाड़ी पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है।

किशोरी स्वास्थ्य सम्बन्धी राष्ट्र में चल रही योजनायें :

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।
2. समेकित बाल विका कार्यक्रम।

अध्ययन क्षेत्र – जनपद चित्रकूट के ग्राम चितरा गोकुलपुर को अध्ययन हेतु चयन किया गया है।

तथ्य संकलन के स्रोत :

प्राथमिक स्रोत– इसके अंतर्गत साक्षात्कार अवलोकन, पी. आर. ए. अनुसूची का प्रयोग किया गया है।

द्वितीयक स्रोत– इसके अन्तर्गत समाचार–पत्र, इंटरनेट, सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय में उपलब्ध सामग्री एवं पुराने शोध कार्यो के अध्ययन का प्रयोग किया गया है।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन

तालिका क्रमांक 01: जाति

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	10	20.00
2.	पिछड़ा वर्ग	24	48.00
3.	अनुसूचित जाति	16	32.00
4.	अनुसूचित जनजाति	00	00.00
	योग	**50**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 20 प्रतिशत उत्तरदाता सामान्य वर्गकि है, 48 प्रतिशत उत्तरदाता पिछड़ा वर्ग के है शेष 32 प्रतिशत उत्तरदाताअनुसूचितजातिकेहै।अर्थात् सर्वाधिक उत्तरदाता अनुसूचित जाति के है।

तालिका क्रमांक 2: आयु

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	13–15 वर्ष	30	60.00
2.	16–19 वर्ष	20	40.00
	योग	**50**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्तसारणी,से स्पष्टवर्ग के शेष 40है कि सर्वाधिक 60 प्रतिशत उत्तरदाता 13से 15 15 वर्ष आयु वर्ग के हैं शेष 40 प्रतिशत उत्तरदाता 16 से 19 वर्ष आयु वर्ग के हैं। अर्थात् सर्वाधितक उत्तरदाता 13–15 वर्ष आयु के हैं।

तालिका क्रमांक 3: शिक्षा

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	कक्षा 5वीं से 8वीं	37	74.00
2.	कक्षा 9वीं से 10वीं	13	26.00
	योग	**41**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि सर्वाधिक 74 प्रतिशत उत्तरदाता कक्षा 50 से 8वीं तक की शिक्षा ग्रहण किये हुये है जबकि 26 प्रतिशत उत्तरदाता, कक्षा 9वीं से 10वीं तक की शिक्षा ग्रहण किये हुये है।

तालिका क्रमांक 4: परिवार के व्यवसाय के आधार पर वर्गीकरण

N= 50

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	कृषि	28	56.00
2.	मजदूरी	22	44.00
	योग	**50**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि कि जिसमें सर्वधिक 56 प्रतिशत कृषि कार्य में संलग्न है शेष 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार के लोग मजदूरी कार्य में संलग्न हैं।

तालिका क्रमांक 05 : परिवार की मासिक आय

N= 50

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	1000-2000	08	16.00
2.	2000-4000	33	66.00
3.	4000-6000	09	18.00
4.	6000 से अधिक	00	00.00
	योग	**50**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त सारणी से परिवार की मासिक आय को प्रदर्शित कर रही है, जिसमें 16 प्रतिशत उत्तरदाताओं की मासिक आय 1000 से 2000 के बीच है तथा सबसे कम 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं की मासिक आय 2000 से 4000 के बीच है शेष 18 प्रतिशत उत्तराताओं की मासिक आय 18 प्रतिशत है। अत: स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं की मासिक आय 2000 से 4000 के बीच है।

तालिका क्रमांक 06: राशनकार्ड की उपलब्धता

N= 50

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	ए.पी.एल.	25	50.00
2.	बी.पी.एल.	14	28.00
3.	अन्त्योदय	06	12.00
4.	नहीं बना	05	10.00
	योग	**50**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास ए.पी.एल. राशनकार्ड है, 28 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास बी.पी.एल. राशनकार्ड है, 12प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास अन्त्योदय राशनकार्ड है शेष 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं का किसी भी प्रकार का कोई राशनकार्ड नहीं बना है।

तालिका क्रमांक 07: आवास के आधार पर वर्गीकरण

N= 41

क्र.	विकल्प	संख्या	प्रतिशत
1.	कच्चा	28	68.29
2.	पक्का	03	7.32
3.	मिश्रित	10	24.39
	योग	**41**	**100**

विश्लेषण : उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि 68.29 प्रतिशत उत्तरदाता कच्चे आवास में निवास कर रहे है 7.32 प्रतिशत उत्तरदाता पक्के आवास में निवास कर रहे हैं शेष 24.39 प्रतिशत उत्तरदाता मिश्रित आवास बनाकर निवास कर रहे है। अत: स्पष्ट है सर्वाधिक उत्तरदाता कच्चे आवास मेंनिवास कर रहे है।

निष्कर्ष – प्राप्त आंकड़ों के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये है:

1. अध्ययन में सर्वाधिक 48 प्रतिशत किशोरियों पिछड़ा वर्ग के पाये गये है।
2. अध्ययन में सर्वाधिक 60 प्रतिशत उत्तरदाता 13 से 15 आयु वर्ग की पायी गयी।
3. अध्ययन में सर्वाधिक 74 प्रतिशत उत्तरदाता कक्षा 5 से 8 वीतक की शिक्षा ग्रहण कर रही है।
4. अध्ययन में सर्वाधिक उत्तरदाताओं के परिवार में कृषि कार्य होता है।
5. अध्ययन में सर्वाधिक परिवार की मासिक आय 2000-4000 के मध्य पायी गयी है।
6. सर्वाधिक 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास ए.पी.एल. कार्ड उपलब्ध है।
7. सर्वाधिक 68.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कच्चा आवास पायागया।
8. अध्ययन क्षेत्र में 70 प्रतिशत उत्तरदाताओं के घरों में लकड़ी केमाध्यम से ईंधन का प्रयोग किया जाता है।
9. सर्वाधिक 78 प्रतिशत उत्तरदाता पेयजल हेतु सरकारी नलों का प्रयोग करते हैं।
10. सर्वाधिक 52 प्रतिशत उत्तरदाता शौचालय का प्रयोग करते हैं।
11. अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक 60 प्रतिशत किशोरियों को माहवारी होती है।
12. अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक 40 प्रतिशत किशोरियाँ किशोरावस्था मेंबदलाव का सर्वाधिक कारण चिंता है।

सुझाव:

1. गैर सरकारी संगठन एवं शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को इस प्रकार परामर्श दिया जाए एवं शिक्षित किया जाये कि अपने बच्चो स्कूल मे एवं उच्च शिक्षा प्रदान करवाये।
2. मजदूरी वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिये सामाजिककार्यकर्ता द्वारा यह परामर्श दिया जाये कि वे शासन द्वारा संचालित सुविधाओं एवं योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।
3. आंगनवाड़ी एवं ए.एन.एम. द्वारा गांव में जाकर किशोरी और उसकी मॉ को परामर्श दे ताकि किशोरी मासिक धर्म से संबंधित समस्याओंके बारे में मॉ से खुलकर चर्चा करें एवं डॉक्टर से सलाह ले।
4. जगनवाड़ी एवं ए.एन.एम. द्वारा समस्याग्रस्त किशोरियों को चिन्हित करके, शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराये एवं जिला चिकित्सालय के योग्य एवं अनुभवी चिकित्सकों की सलाह लेकर उनका उचित उपचार करायें।
5. किसी भी आपत्तिजनक घटना को किशोरियों अपने माता-पिता से चर्चाकरे एवं सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस से सम्पर्ककरें।
6. समस्याग्रस्त किशोरियाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सम्बन्धित डॉक्टरों की सलाह लें।
7. सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनो द्वारा किशोरियों को व्यक्तिगतसाफ-सफाई हेतु समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराना चाहिये।
8. आंगनवाड़ी एवं ए.एन.एम. द्वारा किशोरियों को उनके शरीर में होने वाले बदलाव को खुलकर उनकी समझ बनाना ताकि वह भटकाव से बच सके।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. बाल मनोविज्ञान बाल विकास, प्रीती वर्मा, डी. एन. श्रीवास्तव,अग्रवाल पब्लिकेशन।
2. अधिगम एवं विकास के मनोसामाजिक आधार, डी. पी. सिंह, तेलंग अमृतांशु प्रकाशवेद, रिसर्च पब्लिकेशन जयपुर।
3. भारत में महिलाएं, साख्यिकीय प्रोफाइल, राष्ट्रीय जनसहयोग एवं बाल विकास संस्थान,S-सीरी इंस्टीट्यूशन एरिया, हौज खास नई दिल्ली।
4. महिला विकास कार्यक्रम, डॉ. आशुरानी, सचदेव जे.के., महिला एवं बाल विकासविभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक सामंजस्य

डॉ. राजेश त्रिपाठी* कृष्णपाल सिंह परमार **

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – समाज में कानून व व्यवस्थाओं को बनाऐ रखने का दायित्व पुलिस प्रशासन का है इसके लिए पुलिस को नागरिको के सहयोग की आवश्यकता होती है। कई बार पुलिस एवं नागरिको के मध्य तनाव व मतभेद की घटनाऐं घटित होती है। जिसके लिए तत्कालीन परिस्थिति, काल, देश, व अन्य विभिन्न कारक उत्तरदायी है।

पुलिस प्रशासन व नागरिको के मध्य तनाव के पीछे इतिहासिक, राजनैतिक, मानसिक परिस्थितियां उत्तरदायी है। समाज में कानून व्यवस्था को बनाऐ रखने के लिए पुलिस के द्वारा जनता के विरूद्ध कठोर निर्णय लेने पड़ते है, जो समाज में अशांति, आस्थिरता, असुरक्षा तथा अविश्वास की भावनाओं को बढ़ाती है।

शब्द कुंजी– अनुछेद, अधीनियम, सामंजस्य, TADA, POTA.

प्रस्तावना – पुलिस प्रशासन एवं समाज के मध्य सामंजस्य को परिभाषित करने के लिए कोई आदर्श परिभाषा उपलब्ध नहीं है। ये संबंध देश, काल,परिस्थिति एवं अन्य विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। राज्य में कानून व व्यवस्थओं को सुचारू रूप से बनाऐ रखने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर है। किन्तु इस दायित्व के निर्वाहन के लिए पुलिस को जनता के सहयोग की आवश्यकता है। बदलते समय में न केवल अपराध व अपराधी आधुनिक हुए है वहीं पुलिस पर इनकी रोकथाम व समाज में सद्भाव को बनाऐ रखने की जिम्मेदारी भी है। इसके लिए कई बार पुलिस प्रशासन द्वारा जनता के विरूद्ध कठोर निर्णय लेने पड़ते है जो दानों के मध्य तनाव व अविश्वास को बढ़ता है।

कुछ न्यायविदों द्वारा इस अवधारणा को परिभाषित करने का प्रयास किया है। Redelet के अनुसार पुलिस पब्लिक रिलेशन पब्लिक का मतलब पुलिस और जनता के पारिस्परिक रवैये और पुलिस अपेक्षित और निष्पादित कार्यो के लिए सामान्य जन संपर्क समुदायिक सेवाओं और सामुदायिक भागादारी को शामिल करना है। वर्तमान समय में बदलते वैश्विक प्रतिमानों के दौरान के समय अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति एवं स्वरूपों ने (साइबर अपराध, मानव तस्करी एवं मादक पदार्थ) पुलिस की जिम्मेदारी को बढ़ाया है। बदलते समय में पुलिस की कार्य पद्धति व जिम्मेदारियों में परिवर्तन आया है पुलिस का कार्य कानून व व्यवस्था से बढ़ कर समाज में नैतिक दायित्वों के प्रति जिम्मेदार बनाया है।

पुलिस प्रशासन का इतिहास – भारत में पुलिस प्रशासन की अवधारणा वैदिक काल से चली आ रही जिनके उल्लेख ग्रंथों व शिला लेखों में मिलता है। मौर्य काल में (324BC&183BC) चाणक्य ने अपनी पुस्तक अर्थशास्त्र में राज्य संचालन के लिए पुलिस की स्थापना पुलिस की स्थापना, संचालन व नियनतर्ण व कर्तव्यों का वर्णन किया है। मुगल एवं सलतनत काल में भी पुलिस व्यवस्था के समान एक इकाई कार्यरत रही है। किन्तु तत्कालीन समय तक ये इकाईयां सेना का अंग होती थी जो युद्ध आदि स्थिति में सीमा पे कार्य करती थी।

वर्तमान पुलिस प्रशासन का ढांचा सर्वप्रथम ब्रिटिस काल के दौरान तैयार हुआ। ब्रिटिस शासन ने भारत में '1861 के भारतीय पुलिस अधिनियम' के द्वारा पुलिस प्रशासन के व्यवस्थित रूप रेखा रखी। जिसमें आगे सुधार करते हुए लार्ड कार्नवालिस द्वारा सुधार करते हुए भारतीयों को सिविल सेवा में सम्मिलित होने का अधिकार दिया। आजादी के बाद स्वतंत्र भारत में पुलिस प्रशासन को संविधान की धारा 264 व 7वीं अंकसूची के अंतर्गत राज्य सूची के अंतर्गत रखा गया है। आजादी के 75 वर्ष पर्ण होने के बाद भी समय समय पर इसमें सुधार हेतु विभिन्न आयोगों का गठन किया जाता रहा है, नेशनल पुलिस कमीशन 1977, माली मेहता आयोग 2000 व एवं पुलिस एक्ट ड्राफटिंग आयोग 2005, इन सभी के दौरान पुलिस कार्य पद्धति, चयन प्रक्रिया एवं दायित्वों के संबंध में समय समय पर विभिन्न सुझाव दिये गये।

पुलिस प्रशासन एवं समाज के संबंध – आजादी के 75 साल बाद भी पुलिस एवं जनता के मध्य सामंजस्य व सहयोग की कमी बनी हुई है। पुलिस द्वारा अपनाऐं जाने वाले पुराने पैतरें जनता में उनके प्रति अविश्वास को बढ़ाया है इसका अध्ययन निम्न बिंदुओं के आधार पर किया जा रहा है।

1. **राजनैतिक हस्ताक्षेप–** 1967 के बाद बड़े पैमाने पर पुलिस कार्य में राजनैतिक संगठनों द्वारा अवरोध उत्पन्न किया गया है। राजनैतिक दलों द्वारा विपक्ष को दबाने, अपराधियों को सह देने एवं गैर कानूनी गतिविधियों के संचालन आदि कार्यों में पुलिस को अपने दायित्वों के निर्वाहन से रोका गया।

इन्दिरा गांधी द्वारा 1975 में देश में आपात काल लगाकर विपक्ष एवं

जनता को दबाने के लिए पुलिस प्रशासन कर अनुचित प्रयोग किया गया जो पुलिस प्रशासन की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

2. इतिहासिक कारक– 1857 की क्रांति के बाद ब्रिटिश सरकार द्वारा आंदोलनकारी, स्वतंत्रता सेनानी आदि स्वितंत्रता संबंधी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए 1861 में भारतीय पुलिस अधिनियम लाया गया। जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार की संपत्ति की सुरक्षा करना, अभिजात वर्ग को समर्थन प्रदान करना था।

ब्रिटिश शासन के दौरान पुलिस द्वारा अमानवीय कृत्यर किऐ गऐ है जैसे किसानो से जबरन कर वसूलना, कमजोर वर्ग को प्रताड़ित करना। 13 अप्रैल 1919 में जलिया वाला गोली कांड में पुलिस बर्बरता का एक प्रमाण है। वर्तमान में आजादी के 75 वर्ष बाद भी नागरिको में पुलिस की वही बर्बरता पूर्ण छवि बनी हुई है।

3. मनोवैज्ञानिक कारक– जनता में पुलिस प्रशासन की छवि एक भ्रष्ट, गैर जिम्मेंदार संस्था है। पुलिस व नागरिको के मध्य। तनाव का एक कारण मनोवैज्ञानिक है जनता में पुलिस के प्रति पूर्व धारणा इनके सहयोग को रोकती है इसके अतिरिक्त बढ़ते अपराध के कारण पुलिस के दायित्वों में भी वृद्धि हुई है। एक पुलिस अधिकारी द्वारा एक दिन में 15–16 घंटो से अधिक कार्य लिया जाता है, जो इनके दैनिक जीवन के साथ इनके व्यवहार को भी प्रभावित करता है, इस पर भी इनकी आय नाम मात्र की होती है।

4. मानवाधिकार और पुलिस– पुलिस द्वारा कई बार अपने दायित्वों के निर्वाहन के दौरान मानव अधिकारों का उलंघन किया जाता है, TADA (टेरिस्टे एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज) 1985, POTA (आतंकवाद निरोधी अधिनियम) 2001, जैसे कानूनों का पुलिस द्वारा गलत प्रयोग किया गया, पुलिस द्वारा निर्दोश लोगो को जेलो में बंद किया गया बिना किसी कार्यवाही के एनकाउंटर किया गया। ये घटनाऐं नागरिकों के संविधान द्वारा प्रदान किये गये मूल अधिकारो का हनन है। मानवधिकार आयोग द्वारा समय समय पर पुलिस द्वारा किये गये कार्यो की जांच की जाती है ताकि उनके द्वारा अधिकारों का अनुचित प्रयोग न किया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. गोयल, भीनी, सिम्बायोसिस लॉ स्कूोल पुणे– महानगरी क्षेत्र में पुलिस– सार्वजनिक संबंधो को परिभाषित करना।
2. भुयान, आसिम पुलिस एवं नागरिक संबंध, Sentinel Digital Desk, 2019
3. Sharma R.K, Singh Chranjeev, Mehta Akshat & Police Reforms In India A Critical Appraisal, Research Journal Social Sciences,Volume 16, 2008

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के बालकों एवं बालिकाओं की गणितीय अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. श्रुति चव्हाण* शाहिदा सिद्दीकी **

* मार्गदर्शक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध-पत्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के बालकों एवं बालिकाओं की गणितीय अभिवृत्ति पर आधारित है।

आज के वैज्ञानिक युग में गणित विषय का योगदान और उसके महत्व को देखते हुए बालक-बालिकाओं के गणितीय अभिवृत्ति के अन्तर को समझने का प्रयास किया गया है। आज का विद्यार्थी भविष्य के समाज का निर्माता है, उसके व्यक्तित्व विकास की दिशा से समाज की दिशा निर्धारित होती है।

विद्यार्थी का समाज के विकास में योगदान को देखते हुए शोधार्थी द्वारा इस विषय का चयन किया गया है।

प्रस्तावना – शिक्षा के स्वरूप में उच्चतर माध्यमिक स्तर प्रधानत: एक तरह का लॉचिंग पैड है, जहाँ से विद्यार्थी को आगे कैरियर का चुनाव करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि या तो वह विश्वविद्यालयी शिक्षा प्राप्त करे या कोई अन्य शिक्षा प्राप्त करे। इस समय तक विद्यार्थी की रुचियाँ व योग्यता विस्तृत रूप से निर्धारित हो जाते हैं और इन दो वर्षो में गणित शिक्षण उनकी योग्यताओं को प्रखर बनाने में सहायता करता है। विद्यालयों में शिक्षा का मुख्य लक्ष्य बच्चे की विचार प्रक्रिया का गणितीकरण करना।

डेविड व्हीलर के अनुसार- 'बहुत सारी गणित जानने के बजाय यह जानना अधिक उपयोगी है कि गणितीय अभिवृत्ति कैसे विकसित की जाए।'

विविध मदों से जो भारतीय धन इंग्लैण्ड की ओर प्रवाहित हो रहा था उसके औचित्य पर दादा भाई नौरोजी ने प्रश्न चिन्ह लगाया। आर्थिक दोहन के कारणों व परिणामों से भारतीयों को परिचित कराया, धन के प्रवाह के मापन पर बल दिया। इस समस्या को एक आर्थिक सिद्धान्त के रूप में प्रस्तुत किया इससे उत्पन्न निर्धनता की समस्या की मीमांसा की। उनके इन आर्थिक विचारों ने भारतीय जन मानस को उद्वेलित कर दिया। उनका जीवन काल 04 सितम्बर 1825 से 30 जून 1917 था। इस युग में भारतीयों में तथ्यपूर्ण तरीकों से राजनीतिक चेतना जाग्रत करने का श्रेय उनके इन आर्थिक विचारों को दिया जाता है। उन्होंने विविध प्रमाणों के आधार पर प्रमाणित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था आर्थिक दमनात्मक नीतियों का शिकार है। अपनी पुस्तक के माध्यम से अंग्रेजी शासन की दमनकारी आर्थिक नीतियों को सर्वप्रथम उन्होंने जनता के समक्ष रखा एवं उसकी कठोर आलोचना की। भारतीय आर्थिक इतिहास लेखन में यह उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने भारतीयों को प्रेरणा दी कि दमन के विरूद्ध वे एकजुट होकर आवाज उठायें तभी उनका आर्थिक उन्नयन संभव है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी जनमानस पर दृष्टिगोचर होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नौरोजी, दादा भाई – पॉवर्टी एण्ड अन ब्रिटिश रूल इन इण्डिया।
2. दत्त, रमेश चन्द्र – द इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इण्डिया।
3. नौरोजी , दादा भाई – आलेख– पॉवर्टी इन इण्डिया।
4. विलियम, डिग्बी – प्रोस्परस ब्रिटिश इण्डिया।
5. वुल्फ, एच. – को ऑपरेशन इन इण्डिया।
6. विलियम बोल्ट्स – कन्सीडरेशन ऑन इण्डियन अफेयर्स।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Justice in Islam

Dr. Saptmuni Dwivedi *

*Faculty (Law) A.P.S. University, Rewa (M.P.) INDIA

The Meaning of Justice - In the Islamic worldview, justice denotes placing things in their rightful place. It also means giving others equal treatment. In Islam, justice is also a moral virtue and an attribute of human personality, as it is in the Western tradition. Justice is close to equality in the sense that it creates a state of equilibrium in the distribution of rights and duties, but they are not identical. Sometimes, justice is achieved through inequality, like in unequal distribution of wealth. The Prophet of Islam declared:

"There are seven categories of people whom God will shelter under His shade on the Day when there will be no shade except His. [One is] the just leader." (*SaheehMuslim*)

God spoke to His Messenger in this manner:

"O My slaves, I have forbidden injustice for Myself and forbade it also for you. So avoid being unjust to one another." (*Saheeh Muslim*)

Thus, justice represents moral rectitude and fairness, since it means things should be where they belong.

The Importance of Justice - The Quran, the sacred scripture of Islam, considers justice to be a supreme virtue. It is a basic objective of Islam to the degree that it stands next in order of priority to belief in God's exclusive right to worship (*Tawheed*) and the truth of Muhammad's prophethood. God declares in the Quran:

"God commands justice and fair dealing..." (Quran 16:90)

And in another passage:

"O you who believe, be upright for God, and (be) bearers of witness with justice!..." (Quran 5:8)

Therefore, one may conclude that justice is an obligation of Islam and injustice is forbidden. The centrality of justice to the Quranic value system is displayed by the following verse:

"We sent Our Messengers with clear signs and sent down with them the Book and the Measure in order to establish justice among the people…" (Quran 57:25)

The phrase **'Our Messengers'** shows that justice has been the goal of all revelation and scriptures sent to humanity. The verse also shows that justice must be measured and implemented by the standards and guidelines set by revelation. Islam's approach to justice is comprehensive and all-embracing. Any path that leads to justice is deemed to be in harmony with Islamic Law. God has demanded justice and, although He has not prescribed a specific route, has provided general guidelines, on how to achieve it. He has neither prescribed a fixed means by which it can be obtained, nor has He declared invalid any particular means or methods that can lead to justice. Therefore, all means, procedures, and methods that facilitate, refine, and advance the cause of justice, and do not violate the Islamic Law are valid.[1]

Equality in Justice - The Quranic standards of justice transcend considerations of race, religion, color, and creed, as Muslims are commanded to be just to their friends and foes alike, and to be just at all levels, as the Quran puts it:

"O you who believe! Stand out firmly for justice, as witnesses to Allah, even if it be against yourselves, your parents, and your relatives, or whether it is against the rich or the poor..." (Quran 4:135)

According to another Quranic passage:

"Let not the hatred of a people swerve you away from justice. Be just, for this is closest to righteousness…" (Quran 5:8)

With regards to relations with non-Muslims, the Quran further states:

"God does not forbid you from doing good and being just to those who have neither fought you over your faith nor evicted you from your homes..." (Quran 60:8)

The scholars of the Quran have concluded that these rulings apply to all nations, followers of all faiths, as a matter of fact to all humanity.[2] In the view of the Quran, justice is an obligation. That is why the Prophet was told:

"…If you judge, judge between them with justice…" (Quran 5:42)

"We have revealed to you the scripture with the truth that you may judge between people by what God has taught you." (Quran 4:105)

Furthermore, the Prophet was sent as a judge between peoples, and told:

"…Say: I believe in the Scripture, which God has

sent down, and I am commanded to judge justly between you..." (Quran 42:15)

The Quran views itself as a scripture devoted mainly to laying down the principles of faith and justice. The Quran demands that justice be met for all, and that it is an inherent right of all human beings under Islamic Law.[3] The timeless commitment of the Quran to the basic standards of justice is found in its declaration:

"And the Word of your Lord has been fulfilled in truth and in justice. None can change His Words." (Quran 6:115)

To render justice is a trust that God has conferred on the human being and, like all other trusts, its fulfillment must be guided by a sense of responsibility beyond mere conformity to set rules. Thus, the Quran states:

"God commands you to render trusts to whom they are due, and when you judge between people, judge with justice…" (Quran 4:58)

The reference to justice which immediately follows a reference to fulfillment of trusts indicates that it is one of the most important of all trusts.[4]

Justice and the Self - The Quranic concept of justice also extends justice to being a personal virtue, and one of the standards of moral excellence that a believer is encouraged to attain as part of his God-consciousness. God says:

"…Be just, for it is closest to God-consciousness…" (Quran 5:8)

The Prophet himself instructed:

"Be conscious of God and be just to your children."[5]

The Quran tells the believers:

"…When you speak, speak with justice, even if it is against someone close to you…" (Quran 6:152)

Specific Examples of Justice Encouraged in the Quran

The Quran also refers to particular instances and contexts of justice. One such instance is the requirement of just treatment of orphans. God says:

"And approach not the property of the orphan except in the fairest way, until he [or she] attains the age of full strength, and give measurement and weight with justice…" (Quran 6:152, also see 89:17, 93:9, and 107:2)

Fair dealings in measurements and weights, as mentioned in the above verse, is also mentioned in other passages where justice in the buying, selling, and by extension, to business transactions in general, is emphasized. There is an entire chapter of the Quran, Surah al-Mutaffifeen ('The Detractors in Giving Weights,' 83) where fraudulent dealers are threatened with divine wrath.

References to justice also occur in the context to polygamy. The Quran demands equitable treatment of all wives. The verse of polygamy begins by reference to orphaned girls who may be exposed to depravation and injustice. When they reach marriageable age, they should be married off, even if it be into a polygamous relationship, especially when there is inequality in the number of men and women, as was the case after the Battle of Uhud when this verse was revealed. But, as the **Quran states:**

"If you fear that you can not be just, then marry only one…" (Quran 4:3)

In conclusion, 'to render justice', in the words of Sarkhasi, a noted classical Islamic jurist, 'ranks as the most noble of acts of devotion next to belief in God. It is the greatest of all the duties entrusted to the prophets…and it is the strongest justification for man's stewardship of earth.'

"O you who believe! Have fear of God, and be among the truthful." (Quran 9:119)

Ask the average person to define truthfulness and the answer will most likely be restricted to something about truthful speech. Islam, however, teaches that truthfulness is far more than having an honest tongue. In Islam, truthfulness is the conformity of the outer with the inner, the action with the intention, the speech with belief, and the practice with the preaching. As such, truthfulness is the very cornerstone of the upright Muslim's character and the springboard for his virtuousness deeds.

The great sage and scholar of Islam, Ibn al-Qayyim, said: "Truthfulness is the greatest of stations, from it sprout all the various stations of those traversing the path to God; and from it sprouts the upright path which if not trodden, perdition is that person's fate. Through it is the hypocrite distinguished from the believer and the inhabitant of Paradise from the denizen of Hell. It is the sword of God in His earth: it is not placed on anything except that it cuts it; it does not face falsehood expect that it hunts it and vanquishes it; whoever fights with it will not be defeated; and whoever speaks it, his word will be made supreme over his opponent. It is the very essence of deeds and the well spring of spiritual states, it allows the person to embark boldly into dangerous situations, and it is the door through which one enters the presence of the One possessing Majesty. It is the foundation of the building of Islam, the central pillar of the edifice of certainty and the next level in ranking after the level of prophethood."[5]

By practicing truthfulness, a person betters himself, his life is made upright and due to it, he is elevated to praiseworthy heights and raised in ranks in the sight of God as well as the people. As the Prophet Muhammad, may the mercy and blessings of God be upon him, related:

"I order you to be truthful, for indeed truthfulness leads to righteousness, and indeed righteousness leads to Paradise. A man continues to be truthful and strives for truthfulness until he is written as a truthful person with God. And beware of falsehood, for indeed falsehood leads to sinning, and indeed sinning leads to the Fire. A man continues to tell lies and strives upon falsehood until he is written as a liar with God." (Saheeh Muslim)

So, truthfulness is something which is to be cultivated till it becomes implanted in a person's soul and disposition and therefore reflected throughout the person's character.

Ali b. Abi Talib, the cousin and son-in-law of the Prophet Muhammad, mentioned the positive reciprocal effect of behaving truthfully with people in this worldly life:

"Whoever does three things with regards to people, they will necessitate three things from him: whenever he speaks to them he is truthful; whenever they entrust him with something he does not betray them; and whenever he promises them something he fulfils it. If he does this, their hearts will love him; their tongues will praise him; and they will come to his aid."

As for the Next Life, through God's Grace and Mercy, the obedient ones - practitioners of truthfulness - will reach a station in Paradise alongside those most fortunate of souls mentioned in the revelation.

"And whosoever obeys God and His Messenger, such will be in the company of those whom God has blessed: the Prophets, the truthful ones, the martyrs, and the righteous. And how excellent a company are such people!" (Quran 4:69)

In fact, truthfulness is an essential attribute of every single prophet who graced the earth. We are told in the Quran:

"And mention in the Book, Abraham: surely he was a most truthful Prophet." (Quran 19:41)

"And mention in the Book, Ishmael: surely, he was a man true to his word, and he was a Messenger, a Prophet." (Quran 19:54)

"And mention in the Book, Enoch: surely he was a most truthful Prophet." (Quran 19:56)

We also read in the Quran how a man incarcerated alongside the Prophet Joseph addressed him with the words:

"Joseph! O most truthful one!..." (Quran 12:46)

…and that Mary, the mother of Jesus, was also declared truthful in the Words of God:

"The Messiah (Jesus), son of Mary, was no more than a Messenger; many were the Messengers that passed away before him. His mother (Mary) was a truthful one, a Believer…." (Quran 5:75)

… and the Companions of God's Messenger, the "believers" mentioned time and time again in the Quran, also reached the lofty ranks of the truthful ones:

"The believers are but those people who believed in God and His Messenger without ever feeling doubt thereafter, and strove with their souls and possessions in the way of God; those are the ones who are the truthful." (Quran 49:15)

Hence, to tread the path of truthfulness is to tread the path of the most righteous of God's creation. And as for ways and means to engender this most noble of virtues into our daily lives, then we have been left an ocean of teachings from God's Final Messenger to humanity, the Prophet Muhammad, detailing and describing precisely what the virtue, nay!, the *injunction* of truthfulness requires. One from among these vast and numerous sayings of God's Messenger is his plea:

"Guarantee for me six things and I will guarantee Paradise for you: tell the truth when you speak, fulfill your promises, be faithful when you are trusted, safeguard your private parts, lower your gaze, and withhold your hands (from harming others)."

And God confirmed the truthfulness of these words of His Beloved Messenger with His Own True Word:

"For Muslim men and women, for believing men and women, for devout men and women, for truthful men and women, for patient men and women, for humble men and women, for charitable men and women, for fasting men and women, for men and women who guard their chastity, and for men and women who engage much in God's praise: for them has God prepared forgiveness and a great reward." (Quran 33:3 5)

The Islam gives much more emphasis to the concept of justice and they are big lovers thereof. They give highly respect to a woman and oppose tyranny and injustice.

References:-

1. Mohammedan Law, By- Aqil Ahmad Revised By- Prof. I. A. Khan, Central Law Agency, 24th edition, reprint 2013
2. An Introduction to the Study of Jurisprudence By- Dr. T.P. Tripathi, Allahabad Law Agency Publications, First Edition- 2013
3. Studies In Jurisprudence and Legal Theory By- Dr. N.V. Paranjape, Central Law Agency, Sixth Edition- 2011
4. Principles of Mohammedan Law By- Mulla
5. An Introduction to Islamic Law (1964) By- Schacht Joseph

Internet:-

1. Meaning of Justice in Islam- www.google.com (google search)
2. The Importance of Justice in Islam- www.google.com (google search)
3. Equality in Justice in Islam- www.google.com (google search)
4. Justice and the self- www.google.com (google search)
5. Teachings of Prophet Mohammed- www.google.com (google search)

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

वर्तमान राजनीतिक विकास में मतदान व्यवहार की भूमिका (उत्तर प्रदेश की किठौर विधान सभा क्षेत्र के संदर्भ में)

हितेश रस्तोगी *

*** शोधार्थी, चौधारी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत**

शोध सारांश – लोकतांत्रिक देशों में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव का बहुत महत्व है। भारत जोकि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहाँ होने वाले आम चुनावों पर विश्वभर के चुनाव विश्लेषकों व पर्यवेक्षकों की दृष्टि रहती है। स्थानीय चुनाव व विधानसभा, लोकसभा के चुनावों में मतदाता के मतदान के व्यवहार में भारी परिवर्तन देखा जाता है। इस शोध–पत्र में उन कारणों के बारें में जाना गया कि कैसे स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों का महत्व अलग–अलग होता हैं। इस शोध –पत्र में बुलंदशहर विधानसभा चुनाव में मतदाता के मतदान व्यवहार पर ध्यान केन्द्रित किया गया है कि मेरठ जनपद के मतदाता कैसे मतदान करते है ? जातिवाद ,धर्म, विकास के मुद्दे, मीडिया की भूमिका, स्थानीय उम्मीदवार, बाहुबल व अन्य तत्व मतदान को कैसे प्रभावित करते है ?

शब्द कुंजी – निर्वाचन, लोकतंत्र, मतदान।

प्रस्तावना – लोकतंत्र के संदर्भ में यदि मतदान व्यवहार का अर्थ स्पष्ट करें तो यह कहा जा सकता है कि लोकतंत्रीय शासन प्रणाली में निर्वाचन क्षेत्रों के पर्याप्त विस्तृत होने के कारण जनता का प्रत्यक्ष रूप से शासन संचालन में भाग लेना संभव न होने के कारण चुनाव और मतदान व्यवहार को प्राथमिकता दिया जाना आवश्यक है और जैसे –2 भारत में लोकतंत्र लोक लुभावन नीतियों और कार्यक्रमों की घोषणाओं से लोकप्रिय हुआ है उसके साथ ही निर्वाचन और मतदान व्यवहार का अध्ययन भी व्यापक समर्थन प्राप्त करने में लगा है अत: एक तरह से इसको समझना लोकतंत्र के आधार को समझना है साधारणत: इसका अभिप्राय: यही है कि मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग में किन तत्वों से प्रभावित होता है मतदान व्यवहार में सर्वप्रथम यह अध्ययन किया जाता है कि कौन से तत्व व्यक्ति को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं और कौनसे तत्व उसे इस संबंध में निरुत्साहित करते हैं। द्वितीय स्तर पर इस बात का अध्ययन किया जाता है कि किन तत्वों से प्रभावित होकर व्यक्ति एक विशेष उम्मीदवार और एक विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं इस दृष्टि से मतदान व्यवहार का अध्ययन चुनाव से पूर्व भी किया जाता है और चुनाव के बाद भी किया जाता है।

किसी भी लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव का बहुत महत्व है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत में होने वाले आम चुनावों पर विश्वभर के चुनाव विश्लेषकों व पर्यवेक्षकों की नजर रहती है। स्थानीय चुनाव व विधानसभा, लोकसभा के चुनावों में मतदाता के मतदान के व्यवहार में भारी परिवर्तन देखा जाता है। इस शोध पत्र में में उन कारणों के बारें में जाना गया कि कैसे स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों का महत्व अलग–अलग होता हैं। इस शोध कार्य में मुख्यत: बुलंदशहर विधानसभा चुनाव में मतदाता के मतदान व्यवहार पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। बुलंदशहर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता कैसे मतदान करते है ? जातिवाद ,धर्म, विकास के मुद्दे, मीडिया की भूमिका, स्थानीय उम्मीदवार, बाहुबल व अन्य तत्व मतदान को कैसे प्रभावित करते है? आज चुनाव में विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जीत सुनिश्चित करने के बारें में सोचा जाता है।

साहित्यावलोकन – कुमार संजय (2014) की पुस्तक में भारतीय युवाओं और चुनावी राजनीति के बीच महत्वपूर्ण संबंध का विवेचन किया गया है। पुस्तक में कई प्रासंगिक सवाल जवाब पर गहन विचार विमर्श किया गया है। एक युवा उम्मीदवार एवं युवा मतदाताओं के संबंधों पर प्रकाश डाला गया है। साथ ही यह बताया गया है कि युवा उम्मीदवार चुनावी राजनीति में तो पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेते है किंतु मतदान के समय इनकी भागीदारी कम हो जाती है। पुस्तक में राजनीतिक मुद्दों के बारे में युवाओं की जागरूकता एवं चुनावी राजनीति में युवाओं के हित और भागीदारी का विश्लेषण किया गया है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है यहाँ के युवाओं का एक बड़ा प्रतिशत अपने कैरियर के विकल्प के रूप में राजनीति शुरू करने के विषय में चर्चा इस पुस्तक में की गई है। साथ ही यह भी चर्चा की है कि भारतीय युवाओं में उनके हित तथा लिंग सहित कई आधार पर इनमें परस्पर मतभेद है। साथ ही सामाजिक स्तर पर भी युवाओं के अपने हित है। इस प्रकार प्रस्तुत पुस्तक में युवाओं के राजनीतिक दृष्टिकोण तथा राजनीति से अपेक्षा इत्यादि विषय पर चर्चा की गई है। हालांकि हाल ही में सम्पन्न आम चुनाव में जिस प्रकार से मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब युवा मतदान में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहें है।

बाजोरिया, जयश्री (2009) की पुस्तक में भारत की चुनावी राजनीति का विभिन्न दृष्टिकोण से विश्लेषण किया है। पुस्तक सात विभिन्न अध्यायों में विभक्त है। भारतीय चुनावी राजनीति को प्रभावित करने वाले कारकों यथा– जाति, धर्म आदि का विवेचन किया गया है। साथ ही संसद की

पृष्ठभूमि तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भूमिका का अध्ययन किया गया है। भारत में वर्ष 1991 में लागू आर्थिक सुधार कार्यक्रम एवं इसमें लोकतांत्रिक राजनीति की भूमिका के विषय में चर्चा की गई है। भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है किन्तु सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहाँ 2004 में सम्पन्न आम चुनाव में 230 पंजीकृज राजनीतिक दल , 5400 से अधिक चुनावी उम्मीदवार एवं 714 मिलियन मतदाताओं ने भावी सरकार के निर्वाचन में अपनी जिम्मदारी का निर्वहन बखूबी किया। साथ ही मतदाताओं ने बेहतर प्रशासन, सामाजिक आर्थिक समानता और गरीबी उन्मूलन जैसे मुद्दों को चुनाव में विशेष महत्व दिया। साथ ही इस पुस्तक में नेताओं के भ्रष्टाचार एवं गिरते नैतिक पतन की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। गठबंधान की राजनीति के लाभ हानि पर प्रकाश डाला। प्रस्तुत पुस्तक में मतदाता की जवाबदेही पर अलग से चर्चा की गई है किंतु मतदान व्यवहार का समग्र अध्ययन किया जाता तो अधिक प्रभावी होता।

भार्गव, बी. एस. (1989) के अनुसार सरकारें समय- समय पर लोककल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करती रहती है। यह योजनाएं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या दोनों ही सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से भी चलाई जाती है। सरकारों द्वारा गरीबी उन्मूलन, सामाजिक उत्थान आदि के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक गणराज्य में सामाजिक व आर्थिक विकास एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। जहां समय समय पर सरकारों द्वारा इसे राजनीतिक स्वार्थो या वोट बैंक के लिए भी भुनाया जाता रहा है। सामाजिक व आर्थिक विकास को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी शामिल किया गया है।

काटजू , मंजरी (2005) के इस आलेख में भगवाकरण का भारतीय चुनावी राजनीति पर प्रभाव का अध्ययन किया गया है। भारतीय राजनीति में भगवाकरण के इतिहास व मंदिर आंदोलन व इसके विभिन्न आयामों पर इसमें प्रकाश डाला गया है। साथ ही इसके आनुशांगिक संगठनों व भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न भगवा संगठनों व पार्टी का यथा स्थान उल्लेख किया गया है। भगवा राजनीति के तहत चुनावी राजनीति के दौरान विभिन्न नारों एवं मुद्दों एवं भावनात्मक मुद्दों के प्रभाव का उल्लेख इसमें किया गया है। भारतीय चुनावी राजनीति में भगवाकरण के प्रभाव व इसकी क्रियान्विति मतदान व्यवहार होने वाले असर का उल्लेख इस आलेख किया गया है। इस आलेख भारतीय राजनीति में भगवाकरण के असर को प्रभावी रूप से स्पष्ट किया गया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध में वर्णनात्मक शोध विधि के अंतर्गत सर्वेक्षण विधिा का प्रयोग किया गया है ।

शोध की जनसंख्या व प्रतिदर्श के लिए प्रस्तुत शोध पत्र में मेरठ जनपद की किठौर विधानसभा के मतदाताओं का चयन शोध पत्र हेतु किया गया है। वहीं प्रस्तुत शोध हेतु न्यादर्श के लिए यादृच्छिक प्रतिदर्शन विधि द्वारा 200 मतदाताओं का चयन प्रतिदर्श के रूप में किया गया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु आँकड़ों को एकत्रित करने के लिए स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ों की व्याख्या हेतु सांख्यिकीय विधिा के अन्तर्गत प्रतिशत विधिा का प्रयोग किया गया है।

प्रदत्तों का विश्लेषण, परिणाम एवं व्याख्या – प्रदत्तों का संकलन करने के पश्चात् प्राप्त प्रदत्तों की उद्देश्य के अनुसार विश्लेषण एवं व्याख्या- उत्तरदाताओं का लिंग, आयु, जाति, आर्थिक व शैक्षणिक आधार पर वर्गीकरण करने पर कुल उत्तरदाताओं की संख्या में से-

लैंगिक संरचना के आधार कुल उत्तरदाताओं की संख्या में से 47.5 प्रतिशत उत्तरदाता महिला लिंग से है और 52.5 उत्तरदाता पुरुष लिंग से हैं। आयु के आधार पर वर्गीकरण करने पर ज्ञात हुआ कि 36 प्रतिशत उत्तरदाता 18 से 25 वर्ष से तक आयु वर्ग से संबंधित है । इसी प्रकार 25 प्रतिशत उत्तरदाता 26 वर्ष से 35 वर्ष आयु - वर्ग के हैं और 25 प्रतिशत उत्तरदाता 36 से 45 वर्ष तक आयु वर्ग से एवं अन्य उत्तरदाता 45 वर्ष से अधिक वर्ष से अधिक आयु- वर्ग संबंधित है। उत्तरदाताओं की जाति संरचना का वर्गीकरण करने पर ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 20.5 प्रतिशत उत्तरदाता सामान्य वर्ग से है जबकि 49.5 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा 30 प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जाति से संबंधित है। आर्थिक संरचना का वर्गीकरण करने पर ज्ञात होता है कि 27.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं का व्यवसाय मजदूरी है और 64.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं का व्यवसाय कृषि है, जबकि 2 प्रतिशत उत्तरदाता सरकारी नौकरी करते है तथा 5.5प्रतिशत अन्य व्यवस्थाओं में कार्यरत है। शैक्षिक स्तर पर वर्गीकरण करने पर ज्ञात होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 80.5 प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षित एवं 19.5 प्रतिशत उत्तरदाता अशिक्षित है।

प्रश्न (1) : क्या आप राजनीतिक दलों के जारी घोषणा-पत्रों को पढ़ते है?

क्र.	विवरण	आवृति	प्रतिशत
1	हाँ	39	19.5
2	नहीं	161	80.5
	कुल योग	200	100

उपर्युक्त तालिका के अनुसार उत्तरदाताओं से प्रश्न किया गया कि क्या वे चुनाव के समय विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा जारी घोषणा पत्रों को पढ़ते हैं कि नहीं? तो 19.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे घोषणा-पत्रों को पढ़ते हैं तथा 80.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वे घोषणा- पत्रों को नहीं पढ़ते हैं। जिससे स्पष्ट है कि तीन चौथाई से भी अधिक उत्तरदाता घोषणा-पत्रों को नहीं पढ़ते है अर्थात् घोषणा-पत्रों से अनभिज्ञ रहते है।

प्रश्न (2): क्या राजनीतिक दलों के घोषणा- पत्र मतदान को प्रभावित करते है?

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	43	21.5
2	नहीं	45	22.5
3	कह नहीं सकते	132	66
	कुलयोग	200	100

जब उत्तरदाताओं से पूछा गया कि क्या वे चुनाव के समय विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा जारी घोषणा पत्रों से प्रभावित होते हैं तो 21.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि घोषणा- पत्र मतदाताओं को प्रभावित करते हैं तथा 22.5 प्रतिशत ने घोषणा-पत्रों को प्रभावहीन बताया । वहीं दूसरी ओर 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर जानकारी न होना बताया । जिससे स्पष्ट है कि लगभग दो तिहाई उत्तरदाताओं ने घोषणा- पत्रों को मतदान व्यवहार की दृष्टि से उनके प्रभाव के संबंध में जानकारी नहीं होना बताया।

प्रश्न (3):क्या चुनाव के समय मुफ्त में दी गई सुविधाओं की घोषणा

मतदाताओं को प्रभावित करती है?

क्र.	विवरण	आवृति	प्रतिशत
1	हाँ	143	71.5
2	नहीं	57	28.5
	कुल योग	200	100

जब उत्तरदाताओं से पूछा गया कि चुनाव के समय मतदाताओं के लिए मुफ्त की योजनाओं की घोषणा मतदाताओं को प्रभावित करती है, तो लगभग 71.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ कहा तथा 28.5 ने नहीं कहा। इस प्रकार तीन-चौथाई वर्ग का मानना है कि मुफ्त की योजनाएं वर्तमान में प्रभावित करने लगी है।

प्रश्न (4): उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के समय सरकार द्वारा चलाई गई मुफ्त राशन के कार्यक्रम से मतदाता प्रभावित हुए हैं?

क्र.	विवरण	आवृति	प्रतिशत
1	हाँ	133	66.5
2	नहीं	67	33.5
	कुल योग	200	100

उत्तरदाताओं से पूछा गया कि सरकार द्वारा चलाई गई मुफ्त राशन की योजना ने 2022 में विधानसभा चुनाव को प्रभावित किया है? तो 66.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हां कहा तथा 33.5प्रतिशत ने नहीं कहा। जिससे ज्ञात होता है कि मुफ्त राशन की योजना से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में मुफ्त राशन योजना ने लाभ पहुँचाया।

प्रश्न (5): क्या उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव- 2022 में मतदाताओं के लिए सुरक्षा का मुद्दा अहम रहा?

क्र.	विवरण	आवृति	प्रतिशत
1	हाँ	153	76.5
2	नहीं	47	23.5
	कुल योग	200	100

जब उत्तरदाताओं से पूछा गया कि क्या उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2022 में मतदाताओं के मत देने का एक मुख्य कारण सुरक्षा भी रहा है तो 76.5 प्रतिशत ने हाँ कहा तथा केवल 23.5 ने नहीं कहा। अत: विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के विजय होने का कारण आम नागरिकों को मिलने वाली सुरक्षा भी थी।

निष्कर्ष- अध्ययन के निष्कर्ष से ज्ञात है कि अधिकांश उत्तरदाता घोषणा-पत्रों को नहीं पढ़ते है अर्थात् वे घोषणा-पत्रों से अनभिज्ञ रहते है,तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा जारी घोषणा-पत्रों की जानकारी न होना बताया, जो कि दर्शाता है कि आम जन घोषणा-पत्रों से ज्यादा प्रभावित नहीं होते हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान पहली बार था कि कोई सरकार सुधारी कानून-व्यवस्था को मुद्दा बना रही थी। जबकि पिछले चुनावों में सत्तारूढ़ दल के सत्ता से हाथ धोने के पीछे प्रदेश की खराब कानून-व्यवस्था ही उत्तरदायी रही थी। इसके अलावा योगी सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन बांटकर एक ऐसा लाभार्थी वर्ग पैदा किया जो खामोश तो था लेकिन भाजपा की सरकार के प्रति समर्पित था। विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत में कई सारे मुद्दों के बीच राशन और शासन सबसे प्रभावी थे। इस प्रकार भाजपा को विधानसभा 2022 में पुन: विजयी बनाने में मुफ्त राशन योजना और सुरक्षित शासन की मुख्य भूमिका रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कोठारी रजनी,कास्ट इन इण्डियन पॉलिटिक्स : पूना संग्रम प्रेस - 1970
2. कश्यप सुभाष, दल बदल और राज्यों की राजनीति : मीनाक्षी प्रकाशन मेरठ - 1970
3. जौहरी जे. सी., रिफलेक्शन ऑन इण्डियन पॉलिटिक्स : एस . चन्द- 1974
4. बाल अलेन, आधुनिक राजनीति और शासन : दिल्ली दि मैकमिलन कम्पनी - 1973
5. जायसवाल के. पी., हिन्दू पॉलिटिक्स कलकत्ता - 1942
6. प्रभा प्रसाद सिंह, पॉलिटिकल वायलेंस इन इण्डिया : नई दिल्ली अमर उजाला प्रकाशन - 1999
7. चौपड़ा जे. के., पॉलिटिक्स ऑफ अलेक्शन्स रिफार्ल्स इन इंडिया, नई दिल्ली मित्तल पब्लिकेशन्स - 1989
8. डॉ. धर्मवीर, भारत में राजनीतिक प्रक्रिया राजनीतिक समाजशास्त्र, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर -2008
9. नारंग ए. एस., भारतीय शासन एवं राजनीति, नई दिल्ली गीतान्जली पब्लिशिंग हाउस - 2009
10. चौधारी वी. एन. व कुमार युवराज, भारत में राजनीतिक प्रक्रियायें : हिन्दी क्रायान्वयन निदेशालय -2013
11. प्रो. त्रिपाठी श्री प्रकाश मणि, राजनीतिक अवधारणायें एवं प्रवत्तियाँ : शारदा प्रकाशन नई दिल्ली - 2003

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

मुरार विकासखंड के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की त्वचा का तुलनात्मक अध्ययन

निधि यादव* डॉ. मंजू दुबे**

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सुंदर नमीय चमकीली कांति युक्त त्वचा से व्यक्तित्व का आकर्षण बढ़ता है। 'त्वचा सीधे व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करती है क्योंकि यह मानव शरीर का सबसे बड़ा अंग होती है'।[1] 'त्वचा शरीर का बाहरी आवरण होती है जिसे बाहय त्वचा (एपिडर्मिस) भी कहते हैं। यह उत्सर्जित प्रणाली का सबसे बड़ा अंग है जो उपकला उमक की कई परतों द्धारा निर्मित होती है और अंतर्निहित मांसपेशियों, अस्थियों, अस्थिबंद (लिगारमेंटस) और अन्य आंतरिक अंगों की रक्षा करती है'।[2] 'यह हानिकारक जीवाणुओं, कर्मियों फफूंद आदि के प्रवेश को रोकती है इनसे सुरक्षा करती है त्वचा युक्त संरचना जैसे रोम, नाखून आदि की सहायता से शरीर की कोमल अंगों को सुरक्षित रखती है। त्वचा जल अवरोधी का कार्य करती है तीव्र प्रकाश में उपस्थित पराबैंगनी किरणों से रक्षा करती है'।[3] 'यह चोट के प्रति संवेदनशील है और उसमें अपनी मरम्मत करने की उल्लेखनीय क्षमता है। बहरहाल अपनी इस लोच के बावजूद त्वचा लंबे समय तक दाब अत्यधिक बल या घर्षण बर्दाश्त नहीं कर सकती'।[4] बच्चे अक्सर धूल मिट्टी में खेलते हैं और जमीन पर भी लेटते तथा बैठते हैं। आजकल बच्चे रेडीमेड स्नैक्स पसंद करते हैं उनकी दिनचर्या भी नियमित नहीं है इससे उनके त्वचा का स्वास्थ्य खराब होने लगता है। बच्चों के त्वचा के स्वास्थ्य का ध्यान रखना माता–पिता का दायित्व है अत: बच्चों की त्वचा के स्वास्थ्य पर शोध कार्य करना आवश्यक है। मुरार विकासखंड के विद्यार्थियों की त्वचा की स्थिति ज्ञात करने के लिए मैंने अपने शोध का विषय– 'मुरार विकासखंड के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की त्वचा का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है। इस शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य है ।

उद्देश्य:

1. ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं की त्वचा के स्वास्थ्य का अध्ययन करना ।
2. शहरी बालक एवं बालिकाओं की त्वचा के स्वास्थ्य का अध्ययन करना ।
3. ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की त्वचा के स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – मुरार विकासखंड के विद्यार्थियों की त्वचा का अध्ययन करने हेतु ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों में विद्यालयों में अध्ययनरत 6 से 12 वर्ष के 150 बालक एवं बालिकाओं का तालिका क्रमांक एक में दर्शाए समंको के अनुसार दैव निदर्शन विधि से चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों की त्वचा के स्वास्थ्य स्तर को ज्ञात करने हेतु लक्षण परीक्षण विधि का उपयोग किया गया तत्पश्चात संकलित समको का वर्गीकरण एवं विश्लेषण का निष्कर्ष प्राप्त किए गए।

वर्गीकरण एवं विश्लेषण:

तालिका क्रमांक – 1: विद्यार्थियों की आवास एवं लिंगानुसार स्थिति

आवास	बालक		बालिका		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
ग्रामीण	39	52.0	36	48.0	75	50.0
शहरी	36	48.0	39	52.0	75	50.0
योग	75	100.0	75	100.0	150	100.0

तालिका क्रमांक–2:ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं की त्वचा के लक्षण

लक्षण	बालक		बालिका		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
नरम व चमक युक्त	08	20.51	09	25.0	17	22.66
सूखी	20	51.28	04	38.88	35	45.35
अत्यधिक	10	25.64	11	30.55	21	28.00
झुर्रियॉयुक्त	01	2.56	02	5.55	03	4.00
योग	39	100.0	36	100.0	75	100.0

तालिका क्रमांक – 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण विद्यालयों के 8 (20–51%) बालक तथा 9 (25.0%) बालिकाएं कुल 17 (5.66%) विद्यार्थियों की त्वचा चमक युक्त व नरम पाई गई। सूखी त्वचा वाले कुल 34 (45.33%) विद्यार्थियों में 20 (51.28%) बालक तथा 14 (28.88%) बालिकाएं पाई गई। 21 (28.0%) विद्यार्थियों की त्वचा अधिक सुखी पाई गई जिसमें 10 (25.64 %) बालक तथा 11 (30.55%) बालिकाएं सम्मिलित हैं 1 (2.56%) तथा 2 (5.55%) बालिकाएं कुल 3 (4.0%) विद्यार्थियों की त्वचा झुर्रियों युक्त पाई गई।

तालिका क्रमांक –3: शहरी बालक एवं बालिकाओं की त्वचा के लक्षण

लक्षण	बालक		बालिका		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
नरम व चमक युक्त	08	21.05	11	29.72	19	25.33
सूखी	21	57.89	21	54.05	42	56.00
अत्यधिक	07	18.42	05	13.51	12	15.0

झुर्रियॉयुक्त	00	2.63	02	2.70	02	2.66
योग	36	100.0	39	100.0	75	100.0

तालिका क्रमांक – 3 में शहरी बालक एवं बालिकाओं की त्वचा के लक्षण दिखाई दर्शाए गए हैं। तालिका दर्शाती है कि शहरी विद्यालयों में 8 (21.5%) बालक तथा 11 (29.72%) विद्यार्थियों की त्वचा नर्म व चमक युक्त पाई गई। सूखी त्वचा के 42 (56.0%) विद्यार्थी पाए गए जिनमें 21 (57.9%) बालक तथा 21 (54.05%)– बालिकाएँ सम्मिलित हैं। अत्यधिक सूखी त्वचा के 12 (16.0%) विद्यार्थी पाए गए हैं– जिनमें 7 (18.42%)– बालक तथा 05 (13.51%) बालिकाएं पाई गई। केवल 02 (2.70%) बालिकाओं की त्वचा झुर्रियों युक्त पाई गई तथा बालकों की संख्या निरंक पाई गई । अधिकांश विद्यार्थियों की त्वचा सूखी पाई गई।

तालिका क्रमांक – 4: मुरार विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की त्वचा के तुलनात्मक लक्षण

लक्षण	बालक		बालिका		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
नरम व चमक युक्त	17	11.33	19	12.66	36	24.00
सूखी	37	24.66	39	26.0	76	50.66
अत्यधिक	21	14.00	13	8.66	34	22.66
झुर्रियॉयुक्त	00	00	04	2.66	02	2.66
योग	75	75.00	75	50.00	150	100.00

तालिका क्रमांक – 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मुरार विकासखंड के सर्वे क्षेत्र 150 विद्यार्थियों में से 3 (24.0%) विद्यार्थियों की त्वचा नम व चमक युक्त पाई गई अर्थात वे सामान्य स्वस्थ अवस्था में पाए गए जिनमें 17 (11.3%) ग्रामीण तथा 19 (12.66%) शहरी विद्यार्थी हैं। इस प्रकार स्वस्थ त्वचा के विद्यार्थियों की संख्या ग्रामीण की अपेक्षा शहरी विद्यार्थियों की अधिक पाई गई। मुरार विकासखंड में 114 (76.0%) विद्यार्थी अस्वस्थ पाए गए जिनमें 76 (50.66%) सूखी त्वचा वाले 34 (22.66%) अत्यधिक सूखी त्वचा वाले तथा 2 (2.66%) झुर्रियां युक्त पाए गए। त्वचा का स्वस्थ होना थायमिन, नियासिन, विटामिन बी समूह, विटामिन ए एवं कैलशियम की कमी को प्रदर्शित करता है ।

निष्कर्ष– प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित निष्कर्ष हैं:

1. मुरार विकास खण्ड में 114 (76.00%) विद्यार्थियों की त्वचा अस्वस्थ्य पाई गई है, जिसमें 58 (38.66%) ग्रामीण तथा 56 (37.33%) शहरी हैं।
2. ग्रामीण विद्यार्थियों में सूखी त्वचा का प्रतिशत अधिक है।
3. ग्रामीण विद्यार्थियों में सूखी त्वचा के बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक है।
4. शहरी विद्यालयों में भी सूखी त्वचा के विद्यार्थियों का प्रतिशत अधिक है।
5. शहरी विद्यालयों में भी सूखी स्वचा के बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक है।
6. सूखी त्वचा के ग्रामीण विद्यार्थियों का प्रतिशत शहरी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक है।
7. विद्यार्थियों में थायमिन, नियासिन, विटामिन बी समूह एवं कैलशियम तथा विटामिन ए की कमी पाई गई है।

सुझाव– विद्यार्थियों को अपनी त्वचा स्वस्थ्य रखने के लिये निम्नलिखित उपाय कराना चाहिये:

1. प्रात:काल एवं सोते समय हाथ–पेर धोना चाहिये।
2. अहार में सम्पूर्ण अनाज (अंकुरित), मेवे, पीले नारंगी फल, दूध, दही, मख्खन, मावा व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिये।
3. तले हुये भोज पदार्थ एवं फास्ट–फूड का सेवन करने बचना चाहिये।
4. प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिये।
5. तनाव रहित रहकर पर्याप्त नींद लेना चाहिये।
6. दिनचर्या नियमित रखनी चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.libraticomstepiccs
2. https://www.him.wlkipediaorg>wiki
3. https://www.dubtnut.com>qa-hindi
4. https://www.jagran.com>health
5. https://skimkraftcom.trons/ate.goo/
6. कालगो, संगला, 'पोषण एवं पोषण स्तर', रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर।
7. शर्मा, सुमन,'स्वास्थ्य समस्या और समाधान', विश्व भारती पब्लिकेशन, नयी दिल्ली।
8. ढ्ढोरा, आशारानी, 'लेडीज वेल्थ गाईड', पुस्तक महल, दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

साहित्यिक लेखन मे व्यंग्य विधा की भूमिका

डॉ. गुलाब सिंह डावर*

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरोद, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – व्यंग्य की उत्पत्ति 'अज्ज धातु मे 'वि'उपसर्ग व 'णयत'प्रत्यय लगने से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है ताना कसना। दूसरें शब्दों मे,व्यंग्य एक साहित्यिक अभिव्यक्ति अथवा रचना है , जिसके द्वारा व्यक्ति अथवा समाज की विसंगतियों और विडंबनाओ अथवा उसके किसी पहलू को रोचक तथा हास्यास्पद ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। साहित्यिक लेखन मे व्यंग्य जीवन की अनेक विषमताओ, विद्रुपताओ और विसंगतियों को रेखांकित करता है। व्यंग्य की धारा कभी तेज और कभी मंद रूप से साहित्य मे सदैव प्रवाहित होतीं रही है । व्यंग्य साहित्य के अनेक क्षेत्रो, अलग – अलग रूपों मे व्याप्त हो रहा है, लेकिन धीरे–धीरे व्यंग्य एक स्वतंत्र विधा के रूप मे स्थापित हो गया है । व्यंग्य का अर्थ है व्यंजन शक्ति के माध्यम से अर्थ निष्पत्ति। व्यंग्य साहित्य की एक विधा है, जिसमे उपहास ,मजाक और इसी क्रम मे आलोचना का प्रभाव रहता है। कालांतर मे व्यंग्य के साथ हास्य भी जुड़ गया और हास्य का पक्ष इतना प्रबल हो गया की इसे हास्य व्यंग्य कहने लगे है। अंग्रेजी व्यंग्यकार इसे 'सटायर' 'विट'और ह्यूमर आदि नाम से पूकारने लगे।

परिभाषा– विभिन्न साहित्यकारों ने समय– समय पर व्यंग्य कों अपने शब्दों मे परिभाषित किया है। हरिशंकर परसाई ने व्यंग्य कों परिभाषित करते हुए लिखा है **'व्यंग्य जीवन से साक्षात्कार करता है,जीवन कि लोचना करता है, विसंगतियों,मिथ्याचारो और पाखंडो का पर्दापाश करता है।'** इसी क्रम मे आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार **'व्यंग्य वह है जहाँ अधरोष्ठ मे हँस रहा हो और सुनने वाला तिलमिला उठा हो और फिर भी कहने वाले कों जवाब देना अपने कों और भी उपहासास्पद बनाना हो जाता है।'** शरद जोशी के अनुसार **'व्यंग्य की पहचान है कि ऐसा साहित्य जो कष्ट सहती सामान्य जिन्दगी के करीब है या उससे जुडा है। यदि ऐसा न हो तो कही गड़बड़ है।'** मेरीड़िथ ने व्यंग्यकार कों समाज की गंदगी साफ करने वाला ठेकेदार कहा है उनके अनुसार **'व्यंग्यकार नैतिकता का ठेकेदार होता है। बहुदा वह समाज की गंदगी की सफाई करने वाला होता है,उसका कार्य सामाजिक विक्रतियो की गंदगी कों साफ करना होता है।'** एन्साक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिका के अनुसार **'व्यंग्य अपने साहित्यिक रूप मे, हास्यापद और बेढंगी स्थितियों से उत्पन्न विनोद और अरुचि कों सही– सही अभिव्यक्ति देने वाला साहित्य रूप है, बशर्ते कि उसमे हास्य स्पष्ट रूप से दृश्यमान हो और वह कथन साहित्कता से परिपूर्ण हो।'**[1] भारतीय विद्वानों की तरह पाश्चात्य विद्वानों ने भी अपने ग्रंथो मे व्यंग्य की परिभाषाये दी है जो हमें अच्छी तरह से समझने मे हमारी मदद करते है।

हिंदी व्यंग्य साहित्य – हिंदी व्यंग्य कों सम्मानजनक स्थिति स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात मिली है , इस देश मे तेजी से बढती हुई अनेक विसंगतियों ने व्यंग्य कों उर्वरा भूमि प्रदान की, जिसके फलस्वरूप हिंदी साहित्य की सभी विधाओं मे व्यंग्य समाहित होता चला गया। कविता ,कहानी, उपन्यास, नाटक, एकांकी आदि के बाद साहित्य के क्षेत्र मे व्यंग्य कों एक स्वतंत्र साहित्यिक विधा के रूप मे प्रतिष्ठित होने का गौरव प्राप्त हुआ। हिंदी के आलोचक वर्ग हिंदी व्यंग्य साहित्य कों हास्य से अलग देखने के पक्ष मे नहीं है। अधिकांश समालोचक आक्षेप लगाते हुए भी नहीं थकते है । आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसी सम्बन्ध मे अपनी मान्यता कों स्पष्ट करते हुए अपने इतिहास ग्रन्थ 'हिंदी साहित्य का इतिहास' मे लिखा है 'शिष्ट और परिष्कृत हास्य का जैसा सुन्दर विकास पश्चात्य इतिहास मे हुआ है, वैसा अपने यहाँ अभी दिखाई नहीं दे रहा है । हिंदी साहित्य के प्रारम्भिक युग से लेकर रीतिकालीन साहित्य तक व्यंग्य का एक प्रकार से अभाव–सा ही रहा है। यूँ छूट–पुट, यदा–कदा, व्यंग्य के संकेत मिल जाते है । केवल संत कवि कबीरदास कों छोड़कर और किसी साहित्यकार ने व्यंग्य का खुलकर अपनी रचनाओ मे प्रवेश नहीं किया है, यह सच है की इन 650 वर्षो मे कबीर के समान व्यंग्य चिन्तक कोई दूसरा कवि हिंदी मे नहीं हुआ।'[2]

प्रारंभिक अवस्था – स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व व्यंग्य विधा अपने युवापन मे थी, किन्तु आजादी के पश्चात जीवन और समाज के परिवर्तन के साथ ही हिंदी व्यंग्य मे भी अनेक नवींन मोड़ आये है। फलस्वरूप स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात हमारे समाज मे परिवर्तन के कारण व्यंग्य मे भी परिवर्तन के चिन्ह एकदम साफ और स्पष्ट दिखाई देते है। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक स्तरों पर हम जिन मूल्यों से जुड़े हुए थे, हमारे जो आदर्श और मान्यताएँ थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उनमे तेजी से परिवर्तन हो रहे है। प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक और सामूहिक हित के स्थान पर व्यक्तिगत हितो कों प्राथमिकता देने संलग्न दिखाई देता है । दूसरी विधाओ जैसे लघुकथा, रिपोर्ताज, यात्रा –वृत, ललित गद्य की विधा मे भी व्यंग्य का यथास्थान प्रयोग किया जा रहा है। स्वातंत्र्योतर गद्य की सर्वाधिक सशक्त और उल्लेखनीय विधा के रूप मे व्यंग्य की प्रतिष्ठा एक बहुत बड़ी घटना है।

द्विवेदीयुग तथा समकालीन साहित्यकार – भारतेंदु तथा समकालीन साहित्यकारों ने व्यंग्य की जो परम्परा चलाई ,उन्होंने सामाजिक विषमताओ के प्रति व्यंग्य कों हथियार बनया। उसका स्वरूप मुख्यत: सुधारवादी और आदर्श परख था , तब से वर्तमान तक हिंदी व्यंग्य लेखन ने एक लम्बी यात्रा पूर्ण की है। वर्तमान व्यंग्य लेखन का स्वरूप उसके चरित्र और प्रस्तुतिकरण

मे अनेक परिवर्तन परिलक्षित होते है । व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई एवम् शरद जोशी ने अपनी रचनाओ से व्यंग्य कों स्वतंत्र विधा के रूप मे स्थापित किया है । ये व्यंग्यकार एक अलग भाषाई तेवर के साथ व्यंग्य लेखन करते है। शिल्प की सजगता इनके व्यंग्य लेखन की विशेषता है। भाषा मे वक्रता के द्धारा ये शब्दों और विशेषणों का विशिष्ट संयोजन करते है । कहना न होगा की यह विधा निरंतर विकसित होती हुई साहित्य की अन्य विधा के समकक्ष स्थापित हो रही है ।

व्यंग्य मे समाज एवं जनहित के मध्य गहरे द्वंद्ध कों उकेरा है। सामाजिक अनुभवजन्य लेखक की लेखनी जब चलती है, तब उसकी रचना मे व्यंग्य की आग स्वत: प्रज्ज्वलित होती है। उनकी प्रखर संवेदनशीलता समाज को जागरुक करने की दिशा मे अग्रसर दिखाई देती है। व्यंग्य का मूल लक्ष्य पाठको कों प्रेरित करना एवं उनकी आँखे खोलना है । समाज का परिवेश जब अनेक प्रवंचनाओ से घिर जाता है,तब रचनाकार अपने व्यंग्य का उपयोग एक सशक्त शस्त्र की तरह करता है। सभी रचनाकार अधिक गंभीर होकर अपने दायित्य का निर्वहन करते हुए जिन्दगी की तीखी आलोचना भी करता है, तब जीवन से साक्षात्कार कराने वाले दर्पण मे व्यंग्य की छवि उभरती है। कई व्यंग्यकार ने अपनी रचना मे भारतीय समाज मे अव्यवस्था, धूर्तता, चाटुकारिता,आडम्बर एवं अन्य विद्रूपताओ पर तीखे प्रहार किये है । अपने समसामयिक परिवेश मे व्याप्त असंगतियों ,विसंगतियों ,अंतर्विरोधों, दुराचारों कों अनुवीक्षण यन्त्र से देखने और उन्हें ध्वस्त करने का साहस रखने वाले व्यंग्यकारो के रूप मे अपने आप कों प्रतिष्ठित करता है। व्यंग्य साहित्य मे वर्तमान जीवन के यथार्थ प्रतिबिम्ब कों आसानी से देख सकते है ।

व्यंग्य का विधा के रूप मे प्रयोग स्वतन्त्रता के बाद स्पष्ट रूप से हुआ है । हरिशंकर परसाई की कृतियाँ 'विकलांग श्रद्धा का दौर' 'सदाचार का तावीज' 'भूत के पाँव पीछे' 'ठिठुरता हुआ गणतन्त्र' और श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास 'रागदरबारी' एवं अन्य रचनाकार शंकर पुणताम्बेकर ,गोपाल चतुर्वेदी, के. पी. सक्सेना, ज्ञान चतुर्वेदी, शरद जोशी आदि अनेक साहित्यकारों ने व्यंग्य कों साहित्य की सशक्त विधा के रूप मे स्थापित किया है। इन रचनाकारों ने सामाजिक एवं राजनैतिक विसंगतियों पर चोट करके उनमे बदलाव लाने की पहल की है । व्यंग्यकार शरद जोशी ने मंच एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यंग्य कों साहित्य एवं समाज मे स्थापित किया है। प्रमुख व्यंग्यकारों मे हरिशंकर परसाई और शरद जोशी का नाम सर्वोपरी व प्रमुख स्थान है । अन्य व्यंग्यकारों मे श्रीलाल शुक्ल, रविन्द्रनाथ त्यागी ,ललित बोधी से लेकर ज्ञान चतुर्वेदी,प्रेम जन्मेजय, गिरीश पंकज, हरीश नवल आदि व्यंग्य लेखन के माध्यम से सक्रिय होकर लेखन कर रहे है। सभी व्यंगकार अपनी-अपनी विशेषताओं कों इसमें समेटे हुए है, जो उनके वैशिष्ट्य कों परिभाषित करता है ।

इक्कीसवी शताब्दी मे व्यंग्य की यात्रा लोकप्रिय होती गई ।'जीवन यश, समृद्धि,पद और पावर हमारे पास ही बनी रहे । हर व्यक्ति अपने प्रभामंडल कों इतना प्रभावशाली बनाना चाहता है कि दूसरे उसे उस प्रभामंडल से चमत्कृत रहे ।'[3] व्यंग्य विधा मे कुछ लोगो ने अपना स्थान बनाया उनमे अविनाश वाचस्पति ,अशोक चक्रधर , के. पी. सक्सेना ,नरेन्द्र कोहली,रविन्द्र प्रजापत, श्रीलाल शुक्ल, हुल्लड़ मुरादाबादी, डॉ. शिव शर्मा, यशवंत व्यास,कमल नाथ आदि का नाम महत्वपूर्ण है ।

द्विवेदी युग मे हास्य व्यंग्य की रचना करने वाले कवियों मे ईश्वरीय प्रसाद शर्मा तथा जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी के नाम भी उल्लेखनीय है। कविता के क्षेत्र मे व्यंग्य कविताएं अनादि काल से चली आ रही है। संत साहित्य मे विशेषत: कबीर के काव्य व्यंग्य से परिपूर्ण है उन्होंने सामाजिक विसंगतियों पर व्यंग्य पूर्ण शैली मे प्रहार किया है। जातिभेद ,हिन्दू- मुसलमानों के धर्म आडम्बर, गरीबी- अमीरी, रुढिवादिता आदि पर कबीर के व्यंग्य बड़े मारक है, उनके अनेक उद्हरण कबीर की व्यंग्य क्षमता के प्रमाण है । सूरदास का 'भ्रमर गीत' सूर की गोपियों के व्यंग्य से सराबोर है। व्यंग्य कों प्रगति का सबसे अच्छा अवसर भारतेंदु युग मे मिला। इस युग मे कविता ही नहीं लेख, निबन्ध,नाटक,कहानी सब मे व्यंग्य का समुचित प्रयोग मिलता है । सबसे अधिक व्यंग्य का प्रयोग प्रहसनो मे हुआ। भारतेन्दु की 'अंधेर नगरी' और 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' 'मुकरिया' इसके अच्छे उदाहरण है । औपनिवेशिक भारत की मूल समस्या हमें दिखाई देती है। पराधीन भारत की समस्याए वर्तमान भारत से अलग थी । गुलाम भारत की विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों,अंग्रेजी साम्राज्यवाद और उनकी शोषक दृष्टि के आक्रोश कों देखा जा सकता है । वस्तुत: इस युग मे भारतेंदु मंडल का कोई लेखक या कवि न बचा,जिसने व्यंग्य का प्रहसनो या कविताओ मे प्रयोग न किया हो। द्विवेदीयुग मे भी यही परम्परा जारी रही । व्यंग्य कों हास्य ,परिहास या चुहल आदि का पर्याय माना जावे ? या इसमे कही कुछ अंतर है। व्यंग्य कों हास्य आदि पर्याय मानना ठीक नहीं है। व्यंग्य की अभिव्यक्ति वैयक्तिक संदर्भो से लेकर सामाजिक विसंगतियों तक कों प्रकाश मे लाना लेखक का उद्देश्य होता है । अत: व्यंग्य मात्र मनोरंजन नहीं है, तथा न ही हास्य कहा जा सकता है। छायावादोतर काल के हास्य व्यंग्यकारो मे प्रथम: वर्ग बेदव बनारसी , गोपाल प्रसाद व्यास ,बरसाने वाले चतुर्वेदी व दितीय वर्ग मे हरिशंकर परसाई, रविंद्रनाथ त्यागी ,शरद जोशी ,श्रीलाल शुक्ल, नरेन्द्र कोहली आदि। उक्त व्यंग्यकारों मे दूसरे वर्ग के लेखको ने वर्तमान जीवन की विसंगतियों,राजनैतिक पैतरे बाजियों आदि कों लेकर तीखी व्यंग्य रचनाये लिखी है ,जहाँ शुद्ध हास्य का प्रयोजन केवल मनोरंजन प्रदान करना है ,उसमे कही कोई अन्य गंभीर उद्देश्य निहित नहीं रहता है। व्यंग्य मे प्राय: उद्देश्य पर विशेष दृष्टि अवश्य रहती है। श्रीलाल शुक्ल ने 'रागदरबारी' उपन्यास मे मोहभंग की स्थितियों के यथार्थ कों सजीव रूप मे प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। रविन्द्र नाथ त्यागी के लेखन कों हम हास्य और व्यंग्य का संयोजन कह सकते है ,इनके व्यंग्य लेखन न केवल पाठको कों प्रफुल्लित करते है बल्कि उसे सोचने क लिए बाध्य भी करते है ।

'व्यंग्य विधा का सशक्त शिल्पकार व्यंग्यकार शरद जोशी के लेख मे आचार्य पाराशर ने लिखा है की व्यंग्य की रचना धर्मिता की भाषा शैली एवं दृष्टि से इतना सशक्त होना चाहिए की वह पाठको के हृदय कों झंकृत कर दे । व्यंग्यकार समाज की विद्रुपताओ कों रेखांकित करता है।'[4] साहित्य की हर विधा का अपना एक विशिष्ट महत्व् रहता है , जो समाज के जनमानस कों प्रभावित एवं संप्रेषित करता है । व्यक्ति से समाज का निर्माण होने के कारण उसका समस्त व्यवहार समाज मे प्रतिबिम्ब की तरह परिलक्षित होता है। हास्य व्यंग्य की यह विधा दुधारी तलवार है ,जिसमे व्यक्ति अपने बुराइयो के इशारे कों भी, समझ कर अपने व्यवहार एवं आचरण कों सुधार कर समाज के अनुकूल बनाता है। वही हास्य एवं व्यंग्य की आवश्कताओ कों भी पूरा करता है । व्यंग्य मे कथ्य और शिल्प की धार झूठ की परतो कों काटती हुई सत्य तक पहुँच जाती है ।

व्यंग्य आज कई तरह से लिखा जा रहा है । इस विधा के माध्यम से गंभीर से गंभीर बात कों इस तरह कह दिया जाया है की वह तीर- सा असर

छोडती है। शरद जोशी का एक व्यंग्य पाठको कों लाभार्थ प्रस्तुत है ,व्यंग्य बोद्धिक परिहास की और सोचभरी प्रतिक्रिया भी,उसका स्वरूप निषेधात्मक लगता है, पर उसकी परिणिति विधेयात्मक। कई बार पारम्परिक जड़ताओ पर प्रहार कर हम नवीनता के अनुकूल मार्ग की तलाश करते है ,और कभी नक्काल आधुनिकताओ के विरुद्ध सामाजिक जागृति के लिए व्यंग्य कों हथियार बना लेते है। हर विधा अपना स्वरूप गढ़ती है , पर व्यंग्य परिहास और मारक चोट के माध्यम से अपने लक्ष्य कों संचालित करती है।'उसके भीतर प्रहार की ताकत है ,विषयों की जीवटता है ,मुहावरे रचने की ताकत है,पर भाषा की व्यंग्दार लोच का आभाव उसके व्यंग्य कों मारकपन कों भोथरा कर देता है।'[5] व्यंग्यो और चिंता ही व्यंग्यात्मक टिप्पणियों मे विषय वैविध्य है ,और मसखरी का भी वैचारिक अंदाज विसंगतियो और निर्ममताओ, मूल्यहीनता और जड़ता शासन या समाज व्यवस्था की क्रूरता या अमानवीयता व्यंग्यकार की व्यंजना व्यक्तिपरक नहीं बल्कि परिवेश और तीक्ष्णता के माध्यम से अपनी भीतरी करुणा, कोमलता कों उबल देती है।'गरीबी, भूखमरी ,भ्रस्टाचार,अपराध , आतंकवाद ,साम्प्रदायिकता सभी के समाचार ,चाय के प्याले की भाँप की तरह उड़ जाते है, मैं जान ही नहीं पाता की इन सबके प्रति मेरी जिम्मेदारी क्या है।'[6] व्यंग्य मे घर –पड़ोस एक धूरी –सी है ,जहाँ व्यक्ति और समाज ,देश और विश्व विज्ञान और घटनाये, अखबार की तरह आते है ,और लेखक के नजरिये उसके सोच ,उसके परिहास और उसकी व्यंग्य वक्रोक्ति के साथ लक्ष्य संचालन करती है। व्यंग्य अभिव्यक्ति है, एक व्यक्ति के भीतर छूपी कूटनीतियों कों भी उजागर करता है ,साथ ही सामाजिक विसंगतियों ,विद्रुपताओ एवं विषमताओ कों रेखांकित करता है।

History of Education Policy in India: Education is main resource for achieving many benefits such as full human potential, developing an equitable society, and promoting national development.Education policy plays an important role in the development of any country.In India, mainly 3 education policy has been launched yet to. In 1968, Based on the report and recommendations of theKothari Commission (1964–1966),Indira Gandhi's, the former primeminister, launched a first national policy on education (NPE) forpromoting higher education among rural and urban. The decision to adoptHindi as a national language proved controversial. The policy called for the use and learning of Hindi to promote a common language throughout India.In 1986, Rajiv Gandhi, the former prime minister, launched second national policy on education forpromoting education at all economic levels and focus on adult education and the empowerment of minorities.The policy calledfor the expansion of scholarships, subsidies, allowances, adult education, and various othermethods to promote social integration.In 1992, the former Prime Minister PVNarasimha Rao revised the NPE and focus on common entrance examination for professional and technical examination. In 2005, the former prime minister Dr. Manmohan Singh also revised the NPE and focus on common minimum program.In 2019, the Ministry of Human ResourceDevelopment (MHRD) released a Draft on NEP,2019, which was trailed by several ideas and consultations offered by the stakeholders and public. The Draft NEP discusses reducingcurriculum content to enhance essential learningand critical thinking.In 2020, Narendra Das Modi, prime minister launchedthe national education policy (NEP) 2020 which focus on reimagining vocational education, catalyzing quality academic research in all fields by introducing the regulatory mechanism, curbing commercialization of education, effective governance and leadership for higher education, internationalization of professional education, promotion of Indian languages, arts, and culture.The national education policy (NEP) 2020 is the first education policy of the 21st century and replaces the34th year old national policy on education (NPE), 1986.

Key Features of National Education Policy 2020 in Higher Education: The main goal of NEP 2020 for higher education institution is provided quality education to all students. It aims to increase the GER from 26.3% (2018) to 50% by 2035. New seats around 3.5 crore will be added to highereducation institutions. In NEP 2020, mainly focus on vocational education in higher education. It aims at building the overall personality of students by strengthening infrastructure for open and distance learning,online education and increasing the use of technology in education. Institutions will have the option to runopen distance learning (ODL) and online programs, provided they are accredited to doso, to enhance their offerings, improve access, increase GER, and provide opportunities forlifelong learning. The national research foundation will be created as an apex body for fostering a strong research culture and building research capacity across higher education. One of the key thrust areas of NEP 2020 is to encourage high R&D investments fromgovernment and private sectors. This will encourage innovation and innovative mindsets. Tofacilitate the same, there is a need for a strong industry commitment and close interventionwith academia for industry led skilling / upskilling/ reskilling.The NETF envisaged to be established under NEP 2020 is a step in the right direction. Thehosting of Quality Ed-Tech tools in all the dimensions of teaching learning delivery wouldenable institutions of learning to adapt quickly.NEP 2020 adopted three tier system of universities in India, which is to beimplemented in coming decade such asresearch intensive universities (RIU), teaching intensive universities (TIUs) anddegree awarding institutions/ universities (DAUs).NEP 2020 is included the key features such as holistic multidisciplinary education,national research foundation will be created for fostering a strong research culture and building research capacity, for regulation higher education commission of India (HECI) will be set up as a single regulatory body, rationalized institutional architecture forhigher education institutions, for motivating, energizing, and building capacity of faculty, for established mentoring mission, financial support for studentsefforts, open and distance learning, online education and digital education, technology in education, promotion of Indian languages, student and faculty mobility and financing education.The

policy envisages broad based, multi-disciplinary, holistic under graduate education withflexible curricula, creative combinations of subjects, integration of vocational educationand multiple entry and exit points with appropriate certification. UG education can be of 3or 4 years with multiple exit options and appropriate certification within this period. Forexample, certificate after 1 year, advanced diploma after 2 years, bachelor's degree after 3years and bachelor's with research after 4 years.An academic bank of credit is to be established for digitally storing academic creditsearned from different HEIs so that these can be transferred and counted towards final degree earned.

Higher education institutions will be transformed into large, well resourced, vibrant multidisciplinary institutions providing high quality teaching, research, and community engagement.NEP makes recommendations for motivating, energizing, and building capacity of facultythrough clearly defined,independent, transparent recruitment, freedom to design curricula/pedagogy, incentivizing excellence, movement into institutional leadership. Faculty not delivering on basic norms will be held accountable.A national mission for Mentoring will be established, with a large pool of outstanding senior/retired faculty including those with the ability to teach in Indian languages that would bewilling to provide short and long-term mentoring/professional support to university/college teachers.Financial support for student'sefforts will be made to incentivize the merit of students belonging to SC, ST, OBC, and otherSEDGs. The national scholarship portal will be expanded to support, foster, and track theprogress of students receiving scholarships.This will be expanded to play a significant role in increasing GER. Measures such as onlinecourses and digital repositories, funding for research, improved student services, credit-basedrecognition of MOOCs, etc., will be taken to ensure it is at par with the highest quality in-class programmes.A comprehensive set of recommendations for promoting online education consequent tothe recent rise in epidemics and pandemics in order to ensure preparedness with alternativemodes of quality education whenever and wherever traditional and in-person modes of education are not possible, has been covered. A dedicated unit for the purpose of orchestratingthe building of digital infrastructure, digital content and capacity building will be created inthe MHRD to look after the e-education needs of both school and higher education.An autonomous body, the national educationaltechnology forum (NETF), willbe created to provide a platform for the free exchange of ideas on the use of technology to enhance learning, assessment, planning, administration. Appropriate integration oftechnology into all levels of education will be done to improve classroom processes, supportteacher professional development, enhance educational access for disadvantaged groupsand streamline educational planning, administration and management. To ensure the preservation, growth, and vibrancy of all Indian languages and use mother tongue/local language as a medium of instruction in more HEI programmes.Internationalization of education will be facilitated through both institutional collaborationsand student and faculty mobility and allowing entry of top world ranked Universities to opencampuses in our country.Professional EducationAll professional education will be an integral part of the higher education system. Standalone technical universities, health science universities, legal and agricultural universitiesetc will aim to become multi-disciplinary institutions.Adult EducationThe policy aims to achieve 100% youth and adult literacy.The Centre and the States will work together to increase the public investment in Educationsector to reach 6% of GDP at the earliest.This 'imagined' autonomy is envisaged through replacement of UGC (University Grants Commission) and AICTE (All IndiaCouncil for Technical Education). New body Higher Education Commission of India is based on the idea of division offunctionsand separation of activities.



HECI(higher education commission in India) is single overarching umbrellabody forregulate to entire higher education in India excluding medical and legal education. Ithasfour independent verticals such as NHERC (national higher education regulatory council) for regulation, GEC (general education council) for standard setting, HEGC (higher education grantscouncil)for funding and NAC (national accreditation council for accreditation).

Key Features of MP Higher Education Institution after Adopting NEP 2020: Madhya Pradesh (MP) is the first state which applied national education policy NEP 2020 in India. In MP, Higher education institutions applied education structure pattern,course structures, subject pattern, syllabus pattern, examination pattern and result pattern according to NEP 2020 from academic session 2021-22. New3 to 4 year bachelor degree replaces the old 3 years bachelor degree program. In MP, at present 3 to 4 year bachelor degree is applied in higher education institutions.Starting with the bachelors' degree, the NEP lays out stage wise distribution of the3 to 4 year bachelor's degree. A student would now have the option of multiple exitoptions such as study for 1 year, 2 year, 3 year or 4 year. According to the same, the studentwould be offered a certificate for 1 year

education, diploma for 2 year education, bachelor's degree for 3 year course and bachelor's degree with research for 4 year course.Another good thing is the focus of the NEP on the all-round flexibility in course structures. It is full of impressive phrases like holistic and multi-disciplinary.

In MP, after adopting NEP 2020 course structure will be flexible. Now subject will be classified in various categories such as major subject, minor subject, elective subject, vocational subject, foundation subject and project work. Major subject contain two papers, minor subject contain one paper, elective subject contain one paper, vocational subject contain one paper, foundation subject contain four papers and project work contain four options. Major is main part to apply for post graduate. Students can choice a multi-disciplinary subject such as arts students can choice a science or commerce subject as elective subject. Similarly commerce student can choice a science or arts subject and science student can choice a commerce or arts subject as elective subject. This type benefit was not available in the earlier policy.According NEP 2020 syllabus pattern will be divided into three parts. First part contains subject introduction like as Class name, session, code of subject, title of subject, types of subject, learning outcome and job opportunity available after complete this subject. Second part contains content of subject which divided in 5 or 6 units with no. of lecture to specify each unit. Third part contains reference books or material related to content of subject.In NEP 2020, result pattern will be show in many options such as credit, grade point, credit point, grade and SGPA. Major has 6 credits each paper. Miner and elective subjects have 6 credits. Vocational and project work have 4 credits. Foundation subject has 3 credit each paper. Grade point scale is following: grade point 0,4,5,6,7,8,9 and 10 respectively grade as F, P, C, B, B+, A, A+ and O and respectively marks range as 0-34.99, 35-39.99, 40-49.99, 50-59.99, 60-69.99, 70-79.99, 80-89.99 and 90-100.The undergraduate courses would be credit based and an Academic Bank of Creditor ABC would be available to digitally store the credit.

Conclusion: NEP 2020 is aimed to revamp higher education in India. Higher education is an important aspect in deciding the economy, social status, technology adoption, and healthy humanbehavior in every country.The primary goal of the NEP 2020 is to ensure that all Indians receive a quality education at an affordable price.

In this paper, we discuss about the history of national education policy 2020, Key features of national education policy 2020 in higher education and key features of MP higher education institution after adopting NEP 2020 such as education structure pattern, course structures, subject pattern, syllabus pattern, examination pattern and result pattern.We found that there is students would have an optionto exit at different stages and also re-enter the higher education system, bringingwith them the credits earned. The 3 yearsof graduation has been upgraded to 4 years. All courses are multi-disciplinary. With multi-disciplinary approach, a stream student (arts) cans choice another stream (science or commerce) subject as elective subject. For those students who have completed 4 years of bachelors' program withresearch, there would be an option of a one year master's degree. Now result pattern will be show in many options such as credit, grade point, credit point, grade and SGPA. NEP 2020 will be focus on vocational education. The main objective of adopting vocational education is to provide various employment opportunities in India.

References:-

1. Kaurav, Dr. Rahul Pratap Singh, Suresh, Prof. K.G., Narula,Dr. Sumit and Baber, Ruturaj (2020), "new education policy: qualitative (contents) analysis andtwitter mining (sentiment analysis)", Journal of Content, Community & Communication, Vol. 12 Year 6, December – 2020, ISSN: 2395-7514 (Print).
2. Kurien, Ajay and Chandramana, DrSudeep B. (2020) "Impact of New Education Policy 2020 on Higher Education",https://www.researchgate.net/publication, Conference: AtmaNirbhar Bharat: A Roadmap to Self-reliant India, At: Thiruvalla.
3. Aithal, P.S. and Aithal, Shubhrajyotsna (2020) "Analysis of the Indian National Education Policy2020 towards Achieving its Objectives", International Journal of Management, Technology, and Social, Sciences (IJMTS), ISSN: 2581-6012, Vol. 5, No. 2, August 2020.
4. Sawant, Dr. rupesh G. and Sankpal, Dr. Umesh B. (2021),"national education policy 2020 andhigher education: a brief review", International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT), Volume 9, Issue 1 January 2021 | ISSN: 2320-2882.
5. Venkateshwarlu, B. (2021), "a critical study of nep 2020: issues, approaches, challenges, opportunities and criticism", internationaljournal of multi-disciplinary educationalresearch, Peer Reviewed and Refereed Journal, VOLUME:10, ISSUE:2(5), February:2021, ISSN:2277-7881.
6. Smitha, Dr. S (2020), "National Education Policy (NEP) 2020- Opportunities and Challenges in Teacher Education", International Journal of Management (IJM), Volume 11, Issue 11, November 2020, pp. 1881-1886, ISSN 0976-6510.
7. https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English_0.pdf
8. https://www.ugc.ac.in/pdfnews/5294663_Salient-Featuresofnep-Eng-merged.pdf
9. Hindustan Times
10. The Times of India

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

स्मार्ट कृषि- दूसरी हरित क्रांति के सहायक के रूप में

डॉ. पंकज जायसवाल *

* अध्यक्ष (भूगोल विभाग) साई पी.जी. कॉलेज, फतेहपुर, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – बहुत पहले एक बार हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था। हर चीज इंतजार कर सकती है, लेकिन खेती इंतजार नहीं कर सकती। यही कारण रहा कि आगामी भारत की सरकारों ने कृषि उत्पादकता और कृषि विकास की निरंतर बढ़ोतरी को बहुत अधिक महत्व दिया। आज जबकि भारत सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है बावजूद इसके हमारी अर्थ व्यवस्था में कृषि की भूमिका अब भी सब से महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारी सरकार मानती है कि भूखे पेट रहकर किसी भी तरह की प्रगति नहीं की जा सकती और वैसे भी भारत की 72.2 प्रतिशत की आबादी ग्रामीण पृष्ठभूमि की है। परन्तु जहां एक ओर उपरोक्त तथ्य सही है तो वहीं दूसरी ओर गाहे बगाहे हमें यह स्वीकार करना होगा कि पिछले कुछ वर्षो में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का हिस्सा घटा है। इस समय सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का हिस्सा करीब 20.2 प्रतिशत के आसपास है। बारहवी पंचवर्षीय योजना (2012-17) वर्ष में तो कृषि की औसत वृद्धि दर ऋणात्मक -0.2 प्रतिशत रही है। भारत सरकार ने इन निराशाजनक रुझानों को बदलने के पक्के प्रयास किये हैं। आज जब भारत विकास के लिए महत्वाकांक्षी है, तो इसे देखते हुए हमारे कृषि वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और प्रबंधकों के सामने चुनौतियां एकदम स्पष्ट हैं। ये चुनौतियां है- कृषि की विकास दर 4 प्रतिशत से अधिक कैसे हो? इसके लिए किस प्रकार के तकनीकी उपाय अपनाये जाने चाहिए? अनुसंधान और प्रसार के प्रयासों में किस तरह के बदलाव लाये जायें। जिससे किसानों खासतौर पर बारानी खेती वाले इलाकों के किसानों की आवश्यकता सही तरह से पूरी हो सके। क्या फसल आधारित दृष्टिकोण की बजाय फार्म प्रबंधन आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए? कृषि प्रसार प्रणाली का पुनर्गठन कर उसमें किस तरह नई जान फूंकी जाये जिससे नवीनतम प्रौद्योगिकी और फार्म प्रबंधन विधियां कृषक समुदाय तक पहुंच सके। कृषि में किन सुधारों की आवश्यकता है जिनसे कृषि उत्पादकता में बढ़ोतरी के फलस्वरूप किसानों को उपज का अधिक मूल्य मिल सके।

अब हम उन अनुप्रयोगों के संदर्भ में बात करेंगे जिनके माध्यम से भारत उपरोक्त कृषि चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकेगा और दूसरी हरित क्रांति के परिवेश में से अपने कदम रख सकेगा।

अनुसंधान और प्रसार : हरित क्रांति लाने में कृषि अनुसंधान और प्रसार प्रणाली की केन्द्रीय भूमिका रही है। स्वतंत्रता के समय खाद्यान्न का उत्पादन 5 करोड़ टन था जो अब छ: गुना से भी अधिक बढ़कर 31 करोड़ टन से अधिक हो गया है। अब हम पटसन और अन्य रेशों, दूध, गेहूं, चावल, फलों और सब्जियों, अंडा तथा मछली के अग्रणी उत्पादकों में से एक हैं। हमारा अनुसंधान केवल अधिक पैदावार देने वाली किस्मों के विकास और उत्पादन के बेहतर तरीकों तक ही सीमित नहीं रहा। बेहतर पशुधान प्रबंधन, जलजीव और समुद्री जीव पालन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और इस्तेमाल तथा खेती के उन्नतशील औजारों और मशीनरी के विकास में भी हमें उल्लेखनीय सफलतायें मिली हैं। अनुमान है कि कृषि उत्पादन में आकलित विकास का लगभग आधा नयी खोजों और प्रौद्योगिकी के विकास से संभव हुआ है।

ऐसे में कृषि अनुसंधान और प्रसार प्रणाली को यह सुनिश्चित करना होगा कि समस्याओं के जो समाधान उपलब्ध हैं वे वास्तव में तक पहुंचे ताकि वे जल्द से जल्द उनका लाभ ले नीतिगत ढांचा भी अपनाना होगा कि किसानों की आमदनी बढ़े।

सूचना: वर्ष 1974 में कृषि विज्ञान केन्द्रों की शुरूआत से ही ये संगठन अनुसंधान प्रयोगशालाओं से किसानों और अन्य उपयोगकर्ताओं तक प्रौद्योगिकी की जानकारी पहुंचाने वाले महत्वपूर्ण साधन सिद्ध हुए हैं। कृषि समुदाय की आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के प्रति प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन, परिष्करण और प्रदर्शन का प्रभावी साधन बन सकते हैं। ये किसानों को उच्च स्तरीय अनुसंधान और प्रशिक्षण का लाभ पहुंचा सकते हैं। अब तक 731 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना हो चुकी हैं। इनमें से अभी तक 657 कृषि विज्ञान केन्द्र ऐसे है जिनके पास अपना प्रशासनिक भवन है, तो 521 ऐसे कृषि विज्ञान केन्द्र है जिनमें किसान के लिए हॉस्टल की सुविधा है।

कृषि आधारित सभी उन्नत अर्थव्यवस्थायें ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्थायें हैं। इसलिए किसानों के ज्ञान भण्डार को अधिक से अधिक व्यापक बनाने के हर संभव उपाय करने होंगे ताकि वे नई प्रौद्योगिकी का बेहतर इस्तेमाल कर सकें। किसानों की सूचना संबंधी आवश्यकतायें केवल प्रौद्योगिकी तक सीमित न होकर बहुमुखी हैं। उन्हें व्यवसाय के रूप में खेती, खेती के नये तरीकों, नई नीतियों, दूसरे किसानों के श्रेष्ठ तरीकों और बाजार संबंधी आसूचना की आवश्यकता है। अत: समय पर सूचना उपलब्ध होना हमारी कृषि के विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

नॉलेज बैंक: आज हमारी प्रसार सेवाओं को विश्वसनीय सूचनाओं की मांग और तेजी से पूरा करने के लिए कमर कसनी होगी। नई सूचना प्रौद्योगिकी और संचार साधनों के माध्यम से यह संभव है। ये साधन न केवल शोधकर्ताओं और किसानों के बीच के भौतिक अवरोध को समाप्त करते हैं बल्कि किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार सूचना भी उपलब्ध कराते हैं। यह उल्लेखनीय है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने लगभग 350 से अधिक कृषि विज्ञान केन्द्रों को इलेक्ट्रॉनिक संपर्क से जोड़ने का फैसला किया है ताकि वे किसानों के लिए सूचना प्राप्ति का केन्द्र बन सकें। यही कृषि विज्ञान केन्द्र अपनी स्थापना वाले प्रत्येक जिले में 'नॉलेज बैंक' के रूप में कार्य कर सकेंगे।

गतिशील और विकासमान अर्थव्यवस्था में कृषि विज्ञान केन्द्रों को प्रत्येक जिले का ऐसा केन्द्र बिन्दु बनना होगा जहां से कारगार भागीदारी के जरिये सूचना, ज्ञान और प्रौद्योगिकी इस्तेमाल करने वालों तक पहुंच सकें। उन्हें किसानों की जरूरतों के बारे में जानकारी अनुसंधान कर्त्ताओं तक पहुंचाने का कारगार माध्यम बनना होगा। ताकि अनुसंधान कार्यक्रमों को जरूरत के अनुरूप बनाया जा सके। उन्हें ये भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुसंधान के नतीजे विशाल प्रयोगशालाओं से निकलकर भारतीय किसानों की मूल आवश्यकताओं को पूरा करें।

जीन तकनीक अपनाकर दूसरी हरित क्रांति लाने का प्रयास: इक्कीसवीं शताब्दी की इस दुनिया में वैज्ञानिक किसी भी सजीव से अपनी जरूरतों की कोई भी जीन निकालकर, किसी अन्य सजीव में आरोपित कर सकने में समर्थ हैं। यही नहीं वैज्ञानिक डी.एन.ए. अणुओं को काट कर किसी अन्य जगह चिपका सकते हैं। आणविक जीव विज्ञान तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी विकास के कारण उक्त सभी उपलब्धियां संभव हुई हैं।

हम कृषि क्षेत्र में एक और क्रांति के युग में प्रवेश कर चुके हैं। यह क्रांति जीन क्रांति कहलाती है, जो जैव प्रौद्योगिकी के विकास से संभव हुई है। केन्द्र सरकार ने लगभग 4 साल पहले बी.टी. कपास के व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति दे दी है। यह सरकार के पर्यावरण विभाग के जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रूवल कमेटी के द्वारा प्रदान की जाती है। जीईएसी द्वारा बी. टी. कपास की तीनों प्रजातियों मेक-12-162 व मेक-184 के उत्पादन की अनुमति दे दी गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के इन परीक्षणों के परिणामों से संतुष्ट होने के बाद ही बी.टी. कपास के व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति दी गयी है। समिति ने यह भी संकेत दिया कि कुछ अन्य जी. एम. फसलों के जैव सुरक्षा मूल्यांकन के बाद व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति दी जायेगी। जिन फसलों के व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति दी जानी है वे हैं बैंगन, टमाटर, अरहर व मटर आदि। आशंका यह की जा रही थी कि बी.टी. कपास की फसल को चारे के रूप में लेने से पशुओं और उनके दूध को पीने से मनुष्यों पर घातक प्रभाव पड़ सकता है लेकिन वैज्ञानिक रूप से इसको प्रमाणित नहीं किया जा रहा है। सामान्यतया यह प्रवृत्ति रही है कि किसी भी नयी प्रौद्योगिकी का पहले विरोध ही किया गया है।

कपास देश की प्रथम ट्रांसजैनिक फसल है जिसके देश में व्यावसायिक उत्पादन की अनुमति दी गई। बी.टी. अवयव विगत पचास वर्षों में जैव कीटनाशक के रूप में प्रयोग किया जाता रहा है। लेकिन किसी को इससे परेशानी नहीं हुई। ट्रांसजेनिक फसलों के उत्पादन से जैवविविधता तक हमारी पहुंच दिनों दिन बढ़ती जा रही है। परंपरागत माध्यम से ऐसा संभव न था। इस बात की भी आवश्यकता है कि जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान व नीति उन गरीबों की जरूरतों के अनुसार ही हो जो पूरी तरह कृषि पर निर्भर है। किसानों द्वारा ट्रांसजैनिक फसलों को तभी अपनाया जायेगा, जब सामान्य खतरों व हानियों, मानव स्वास्थ्य व पोषण पर पडने वाले दीर्घ कालीन प्रभाव व पर्यावरण तथा कृषि की हानि से संबंधित शंकायें दूर कर दी जायेगी। उपरोक्त संपूर्ण विवरण के आधार पर यह कहा जाना प्रासंगिक ही होगा कि भारत सरकार कृषि क्षेत्र को उन्नतिशील बनाने के लिए सही किसानों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उसकी यह प्रतिबद्धता हमें इस बार के बजट मे स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। जिस तरह से किसानों के ऋण माफ किये गय है। उसको देखते हुए कृषि में निवेश और अधिक बढ़ाने की बात कही जा रही है वर्तमान में पूर्व में किये गये कृषि मे निवेश की अपेक्षा इस सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में निवेश में अधिक वृद्धि की गई है। एवं 4070018 हे0 जमीन पर सिचाई की सुविधा प्राप्त है, इससे साफ तौर पर इंगित होता है कि भारत सरकार ने कृषि जगत से जुड़े नकारात्मक रुझानों को दूर करने का दृढ़ निश्चय ले लिया है। उसकी इसी मानसिकता का ही दीर्घकालिक परिणाम है कि वर्ष 2020-21 में देश में खाद्यान उत्पादन (गेहूँ,चावल, दाल, मोटा अनाज) का रिकार्ड 31074 मिलियन टन रहा है इसके साथ ही सरकार ने फैसला किया है कि किसानों के बीच खेती किसानी के अनुभव नयी तकनीकों की जानकारी देने और बाजार का ज्ञान कराने हेतु अब गांवों में किसान विद्यालय खोले जायें बढ़ती जनसंख्या के भरण पोषण के अधिक से अधिक खाद्यान उत्पादन किया जा सके, ताकि इन विद्यालयों में कृषि के साथ पशुपालन औद्योगिकी, विपणन आदि कई ट्रेंडों की जानकारी रखने वाले प्रशिक्षक तैनात होंगे। न्याय पंचायत स्तर पर खोले जा रहे इन विद्यालयों को सरकार संसाधन उपलब्ध करायेगी, किसानों की आय को दोगुनी करने एवं खाद्यान उत्पादन को बढ़ाने हेतु भारत सरकार कृषि को स्मार्ट बनाने के लिए कई योजना संचालित कर रही है जो कृषि क्षेत्र में डिजिटल आधारित स्मार्ट कृषि को प्राथमिकता दे रहे है इसके अन्तर्गत मुख्यत: इलेक्ट्रानिक एवं मोबाइल ऐप आधारित कृषि पर जोर दिया जा रहा है। सेंसर, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण उपकरण एवं आईटी सिस्टम आधारित कृषि की अभी भारत में शुरूआत ही हुई है। भारत को स्मार्ट कृषि से जुड़ी हुई चुनौतियों एवं सम्भावनाओं को बारीकी से समझकर नीतियो का निर्माण कर एवं उनके अनुपालन द्वारा किसानों की आय दोगुनी की जा सकती है, इस सन्दर्भ में मोबाइल ऐप किसानो एवं कृषि को स्मार्ट बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है जिनसे तमाम प्रकार की सूचना एवं जानकारी प्राप्त हो जाती है।

किसानों को सटीक जानकारी देते मोबाइल ऐप: कृषि क्षेत्र तक सही एवं समय पर जानकारी प्रदान करने वाले मोबाइल ऐप्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार समय पर सूचना की आवश्यकता होती है। स्मार्ट कृषि हेतु आज ऐसे मोबाइल एप्लिकेशन उपलब्ध है जो नवीनतम कृषि जानकारी जैसे कीटों और बीमारियों की पहचान, मौसम के बारे में रीयल-टाइम डेटा, तूफानों के बारे में पूर्व चेतावनी, स्थानीय बाजार सर्वोत्तम मूल्य, बीज, उर्वरक आदि की जानकारी किसानो को उनके द्वार तक देते हैं। नीचे तालिका में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप्स को दर्शाया गया है जो स्मार्ट कृषि की भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एवं डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर किसानों को उनके द्वार पर सटीक जानकारी दे रहे हैं।

विभिन्न सरकारी संस्थाओं, निजी कंपनियों द्वारा भी कई ऐप विकसित किए गए हैं जो स्मार्ट कृषि तकनीकों का उपयोग कर सही समय पर सटीक जानकारी किसानों तक पहुंचाते हैं जैसे सोलापुर अनार, केन एडवाइजर, पशु पोषण, कृषि वीडियो एडवाइज ऐप इत्यादि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने मोबाइल ऐप की महत्ता को समझते हुए एक खास मोबाइल ऐप गैलरी का निर्माण भी किया है जहां पर 355 कृषि मोबाइल ऐप की विस्तृत जानकारी एवं डाउनलोडिंग लिंक उपलब्ध है।

(https:www.krishi.icar.gov.in/mobileapp/)

तालिका 1 - (निचे देखे)

और व्यापारियों से आग्रह कर रही हैं कि वे ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का उपयोग करें और कोविड-19 के खतरे के बीच नीलामी स्थल पर भौतिक उपस्थिति से बचें और इसलिए किसानों ने 585 मंडियों में ई-राष्ट्रीय कृषि बाज़ार प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन बोली लगाना शुरू भी कर दिया

है जिसको स्मार्ट कृषि के अंतर्गत स्मार्ट मार्केटिंग का नाम दिया जा रहा है। ये सभी कदम दूसरी हरित क्रांति के लिए सहायक हैं। इस बार की हरित क्रांति की विशेषता यह होगी कि ये केवल खाद्यान्न उत्पादन पर ही आधारित नहीं होगी बल्कि खाद्यान्न उत्पादन में जिन संसाधनों का प्रयोग किया जाता है। (पानी, खाद, बिजली, मिटटी आदि) उनके टिकाऊ प्रबंधन पर भी आधारित होगी ताकि एक तरफा विकास न हो, सर्वमुखी विकास हो। अंतत: 21वीं सदी की हरित क्रांति को टिकाऊ हरित की संज्ञा के साथ साथ स्मार्ट किसान, स्मार्ट मार्केटिंग एवं स्मार्ट खेती के नाम से भी जानी जायेगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भूगोल और आप, अंक-4, नवम्बर दिसम्बर 2005
2. कुरूक्षेत्र, अंक-7, मई 2007
3. कृषि भूगोल, प्रोफेसर बी0एन0 सिंह, 2007
4. भूगोल और आप, अंक-7, संख्या-2, मार्च-अप्रैल 2008
5. योजना विशेषांक, मार्च 2008
6. कुरूक्षेत्र, अंक- 9, जुलाई 2008
7. योजना, विशेषांक, अगस्त 2008
8. कुरूक्षे, अंक-2, दिसम्बर 2011
9. एक नजर में कृषि सांख्यिकी 2015
10. संयुक्त राष्ट खाद्य एवं कृषि संगठन
11. आर्थिक संवेक्षण 2020-21
12. कुरूक्षेत्र, अंक- 2, दिसम्बर 2021
13. योजना विशेषांक, जनवरी 2022
14. कुरूक्षेत्र, अंक- 3, जनवरी 2022
15. आर्थिक समीक्षा 2021-22

क्र.	मोबाइल ऐप	विशेषता
1.	किसान सुविधा	किसान सुविधा प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके किसानों की मदद करने के लिए विकसित एक सर्वव्यापी मोबाइल ऐप है। ऐप किसानों को मौसम, बाजार मूल्य, डीलरों, पौधों की सुरक्षा, आईपीएम, बीज, विशेषज्ञ सलाह, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
2.	पूसा कृषि	इस मोबाइल ऐप को किसानों के खेतों तक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकों को ले जाने के लिए लांच किया गया है। इसमें विकसित फसलों की नई किस्मों से संबंधित जानकारी, कृषि मशीनरी और इसके कार्यान्वयन और उत्पादन प्रौद्योगिकियों की विस्तृत जानकारी है।
3.	मृदा स्वास्थ्य	यह एप्लिकेशन किसानों के द्वारा दी गई मृदा की जांच रिपोर्ट उन तक आसान तरीके से पहुंचाता है। स्मार्ट ऐप कृषि की ग्लोबल पोजिशनिंग तकनीकी का उपयोग कर किसान खेत के सटीक स्थान एवं मृदा गुणवत्ता को अंकित करता है।
4.	कार्ड मोबाइल ऐप	ऐसे ऐप की ग्लोबल पोजिशनिंग तकनीकि का उपयोग कर किसान खेत के सटीक स्थान एवं मृदा गुणवत्ता को अंकित करता है।
5.	भुवन ओलावृद्धि ऐप	इस मोबाइल ऐप द्वारा ओलावृष्टि के कारण फार्म को हुई हानि का डाटा तस्वीरों और भौगोलिक स्थान के साथ दर्ज होता है जिससे ओलावृष्टि से नुकसान का आकलन कर किसान को बीमा देने की प्रक्रिया आसान हो जाती है। स्मार्ट कृषि के डेटा एनालिटिक्स का उपयोग इस मोबाइल द्वारा होता है।
6.	ई-नाम मोबाइल ऐप	इस मोबाइल ऐप का उद्देश्य व्यापारियों / मंडियों द्वारा फसल मूल्य किसानों और अन्य हितधारकों को उनके स्मार्ट फोन पर सही समय पर उपलब्ध कराना है। इसमें स्मार्ट कृषि के डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया गया है तथा किसानों को बिडिंग की सुविधा भी दी गई है।
7.	एग्री-मार्केट ऐप	एग्री-मार्केट मोबाइल ऐप का इस्तेमाल किसान अपने मोबाइल डिवाइस के 50 किमी. के भीतर फसलों का बाजार मूल्य जानने के लिए कर सकता है। यह ऐप मोबाइल का उपयोग करने वाले व्यक्ति की लोकेशन अपने आप कैप्चर कर लेता है तथा 50 किमी. के अंतर्गत बाजारों के जीपीएस एवं कीमत की जानकारी किसान को देता है।
8.	राइस एक्सपर्ट	यह भा. कृ. अनु. प. राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा वर्ष 2017 में विकसित ऐप है। इसे चावल संबंधित समस्त जानकारी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से फसल में विभिन्न पारिस्थितिकी के लिए चावल की किस्में, पोषक तत्व उपलब्धता, खरपतवार नियंत्रण, सूत्रकृमि प्रबंधन कीट प्रकोप एवं नियंत्रण, रोग संबंधी समस्याएं व निवारण, फसल प्रबंधन, श्रम कम करने हेतु उपलब्ध कृषि मानकीकरण आदि जानकारी दी गई है। यह ऐप चावल में त्वरित समाधान के लिए प्रश्नों के उत्तर, चित्र द्वारा समस्या का आकलन और आवाज़ के माध्यम से नैदानिक उपकरण के रूप में कार्य करता है।
9.		भा. कृ. अनु. प. राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली ने 12 प्रमुख फसलों अर्थात। चावल, कपास, गोभी, फूलगोभी, बैंगन, अरहर, मूंगफली, टमाटर, सोयाबीन, चना, मिर्च, मिंडी के लिए वेब और मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कीटनाशक और फफूंद नाशक ऐप विकसित किया है। कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए विवेकपूर्ण कीटनाशक चयन, शोधकर्ताओं, कृषि प्रसारकर्मियों और किसानों को लेबल के साथ कीटनाशकों के चयन और उपयोग के लिए सहायता करना इन ऐप का मुख्य उद्देश्य है।

(स्रोत - एक्सटेंशन डाइजेस्ट: मोबाइल ऐप एम्पावारिंग फार्मर्स, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्ध संस्थान , मैनेज हैदरगढ़ 2017 : प्रतिभाजोशी व अन्य मोबाइल ऐप का कृषि में बढ़ता उपयोग भा.कृ.अनु.प. नम्बर 2019)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

हिन्दी राम काव्य का विकास

कवीन्द्र कुमार भारद्वाज *

*सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हाटपीपल्या, जिला-देवास (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – हिंदी राम काव्य का सीध संबंध रामावत संप्रदाय या रामानंदी संप्रदाय से हैं।रामावत संप्रदाय का संबंध विष्णु चतुस्संप्रदाय में से श्री संप्रदाय से है।रामानंद रामानुजाचार्य की परंपरा में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध हुए।उन्होंने राम भक्ति पर विशेष बल दिया।उन्होंने भक्ति भावना को ऊँच-नीच और बाह्य आडंबरों से मुक्त करने का काम भी किया । रामानंद की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उनकी भक्ति धारा में सगुण भी उपस्थित है और निर्गुण भी।निर्गुण धारा के महत्वपूर्ण कवि कबीर जिनके बारे में कहा जाता है जिन्होंने भक्ति को नौ खंड में फैलाया;वे भी रामानंदी चेतना से परिपूर्ण रहे हैं। सगुण धारा में अनंतानंद रामानंद के प्रमुख शिष्य माने जाते हैं। अनंतानंद के ही शिष्य कृष्ण प्योहारी हुए और उनके शिष्य स्वामी अग्रदास।स्वामी अग्रदास मधुर उपासना के प्रवर्तक माने जाते हैं। यह सत्य है कि मर्यादामूलक भक्ति से पूर्व राम की मधुर उपासना प्रारंभ हो चुकी थी। मर्यादा पुरुषोत्तम से पूर्व निर्गुण राम और रसिक संप्रदाय के राम की भक्ति प्रचलन में आ चुकी थी। अग्रदास से जो रसिक राम भक्ति का निर्झर बह निकला वह रीतिकाल आते-आते काफी वृहद और व्यापक हो गया। रसिक संप्रदाय में दास्य भाव की भक्ति नहीं होती है।रसिक संप्रदाय में सख्य भाव से सीताराम दंपत्ति की सेवा सुश्रुषा की जाती है और उनके विहार में आनंद अनुभूत किया जाता है। हनुमान जी की भी रसिक संप्रदाय में महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्हें रसिक भक्ति का आचार्य घोषित किया गया ।उनके आचार्यत्व में रसिक भक्ति अपने लक्ष्य की और आगे बढ़ती है। आमतौर पर यह माना जाता है की राम भक्ति प्राय: मर्यादावादी ही है किंतु ऐसा नहीं है। माधुर्य उपासना से संबंधित रसिक संप्रदाय का बड़ा भारी काव्य उपलब्ध है और वह अभी भी जारी है।

आमतौर पर हम तुलसीदास निर्मित राम छवि को ही केंद्र में पाते है।रामचरितमानस की सफलता ने तुलसी के राम को केंद्र में ला दिया। रामचरितमानस में लोक और काव्य तथा दर्शन और लोक भाषा का ऐसा गुँफन हुआ है कि तुलसीदास से इतर जो राम की छवियाँ थी वह भ्रांति पूर्ण लगने लगी। निश्चित रूप से आज भी मर्यादामूलक भक्ति का ही प्रचलन ज्यादा और सर्व सहज है। इसका कारण यह भी है कि रसिक राम भक्ति सिद्ध साधकों की परंपरा में ही सुरक्षित है।वही दूसरी और निर्गुण राम भक्ति भी इतनी सहज रूप में समाज व्याप्त नहीं है।

राम भक्ति की शुरुआत में संस्कृत महाकाव्यों में राम को विष्णु का अवतार माना गया। पुराणों में भी प्राय: ऐसा ही माना गया।लेकिन रामानंद ने राम को पूर्ण ब्रह्म माना। उनका एक छंद मिलता है जिसमें छंद के अंत में एक टेक आती है –'श्री राम जी पुरन ब्रह्म है' यथा 'ब्रह्मा विष्णु महेश नारद कोटि अठासी देवता हैं। इंद्रादिक सनकादिक गवाही श्री राम जी पुरन ब्रह्म हैं।'

निश्चित रूप से रामानंद ने राम को पूर्ण ब्रह्म घोषित किया और ब्रह्म के लिए राम का नाम मान्य हो चला ।इसीलिए निर्गुण कवियों ने पूर्ण ब्रह्म को राम का नाम दिया। कबीर अपने राम के बारे में घोषित करते हैं –'दशरथ सुत तिहुं लोक बखाना राम नाम का मरम है आना।'

स्पष्ट है कि कबीर के राम दशरथ सूत नहीं है वह अवतारी नहीं है वह राम कथा के नायक भी नहीं है । वे तो अगोचर ब्रह्म हैं। संत सिंगाजी भी अपने राम के बारे में घोषणा करते हैं --

'रुप नहीं रेख नहीं ना ही कोई कुल गोत्र रे ।
बिन देही के साहिब मेरो झिलमिल देखूँ जोत रे।।'

मलूक दास ने भी यही कहा कि

'हमहीं दशरथ हम ही राम। हमरै और हमरे काम।।
हम ही रावण हम ही कंस।हम ही मारा अपना वंश।।'

निर्गुण संत कवियों के निर्गुण राम पुराणों में अभिव्यक्त राम नहीं है।वे शांति व क्रांति दोनों के पर्याय हैं। कबीर, दादू, रैदास ,रज्जब,मलूक दास के निर्गुण राम के अपने-अपने सामाजिक निहितार्थ भी मौजूद है ।कबीर के बाद निर्गुण कवियों ने राम को अधिक महत्व दिया और मलूक दास ने तो बकायदा राम अवतार लीला की रचना की और दरिया साहब ने ज्ञान रत्न व तुलसी साहब ने घट रामायण की रचना की।

कबीर दास ने कहा था श'दशरथ सुत तिहुं लोक बखाना राम नाम का मरम है आना' किन्तु परिवर्ती जो निर्गुण कवि थे उन्होंने राम को तो ब्रह्म ही माना लेकिन रामकथा का उपयोग योग परक प्रतीकों के रूप में किया-'घट में रावण राम जो लेखा ।भरत शत्रुघ्न दशरथ पेखा।।' निश्चित रूप से राम कथा को तो स्वीकार किया लेकिन राम कथा को निर्गुण दृष्टि से प्रस्तुत करने का कार्य परवर्ती निर्गुण कवियों ने किया। जहाँ तक प्रबंध काव्य का सवाल है; विष्णु दास कृत रामायण कथा पहला राम प्रबंध काव्य माना जाता है।यह इतिवृत्तात्मक शैली में लिखा हुआ है और दर्शन और विचार गांभीर्य की दृष्टि से इसका महत्व नहीं है लेकिन सांस्कृतिक दृष्टि और भाषा के सहज प्रभाव की वजह से यह महत्वपूर्ण रचना है। विष्णु दास के बाद ईश्वर दास की रचना मिलती है भरत मिलाप और अंगद पेज भरत मिलाप में भरत की दास्य भक्ति अभिव्यक्त हुई है ।मर्यादावादी स्वर ईश्वर के यहाँ पर भी देखा जा सकता है। विष्णु दास और ईश्वर दास के काव्य का अवलोकन करे तो तुलसीदास के आने की आहट सुनाई देती है।तुलसीदास एक चतुर पाठक व चतुर आलोचक भी है।कबीर की उक्ति 'राम नाम का मरम है आना' का वे निर्ममता से खंडन करते है। वे यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं कर सकते

कि कोई उनके राम को अवतारी मानने से इनकार करे। उनकी दृष्टि में जो ऐसा करते हैं वह अधर्मी और पाखंडी है। राम दशरथ सुत के रूप में भक्तों के हित हेतु अवतरित होते हैं। मर्यादा रक्षण में तुलसी सदैव तत्पर रहते हैं और तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम की ऐसी छवि गढ़ी की उनके आगे अन्य छवियां धूमिल सी लगने लगी। तुलसीदास के पश्चात महत्वपूर्ण राम काव्य के कवि केशव है ।निश्चित रूप से वे आचार्य कवि हैं भक्त कवि नहीं। उनका रचना काल भक्ति काल के परिधि में ही आता है। रामचंद्रिका भी राम कथा पर आधारित है लेकिन इसमें न तो दार्शनिक धार्मिक आदर्श है और न ही यह कोई लोक शिक्षण प्रदान करता है।यह महाकाव्य 39 प्रकाश में विभाजित है। इसमें अध्याय नहीं है इसमें प्रकाश है इसमें राम सीता के विहार का वर्णन भी है ।उनके राम निश्चित रूप से मर्यादा पुरुषोत्तम राम नहीं है वरन् राजा राम है। सेनापति के कविता रत्नाकर में चौथी और पांचवी तरंगों में रामकथा वर्णित है। पद्माकर ने भी रीतिकाल में मर्यादावादी दृष्टि राम काव्य रचा है। रीतिकाल में माधुर्य भक्ति के अन्तर्गत जानकी रसिक चरण, जनक राज किशोरी शरण, राम प्रिया शरण, राम चरण दास, जीवाराम आदि महत्वपूर्ण कवि हुए। रीतिकाल में ही सिख गुरु गोविंद सिंह का राम काव्य बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने गोविंद रामायण की रचना की ।उनका मर्यादा वादी स्वर दिखाई देता है किंतु एक निर्गुण संप्रदाय के गुरु द्वारा रचित यह राम काव्य निश्चित ही महत्वपूर्ण है। भारतेंदु युग में बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन ने 'प्रयाग राम गमन' की रचना की ।बालमुकुंद ने 'श्री राम स्त्रोत' रचना की। राम काव्य में विशेष परिवर्तन द्विवेदी युग में हुआ ।वह युग सुधार का युग था और इस काल में राम काव्य में मध्ययुगीन आलौकिकता के स्थान पर लौकिकता दिखाई देती है। रामचरित उपातयाय कृत 'रामचरित चंद्रिका' , 'रामचरित चिंतामणि' और मैथिलीशरण गुप्त कृत लीला ,पंचवटी, साकेत आदि प्रमुख राम काव्य है। मैथिलीशरण गुप्त के राम निश्चित रूप से अवतार तो है लेकिन वह जननायक गुणों से विभूषित हैं।वे ईश्वर के रूप में स्वर्ग से नहीं आए हैं वरन् वे धरा को ही स्वर्ग बनाने आए हैं। राम का एक नया रूप उभर कर सामने आता हैं। निराला की 'राम की शक्ति पूजा' छायावाद की एक महत्वपूर्ण रचना है। निश्चित रूप से तुलसीदास ने कहा राम कथा संशय को दूर करने वाली है लेकिन निराला की राम खुद संशय ग्रस्त हो जाते हैं –'स्थिर राघवेंद्र को हिला रहा फिर फिर संशय' ।निश्चित रूप से राघवेंद्र को संशय हिला रहा है ।एक हलचल है ।कई बार स्थिरता के विरुद्ध हलचल नकारात्मक नहीं होती सकारात्मक भी होती है। रुढ़ चेतना को हिला कर सजीव कर देती है।अति–मानवीय को मानवीय,लौकिक और हृदय स्पर्शी बना देती है।पंत ने भी राम पर संक्षिप्त कविताएँ लिखी। स्थिर राघवेंद्र को हिलाने वाले संशय का असर गहरा हुआ। इसी संशय के आयामों को लेकर नरेश मेहता राम काव्य से संबंधित एक लंबी कविता 'संशय की एक रात' लेकर उपस्थित हुए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हिंदी साहित्य का इतिहास – आचार्य रामचंद्र शुक्ल
2. राम भक्ति में रसिक संप्रदाय – भगवती प्रसाद सिंह
3 कबीर – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास – संपादक डॉ. नगेंद्र
5. राम कथा उत्पत्ति और विकास – कामिल बुल्के

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत् बालिकाओं के समाजिक तनाव पर यौगिक क्रियाओं का प्रभाव का अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल* विजय पवांर**

* एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षक पशिक्षण विभाग, दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत, बागपत, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र, शिक्षक पशिक्षण विभाग, दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत, बागपत, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – योग भारतीय सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग एवं उसकी साधना साधकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं परम उपयोगी विद्या है। व्यक्ति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन तथा आध्यात्मिक उत्थान में योग की महती भूमिका है। आधुनिक वैश्विक एवं शैक्षिक परिदृश्य में छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रकार के तनाव से ग्रस्त रहते हैं जिनमें एक अत्यन्त महत्वपूर्ण जो जीवन शैली को सर्वाधिक प्रभावित करता है वह है- सामाजिक तनाव। हमारा भविष्य कैसा होगा? असफल होने पर स्वयं का उत्तरदायित्व क्या होगा? अभिभावकों और समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त न होने पर क्या होगा? आदि प्रश्नों पर विचार करके यह तनाव और अधिक बढ़ जाता है। यह तनाव न केवल छात्रों की उपलब्धि को ही प्रभावित करता है अपितु छात्रों के सर्वांगीण विकास को नकारात्मक रूप से बाधित करता है। इस नकारात्मक परिस्थिति से बचने और निकलने के लिए एकमात्र सर्व उपयुक्त मार्ग है- यौगिक क्रियाओं का निरंतर अभ्यास। अत: शोधार्थी ने उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के विकास क्षेत्र बड़ौत में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के सामाजिक तनाव को मापने के लिए प्रोफेसर आभा रानी बिष्ट की इइडड मापनी का प्रयोग किया। शोधार्थी ने विद्यालय में अध्ययनरत 100 बालिकाओं (50 योगाभ्यासी तथा 50 गैरयोगाभ्यासी) का चयन किया। प्राप्त आंकड़ों के सारणीकरण एवं सांख्यिकीकरण द्वारा निम्नलिखित निष्कर्ष एवं परिणाम प्राप्त हुए। योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं में सामाजिक तनाव अधिक पाया गया। योगाभ्यासी बालिकाओं की दिनचर्या गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा अधिक संयमित, संतुलित, सकारात्मक व उत्साह पूर्ण पाई गई।

शब्द कुंजी – सामाजिक तनाव एवं यौगिक क्रिया।

प्रस्तावना – किशोरावस्था में शिक्षा एक संक्रमण काल से गुजरती है। यह समय भविष्य की आधारशिला होता है। प्रतिस्पर्धा के युग में स्वयं को साबित करना एवंम एक सफल जीवन के लिए स्वयं को तैयार करना आदि चुनौतियों के साथ-साथ अभिभावकों व समाज की अपेक्षाओं का दबाव बालक बालिकाओं में कुंठा में तनाव उत्पन्न करता है। आधुनिक शिक्षा पद्धति, तकनीकी गैजेट्स का जीवनचर्या में अधिकाधिक प्रयोग, तामसिक खानपान एवं रहन सहन सभी में जो परिवर्तन हुआ है वह एक ऐसे सामाजिक परिवर्तन के रूप में उभर कर सामने आया है जिसने न केवल बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बाधित किया है अपितु सामाजिक तनाव में जीवन जीने को विवश कर दिया है। किशोरावस्था विद्यार्थियों तथा माता-पिता के लिए समान रूप से उच्च तनाव का समय है क्योंकि यह समय उनके शारीरिक और मानसिक परिवर्तन का ऐसा संक्रमण काल है जिसमें बालक बालिकाएं अत्यधिक तनाव व दबाव के कारण आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा बैठते हैं। शोध निष्कर्षो से ज्ञात होता है कि आसन प्राणायाम षटकर्म ध्यान आदि यौगिक क्रियाओं का अभ्यास चिंता और तनाव को कम करने में मददगार साबित हुआ है। भारद्वाज व अन्य (2011) कार्यरत महिलाओं के विभिन्न प्रकार की चिंता एवं तनाव के स्तर पर योगिक क्रियाओं के सकारात्मक प्रभाव को बताया वही ठाकुर व अन्य (2011) ने केंद्रीय विद्यालय के अध्यापकों के सामाजिक तनाव तथा नींद की गुणवत्ता पर यौगिक क्रियाओं को सकारात्मक प्रभाव को बताया। अमित व अन्य (2009) योगाभ्यास सामाजिक तनाव को कम करने एवं शैक्षिक प्रदर्शन उन्नत करने में सहायक होता है। निष्कर्ष के रूप से विद्यार्थियों में शैक्षिणिक परिवेश, पारिवारिक वातावरण एवं शारीरिक अस्वथ्यता सामाजिक तनाव तथा अनेकों प्रकार के तनावों को कम करने के लिए यौगिक क्रिया रामबाण की तरह कार्य करती है। हंसराज(2020) ने बताया की योग का महत्व मानव जीवन की हर एक मनोवैज्ञानिक अवस्था में अत्यन्त आवश्यक है। योग मनुष्य को सुखपुर्वक एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

शोध का औचित्य: शोध साहित्य का विश्लेषण करने से पता चलता है कि अभी तक विद्यार्थियों के समाजिक तनाव पर योगाभ्यास अथवा योगिक क्रियाओं के प्रभाव से संबंधित अधिकांश शोध कार्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर हुए हैं अभी तक पूर्व माध्यमिक स्तर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के सामाजिक तनाव पर योगिक क्रियाओं के प्रभाव से संबंधित शोध कार्य नहीं हुआ है। शोधार्थी द्वारा उक्त विषय का चयन करने का कारण यह भी है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आधुनिकता, शहरीकरण और तकनीकी आविष्कारों के परिणाम स्वरूप हमारी जीवन शैली खान-पान, रहन-सहन में परिवर्तन कर अस्वस्थ वातावरण को जन्म दिया है। शैक्षिक और आर्थिक प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों के न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अपितु मानसिक स्वास्थ्य, संवेगात्मक स्वास्थ्य और सामाजिक दक्षता को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना का प्रारम्भ केंद्र सरकार द्वारा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से 2004 में किया गया। देश के दुर्गम एवं पिछड़े क्षेत्रों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं बी0पी0एल0 परिवारों की शिक्षा से वंचित बालिकाओं की शिक्षा की उचित व्यवस्था के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोले गए ताकि शिक्षा के मौलिक अधिकार की प्रतिपूर्ति हो सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के सामाजिक तनाव पर योगिक क्रियाओं के अभ्यास का क्या प्रभाव पड़ता है इस प्रश्न का उत्तार जानने के लिए शोधार्थी ने उक्त विषय का चयन किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना का प्रारम्भ केंद्र सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से 2004 में किया गया। देश के दुर्गम एवं पिछड़े क्षेत्रों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं बी0 पी0 एल0 परिवारों की शिक्षा से वंचित बालिकाओं की शिक्षा की उचित व्यवस्था के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोले गए ताकि शिक्षा के मौलिक अधिकार की प्रतिपूर्ति हो सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के सामाजिक तनाव पर योगिक क्रियाओं के प्रभाव पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत शोध अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत होती है।

शोध के उद्देश्य:

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी बालिकाओं के सामाजिक तनाव का अध्ययन करना।
2. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं का सामाजिक तनाव का क्षेत्र के आधार पर अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी बालिकाओं के सामाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।
2. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की ग्रामीण योगाभ्यासी एवं ग्रामीण गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं के सामाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।
3. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की शहरी योगाभ्यासी एवं शहरी गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं के सामाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।

शोध का सीमांकन- योग दर्शन एवं यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण अपने आप में एक वृहद दर्शन और प्रक्रिया है अत: प्रस्तुत शोध में योग दर्शन की यौगिक क्रियाओं को संक्षेपित व सारगर्भित रूप में ही कराया जाएगा। शोध अध्ययन के लिए उत्तार प्रदेश राज्य में बागपत जिले के बड़ौत ब्लॉक में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं का चयन किया गया।

अनुसंधान प्रविधि -अनुसंधान विधि- प्रस्तुत शोध पत्र में प्रयोगात्मक विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श विधि एवं न्यादर्शन- शोध कार्य में न्यादर्श हेतु जिला बागपत के बड़ौत ब्लॉक के में संचालित दो कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में से एक विद्यालय का चयन लॉटरी विधी से किया गया जिसमें अध्ययनरत् 100 बालिकाओं में से 50 बालिकाओं को योगभ्यासी समूह में तथा 50 बालिकाओं के गैर-योगाभ्यासी समूह में रखा गया।

शोध उपकरण- आंकड़ो को एकत्रित करने के लिए **'डॉ. आभा बिष्ट** द्वारा निर्मित तनाव बैटरी मापनी में प्रयुक्त समाजिक तनाव मापनी (पॉइव पवान्इट स्केल) का प्रयोग किया गया। प्रयुक्त मापनी की विश्वसनीयता अर्ध विच्छेदन विधि द्वारा 0.81 ज्ञात की गई।

प्रदत्तों का एकत्रीकरण - न्यादर्श के चुनाव के पश्चात् पूर्व परीक्षण कर बालिकाओं के परीक्षा तनाव सम्बन्धित आंकड़ो का एकत्रीकण परीक्षा तनाव मापनी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् नियन्त्रित बालिकाओं के समूह को एक माह तक षट्कर्म, प्रणायाम एवं आसन नियमित रूप से कराये गयें। मापनी की सहायता से पुन: आंकड़ों का एकत्रीकरण करके सांख्यकिकीय विधियों का प्रयोग किया गया।

प्रदत्ता एकत्रीकरण की प्रक्रिया - प्रस्तुत परीक्षण को अधिकतम 100 विद्यार्थियों पर एक साथ प्रशासित किया गया। विद्यार्थियों को पृथक करके बैठाया गया ताकि विद्यार्थी एक दूसरे के साथ अथवा आपस में उत्तारों की नकल ना कर सकें। विद्यार्थियों को परीक्षण पत्र वितरित करने के पश्चात उस पर दिये गये निर्देशो को पढ़ कर सुनाया गया तथा परीक्षण पत्र पर दिये गये उदाहरणों को विद्यार्थियों को समझाया गया।

प्रक्रिया - प्रक्रिया में चार चरण शामिल किये गये थे तथा नीचे नमूने की आरेखीय रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

प्रथम चरण - प्रतिदर्श का चुनाव

द्वितीय चरण - पूर्व-परीक्षण

निम्न परीक्षण 100 योगाभ्यासी एवं गैर-योगाभ्यासी विद्यार्थियो पर किये गये

- विद्यार्थियों के सामाजिक तनाव को मापने के लिए आभारानी बिष्ट (1987) द्वारा निर्मित प्रमाणिक सामाजिक तनाव मापनी का प्रयोग किया गया है।

तृतीय चरण :- प्रयोगात्मक उपचार।

प्रथम माह -सूक्ष्म क्रियाएं :- अंगसंचालन - 5 मिनट प्रत्येक दिन

षटक्रिया या षट्कर्म :-कपालभाति - 5 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए

- त्राटक - 2 मिनट प्रत्येक दिन

आसन :- ध्यानात्मक आसन - 2 से 3 मिनट प्रत्येक दिन

ध्यानात्मक आसन पर्दमासन

प्राणायाम-

1. अनुलोम-विलाम- 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
2. शीतली - 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
3. शीतकारी - 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
4. भ्रामरी -5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
5. ध्यान - 2 मिनट प्रत्येक दिन।

द्वितीय माह- सूक्ष्म क्रियाएं :- अंगसंचालन - 7 मिनट प्रत्येक दिन

षटक्रिया या षट्कर्म-कपालभाति - 15 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए

त्राटक - 3 मिनट प्रत्येक दिन

आसन :- ध्यानात्मक आसन - 5 मिनट प्रत्येक दिन

प्राणायाम:-

अनुलोम-विलोम- 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।

1. शीतली - 7 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
2. शीतकारी - 7 चक्र प्रत्येक दिन 3 से 4 मिनट के लिए।
3. भ्रामरी - 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।

ध्यान :- 10 मिनट प्रत्येक दिन।

तृतीय माह

सूक्ष्म क्रियाएं :- अंगसंचालन - 7 से 10 मिनट प्रत्येक दिन

षटक्रिया या षट्कर्म-कपालभाति - 30 चक्र प्रत्येक दिन 10 से 15 मिनट के लिए

1. त्राटक - 5 मिनट प्रत्येक दिन

आसन :- ध्यानात्मक आसन - 5 से 8 मिनट प्रत्येक दिन

प्राणायाम :-अनुलोम-विलोम- 10 चक्र प्रत्येक दिन 10 से 12 मिनट के लिए।

1. शीतली - 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।
2. शीतकारी - 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।
3. भ्रामरी - 20 चक्र प्रत्येक दिन 10 मिनट के लिए।

ध्यान :- 15 मिनट प्रत्येक दिन।

चतुर्थ चरण :- पश्च-परीक्षण

उन्ही छात्रों पर पूर्ववत शोध उपकरणों का प्रयोग करके आंकडे एकत्रित किये गये।

शोध चर-प्रस्तुत शोध कार्य में यौगिक क्रियायें स्वतन्त्र चर तथा समाजिक तनाव को आश्रित चर के रूप से निर्धारित किया गया।

सांख्यिकीकरण- प्राप्त आंकड़ों के सांख्यिकीकरण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात (टी परिक्षण) का प्रयोग किया।

सांख्यिकी विश्लेषण एवं व्याख्या- शोधकर्ता ने आंकडों के एकत्रीकरण के पश्चात् विवरणात्मक एवं अनुमानित सांख्यकिकी का प्रयोग किया।

तालिका संख्या-1 समाजिक तनाव के स्तर के आधार पर विवरण।परीक्षा

तनाव स्तर	(योगाभ्यासी)	प्रतिशत	(गैर-योगाभ्यासी)	प्रतिशत
उच्च स्तर	0	0.00%	21	42.00%
मध्यम स्तर	35	70.00%	23	46.00%
सहकारी वित्त समितियां गांव में किसानों को अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण प्रदान कर महाजनों के शोषण से मुक्त कराती हैं। सहकारी समितियों ने उधार, बैंकिंग, कृषि आगतों के वितरण, कृषि विधायन, भण्डारागार और गोदाम कायम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, यद्यपि सहकारी आन्दोलन अधिक सफल नहीं हो पा रहा है। भूमि विकास बैंक भूमि की प्रतिभूति पर कृषकों को भूमि पर स्थायी सुधार, कृषि यंत्रों जैसे ट्रेक्टर, थ्रेशर आदि खरीदने एवं किसानों को पुराने ऋणों के भुगतान के लिए 15-20 वर्षो के लिए दीर्घकालीन ऋण प्रदान करते हैं। देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास कार्यो की वित्त व्यवस्था के लिए, कृषि साख संस्थाओं को पुन: वित्त प्रदान करने के लिए, वित्त संस्थाओं के कार्यो में समन्वय स्थापित करने के लिए कृषि वित्त की सर्वोत्तम संस्था के रुप में 12 जुलाई 1982 को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापना की गई। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि, ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों, दस्तकारी एवं ग्रामीण कला के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है। व्यापारिक बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र में साख की मात्रा में निरंतर वृद्धि हुई हैं। जहॉ 1950-51 में व्यापारिक बैंकों का कुल प्रदत्त ऋणों में योगदान 1 प्रतिशत था, वहीं 2008-09 में बढ़कर इन बैंकों के द्वारा 2,02,856 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत ऋण संस्थागत स्त्रोतों द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2011-12 में देश में कृषि क्षेत्र को प्रदत्त संस्थागत साख में भारी वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2011-12 में देश में कृषि क्षेत्र को रु. 4,75,000 करोड के ऋण वितरण एवं वर्ष 2013-14 में 7,00,000

करोड़ के संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। इस लक्ष्य के मुकाबले 2013-14 में 7,30,766 करोड़ की राशि वितरित की गई। अधिकांश ऋण अनुसूचित व्यापारिक बैंकों द्वारा दिया गया परंतु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा सहकारी बैंकों ने भी 2013-14 में अपनी भागीदारी में सुधार किया है।

तालिका 1 : कृषि क्षेत्र को वितरित एजेन्सीवार साख (प्रतिशत में)

संस्थागत स्त्रोत	2012-13	2013-14
सहकारी बैंक	18.31	16.21
क्षेत्रीय ग्रामीण	10.48	11.31
बैंक वाणिज्यिक बैंक	71.21	72.48

सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक कृषि कार्य के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों रुप में साख उपलब्ध कराते हैं। यह बैंक सहकारी समितियों को नीची ब्याज दरों पर ऋण, ग्रामीण क्षेत्रों में गोदामों के निर्माण हेतु साख व्यवस्था, विपणन समितियों को ऋण तथा भूमि विकास बैंकों के ऋण पत्र खरीदकर साख उपलब्ध कराता है। वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक एवं इसके सहायक बैंकों की देश में लगभग 18992 शाखाओं में से 6622 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 1998-99 में किसान क्रेडिट कार्ड चलन में आया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना का प्रमुख उद्देश्य बैंकों से किसानो को प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को सरल बनाना है ताकि किसानो को कृषिगत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से हो सके। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानो को अल्पकालीन ऋण कम ब्याज दर पर सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराया जाता है। भारत में प्राय: सभी राज्यों में किसान क्रेडिट कार्ड सभी राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से जारी किए जाते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के चलने से किसानों की गांव के साहूकारों पर से निर्भरता समाप्त हो गयी है और साथ ही किसानों को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के समय पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो जाता है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार वर्ष 2009-10 तक देश में 3 करोड़ 50 लाख 80 हजार किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 2011-12 में सहकारी संस्थाओं, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कुल 12.98 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गये और उनके लिए कुल 1262.8 अरब रुपये राशि स्वीकृत की गई।

यद्यपि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एन. एस. एस. ओ.) के 70 वें चक्र के 2012-13 के सर्वेक्षण के परिणाम यह दर्शाते हैं कि लघु एवं सीमांत किसानों की गरीबी दूर नहीं हो रही है। तकनीक तक पहुंच, जागरुकता का अभाव और संस्थागत ऋण हासिल करने के लिहाज से भी ये मजबूर बने हैं और उन्हें लाभकारी मूल्यों का फायदा भी नहीं मिल रहा। परंतु कृषि ऋणग्रस्तता का एक अहम पक्ष यह भी है कि यह कृषि के लिहाज से अपेक्षाकृत पिछड़े हुए इलाकों की तुलना में कृषि के पैमाने पर सम्पन्न क्षेत्रों में ज्यादा है। एन. एस. एस. ओ. के आकडें में आंध्रप्रदेश में यह 93 प्रतिशत, तमिलनाडू में 82.5 प्रतिशत है जबकि उसके मुकाबले छत्तीसगढ में महज 37 प्रतिशत और असम में 17.5 प्रतिशत है।

पिछले एक दशक में कृषि के लिए संस्थागत ऋण में काफी तेजी आई है, मगर किसानों को उतना लाभ नहीं मिला है, जितना कृषि संबंधित गतिविधियों से जुडे कृषि कारोबारियों और कम्पनियों को हासिल हुआ है। टाटा इंस्टीट्यूट आफॅ सोशल साइंसेज के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है। अध्ययन के अनुसार कुल कृषि ऋण का 30 प्रतिशत से भी कम बैंकों की ग्रामीण शाखाओं द्वारा जारी किया जाता है, शेष 70 प्रतिशत ऋण बैंकों की महानगरीय, शहरी एवं कस्बाई शाखाओं द्वारा दिया जाता है। रियायती दरों पर मिलने वाले कृषि ऋण के इतने बडे पैमाने पर अन्य क्षेत्रों में विचलन को किसी भी हिसाब से स्वीकार नहीं किया जा सकता भले ही उन क्षेत्रों का कृषि से अप्रत्यक्ष रुप से संबंध हो। किसानों को अपनी परिचालन लागत को पूरा करने और उत्पादकता में वृद्धि करने वाले उपायों के लिए वित्त की शिद्दत से दरकार है।

यद्यपि कृषि ऋण ने वित्त वर्ष 2015-16 में 8.5 लाख करोड रुपये का आकडा छू लिया। विचारणीय बात यह है कि आर. बी. आई ने वर्ष 2012 में बैंकों के लिये यह सीमा निर्धारित कर दी है कि उनके द्वारा दिए जाने वाले कुल ऋण का 4.5 प्रतिशत भाग कृषि क्षेत्र को दिया जाएगा, लेकिन उस कदम का प्रभाव अभी तक नजर नहीं आया है। न तो किसानों को दिए जाने वाले ऋणों के अनुपात में कोई सराहनीय बढ़त दर्ज हुई है और न ही किसानों की वित्तीय जरुरत को पूरा करने में असंगठित क्षेत्र की प्रासंगिकता किसी मायने में कम हुई है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की वर्ष 2013 की रिपोर्ट में यह दर्शाया गया है कि ग्रामीण परिवारों के कुल बकाया ऋणों में लगभग 44 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के थे। इसमें भी बदतर स्थिति यह थी कि कुल 33 प्रतिशत से अधिक कर्ज साहूकारों से लिया गया था। इसकी एक वजह तो कृषि ऋण की अवधारणा के विस्तार से हो सकती है जिसमें 2000 के दशक से ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कृषि ऋण की परिभाषा में कई परिवर्तन हुए हैं। ऐसा लगता है कि वाणिज्यिक बैंक मौजूदा परिभाषाओं और नियमावलियों में कमियों का लाभ उठाते हुए अपनी शहरी शाखाओं से दिए जाने वाले कुछ ऋण को भी कृषि ऋण के तौर पर दर्शाने में सफल हुए हैं। यह शंका इस तथ्य से भी पुख्ता होती है कि जिस अनुपात में वाणिज्यिक बैंकों के कृषि ऋण में वृद्धि हुई है, उस अनुपात में उनकी ग्रामीण शाखाओं का विस्तार नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त संस्थागत क्षेत्रों से ऋण प्राप्ति में भी किसानों को कई तरह की अनियमितताओं का सामना करना पड़ता है। कई जगह तो उनसे अवैध शुल्क की मांग तक की जाती है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में तो किसान क्रेडिट कार्ड के लिए दलालों का एक वर्ग तक पैदा हो गया है।

ये सभी रुझान व्यथित करने वाले हैं, जिन पर ध्यान देने की दरकार है ताकि सस्ते कृषि ऋण जरुरतमंद किसानों तक पहुंच सके और अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सके। इस क्षेत्र को संवारने के लिए बेहतर दूरदर्शी, सुलभ ऋणनीति एवं पारदर्शी ऋण प्रवाह की नीति बनानी होगी। हम न केवल ऋण सुविधाओं की आपुर्ति सुनिश्चित करें बल्कि आवश्यकता इस बात की भी है कि हम किसानों को इन सुधारों के द्वारा इतना सशक्त बना दें कि वे अपनी जरुरत स्वयं पूरा कर सके और खेती को लाभदायक रोजगार मानें।

वित्त वर्ष 2014-15 के आम बजट में कृषि क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान देने हेतु कई प्रावधान किए गये थे। किसानों को 7 प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज मिलने के साथ ही किसान विकास पत्र फिर से प्रारंभ करने, किसानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 करोड़ रुपये का आबंटन, 2015-16 में 8.5 लाख करोड़ का आबंटन, 100 करोड़ रुपये के व्यय के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे जाने की घोषणा, किसान बाजार बनाने, किसानों के सशक्तिकरण और उन्हें जागरुकता और साख प्रदान करने के लिए एक टी.वी. चैनल शुरु करने का प्रस्ताव किया गया है, यह स्वागत योग्य कदम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कृषि अर्थशास्त्र- डॉ. के.सी. भटनागर।
2. रुद्रदत्त एवं सुन्दरम्- भारतीय अर्थव्यवस्था।
3. एम.एल. झिंगन एवं पी.के. गुप्ता- भारत की आर्थिक समस्यायें।
4. डॉ. अमर्त्य सेन- आर्थिक विकास एवं स्वातंत्र्य।
5. डॉ. जे.सी. पंत एवं जे.पी. मिश्रा- भारतीय अर्थव्यवस्था।
6. योजना- अगस्त 2014
7. कुरुक्षेत्र- जून 2011, दिसम्बर 2013, अप्रेल 2015, जून 2015
8. प्रतियोगिता दर्पण- भारतीय अर्थव्यवस्था अतिरिक्तांक।
9. बिजनेस स्टैण्डर्ड, दैनिक भास्कर, पत्रिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारत में ग्रामीण विकास एक चुनौती – भौगोलिक अध्ययन

डॉ. पन्नालाल कटारा*

* सह आचार्य (भूगोल) वीकेबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – गाँधी जी के अनुसार 'भारत की आत्मा गाँवो में निवास करती है।' अत: ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से ही भारत का विकास सम्भव है। किन्तु आजादी के 70 वर्षो के बाद भी आज ग्रामीण विकास देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसा भी नहीं है कि ग्रामीण विकास की दिशा में सरकार द्वारा कदम न उठाए गए हों। आजादी के बाद से ही गाँवों के विकास के लिए विविध पंचवर्षीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास किए गए है। इनके लिए करोड़ों रुपये व्यय किए गए, किन्तु अभी भी गाँवों में गरीबी, बेरोजगारी, अस्वच्छता, पेय जल की कमी, चिकित्सा सुविधाओं की कमी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा न मिलना आदि समस्याएँ सिर उठाए खड़ी हैं। गाँवों से बेरोजगार युवाओं का पलायन नगरों की ओर हो रहा है, जबकि गाँवों में रोजगार की अनेक सम्भावनाएँ हैं। गाँवों में कुटीर एवं लघु उद्योगों जैसे–कृषि उपज, वनोपज, हस्तशिल्प, काष्ठशिल्प, मिट्टी शिल्प आदि से सम्बन्धित इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी कहते थे – 'भारत अपने चंद शहरों में नहीं वरन् 6 लाख गाँवों में बसता है।' तथा 'भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। देश में स्थित 6 लाख से अधिक गाँवों का विकास होने पर ही भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ सकता है।' देश की आजादी के बाद विकास के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित करने के बाद भी आज हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में सम्मिलित नहीं हो सका है। अन्य सभी क्षेत्रों में निरन्तर विकास हो रहा है, परन्तु जब देश में विकास के वितरण को देखते हैं तो दो प्रकार के भारत स्पष्ट नजर आते हैं–एक शहरी क्षेत्रों में चमकता भारत और एक ग्रामीण क्षेत्रों का पिछड़ा भारत। आजादी के बाद से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में अरबों रुपये व्यय करने के बाद भी सर्वव्याप्त बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की तंगी, शुद्ध पेय जल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अस्वच्छता, कृषकों की आत्म हत्या, पर्यावरण ह्रास आदि समस्याएँ खड़ी हैं। क्या इन समस्याओं को हल करने के लिए विकास की वर्तमान रणनीति और नीतियों पर निर्भर रहना उचित है या विकास का कोई अन्य मार्ग है।?

ग्रामीण विकास का अभिप्राय ग्रामीण का समग्र विकास करने से है। गाँधी जी के अनुसार ग्रामीण विकास से तात्पर्य ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन एवं असहाय लोगों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक स्तर से ऊपर उठाकर ग्राम को एक स्वावलम्बी गणतंत्र बनाना है। संक्षेप में ग्रामीण विकास से तात्पर्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे निर्धन लोगों के जीवन स्तर में सुधार कर, उन्हें आर्थिक विकास की धारा में प्रवाहित करना है, जिसके लिए इनकी मूल जरूरतों को पूरा करने के साथ–साथ उन्हें पर्याप्त मात्रा में सामाजिक उपरिव्यय सुविधाएँ उपलब्ध कराना होगा।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. ग्रामीण क्षेत्रों के भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का देश के विकास में सदुपयोग करना।
2. ग्रामीण बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या को रोकने के विकल्पों का अध्ययन करना।
3. ग्रामीण पिछड़ेपन के कारणों का अध्ययन करना।
4. ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए उच्च आय तथा बेहतर जीवन यापन की संभावनओं का अध्ययन करना।
5. पर्यावरण संरक्षण के साथ सम्पोषित विकास के चिन्तन को पोषित करना।

अध्ययन प्रविधि :

1. सन्दर्भ ग्रन्थों का अध्ययन।
2. ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण एवं समस्याओं का अवलोकन।
3. ग्रामीणों से वार्तालाप।
4. ग्रामीणों से साक्षात्कार।

ग्रामीण विकास की अवधारणा –ग्रामीण विकास एक बहुआयामी गतिविधि है। यदि ग्रामीण विकास की वृहद अवधारणा को देखें तो इसमें ग्रामीण लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार की बात अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से उन लोगों के जीवन में सुधार की बात है जो गरीब एवं कमजोर वर्गों से हैं। ग्रामीण विकास के प्रमुख मुद्दे, जिनमें सामाजिक तथा आर्थिक सुविधाओं के लिए आधारभूत ढाँचा तैयार करने की जरूरत है। इनमें विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आवास, सड़कें, संचार व आवागमन के साधन, जल आपूर्ति, विद्युतीकरण, पशुपालन, कृषि एवं उद्योग धन्धे, बाजार आदि को लिया जा सकता है। परन्तु मात्र भौतिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। लोग शिक्षित हों, स्वस्थ रहें, शुद्ध पानी व भोजन मिले, सबको रोजगार मिले। इनके साथ ही जो वर्षो से पिछड़े हैं, उन्हें आगे लाएँ, जैसे महिलाएँ, कमजोर, शोषित, पिछड़ा तबका आदि। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उनके विकास के क्रम को आत्मपोषित बनाना ही ग्रामीण विकास का प्रमुख लक्ष्य है। यह एक रणनीति है, जो लोगों के एक विशिष्ट समूह के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक है।

ग्रामीण विकास एक चुनौती – आजादी के इतने वर्षो बाद भी भारत के

ग्रामीण क्षेत्रों की कई विशिष्ट समस्याएँ हैं। इनमें प्रमुख समस्या है–लोगों की गरीबी। इनके पास पर्याप्त रोजगार भी नहीं है। लोगों को दैनिक रोजगारपर ही निर्भर रहना पड़ता है। रोजगार की तलाश में ग्रामीण युवा नगरों में पलायन करने को विवश है। गाँवों में साधन और पूँजी दोनों का अभाव है, जिससे प्रति व्यक्ति आय, बचत एवं विनियोग नाममात्र का ही है। आज भी हमारे देश की एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। अब तक करोड़ों रुपये रोजगार सृजन में व्यय हो जाने के बाद भी रोजगार की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अब तक ग्रामीण विकास के लिये लागू की गयी तमाम परियोजनाएँ अनेक खामियों के कारण प्रभावहीन रही हैं, जिससे आज भी ग्रामीण किसान आत्म हत्या करने को मजबूर है। आज भी अशिक्षा, अस्वच्छता, असमानता व आधारभूत सुविधाओं की कमी गाँवों की चुनौतियाँ हैं। गाँवों के बहुत से व्यक्ति कार्य करने में सक्षम हैं, वे कार्य करना भी चाहते हैं, फिर भी उन्हें काम नहीं मिल पाता है। वे बेरोजगार हैं, इसी वजह से गरीब हैं। इन सब कारणों से गाँवों से गरीबी का अभिशाप दूर नहीं हो सका है, जो हमारे देश की एक बड़ी चुनौती है। यह चिन्तन का विषय है कि इस दिशा में सरकार और क्या कर सकती है? क्या सरकारों के पास ऐसे कोई उपाय हैं? जिनसे गाँवों की गरीबी दूर हो सके। क्या यह विकास सभी के लिए हुआ है? क्या विकास की वर्तमान व्यवस्था से आम नागरिक संतुष्ट हैं? यदि नहीं तो विकास की इस प्रक्रिया में किस बदलाव की आवश्यकता है?

ग्रामीण विकास में अवरोधक कारक – ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण, अवलोकन, अध्ययन व ग्रामीणों से चर्चा से यह ज्ञात होता है कि ग्रामीण विकास में निम्न लिखित कारक अवरोधक हैं –

1. योजना निर्माण में आम आदमी की भागीदारी न होना।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा की कमी।
3. ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय दशा।
4. पर्याप्त शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता की कमी।
5. रोजगार के अवसरों की कमी।
6. कृषिगत विकास की समस्याएँ।
7. निर्धनता एवं आर्थिक असमानता।
8. वित्तीय समस्याएँ, आदि।

ग्रामीण विकास की सम्भवनाएँ – ग्रामीण क्षेत्रों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि इनके विकास के लिए निम्नलिखित कदम सार्थक हो सकते हैं –

1. ग्रामीण क्षेत्रों की वनोपज एवं कृषि उपज का भण्डारण संग्रहण केन्द्रों में ही किया जाना चाहिए।
2. स्वसहायता समूहों को उपज से सम्बन्धित लघु उद्योग जैसे– चावल मिल, दाल मिल, तेल मिल, पोहा मिल, आटा मिल, फर्नीचर उद्योग, अगरबत्ती उद्योग, बीड़ी उद्योग, आयुर्वेदिक दवा निर्माण इकाई, अचार व पापड़ उद्योग आदि स्थापित करने में सहयोग देकर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं।
3. सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के तैयार सामग्री को आवश्यकता व माँग स्थलों तक पहुँचाने की या क्रय करने की सुविधा दी जानी चाहिए, जिससे लघु उद्योगों को सामग्री का उचित मूल्य मिल सके।
4. ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सुविधा मुहैया कराया जाना चाहिए जिससे ग्रामीणों को लघु बचत एवं लघु ऋण की सुविधा आसानी से मिल सके।
5. विकासखण्ड स्तर पर लघु उद्योग प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
6. ग्रामीण विद्यालयो में कुशल शिक्षकों की पदस्थापना कर गुणवत्तापूर्ण रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।
7. जनसंख्या नियंत्रण हेतु कानून बनाने की आवश्यकता है।
8. ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा एवं पेय जल की समुचित सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है।
9. गाँवों में कृषि के साथ गाय एवं भैंस पालन, भेड़–बकरी व मुर्गी पालन, सूकर पालन, रेशम कीट पालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, फलोद्यान एवं अन्य लघु एवं कुटार उद्योगों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।
10. गाँवों में नशा निवारण एवं महिला सशक्तिकरण हेतु आवश्यक प्रयास की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पन्त, डॉ. डी. सी., भारत में ग्रामीण विकास, कालेज बुक डिपो जयपुर।
2. देवपुरा, प्रतापमल, गाँव का विकास, प्रगति संस्थान,पटपड़गंज, दिल्ली, संस्करण 2016
3. वर्मा, डॉ. सवलिया बिहारी, ग्रामीण रोजगार संवर्धन, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण 2011
4. हेमन्त कुमार, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर, दीपांश पब्लिकेशन,डाबरी, पालम रोड, नई दिल्ली, संस्करण 2016
5. उर्वेन्द्र कुमार, ग्रामीण रोजगार के नये अवसर एवं महिलाएँ, आर्या पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण 2014
6. राजेश सिंह, ग्रामीण भूगोल, वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, संस्करण 2012

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Major Perspectives of Geography

Dr. Mamta Verma*

***Professor (Geography) Government College, Mania, Dholpur (Raj.) INDIA**

Abstract - Practical Work in Geography deals with graphical representation of data, spatial data, data processing and many other things.Field study is an essential aspect of geography as it allows for the collection of primary data that can be used to understand the complex interactions between human and physical systems. Field study allows geographers to observe and analyze the physical and human features of a specific area in order to gain a deeper understanding of the region and the dynamics that shape it. This information can then be used to inform policy decisions, urban planning, land management, and other important considerations.

Additionally, field study can also be used to test hypotheses and theories, and to validate or disprove existing models.Field Studies help to substantiate theory and often it's fun as well…getting out in the field and learning how to use technical and not so technical equipment.As the Geography is older than any other branch of knowledge. Right from the beginning, this subject has developed as a result of exploration, mapping of the area and the speculations of the material collected. Even one of the important notions about the content of geography is that geography is the travel description.According to FREEMAN, " Geography is the matter of travel, a matter of seeing things with our own eyes".Ratzel, " I travelled, I sketched, I described".The main importance about field study is that student gets first-hand information about the man and environment relationship within an area.

Keywords: Geology, Language, Religion, Fieldwork, Sustainable, Development.

Introduction - Greek geographer "Hecataeus" is widely recognized as the Father of Geography.Hecataeus was a resident of Miletus. Very little is known about his date of birth and early life but he was a great statesman and pioneer geographer.He was the first writer of Greek prose. He collected and classified information of the known Greek world and the unknown distant areas.His main book is Ges-periodos which was published most probably before the end of the 6th century.Ges-periodos is the first systematic description of the world and because of this fact Hecataeus is known as the "Father of Geography".Geography is an epitome of that science which teaches us how to live in this planet — Earth in harmony with nature, how to take human civilization to its next level of development, in a sustainable way by minimizing the affects of man made disasters.

As regards Eratosthenes, he is regarded as the first scientific geographer, who upheld the mathematical tradition in geography. He is said to have coined the word 'Geography'. But he is not the father of geography. He is famous for the correct measurement of the length of equator with the help of an indigenous apparatus known as 'gnomon'.

Geography & Language: It literally means "language league" and is a concept that dates back ~100 years (to a time when German was the lingua franca of many sciences).What it basically means is "linguistic area," and what it refers to is the observation that languages that are geographically near each other tend to resemble each other beyond the effects of genetic relatedness.

So, obviously Italian, French and Spanish are all going to resemble each other because they are all Romance languages descendant from Latin. However, Romanian (Romance), Bulgarian (Slavic) and Albanian (no linguistic neighbors in IE) and even modern Greek also share a number of similarities by virtue of being all packed in closely together on the Balkan peninsula. This happens because languages near each other share and borrow lots of linguistic features from each other, much like they will trade goods and cultural artefacts.Another great and important example is India, where there are languages from the Indo-European and Dravidian language families as well as Tibeto-Burman and Munda languages and smatterings of others.So, geography, in the sense of your neighbors, has a huge impact on language.

Geology & Geography: Geology is an Earth science which studies the physical structure and substance of Earth; it also studies the dynamic and physical history of the Earth, and the physical and biological processes that create and act on them. Plate tectonics, the evolutionary history of life, past climates are some of the key areas studied in geology.

It mainly deals with the physical properties of the Earth.

The knowledge of geology becomes useful evaluating water resources, understanding of environmental problems and natural hazards as well.On the other hand, Geography is a scientific field that deals with the study of the land, its features, inhabitants, and the phenomena of Earth. It also studies areas like population distribution, political and economic activities.The main difference between geology and geography is that geology studies the structure and formation of earth whereas geography deals with the topography of Earth.

Sub-divisions of Geology and Geography: Geology is an in-depth discipline which portrays the earth and its past along with future implications. There are many sub-divisions to Geology which includes Mineralogy, structural geology, palaeontology, geomorphology, engineering geology,etc.

Geography is a science which takes in to consideration the physical feature, facade of earth, natural and man-made divisions, type of weather, inhabitants, manufacture, etc. This subject is divided in to two main divisions, which are physical geography and human geography. This subject is further divided in to Bio-geography, Cartography, Climatology, GIS, Geo morphology, Historical geography, Pedology, Transportation geography and urban geography.

Geography & Religion: Geography is everything about people (and their lands) and nature - religion is a part of human environment Geography is human environment and natural environment.Human environment is made of regions, countries, etc. Humans spread their ideas, concepts and religions where they can reach. Religious people would not just spread their religions but try to convert others. We don't need animals follow our religion but other humans. Humans compete with other human beings - that's normal. A species is always competing among itself for all reasons. People of a region are constantly contesting. That's psychology and geography. When they can reach far away lands, their religions spread faraway lands too.

Geography & Development: Development and underdevelopment are the results of uneven spatial distribution of various factors. These factors are:-

Location: Landlockedness, situation in high mountain ranges; lack of navigable rivers, long coastlines, or good harbors hinder the economic development.Almost all the landlocked countries in the world are poor and underdeveloped, except for the few in Western and Central Europe which are highly integrated into the regional European market. It is because landlocked countries are completely dependent on their transit neighbor countries to access markets overseas. This is why Lesotho and Ethiopia are less developed (these two are not only landlocked but mountainous as well).

Climate: Extreme climates hamper the development. Lack of rainfall in deserts limit the number of crops that can be grown. Areas with very heavy rainfall, such as tropics are also unsuitable for agriculture and industrial development. Thus agriculture is limited in deserts whereas people in subtropical climates practice intensive agriculture. Moderate climates attract population and economic activities.

Infectious diseases thrive the most in hot and humid climates, such as malaria, dengue, leishmaniasis etc. This limits the economic productivity of people and increases the healthcare costs. On the other hand, temperate climates experience lesser diseases (infectious) because cold season forces hibernation which controls insect and pathogen population.

Climatic hazards are unevenly distributed. For example tropical cyclones strike the countries lying in tropical zone. Droughts affect the countries lying in arid and semi-arid regions. But the loss due to these climatic hazards depends more on the level of economic development, disaster management strategies and ability to cope with damage rather than the intensity of disaster itself. For example:- severe droughts in Mexico do not affect the food security of its population, but even the less severe droughts in Ethiopia result into severe deadly famines. Socially and economically vulnerable countries are affected the most and worst.

Topography: Topography determines accessibility, connectivity and transferability for any region.Regions surrounded by mountains and hills, marshes and dense forests are usually isolated due to the high cost of administration and infrastructural and industrial development. With the increased transport costs, mobilization of resources and people is limited. Such regions therefore are less developed (economically). This is why many North-Eastern states of India, for example, are less developed due to their inaccessibility and marginality.Plains and gentle slopes are favorable for the production of crops and to build roads, railways and industries. This is why fertile flat lands in Ganga plain are more developed than Himalayan interiors.

Availability of Natural Resources: Natural resources largely include fertile soil, minerals and oil resources, forests, fisheries etc. Regions with rich oil and mineral deposits attract industries which makes the region industrially and economically developed. Industrialization also encourages urbanization.Colonialism is the best example which started with the objective of exploring and exploiting natural resources outside the borders of colonizing country. This was done so that the economy of colonizing country can be boosted.But the availability of natural resources itself is not sufficient for economic development, skills and technology to properly harness and utilize those resources must be developed. This is why Africa is underdeveloped despite its rich natural resources.

Objectives of the Study:

1. To develop an understanding of Geography.
2. To explore its relationship with geology, religion, language, development.
3. To discuss the practical aspect of Geography.

4. To find out the various perspectives to Geography.

Related Literature and Review

'The effectiveness of fieldwork as a mode of learning in geography cannot be denied. This is approached from an international perspective, both in review of available evidence, which demonstrates a need for rigorous research into the issue, and in providing preliminary findings of research into the value of fieldwork from universities across three continents. Common themes to emerge concern the effectiveness of fieldwork in terms of learning and understanding of the subject: providing first-hand experience of the real world, whichever part of the world the students are in; skills development (transferable and technical); and social benefits. The extent to which fieldwork develops transferable skills depends on the context in which the fieldwork is undertaken.'[1]

'Geographical perspectives and approaches are implemented in some areas of conflict research, but can benefit many more. While the body of geographically-oriented terrorism literature has been growing since the 2001, a geo-spatial focus has traditionally been absent from most research on terrorism research and remains largely unfamiliar to many terrorism researchers. From terrorism point of view, there are three geographical perspectives that include- 1) the geography of terrorism is linked to specific places and contexts throughout the world where governance failures lead to grievance and opportunity; 2) the terrorist attack cycle occurs along specific spatial trajectories that can be identified and possibly policed; and 3) terrorist attacks have significant negative impacts but are spatially limited and not as severe as presumed by much of the conventional literature. These aspects vary, depending on whether the violence is waged by territorial or non-territorial groups. Included in the article is a list of data sources that may serve as a partial guide for future geographic research.'[2]

'The world is changing at an accelerating pace due to increased human exploitation of the earth's resources and the consequent climate change and biodiversity loss crises. As a transdisciplinary discipline studying the coupled human and nature systems and their interactions, Geography has natural advantages to promote sustainable development. The research paradigms of Geography are shifting from basic knowledge acquisition to understanding of coupling patterns and processes, and to the simulation and prediction of complex human-earth systems; Landscape sustainability science and the metacoupling concept are emerging as new comprehensive research perspectives, and the framework of "Pattern—Process—Service—Sustainability" can be used as a basis to underpin Geography's role in sustainability; Geography can support sustainable development in many ways, such as in agricultural development, disaster and risk monitoring and early warning, global climate change mitigation, and in helping to achieve the Sustainable Development Goals (SDGs). Future research directions include: integrated geographical research on climate change and sustainable resource utilization; integrated geographical research on social and economic sustainable development; sustainable cascades of ecosystem structure, functions, services, and human well-being; metacoupling for sustainability; safe and justice space boundaries; the classification–coordination–collaboration approach; and geographical education for sustainable development.'[3]

'The successes and failures of the UN Millennium Development Goals and the establishment of a new set of Sustainable Development Goals provide many opportunities for geographic engagement and critical attention. Development goals, in their focus at the national level and on measurable indicators, redirect investment and frame views of the world. They are often difficult to measure and implement and sometimes contradictory. In reviewing the history, progress, and critiques of the UN goals, the debates about development, its measurement, and impact can play a vital role.'[4]

'Medical geography, particularly in terms of librarianship, got its start at Harvard University, so there is a bit of an East Coast feel to the articles, most of which are written by people with Harvard connections, as current researchers, former students, or researchers. One chapter in particular discusses how a large insurance company used geospatial data to collect information on their members that the members themselves for various reasons had not given.'[5]

Methodology: Purely a theoretical work completed as per the prescribed research process by the eminent scientists. For the purpose, scientific method was used and the author maintained objectivity by not changing the facts and details.

Conclusion: The very definition of Geography tells that it deals with the topography or structural understanding of the Earth. Compared to Chemistry and Physics, Geography is very much a descriptive science. It is rare that we can go "change the geography" and evaluate the results. The field experiences are things like interviewing people about why they moved to and live in a certain area and using GIS to map the demographics of proposed political districts.

The key to learning Geography is to develop spatial awareness. In order to develop a practical approach to the understanding of Geography, one should take walks in various environments and ask oneself 'why is this here?', 'what moves through this area but does not stay?' and anything else that gives one a sense of place and its connections to people, things and other places. One should ask questions of oneself and other people.

For instance, in the middle of a nightclub area there is an old shoe repair shop. The following questions in one's mind can develop a practical approach-How long has it been there? Where do its customers come from? What is it like having a daytime business surrounded by places that only open in late afternoon and evening? It is at a T intersection-

is that a holdover from the original land survey of the area, does it affect business that traffic has to stop because of the intersection?

Suppose, in the midst of a forest there is a weathered rough-stone chimney. One can have the following questions to link up himself with the practical aspect of Geography- What is the story here? Do the plants in the area reflect that this might have been a homestead, or hunting lodge or trailside store? What do historical maps say about the area?

As a Geographer, any of the above questions might lead to something unique to write about. Therefore, a field study is must in order to understand the structure and physical features of the surface or any components of the planet.Fieldwork is important because:-

1. It is of great pedagogical importance as it lets students experience the geography of a particular region which theoretical texts can't do.
2. Field surveys enhance our understanding about patterns and spatial distributions, their associations and relationships at the local level.
3. Field surveys facilitate the collection of local level information that is not available through secondary sources.
4. It is very important as it helps to gather required information so as the problems under investigation is studied in depth as per the predefined objectives.
5. Field studies enable the investigator to comprehend the situation and processes in totality and at the place of their occurrence.
6. All the geographical skills are used in practical during field work. We get to learn and apply the skills of sampling, data collection, data processing, making questionnaires, map making, statistical techniques to derive results, observational skills and skills of interviewing etc.
7. It helps us understand the theoretical concepts better.
8. It gives us a chance to enjoy a wide variety of environments and landscapes.
9. It develops an understanding and sensitivity about the culture and people of field area. This may change our biased views about that community.
10. It is enjoyable and gives you a great memorable experience.

In short, geography covers a broad range of other disciplines and every location on the planet. Geography allows us to study a place or an issue from so many different perspectives. If we like writing about places from a social and historical perspective, geography's for us. We can study that same place form the perspective of its natural environment, the location of its economic activity, social isolation based on location, way finding in that place and how climate change will affect that place. Most of the geographers are philosophers, mathematicians, computer programmers, soil lab technicians, water quality experts, etc. In a word, various perspectives are applied to understand Geography exactly.

References:-

1. Ian C. Fuller, Sally E. Edmondson, Derek France and David Laurence Higgitt-International Perspectives on the Effectiveness of Geography Fieldwork for Learning, Journal of Geography in Higher Education,March 2006 30(1):89-101
2. KarimBahgat, William & Mary, Richard M MedinaAn Overview of Geographical Perspectives and Approaches in Terrorism Research, Perspectives on Terrorism,February 2013, 7(1):38-72
3. Bojie Fu, Michael E. Meadows, Wenwu Zhao-Geography in the Anthropocene: Transforming our world for sustainable development, Geography and Sustainability, Volume 3, Issue 1, March 2022, Pages 1-6
4. Diana M Livermanliverman-Geographic perspectives on development goals: Constructive engagements and critical perspectives on the MDGs and the SDGs, Dialogues in Human Geography, Volume 8, Issue 2, 2018
5. Amy J. Blatt- Perspectives in Medical Geography: Theory and Applications for Librarians, Cardiac Drugs: An Evidence-Based Approach and Atlanta's Living Legacy: A History of Grady Memorial Hospital and Its People, New York, NY: Routledge. 2012. 254 p.,J Med Libr Assoc. 2014 Oct; 102(4): 301.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

राजस्थान में जैविविधता संरक्षण की समृद्ध संस्कृति, समस्या, एवं समाधान

डॉ. उम्मेद कुमार चौधरी *

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, बाली (पाली) (राज.) भारत

प्रस्तावना – जीवन की विविधता का विस्तार ही जैव विविधता है। जैव विविधता को जीवित जीवो की संख्या से प्रदर्शित किया जाता है,जिसमें विभिन्न प्रकार के प्राणी, वनस्पति और सूक्ष्म जीव तथा इनके आवास, प्राकृतिक क्षेत्र एवं प्राकृतिक वातावरण सम्मिलित है। विविधता में आनुवांशिक विविधता, प्रजातीय विविधता, एवं पारितंत्रीय विविधता प्रमुख है। जैव विविधता का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व भी है। जैव विविधता से हमारे लिए भोजन औषधियां और उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध होता है। बाजार से खरीदी जाने वाली ज्यादातर वस्तुओं की आपूर्ति पृथ्वी की जैव विविधता पर ही आश्रित है। पृथ्वी पर अनुमानत : 1.4 करोड जीव प्रजातियाँ है, जिनमें से अभी तक केवल 17.5 लाख प्रजातियों की ही पहचान हो पाई है। इनमें से 3.42 लाख वनस्पति प्रजातियाँ तथा 14.08 लाख जन्तु प्रजातियाँ है। भारत में अब तक लगभग 45,500 वनस्पति प्रजातियों तथा 91,000 जन्तुप्रजातियों की पहचान हो चुकी है।विश्व की कुल जीव प्रजातियों की लगभग 70 प्रतिशत प्रजातियाँ 12 दशों – ब्राजील, चीन, ऑस्टेलिया, भारत, इंडोनेशिया, कांगो,कोलम्बिया, कोस्टारिका,पेरू, मेडागास्कर, मैक्सिको एंवइक्वेडोर में पाई जाती है ।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के इस युग में विकास उन्मुख होकर मानव ने अपनी भौतिकवादी व उपभोगवादी संस्कृति से प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन कर ना केवल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बनाया है, बल्कि अपूरणीय क्षति भी पहुंचाई हैं। परिणामत: जनवन एवं वन्यजीवों के संघर्ष से जैव विविधता तथा जीव जंतुओं की शनै:शनै: विलुप्तता एवं घटती गुणवत्ता का सिलसिला जो एक बार प्रारंभ हुआ है, वह आज तक थमा नहीं है। प्रकृति ने मनुष्य के अनुकुलतम विकास एवं जीविकोपार्जन के लिए जंगल तथा उसमें जैवविविधता उत्पन्न की हैं। जैव- विविधता के अनुरक्षण से प्राकृतिक संपदा का भली-भांति संरक्षण होता है, जिससे वे सभी लाभ मनुष्य को प्राप्त होते हैं, जो प्रकृति हमें देना चाहती हैं। इस संपदा के विनाश, विवेकहीन शोषण तथा कुप्रबंधन से हम वर्तमान समय में संकट तो झेल ही रहे हैं, भावी पीढ़ी के लिए भी हम निर्वनीकरण अतिवृष्टि, अनावृष्टि,और अकाल जैसी समस्याओं का अंबार लगा रहे हैं।

एक समय था जब पृथ्वी पर कृषि व्यवस्था तथा उस पर उत्पादित होने वाले खाद्य पदार्थो की मात्रा बहुत अधिक थी, लेकिन वर्तमान में इस स्थिति में भारी परिवर्तन आया है, और अब यह केवल पर्याप्त ताकि श्रेणी में आ गई है। यदि विवेकपूर्ण, बुद्धिमता से प्रबंधन किया जाए तो पूरे विश्व में रहने वाले प्राणी वर्ग को उसके खाने-पीने और अन्य पदार्थों की पूर्ति की जा सकेगी और इसके लिए प्राकृतिक विविधता का उपयोग करना होगा जिसे आज हम जैव विविधता कहते है।वैज्ञानिको का कहना है कि विश्व की 25000 चिन्हित वनस्पति प्रजातियों मे से महज 5000 प्रजातियों का ही औषधीय प्रयोग हो रहा है। ऐसे ही वानस्पतिक विविधता के एक छोटे से अंश से ही हमारी खाद्यान्न की आपूर्ति हो रही है। लगभग 1700 ऐसी वनस्पतिया है जिन्हे खाद्यान के रूप में उगाया जा सकता है। इनम से मात्र 30 से 40 वनस्पति फसलों से पूरे विश्व को भोजन उपलब्ध हो रहा है। पृथ्वी पर मनुष्य की खाद्य आवश्यकताओं की लगभग 50 प्रतिशत पूर्ति केवल तीन प्रजातियों गेंहू, चावल व मक्का से होती है, जबकि पृथ्वी पर 30,000 वनस्पति प्रजातियाँ खाने योग्य है।

हमारी धरती पर जीव जन्तु एंव वनस्पतिया सर्वत्र पायी जाती है इन्हे रंग रूप आकार-प्रकार एंव गुण धर्म के आधार पर अनेक वर्गो में विभाजित किया गया है। यदि सम्पूर्ण पृथ्वी को एक इकाई माना जाये तो इस पर मौजूद सभी जीव जन्तुओ और वनस्पतियों की विविधता ही जैव विविधता है।जैव विविधता एक समूहवाची शब्द है इसके अंतर्गतअनुवांषिक विविधता, प्रजातीय विविधता, एंव पारितंत्रीय विविधता प्रमुख है।इसमें न केवल वेप्रजातियां शामिल है जिन्हें हम दुर्लभ संकटग्रस्त या लुप्तप्राय मानते हैं, बल्कि हर जीवित वस्तु तथा तत्व भी शामिल है। पृथ्वी के सभी प्रकार के प्राणी, पशु और सूक्ष्म-जीव जंतु समाहित हैं। वस्तुत: इसमें प्रजातियों के अंदर, प्रजातियों के बीच तथा पारितंत्र की विविधता सम्मिलित हैं।

जैव विविधता मुख्य रूप से तीन प्रकार की होती है-

आनुवांषिक विविधता (Genetic Diversity) – अनुवांशिक विविधता के अंतर्गत जीवगत जातियों के जीनों का वर्णन होता है। इसके अंतर्गत सभी प्रकार के पौधों और जीवो के जीन भंडारों का अध्ययन किया जाता है।किसी प्रजाति का निर्माण जिन मूल तत्व से हुआ है यदि उनमें कोई परिवर्तन होता है तो निश्चय ही प्रजातियों में भी वही परिवर्तन दिखाई देने लगता है। समय और परिस्थितियों के अनुसार इन जींस के परिवर्तन को आनुवांशिक विविधता का नाम दिया गया है।

प्रजातिय विविधता (Species Diversity)-सामान्यत: किसी क्षेत्र विशेष में मिलने वाली अधिकाधिक प्रजातियों को प्रजाति विविधता के अंतर्गत माना गया है। यह प्रजातियां सामान्यत:एकही प्रकार की स्थिति में रह सकने वाली, परस्पर प्रजनन कर संख्या में वृद्धि करने वाली तथा मिलकर

पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहायक होती है। इनकी विवेचना और कार्यप्रणाली विशेषता इन बातों पर निर्भर करती है कि इनकी आवासीय स्थिति और पारिस्थितिकी तंत्र को अनावश्यक छेड़ा जाए। जैविक विविधता में प्रजाति विविधता की विशिष्ट भूमिका होती है। जीवो के वर्गीकरण की लघुतम इकाई जिसके सदस्यों में सर्वाधिक समानता पाई जाती हैं, और वे परस्पर संतानोत्पत्ति करने में समर्थ होते हैं। दीर्घकालीन पृथकतत्व के कारण एक ही जाति के विभिन्न वर्गों में उल्लेखनीय स्थानीय भिन्नताएंभी मिलती है। प्राय: मुख्य जीवोया पौधों के नाम पर जातियों का नामकरण कर दिया जाता हैं।

पारिस्थितिकी विविधता(Ecosystem Diversity)– पर्यावरण के समस्त जीवित व अजीवित कारकों की पारस्परिक अंतर क्रिया तथा उनके समाकलन से उत्पन्न तंत्र से पारिस्थितिकी तंत्र चलता है जिसमें जैविक और अजैविक सँघटक सम्मिलित होते हैं।यह विविधता मूल रूप से नहीं बल्कि आवश्यक रूप से प्रजातिय विविधता पर आधारित होती हैं जिसमें आवास की प्रचुरता, जैविक भागीदारी और पारिस्थितिकी गतिविधियां प्रमुख रूप से सम्मिलित होती हैं अलग–अलग स्थान विशेष की जैविक विविधता अलग–अलग तथा स्वतंत्र रूप से व्यवस्थित होती हैं। जहां वृद्धि हेतु कुछ विशेष कारण होते हैं वहीं इनके नष्ट होने अथवा कम होने के विभिन्न कारण हो सकते हैं।

राजस्थान में वन्य जीवों के सम्मान व संरक्षण की समृद्ध धार्मिक–सामाजिक मान्यताए – जैव विविधता का संरक्षण और उसका निरंतर उपयोग करना भारत के लोकाचार का एक अंतरंग हिस्सा हैं। अभूतपूर्व भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं ने मिलकर जीव जंतुओ की इस अद्भुत विविधता में योगदान दिया है जिसमें हर स्तर पर अपार जैविक विविधता देखने को मिलती है।दुनिया में सभी प्राचीन सभ्यताओं की बुनियाद में मनुष्य का प्रकृति के प्रति प्रेम और आदर का रिश्ता रहा है। इसी से पेड़, पर्वत, पहाड और नदी आदि की पूजा का प्रचलन प्रारम्भ हुआ।

सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख स्थल मोहनजोदाड़ों और हडप्पा की खुदाई से मिले अवशषों (साक्ष्य) से पता चलता है कि उस समय समाज में मूर्ति पूजा के साथ ही पेड़–पौधों एंव जीव जन्तुओं की पूजा की परम्परा विद्यमान थी। भारतीय साहित्य, चित्रकला और वास्तुकला में वृक्ष पूजा पशु पक्षियों की पूजा के अनेक प्रसंग मिलते है। अजंता के गुफाचित्रों और सांची की आकृतियों में वृक्ष पूजा के दृष्य है। हमारे सबसे प्राचीन ग्रन्थों और वेदों में प्रकृति की परमात्मा (ईश्वर) स्वरूपमें स्तुति वर्णित है। इसके साथ ही रामायण, महाभारत और मनुस्मृति जैसे प्राचीन ग्रन्थों मे भी वृक्ष पूजा और प्रकृति पूजा की विविध विधियों का विस्तार से वर्णन मिलता है।

राजस्थान में प्राचीन काल से ही जैव–विविधता के संरक्षण और उसके उपयोग की विधिवत समृद्ध संस्कृति रही है– वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के अनगिनत उदाहरण देखने को मिलते है। थार क्षेत्र में बिरनोई समाज ने खेजड़ली गांव में प्रकृति संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह दशनोंक में करणीमाता के मंदिर में चूहों को अभयदान देकर मारवाड़ ने जीव संरक्षण का संदेश विश्व को दिया है। ऐसा ही संरक्षण का एक सराहनीय उदाहरण मेवाड़ क्षेत्र के एक छोटे से कस्बे बांसी में विद्यमान हैं, जहां तत्कालीन स्थानीय शासक श्री हरीसिंह ने जलीय जीवों व पक्षियों को संरक्षण देने हेतु एक आदर्श शिलालेख के रूप में स्थाई रूप से तालाब के किनारे लगवाया ताकि आमजन व शासक वर्ग आदेश को पढ़कर संरक्षण में भागीदार बने। आधी शताब्दी से भी पहले लगाया गया, यह शिलालेख तत्कालीन शासक वर्ग के वन्य प्राणी संरक्षण के प्रयासों का एक अमिट दस्तावेज है।

राजस्थान में कोबरा सांप को बचाया व पूजा जाता है। खाकल देव व तेजाजी के मंदिरों में सांपों की मूर्तिया रखी जाती हैं। लंगूर–बंदरों को भगवान का रूप मानकर भोजन व पूरा मान–सम्मान दिया जाता है। बिल्ली तथा सारस पक्षी को मारना पाप समझा जाता है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन करना पवित्र माना जाता हैं। आदिवासी समाज में भी भुंजगा (Black Drongo), गणेला (Tree Pie) आदि का धार्मिक महत्व हैतथा मादा डुचकी (Female Indian Robin) को पवित्र पक्षी मानते है। चीटियों को आटा डालना, मोर व कबूतरों को चुग्गा ड़ालना व श्राद्ध पर कौओं को भोजन देने की परम्परा राज्य में हर कहीं है। आदिवासी लोग खागल (Flying Fox) को पूज्य मानते है क्योंकि ये रात्रीचर प्राणी महुआ के बीजों पर ढ़के फलावरण को खाकर साफ बीज वृक्ष के नीचे डाल देते है। सुबह इन बीजों को आदिवासी संग्रह कर लेते है। इससे लोगों को बीजों की सफाई के श्रम से निजात मिल जाती है। इसी तरह उदयपुर जिले की कोटड़ा तहसील में मामेर क्षेत्र में मोरो का बहुत सम्मान किया जाता है। यहां के स्थानीय निवासी अपने किसी प्रियजन के मरने पर उसकी याद में एक छोटा सा मंदिर बनाते है, जिसे 'देहरी' कहा जाता हैं। इस देहरी पर बाघ, मुर्गा सहित अनेक प्राणियों का चित्रांकन किया जाता है। अन्य प्राणियों के चित्र छूट सकते है, परन्तु मोर का चित्रांकन अवश्य ही किया जाता है। राज्य भर में दिवाली के त्योहार पर नर मोर की पूंछ के पंखों से अलंकारी गहने बना कर गौधन व दूसरे पशुओं के सींगों व गले में बांधने का रिवाज है। पंखों के गहने सौभाग्यकारी व पशुओं को रोग रहित बनाये रखने में उपयोगी माने जाते है।वर्षा ऋतु में लाल रंग का मखमली कीटनुमा प्राणी वीरबहुरी या इन्द्रगोप निकल आता है, तो उसे खुशियों के आगमन का संकेत माना जाता है। पूर्वी राजस्थान में इस कीटनुमा जीव को 'तीज' के नाम से जाना जाता है एवं इसे तीज त्योहार का प्रतीक माना जाता है।

ओरन/देवबनी – ओरन जैव–आनुवांशिक विविधता से समृद्ध है और वन्य जीवों के लिए एक आश्रय स्थल है। ओरन संस्कृत शब्द अरण्य से बना है जिसका अर्थ जंगल होता है। यह स्थानीय देवताओं या संतों के नाम पर संरक्षित जंगल से छोटे से भाग होते है। मंदिर अथवा लोक देवताओं के स्थान के चारों ओर उगे वृक्षों, वन क्षेत्रों तथा वनस्पतियों को धार्मिक मान्यताओं के कारण पीढी–दर पीढी संरक्षण प्रदान किया जाता है, इन्हें देववन, देवबनी (प्रतिबंध वन, भगवान का जंगल) ओरन बजी, खो आदि नाम से संबोधित किया जाता है। ओरन मनुष्य और जानवरों के लिए छाया, ईधन की लकडी, चारा यहां तक की भोजन, औषधि और आजीविका भी प्रदान करते है। ये स्थानीय समुदायों द्वारा एक जटिल प्रबंधन प्रणाली में नियंत्रित होते है। राजस्थान में लगभग 6,00,000 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 25,000 ओरन है, इनमें से 5,370 वर्ग किलोमीटर ओरन थार रेगिस्तान में है। राज्य के लगभग 7.5 मिलियन पशुचारक और 54.5 मिलियन पशुधन ओरन पर निर्भर है।

केसर छांटा – राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में केसर छिडककरवन क्षेत्रों के संरक्षण की परम्परा है। केसर रंग का छिडकाव करने के पश्चात्, हरे वृक्षों टहनियों आदि काटने पर स्वयंमेव ही सामाजिक प्रतिबंध लग जाता है। इस परम्परा के अन्तर्गत ओरन को एक समारोह द्वारा चिन्हित किया जाता

है, जिसमें गंगा जल या केसर का दूध जंगल के भीतर एक विशिष्ट क्षेत्र के आस-पास डाला जाता है, जिसे बाद में ओरन या देव-बनी (भगवान का जंगल) घोषित किया जाता है। इस समारोह को दूध जल या केसर छांटा कहा जाता है। इस तरह संरक्षित वन क्षेत्र को देववन, ओरन, बनी आदि नाम से संबोधित किया जाता है।

पवित्र वृक्षों की सुरक्षा – राजस्थान की लोक संस्कृति में मनुष्य और वृक्षों का गहरा संबंध है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्ष पूजा से अभी भी बहुत से स्तरों पर लोग जुडें हुए है। गांवों में 'वृक्ष में राम रो बासों' (वृक्ष में राम का निवास की मान्यता है) पेडों से लोगों के गहरे जुडांव का परिचायक है। राज्य में कई वृक्षों में देवी – देवताओं का वास मानते हुए उनकी पूजा की जाती है। इससे इन वृक्षों की सुरक्षा होती है, पीपल, बरगद, खेजडी, आवला, आदि प्रमुख है। लोक जीवन में पीपल के पेड में परमेश्वर का वास माना जाता है, वृक्षों में भी 'नीम में नारायण' का रूप देखते है। गांव-गांव 'गोगा खेजडी' की पूजा का विधान है। इसके साथ ही दूसरे लोक देवी-देवताओं के नाम से भी वृक्षों के पूजन का विधान है। गांव-गांव माताजी, भैरूजी, भोमियाजी आदि देवी-देवताओं के नाम से ओरन भूमि आरक्षित रख कर वृक्ष संरक्षण की समृद्ध परम्परा रही है। राजस्थान की लोक संस्कृति में वृक्ष पूजन परम्पराओं से जुडा है। उसके तमाम सुख, समृद्धि और जीवन से जुडी उम्मीदें वृक्षों से ही है। इसलिए कथाओं धार्मिक मान्यताओं, लोक कथा, कहानियों और लोकोक्तियों में वृक्ष के महत्व को ही व्यजित किया गया है।

विश्नोई समाज की भूमिका – आज भी विश्नोई संप्रदाय के लोग अपने गुरू जम्भोजी द्वारा 500 वर्ष पहले दी गई सीख की पालना करते हुए मरूस्थल में निवास करने के साथ हरे वृक्षों, वन्य जीव-जन्तुओं के संरक्षण के तौर-तरीकों एवं नियमों का पालन करते हुए प्राकृतिक आवासों का संरक्षण कर रहे है।

वीर प्रसूता राजस्थान की धरा न केवल दश पर मरने वाले जांबाज पैदा किए हैं अपितु वृक्षों के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले स्त्री-पुरूष भी इसी मरूधरा के पुत्र-पुत्री है। वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने की अनोखी घटनाएं सम्पूर्ण विश्व में संभंवत: राजस्थान में ही हुई है। विश्नोई समाज ने वृक्षों को बचाने के लिए प्राण देने के **अद्वितीय उदाहरण** प्रस्तुत किए हैं। इस परंपरा को खडाना (साका) कहा जाता है। इस प्रकार का **पहला साका** सम्वत् 1661 में जोधपुर जिले के रामासडी गांव में हुआ था। जहां दो विश्नोई स्त्रियों, कर्मा एवं गौरा ने खेजड़ी वृक्ष बचाने के लिए गांव की चौहट्टे पर स्वेच्छा से अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। **दूसरा साका** नागौर जिले में हुआ जब मेड़ता परगने के पोलावास ग्राम में सम्वत् 1700 के चैत्र बदी तीज को राजोद ग्राम के ठाकुरों द्वारा होली जलाने के लिए वृक्ष काटने के विरोधा में बधेजी ने तलवार से अपनी गर्दन कटवा दी।

तीसरा एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण साका जोधपुर जिले के खेजड़ली ग्राम में हुआ। यहां भाद्रपद शुक्ल दशमी सम्वत् 1787 को जोधापुर रियासत के कारिन्दों द्वारा खेजड़ी के वृक्षों को कटने से बचाने के लिए सर्वप्रथम एक नारी अमृता देवी ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्हीं का अनुसरण करते हुए उनकी तीनों पुत्रियों व उनके पति ने भी अपनी जान दे दी। इसके पश्चात् भी जब जोधपुर रियासत के अधिकारियों की वृक्ष काटे जाने की जिद जारी रही तो ग्रामवासियों ने भी अमृता देवी व उसके परिवार का अनुसरण करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। कुल मिलाकर गांव के 363 व्यक्तियों ने वृक्ष बचाने के लिए प्राणोत्सर्ग कर दिया।

वृक्षों की रक्षा के लिए आत्म बलिदान की एक और घटना जोधपुर जिले की तिलासनी में गांव में घटित हुई। किरपों भाटी द्वारा वृक्षों को काटने के विरोध में खींवजी, मोटो व नेतू नैण ने अपने प्राण त्यागे।उल्लेखनीय है कि विश्नोई समाज के प्रवर्तक जंभोजी ने विश्नोई समाज के 29 नियमों में वृक्ष एवं वन्य जीव संरक्षण को शामिल किया है। विश्नोई समाज ने अपने गुरु जंभेश्वर जी के इन वचनों को चरितार्थ किया है कि :-

'जीव दया पालणी, रूंख लीला नहीं धावै।'
'करे रूंख प्रतिमाल, खेजडा रखत रखावै।'

राजस्थान मेंजैव विविधता संरक्षण की मुख्य समस्याएं :

राजस्थान में जैव विविधता संरक्षण के सामने अनेक समस्याएं हैं –

1. **अधिवासों की क्षति –** विगत् वर्षो में बढती जनसंख्या तथा नगरीकरण के कारण जैव विविधता क्षेत्रों को बहुत क्षति पहुचीं है एवं उन सामाजिक मान्यताओं को भी आघात पहुंचा है जिनसे अभी तक यह संरक्षित थें। विकास परियोजनाओं यथा रेल, सडक, राजमार्ग व आवासीय बस्तियों आदि ने भी बहुत नुकसान पहुचाया है। बीकानेर – जैसलमेर में बालुरेत में बढती खेती ने चारागाहों को हटा दिया है।

2. **अतिक्रमण –**आबादी एवं कृषि विस्तार हेतु बढती भूमि की मांग ने वन क्षेत्रों में अतिक्रमण को बढावा दिया है और सरकारों के नियमितकरण ने समस्या को और विकराल बना दिया है। यदि इसे रोका नहीं गया तो वनों , अभयारण्यों तथा जैव विविधता क्षेत्रों का कुशल प्रबंधन करना अत्यन्त कठिन हो जाएगा।

3. **अवैध शिकार –**अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय बाजारों में वन्य प्राणी उत्पादों की बढती मांग ने जीवों के अवैध शिकार को बढावा दिया है। शिकार के कारण हुबारा तथा गोडावन जैसे पक्षी थार मरूस्थल से लुप्त हो गये हैं तथा बाघो की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है।

4. **खनन गतिविधियां –**राजस्थान खनिज संपदा से सम्पन्न हैं और अधिकांश खनिज वन क्षेत्रों में ही पाये जाते है। बढती खनन गतिविधियों ने न केवल हरियाली , वृक्षों तथा वन संपदा का विनाश किया है बल्कि प्राकृतिक आवासों को भी क्षति पहुंचाई है। खनन अपशिष्टों को वन तथा सार्वजनिक भूमि पर फेंकने से पर्यावरण को भी गंभीर चुनौती उत्पन्न हो रही है।

5. **पशु चराई –**राज्य में पशु एवं मानव संख्या अनुपात लगभग 1:1 है। लोग अपने पशुओं को वनों तथा संरक्षित क्षेत्रों में चराई हेतु ले जाते है। एक ओर वर्ष के अभाव, जलवायु परिवर्तन तथा अकाल की स्थितियों के कारण घास, झाडियां तथा वनस्पतियों का उद्भव पूरा नहीं हो पाता है तो दूसरी ओर मृदा तथा वन्य जीवन पर दुष्प्रभाव पडता है। कई बार वनकर्मियों तथा ग्रामीणों के मध्य संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

6. **वनाग्नि –**राज्य के अधिकांश वन शुष्क पतझडी होने के कारण घास – पतियों में जल्दी आग लग जाती हैं। ग्रामीणों, मवशी पालकों तथा आदिवासियों के लघु वन उपज संग्रहण गतिविधियों के समय जलती बीडी/ सिगरेट जंगल में छोड़ देने से ऐसी घटनाएं होती रहती है।

7. **अन्य प्रजातियों का प्रभाव –**अन्य पाद्प प्रजातियों के अतिक्रमण से भी स्थानीय वनों की विविधता, प्रजातिगत समुदायों तथा पारिस्थिति की तंत्रों के ढाचें में विघ्न उत्पन्न होता है। जैसे थार मरूस्थल में जूली फ्लोरा, लेन्टाना, चूहों, पक्षियों तथा नील गायों का वर्चस्व बढ़ गया है।

8. **भूमि समतलीकरण एवं क्षारीयता –**खेती तथा आवासीय उद्देश्यों से भूमि का समतलीकरण भी एक बडी समस्या है जिसमें स्थानीय प्रजातियों

एवं ईको सिस्टम में असंतुलन उत्पन्न होता है। विकास कार्यो जैसे सडक, रेलवे व अन्य ढाचांगत निर्माण भी वन्य जीवों का कोरीडोर समाप्त कर देते हैं। भूमि की लवणता क्षारीयता में प्रतिदिन हो रही बढोतरी भी जैव विविधता को नुकसान पहुंचाती है।

9. परम्परागत ज्ञान में कमी –आधुनिक विकास की होड में तथा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की बढती प्रवृति ने वनों, वन्य जीवों तथा पर्यावरण संरक्षण के परम्परागत तरीकों, विश्वासों तथा लोक मान्यताओं से आमजन को दूर कर दिया है। फलत: नव पीढी धार्मिक संरक्षित वृक्षों – कुंजों का उतना सम्मान नहीं करती है, जितना आदिकाल से चला आ रहा है।

भावी रणनीति – पृथ्वी पर लगभग 18 लाख जीव प्रजातियों की पहचान की गई है, जो धरती की जैव विविधता को समृद्ध बनाती है। वर्तमान में इनमें से कई प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है,जो चिन्ता का विषय है। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार अगली सदी के दौरान प्रजाति विलोप का सबसे बड़ा अकेला कारण कंटिबंधीय वनों का विनाश होगा। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि किसी भी एक प्रजाति का अतिदोहन भी अन्य प्रजातियों के विलुपत्ता का कारण बन सकता है।इसलिए प्रकृति के इस नाजुक संतुलन के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए वरना प्रकृति खुद उसी पर पलटवार कर पर्यावरणीय संकट उपस्थित कर सकती है।

विश्व में आज लगभग 4,000 जन्तु प्रजातियाँ तथा 60,000 वनस्पति प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर है। आज पृथ्वी पर अनेक प्रत्येक 8 में से एक चिडीया प्रत्येक 4 में सें एक स्तन पायी, प्रत्येक 4 में सें एक कोणाधारी वृक्ष, प्रत्येक 3 में सें एक उभय चर, प्रत्येक 7 में सें 6 कछुए, प्रत्येक 4 में सें 3 मछली प्रजातियाँ विलुप्त होने का खतरा झेल रही है।भारत से वर्ष 1900 से जेरडॉन कॉर्सर पक्षी, 1935 से गुलाबी सिर वाली बतख तथा वर्ष 1946 सेचीता पूर्ण रूप से विलुप्त हो चुके है। वर्तमान में जैव प्रजातियों की विलुप्तता प्राकृतिक दर से हजार गुणा अधिक है।

जैवविविधता का समस्त भूमडल पर हो रहे क्षरण को रोकने हेतू अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जैवविविधता संरक्षण एंव संवर्धन हेतू सामूहिक प्रयास किये गये जिसके फलस्वरूप वर्ष 1994 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता संधि का सदस्य बनने के बाद भारत सरकार द्वारा विद्यमान संरचना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाये गयें है। इस दिशा में कानून एंव न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संसद के अनुमोदन एंव महा महिम राष्ट्रपति की सहमति से दिनांक 5 फरवरी, 2003 को स्थापित किया गया जैवविविधता अधिनियम, 2002 (2003 का अधिनियम संख्या 18) एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त अधिनियम में जैव संसाधनों एवं उनकी विविधता के संरक्षण, उनके अवयवों के सतत् उपयोग तथा इन संसाधनों, इनकें ज्ञान व सम्बन्ध विषयों के व्यावसायिक उपयोग से होने वाले लाभों के उचित एंव साम्यपूर्ण रीति से हित धारकों में बंटवारे की व्यवस्था की गई है। वन्य प्राणियों के लिए संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना, जहां मानवीय हस्तक्षेप कम हो अथवा हटाया जाये, की धारणा दो कारणों से संसाधनको ताले में बंद करके रखना नहीं माना जाना चाहिए। **प्रथम,** बहुत कम प्रतिशत में वन क्षेत्र ऐसे है जिन्हें पुर्ण संरक्षित किया जाना जरूरी है और **दूसरा**, केवल इस तरीके से ही वन्य गुण संपदा को सुरक्षित किया जा सकता है। यदि अभी हम इनको सुरक्षित नहीं कर पाते है तो ये भावी आर्थिक संसाधन हमेशा के लिए समाप्त हो जायेंगे। अत: राज्य में जैव विविधता संरक्षण की निम्न उल्लेखित रणनीति अपनानी होगी।

1. राज्य में कम से कम 5 प्रतिशत भू–क्षेत्र संरक्षण हेतु आरक्षित किया जाना चाहिए, जिसमें 3 प्रतिशत वन भूमि तथा 2 प्रतिशत बाह्य वन अधिवास शामिल हो।
2. राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल के, वन क्षेत्र को 9 प्रतिशत तथा बाहरी वन्य क्षेत्र को 20 प्रतिशत मानते हुए हम संरक्षित क्षेत्रों को वन क्षेत्र का 33 प्रतिशत तथा गैर वन अधिवासों का 10 प्रतिशत का लक्ष्य बना सकते है।
3. इन समस्त वन्य संपदाओं को ताला बंद नहीं किया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय उद्यानों के कोर क्षेत्र में से लगभग 16.5 प्रतिशत वनाच्छादित क्षेत्र तथा 5 प्रतिशत गैर वन क्षेत्र को काम में लिया जाना चाहिए। शेष संपदा, जहां संसाधनों का उपयोग, वन्य जीव संरक्षण के उद्देष्यों के साथ स्वीकार्य हो, का अभयारण्य के रूप में प्रबंधन किया जाना चाहिए।
4. मरू क्षेत्र में बायोस्फेयर रिवर्स के सिद्धांत अपनाये जाने चाहिए जिससे स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिना रूकावट के वन्य प्राणी संरक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा सके।
5. सुचारू विकास एवं जन सहभागिता हेतु ग्राम्य स्तर पर सूक्ष्म नियोजन किया जाना चाहिए।
6. तकनीकी नवाचारों को बढावा देने हेतु विशिष्ट अधिवास आधारित अनुसंधान किया जाना चाहिए।
7. प्रसार–प्रसार, प्रशिक्षण हेतु अधिकाधिक स्वंय सेवी संस्थाओं की सहभागिता ली जानी चाहिए।
8. स्थानीय और आदिवासी समुदाय अपने जीवन के तरीकों के माध्यम से वन क्षेत्रों की रक्षा करते है और उनकी पांरपंरिक प्रथाएं और ज्ञान उत्कृष्ट है। अत: शासन एवं प्रशासन को स्थानीय समुदाय की वनों एवं वन्य जीवों के संरक्षण से जुडी सामाजिक – धार्मिक भावनाओं को प्रश्रय दिया जाना चाहिए।
9. सरकार द्वारा कई संरक्षित क्षेत्रों में कोर और बफर क्षेत्रों को पर्यटन के लिए खोल दिया गया है, जो स्थानीय समुदायों और वन्यजीवों दोनों के लिए समस्या पैदा कर रहा है। जैसे गैर–लकड़ी वन उत्पादों, स्थानीय संस्कृति और पशुपालन पर आधारित आजीविका गायब हो रही है। इसका तत्काल समाधान करना चाहिए। जिससे आमजन व प्रशासन में बढ़ते टकराव को रोका जा सकें।
10. संरक्षण हेतु विकसित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण एवं सतत् मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
11. प्रोजेक्ट टाईगर की तर्ज पर ही संकटग्रस्त जीवों एवं पादपों हेतु परियोजनाऐं बनाई जानी चाहिए। जैसे कि – प्रोजेक्ट गोडावन , प्रोजेक्ट भेडिया , प्रोजेक्ट सागवान , प्रोजेक्ट धौक।
12. जैव विविधता के संरक्षण के लिए ग्राम/पंचायत स्तर की रणनीति और कार्य योजना विकसित की जा सकती है।
13. समुदायों की आजीविका की जरूरतों और प्रथागत अधिकारों की उचित मान्यता के साथ संरक्षण को प्रासंगिक बनाया जाना चाहिए ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. गायत्री प्रसाद, डॉ. राजेश नौटियाल 'पर्यावरण भूगोल' शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. डॉ. सतीष कुमार शर्मा 'वन्य जीव प्रबंधन' आर्य पब्लिकेशन, उदयपुर।

3. डॉ. रतन जोशी 'जैव भूगोल एवं जैव विविधता' साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
4. प्रमोद कुमार,देवेन्द्र कुमार 'जैव विविधता एवं संरक्षण' राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमिक, जयपुर।
5. राजस्थान सुजस पर्यावरण विशेशांक, जून, 2022
6. सुनील कुमार शर्मा 'जैव विविधता के संरक्षण में धार्मिक मान्यताएं'।
7. डॉ. सूरज जिद्दी 'जैव विविधता एक चिंतन'।
8. जैव विविधता प्रबंध समितियों के गठन एवं संचालन हेतु दिशा निर्देश, राजस्थान राज्य जैव विविधता बॉर्ड जयपुर द्वारा प्रकाशित।
9. जैव विविधता अधिनियम 2002, राजस्थान जैव विविधता नियम 2010, राजस्थान राज्य जैव विविधता बॉर्ड जयपुर द्वारा प्रकाशित।
10. 'राजस्थान के प्रमुख संकटग्रस्त वन्य जीव' राजस्थान राज्य जैव विविधता बॉर्ड जयपुर द्वारा प्रकाशित।
11. वानिकी समाचार, राजस्थान वन विभाग, जयपुर द्वारा प्रकाशित।
12. Rajasthan State Biodiversity Board : Government of Rajasthan.
13. www.discoveredindia.com
14. www.forest.rajasthan.gov.in
15. www.environment.rajasthan.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

A Comparative Study of Kinesthetic Perception of Male and Female Basketball Players

Pravita Khatri*

*Asst. Prof., J.A.V. Girls Degree College, Baraut (Baghpat) (U.P.) INDIA

Abstract - The aim of the study was to compare the Kinesthetic perception of male and female Basketball players. Twenty males and twenty female Basketball players were selected as a subject. Age of the subjects ranged from 18 to 24 years. The subject of the study was residing in the institute campus, they had a similar routine work, diet, rest, sleep etc. All of them were participating in the regular activity classes in accordance with the requirement of the Institute curriculum. All subjects had basketball as their match practice or advanced course. The scores of the subjects on the kinesthetic obstacle test were used as the criterion measure for the study. In order to analyse, the data, the t-ratio was used to compare the means of different groups. The level of significance was set at .05. On the basis of analysis of date, the conclusion was drawn that there is no significant difference between male and female Basketball players in their kinesthetic perception.

Introduction - To be good sportsman one has to develop various qualities within himself. A sportsman should have good kinesthetic perception ability, stability, speed, strength; suppleness; endurance and skill (personal skill; rhythm; handling object etc.).

For a sportsman it is extremely important to have information about what the muscles are doing and their position during a movement. It is also successfully argued that this muscle sense called kinesthetic, is equally necessary for the successful execution of well learned skills kinesthesia is a keenly developed sense required of beginners and experts alike for proficiency in many motor skills.

With the development of sensitive electronics apparatus in the 1940's and 1950's it has become possible to delineate rather, exactly just what kind of receptors seem to result in various kinds of kinesthetic adjustment to tasks. At the behavioural level, some of the best studies were carried out before the turn of the century. Sadly, the majority of the work since that tiem has often consisted of one attempt efforts, without the benefit of solid theoretical bases. Indeed it could be said that measurement of kinesthesis has probably provided almost as many physical educators with advanced degrees as have studies of strength and fitness.

Research has shown that the propioceptors provide feedback that aids future performances of a similar nature. Also, it has been argued that in order to develop skill, the child must "get the feel" of what he is like to execute the skill correctly. Kinesthetic sense is important in virtually every skill. An example of kinesthesis is the ability of a Basketball player continually to make spikes or to adjust after having missed one.

To perform competently in Basketball an individual must have good kinesthetic sense, or body awareness. An individual must be able to control the position of the body, and to know where each body part is at all times. Kinesthetic awareness enables the child to jump, to turn quickly or slowly, to change directions suddenly, and to perform any other movement necessary for the smooth execution of a skill. The integration of all four aspects of perception is required for complete perceptual development – development that is necessary for participation in any Basketball skill, whether it is cognitive (mental) or psycho motor (physical). Coach should be aware that perceptual development is continuous, perception is an essential part of performance at all levels of skills. Adequate perceptual development allows athlete to use his or her physical abilities at the optional level for the highest possible level of performance.

It is commonly seen that adults develop certain amount of awkwardness in their movements, which certainly affects their participation in various games and sport activities. Keeping this in view the research scholar will make an attempt to compare how far the both sex groups differ in kinesthetic perception, which is an essential element to perform any skill effectively.

Procedure : Each subject was allowed on practice trial of walking through the course without being blindfolded. Then the subject walked through in course blindfolded for the

test.

1. The subject scored 10 points for each station he successfully cleared, without touching the obstacles. There were 10 stations for a maximum score of 100 points.
2. There was a 10 points penalty for touching any part of the body against an object. After such penalty the subject was directed to the centre fine and one step ahead of the particular station.
3. There was a 5 points penalty for each occurrence of getting outside the marked area. Upon such occurrences the subject was directed back into the centre of the line at the nearest point form which he went astray.
4. The final scores were recorded to represent the kinesthetic perception of the subjects.

In order to analyze, the data, the t-ratio was used to compare the means of different groups. The level of significance was set at .05.

Statistical Analysis of Date and Results of the Study : The statistical analysis of data collected on forty subjects were analysed by applying 't' ratio to find out the significant difference if any between the means of the score of male and female Basketball players on the bais of kinesthetic perception test, Results are presented in Table.

Significance of Difference between the means of Selected Group

Group	N	Mean	Mean Difference	t-ratio
A	20	52.25	2	0.42*
B	20	50.25		

- Not significant at .05 level of confidence
  Tabulate $t_{.05}(38) = 2.02$
  Group A – Female Basketball Players.
  Group B – Male Basketball Players.

Analysis of data presented in Table 2 indicates in Table 2 indicates that the calculated 't' ratio of t=0.42 of the means of Group-A which was 52.25 and 50.25 of Group-B on the basis of score of kinesthetic perception ability test was found in significant at .05 level of confidence as the calculated 't' value i.e., 0.42 which as less than tabulated 't' value i.e., 2.0 at 38 degree of freedom.

Discussion : It is observed from the findings that there exists no significant difference between the kinesthetic perception of male and female Basketball players. This reasons could be attributed to the fact that the nature of the game Basketball is such that for both sex's court dimension, height of the net size of the ball, the specificity of rule interpretation, trends of tactics, playing system, player dependenced in negative tactic etc. are the same.

Another reasons could be that both the groups were undergoing a similar curriculum and had been adequately trained, no differences were detected.

The other reasons could be that apart from kinesthetic sense the visual and auditory senses play a very significant role in playing the game by both males and females. The result of findings might be due to similar physiological make up of both groups.

The other reasons could be that the subjects were in the age group of 18-24 years. In this group of age all the senses are well developed.

On the basis of the result of the study it is stated that the hypothesis stated earlier that there would not have any difference between the kinesthetic perception ability among male and female Basketball players, is accepted.

Conclusion : With in the limitations of the present study and on the basis of the analysis of data, the following conclusion was drawn.

There is no significant difference between the male and female Basketball players in their kinesthetic perception.

References:-

1. Benson, Carolyn R. "A Factor Analysis of Balance, Kinesthesis, and Motor Pattern for Projecting an object with and without vision. **"Completed Research in Health, Physical Education and Recreation"** 7 (1965) : 112.
2. Bucher, A. Charles. **Foundation of Physical Education and Sports,** 9th ed. London : The C.V. Mosby Co.
3. Chew, Richard A. "Verbal, Visual and Kinesthetic Error Feedback in the Learning of Simple Motor Task. **"Research Quarterly"** 47 May 1976 : 254.
4. Clarke, H. David**. Research Processes in Physical Education,** 2nd ed. New Jersey : Prentice Hall Inc.,
5. Clinger, Andrea Elsa. "A Comparison of Selected Measures of Static and Dynamic Kinesthesis." **Complete Research in Health, Physical Education and Recreation,** 21 (1980): 135.
6. Cratty, Bryant J. **Movement Behaviour and Motor Learning.** 3rd ed. London : Kimpton Publishers, 1975.
7. Dowell, Martha N. "The Serial-Position Curve in Kinesthetic Short-Term Memory." **Completed Research in Health, Physical Educatioin and Recreation,** 4 (1962) : 30.
8. Durentinin, Carol Lauise. "The Relationship of a Purported Measure of Kinesthesis to the Learning of a Simple Motor Skill, The Basketball free throw, projected with and without vision". **Complete Research in Health, Physical Education and Recreation,** 10 (1968) : 51.
9. Fae, Witle, "Relationship of Kinesthetic Perception to a Selected Motor Skill for Elementary School Children." **Research Quarterly**, 35 (October 1962) : 476.
10. Fernald, F. **Introduction to Psychology.** tth ed. Dobuque, lowa: WCB Publishers, 1965.
11. Griggs, Dean B. "The Effect of Pain on Kinesthetic Peception", **Completed Research in Health, Physical Education and Recreation,** 11 (1169) : 94.
12. Kukushkin, G.I. **The System of Physical Education in USSR.** Moscow : Radugi Publishers, 1983.

13. Lenin, V.L. **Notes on Plekhanov's Second Drat Programme**. Moscow : PMC Publishers, 1974.
14. Llewellyn, H. Jack and Judy, A. Blucker. **Psychology of Coaching; Theory and Application.** Delhi : Surjeet Publications, 1982.
15. Nelson, K. Jack and Barry, L. Johnson. **Practical Measurement for Evaluation in Physical Education.** Delhi : Surjeet Publications.
16. Oxendine, B.Joseph. **Psychology of Motor Learning.** New Jersey: Prentice Hall.
17. Phillips, D. Allen and James E. Hornak. **Measurement and Evaluation in Physical Education.** New York : John Willey and Sons, 1979.
18. Singer, N. Robert, **Motor Learning and Human Performance.** 2nd ed. New York : McMillan Publishing Co., Inc., 1975.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

भारतीय लोक सेवा में भ्रष्टाचार और सूचना का अधिकार

इम्तियाज अहमद*

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर, लोक प्रशासन, राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ(उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – भ्रष्टाचार एक बहुआयामी एवं सर्वव्यापी परिघटना है, जो भ्रष्ट अर्थात बुरे या बिगड़े हुए आचरण अर्थात चरित्र को रूपांतरित करता है, किन्तु अधिकांशत: लोकप्रशासन के विद्वानों तथा समाज वैज्ञानिकों ने प्रशसनिक भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में धन की उपस्थिति व सार्वजनिक पद के दुरूपयोग को अनिवार्य स्थिति माना है। दूसरे शब्दों में कहें तो व्यक्तिगत लाभ के लिये सार्वजनिक सत्ता का दुरूपयोग करना, जिससे कानून भंग होता हो या समाज के मानदंडों का विचलन होता हो, उसे भ्रष्टाचार कहते हैं। भ्रष्टाचार की बहुआयामी धारणा में इसके विविध तरीकों में से कुछ इस प्रकार हैं– अपने निर्धारित कर्तव्यों का पालन न करना, पद में निर्धारित कर्तव्यों का पालन न करना, पद का दुरूपयोग करना, नियमों की अनदेखी करना, अपात्र को प्राथमिकता देना, सरकारी धन का दुरूपयोग करना, सार्वजनिक पद पर रहते हुए अपने सगे, सम्बन्धियों को अन्य तरीके से लाभ पहुंचाना आदि को शामिल किया जा सकता है। भ्रष्टाचार की कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 161 में भ्रष्टाचार की परिभाषा में उल्लेखित है कि 'जो व्यक्ति शासकीय कर्मचारी होते हुए या होने की आशा में अपने या अन्य किसी व्यक्ति के लिये विधिक पारिश्रमिक के अलावा कोई घूस लेता है या स्वीकार करता है अथवा लेने के लिये तैयार हो जाता है या लेने का प्रयत्न करता है या किसी कार्य को करने या ना करने के लिये उपहार स्वरूप या अपने कार्य करने में किसी व्यक्ति के प्रति पक्षपात या उपेक्षा या किसी व्यक्ति की कोई सेवा या कुसेवा का प्रयास केन्द्रीय या अन्य राज्य सरकार या संसद या विधान मण्डल या किसी लोक सेवक के संदर्भ में करता है तो उसे तीन वर्ष तक कारावास का दण्ड या अर्थदण्ड अथवा दोनों दिये जा सकेंगे।' भ्रष्टाचार की व्यापक अवधारणा से शोधकर्ता के द्वारा मात्र लोक सेवा में व्याप्त भ्रष्टाचार के सन्दर्भ में तथा इसके निवारण हेतु गठित संस्थाओं की भूमिका एवं भ्रष्टाचार निवारण में सूचना अधिकार के बारे में विचार–विमर्श, इनके प्रभावी हेतु सुझाव सुझाया जायेगा, प्रस्तुत शोध–पत्र विवरणात्मक व वर्णनात्मक शोध पद्धति के माध्यम से किया जायेगा।

शब्द कुंजी – पारदर्शिता, भारतीय लोक सेवा, भ्रष्टाचार, सूचना का अधिकार, कानून, कारावास, पारिश्रमिक।

भारत में लोक सेवा में व्याप्त भ्रष्टाचार – भारत में लोक सेवाओं के प्रभावी विस्तार को संवैधानिक मान्यता प्राप्त है जिसके अन्तर्गत संविधान के अनु0 312 के द्वारा संसद को संघ या राज्य के लिये एक या अधिक अखिल भारतीय सेवाओं के गठन की शक्ति प्राप्त है, का प्रावधान किया गया है। स्वतंत्र भारत में प्रभावी लोक सेवाओं की वर्तमान संरचना ब्रिटिश भारत की विरासत मानी जाती है, लेकिन भारतीय प्रशासन की प्राचीन पुस्तक कौटिल्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' में 40 प्रकार के भ्रष्टाचारों का उल्लेख किया गया है।[1] मध्यकाल में अलाउद्दीन खिलजी व मोहम्मद बिन तुगलक तथा औरंगजेब द्वारा रिश्वत को रोकने के अनेक उपायों का उल्लेख मिलता है। ब्रिटिश काल में भ्रष्टाचार चरमोत्कर्ष पर था इस दौर में पुलिस, सरकारी अधिकारी, न्यायधीश के अलावा गवर्नर जनरलों पर भी ब्रिटेन वापसी के बाद भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप के आधार पर मुकदमे चलाये गये। प्रशासनिक पदों पर बैठे हुए पदाधिकारियों को कुछ विशेषाधिकार प्राप्त होते है, फलस्वरूप लोक सेवा में भ्रष्टाचार अनवरत बढ़ता चला गया। सम–सामयिक प्रशासनिक वातावरण में लोक सेवाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार सम्पूर्ण प्रक्रिया से सम्बद्ध है अर्थात भर्ती प्रक्रिया से लेकर सेवानिवृत्ति तक, प्रत्येक चरण में भ्रष्टाचार अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है, इसलिये इससे मुक्त होना अत्यन्त कठिन कार्य प्रतीत होता है। सरकार के द्वारा लोक सेवाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये सरकार के स्तर पर और साथ ही लोक सेवाओं में से भी यह प्रयास किया जाता है कि प्रशासन मे लोक सेवकों की सचरित्रता प्रकट हो किन्तु दूसरा पहलू यह भी है कि लोक सेवा में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक कारण प्रमुख कारक सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग भी है और इससे इनकार नहीं किया जा सकता।[2] भ्रष्टाचार के कारणों मे स्वार्थ, भौतिकतावादी प्रवृत्ति, आर्थिक विषमता, भाई–भतीजावाद तथा नैतिक मूल्यों का ह्रास आदि शामिल है। इसके अलावा लाल फीताशाही, सरकार की आर्थिक नीतियाँ, आवश्यक वस्तुओं की कमी, वैश्वीकरण–उदारीकरण के कारण उपभोक्तावादी संस्कृति में वृद्धि, चुनावी खर्चों का निरंतर बढ़ता आकार भ्रष्टाचार में लिप्त संस्थाओं तथा व्यक्तियों के लिये कठोर दण्ड का अभाव व न्याय में देरी इत्यादि को भी प्रमुख कारण माना जा सकता है।[3] भ्रष्टाचार रूपी सर्वव्यापक समस्या की समाप्ति के लिये सरकार के द्वारा समय–समय पर समितियों व आयोगों का गठन करते हुए इनके सुझावों को प्रभावी तरीके से लागू करने का प्रयास भी किया है, किन्तु भ्रष्टाचार का प्रभाव कमोवेश सभी क्षेत्रों में व्याप्त है। लोक सेवाएं भी इससे मुक्त नहीं है बल्कि भारत में विविध क्षेत्रों में होने वाले घोटालों में राजनीतिक प्रशासन व प्रशासनिक तन्त्र की मिली भगत के आरोप भी लगते रहे हैं। भारत के चर्चित प्रमुख घोटाले जैसे– मारूती घोटाला, चारा घेटाला, बोफोर्स घोटाला, नोट

फार वोट, हवाला घोटाला, आदर्श हाउसिंग घोटाला, राष्ट्रमंडल घोटाला, आई0पी0एल0 घोटाला, हेलीकाप्टर खरीदी में घोटाला, व्यापम घोटाला, कोल घोटाला आदि ऐसे घोटाले हैं जिन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास की जड़ों को हिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विभिन्न सरकारों के द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये प्रयास किये हैं, जिसके तहत भ्रष्टाचार निरोधक अभिकरणों यथा-केन्द्रीय सतर्कता आयोग, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, लोकपाल तथा जनसूचना आयोग का गठन किया गया है। इनके प्रयासों से भ्रष्टाचार में कमोवेश सुधार भी हुआ है।[4]

केन्द्रीय सतर्कता आयोग-इस संस्था की स्थापना के. संथानम समिति की सिफारिश पर भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय स्तर पर प्रशासनिक भ्रष्टाचार हेतु फरवरी 1964 को एक संकल्प द्वारा की गई थी। यह एक बहु सदस्यीय सांविधिक निकाय है, जिसमें एक अध्यक्ष तथा दो सदस्य होते हैं इनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति (गृह मंत्री/ लोकसभा में विपक्ष का नेता) की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) के वेतन भत्ते व अन्य सेवा शर्तें संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के समान होती है। इनका कार्य काल 04 वर्ष या 65 वर्ष तक होता है। अपने कार्यकाल के पश्चात् वे केन्द्र अथवा राज्य सरकार के किसी पद के योग्य नहीं होते हैं।[5] इस आयोग ने भ्रष्टाचार को उसकी प्रकृति, क्षेत्र व विषयवस्तु के आधार पर 27 प्रकारों में विभाजित किया है। यह आयोग ऐसी सभी शिकायतों के संबंध में जांच करता है, जिसमें किसी शासकीय अधिकारी पर अनुचित उद्देश्य या भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया गया है। किसी सार्वजनिक पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरो लगा देने मात्र से वह जांच योग्य नहीं हो जाता बल्कि आरोपों के साथ साक्ष्य भी लगा होना चाहिए। इस हेतु सरकारी कार्यालयों से सूचना अधिकार अधिनियम का प्रयोग करके उपयुक्त सहायक साक्ष्य अथवा आवश्यक सूचना को संलग्न करने से लगे आरोपों को बल मिलता है। इसके अलावा राजपत्रित अधिकारियों तथा उनके समकक्ष कर्मियों के भ्रष्टाचार मामलों की जांच करना, प्रतिवर्ष राज्य सतर्कता आयुक्तों का वार्षिक अधिवेशन बुलाना आदि इसके प्रमुख कार्य है।[6]

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई) केन्द्र सरकार की मुख्य अनुसंधान एजेन्सी है, जिसकी स्थापना के. संस्थान समिति की सिफारिश पर 1963 में की गई थी। इसका एक मुख्य ध्येय भ्रष्टाचार की रोकथाम करना है। सी.बी.आई कोई वैधानिक संस्था नहीं है। वह गृह मंत्रालय के एक संकल्पन द्वारा स्थापित हुई थी, बाद में इसे कार्मिक मंत्रालय को स्थानान्तरित कर दिया गया और उसकी स्थिति वहां एक सम्बद्ध कार्यालय के रूप में रही। बाद में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना का भी इसमें विलय कर इसे स्वतंत्र निकाय बना दिया गया।[7] यह संस्था भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों, आर्थिक अपराधों और परम्परागत अपराध के मामलों की जांच का कार्य करती है। यह सामान्य रूप से अपनी गतिविधियों को केन्द्र सरकार और संघशासित प्रदेशों तथा उनके सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों, कर्मचारियों के द्वारा किये जाने वाले भ्रष्टाचार सम्बन्धी अपराधों तक सीमित रखती है। यह लोकपाल एवं केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त की सहायता करती है और इनके लिये एक जांच अभिकरण के रूप में कार्य करता है।[8]

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1947-भ्रष्टाचार निवारण हेतु स्वतंत्र भारत में लाया गया यह पहला अधिनियम था। इस अधिनियम के माध्यम से भारतीय दण्ड संहिता की धारा 161 से 165 तक में भ्रष्ट लोक सेवकों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिये भ्रष्टाचार सम्बन्धी परिभाषा एवं इसके विविध तरीकों एवं के वैधानिक उपबन्धों के बारे में बताया गया है।[9] अधिनियम के द्वारा एक नये अपराध 'पद कर्तव्य के निर्वहन में अपराधिक कदाचार' को परिभाषित किया गया है, जिसके लिये न्यूनतम एक वर्ष व अधिकतम सात वर्ष की सजा का प्रावधान था। अधिनियम में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि यदि लोक सेवक ने वैधानिक शुल्क तथा वेतन के अलावा कोई परितोषण ग्रहण किया है तो यह माना जायेगा कि लोक सेवक इस अधिनियम के तहत भ्रष्टाचार किया है।

अपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1952 - यह अधिनियम, 1947 के अधिनियम में व्याप्त कमियों को दूर करने के लिये अपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1952 लाया गया। इसके द्वारा आई0पी0सी0 की धारा 165 के अधीन उल्लिखित इस अधिनियम के द्वारा 165 में (क) उपधारा अपराधों को दुष्प्रेरित करना भी अपराध बना दिया गया। इसमें यह उपबन्ध किया गया था कि भ्रष्टाचार से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई विशेष न्यायधीशों के द्वारा ही की जायेगी।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं संशोधित अधिनियम 2018- इस अधिनियम में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1947, अपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1952 और आई0पी0सी0 की कुछ धाराओं के संशोधनों को शामिल किया गया है। इस अधिनियम की धारा-2 में लोक सेवक शब्द को विस्तृत रूप से परिभाषित तथा लोक सेवकों के कर्तव्य की नवीन अवधारणा को शमिल किया गया था। इसकी विशेषताओं में से मुख्यत: यह है कि- सभी अपराधों को इस अधिनियम की धारा 3 में रखा जाना, जुर्माने में वृद्धि, न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों में शीघ्र सुनवाई जैसे प्रावधान इस अधिनियम में किये गये।[10]

2018 में 30 वर्ष पुराने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में संशोधन किया गया जो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 कहलाता है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि न केवल रिश्वत लेने वाले ही नहीं बल्कि रिश्वत देने वालों को भी भ्रष्टाचार के दायरे में लाने के साथ ही दण्ड का भी प्रावधान किया गया है।[11] इसके साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने वाले अधिकारियों के लिये संरक्षण, लोक सेवकों पर भ्रष्टाचार का मामला चलाने से पूर्व केन्द्र व राज्यों के मामलों में क्रमश: लोकपाल एवं लोकायुक्त से अनुमति लेना, रिश्वत देने वाले को अपना पक्ष रखने के लिये कम से कम 7 दिन तथा अकधिकतम 15 दिन का समय दिया जाना जैसे प्रमुख प्रावधान किये गये।

प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) - प्रवर्तन निदेशालय केन्द्र सरकार के अधीन एक संस्था है जो देश में भ्रष्टाचार निरोधक अभिकरण के रूप कार्य कर रहा है। वर्तमान समय में इसकी सक्रियता की वजह से चौतरफा चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी स्थापना 1956 में की गई जो कि यह एक गैर संविधानिक संस्था है। यह एक ऐसी खुफिया अभिकरण है, जो हमारे देश में वित्ता से सम्बन्धित अपराधों पर अपनी नजर बनाये रखती है और साथ ही मनी लॉड्रिंग से जुड़ें मामलों की जांच करती है। यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग का हिस्सा है। विगत कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार के मामलों के संदर्भों में यह अतिसक्रिय हो गया है, परन्तु इससे पूर्व बहुत कम ही आम जन को इसके बारे में पता था। इसकी अति सक्रिया की भी आलोचना की जाती है और इस पर राजनीतिक प्रभाव से कार्य करने का आरोप लगता रहता है, चाहे सरकार किसी भी दल की हो। ऐसे आरोपों से संस्था की शाख को धक्का

लगता है, ऐसे में इसे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना चाहिए।

भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक उपकरण के रूप में सूचना का अधिकार– ऐसा कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ राजनीतिक एकजुटता की शुरुआत सूचना का अधिकार कानून से हुई। जैसे कि हम जानते हैं कि शासन व प्रशासन में गोपनीयता की संस्कृति, सरकारी अधिकारियों को भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता के दुरुपयोग और निजी उद्देश्यों के लिए धान के विचलन के कारण निवेश कम होता है।[12] नतीजतन, सरकार के सामाजिक खर्च से कोई सार्थक लाभ नहीं मिलता है, उदाहरण के लिए, शिक्षक पढ़ाते नहीं हैं, डॉक्टर और नर्स स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं जाते हैं, राशन कार्ड धारकों को सब्सिडी वाला खाद्यान्न नहीं मिलता है और इस प्रकार जन मानस को आजीविका सहायता से जुड़े अधिकारों से वंचित कर दिया जाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 ने हमें पहली बार वैधानिक रूप से सरकार से सूचना प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया है। परन्तु इससे पहले समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने निर्णयों में अभिनिर्धारित किया की- जानने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 (1) ए के तहत आता है। इसका समुचित प्रयोग करके सार्वजनिक कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर कर सकते हैं और उन कर्तव्यों को भी सामने ला सकते हैं जिनका निर्वहन अधिकारियों द्वारा नहीं किए जा रहे हैं। इसके अलावा, कुछ देशों में सूचना का अधिकार कानून को भ्रष्टाचार विरोधी या राज्य आधुनिकीकरण एजेंडे (उदाहरण के लिए मेक्सिको और चिली) के एक हिस्से के रूप में देखा गया है, दक्षिण एशिया में, विशेष रूप से भारत में। इसके द्वारा हम अपनी समस्याओं का समाधाान भी खोज सकते हैं। हम सार्वजनिक परियोजनाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी भी पूछ सकते हैं।[13] हम फाइलों का निरीक्षण कर सकते हैं और किसी भी हेराफेरी की जांच कर सकते हैं। सरकार विकास कार्यों के लिए बड़ी रकम खर्च करती है। हम अपने क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी मांग सकते हैं। सूचना के अधिकार अधिनियम की सहायता से निविदाओं, अनुबंधों, भुगतानों तथा इंजीनियरिंग कार्यों के प्राक्कलन आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सूचना का अधिकार कानून प्रयोग करके भ्रष्टाचार व अनियमितता को उजागर करने वाले कुछ उदाहरण जैसे- सन् 2008 में योगाचार्य आनंदजी और सिमप्रीत सिंह जैसे आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा इस कानून के तहत किये गये आवेदनों ने राजनेताओं और सैन्य अधिकारियों के बीच मिली भगत के संबंधों को प्रकाश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 31 मंजिला इमारत, जिसमें केवल छह मंजिल ही बनाने की अनुमति थी, जोकि मूल रूप से युद्ध विधवाओं और दिग्गजों के आवास के लिए थी। इसके बजाय, फ्लैट कई राजनेताओं, नौकरशाहों और उनके रिश्तेदारों के पास चले गए। आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले की वजह से महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को इस्तीफा देना पड़ा और राज्य के अन्य अधिकारी भी जांच के दायरे में आए।

सन् 2007 में, असम में स्थित एक भ्रष्टाचार विरोधी गैर-सरकारी संगठन, (कृषक मुक्ति संग्राम समिति) के सदस्यों ने एक आरटीआई आवेदन डाला, जिसमें गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए भोजन के वितरण में अनियमितताओं का खुलासा हुआ, इसके परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की गई और इस मामलें में कई सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया।[14]

सन् 2008 में पंजाब स्थित एक गैर सरकारी संगठन द्वारा एक आरटीआई आवेदन के माध्यम से प्राप्त जानकारी से पता चला कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थानीय शाखाओं के प्रमुख नौकरशाहों ने कारगिल युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों के लिए कार खरीदने के लिए पैसे का प्रयोग किया, एयर-कंडीशनर और होटल के बिलों का भुगतान-किया गया। स्थानीय अदालतों ने धोखाधडी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर आरोप लगाया और धन को प्रधान मंत्री राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया।[15]

वैष्णवी कस्तूरी एक दृष्टिबाधित छात्रा, को 2007 में बैंगलोर में भारतीय प्रबंधन संस्थान में सीट से वंचित कर दिया गया था, जो देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक है - प्रवेश परीक्षा में उसके प्रभावशाली स्कोर के बावजूद भी सुश्री वैष्णवी कस्तूरी को इस संस्थान में प्रवेश नहीं मिल पाया, वह जानना चाहती थीं कि क्या यह उनकी शारीरिक अक्षमता के कारण है। उन्होंने सूचना का अधिकार के माध्यम से संस्थान से उनकी चयन प्रक्रिया का खुलासा करने का अनुरोध किया। उसके आरटीआई आवेदन करने की वजह से आईआईएम को अपने प्रवेश मानदंड को सार्वजनिक करना पड़ा। उक्त कुछ मामलों के माध्यम से कहा जा सकता है कि सूचना का अधिकार कानून ने अधिकारियों, कार्यालयों तथा संगठनों में पार्दर्शिता को बढ़ावा दिया है साथ ही जवाबदेयता को सुनिश्चित करने में भी महति भूमिका अदा की है। हाल के समय में सरकार द्वारा इस कानून में थोड़ा संशोधन किया गया जिससे कानून की स्वतंत्रता तथा प्रभावशीलता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना को बल मिला है तथा कानून की पैनापन भोथरा हो गयी। सूचना का अधिकार कानून के दायरें में राजनीतिक दलों को भी रखना समय की मांग तथा भ्रष्टाचार पर लगान लगाने हेतु आवश्यक भी है।

निष्कर्ष – इसमें कोई संदेह नहीं है कि भ्रष्टाचार, जो समानता, विकास न्याय और सुव्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए शासन एवं प्रशासनिक तंत्र की गंभीर विकृति को प्रदर्शित करता है और सामान्यत: गरीबों पर असमान रूप से बोझ डालता है। गरीब व्यक्ति बिना किसी भ्रष्टाचार के भी, राज्य के साथ किसी भी इंटरफेस में, ऊपर उल्लिखित अभिकरणों से, उनकी आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक शक्तिहीनता के कारण ही वंचित रहता हैं। हालाँकि, आम जनमानस तथा समाज का नुकसान तब और बढ़ जाता है जब राज्य की संस्थाएँ भ्रष्टाचार से ग्रसित हो जाती हैं। प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम को एक प्रभावी साधन माना गया है। इस अधिनियम का सही तरीके से प्रयोग करके शासन तथा प्रशासन में गोपनीयता के बजाए खुलापन अर्थात पारदर्शिता को स्थापित किया जा सकता है। अक्सर शासन और प्रशासन में जवाबदेयता से बचने की प्रवृत्ति देखने को मिलती है। इस कानून को लागू करके सर्वाजनिक सत्ता पर प्रयोग करने वालों की जवादबेही और उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित किया जा सकता है। आवेदकों और अधिकांश जनता इस अधिनियम के प्रति न ही अधिक जागरूक है और न ही इन लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम को सही तरीके से उपयोग करने के तौर तरीकों का पता है। परिणामस्वरूप सरकारी कार्यक्रम, जनोपयोगी सेवाएं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि सभी जनता तक सही रूप से अभी तक भी नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में वंचित समूह सार्वजनिक कल्याणकारी योजानाओं का लाभ अक्सर उसे सरकार द्वारा भ्रष्ट आचरण, अक्षमता और भाई-भतीजावाद के बाद से कुछ बचे तो अंत में लाभ पाते हैं।

अक्सर निर्वाचन के समय पर, हमारी राष्ट्रीय तथा राज्य की राजनीति

में भ्रष्टाचार एक केंद्रीय मुद्दे के रूप में उभर कर सामने आता है जो आम लोगों को उलझाता और उत्तेजित करता है। ऐसे अवसरों पर, संदर्भ और उत्प्रेरक दोनों अक्सर भिन्न होते हैं मीडिया, न्यायपालिका, राजनीति, सिविल सेवाओं में सक्रियता या, जैसा कि व्यापक सभ्य समाज में अक्सर होता है। आम नागरिक बढ़ते भ्रष्टाचार को असहाय निराशा के साथ देखता है क्योंकि सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के नए आयाम हर बार बड़े आकार के साथ प्रकाश में आता है, जो एक बार फिर शासन और प्रशासन करने वालों की दुर्भावना की पुष्टि करता है, सार्वजनिक कल्याण के साथ उनके खतरनाक समझौते, संगठित अपराध और यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा को दर किनार कर भ्रष्टाचार पनप रहा है, क्योंकि रक्षा सौदे में दलाली के मामलें इस बात को स्पष्ट कर देते हैं।

अध्ययन से स्पष्ट है कि लोक प्रशासन में भ्रष्टाचार के प्रमुख अभिकरणों ने शासन की इच्छाशक्ति तक भ्रष्टाचार निवारण में अपनी भूमिका निभाई है। सूचना का अधिकार कानून के आने से इन अभिकरणों की महत्ता और जवादबेही पर दबाव बढ़ा है। आरटीआई अधिनियम ने भारत सरकार राज्य सरकारों तथा संस्थाओं के मामलों में भ्रष्टाचार और गोपनीयता की संस्कृति को कम करते हुए अधिकाधिक शासन सुधार, जवाबदेही और सरकारी मामलों में पारदर्शिता का मार्ग प्रशस्त किया है। देश भर में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो लोग भ्रष्टाचार से लड़ने और अपने अधिकारों की मांग करने के लिए आरटीआई आवेदनों को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम लोगों को रिश्वत को ना कहने में सक्षम बनाता है। इसका इस्तेमाल नीतिगत बदलाव लाने के साथ-साथ भूखे लोगों को खाना खिलाने के लिए किया जाता रहा है। यह एक व्यापक कार्य है जिसके परिणाम कुछ लोगों को यह कहने के लिए प्रेरित करते हैं कि यह स्वतंत्रता के बाद से सबसे महत्वपूर्ण कानून है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. पंराजपे डॉ. एन.वी. 'विधिशास्त्र एवं विधि के सिद्धान्त', सैन्ट्रल लॉ एजेन्सी - 2003 पृ. 47
2. बाबेल डॉ. बसंती लाल,'दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973', सैन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन - 2019पृ. 113
3. प्रसाद अनिरूद्ध,'विधि शास्त्र के मूल सिद्धान्त', ईस्टर्न बुक कम्पनी लखनऊ, तृतीय संस्करण, 2004 पुन:मुद्रण 2007 पृ. 93
4. पाण्डेय डॉ. जय नारायण,'भारत का संविधान', सैन्ट्रल लॉ ऐजेन्सी, इलाहबाद 48वां संस्करण 2015 पृ. 89
5. शर्मा एस. डी., 'एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ जस्टिस इन एन्सीएन्ट इण्डिया', हार्मन पब्लिशिंग हाउस, न्यू दिल्ली, 1988 पृ. 97
6. बसु डी.डी.,'भारत का संविधान एक परिचय', 13वां संस्करण, 2020 पृ. 25
7. धमालका, अंजु आर. शुक्ला भट्टाचार्य, 'ह्यूमन राईट्स एण्ड ऐमरजेन्सी', शिल्पा पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1989पृ. 88
8. न्यायिक मानक एवं जवाबदेही विधेयक, 2010 तथा न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 पृ. 77
9. सिंह डॉ. सुरेन्द्र,'सूचना का अधिकार', राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर तृतीय संस्करण, 2019, पृ. 19
10. भारत का विधि आयोग की 195वीं रिपोर्ट पृ. 132
11. बसु रूमकी,'संवैधानिक मूल्य और नैतिक जीवन' सैन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन - 2019 पृ. 123
12. मंगलानी, रूपा,'भारतीय शासन एवं राजनीति', राजस्थान हिन्दी साहित्य अकादमी जयपुर, प्रथम संस्करण, 2005, पृ. 119
13. गुप्ता डी.सी.,'इण्डियन गर्वन्मेंट एण्ड पॉलिटिक्स', विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा0 लि0, नई दिल्ली, 2007, पृ. 23
14. अहलूवालिया, एम. एस.'1991 के बाद से भारत में आर्थिक सुधार: क्या क्रमिकता ने काम किया?' जर्नल ऑफ इकोनॉमिक पर्सपेक्टिव्स, 16 (3): 2002, पृ. 67-88।
15. बोरा, एस.के.,'सूचना का अधिकार अधिनियम: सुशासन की कुंजी' मानविकी और सामाजिक विज्ञान का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल: वॉल्यूम - 2, अंक- 2, 2013, पृष्ठ.11।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

वैश्वीकरण – श्रम एवं रोजगार पर प्रभाव

डॉ. रिटा बिष्ट *

*** डीन (शिक्षा) प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत**

प्रस्तावना – 90 के दशक में नई आर्थिक नीति के अंतर्गत विश्वभर में अपनाएं गए सुधारवादी उपयों की परिणति आज उदारीकरण एवं निजीकरण की सीमा से निकलकर विश्वव्यापीकरण के रूप में परिलक्षित हो रही है। प्रत्येक देश का अन्य देशों के साथ वस्तु, सेवा, पूंजीय एवं बौद्धिक संपदा का निर्बाध आदान–प्रदान ही वैश्वीकरण कहलाता है। अर्थवैज्ञानिकों के अनुसार, वैश्वीकरण मुख्य रूप से चार घटकों के रूप में लागू किया जा सकता है। जैसे, व्यापार अवरोधकों को कम करना, पूंजी का स्वतंत्र रूप से प्रवाह होना, टेक्नोलॉजी का निर्बाध आवागमन होना तथा ऐसा वातावरण कायम करना जिससे विभिन्न देश में श्रम का निर्बाघ प्रवाह हो सके। वैश्वीकरण के नीतिनिर्धारक सिद्धांतो का सर्वानुमति से विश्व के सभी देश पालन करें, इसके लिए सभी देशों के मध्य आपसी सहमति से एक वैश्विक सिद्धांतो का निरूपण किया गया।

भारत सरकार का उद्देश्य नवीन नीतियों उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण (L.P.G.) के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्था को विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ जोड़कर आर्थिक विकास को गतिमान करना था। वैश्वीकरण के निर्देशक सिद्धांत एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत रोजगार एवं श्रम का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जा सकें। यह माना जाता है कि आर्थिक विकास के लिए अवरोधक के रूप में श्रम की गतिशीलता में कमी, श्रम प्रतिस्पर्द्धा में कमी तथा श्रमिकों का असमान विस्थापन भी है।

उद्देश्य – शोध पत्र का उद्देश्य भारत में रोजगार एवं श्रम पर वैश्वीकरण के प्रभावों का विश्लेषण करना है। साथ ही वैश्वीकरण की अवधि में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति का विश्लेषण तथा पुरूष एवं महिला में रोजगार की प्रवृत्ति को स्पष्ट करना है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध में विषय निरूपण विश्लेषणात्मक विधि का प्रयोग किया गया है। शोध पत्र के उद्देश्य प्राप्ति के लिए मुख्य रूप से द्वितीयक समंको का सहारा लिया गया है। साथ ही विश्लेषणात्मक विधि के माध्यम से द्वितीयक समंको के आधार पर तथ्यों का सारिणी प्रदर्शन भी किया गया हैं

शोध की परिकल्पना – शोध विषय 'रोजगार एवं श्रम' अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक घटक है जो देश के आर्थिक विकास की दशा एवं दिशा निर्धारित करता है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया में रोजगार एवं श्रम एक महत्वपूर्ण घटक रहा है जिससे संबंधित प्रमुख परिकल्पनाएं निम्नलिखित हैं –

1. भारत में श्रम बाहुल्य एवं सस्ता है।
2. वैश्वीकरण की प्रक्रिया के साथ–साथ यह परिकल्पना बनती है कि यहां रोजगार के अवसरों में कमी एवं श्रम का स्वाभाविक रूप से शोषण हुआ है।
3. साथ ही यह भी तथ्य स्पष्ट है कि पुरूषों के रोजगार में नकारात्मक वृद्धि हुई है।

विश्लेषण – विश्वव्यापीकरण का निहितार्थ 'विश्व एक बाजार' के रूप में है। वैश्वीकरण के विभिन्न प्रभावों में से रोजगार एवं श्रम पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया जाना उचित होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र लगभग 70 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराता है। हमारी मुख्य ताकत सस्ता एवं सुलभ श्रम की बहुलता रही है। गांधी दर्शन से लेकर सभी समाजवादी अर्थशास्त्रियों का यह मानना रहा है कि हमारे श्रमिक पूंजीवादी क्षेत्रों की तुलना में कम कुशल एवं तकनीकी रूप से पिछड़े हैं। ऐसी स्थिति में वैश्वीकरण के माध्यम से विकसित देशों की प्रतिस्पर्द्धा में अपने श्रमिकों की हालत कुछ **'हाथियों के झुंड में एक चूहे का घुसना'** (Integration of a mouse into herd of elephant) जैसी रही है।

वैश्वीकरण के प्रारंभ में यह दावा किया गया था कि इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, भारतीय श्रम की विदेशों में मांग बढ़ेगी, श्रमिकों में प्रतिस्पर्द्धा एवं कुशलता में वृद्धि होगी। अंतत: बेरोजगारी एवं गरीबी दोनों में कमी होगी। किन्तु वैश्वीकरण के युग में रोजगार की स्थिति बदत्तर हो गई। रोजगार वृद्धि दर जो 1984–94 के दौरान 2.04 प्रतिशत प्रतिवर्ष थी गिरकर 1994–2000 के दौरान 0.98 प्रतिशत तथा 2009–10 में यह 0.53 प्रतिशत हो गई।

वैश्वीकरण के सामाजिक आयाम पर विश्व आयोग ने उल्लेख किया है कि 'समग्र विश्व के लिए उपलब्ध अनुमानों से पता चलता है कि पिछले दशक के दौरान खुली बेरोजगारी में वृद्धि हुई है। भारत में इसका मुख्य कारण कृषि रोजगार में वृद्धि दर का नकारात्मक हो जाना था। साथ ही कषि की उपेंक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के बोझ को कम करना था इसके लिए सरकार ने एक तरफ नई भर्तियों पर पाबंदी लगा दी तो दूसरी ओर पूंजी प्रधान कार्य संस्कृति (कम्प्यूटर) को अपनाया गया।'

संगठित क्षेत्र जो विकास का इंजन समझा जाता है, पर्याप्त मात्रा में रोजगार पैदा करने में विफल रहा है। वैश्वीकरण की अवधि (1991–2010) के दौरान संगठित सरकारी क्षेत्रों में रोजगार में अप्रत्याशित कमी दर्ज कीय गई है। तालिका क्रमांक– 01 में अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति देखी जा सकती है –

तालिका क्रमांक – 01 : संगठित सर्वाजनिक क्षेत्र में रोजगार (लाख व्यक्ति)

मद/क्षेत्र	वर्ष		
	1991	2005	2010
1. कृषि	5.56	4.96	4.78

2.	खनन और उत्खनन	9.99	10.14	11.03
3.	बिजली, गैस एवं जल	9.05	8.60	8.35
4.	विनिर्माण	18.52	11.30	10.66
5.	निर्माण	11.49	9.11	8.59
6.	व्यापार	1.50	1.84	1.71
7.	परिवहन, भंडारण एवं संचार	30.26	27.51	25.29
8.	वित्त, बीमा, स्थावर संपदा	11.94	14.08	14.13
9.	सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं	92.27	92.52	90.51
	योग	**190.58**	**180.07**	**175.05 (-15.53)**

स्त्रोत :- आर्थिक समीक्षा 2011-12

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि आर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे, कृषि, विनिर्माण, निर्माण, परिवहन, संचार तथा सामुदायिक एवं वैयक्तिक सेवाओं में रोजगार में कमी दर्ज की गई है। वहीं मात्र खनन, वित्त, बीमा आदि क्षेत्रों में कुछ मात्रा में रोजगार में वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि वैश्वीकरण की अवधि में संगठित सरकारी क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि नकारात्मक रही है। यह कमी 1991 से 2010 की अवधि में (-15.53) प्रतिशत ऋणात्मक रही है।

तालिका क्रमांक - 02 : संगठित निजी क्षेत्र में रोजगार (लाख व्यक्ति)

मद/क्षेत्र	**वर्ष**		
	1991	**2005**	**2010**
1. कृषि	8.91	9.80	9.23
2. खनन और उत्खनन	1.00	0.79	1.61
3. बिजली, गैस एवं जल	0.60	0.49	0.64
4. विनिर्माण	44.81	44.89	57.84
5. निर्माण	0.73	0.49	0.91
6. व्यापार	3.00	3.75	5.02
7. परिवहन, भंडारण एवं संचार	0.53	0.85	1.66
8. वित्त, बीमा, स्थावर संपदा	2.54	5.23	15.52
9. सामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं	14.85	18.20	21.4
योग	**76.77**	**84.52**	**107.87 (+31.11)**

हिन्दी में रेखाचित्र परंपरा – हिन्दी के रेखाचित्र विधा का जन्य आचार्य पद्म सिंह शर्मा से माना जाता है। बनारसी दास चतुर्वेदी लिखते हैं – 'हिन्दी रेखाचित्र का जिक्र करते हुए हमें सर्वप्रथम आचार्य पद्मसिंह शर्मा का स्मरण आता है। वैसे उनके पूर्व भी कितने ही अच्छे स्केच हिन्दी में निकल चुके थे, पर हिन्दी में रेखाचित्रों के प्रथम आचार्य पं. पदम् सिंह शर्मा को ही मानना पड़ेगा। उनका महाकवि अकबर विषयक, लेख चरित्र चित्रण का सर्वोत्तम दृष्टांत माना जा सकता है।'[9] पद्मसिंह शर्मा के 'पदम्–पराग' संकलन में कई रेखाचित्र एवं निबंध संकलित है। रेखाचित्रों का श्रीगणेश व्यक्तिपरक चित्रों के साथ ही युग–सत्य की अभिव्यक्ति से होता है। डॉ. हरवंश लाल शर्मा लिखते हैं – 'इन्हीं से (पद्मसिंह शर्मा) प्रेरणा पाकर आगे चलकर पं. बनारसी दास चतुर्वेदी, पं. श्रीराम शर्मा. पं. हरिशंकर शर्मा आदि लेखकों ने इस दिशा में लेखनी चलानी प्रारंभ की।'[10]

पं. पद्मसिंह शर्मा के समकालीन रेखाचित्रकार पं. बनारसी दास चतुर्वेदी हैं जिन्होंने हमारे आराध्य (1952), संस्मरण (1953), रेखाचित्र (1953) में संकलित रेखाचित्र विशेष उल्लेखनीय हैं।

पं. चतुर्वेदी के समकालीन रेखाचित्रकार पं. श्रीराम शर्मा का नाम उल्लेखनीय है जिनके विषय में स्वयं पं. बनारसी दास चतुर्वेदी लिखते हैं। 'वे (पं. श्रीराम शर्मा) इस समय में स्व. पद्मसिंह शर्मा के असली उत्तराधिकारी हैं।'[11] पं. श्रीराम शर्मा रेखाचित्रों का दो संकलन पहला 'बोलती प्रतिमा' (1937) दूसरा 'वे कैसे जीते हैं' (1957) है।

हिन्दी साहित्य के रेखाचित्र परम्परा के अन्य रचनाकार हैं, प्रकाश चन्द्र गुप्त–'रेखाचित्र', महादेवी वर्मा – अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं, पथ के साथी, उपेन्द्र नाथ अश्क–मंटो मेरा दुश्मन, रेखाएं और चित्र, विनय मोहन शर्मा –'रेखाएं और रंग', भीमसेन त्यागी –आदमी से आदमी तक, देवेन्द्र सत्यार्थी – रेखाएं बोल उठी, कन्हैया लाल मिश्र प्रभार – माटी हो गयी सोना, रामवृक्ष बेनीपुरी – माटी की मूरतें, लालतारा। आदि की प्रतिष्ठित रचनाओं ने हिन्दी के रेखाचित्र विधा को आगे बढ़ाया।

उपसंहार – निष्कर्षत : कहा जा सकता है कि रेखाचित्र हिन्दी साहित्य की एक स्वतंत्र और उत्कृष्ट विधा है जो कि अनके साहित्यिक रूपों विधाओं की सीमाओं को स्पर्श करता है, फिर भी वह अपने अस्तित्व की पहचान नहीं खोता है। आज एक स्वतंत्र विधा के रूप में रेखाचित्र को साहित्य जगत में स्वीकृति मिल गई है। रेखाचित्रकार एक अच्छा समाज की कल्पना करता है। रामवृक्ष बेनीपुरी जी लिखते हैं 'यह समाज अधिक दिनों तक चल नहीं सकता तो संन्यास ले लिया जाए, इससे वस्तुत: विद्रोह की परिणति निर्माण में होती है।' रेखाचित्रकार एक ऐसे समाज की रचना की बात करता है, जिसमें 'गिद्ध न हो, किसी का शोषण न हो।' उन्हीं के शब्दों में 'आज के समाज में कुरूपता ही कुरूपता है, पीड़ाओं की विविधता है, बहुलता है। अब तक की संस्कृति मानवता की सैकड़ों एक का भी सही प्रतिनिधित्व नहीं कर पाती थी, क्योंकि वह कुछ अभिजात्य लोगों तक ही सीमित और परिमित थी। हम इसे सुंदर बनाएँगे, हम इसे सुखी बनाएँगे। नया समाज जनता का समाज होगा, संस्कृति को भी जनता की संस्कृति होनी हैं।'[12]

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. नगेन्द्र 'विचार और विश्लेषण', पृ. 81
2. डॉ. भागीरथी मिश्र 'काव्यशास्त्र', पृ. 97
3. डॉ. गोविंद त्रिगुणायत 'शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धांत', भाग–2
4. डॉ. नियम मोहन शर्मा 'रेखा और रंग' (भूमिका) पृ. 10
5. यशपाल 'तुमने कहा था कि मैं सुंदर हूँ।' पृ. 07
6. डॉ. विनय मोहन शर्मा 'रेखा और रंग', पृ. 13
7. डॉ. विनय मोहन 'शर्मा रेखा और रंग', पृ. 11
8. बाबू गुलाब राय 'काव्य के रूपय', पृ. 241
9. बनारसी दास चतुर्वेदी, 'रेखाचित्र', भूमिका पृ. 10
10. डॉ. हरवंश लाल 'हिन्दी रेखाचित्र', पृ. 70
11. श्री श्रीराम शर्मा 'बोलती प्रतिमा', (भूमिका खण्ड)
12. श्री रामवृक्ष बेनीपुरी 'लालतारा', पृ. 55

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

संतुलित आहार का एक विश्लेषण

आबिद हसन खान* कैशर परवीन**

*** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एसडीएस शासकीय महाविद्यालयब जामगांव आरब भरर, दुर्ग (छ.ग.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक, पशु अनुवांशिकी एवं प्रजनन विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ,दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) भारत**

शोध सारांश –आज की तेज–तर्रार दुनिया में, अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। संतुलित आहार इस प्रयास का आधार है और महत्वपूर्ण शक्ति और दीर्घायु के लिए रोडमैप प्रदान करता है। सही पोषक तत्वों के संयोजन से अपने शरीर को पोषित करना न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य का समर्थन करता है, बल्कि मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को भी बनाए रखता है। इस गाइड में, हम संतुलित आहार के मूल सिद्धांतों में गहराई से जानेंगे और यह पता लगाएंगे कि कैसे साधारण भोजन विकल्प एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन की राह खोल सकते हैं।
शब्द कुंजी –महत्व, लाभ, आहार चार्ट, विशेषता, प्रकार।

प्रस्तावना – संतुलित आहार एक ऐसा आहार है जो समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, जिसमें कार्ब्स, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर शामिल हैं। यह ताजे फलों और सब्जियों को प्रोसेस्ड फूड्स पर प्राथमिकता देकर विविध भोजन सेवन को बढ़ावा देता है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य ऊर्जा को बनाए रखना, विकास में सहायता करना, प्रतिरक्षा को बढ़ाना और पुरानी बीमारियों को रोकना है। पर्याप्त सब्जियों और फलों के सेवन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, भाग नियंत्रण और भोजन संतुलन संतुलित आहार के प्रमुख घटक हैं।

संतुलित आहार आपके स्वास्थ्य के लिए कई फायदे प्रदान करता है। यह आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है, और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करता है। आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करके, यह ऊर्जा स्तर और समग्र भलाई में भी सुधार करता है। संतुलित आहार में व्यक्ति को उचित मात्रा में प्रोटीन, खनिज और पोषक तत्व मिलते हैं। यह हमारे शरीर के सुचारू संचालन के लिए बहुत जरूरी है। अगर हम नियमित रूप से संतुलित आहार का सेवन करते हैं, तो हम हमेशा स्वस्थ रहेंगे। इससे बीमार पड़ने की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, संतुलित आहार हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

उद्देश्य :

1. समाज को संतुलित आहार से परिचित करवाना।
2. संतुलित आहार के फायदे एवं प्रकारों को समझाना।

संतुलित आहार का महत्व– अधिकांश लोगों का मानना है कि संतुलित आहार निश्चित रूप से स्वस्थ जीवनशैली की कुंजी है। यह सही माना जाता है क्योंकि वैज्ञानिक भी ऐसा कहते हैं। जब हम हमेशा संतुलित आहार का सेवन करते हैं, तो हम अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। संतुलित आहार में उचित मात्रा में उचित खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। एक संपूर्ण संतुलित आहार कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, खनिज, उच्च फाइबर सामग्री, विटामिन और बहुत कुछ से बना होता है।

इसके अलावा, आजकल जंक फूड का चलन भी जारी है। लोग संतुलित आहार नहीं ले रहे हैं, बल्कि तरह–तरह के हानिकारक खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। लोगों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। आप सिर्फ व्यायाम करके अपने शरीर को फिट रखने की उम्मीद नहीं कर सकते। इसके लिए संतुलित आहार बहुत जरूरी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे 'संतुलित' आहार इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें सभी खाद्य पदार्थों को संतुलित तरीके से खाना होता है। उदाहरण के लिए, यदि आप अधिक मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और कम मात्रा में प्रोटीन लेते हैं, तो उसे संतुलित आहार नहीं कहा जाएगा, भले ही आप सही खाद्य पदार्थ खा रहे हों। इसके लिए संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

वयस्कों के लिए संतुलित आहार के फायदे – वयस्कों के लिए संतुलित आहार का महत्व उनके सर्वोत्तम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। संतुलित आहार का पालन करके, वयस्क कई फायदे प्राप्त कर सकते हैं, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है।

नीचे कुछ प्रमुख संतुलित आहार के फायदे दिए गए हैं:

1. **वजन प्रबंधन:** स्वस्थ भोजन अतिरिक्त कैलोरी के बिना आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, जिससे स्वस्थ शरीर का वजन प्राप्त करने और बनाए रखने में मदद मिलती है।
2. **पुरानी बीमारियों का कम जोखिम:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन कार्डियोवास्कुलर डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन और कुछ प्रकार के कैंसर जैसे रोगों के जोखिम को कम करता है।
3. **ऊर्जा स्तर में वृद्धि:** उचित पोषण शरीर को पोषण देता है और इस प्रकार ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है और उत्पादकता को बढ़ाता है।
4. **मानसिक स्वास्थ्य में सुधार:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मस्तिष्क के कार्य, मूड नियमन और तनाव प्रबंधन का समर्थन करता है, जिससे अवसाद, चिंता और संज्ञानात्मक गिरावट का जोखिम कम होता है।
5. **बेहतर पाचन स्वास्थ्य:** फाइबर, फलों, सब्जियों और प्रोबायोटिक्स से भरपूर आहार नियमित मल त्याग और स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम को

बढ़ावा देता है।

6. **स्वस्थ बालों के लिए स्वस्थ आहार:** प्रोटीन, आयरन, विटामिन ओमेगा-3 फैटी एसिड, बायोटिन, जिंक, और सेलेनियम से भरपूर आहार स्वस्थ बालों के विकास और मोटाई को बढ़ावा देता है।

बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन के फायदे: बचपन में स्वस्थ भोजन कई फायदे प्रदान करता है जो समग्र भलाई और विकास में योगदान करते हैं:

1. **स्वस्थ विकास और विकास:** जो बच्चे संतुलित आहार चार्ट के अनुसार भोजन का सेवन करते हैं, उन्हें विकास, विकास और समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं।
2. **मजबूत इम्यून सिस्टम:** पोषक तत्वों से भरपूर स्वस्थ आहार आदतें इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती हैं और बच्चों को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद करती हैं।
3. **अकादमिक प्रदर्शन में सुधार:** उचित पोषण संज्ञानात्मक कार्य का समर्थन करता है, जिससे बेहतर एकाग्रता, स्मृति और शैक्षणिक उपलब्धि होती है।
4. **स्वस्थ आदतों की स्थापना:** बचपन के विकास में संतुलित आहार लाभ प्रोत्साहित करने से आजीवन कल्याण के लिए नींव रखी जाती है और वयस्कता में मोटापा और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है।

संतुलित आहार के महत्वपूर्ण घटक – संतुलित आहार में कई आवश्यक घटक होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य और भलाई का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं:

कार्बोहाइड्रेट्स – कार्बोहाइड्रेट शरीर के ऊर्जा का मुख्य स्रोत है, जो दैनिक गतिविधियों और शारीरिक कार्यों के लिए ईंधन प्रदान करता है। स्वस्थ कार्बोहाइड्रेट का स्रोत में साबुत अनाज, फल, सब्जियां और दालें शामिल हैं।

प्रोटीन – प्रोटीन ऊतकों के निर्माण और मरम्मत, एंजाइम और हार्मोन के उत्पादन और इम्यून फंक्शन का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रोटीन के अच्छे स्रोतों में लीन मीट, पोल्ट्री, मछली, अंडे, डेयरी उत्पाद, दालें, नट्स और बीज शामिल हैं।

वसा – स्वस्थ वसा मस्तिष्क के कार्य, हार्मोन उत्पादन और पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए आवश्यक हैं। एवोकाडो, नट्स, बीज, ऑलिव ऑयल और फैटी फिश जैसी अनसैचुरेटेड वसा स्रोतों को चुनें, जबकि सैचुरेटेड और ट्रांस फैट को सीमित करें।

विटामिन्स – विटामिन माइक्रोन्यूट्रिएंट्स हैं जो शरीर में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हैं, जिसमें इम्यून फंक्शन का समर्थन करना, दृष्टि को बढ़ावा देना और कोशिका वृद्धि और मरम्मत में सहायता करना शामिल है। आवश्यक विटामिन्स जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन डी और विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स प्राप्त करने के लिए विभिन्न फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और फोर्टिफाइड फूड्स का सेवन करें।

मिनरल्स – मिनरल्स तरल संतुलन को बनाए रखने, हड्डियों और दांतों के निर्माण और नसों और मांसपेशियों के कार्य का समर्थन करने के लिए आवश्यक हैं। मिनरल्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स, बीज, डेयरी उत्पाद, साबुत अनाज और लीन मीट जैसे मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करें।

फाइबर – फाइबर पाचन स्वास्थ्य को बनाए रखने, नियमित मल त्याग को बढ़ावा देने, कब्ज को रोकने और हृदय रोग और टाइप 2 डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। साबुत अनाज, फल, सब्जियां, दालें, नट्स और बीजों का सेवन करके फाइबर का सेवन बढ़ाएं।

संतुलित आहार कैसे लें?

संतुलित आहार का सेवन शुरू करके कोई भी व्यक्ति हमेशा स्वस्थ जीवनशैली अपना सकता है। सबसे पहले, आपको एक दिन में तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाने की जरूरत है। मानव शरीर के स्वस्थ रूप से काम करने के लिए तरल पदार्थ बहुत जरूरी हैं। चूँकि हमारे शरीर का लगभग 80% हिस्सा पानी से भरा होता है, इसलिए हमें अच्छे मेटाबॉलिज्म के लिए इसकी जरूरत होती है। इसलिए, हर दिन कम से कम दो से तीन लीटर पानी पीना शुरू करें। इसके अलावा, चाय, कॉफी, शराब और ऐसे अन्य नशे की लत वाले तरल पदार्थों का सेवन कम करने की कोशिश करें।

इसके अलावा, हमें हमेशा ताजी सब्जियाँ और फल खाने चाहिए। चूँकि ताजे फल और सब्जियाँ फाइबर और विटामिन के बेहतरीन स्रोत हैं, इसलिए हमें शरीर के अच्छे विकास के लिए इनका सेवन करना चाहिए। तले हुए या ज्यादा पके हुए खाने से बचने की कोशिश करें क्योंकि इससे उसके सभी पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। संतुलित आहार में पाँच आवश्यक तत्व होने चाहिए, यानी कड़वा, खट्टा, मीठा, तीखा और नमकीन। साथ ही, ताजे फलों पर जोर दिया जाता है क्योंकि प्रोसेस्ड या पैक किए गए फलों में पोषक तत्व नहीं होते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमेशा अपने भोजन को धैर्यपूर्वक चबाएँ। चार-पाँच बार चबाने के बाद उसे निगल न लें। ऐसा करने से आपका भोजन ठीक से पच नहीं पाएगा। भोजन का स्वाद धीरे-धीरे और लगातार लें। इसके बाद, जरूरत से ज्यादा न खाएँ। आपको पता होना चाहिए कि कब सीमा खींचनी है और कब रुकना है जब आपको भूख न लगे। इसलिए, हम देखते हैं कि कैसे संतुलित आहार आपको स्वस्थ और तंदुरुस्त रखेगा। यह आपके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा और सभी बीमारियों को दूर रखेगा।

एक अच्छी तरह से संतुलित आहार शरीर और दिमाग को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण विटामिन, खनिज और पोषक तत्व प्रदान करता है। अच्छी तरह से खाने से कई बीमारियों और स्वास्थ्य जटिलताओं को दूर करने में मदद मिल सकती है, साथ ही स्वस्थ शरीर के वजन को बनाए रखने, ऊर्जा प्रदान करने, बेहतर नींद लेने और मस्तिष्क के कार्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

एक अच्छी तरह से संतुलित आहार शरीर और दिमाग को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण विटामिन, खनिज और पोषक तत्व प्रदान करता है। अच्छी तरह से खाने से कई बीमारियों और स्वास्थ्य जटिलताओं को दूर करने में मदद मिल सकती है, साथ ही स्वस्थ शरीर के वजन को बनाए रखने, ऊर्जा प्रदान करने, बेहतर नींद लेने और मस्तिष्क के कार्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

जब आप पोषक तत्वों से भरपूर डाइट को अपने प्लान में शामिल करते हैं तो आप कैलोरी-डेंस फूड को बहुत कम खाते हैं। साबुत अनाज, जई, सब्जियां, फल, फलियां, और क्विनोआ जैसे कार्बोहाइड्रेट खाने से जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, शरीर को अधिक समय तक फुल रखते हैं। ये कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स टूटते हैं और ब्लड स्ट्रीम में लंबे समय तक पहुंचते रहते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क को शुगरी स्नैक्स खाने की क्रेविंग नहीं होती।

चित्र क्रमांक – 1 संतुलित आहार

संतुलित आहार के फायदे

इम्यूनिटी को बूस्ट करता है

संतुलित आहार लेते समय, आवश्यक पोषक तत्व में प्रमुख रोगाणु–विरोधी कोशिकाओं को बनाए रखने और वैस्कुलर फंक्शन इंप्रूव करने में मदद करते हैं। इम्यून सिस्टम ब्लड फ्लो पर बहुत अधिक निर्भर करता है, इसलिए बेहतर वैस्कुलर फंक्शन आवश्यक एरिया पर रोग से लड़ने वाली कोशिकाओं को जल्दी से उपलब्ध कराने में मदद करेगा। कुछ पोषक तत्वों की कमी प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य को खराब कर सकती है, जैसे कि विटामिन ए, बी–विटामिन, विटामिन सी, विटामिन ई, जिंक और आयरन। फलों और सब्जियों से भरा आहार संक्रमण से लड़ने वाली श्वेत रक्त कोशिकाओं को बढ़ाता है और आपको स्वस्थ रहने में मदद करता है।

एनर्जी बरकरार रखता है

हम जो भोजन करते हैं, उसका असर हमारी ऊर्जा पर पड़ता है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ पचेंगे और लंबे समय तक सिस्टम में रहते हैं। दूसरी ओर, आसानी से पचने योग्य भोजन (शर्करा/साधारण कार्बोहाइड्रेट) बहुत जल्दी पच जाता है, जिससे शरीर को बहुत कम समय में फिर से भूख लगने लगती है और आपकी ब्लड स्ट्रीम में एनर्जी का स्पाइक हाई और लो होता रहता है। हमें ऐसा भोजन करना चाहिए जिससे एनर्जी भी बरकरार रहे। प्रोटीन रिच फूड हमें अच्छे से तृप्त और संतुष्ट रखते हैं। अगर आप बार–बार स्नैकिंग से बचना चाहते हैं तो 3–4 घंटे में प्रोटीन को थोड़ी–थोड़ी मात्रा में आहार में लेना चाहिए। वहीं आयरन रिच फूड हमारे मस्तिष्क को पूरे दिन काम करने के लिए भरपूर एनर्जी प्रदान करते हैं।

बेहतर नींद में मिलती है मदद

अच्छी नींद हमारी मांसपेशियों को दिन की गतिविधियों से ठीक होने और रिप्लेनिश होने में मदद करती है। यह ब्रेन के साथ–साथ हमारे मूड को रिफ्रेश करती है। इसके बिना हम सुस्त महसूस करते हैं, ऊर्जा का स्तर कम रहता है, ध्यान और एकाग्रता का स्तर प्रभावित होता है, और अनहेल्दी फूड की क्रेविंग शुरू हो जाती है। अनहेल्दी खाने से बढ़ी हुई एसिडिटी हमारे को प्रभावित करती है, जिससे हमें रात को बेहतर नींद लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हमें पेट भर नहीं खाना चाहिए। हममें से अधिकतर लोग ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि वे दिनभर भूखे रहते हैं, जिससे वह रात को एक हैवी डाइट लेते हैं। शरीर को बड़ी संख्या में कैलोरी को पचाने में रातभर मेहनत करनी होती है, जो वो नहीं कर पाता और आपकी नींद प्रभावित होती है।

मस्तिष्क मजबूत होता है

हमारे मस्तिष्क से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है, इसलिए हमें ऐसी बैलेंस डाइट लेनी चाहिए, जो हमारे मस्तिष्क को बेहतर तरीके से काम करने में मदद कर सके। हमें ओमेगा–3 फैटी एसिड से भरपूर आहार को लेना चाहिए। कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं, जैसे कि बेहतर याददाश्त और सीखने की क्षमता। सैल्मन, अखरोट, एवोकाडो और कीवी जैसे खाद्य पदार्थों में ये महत्वपूर्ण फैटी एसिड होते हैं। इसलिए अपने आहार में इस तरह के खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करना चाहिए।

चित्र क्रमांक – 2 संतुलित आहार प्रतिशतता

संतुलित आहार क्यों महत्वपूर्ण है?

संतुलित आहार कई कारणों से महत्वपूर्ण है:

1. **पोषक तत्व की पर्याप्तता:** शरीर के इष्टतम कार्य के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्वों को सुनिश्चित करता है।
2. **रोगों की रोकथाम:** हृदय रोग, डायबिटीज और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करता है।
3. **ऊर्जा स्तर:** दैनिक गतिविधियों के लिए पूरे दिन निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है।
4. **वजन प्रबंधन:** स्वस्थ वजन को बनाए रखने में सहायता करता है और मोटापे के जोखिम को कम करता है।
5. **मानसिक भलाई:** बेहतर मूड, संज्ञानात्मक कार्य और समग्र मानसिक स्वास्थ्य में योगदान देता है।

स्वस्थ संतुलित आहार के लिए किन खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए?

स्वस्थ, संतुलित आहार बनाए रखने के लिए, कुछ खाद्य पदार्थों को सीमित या बचाना आवश्यक है, जैसे:

1. **प्रोसेस्ड फूड्स:** अस्वस्थ वसा, शर्करा और योजकों में उच्च।
2. **मीठे पेय:** अतिरिक्त शर्करा और खाली कैलोरी से भरे।
3. **ट्रांस फैट:** तले हुए और प्रोसेस्ड फूड्स में पाए जाते हैं, हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाते हैं।
4. **अत्यधिक सोडियम:** प्रोसेस्ड और फास्ट फूड्स में पाया जाता है, हाइपरटेंशन और हृदय रोग से जुड़ा होता है।

संतुलित आहार की आवश्यकता – एक स्वस्थ आहार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहज जरूरी है। यह मोटापे, हृदय रोग, मधुमेह,

उच्च रक्तचाप, अवसाद और कैंसर के जोखिम और गंभीरता को कम कर सकता है। संतुलित आहार या बैलेंस डाइट का मतलब ये कि आप ऐसा खाना खाएं, जो कि पोषक तत्वों, विटामिन, खनिज और मिनरल से भरपूर हो। संतुलित आहार में 7 जरूरी चीजें आती हैं। जैसे कि कार्ब, प्रोटीन, वसा, फाइबर, विटामिन, खनिज और पानी।

फैट – 1 ग्राम फैट 9 कैलोरी प्रदान करता है। फैट यानी कि वसा, आंतरिक अंगों की रक्षा करता है, हालांकि, बहुत अधिक वसा हानिकारक हो सकता है। ये स्किन के अंदर नमी लाता है और बुढ़ापे से बचाता है। महिलाओं में पीरियड्स को संतुलित रखने के लिए शरीर में फैट के न्यूनतम स्तर की आवश्यकता होती है क्योंकि वसा कोशिकाएं स्रावित होती हैं और एस्ट्रोजेन के लिए भंडार होती हैं। इसलिए खाने में प्रोसेस्ड फैट की संख्या को सीमित करने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये ब्लड में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है जिससे हृदय रोग और मधुमेह का खतरा भी बढ़ जाता है।

विटामिन – विटामिन हमारे भोजन में पाए जाने वाले जटिल कार्बनिक पदार्थ हैं जो शरीर में लगभग हर प्रणाली का समर्थन करते हैं, जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र शामिल हैं। उनमें से कई भोजन को ऊर्जा में बदलने में मदद करते हैं और शरीर को कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन का उपयोग करने में मदद करते हैं। वे विकास को विनियमित करने, लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और हानिकारक मुक्त कणों से शरीर की रक्षा करने में भी मदद करते हैं। शरीर को विटामिन–बी, विटामिन–ए, विटामिन–सी, विटामिन डी, विटामिन के और अन्य प्रकारों के विटामिन की भी जरूरत होती है।

खनिज – खनिज वो तत्व होते हैं और मिट्टी में पाए जाते हैं। वे पौधों द्वारा अवशोषित होते हैं और फिर हम इन पौधों से मिलने वाली चीजों को खा कर इसे पाते हैं। खनिजों की कई अलग–अलग भूमिकाएं हैं, जिनमें संरचनात्मक भूमिकाएं शामिल हैं, जैसे हड्डियों और दांतों में कैल्शियम या द्रव संतुलन और मांसपेशियों के संकुचन में सोडियम और पोटेशियम जैसे नियामक भूमिकाएं।

फाइबर – फलों, सब्जियों और अनाज जैसे पौधों में फाइबर पाया जा सकता है। फाइबर दो मुख्य प्रकारों से बना है: घुलनशील फाइबर और अघुलनशील फाइबर। दोनों प्रकार अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। घुलनशील फाइबर आमतौर पर पौधों की कोशिकाओं में पाया जाता है। यह पाचन को सही रखता है और पेट को स्वस्थ रखता है। घुलनशील फाइबर हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायता करता है। अघुलनशील फाइबर पानी में नहीं घुलता है और पाचन तंत्र से होकर गुजरता है। अघुलनशील फाइबर पाचन तंत्र और आंत्र समस्याओं को रोकने में मदद करता है।

डाइट के प्रकार :

1. **कीटो डाइट**
2. **मेडिटेरियन डाइट**
3. **डैश डाइट**
4. **इंटरमिटेंट फास्टिंग**
5. **जीएम डायट प्ल्न**
6. **लो कार्ब डाइट**
7. **वेगन डाइट**
8. **वेट गेन डाइट**
9. **फैटी लिवर डाइट**

7. दिन का संतुलित आहार चार्ट – एक व्यापक 7 दिन का स्वस्थ भोजन योजना बनाना मैक्रोन्यूट्रिएंट्स को संतुलित करने और विभिन्न खाद्य पदार्थों को शामिल करने में शामिल होता है।

नीचे एक संतुलित आहार के उदहारण का चार्ट है:

दिन 1:
- नाश्ता: फल और नट्स के साथ ओट्स
- दोपहर का भोजन: रोटी, दाल, मिक्स्ड सब्जी सब्जी और सलाद
- रात का खाना: ग्रिल्ड मछली, ब्राउन राइस और हल्की तली हुई सब्जियाँ

दिन 2:
- नाश्ता: इडली, सांभर और नारियल चटनी
- दोपहर का भोजन: क्विनोआ पुलाव, राजमा करी और खीरे का रायता
- रात का खाना: चिकन करी, चपाती और पालक सलाद

दिन 3:
- नाश्ता: होल–ग्रेन टोस्ट, एवोकाडो और उबला हुआ अंडा
- दोपहर का भोजन: वेज बिरयानी, रायता और मिक्स्ड वेजिटेबल सलाद
- रात का खाना: मसूर दाल का सूप, जौ और भाप में पकी ब्रोकोली

दिन 4:
- नाश्ता: डोसा, चटनी और सांभर
- दोपहर का भोजन: चना करी, ब्राउन राइस और खीरा सलाद
- रात का खाना: टोफू स्टिर–फ्राय, नूडल्स और मिक्स्ड ग्रीन्स सलाद

दिन 5:
- नाश्ता: पोहा, मूंगफली और नींबू के साथ
- दोपहर का भोजन: पालक और पनीर करी, चपाती और गाजर सलाद
- रात का खाना: ग्रिल्ड चिकन ब्रेस्ट, क्विनोआ और भुनी हुई सब्जियाँ

दिन 6:
- नाश्ता: उपमा, सब्जियाँ और नारियल चटनी
- दोपहर का भोजन: राजमा (किडनी बीन्स) करी, जीरा राइस और खीरा रायता
- रात का खाना: कुछ वेजिटेबल सूप, होल–ग्रेन ब्रेड और ग्रिल्ड टोफू स्क्यूअर्स अपने संतुलित आहार चार्ट में जोड़ें।

दिन 7:
- नाश्ता: मूंग दाल चीला, पुदीना चटनी
- दोपहर का भोजन: व्होल व्हीट पास्ता, टोमेटो सॉस, ग्रिल्ड चिकन और पालक सलाद
- रात का खाना: मछली करी, ब्राउन राइस और हल्की तली हुई सब्जियाँ

निष्कर्ष – अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है और संतुलित आहार इष्टतम भलाई प्राप्त करने के लिए मौलिक है। पोषण को समझकर और संतुलित आहार का सेवन करके, लोग अपने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

मेट्रोपोलिस लैब्स की सटीक रक्त परीक्षण और स्वास्थ्य जांच लोगों को अपने स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की अनुमति देती है। हमारे योग्य तकनीशियनों की टीम घर पर ही रक्त के नमूने का संग्रह प्रदान करती है, जिसमें रिपोर्टें ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध होती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत सरकार (2018 एवं 20): संतुलित आहार प्रबन्धन पर एक शोध रिपोर्ट, नई दिल्ली, आहार एवं पोषण मंत्रालय।
2. तिवारी आर. के.(2022): भारत में आहार प्रबन्धन का विकास एवं उपयोग, अहिल्या विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र, वॉयस ऑफ रिसर्च, वॉल्यूम। 7 सितम्बर 2019.
3. कुमार लिनेंद्र शर्मा (2018): दुनिया भर में आहार प्रबन्धन का विकास एवं उपयोग अवलोकन, जर्मनी: आईएफसीएनअनुसंधान केंद्र।
4. भारत सरकार (2018-19): राष्ट्रीय आहार प्रबन्धन का विकास रिपोर्ट (एनडीडीबी) वार्षिक रिपोर्ट।
5. छत्तीसगढ़ सरकार (2020 एवं 21): बुनियादी आहार प्रबन्धन का विकास सांख्यिकी की एक शोध रिपोर्ट, नई दिल्ली आहार एवं पोषण मंत्रालय।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना

डॉ. कृष्णकान्त शर्मा* राजेन्द्र कुमार वैष्णव**

* डीन, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा एवं प्राचार्य भगवती टी.टी.कॉलेज, गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी,कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध कोटा जिले के माध्यमिक स्तर के ई-लर्निंग करवाने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पढ़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है।

प्रस्तावना – शिक्षा प्राप्त करने के कई तरीके है जिसमें परम्परागत कक्षा शिक्षण की तकनीकी व शिक्षण विधियों का व्यापक प्रभाव होता है तकनीकी, शिक्षण विधियों को रोचक व सरल बनाने में प्रमुख योगदान देती है जिसके कारण शिक्षण कार्य को सहज व आसान बनाया जा सकता है और सभी छात्रों तक पहुंचाया जा सकता है। ई-लर्निंग के द्वारा विद्यार्थियों के शिक्षण सम्बन्धि समस्याओं का तकनीकी द्वारा तुरन्त समाधान कर शिक्षण में आई रूकावट को दूर करना और उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि करना है।

ई-लर्निंग के द्वारा विद्यार्थियों के शिक्षण सम्बन्धि समस्याओं का तकनीकी द्वारा तुरन्त समाधान कर शिक्षण में आई रूकावट को दूर करना और उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि करना है। ई-लर्निंग द्वारा विद्यार्थियों को विशय विशेषज्ञों की सलाह से गुणांत्मक युक्त शिक्षण सामग्री तैयार कर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उनकी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि की जा सकती है।

समस्या का औचित्य – इस शोध का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के विभिन्न संसाधनों का छात्र-छात्राओं की अभिवृत्ति पर पड़ने वाले प्रभाव का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव ज्ञात करना है।

समस्या कथन – माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

सम्बंधित साहित्य का अध्ययन :-

1. ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति से सम्बधित साहित्य

एम सौमायश (2016) ई-लर्निंग का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान शिक्षा में पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन में पाया कि ई-लर्निंग का चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योकि इसके द्वारा उन दुलर्भ विधियों को भी छात्रों को सरलता से अध्ययन कराया जा सकता है जिनका अध्ययन परम्परागत ढंग से नहीं किया जा सकता है।

बी नेवली (2015) आई सी टी आधारित अधिगम से अभिवृति छात्रों की आयु व स्वस्थ अनुशासन पर होने वाले प्रभावों को अध्ययन, अपने शोध कार्यो से निष्कर्ष निकाला कि छात्रो पर आई सी टी आधारित अधिगम पर उनकी आयु के अनुसार उनके स्वस्थ अनुशासन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होने पाया कि इन्टरनेट आधारित अभिवृति पर सहसम्बन्ध कारकों का प्रभाव विभिन्न आयु के छात्रों में व उनके स्वस्थ अनुशासन पर पड़ता है।

टी केनन (2015) ई-लर्निंग आधारित अभिवृति के विकास से इंजनियरिंग छात्रों कि कार्यकुशलता के विकास का अध्ययन, अपने शोध में पाया कि ई-लर्निंग आधारित अभिवृति से त्रिपोली विश्वविद्यालय के इंजनियरिंग के छात्रो कि कार्यकुशलता का विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इर्विन (2001) इन्टरनेट आधारित अधिगम के अभिवृत्ति के सहसम्बन्ध कारको का अध्ययन, अपने शोध कार्य से निष्कर्ष निकाला की छात्रों की इन्टरनेट आधारित अधिगम के अभिवृत्ति इस तथ्य से प्रभावित होती है।

कपूर (1991) कम्प्यूटर का आधार भूत ज्ञान रखने वाले छात्रों के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन, इनके द्वारा किये गये शोध अध्ययन के अनुसार कम्प्यूटर का आधार भूत ज्ञान रखने वाले छात्रों के कम्प्यूटर तकनीकी के प्रति अभिवृति स्तर में उच्च सहसम्बन्ध पाया गया वे छात्र जो कम्प्यूटर साक्षर थे उनका तकनीकों के प्रति अभिवृत्ति स्तर भी उच्च पाया गया।

कोर्सटन व कोलमेन (1996) छात्रों व छात्राओं के कम्प्यूटर के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन, इनके द्वारा प्राप्त शोध निष्कर्षो के अनुसार छात्रों व छात्राओं का कम्प्यूटर के प्रति अभिवृत्ति स्तर के अन्तर पाया जाता है।

परिकल्पना

प्रथम परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के छात्रों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1: माध्यमिक स्तर के छात्रों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

द्वितीय परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1 : माध्यमिक स्तर के छात्राओं की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

तृतीय परिकल्पना

H_0: माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नही पड़ता है।

H_1 : माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई-लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है।

शोध परिसीमाएं – प्रस्तुत शोध कोटा जिले में स्थित ई-लर्निंग आधारिक अधिगम प्रदान करने वाले माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों तक सीमित रखा गया है।

जनसंख्या न्यादर्श – प्रस्तुत शोध कोटा जिले में स्थित ई-लर्निंग आधारिक अधिगम प्रदान करने वाले माध्यमिक विद्यालयों के 150 छात्र एवं 150 छात्राओं तक सीमित रखा गया है।

शोध विधि – प्रयुक्त शोध में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

शोध उपकरण – प्रयुक्त शोध हेतु शोधार्थी में शोध निर्मित ई-लर्निंग अभिवृत्ति मापने का प्रयोग किया गया है जिसमें 40 प्रश्न हां-ना सम्बन्धित है जिनको विशय विशेषज्ञों की सलाह से तैयार किया गया है इस प्रश्नावली विश्वसनियता .82 है।

शोध तकनीकी – प्रयुक्त शोध हेतु ससम्बन्ध गुणांक का प्रयोग किया गया है।

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

सारणी 1

सहसम्बन्ध गुणांक	शैक्षिक उपलब्धि		
	छात्र	छात्रा	कुल विद्यार्थी
N	150	150	300
ई-लर्निंग अभिवृत्ति वेब आधारित	0.17	0.22	0.27
सहसम्बन्ध गुणांक की सार्थकता	0.05	0.01	0.01

Df=150-2=148 table value of `r' at 0.05=0.113\*and 0.01=0.148\*\* AND Df=300-2=298 table value of `r' at 0.05=0.088* and 0.01=0.115**

आरेख 1



उपरोक्त सारणी 1 एवं आरेख 1 में शैक्षिक उपलब्धि एवं वेब आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के मध्य सह संबंध गुणांक **r** के परिकलित मान को दर्शाया गया है जिसमें छात्र, छात्रा एवं कुल विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त परिणामों को सापेक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया है, सारणी को देखने के पश्चात निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं।

छात्रों के द्वारा प्राप्त से संबंध गुणांक 0.17 प्राप्त हुआ है जो **DF** =298 पर **r** के टेबल मान 0.05 पर 0.113 से अधिक लेकिन 0.148 से कम है पता छात्रों द्वारा दोनों चोरों के मध्य प्राप्त से संबंध गुणांक 95**%** विश्वास के साथ सार्थक कहा जा सकता है।

छात्राओं के द्वारा प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.28 प्राप्त हुआ है जो **DF=** 298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है। इसी प्रकार कुल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं वेब आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के साथ प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.22 प्राप्त हुआ है जो **DF**=598 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.15 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

सारणी 2

सहसम्बन्ध गुणांक	शैक्षिक उपलब्धि		
	छात्र	छात्रा	कुल विद्यार्थी
N	150	150	300
ई-लर्निंग अभिवृत्ति कम्प्यूटर आधारित	0.13	0.28	0.22
सहसम्बन्ध गुणांक की सार्थकता	0.05	0.01	0.01

Df=150-2=148 table value of `r' at 0.05=0.113\* and 0.01=0.148\*\* AND Df=300-2=298 table value of `r' at 0.05=0.088* and 0.01=0.115**

आरेख 2



उपरोक्त सारणी 2 एवं आरेख 2 में शैक्षिक उपलब्धि एवं कम्प्यूटर आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के मध्य सह संबंध गुणांक **r** के परिकलित मान को दर्शाया गया है जिसमें छात्र, छात्रा एवं कुल विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त परिणामों को सापेक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया है, सारणी को देखने के पश्चात निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं।

छात्रों के द्वारा प्राप्त से संबंध गुणांक 0.13 प्राप्त हुआ है जो **DF** =298 पर **r** के टेबल मान 0.05 पर 0.113 से अधिक लेकिन 0.148 से कम है पता छात्रों द्वारा दोनों चोरों के मध्य प्राप्त से संबंध गुणांक 95% विश्वास के साथ सार्थक कहा जा सकता है।

छात्राओं के द्वारा प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.28 प्राप्त हुआ है जो **DF=** 298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है। इसी प्रकार कुल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं कम्प्यूटर आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के साथ प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.22 प्राप्त हुआ है जो **DF**=598 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.15 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

सारणी 3

सहसम्बन्ध गुणांक	शैक्षिक उपलब्धि		
	छात्र	छात्रा	कुल विद्यार्थी
N	150	150	300
ई–लर्निंग अभिवृत्ति मोबाईल आधारित	0.13	0.19	0.16
सहसम्बन्ध गुणांक की सार्थकता	0.05	0.01	0.01

Df=150-2=148 table value of `r' at 0.05=0.113\* and 0.01=0.148\*\* AND Df=300-2=298 table value of `r' at 0.05=0.088* and 0.01=0.115**

आरेख 3



उपरोक्त सारणी 3 एवं आरेख 3 में शैक्षिक उपलब्धि एवं मोबाइल आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के मध्य सह संबंध गुणांक **r** के परिकलित मान को दर्शाया गया है जिसमें छात्र, छात्रा एवं कुल विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त परिणामों को सापेक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया है, सारणी को देखने के पश्चात निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं।

छात्रों के द्वारा प्राप्त से संबंध गुणांक 0.13 प्राप्त हुआ है जो **DF** =298 पर **r** के टेबल मान 0.05 पर 0.113 से अधिक लेकिन 0.148 से कम है पता छात्रों द्वारा दोनों चोरों के मध्य प्राप्त से संबंध गुणांक 95**%** विश्वास के साथ सार्थक कहा जा सकता है।

छात्राओं के द्वारा प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.19 प्राप्त हुआ है जो **DF**= 298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है। इसी प्रकार कुल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं मोबाइल आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के साथ प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.16 प्राप्त हुआ है जो **DF**=598 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.15 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

सारणी 4

सहसम्बन्ध गुणांक	शैक्षिक उपलब्धि		
	छात्र	छात्रा	कुल विद्यार्थी
N	150	150	300
ई–लर्निंग अभिवृत्ति आभासी कक्षाएं	0.20	0.22	0.15
सहसम्बन्ध गुणांक की सार्थकता	0.01	0.01	0.01

Df=150-2=148 table value of `r' at 0.05=0.113\* and 0.01=0.148\*\* AND Df=300-2=298 table value of `r' at 0.05=0.088* and 0.01=0.115**

आरेख 4



उपरोक्त सारणी 4 एवं आरेख 4 में शैक्षिक उपलब्धि एवं आभासी कक्षाएं आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के मध्य सह संबंध गुणांक **r** के परिकलित मान को दर्शाया गया है जिसमें छात्र, छात्रा एवं कुल विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त परिणामों को सापेक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया है, सारणी को देखने के पश्चात निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं।

छात्रों के द्वारा प्राप्त से संबंध गुणांक 0.20 प्राप्त हुआ है जो **DF**=298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से अधिक लेकिन 0.113 से कम है पता छात्रों द्वारा दोनों चोरों के मध्य प्राप्त से संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक कहा जा सकता है।

छात्राओं के द्वारा प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.22 प्राप्त हुआ है जो **DF**= 298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है। इसी प्रकार कुल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं आभासी कक्षाएं आधारित ई लर्निंग अभिवृत्ति के साथ प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.15 प्राप्त हुआ है जो **DF**=598 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.15 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

सारणी 5

सहसम्बन्ध गुणांक	शैक्षिक उपलब्धि		
	छात्र	छात्रा	कुल विद्यार्थी
N	150	150	300
ई–लर्निंग अभिवृत्ति कुल योग	0.27	0.40	0.36
सहसम्बन्ध गुणांक की सार्थकता	0.01	0.01	0.01

Df=150-2=148 table value of `r' at 0.05=0.113\* and 0.01=0.148\*\* AND Df=300-2=298 table value of `r' at 0.05=0.088* and 0.01=0.115**

आरेख 5



उपरोक्त सारणी 5 एवं आरेख 5 में शैक्षिक उपलब्धि एवं ई लर्निंग अभिवृत्ति कुल योग के मध्य सह संबंध गुणांक **r** के परिकलित मान को दर्शाया गया है जिसमें छात्र, छात्रा एवं कुल विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त परिणामों को सापेक्ष रूप से प्रदर्शित किया गया है, सारणी को देखने के पश्चात निम्न परिणाम परिलक्षित होते हैं।

छात्रों के द्वारा प्राप्त से संबंध गुणांक 0.27 प्राप्त हुआ है जो **DF** =298 पर त के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से अधिक लेकिन 0.113 से कम है पता छात्रों द्वारा दोनों चोरों के मध्य प्राप्त से संबंध गुणांक 99: विश्वास के साथ सार्थक कहा जा सकता है।

छात्राओं के द्वारा प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.40 प्राप्त हुआ है जो **DF=** 298 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.148 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99: विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

इसी प्रकार कुल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं ई लर्निंग अभिवृत्ति कुल योग के साथ प्राप्त सह संबंध गुणांक 0.36 प्राप्त हुआ है जो **DF=**598 पर **r** के टेबल मान 0.01 पर 0.15 से भी अधिक होने के कारण प्राप्त सह संबंध गुणांक 99% विश्वास के साथ सार्थक माना जा सकता है।

परिणाम – टेबल 5 आरेख 5 व ग्राफ 5 से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। अत: परिकल्पना H_1 सिद्ध होती है।

निष्कर्ष:

1. माध्यमिक स्तर की छात्र की ई–लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव छात्राओं की अपेक्षा कम पाया जाता है।
2. माध्यमिक स्तर की छात्राओं की ई–लर्निंग के प्रति अभिवृत्ति का उनकी शैक्षिक उपलब्धि का प्रभाव छात्रों की अपेक्षा अधिक पाया जाता है।
3. माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की ई–लर्निंग के प्रति शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव पाया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1 एम टी अल हरीरी (2017) ई–लर्निंग तकनीक का छात्रों कि शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन प्रकाशित शोध जर्नल ऑफ टाईबा विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान वोल्यूम 12 पी पी 85–85।

2. एम सौमायश (2016) ई–लर्निंग का चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विज्ञान को होने वाले प्रभाव का अध्ययन, अप्रकाशित पीएच डी शोध सिराज विश्वविद्यालय ऑफ मेडीकल साइन्स ईरान।
3. टी केनन (2015) ई–लर्निंग आधारित अभिवृत्ति के विकास से इंजनियरिंग छात्रों कि कार्यकुशलता के विकास का अध्ययन, अप्रकशित पीएच डी शोध त्रिपोली विश्वविद्यालय लिबिया।
4. वी नेवली (2015) आई सी टी आधारित अभिगम अभिवृत्ति का छात्रों कि आयु व स्वस्थ अनुशासन पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन, अप्रकाशित पीएच डी शोध सेन्डी विश्वविद्यालय आस्ट्रेलिया।

Websites:-

1. www.education.india.gov.in
2. www.shodhgangotri.ac.in
3. www.shodhganga.ac.in
4. www.ignou.ac.in
5. www.wikipedia.org

Report & Commissions:-

1. Reports of New education policy (2020)
2. Reports of secondary education commission (1952-1953) Ministry of education govt of India
3. Reports of the Text book committee of C.A.B.E. (1945)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

Protection For Employment and Hunger in India and Bangladesh

Mr. Dharmendra Kumar*

***Assistant Professor (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA**

Introduction - Since employment directly generates revenue and so increases economic access to food, it is essential for food security as a social safety net against shocks. The secret to achieving food security is, in most cases, regulating the dependency between consumption and income. In order to prevent food insecurity, people typically need to have access to income and other resources in addition to having access to food, even though food must be provided. The World Commission on the Social Dimension of Globalization highlights the positive possibilities for food security that employment to facilitate access entails (Kumar,1998). Moreover, food-for-work programmes and employment guarantee policies provide significant production against idiosyncratic shocks and safeguard the priceless productive assets of vulnerable groups who experience unanticipated income loss, unemployment, or other adversities. The superior employment outcome for women in terms of food security might be stressed in this situation. This is due to the fact that as, was already said, women are more inclined to set aside additional money for food, particularly for their children. Also, while employment generally increases people's access to food, it must be followed with actions to lessen and eventually end wage discrimination. Otherwise, some groups will always have a disadvantage in terms of work possibilities and be more likely to experience food insecurity (Braun et al.2008).

Food from reserves and other sources may be made available in national food markets, where it is sold by the government to businesspeople who then resell it to those in need at a set price that is often lower than market value. Yet, in addition to food that has been imported or purchased locally, it is also feasible to provide those in need food from food reserves. Food from food reserves is occasionally also given unconditionally through a system known as a ''ration card,'' where everyone is given a card indicating the maximum amount of food that she/he can access at set price over a certain period, as it has recently been done in Bangladesh, Fiji, India , Indonesia, the Philippines, Pakistan, and Sri Lanka (Carrasco at al.2012).

PDS is the largest food distribution system of India with 600 million person reach. The system is based on the distribution of food obtained from farmers by a government organisation called the Food Corporation of India at the specified purchase rates.35 kilogrames of rice or wheat can be purchased monthly by households living below the poverty line for 48% of what the government pays. Families with incomes above the poverty level are required to cover 70% of the expense (Chatterjee et al, 2011). A conditional food program called ''food-for-work'' is an alternative to choosing recipients of free meals on the basis of their ability to pay. Assuming for the type non-poor people would not choose such menial work in exchange for the type of food on offer, the food-for-work program is a self-targeting system that is directed at those who provide unskilled or semiskilled labour to build social overheads like roads, bridges, and culverts or to engage in social forestry (Ahmad,2022)

All ICDS services are provided by childcare centres (called Anganwadi). The recipients receive food supplements as part of its supplemental nutrition component, which are meant to be consumed at the childcare facility itself. Very undernourished receive twice as much daily supplement as other kids. It may be noted that methods for ford transfer need to be carefully planned so as not to skewed local food markets, in order to prevent both a carefully both a decline in food grain price that world affect local farmers and a spike in food costs by procuring food locally. Many times, purchasing a food basket locally and giving it to those who are food insecure helps to stabilize costs while boosting markets for local farmers (Kumar,2012).

References :-

1. Bapna, S.L. (1990): '' Food Security Though the PDS; The India Experience'', in Tyagi and Vyas (eds).
2. Bashir, M.K., Schilizzi, S. & Pandit, R. (2013): ''Impact of socio-Economic Characteristics of Rural Household on food Security: The Case of the Punjab, Pakistan'', The Journal of Animal & plant Science,23(2), 611-618.

3. Besley and R. Kanbur (1988): Food Subsidies and Poverty Alleviation", Economics Journal, 98.
4. Bhalla, G.S., P. Hazell, and J.Kerr (2001), 'Prospects for India's Cereal Supply and Demand to 2020, Food, Agriculture and the Environment", Discussion paper 29, International Food Policy Research Institute (IFPRI), Washington, D.C.
5. Chopra, R.N. (1988) : ''Food Policy in India: A SURVEY'', Intellectual Publishing House, Delhi.
6. Chopra, Surabhi (2009): ''Holding the State Accountable for Hunger'', Economic and Political Weekly, August15, Vol.44, No.33
7. Dantwala, M.L. (1993): ''Agricultural Policy: Prices and Public Distribution System: A Review", Indian Journal of Agricultural Economic 48,No.2.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XXXVIII

जनसंख्या वृद्धि का पर्यावरण पर प्रभाव

डॉ. राजेश कुमारी*

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) एफ.एल.टी.एम.एस.बी.पी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, रेवाड़ी (हरियाणा) भारत

प्रस्तावना

जनांकिकीय अवधारणा – जनसंख्या वृद्धि ने सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि व्यवस्थाओं के साथ ही पर्यावरण व्यवस्थाओं में भी असंतुलन उत्पन्न कर दिये है। अत्यधिक अनियंत्रित बढ़ती जनसंख्या पर्यावरण को प्रदूषित कर रही है। विश्व में जनसंख्या वृद्धि के कारण सन् 1900 से प्रारंभ होकर सन् 2000 तक तेजी से वृद्धि हुई है। जहाँ सन् 1900 में विश्व की कुल जनसंख्या केवल 1.6 बिलियन थी जो कि 1950 में बढ़कर 2.5 बिलियन (1 बिलियन = 100 करोड़) हो गई तथा सन् 2000 में 6.0 बिलियन से भी अधिक हो गई।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बनाये गए मानव विकास सूचकांक के अनुसार वर्ष 1900 में विश्व का कुल उपभोग 1.5 ट्रिलियन डालर था जो कि वर्ष 1950 में बढ़कर 4.0 ट्रिलियन डॉलर हो गया तथा इसी क्रम में और आगे समय निकलता गया वर्ष 2000 में 25 ट्रिलियन डालर (1 ट्रिलियन = 100 बिलियन) हो गया। विश्व में जनसंख्या वृद्धि के कारण दिनो-दिन वस्तुओं की मांग बढ़ती जा रही है जिसके सीधे प्रभाव पर्यावरण पर स्पष्ट दिखाई दे रहे है।

भारत में अगर जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए तो यहां पर विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग 16.9 प्रतिशत निवास करती है। वर्ष 1951 में भारत की कुल जनसंख्या 36 करोड़ थी तथा वर्ष 1981 में बढ़कर यह 64.4 करोड़ एवं 1991 में 84.6 करोड़ के लगभग हो गई।

भारत को अगर जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए तो यहां पर सन् 2001 में (मार्च 2001) 102.7 करोड़ एवं वर्ष 2006-07 के अंत तक 113.50 करोड़ से अधिक हो गई। भारत में अगर जनसंख्या की वृद्धि दर यही रही तो वर्ष 2026 तक भारत की जनसंख्या 141.1 करोड़ से अधिक पहुँच जाने की संभावना है।

जनसंख्या वृद्धि का देश के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है क्योंकि एक ओर जनसंख्या में वृद्धि से देश में भूमि, जल, पशुधन और वनस्पति आदि के संतुलन बिगड़ते है वहीं दूसरी ओर सिंचाई, रसायनों एवं उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण में प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है।

उद्देश्य :-

1. जनसंख्या वृद्धि समंकों की सहायता से पर्यावरण प्रदूषण की प्रवृति का अध्ययन करना।
2. जनसंख्या वृद्धि के पर्यावरण की क्षति हेतु संरक्षण की आवश्यकता को बताना।

प्रकल्पना :-

1. जनसंख्या वृद्धि के बदलते परिस्वरूप से पर्यावरण प्रदूषण का विश्लेषण करना।
2. जनसंख्या वृद्धि से हो रही पर्यावरण की क्षति हेतु संरक्षण की आवश्यकता को बतलाना।

शोध प्रविधि – जनांकिकी वृद्धि का पर्यावरण पर प्रभावों से संबंधित जानकारी एकत्रित की गई है, एकत्रित जानकारी पूर्णत: द्वितीय समंकों पर आधारित है। शोध से संबंधित प्रकाशनों, रिपोर्टों एवं पत्र-पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों तथा विभिन्न पुस्तकों एवं इन्टरनेट के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया है।

जनसंख्या तथा विकास – भारतीय जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रतिवर्ष जनसंख्या 2.2 करोड़ के लगभग वृद्धि होती है। यह आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या के बराबर है। अत: प्रतिवर्ष एक नये आस्ट्रेलिया का निर्माण जनसंख्या में वृद्धि का सूचक है।

भारतीय जनसंख्या के आकार की स्थिति :

वर्ष	जनसंख्या (करोड़ में)	एक दशक में जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत	जनसंख्या में वार्षिक वृद्धि दर
1961	43.9	+ 21.64	+ 1.96%
1971	54.8	+ 24.80	+ 2.20%
1981	68.3	+ 24.66	+ 2.22%
1991	84.3	+ 23.86	+ 2.14%
2001	102.7	+ 21.34	+ 1.93%
2011	121.01	+ 17.64	+ 1.72%

स्त्रोत :- प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य अध्ययन अर्थव्यवस्था पृ.क्र. 28।

भारत में ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या – भारत देश ग्रामीण जनसंख्या प्रधान देश है। सन् 1971 में देश की 80 प्रतिशत जनसंख्या गाँव में तथा 19.9 प्रतिशत जनसंख्या शहरों में निवास करती है। देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ जनसंख्या में शहरीकरण की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जहाँ 1911 में देश की 90 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण तथा 10 प्रतिशत शहरी थी। अब यह क्रमश: सन् 1981 में शहरी जनसंख्या 23 प्रतिशत तथा ग्रामीण 77 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। इसके आधार पर आकलन किया जाए

तो लोगों की प्रवृत्ति में शहरीकरण की ओर पलायन करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

जनसंख्या तथा विकास का पर्यावरण पर प्रभाव – जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए तो विगत 50 वर्षों में विश्व की जनसंख्या 3.5 बिलियन से अधिक हो गई है। बढ़ी हुई जनसंख्या का अधिकांश 85 प्रतिशत वृद्धि विकासशील अर्थव्यवस्था में हुई है।

ग्रामीण जनसंख्या एवं पर्यावरण – विकासशील देशों में कमजोर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की संख्या दुगनी हो गई है, यह समस्या पर्यावरण के लिए एक गम्भीर चुनौती है। विकासशील देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक गरीबी विद्यमान होती है।

पर्यावरण परिवर्तन मानव समाज के सामने एक विकराल समस्या का सूचक है। विकासशील देशों की जनसंख्या इसकी पीड़ा से अत्यधिक प्रभावित हुए है क्योंकि इन देशों के अधिकांश लोगों की आजीविका एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए कृषि, वानिकी, मत्स्य व्यवसाय आदि व्यवसायों पर सीधे निर्भर होते है। प्राकृतिक संसाधनों का मानव द्वारा अत्यधिक उपयोग के कारण पर्यावरण तत्व अत्यधिक प्रभावित होते है। अल्प विकिसित देशों में पर्यावरण क्षति का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है।

शहरी जनसंख्या एवं पर्यावरण – ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे सतत् पलायन से शहरीकरण का विस्तार होता जा रहा है। शहरीकरण के लोभ से पर्यावरण भी दूषित होने से अछूता नहीं रहा है। बढ़ती जनसंख्या ने इन क्षेत्रों में न्यून जीवन स्तर, निम्न आवासी व्यवस्था, गन्दी बस्तियों में भीड़-भाड़, स्वच्छ पीने के पानी का अभाव, पानी विकास हेतु नालीयों की अपर्याप्ता आदि होती है। गन्दी बस्तियों में एक तिहाई शहरी परिवार सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग कर पाते है। गन्दी बस्तियों के निवासियों को खुलें में शौच के लिए मजबूरन जाना ही पड़ता है। मानव विकास प्रतिवेदन 2003 के अनुसार विकासशील देशों में एक तिहाई से अधिक शहरी जनसंख्या गन्दी बस्तियों में निवास करती है।

